Arya Samaj Foundation Chennai and eGa

GURUKUL SHODH BHARTI

No. 17 - 18 2012 Mar. Sep.

Gurukul Kangri Collection, Ha

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

STOCK VERIFICATION
Central
Library
2024-25 G.K.D.U. Hdr.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ISSN 0974 - 8830

ओ३म्

गुरुकुल-शोध-भारती

षाणमासिकी शोधपत्रिका

मूल्याङ्कित शोधपत्रिका

(A Refereed Research Journal)

अंक १७, मार्च २०१२

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

सम्पादक

प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री

श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार-249404

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुलपिता, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय

स्वामी श्रद्धानन्द जी

१८५६-१९२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ISSN 0974 – 8830

॥ओ३म्॥

गुरुकुल-शोध-भारती

षाण्मासिकी शोधपत्रिका

मूल्याङ्कित शोधपत्रिका

(A Refereed Research Journal)

अंक १७, मार्च २०१२

131942

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

Central Library
Gurukul Kangri University
Hardwar-249404 (U.A.)

सम्पादक

प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री

श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार-२४९४०४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक-मण्डल

मुख्य संरक्षक श्री सुदर्शन शर्मा, कुलाधिपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)

संरक्षक प्रो. स्वतन्त्र कुमार, कुलपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)

सहसंरक्षक प्रो. महावीर, आचार्य एवं उपकुलपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार तथा उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार.

सम्पादक प्रो. ज्ञान प्रकाश शास्त्री, प्रोफेसर श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड) चलदूरभाष:-09219513135, gyanprakashshastri@gmail.com or gyanprakashshastri@live.com

परीक्षकत्वम् प्रो. विक्रम कुमार विवेकी, प्रोफेसर संस्कृत-विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़.

प्रकाशक प्रो. ए.के. चोपड़ा, कुलसचिव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)

एक प्रति का मूल्य रु० ७५.०० पचहत्तर रुपये

वार्षिकमूल्य रु०१५०.०० एक सौ पचास रुपये

पञ्च-वार्षिकमूल्य रु०५००.०० पाँच सौ रुपये (ग्राहक बनने हेतु **कुलसचिव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**, के नाम धनादेश बनवाकर **पुस्तकालयाध्यक्ष, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**, नाम प्रेषित करें।) दूरभाष:-01334-243037

प्रकाशनीय शोधलेख शोधलेख विषयक दिशानिर्देश अन्तिम से पूर्व पृष्ठ में दिये गये हैं।

परामर्शदात्री समिति

१. प्रो. विक्रम कुमार विवेकी, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

२. प्रो. कमलेश चौकसी, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद (गुजरात)

३. प्रो. शशि तिवारी, पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

४. प्रो. किरण टण्डन, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, (उत्तराखण्ड)

५. प्रो. केशव नारायण विद्यालंकार, संस्कृत-विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद (आन्ध्रप्रदेश)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

विषयसूची

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१.	अथ वेदोत्पत्तिविषयः	महर्षि दयानन्दः	१-५
२.	वाल्मीकि-रामायण में अश्वमेध यज्ञ का स्वरूप	प्रो. ज्ञान प्रकाश शास्त्री	६-११
३.	महर्षि दयानन्द की दृष्टि में भारतीयों का राजनीतिक पराभव और उसके प्रमुख कारक	प्रो० स्वतन्त्र कुमार	१२-१७
४.	वेद व्याख्याकार और उनकी वेदव्याख्या	डॉ० महावीर	१८-२३
५.	अथर्ववेदे जलापन्निरसनोपायाः	डॉ० (श्रीमती) विजयलक्ष्मीः	२४-२९
६.	वैदिक अश्व-विज्ञान	प्रो. सत्यदेव निगमालंकार चतुर्वेदी	३०-३९
७.	यास्कीय निरुक्त में निर्वचन के सिद्धान्त	डॉ. तुलसी देवी	४०-४६
८.	ऋग्वेद में वर्णित दानविषयकावधारणा	डॉ० नरेश कुमार	४७-५२
९.	वैदिक जीवन का दार्शनिक दृष्टिकोण	डॉ० वीना विश्नोई शर्मा	५३-५६
१०.	प्राचीन भारत में वेदकालीन नारी की स्थिति	डॉ० प्रभात कुमार	५७-६१
११.	संहिताओं के सन्दर्भ में आधुनिक नारी	कु० इन्दु शर्मा	६२-६४
१२.	वैदिक-वाङ्मय में राजा के कर्त्तव्य	डॉ० उमा जैन	६५-६९
१३.	ऋग्वेद और आधुनिक प्रबन्धन	डॉ० वागीश पालीवाल	७०-७५
१४.	आर्षपरम्परा : ह्रास एवं नवजागरण	डॉ० ब्रह्मदेव	७६-८३
१५.	आधुनिक पारिस्थितिकी समस्याओं का स्मृत्योक्त समाधान	डॉ.नन्दिता सिंघवी उमेशचन्द्र पुरोहित शोधछात्र	८४-९०
१६.	गीता-प्रतिपादित निष्काम-कर्म का वैज्ञानिक विवेचन	डॉ० मौहर सिंह	९१-९६
१७.	विभिन्न यौगिक ग्रन्थों में प्राणायाम-विवेचन	डॉ० ईश्वर भारद्वाज डॉ० लक्ष्मी नारायण जोशी	९७-१००
१८.	पर्यावरण संरक्षण में योग की भूमिका	डॉ० सुरेन्द्र कुमार	१०१-१०६
१९.	पातंजल योगसूत्र की वैज्ञानिकता- एक विवेचनात्मक अध्ययन	डॉ. सुरेश लाल बर्णवाल डॉ. असीम कुलश्रेष्ठ	१०७-१११
२०.	मनुस्मृति में यम-नियम (योगांग)	डॉ. ईश्वर भारद्वाज ऊधम सिह	११२-११६
२१	स्वरयोग का प्रयोगात्मक स्वरूप	डॉ० राकेश गिरि	११७-१२२
२२.	महर्षिदयानन्दस्य शिक्षादर्शनम्	डॉ० सुधीरकुमार आर्यः	१२३-१२५
२३.	स्वामी श्रद्धानन्द का राजनीतिक दर्शन	डॉ० सोहनपाल सिंह आर्य	१२६-१३०
२४.	परम्परानुमोदित सौन्दर्ययुक्ता प्रतिभा का स्वरूप	वन्दना शुक्ला	१३१-१३४
२५.	ज्योतिर्विज्ञान के अनुसार सौरमण्डल में ग्रह-	प्रो० वेदप्रकाश उपाधयाय	१३५-१३९

131942

Central Library Gurukul Kangri University Hardwar-249404 (U.A.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

	नक्षत्र : एक विवेचन		
२६.	रामायण और रामचरितमानस में वर्णित नारी-धर्म	डॉ० मृदुल जोशी	१४०-१४४
२७.	भागवतमहापुराणोक्तं सूर्यवैशिष्ट्यं तस्य वेदमूलकत्वञ्च	प्रो० राजेश्वर मिश्र:	१४५-१५२
२८.	पुराणों में सांख्य विचार	डॉ. सरिता भटनागर	१५३-१५५
२९.	सरस्वतीकण्ठाभरणव्याकरणेऽप्रयुक्तानां कासाञ्चित् पाणिनीयानां संज्ञानां विवेचनम्	विदुषा	१५६-१६२
३०.	कालिदास की भवन अभियान्त्रिकी एवं वास्तु विज्ञान	डॉ. राकेश शास्त्री	१६३-१७१
३१.	कालिदासस्य कृतिषु सौन्दर्यबोध:	डॉ. राम सुमेर यादव	१७२-१८२
३२.	माघस्य बहुज्ञता	बाबूलाल: मीना आचार्य:	१८३-१९०
३३.	प्राचीन एवं अर्वाचीन कथा साहित्य: स्वरूप, साम्य एवं वैषम्य	डॉ. कुमरपाल	१९१-१९८
३४.	आचार्य मेधाव्रत की रचनाओं में यर्थाथ ज्ञान-मीमांसा	डॉ. योगेश शास्त्री	१९९-२०६
३५.	शब्दयात्रा	डॉ० विक्रम कुमार विवेकी	२०७-२०९
५६.	विश्व भाषाओं के मध्य संस्कृत भाषा के सम्बन्ध सूत्र	डॉ०सुचित्रा मलिक	२१०-२१४
३७.	PREVENTION OF TERRORISM AND GLOBAL PEACE IN VEDIC EDUCATION	डॉ. खगेन्द्र पात्रा	२१५-२२०
३८.	World Tour of Panchatantra	ललिता शोधछात्रा	२२१-२२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ वेदोत्पत्तिविषय:

महर्षि दयानन्द:[1]

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋच: सामानि जज्ञिरे।

छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।।। १।। यजु० ३१.७.

भाष्यम्-(तस्माद्यज्ञात्स०) तस्मात् यज्ञात् सच्चिदानन्दादिलक्षणात् पूर्णात् पुरुषात् सर्वहुतात् सर्वपूज्यात् सर्वोपास्यात् सर्वशक्तिमत: परब्रह्मण: (ऋच:) ऋग्वेद:, (यजु:) यजुर्वेद:, (सामानि) सामवेद:, (छन्दांसि) अथर्ववेदश्च (जज्ञिरे) चत्वारो वेदास्तेनैव प्रकाशिता इति वेद्यम्। सर्वहुत इति वेदानामपि विशेषणं भवितुमर्हति, वेदा: सर्वहुत:। यत: सर्वमनुष्यैर्होतुमादातुं ग्रहीतुं योग्या: सन्त्यत:। जज्ञिरे अजायतेति क्रियाद्वयं वेदानामनेकविद्यावत्त्वद्योतनार्थम्। तथा तस्मादिति पदद्वयमीश्वरादेव वेदा जाता इत्यवधारणार्थम्। वेदानां गायत्र्यादिच्छन्दोन्वितत्वात् पुनश्छन्दांसीति पदं चतुर्थस्याथर्ववेदस्योत्पत्तिं ज्ञापयतीत्यवधेयम्। **'यज्ञो वै विष्णु:'** श० का०। अ०। ब्रा०। कं०१। **'इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।'** यजु० ५.१५. इति सर्वजगत्कर्त्तत्वं विष्णौ परमेश्वर एव घटते, नान्यत्र। वेवेष्टि व्याप्नोति चराचरं जगत् स विष्णु: परमेश्वर:।।।।

यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादुपाकषन्।

सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसो मुखम्।

स्कम्भं तं ब्रूहि कतम: स्विदेव स:।। २।। अथर्व० १०.७.२०.

भाष्यम्-(यस्मादृचो०) यस्मात् सर्वशक्तिमत: ऋच: ऋग्वेद: (अपातक्षन्) अपातक्षत् उत्पन्नोऽस्ति, यस्मात् परब्रह्मण: (यजु:) यजुर्वेद: (अपाकषन्) प्रादुर्भूतोऽस्ति, तथैव यस्मात् सामानि सामवेद: (आङ्गिरस:) अथर्ववेदश्चोत्पन्नौ स्त:, एवमेव यस्येश्वरस्याङ्गिरसोऽथर्ववेदो मुखं मुखवन्मुख्योऽस्ति, सामानि लोमानीव सन्ति, यजुर्यस्य हृदयमृच: प्राणश्चेति रूपकालङ्कार:। यस्माच्चत्वारो वेदा उत्पन्ना: स कतम: स्विद्देवोऽस्ति तं त्वं ब्रूहीति प्रश्न:? अस्योत्तरम्-(स्कम्भं तं०) तं स्कम्भं सर्वजगद्धारकं परमेश्वरं त्वं जानीहीति, तस्मात् स्कम्भात् सर्वाधारात् परमेश्वरात् पृथक् कश्चिदप्यन्यो देवो वेदकर्त्ता नैवास्तीति मन्तव्यम्।।

एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य नि:श्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस:।।।। श०का०१। अ०। ब्रा०। कं०१।।

अस्यायमभिप्राय:। याज्ञवल्क्योऽभिवदति-हे मैत्रेयि! महत आकाशादपि बृहत: परमेश्वरस्यैव सकाशादृग्वेदादिवेदचतुष्टयं (नि:श्वसितम्) नि:श्वासवत्सहजतया नि:सृतमस्तीति वेद्यम्। यथा शरीराच्चाङ्गसो नि:सृत्य पुनस्तदेव प्रविशति तथैवेश्वराद्वेदानां प्रादुर्भावतिरोभावौ भवत इति निश्चय:।।

अत्र केचिदाहु:-निरवयवात् परमेश्वराच्छब्दमयो वेद: कथमुत्पद्यतेति? अत्र ब्रूम:। न सर्वशक्तिमतीश्वरे शङ्केयमुपपद्यते। कुत:? मुखप्राणादिसाधनमन्तरापि तस्य कार्यं कर्त्तुं सामर्थ्यस्य सदैव विद्यमानत्वात्। अन्यच्च, यथा मनसि विचारणावसरे प्रश्नोत्तरादिशब्दोच्चारणं भवति तथेश्वरेऽपि मन्यताम्। योऽस्ति खलु सर्वशक्तिमान् स नैव कस्यापि सहायं कार्य्यं कर्त्तुं गृह्णाति। यथास्मदादीनां सहायेन विना कार्यं कर्त्तुं सामर्थ्यं नास्ति; न

---

१ ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चैवमीश्वरे। यदा निरवयवेनेश्वरेण सकलं जगद्रचितं तया वेदरचने का शङ्कास्ति? कुतः, वेदस्य सूक्ष्मरचनवज्जगत्यपि महादाश्चर्यभूतं रचनमीश्वरेण कृतमस्त्यतः।

ननु जगद्रचने तु खल्वीश्वरमन्तरेण न कस्यापि सामर्थ्यमस्ति वेदरचने त्वन्यस्यान्यग्रन्थरचनवत् स्यादिति?

अत्रोच्यते-ईश्वरेण रचितस्य वेदस्याध्ययनान्तरमेव ग्रन्थरचने कस्यापि सामर्थ्यं स्यान्न चान्यथा। नैव कश्चिदपि पठनश्रवणमन्तरा विद्वान् भवति। यथेदानीं किञ्चिदपि शास्त्रं पठित्वोपदेशं श्रुत्वा व्यवहारं च दृष्ट्वैव मनुष्याणां ज्ञानं भवति। तद्यथा-कस्यचित्सन्तानमेकान्ते रक्षयित्वाऽन्नपानादिकं युक्त्या दद्यात् तेन सह भाषणादिव्यवहारं लेशमात्रमपि न कुर्य्याद्यावत्तस्य मरणं न स्यात्। यथा तस्य किञ्चिदपि यथार्थं ज्ञानं न भवति। यथा च महारण्यस्थानां मनुष्याणामुपदेशमन्तरा पशुवत्प्रवृत्तिर्भवति। तथैवादिसृष्टिमारभ्याद्यपर्यन्तं वेदोपदेशमन्तरा सर्वमनुष्याणां प्रवृत्तिर्भवेत्। पुनर्ग्रन्थरचनस्य तु का कथा?

मैवं वाच्यम्। ईश्वरेण मनुष्येभ्यः स्वाभाविकं ज्ञानं दत्तं, तच्च सर्वग्रन्थेभ्य उत्कृष्टमस्ति, नैव तेन विना वेदानां शब्दार्थसम्बन्धानामपि ज्ञानं भवितुमर्हति, तदुन्नत्या ग्रन्थरचनमपि करिष्यन्त्येव, पुनः किमर्थं मन्यन्ते वेदोत्पादनमीश्वरेण कृतमिति?

एवं प्राप्ते वदामहे-नैव पूर्वोक्तायाशिक्षितायैकान्ते रक्षिताय बालकाय महारण्यस्थेभ्यो मनुष्येभ्यश्चेश्वरेण स्वाभाविकं ज्ञानं दत्तं किम्? कथं नास्मदादयोऽप्यन्येभ्यः शिक्षाग्रहणमन्तरेण वेदाध्ययनेन च विना पण्डिता भवन्ति? तस्मात् किमागतम्? न शिक्षया विनाध्ययनेन च स्वाभाविकज्ञानमात्रेण कस्यापि निर्वाहो भवितुमर्हति। यथास्मदादिभिरप्यन्येषां विदुषां विद्वत्कृतानां ग्रन्थानां च सकाशादनेकविधं ज्ञानं गृहीत्वैव ग्रन्थान्तरं रच्यते, तथेश्वरज्ञानस्य सर्वेषां मनुष्याणामपेक्षावश्यं भवति। किञ्च, न सृष्टेरारम्भसमये पठनपाठनक्रमो ग्रन्थश्च कश्चिदप्यासीत् तदानीमीश्वरोपदेशमन्तरा न च कस्यापि विद्यासम्भवो बभूव, पुनः कथं कश्चिज्जनो ग्रन्थं रचयेत्। मनुष्याणां नैमित्तिकज्ञाने स्वातन्त्र्याभावात्। स्वाभाविकज्ञानमात्रेणैव विद्याप्राप्त्यनुपपत्तेश्च।

यच्चोक्तं स्वकीयं ज्ञानमुत्कृष्टमित्यादि, तदप्यसमञ्जसम्। तस्य साधनकोटौ प्रविष्टत्वात्। चक्षुर्वत्। यथा चक्षुर्मनःसाहित्येन विना ह्यकिञ्चित्करमस्ति। तथान्येषां विदुषामीश्वरज्ञानस्य च साहित्येन विना स्वाभाविकज्ञानमप्यकिञ्चित्करमेव भवतीति।

वेदोत्पादन ईश्वरस्य किं प्रयोजनमस्तीत्यत्र वक्तव्यम्?

उच्यते-वेदानामनुत्पादने खलु तस्य किं प्रयोजनमस्तीति? अस्योत्तरं तु वयं न जानीमः। सत्यमेवमेतत्। तावद् वेदोत्पादने यदस्ति प्रयोजनं तच्छृणुत। ईश्वरेऽनन्ता विद्यास्ति न वा? अस्ति। सा किमर्थास्ति? स्वार्था। ईश्वरः परोपकारं न करोति किम्? करोति तेन किम्? तेनेदमस्ति, विद्या स्वार्था परार्था च भवति तस्यास्तद्विषयत्वात्।

यद्यस्मदर्थमीश्वरो विद्योपदेशं न कुर्यात् तदान्यतरपक्षे सा निष्फला स्यात्। तस्मादीश्वरेण स्वविद्याभूतवेदस्योपदेशेन सप्रयोजनता संपादिता।

परमकारुणिको हि परमेश्वरोऽस्ति, पितृवत्। यथा पिता स्वसन्ततिं प्रति सदैव करुणां दधाति, तथेश्वरोऽपि परमकृपया सर्वमनुष्यार्थं वेदोपदेशमुपचक्रे। अन्यथान्धपरम्परा मनुष्याणां धर्मार्थकाममोक्षसिद्ध्या विना परमानन्द एव न स्यात्। यथा कृपायमाणेनेश्वरेण प्रजासुखार्थं कन्दमूलफलतृणादिकं रचितं, स कथं न सर्वसुखप्रकाशिकां सर्वविद्यामयीं वेदविद्यामुपदिशेत्? किञ्च ब्रह्माण्डस्थोत्कृष्टसर्वपदार्थप्राप्त्या यावत्सुखं भवति न तावत् विद्याप्राप्तसुखस्य सहस्रतमेनांशेनापि तुल्यं भवत्यतो वेदोपदेश ईश्वरेण कृत एवास्ति निश्चयः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्रोच्यते-अहहह! महतीयं शङ्का भवता कृता, विना हस्तपादाद्यवयवैः काष्ठलोष्ठादिसामग्रीसाधनैश्च यथेश्वरेण जगद्रचितं तथा वेदा अपि रचिताः, सर्वशक्तिमतीश्वरे वेदरचनं प्रत्येवं माशङ्कि। किन्तु पुस्तकस्था वेदा तेनादौ नोत्पादिताः।

किं तर्हि? ज्ञानमध्ये प्रेरिताः। केषाम्? अग्निवाय्वादित्याङ्गिरसाम्।

ते तु ज्ञानरहिता जडाः सन्ति? मैवं वाच्यं, सृष्ट्यादौ मनुष्यदेहधारिणस्ते ह्यासन्। कुतः जडे ज्ञानकार्यासम्भवात्। यत्रार्थासम्भवोऽस्ति तत्र लक्षणा भवति। तद्यथा कश्चिदाप्तः कञ्चित्प्रति वदति मञ्चा क्रोशन्तीति। अत्र मञ्चस्था मनुष्याः क्रोशन्तीति विज्ञायते। तथैवात्रापि विज्ञायताम्। विद्याप्रकाशसंभवो मनुष्येष्वेव भवितुमर्हतीति। अत्र प्रमाणम्-**तेभ्यस्तप्तेभ्यस्त्रयो वेदा अजायन्ताग्नेर्ऋग्वेदो वायोर्यजुर्वेदः सूर्यात्सामवेदः।** श०का०११। अ०५। (ब्रा०२। कं०३॥) एषां ज्ञानमध्ये प्रेरयित्वा तद्द्वारा वेदाः प्रकाशिताः।

सत्यमेवमेतत्। परमेश्वरेण तेभ्यो ज्ञानं दत्तं, ज्ञानेन तैर्वेदानां रचनं कृतमिति विज्ञायते?

मैवं विज्ञायि। ज्ञानं किंप्रकारकं दत्तम्? वेदप्रकारकम्। तदीश्वरस्य वा तेषाम्? ईश्वरस्यैव। पुनस्तेनैव प्रणीता वेदा आहोस्वित् तैश्च? यस्य ज्ञानं तेनैव प्रणीताः। पुनः किमर्था शङ्का कृता तैरेव रचिता इति? निश्चयकरणार्था।

ईश्वरो न्यायकार्यस्ति वा पक्षपाती? न्यायकारी। तर्हि चतुर्णामेव हृदयेषु वेदाः प्रकाशिताः कुतो न सर्वेषामिति?

अत्राह-अनेनेश्वरे पक्षपातस्य लेशोऽपि नैवागच्छति, किन्त्वनेन तस्य न्यायकारिणः परमात्मनः सम्यङ्न्यायः प्रकाशितो भवति। कुतः? न्यायेत्यस्यैव नामास्ति यो यादृशं कर्म कुर्यात्तस्मै तादृशमेव फलं दद्यात्। अत्रैवं वेदितव्यम्-तेषामेव पूर्वपुण्यमासीद्यतः खल्वेतेषां हृदये वेदानां प्रकाशः कर्त्तुं योग्योऽस्ति।

किं च ते तु सृष्टेः प्रागुत्पन्नास्तेषां पूर्वपुण्यं कुत आगतम्? अत्र ब्रूमः-सर्वे जीवा स्वरूपतोऽनादयस्तेषां कर्म्माणि सर्वं कार्यं जगच्च प्रवाहेणैवानादीनि सन्तीति। तेषामनादित्वस्य प्रमाणपूर्वकं प्रतिपादनमग्रे करिष्यते।

किं गायत्र्यादिच्छन्दोरचनमपीश्वरेणैव कृतम्? इयं कुतः शङ्काभूत्? किमीश्वरस्य गायत्र्यादिच्छन्दोरचनज्ञानं नास्ति? अस्त्येव तस्य सर्वविद्यावत्त्वात्। अतो निर्मूला सा शङ्कास्ति।

चतुर्मुखेन ब्रह्मणा वेदा निरमायिषतेत्यैतिह्यम्? मैवं वाच्यम्। ऐतिह्यस्य शब्दप्रमाणान्तर्भावात्। **'आप्तोपदेशः शब्दः'** न्यायशास्त्रे अ०२। आह्नि०२। सू०७॥ अस्यैवोपरि **'आप्तः खलु साक्षात्कृतधर्मा, यथादृष्टस्यार्थस्य चिख्यापयिषया प्रयुक्त उपदेष्टा, साक्षात् करणमर्थस्याऽऽप्तिस्तया प्रवर्त्तत इत्याप्तः'** (न्याय अ०१। आह्नि०१। सू०७॥) इति न्यायभाष्ये वात्स्यायनोक्तेः। अतः सत्यस्यैवैतिह्यत्वेन ग्रहणं नानृतस्य। यत्सत्यप्रमाणमाप्तोपदिष्टमैतिह्यं तद् ग्राह्यं, नातो विपरीतमिति, अनृतस्य प्रमत्तगीतत्वात्। एवमेव व्यासेनर्षिभिश्च वेदा रचिता इत्याद्यपि मिथ्यैवास्तीति मन्यताम्। नवीनपुराणग्रन्थानां तन्त्रग्रन्थानां च वैयर्थापत्तेश्चेति।

यो मन्त्रसूक्तानामृषिर्लिखितस्तेनैव तद्रचितमिति कुतो न स्यात्? मैवं वादि। ब्रह्मादिभिरपि वेदानामध्ययनश्रवणयोः कृतत्वात्। **'यो वै ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै०'** इति श्वेताश्वतरोपनिषदादिवचनस्य (अ०६.१८.) विद्यमानत्वात्। एवं यदर्षीणामुत्पत्तिरपि नासीत्तदा ब्रह्मादीनां समीपे वेदानां वर्त्तमानत्वात्। तद्यथा-

अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम्।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुःसामलक्षणम्॥ १॥ अ० १।२३.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति मनुसाक्ष्यत्वात्। अग्न्यादीनां सकाशाद् ब्रह्मापि वेदानामध्ययनं चक्रेऽन्येषां व्यासादीनां तु का कथा!

कथं वेद श्रुतिश्च द्वे नाम्नी ऋक्संहितादीनां जाते इति?

अर्थवशात्। विद ज्ञाने, विद सत्तायाम्, विद्लृ लाभे, विद विचारणे, एतेभ्यो 'हलश्च' इति सूत्रेण करणाधिकरणकारकयोर्घञ् प्रत्यये कृते वेदशब्दः साध्यते। तथा श्रु श्रवणे, इत्यस्माद्धातोः करणकारके 'क्तिन्' प्रत्यये कृते श्रुतिशब्दो व्युत्पाद्यते। विदन्ति जानन्ति, विद्यन्ते भवन्ति, विन्दन्ति विन्दन्ते लभन्ते, विन्दते विचारयन्ति सर्वे मनुष्याः सर्वाः सत्यविद्या यैर्येषु वा तथा विद्वांसश्च भवन्ति ते 'वेदाः'। तथाऽऽदिसृष्टिमारभ्याद्यपर्यन्तं ब्रह्मादिभिः सर्वाः सत्यविद्याः श्रूयन्तेऽनया सा 'श्रुतिः'। न कस्यचिद्देहधारिणः सकाशात्कदाचित्कोऽपि वेदानां रचनं दृष्टवान्। कुतः? निरवयवेश्वरात् तेषां प्रादुर्भावात्। अग्निवाय्वादित्याङ्गिरसस्तु निमित्तीभूता। वेदप्रकाशार्थमीश्वरेण कृता इति विज्ञेयम्। तेषां ज्ञानेन वेदानामनुत्पत्तेः। वेदेषु शब्दार्थसम्बन्धाः परमेश्वरादेव प्रादुर्भूताः तस्य पूर्णविद्यावत्त्वात्। अतः किं सिद्धम्? अग्निवायुरव्यङ्गिरो मनुष्यदेहधारिजीवद्वारेण परमेश्वरेण श्रुतिर्वेदः प्रकाशीकृत इति बोध्यम्।

वेदानामुत्पत्तौ कियन्ति वर्षाणि व्यतीतानि? अत्रोच्यते-एको वृन्दः, षण्णवतिः कोट्योऽष्टौ लक्षाणि, द्विपञ्चाशत्सहस्राणि, नव शतानि, षट्सप्ततिश्चैतावन्ति १९६०८५२९७६ वर्षाणि व्यतीतानि। सप्तसप्ततितमोऽयं संवत्सरो वर्त्तत इति वेदितव्यम्। एतावन्त्येव वर्षाणि वर्त्तमानकल्पसृष्टेश्चेति।

कथं विज्ञायते ह्येतावन्त्येव वर्षाणि व्यतीतानि?

अत्राह-अस्यां वर्त्तमानायां सृष्टौ वैवस्वतस्य सप्तमस्यास्य मन्वन्तरस्येदानीं वर्त्तमानत्वादस्मात्पूर्वं षण्णां मन्वन्तराणां व्यतीतत्वाच्चेति। तद्यथा-स्वायम्भवः स्वारोचिष औत्तमिस्तामसो रैवतश्चाक्षुषो वैवस्वतश्चेति सप्तैते मनवस्तथा सावर्ण्यादय आगामिनः सप्त चैते मिलित्वा १४ चतुर्दशैव भवन्ति। तत्रैकसप्ततिश्चतुर्युगानि ह्येकैकस्य मनोः परिमाणं भवति। ते चैकस्मिन् ब्राह्मदिने १४ चतुर्दशभुक्तभोगा भवन्ति एकसहस्रं १००० चतुर्युगानि ब्राह्मदिनस्य परिमाणं भवति। ब्राह्मया रात्रेरपि तावदेव परिमाणं विज्ञेयम्। सृष्टेर्वर्त्तमानस्य दिनसंज्ञास्ति, प्रलयस्य च रात्रिसंज्ञेति। अस्मिन् ब्राह्मदिने षट् मनवस्तु व्यतीताः सप्तमस्य वैवस्वतस्य वर्त्तमानस्य मनोरष्टाविंशतितमोऽयं कलिर्वर्त्तते। तत्रास्य वर्त्तमानस्य कलियुगस्यैतावन्ति ४९७६ चत्वारिसहस्राणि, नवशतानि, षट्सप्ततिश्च वर्षाणि तु गतानि, सप्तसप्ततिमोऽयं संवत्सरो वर्त्तते। यमार्यां विक्रमस्यैकोनविंशतिशतं त्रयस्त्रिंशत्तमोत्तरं संवत्सरं वदन्ति।

अत्र विषये प्रमाणम्-

ब्राह्मस्य तु क्षपाहस्य यत्प्रमाणं समासतः।
एकैकशो युगानां तु क्रमशस्तन्निबोधत॥ १॥ मनु० १।६८.
चत्वार्य्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तु कृतं युगम्।
तस्य तावच्छती सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथाविधः॥ २॥ मनु० १।६९.
इतरेषु ससन्ध्येषु ससन्ध्यांशेषु च त्रिषु।
एकापायेन वर्त्तन्ते सहस्राणि शतानि च॥ ३॥ मनु० १।७०.
यदेतत् परिसंख्यातमादावेव चतुर्युगम्।
एतद् द्वादशसाहस्रं देवानां युगमुच्यते॥ ४॥ मनु० १।७१.
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
दैविकानां युगानां तु सहस्रं परिसंख्यया।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तद्वै युगसहस्रान्तं ब्राह्मं पुण्यमहर्विदुः।
रात्रिं च तावतीमेव तेऽहोरात्रविदो जनाः॥६॥ मनु० १।७३.
यत्प्राग्द्वादशसाहस्रमुदितं दैविकं युगम्।
तदेकसप्ततिर्गुणं मन्वन्तरमिहोच्यते॥७॥ मनु० १।७९.
मन्वन्तराण्यसंख्यानि सृष्टिः संहार एव च।
क्रीडन्निवैतत्कुरुते परमेष्ठी पुनः पुनः॥८॥ मनु० १।८०.

कालस्य परिमाणार्थं ब्राह्माहोरात्रादयः सुगमबोधार्थाः संज्ञाः क्रियन्ते। यतः सहजतया जगदुत्पत्तिप्रलययोर्वर्षाणां वेदोत्पत्तेश्च परिगणनं भवेत्। मन्वन्तरपर्य्यावृत्तौ सृष्टेर्नैमित्तिकगुणानामपि पर्य्यावर्त्तनं किञ्चित् किञ्चिद्भवत्यतो मन्वन्तरसंज्ञा क्रियते।

अत्रैवं सङ्ख्यातव्यम्-
एकं दश शतं चैव सहस्रमयुतं तथा।
लक्षं च नियुतं चैव कोटिरर्बुदमेव च॥१॥
वृन्दः खर्वो निखर्वश्च शङ्खः पद्मं च सागरः।
अन्त्यं मध्यं परार्द्धं च दशवृद्ध्या यथाक्रमम्॥२॥

इति सूर्यसिद्धान्तादिषु सङ्ख्यायते। अनया रीत्या वर्षादिगणना कार्येति।

'सहस्रस्य प्रमासि सहस्रस्य प्रतिमासि॥' यजु०१५.६५. **'सर्वं वै सहस्रं सर्वस्य दातासि॥'** श०का०७। अ०५। (ब्रा०२। कं०१३॥) सर्वस्य जगतः सर्वमिति नामास्ति। कालस्य चानेन सहस्रमहायुगसंख्यया परिमितस्य दिनस्य नक्तस्य च ब्रह्माण्डस्य प्रमा परिमाणस्य कर्त्ता परमेश्वरोऽस्ति। मन्त्रस्यास्य सामान्यार्थे वर्त्तमानत्वात् सर्वमभिवदतीति। एवमेवाग्रेऽपि योजनीयम्।

ज्योतिषशास्त्रे प्रतिदिनचर्याऽभिहिताऽऽर्य्यैः क्षणमारभ्य कल्पकल्पान्तस्य गणितविद्यया स्पष्टं परिगणनं कृतमद्यपर्यन्तमपि क्रियते प्रतिदिनमुच्चार्य्यते ज्ञायते चातः कारणादियं व्यवस्थैव सर्वैर्मनुष्यैः स्वीकर्त्तुं योग्यास्ति; नान्येति निश्चयः। कुतो ह्यार्यैर्नित्यम् 'ओं तत्सत् श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे वैवस्वते मन्वन्तरेऽष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणेऽमुकसंवत्सरायनर्तुमासपक्षदिन- नक्षत्रलग्नमुहुर्तेऽत्रेदं कृतं क्रियते च' इत्याबालवृद्धैः प्रत्यहं विदितत्वादितिहासस्यास्य सर्वत्रार्य्यावर्त्तदेशे वर्त्तमानत्वात् सर्वत्रैकरसत्वादशक्येयं व्यवस्था केनापि विचालयितुमिति विज्ञायताम्। अन्यद्युगव्याख्यानमग्रे करिष्यते तत्र द्रष्टव्यम्।

एतावता कथनेनैवाध्यापकैर्विलसनमोक्षमूलराद्यभिधैर्यूरोपाख्यखण्डस्थै- र्मनुष्यरचितो वेदोऽस्ति श्रुतिर्नास्तीति यदुक्तं, यच्चोक्तं चतुर्विंशतिरेकोनत्रिंशत् त्रिंशदेकत्रिंशच्च शतानि वर्षाणि वेदोत्पत्तौ व्यतीतानीति तत्सर्वं भ्रममूलमस्तीति वेद्यम्। तथैव प्राकृतभाषया व्याख्यानकारिभिरप्येवमुक्तं तदपि भ्रान्तमेवास्तीति च।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०६-११) ISSN 0974 – 8830

वाल्मीकि-रामायण में अश्वमेध यज्ञ का स्वरूप

प्रो. ज्ञान प्रकाश शास्त्री[१]

वेद की दृष्टि में यज्ञ भुवन की नाभि है-'**अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।**'[२] आगे यह मन्त्र स्पष्ट करता है कि यह जो सोम है, वह वर्षणशील अश्व का रेतस् है।[३]

उपर्युक्त मन्त्र से यह स्पष्ट हो जाता है कि यदि सोम जीवन का लक्ष्य है तो वह अश्व के रेतस् से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसीलिए तो शत्रुत्व के अभाव की कामना की गयी है। अन्यथा अभय से मिलने वाली शान्ति कैसे मिल सकती है?

जहाँ तक अश्वमेध यज्ञ का प्रश्न है, ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में अश्वमहिमा का विस्तृत उल्लेख देखने को मिलता है।[४] विद्वानों का अभिमत है कि उक्त स्थल पर अश्वमेध यज्ञ का वर्णन है।[५] ब्राह्मणग्रन्थों में उक्त विचारसरणि कुछ और विशिष्टता के साथ दृग्गोचर होती है, जहाँ अश्व को कुछ और महिमामण्डित किया गया है।[६] सम्भवतः इसी प्रकार के विचारों से प्रभावित होकर श्रौतसूत्रकारों ने अश्वमेध, राजसूय आदि महायज्ञों की कल्पना की है।

अश्वमेध यज्ञ का उद्देश्य

अश्वमेध यज्ञ के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए श्रौतसूत्रकारों का स्पष्ट अभिमत है कि सौर्वभौम राजा अर्थात् जिसने सम्पूर्ण विश्व पर विजय प्राप्त करली है, वही अश्वमेध यज्ञ का अधिकारी है। वाराहश्रौतसूत्र में कहा गया है-'**राजा विजित्याश्वमेधेन यजेत।**'[७] उक्त कथ्य को और अधिक स्पष्टता से प्रतिपादित करते हुए एक अन्य श्रौतसूत्र कहता है-'**अश्वमेधेन यक्ष्यमाणो राजा विजिती यदास्य न कुतश्चनापबाधो भवति।**'[८] जहाँ तक उद्देश्य का सम्बन्ध है, इस विषय में शतपथ-ब्राह्मण का मत पूर्णतया स्पष्ट है, वह कहता है कि राष्ट्र ही अश्वमेध है अर्थात् राष्ट्र की सर्वविध उन्नति करना ही अश्वमेध है।[९]

वाल्मीकि रामायण के प्रारम्भ में अश्वमेध यज्ञ का वर्णन मिलता है। उसमें वाल्मीकि अश्वमेध यज्ञ का उद्देश्य बतलाते हुए कहते हैं कि धर्मज्ञ एवं महात्मा दशरथ प्रभावशाली होते हुए भी पुत्र के लिये सदा

---

१. प्रोफेसर, श्रद्धानन्द वैदिक शोधसंस्थान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२. ऋ०१.१६४.३५.
३. ऋ०१.१६४.३५. अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतः।
४. ऋ०१.१६२.४-५. यद्धविष्यमृतुशो देवयानं त्रिर्मानुषाः पर्यश्वं नयन्ति। अत्रा पूष्णः प्रथमो भाग एति यज्ञं देवेभ्यः प्रतिवेदयन्नजः॥ होताध्वर्युरावया अग्निमिन्धो ग्रावग्राभ उत शंस्ता सुविप्रः। तेन यज्ञेन स्वरंकृतेन स्विष्टेन वक्षणा आ पृणध्वम्॥
५. ऋ०१.१६२-१६३.
६. श०ब्रा०२२.१९. विभूमात्रा प्रभू पित्राऽश्वोऽसि। हयोऽसि अत्योऽसि मयोऽसि अर्वाऽसि। सप्तिरसि वाज्यसि वृषासि नृमणासि। ययुर्नामासि शिशुर्नामासि।
७. वाराहश्रौतसूत्रम् ४.१.५०.१.
८ वाधूलश्रौतसूत्रम् ११.२.१६.१.१.
९. श०ब्रा०१३.१.६.३. राष्ट्रं वा अश्वमेधः। द्र० ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका-राजप्रजाधर्मविषयः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिन्तित रहा करते थे, क्योंकि उनके वंश को चलाने वाला कोई पुत्र नहीं था।[१०] उसके लिये चिन्ता करते-करते एक दिन दशरथ के मन में विचार आया कि मैं पुत्रप्राप्ति के लिये वाजिमेध यज्ञ का आयोजन करूँ-

चिन्तयानस्य तस्यैवं बुद्धिरासीन्महात्मनः।
सुतार्थं वाजिमेधेन किमर्थं न यजाम्यहम्॥[११]

दशरथ ने यहाँ अश्वमेध को 'वाजिमेध' के नाम से अभिहित किया है और इस यज्ञ का उद्देश्य पुत्रप्राप्ति बताया है। पुत्रप्राप्ति के उद्देश्य से सुमन्त्र समस्त वेदविद्या के पारङ्गत विद्वानों, जिनमें सुयज्ञ, वामदेव, जाबालि, काश्यप, कुलपुरोहित वसिष्ठ तथा अन्य श्रेष्ठ ब्राह्मण थे, को बुलाकर लाते हैं।[१२] इन सभी तपस्वी महर्षियों से राजा दशरथ निम्न वचन कहते हैं-

मम लालप्यमानस्य सुतार्थं नास्ति वै सुखम्।
तदर्थं हयमेधेन यक्ष्यामीति मतिर्मम॥[१३]

महर्षियो! मैं सदा पुत्र के लिये विलाप करता रहा हूँ, उसके विना यह समस्त राज्य मुझे सुख नहीं देता है। अतः मैं पुत्रप्राप्ति के लिये हयमेध (अश्वमेध) से यजन करूँ, ऐसा मेरा विचार है।

आगे दशरथ कहते हैं कि मैं यह कार्य शास्त्रोक्त विधि से करना चाहता हूँ। अतः किस प्रकार मेरी मनोवाञ्छित वस्तु प्राप्त होगी, इस पर आप लोग विचार करें।[१४] राजा के ऐसा कहने पर वसिष्ठ आदि सब ब्राह्मणों ने दशरथ के कथन की प्रशंसा करते हुए अत्यन्त प्रसन्न होकर राजा से कहा-

सम्भाराः सम्भ्रियन्तां ते तुरगश्च विमुच्यताम्॥
सरय्वाश्चोत्तरे तीरे यज्ञभूमिर्विधीयताम्।
सर्वथा प्राप्स्यसे पुत्रानभिप्रेतांश्च पार्थिव॥
यस्य ते धार्मिकी बुद्धिरियं पुत्रार्थमागता।[१५]

'हे महाराज! यज्ञसामग्री का संग्रह किया जाय, भ्रमण के लिये अश्व छोड़ा जाये, सरयू के तट पर यज्ञभूमि बनायी जाये। तुम यज्ञ द्वारा सर्वथा अपनी इच्छा के अनुरूप पुत्र को प्राप्त कर लोगे, क्योंकि पुत्र के लिये तुम्हारे मन में ऐसी धार्मिक बुद्धि का उदय हुआ है।'

आठवें सर्ग के अनन्तर १२वें सर्ग में भी लगभग इन्हीं शब्दों का प्रयोग करते हुए ऋष्यशृङ्ग आदि ऋषियों से अश्वमेध यज्ञ करने की प्रार्थना की गयी है। उपर्युक्त वर्णन से यह स्पष्ट हो जाता है कि रामायण के बालकाण्ड में अश्वमेधयज्ञ का उद्देश्य पुत्रप्राप्ति है। इसके अतिरिक्त बालकाण्ड में ही अश्वमेध यज्ञ के अनन्तर यज्ञ का पुण्यफल बतलाते हुए कहा है कि अश्वमेध यज्ञ समस्त पापों का नाशक तथा स्वर्गलोक की प्राप्ति कराने वाला है।[१६] यदि हम अश्वमेध यज्ञ का फल पापनाश मानते हैं तो भी प्रत्यक्ष रूप से अश्वमेध यज्ञ

---

१०. रामायण बालकाण्ड-८.१. तस्य चैवं प्रभावस्य धर्मज्ञस्य महात्मनः। सुतार्थं तप्यमानस्य नासीद् वंशकरः सुतः॥

११. रामायण बालकाण्ड-८.२.

१२. रामायण बालकाण्ड-८.६-७.

१३. रामायण बालकाण्ड-८.८. कुछ भेद से रामायण १२.८-९.

१४. रामायण बालकाण्ड-८.९. तदहं यष्टुमिच्छामि शास्त्रदृष्टेन कर्मणा। कथं प्राप्स्याम्यहं कामं बुद्धिरत्र विचिन्त्यताम्॥ कुछ भेद से रामायण, बालकाण्ड १२.९-१०.

१५. रामायण बालकाण्ड-८.११-१२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१६. रामायण बालकाण्ड-८.५८. पापाहं स्वर्नयनं दुस्तरं पार्थिवर्षभैः।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुत्रप्राप्ति में उपकारक न हो, परन्तु पापनाशक होने के कारण परोक्षरूप से पुत्रप्राप्ति का हेतु अवश्य है। इसलिये दशरथ ऋष्यशृङ्ग ऋषि से अश्वमेध यज्ञ के अनन्तर कुलवृद्धि हेतु प्रार्थना करते हैं।[१७]

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में आचार्य युधिष्ठिर मीमांसक का मत है कि वाल्मीकि रामायण (बालकाण्ड अध्याय १३-१४) में अश्वमेध यज्ञ का विस्तृत वर्णन उपलब्ध होता है। वहाँ पुत्रेष्टि का प्रसङ्ग है। और इस यज्ञ का विवरण कल्पसूत्र के अनुसार किया गया है, अत: प्रक्षेप प्रतीत होता है।[१८]

उक्त के अतिरिक्त रामायण के उत्तरकाण्ड में भी अश्वमेध यज्ञ का प्रसङ्ग उपस्थित हुआ है। श्रीराम के मन में राजसूय यज्ञ करने की इच्छा होती है और वे इस प्रकरण पर भरत और लक्ष्मण से विचार करते हैं, लेकिन भरत राम के उक्त प्रस्ताव से असहमति व्यक्त करते हुए कहते हैं कि समस्त प्रजा, समस्त राजगण, समस्त लोक आपको अपना स्वामी मानते हैं। जैसे पुत्र पिता को देखते हैं, उसी प्रकार सब राजा आपको देखते हैं। राजसूय यज्ञ करने से उत्पन्न कोप से इन सबका विनाश हो जायेगा। अत: भूतलवासियों के विनाश को देखते हुए आप इस यज्ञ से विरत हों।[१९] राजसूय यज्ञ के बाद विनाशकारी युद्ध हुए हैं, इसकी पुष्टि पुराणों से भी हो जाती है।[२०]

इसी क्रम में लक्ष्मण राम को अश्वमेध यज्ञ करने की परामर्श देते हैं। उनका इसके पीछे तर्क यह है कि उक्त यज्ञ को करने से ब्रह्महत्या से मुक्ति मिल जाती है। इतिहास को उद्धृत करते हुए लक्ष्मण कहते हैं कि ब्रह्म (विष्णु) की उपासना में लगे हुए वृत्र की हत्या करने से इन्द्र को ब्रह्महत्या लग गयी।[२१] और अश्वमेध यज्ञ के करने से वह ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त होगया।[२२]

इसके अतिरिक्त स्वयं राम अश्वमेध यज्ञ का फल बतलाते हुए कहते हैं कि बाह्लीक देश के राजा कर्दम के पुत्र इल जो किसी कारण से स्त्रीत्व को प्राप्त होकर इला बन गये थे,[२३] को अश्वमेध यज्ञ करने से पुरुषत्व की प्राप्ति हुई थी। अपने पुत्र इल को पुरुषत्व प्राप्ति हो, एतदर्थ राजा कर्दम कहते हैं-

नान्यं पश्यामि भैषज्यमन्तरा वृषभध्वजम्।
नाश्वमेधात् परो यज्ञ: प्रियश्चैव महात्मन:॥[२४]

'मैं भगवन् शङ्कर के अतिरिक्त दूसरे किसी को ऐसा नहीं देखता, जो इस रोग का उपचार कर सके तथा अश्वमेध यज्ञ से बढ़कर दूसरा कोई ऐसा यज्ञ नहीं है, जो महात्मा महादेव जी को प्रिय हो।'

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि श्रौतसूत्रकार जहाँ अश्वमेध यज्ञ को सार्वभौम राजा के लिये करणीय मानते हैं, वहीं वाल्मीकि के काव्य में यह कहीं पुत्रेष्टि के लिये उपयुक्त माना गया है तो कहीं ब्रह्महत्या से मुक्ति के लिये इसकी उपयोगिता प्रदर्शित की गयी है और कहीं इसका उल्लेख पुरुषत्व की प्राप्ति

---

१७. रामायण बालकाण्ड-८.५८. ततोऽब्रवीद् ऋष्यशृङ्गं राजा दशरथस्तदा। कुलस्य वर्धनं तत्तु कर्तुमर्हसि सुव्रत॥
१८. युधिष्ठिर मीमांसक, श्रौतयज्ञों का संक्षिप्त परिचय-पृ०१५२.
१९. रामायण उत्तरकाण्ड ८३.१०-१५.
२०. हरिवंश पुराण-३.२.१६-१९. राजसूयस्तु सोमेन श्रूयते पूर्वमाहृत:। तस्यान्ते सुमहद् युद्धमभवद् तारकामयम्॥ आहतो वरुणेनाथ तस्यान्ते सुमहाक्रतो:। देवासुरं महायुद्धं सर्वभूतक्षयावहम्। हरिश्चन्द्रश्चैव राजर्षि: क्रतुमेनमुपाहरत्॥ तत्राप्याडीबकं नाम युद्धं क्षत्रियनाशनम्। ततोऽन्तरमार्येण पाण्डवेनातिदुस्तर:। महाभारतप्रारम्भोऽग्निरिव क्रतु:॥
२१. रामायण उत्तरकाण्ड ८५.१६. तमिन्द्रं ब्रह्महत्याऽऽशु गच्छन्तमनुगच्छति। अपतच्चास्य गात्रेषु तमिन्द्रं दु:खमाविशत्॥
२२. रामायण उत्तरकाण्ड ८६.१-२०.
२३. रामायण उत्तरकाण्ड ८७.१५-१९.
२४. रामायण उत्तरकाण्ड ९०.१२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से जोड़ा गया है। इसको इस प्रकार विश्लेषित किया जा सकता है कि बालकाण्ड में जहाँ निस्सन्तान दशरथ को अश्वमेध यज्ञ के अनन्तर पुत्र की प्राप्ति होती है, वहीं उत्तरकाण्ड में अश्वमेध यज्ञ के माध्यम से राम को सीता से निर्वासन काल में उत्पन्न शिशुओं (लव, कुश) की उपलब्धि होती है। यदि दृष्टिकोण थोड़ा और विस्तृत किया जाए तो यह कहा जा सकता है कि जिस प्रकार सन्तानहीन दम्पती का घर शून्य के समान निर्जन और उदास होता है, उसी प्रकार इन्द्र को ब्रह्महत्या लग जाने से वर्षा के अभाव में पृथिवी आर्द्रतारहित, वन शुष्क, समस्त सरोवरों सरिताओं का जलस्रोत सूख जाने से यह धरा श्रीरहित है।[२५] दाम्पत्यजीवन की सरसता यदि अश्वमेध यज्ञ से सम्भव है तो इस धरा की सूखी कोख भी अश्वमेध यज्ञ से भरी जा सकती है। सम्भवत: ऐसा ही कुछ संकेत रामायणकार यहाँ देना चाहता है।

इसके साथ ही उक्त ब्रह्महत्या के प्रकरण से उत्तरकाण्ड के रचयिता को यह संदेश देना भी अभीष्ट प्रतीत होता है कि वृत्रासुर के समान रावण भी ब्राह्मण है। राम युद्धकाण्ड में रावण का वध कर चुके हैं। उनको उसके वध से मुक्ति तभी मिल सकती है, जब वे इन्द्र के समान अश्वमेध यज्ञ करें। एक प्रकार से यह सारा प्रकरण ब्राह्मणवादी मनोवृत्ति का पोषक है और बहुत सम्भव है कि परवर्तीकाल में रामायण में सम्मिलित किया गया हो।

कर्दम के पुत्र इल का इला हो जाने पर अश्वमेध यज्ञ के द्वारा पौरुष की प्राप्ति का प्रश्न है, तो इस विषय में यह कहा जा सकता है कि इसका भी सम्बन्ध किसी न किसी रूप में दाम्पत्य जीवन की मुस्कराहट से सम्बन्धित है। इस प्रकार हम यहाँ निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि राष्ट्र की जीवन में सुख की वर्षा करनी हो अथवा परिवार के जीवन में। रामायण में प्रतिपादित अश्वमेध यज्ञ उक्त प्रकार के समस्त सुखों का आधार है। ब्राह्मण और श्रौतसूत्र परम्परा से संगति न बैठने के कारण यह अधिक सम्भव प्रतीत होता है कि उक्त सम्पूर्ण प्रकरण परवर्तीकाल में रामायण में सम्मिलित किया गया हो।

अश्वमेध यज्ञ के विधिविधान में स्त्री

वाल्मीकि रामायण में वर्णित अश्वमेध यज्ञ के विधिविधानों की समग्र समीक्षा प्रस्तुत आलेख में सम्भव नहीं है, फिर भी उक्त प्रकरण में राजमहिषी का एक रात्रि अश्वमेध के अश्व के समीप रहना अवश्य समीक्षा की अपेक्षा रखता है।

श्रौतसूत्रों के अनुसार राजमहिषी (प्रथम पत्नी), वावाता (द्वितीय पत्नी), परिवृक्ता (तीसरी रानी), पालागली (चौथी रानी) ये चारों रानियाँ अश्व का अभ्यञ्जन[२६] और अलङ्करण करती हैं[२७] और अन्त में ये सभी पत्नियाँ कुछ दक्षिण और कुछ सव्य उरूओं को नग्न करके अश्व के समीप आती हैं और अश्व के शिश्न को उनके उपस्थ में स्थापित करने का संकेत श्रौतसूत्रों में मिलता है।[२८] यजुर्वेद के भाष्यकार महीधर ने भी **गुणानां त्वा गुणपतिं हवामहे**[२९] मन्त्र की व्याख्या के प्रसङ्ग में कुछ इसी प्रकार का संकेत दिया है। उनके

---

२५. रामायण उत्तरकाण्ड ८६.४-५. अथ नष्टे सहस्राक्षे उद्विग्नमभवत् जगत्। भूमिश्च ध्वस्तसंकाशा नि:स्नेहा शुष्ककानना॥ नि:स्रोतसस्ते सर्वे ते ह्रदाश्च सरितस्तथा। संक्षोभश्चैव सत्त्वानामनावृष्टिकृतोऽभवत्॥

२६. वाधूलश्रौतसूत्रम्-११.१६.२८.

२७. वाधूलश्रौतसूत्रम्-११.१९.४.

२८. वाधूलश्रौतसूत्रम्-११.१९.१३-३२; २०.२-३७. महिषी प्रथमा पर्येति शतेन राजपुत्रीभि: सह दक्षिणान् नाडीन् प्रत्यस्य दक्षिणानूरून् नग्नान् कृत्वा॥१३॥ शतेनाराज्ञां जायाभि: सह वावाता सव्याभि: नाडीन् प्रत्यस्य सव्यानूरून् नग्नान् कृत्वा॥१६॥ वाराहश्रौतसूत्रम्-३.४.४.२१-२७.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२९. यजु०३२.१९.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुसार यजमान की पत्नी सभी ऋत्विजों के समक्ष अश्व के समीप शयन करती हुई उससे गर्भधारण की प्रार्थना करती है।

वाल्मीकि रामायण में राजमहिषी कौसल्या प्रोक्षण आदि के द्वारा अश्व का संस्कार करके तीन तलवारों से उसका स्पर्श करती है–

कौसल्या तं हयं तत्र परिचय समन्ततः।
कृपाणैर्विससारैनं त्रिभिः परमया मुदा॥[३०]

उसके पश्चात् कौसल्या देवी ने सुस्थिर चित्त धर्मपालन की इच्छा रखकर उस अश्व के निकट एक रात निवास किया–

पतत्रिणा तदा सार्धं सुस्थितेन च चेतसा।
अवसद् रजनीमेकां कौसल्या धर्मकाम्यया॥[३१]

उपर्युक्त वाल्मीकि रामायण के वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि यज्ञ परम्परा के ह्रास के लक्षण जो श्रौतसूत्रों में बहुत स्पष्टता से अभिव्यक्त हुए हैं, उसके प्रारम्भिक संकेत वर्तमान में प्राप्त वाल्मीकि रामायण में देखने को मिल जाते हैं। भारतीय साहित्य के इतिहास में वाममार्ग एक ऐसी विचारधारा रही है, जिसने धार्मिक साहित्य को प्रदूषित करके कुत्सित कामवासना और मांसाहार की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त किया है। यह मार्ग धर्म से होकर निकाला है अतः यह और भी अधिक निन्दनीय प्रयास किया गया है। उसके प्रारम्भिक लक्षण रामायण के उक्त प्रकरण में देखे जा सकते हैं, जहाँ रात्रिशयन से कुत्सित कामवासना और तलवार से स्पर्श के माध्यम से अश्व के वध से प्राप्त होने वाले मांस की कल्पना की गयी है। वाल्मीकि रामायण में इसके अतिरिक्त तीन अन्य स्थानों पर भी अश्वमेध यज्ञ का उल्लेख देखने को मिलता है। यदि यह सारा प्रकरण वाल्मीकिरचित और यह अश्वमेध यज्ञ के कर्मकाण्ड का अनिवार्य अङ्ग होता तो उन सभी स्थानों में अश्व के साथ शयन करते हुए राजमहिषी को अवश्य दिखाया जाता। उत्तरकाण्ड में राम स्वयं सीता के अभाव में उसकी सुवर्ण प्रतिमा रखकर उक्त यज्ञ को सम्पन्न करते हैं।[३२] यदि राजमहिषी का अश्व के साथ शयन अश्वमेध यज्ञ का अनिवार्य अङ्ग होता तो राम के लिये यह यज्ञ करना सम्भव ही न होता। इसी प्रकार कर्दम के स्त्रीरूप पुत्र इल का पौरुष प्राप्त करने के लिये उक्त यज्ञ करना भी कभी सम्भव न हो पाता। इसके अतिरिक्त यह यज्ञ एक वर्ष तक चलने वाला है, जो एक मास के लिये पुरुष बना है, उसके लिये यह कदापि सम्भव नहीं था।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि महीधर आदि वेदभाष्यकारों तथा श्रौतसूत्रों में जिस प्रवृत्ति के दर्शन दृष्टिगत होते हैं, उसके प्रारम्भिक संकेत साहित्य के क्षेत्र में आदिम काव्य कहे जाने वाले रामायण में प्रक्षेपित कर दिये गए थे, जिससे पुरातन मानकर जनसामान्य को अपनाने में कोई कठिनाई न हो।

---

३०. रामायण, बालकाण्ड–१४.३४.
३१. रामायण, बालकाण्ड–१४.३५.
३२. रामायण, उत्तरकाण्ड–९१.२५.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि वाल्मीकि रामायण में अश्वमेध यज्ञ का वर्णन अपने वास्तविक रूप से भ्रष्ट होकर एक उच्छृङ्खल दिशा की ओर बढ़ने लग गया था, जिसको किसी भी रूप में वैदिक परम्परा का स्वस्थ विकास नहीं माना जा सकता। इसमें न तो एकरूपता है और न परम्परा को स्वस्थ रखने के प्रति पूर्वाग्रह ही। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भी विशिष्ट लक्ष्य की पूर्ति के लिये अश्वमेध यज्ञ का प्रयोग उस समय के समाज में होने लग गया था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महर्षि दयानन्द की दृष्टि में भारतीयों का राजनीतिक पराभव और उसके प्रमुख कारक

प्रो० स्वतन्त्र कुमार[1]

जब भी किसी देश, जाति या समाज का पराभव होता है, वह एक सुखद अवसर नहीं होता। भारतीय इतिहास में अनेक ऐसे अवसर आये हैं, जब हमने अपने को पराजित, पददलित और शोषित अनुभव किया है। इस पराजय में हमने केवल राजनीतिक सत्ता का ही अपहरण कराया हो, ऐसी बात नहीं है, अपितु हमारी सांस्कृतिक विरासत भी अक्षुण्ण नहीं रह सकी है।

महाभारत से लेकर अंग्रेजों के शासन काल तक हमें अनेकों बार अपने आत्मसम्मान और आत्मगौरव की भावना का परित्याग करना पड़ा है। इतना सब कुछ सहने का आखिर कोई तो कारण है।

महर्षि दयानन्द की दृष्टि में उपर्युक्त समस्या का मूल कारण आपसी फूट रही है। वे कहते हैं कि **'स्वायम्भुव राजा से लेकर पाण्डव पर्यन्त आर्यों का चक्रवर्ती राज्य था। तत्पश्चात् आपस के विरोध से लड़कर नष्ट होगये।'**[2] आगे वे कहते हैं कि **'जब भाई को भाई को मारने लगे तो नाश होने में क्या सन्देह है?**[3] महाभारत के युद्ध के पश्चात् भी भारतीय इस घटना से कोई सबक नहीं ले सके, इसका महर्षि को बहुत दुःख है। एक अन्य स्थल पर वे कहते हैं कि **'आपसी फूट से कौरव-पाण्डव और यादवों का सत्यानाश होगया, सो तो होगया, परन्तु अब तक भी वही रोग पीछे लगा है। न जाने यह भयङ्कर राक्षस कभी छूटेगा वा आर्यों को सब सुखों से छुड़ाकर दुःख सागर में डुबा मारेगा।'**[4] वे परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि **'परमेश्वर कृपा करे कि यह राजरोग हम आर्यों में से नष्ट हो जाये।'**[5]

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि महर्षि दयानन्द की दृष्टि में भारतीय पराभव का मूल कारण आपसी कलह और विद्वेष की भावना रही है।

महर्षि दयानन्द के उपर्युक्त विश्लेषणपरक विवेचन के सन्दर्भ में हम भारतीय इतिहास का एक संक्षिप्त मूल्याङ्कन करने का प्रयास करेंगे।

१६वीं सदी के प्रारम्भिक भाग में मुगल आक्रान्ता बाबर ने भारत पर आक्रमण करके दिल्ली-आगरा प्रदेशों के एक बड़े भूभाग पर अपना राज्य स्थापित कर लिया। बाबर ने तुर्क-अफगानों के शासन का अन्त कर किस प्रकार अपने राज्य की नींव रक्खी, इस सबको प्रतिपादित करने की आवश्यकता नहीं है। १५३० ई० में जब बाबर की मृत्यु हुई, तब तक मुगलों का शासन पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक, उत्तर में हिमालय तक तथा दक्षिण में मालवा तक फैल चुका था।[6]

---

१. कुलपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराञ्चल)

२ सत्यार्थप्रकाश, एकादश समु०, पृ०,४२९.

३ सत्यार्थप्रकाश, एकादश समु०, पृ०,४३४.

४ सत्यार्थप्रकाश, एकादश समु०, पृ०,४१४-१५.

५ सत्यार्थप्रकाश, एकादश समु०, पृ०,४१५.

६ सत्यकेतु विद्यालङ्कार, आर्यसमाज का इतिहास, भा०,१. पृ०,२७२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में मुगल सत्ता को स्थिरता प्रदान करने का श्रेय अकबर को है, जिसका शासन काल १५५६-१६०५ ई० था। बाबर ने जिस मुगल साम्राज्य की स्थापना की थी, वह हुमायूँ के शासन काल में छिन्न-भिन्न होने लग गया था। हुमायूँ का शासन इतनी दीनहीन स्थिति में पहुँच गया था कि अफगान शक्ति का नेतृत्व करते हुए भार्गव वंशी एक हिन्दू सेनापति हेमू ने विक्रमादित्य की उपाधि धारण कर अपने को दिल्ली का सम्राट् घोषित कर दिया था।

ऐसी स्थिति में अकबर ने अद्भुत कुशलता और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए मुगल शासन की नींव को एक सुदृढ़ आधार प्रदान किया। अकबर को दो राजशक्तियों से संघर्ष करना था- एक ओर स्वधर्मावलम्बी अफगान सैन्य शक्ति और दूसरी ओर विधर्मी आर्य राजपूत सैन्यशक्ति। उनमें से द्वितीय आशय का आश्रय अकबर ने ग्रहण किया। इसका कारण था कि आर्य वंशीय राजपूत आपसी फूट के कारण स्वधर्मावलम्बी किसी भी राजा का आधिपत्य स्वीकार करने को तैय्यार नहीं थे। ये अपने ही भाई शत्रु राजा का अपमान कराने के लिये मुगलों के साथ रोटी-बेटी का सम्बन्ध रख सकते थे, परन्तु अपने भाई का प्रभुत्व स्वीकार नहीं कर सकते थे।

दूसरी ओर अफगान और मुगलों का धर्म एक था, परन्तु धर्म भी उनमें एकता स्थापित कराने में सफल नहीं हो पा रहा था। इसलिये अकबर ने राजपूतों से सम्बन्ध स्थापित करना अधिक उचित समझा। उसने राजपूतों को अपने साम्राज्य में ऊँचे पद प्रदान किये और उनकी सैन्यशक्ति का प्रयोग करके उसने उत्तर भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया। राजपूतों में मेवाड़ के राजा राणा प्रताप उसके अपवाद बने रहे, उन्होंने जीवन पर्यन्त मुगल शासन के विरुद्ध युद्ध जारी रक्खा।

अकबर ने आर्य जनता के प्रति उदारता की नीति का अनुसरण किया। तीर्थों की यात्रा पर लगने वाले कर को, अकबर ने समाप्त कर दिया, साथ में जजिया कर लेना भी बन्द कर दिया गया। सत्यकेतु विद्यालङ्कार की दृष्टि में अकबर का शासन 'किसी सम्प्रदाय विशेष या किसी विशिष्ट वर्ण का न होकर सब जातियों व सम्प्रदायों का सम्मिलित शासन था।'[7]

इसके अतिरिक्त अकबर की एक व्यक्तिगत विशेषता थी कि वह सब धर्मों का सम्मान करता था तथा सम्बन्धित धर्मों के आचार्यों को बुलाकर उनके प्रवचनों को सुना करता था। इसका परिणाम यह हुआ कि उसने एक ऐसे धर्म को विकसित करने का प्रयास किया, जिसमें सभी अच्छे तत्त्वों का समावेश हो। इसका नाम उसने 'दीने इलाही' रक्खा, परन्तु अकबर के साथ ही यह धर्म समाप्त होगया।

यह तथ्य विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि भारत ने अन्यत्र जहाँ-जहाँ भी इस्लाम धर्म गया, सीरिया, ईरान, ईराक, मिस्र आदि देशों में शासकों के इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेने पर सारी की सारी प्रजा कुछ दिनों में इस्लाम के रंग में रंग गयी, परन्तु भारत में स्थिति इससे विपरीत रही। सैकड़ों वर्षों तक शासक वर्ग इस्लाम धर्म का अनुयायी रहा, परन्तु भारतीय जनता वैदिक धर्म के प्रति निष्ठावान् बनी रही। इतना ही नहीं, मुस्लिम वर्ग को भी वैदिक धर्म और संस्कृति ने प्रभावित किया। जनता का भारतीय धर्म के प्रति आग्रह बने रहने का कारण मध्य युग में आने वाला भक्ति-युग रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय धर्म की उदारता ने भी इस्लाम के प्रसार को रोकने में महत्त्वपूर्ण योगदान किया।

अकबर के बाद जहाँगीर और शाहजहाँ ने भी लगभग उसी नीति का अनुसरण किया, जो अकबर ने प्रवर्तित की थी। ये दोनों बादशाह उदार थे और उन्होंने सबको साथ लेकर चलने की नीति का पालन किया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

७ सत्यकेतु विद्यालङ्कार, आर्यसमाज का इतिहास, भा०,१. पृ०,१०३.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और इसी कारण मुगल साम्राज्य लगातार इतने दिनों तक विना किसी विशेष समस्या के चलता रहा और जनता का विश्वास उसे प्राप्त होता रहा।

शाहजहाँ के उत्तराधिकारी औरंगजेब ने अपने पूर्वजों की चली आती हुई नीति और रीति का परित्याग कर दिया और वह मुगल साम्राज्य को इस्लामी राज्य बनाने का प्रयास करने लगा। उसने इस्लाम के अनुसार शासन करने के लिये आर्य जाति पर जजिया कर लगाया तथा विश्वनाथ (काशी), सोमनाथ (गुजरात), केशवराय (मथुरा) आदि प्रसिद्ध मन्दिरों को तोड़ने के आदेश दे दिये। उसके साथ ही आर्यों को उनके पर्व सार्वजनिक रूप से मनाने से रोका, इस्लाम धर्म स्वीकार करने वालों को पुरस्कार दिये जाने लगे तथा आर्य धर्मावलम्बियों को राजकीय उच्च पदों से हटाकर, उनके स्थान पर मुसलमानों को नियुक्ति की जाने लगी।

उनकी इस साम्प्रदायिक विद्वेषपूर्ण नीति का प्रभाव मुगल शासन की स्थिरता पर बहुत बुरा हुआ। मथुरा में जाटों ने, पंजाब में सिक्खों ने, राजपूताने में दुर्गादास राठौर ने, दक्षिण में मराठों ने औरंगजेब के विरुद्ध विद्रोह को स्वर दिया। इस सबका परिणाम यह हुआ कि औरंगजेब भारत में न तो इस्लामी राज्य की स्थापना करने में सफल रहा, वरन् उसका अपना पैतृक परम्परा से प्राप्त राज्य खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुँच गया। १७०७ ई० में औरंगजेब की मृत्यु हुई, उसके उत्तराधिकारी निर्बल और बुद्धिहीन थे, अतः, वे आर्यों का सहयोग व समर्थन प्राप्त करने में असफल रहे। इस प्रकार मुगलों के प्रताप का सूर्य अवसान होने के कगार पर पहुँच गया।

मुगल शासन के अन्तिम दिनों में, भारत के बहुत बड़े भूभाग पर अनेक आर्यदेशीय राजाओं का आधिपत्य स्थापित होगया। १७३९ ई० में पर्शिया के नादिरशाह ने भारत पर आक्रमण किया, परन्तु मुगल शासन उसका आक्रमण रोकने में असफल रहा और नादिरशाह ने दिल्ली पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया, लेकिन नादिरशाह ने स्थायी रूप से अपना आधिपत्य स्थापित करने का प्रयास नहीं किया, परन्तु उसके आक्रमण से मुगल शासन की शेष बची शक्ति भी अवसान के बिन्दु पर पहुँच गयी। इसके पश्चात् मुगल बादशाह नाम के ही शासक रह गये थे, शक्ति का वास्तविक केन्द्र मराठों के हाथों में पहुँच गया था।

१२वीं सदी के अन्तिम वर्षो से १८वीं सदी के प्रारम्भ तक लगभग पाँच सौ वर्षों तक, भारत का अधिकांश भूभाग ऐसे राजवंशों के अधिकार में रहा, जो इस्लाम धर्म के अनुयायी थे। उसमें से डेढ़ सौ वर्षों का शासन काल ऐसा रहा है, जिसमें मुस्लिम बादशाह, बिना विशेष प्रतिरोध के, अपनी सत्ता बनाये रख सके। इसका एक महत्त्वपूर्ण कारण यह रहा है कि उन्होंने भारतीयों की सद्भावना को प्राप्त कर लिया था और दूसरा कारण यह था कि भारतीय भारतीयों का आधिपत्य स्वीकार करने में अधिक अपमान का अनुभव करते थे। दास रहते-रहते उनकी मनोवृत्ति अपने स्वामियों जैसी हो चली थी।

१८वीं शताब्दी के मध्यकाल तक मराठे ही भारतीय राजशक्ति के प्रधान स्तम्भ थे। मुगलों का तेज उनके समक्ष बिल्कुल मन्द पड़ गया था। लेकिन मराठों का यह उत्कर्ष बहुत देर तक स्थिर नहीं रह सका। १७६१ ई० में अहमदशाह अब्दाली ने पंजाब के मराठा सूबेदार को पराजित कर दिल्ली पर अपना शासन स्थापित कर लिया। अहमदशाह का मुकाबला करने के लिये मराठे राजा अपनी सेनायें लेकर पेशवा के नेतृत्व में इस युद्ध में आये, पहले दिल्ली विजय की गयी, उसके पश्चात् पानीपत के रणक्षेत्र में अब्दाली की सेनाओं के साथ युद्ध हुआ, जिसमें मराठों की पराजय हुई। इस युद्ध में अनेक प्रमुख मराठे भी मारे गये, जो मराठों का नेतृत्व और उन्हें सङ्गठित किया करते थे। इस पराजय के साथ ही मराठा युग का स्वर्णकाल समाप्त हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मराठों की उक्त पराजय का कारण यह था कि उन्हें भारतीय राजाओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त नहीं हुआ था या यह कह सकते हैं कि मराठे भारतीय राजाओं का सहयोग प्राप्त करने में असफल रहे या मराठों को सहयोग प्राप्त करने की कला नहीं आती थी या फिर भारतीय भारतीय का सहयोग करने में अपमान अनुभव करते थे। चाहे जो वास्तविकता हो, पर इतना निश्चित है कि भारतीय राजा अपने व्यापक हित की पहिचान करने में हमेशा असफल सिद्ध हुए हैं। उन्हें अपने और पराये का ज्ञान कभी नहीं हो पाया। बदला लेने के आवेश में वे उचित-अनुचित का बोध भी भूल जाते रहे हैं।

औरंगजेब की साम्प्रदायिक नीति का सिक्खों के नवें गुरु तेग बहादुर ने घोर विरोध किया। परिणामस्वरूप राज्यद्रोह करने के आरोप में उनका निर्दयतापूर्वक वध कर दिया गया। लेकिन इस घटना से सिक्ख दबे नहीं। उनमें एक ऐसा वीर पुरुष उत्पन्न हुआ, जिसने इन्हें सङ्गठित कर एक प्रबल शक्ति का रूप दिया। इस वीर पुरुष का नाम गुरु गोविन्द सिंह है। १७६१ ई० में पानीपत युद्ध में मराठों की पराजय के बाद, उन्हें, अपनी शक्ति विकसित करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अहमदशाह अब्दाली को परास्त कर अपने स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लिये। १८वीं शताब्दी के अन्त तक सिक्ख पंजाब और उत्तर पश्चिम सीमान्त प्रदेशों की एक प्रमुख राजशक्ति बन गये। महाराजा रणजीतसिंह (१७९२-१८३९ ई०) के नेतृत्व में सिक्खों की राजशक्ति अपने चरम उत्कर्ष पर पहुँच गई और प्रायः सम्पूर्ण उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र पर उनका स्वतन्त्र शासन स्थापित होगया।

मुगल साम्राज्य की शक्ति के क्षीण होने पर १८वीं शताब्दी के मध्य तक दिल्ली और आगरा के समीपवर्ती क्षेत्रों में जाटों ने अनेक छोटे-छोटे राज्य स्थापित कर लिये। औरंगजेब के बाद जब मुगलों की शक्ति लगभग नष्ट प्रायः हो गयी, तो अनेक राजपूत राज्य व्यावहारिक रूप से स्वतन्त्र हो गये। लेकिन आर्य शक्ति का यह सूर्य बहुत देर तक आकाश में टिक नहीं सका। इस स्थिति का मूल्याङ्कन करते हुए सत्यकेतु विद्यालङ्कार कहते हैं कि 'इस समय एक अन्य विदेशी व विधर्मी जाति भारत में अपनी शक्ति का विस्तार करने में तत्पर थी। इस जाति ने हिन्दुकुश माला को पारकर उत्तर-पश्चिम की ओर से भारत में प्रवेश नहीं किया था। यह समुद्र के मार्ग से भारत में आयी थी। यह जाति अंग्रेजों की थी और ईसाई धर्म को मानने वाली थी। भारत की राजनैतिक दुर्दशा के लाभ उठाकर उसने इस देश में अपने पैर जमाने प्रारम्भ कर दिये और उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में प्रायः सम्पूर्ण भारत में उसने प्रभुत्व स्थापित कर लिया।'[८]

मुगलों की पराजय के बाद उगा हुआ आर्य जाति का उत्कर्ष स्थायी क्यों नहीं हो सका, का विवेचन करते हुए सत्यकेतु विद्यालङ्कार कहते हैं कि '**आर्य राजशक्ति, जो भारत में स्थायी नहीं हो सकी, उसके अनेक कारण थे। विकेन्द्रीकरण की जो प्रवृत्तियाँ भारत को राजनीतिक दृष्टि से निर्बल बनाती रही हैं, वे इस काल में भी बलवती थीं। मराठे लोग राजपूतों, जाटों और सिक्खों का सहयोग प्राप्त करने में तो असमर्थ रहे ही, साथ ही वे अपना भी एक सुदृढ़ केन्द्रीय शासन स्थापित नहीं कर सके। उनका अपना 'स्वराज्य' भी एक सुसङ्गठित राज्य का रूप नहीं प्राप्त कर सका। सिक्खों, जाटों और राजपूतों के राज्यों में भी आन्तरिक झगड़ों का बोलबाला था। राजनीतिक एकता और राष्ट्रीय भावना के महत्त्व का उन लोगों को कोई परिज्ञान नहीं था, जिनके हाथों में उस समय शक्ति राजशक्ति थी। उस दशा का परिणाम यह**

---

८ सत्यकेतु विद्यालङ्कार, आर्यसमाज का इतिहास, भा०,१. पृ०,११०.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ कि आर्यों की राजशक्ति रूपी चिंगारी १८वीं सदी में प्रकट अवश्य हुई, पर वह एक ज्वाला का रूप प्राप्त नहीं कर सकी।'[९]

महाकवि दिनकर भारतीय चरित्र की दुर्बलता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि **'वैयक्तिता का विष, जो भारत में बहुत दिनों से चला आ रहा था, इस काल में आकर और भी बढ़ गया था। समाज और देश के प्रति भी हमारा कोई कर्तव्य है, इस बात को लोग भूल बैठे थे।'**[१०]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट हो जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद जो विकेन्द्रीकरण की प्रवृत्ति प्रारम्भ हुई, जिसके कारण लगभग पाँच सौ वर्ष की सुदीर्घ अवधि की दासता का दु:ख भोगना पड़ा, भारतीय संस्कृति का चीरहरण हुआ, आत्मसम्मान और आत्मगौरव मात्र मुगलों की दासता के पर्याय बन कर रह गये, आत्मशक्ति कुण्ठित होकर जडता को प्राप्त होगयी, फिर भी बीमारी को पहिचाना नहीं जा सका। हम जिस शाखा पर खड़े थे, उसीको काटने में लगे रहे। एकता और राष्ट्रीयता हमें अपने अहम् से छोटे प्रतीत होते रहे। सामान्य व्यक्ति भी बहुत प्यासे रहने के उपरान्त प्राप्त पानी की एक-एक बूँद का हिसाब रखता है, उसका अपव्यय नहीं होने देता, परन्तु हमारी राजशक्ति और उसके सलाहकार इतना भी नहीं समझ सके कि मराठों की जीत राष्ट्रीय शक्ति की विजय है या सिक्खों का उत्कर्ष भारतीय चेतना का उत्कर्ष है। अहमदशाह अब्दाली को अकेले सिक्ख पराजित कर लेते हैं तो क्या वे सब मिलकर समस्त विदेशी राजशक्ति के दम्भ को चकनाचूर नहीं कर सकते थे? जैसे युधिष्ठिर को प्रथम तो द्यूत क्रीडा में भाग लेना नहीं चाहिये था और एक बार के अनुभव के आधार पर तो पुन: प्रवृत्ति सर्वथा अवांछित थी, परन्तु युधिष्ठिर को जिस प्रकार हारकर भी द्यूत क्रीडा में रस आता है, उसी प्रकार हमारे देश की राजशक्ति को दास रहने के बाद पुन: दासता में चले जाने में कोई परेशानी अनुभव नहीं होती। हमारा देश दार्शनिकों का देश है, वह अन्धकार और प्रकाश दोनों का महत्त्व बखूबी प्रतिपादित कर सकता है। वह जानता है कि दासता में ही अहङ्कार का नाश होता है और अज्ञान ही अहङ्कार का मूल है। इस प्रकार हम दास होकर, जहाँ सेवा का अवसर प्राप्त करते हैं, वहीं मुक्ति में बाधक अहङ्कार का लय करने में भी समर्थ हो जाते हैं। जिसमें स्व और पर का हित निहित हो, वही श्रेय मार्ग है।

भारतीय चिन्तन की इस दु:खद नियति का अवसान किस बिन्दु पर आकर होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। भारतीय चेतना के समग्र उत्कर्ष के लिये महर्षि दयानन्द निम्न दोषों का निराकरण अपेक्षित समझते हैं:-

१. आपस की फूट।

२. मतभेद।

३. ब्रह्मचर्य का सेवन न करना।

४. बाल्यावस्था में अस्वयंवर विवाह।

५. विषयासक्ति।

६. मिथ्याभाषणादि कुललक्षण।

---

९ सत्यकेतु विद्यालङ्कार, आर्यसमाज का इतिहास, भा०,१. पृ०,११०-११.
CC-0 In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
१० दिनकर, संस्कृति के चार अध्याय, पृ०,५०५.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७. वेदविद्या का अप्रचार।[११]

वे आगे कहते हैं कि उपर्युक्त दोषों के होने पर ही 'तीसरा विदेशी आकर पंच बन बैठता है।'[१२] अब तो हम लोग विदेशी प्रभाव में इतने अधिक आ गये हैं कि सब कुछ विदेशी विद्वानों के दृष्टिकोण से देखने के अभ्यस्त हो गये हैं। हम उसके पीछे निहित विदेशी दुरभिसन्धि को भी को नहीं पहिचान पा रहे हैं। उचित-अनुचित और न्याय तथा अन्याय को परखने को मापदण्ड हमारा वही है, जो हमें आयात से प्राप्त होता है।

एक समय था, जब हमारे लिये मुगल, तुर्क आदि विदेशी थे, फिर एक समय ऐसा आया कि हम सभी ने अंग्रेजों की एक विदेशी के रूप में पहिचान की और अब ऐसा समय आ गया है कि जब हम अपने (आर्यों) को विदेशी समझने लग गये हैं। यदि आज हम ८वीं कक्षा तक के किसी भी छात्र से पूछें कि आर्य कौन हैं? तो वह सीधा उत्तर देता है कि आर्य विदेशी आक्रान्ता हैं। यहाँ के मूल निवासी द्रविड़ हैं, उनको पराजित कर, उन्होंने अपनी संस्कृति सभ्यता उन पर लाद दी है। आज हम अपने ही घर में विदेशी हैं और वह भी विना किसी प्रमाण के। है न आश्चर्य की बात?

विश्व का शायद ही कोई समाज हमारे जैसा मूर्ख और अशिक्षित होगा, जो बिना प्रमाण के अपने घर को दूसरे का मानने लगे। सत्य की परख हम कर ही नहीं सकते और न करना ही चाहते हैं। हम तो ऐसा कुछ भी सुनने को तैय्यार नहीं है, जो विदेशी बोतल में सील बन्द होकर हमारे पास न पहुँचता हो।

जिस काल में महर्षि ने विदेशी राज्य से मुक्ति पाने के लिये उक्त दुर्गुणों का परिहार आवश्यक समझा था, ऐसा प्रतीत होता है कि आज भी हम उस स्थिति से ऊपर नहीं उठ पाये हैं, भले ही हम शिक्षित होगये हों, पर हमारी मानसिकता उसी स्तर की है। जैसे मन्द बुद्धि प्रौढ अपना भला-बुरा कुछ नहीं जान सकता, वैसे ही हम हैं।

जो कारक देश के पराभव के पहले सक्रिय थे, वे आज इस विषाणु युग में और अधिक सक्रिय होगये हैं। महर्षि के आविर्भाव के समय यह देश सोया हुआ था, इसलिये उसे जगाना कहीं अधिक सरल था, परन्तु आज यह पश्चिमी सङ्गीत के बधिर कर देने वाले कोलाहल में मग्न है। वहाँ तक तो चिल्लाकर भी अपनी आवाज को नहीं पहुँचाया जा सकता। इसलिये महर्षि दयानन्द द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने की हमें पहले से अधिक आवश्यकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब भारतीय स्वतन्त्रता का सूर्य अपनी आभा खो बैठे।

---

११ सत्यार्थप्रकाश, दशम समु०, पृ०,४१४.
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
१२ सत्यार्थप्रकाश, दशम समु०, पृ०,४१४.

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० १८-३३) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेद व्याख्याकार और उनकी वेदव्याख्या

डॉ० महावीर[1]

भारतीय मनीषा वेदों को संसार के समस्त ज्ञान-विज्ञान का मूल-स्रोत मानती है और उनके प्रति अगाध आस्था एवं श्रद्धा रखती है। मनुस्मृतिकार कहते हैं-

'पितृदेव मनुष्याणां वेदश्चक्षुः सनातनम्'।[2]

वेदभाष्यकार आचार्य सायण कहते हैं-

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न विद्यते।
एतं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य देवता।।[3]

आचार्य शंकर **'जन्माद्यस्य यतः'** सूत्र का भाष्य करते हुए वेद के सम्बन्ध में लिखते हैं-

'महत ऋग्वेदादेः शास्त्रस्य अनेकविद्यास्थानोपबृंहितस्य प्रदीपवत् सर्वार्थावद्योतिनः सर्वज्ञकल्पस्य योनिः कारणं ब्रह्म। न ही दृशस्य शास्त्रस्य ऋग्वेदादिलक्षणस्य सर्वज्ञगुणान्वितस्य सर्वज्ञादन्यतः संभवोऽस्ति।[4]

अर्थात् वेदशास्त्र अनेक विद्याओं से युक्त है। दीपक की भांति सब पदार्थों का बोध कराने वाले हैं। इनमें इतना अधिक ज्ञान भरा हुआ है कि ये सर्वज्ञ जैसे दीखते हैं। इन का कारण ब्रह्म ही हो सकता है। ऐसे सर्वज्ञता के लक्षण से युक्त ऋग्वेदादि शास्त्र की उत्पत्ति सर्वज्ञ से भिन्न किसी अन्य से नहीं हो सकती।

वैशेषिक दर्शनकार वेद के सम्बन्ध में कहते हैं-

'बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे।[5]
तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्।[6]

अर्थात् वेदों के प्रत्येक वाक्य की रचना बुद्धिपूर्वक है और ईश्वर का वचन होने के कारण वेद का प्रामाण्य है। इसी तरह सांख्य, योग, रामायण, महाभारत आदि प्रायः समस्त भारतीय ग्रन्थों में मुक्त कण्ठ से प्रशंसित चारों वेदों को सम्यक् प्रकार से जानने के लिए इस देश में बहुत कार्य हुआ। इस ईश्वरीय ज्ञान को इदम् इत्थतया जानना अत्यन्त दुष्कर कार्य था, न जाने कितने महान् आचार्यों ने अपना संपूर्ण जीवन वेदार्थावगमन में समर्पित कर दिया। अर्थज्ञान के बिना वेदों के यथार्थ स्वरूप को नहीं जाना जा सकता। निरूक्तकार यास्क ने कहा है-

'स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्।
योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूत पाप्मा।

---

१ उपकुलपति, गुरुकुल कांगड़ी, विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्.
२ मनुस्मृति १२।९४
३ आचार्य सायण ऋग्वेद भाष्य
४ शांकर भाष्य
५ वैशेषिक दर्शन ६।१।१
६ वैशेषिक दर्शन १।१।३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक युग ऐसा भी रहा होगा कि अपनी विकसित बौद्धिक सम्पदा के द्वारा ऋषिगण बिना किसी अन्य ग्रन्थ की सहायता के अर्थज्ञान प्राप्त कर लेते थे। महर्षि दयानन्द सत्यार्थ प्रकाश में लिखते हैं-

''धर्मात्मा योगी महर्षि लोग जब-जब जिस-जिस मन्त्र के अर्थ जानने की इच्छा करके ध्यानावस्थित हो परमेश्वर के स्वरूप में समाधिस्थ हुए, तब-तब परमात्मा ने अभीष्ट मन्त्रों के अर्थ जनाए। जब बहुतों के आत्माओं में वेदार्थ प्रकाश हुआ तब ऋषि-मुनियों ने वह अर्थ और ऋषि मुनियों के इतिहासपूर्वक ग्रन्थ बनाये।'' कालान्तर में स्वाध्याय में आयी शिथिलता से मानव को वेदार्थज्ञान में समस्या उत्पन्न होने लगी। तब साक्षात्कृतधर्मा ऋषियों ने मानवहितार्थ वेदमन्त्रों का अर्थ प्रकट किया-

'साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः।

तेऽवरेभ्योऽसाक्षात् कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादुः।[७]

इनमें से १० प्रक्रियाओं का उल्लेख यास्कीय निरूक्त में उपलब्ध होता है। वे इस प्रकार है- १-अधिदैवत प्रक्रिया २-अध्यात्म प्रक्रिया ३-आर्ष प्रक्रिया ४-परिव्राजक प्रक्रिया ५-अधियज्ञ प्रक्रिया ६-नैरुक्त प्रक्रिया ७-वैयाकरण प्रक्रिया ८-नैदान प्रक्रिया ९-ऐतिहासिक प्रक्रिया १०-आख्यान प्रक्रिया

इनके अतिरिक्त १-अधिभूत प्रक्रिया २-अधिज्योतिष् प्रक्रिया एवं ३-वैज्ञानिक प्रक्रिया का प्रयोग भी विद्वानों ने वेदार्थ में किया है।

स्वामी दयानन्द ने वैदिक विषयों को दो ही वर्गो में विभाजित किया है-पारमार्थिक एवं व्यावहारिक।

सर्वप्रथम महर्षि यास्क ने निरूक्त में वैदिक शब्दों का निर्वचन कर अर्थ की दुरुहता दूर की। तत्पश्चात् उनको आधार बनाकर वेद-मर्मज्ञ आचार्यों ने वेदपर भाष्य लिखें।

स्कन्दस्वामी

इन वेदभाष्यकारों में प्रथम स्थान स्कन्दस्वामी का हैं उनके भाष्य के प्रत्येक अध्याय के अन्त में यह श्लोक उद्धृत है-

वलभी विनिवास्येतामृगर्थागमसंहतिम्।
भर्तृ ध्रुवसुतश्चक्रे स्कन्दस्वामी यथास्मृति।।

इससे ज्ञात होता है कि स्कन्द स्वामी गुजरात की प्रसिद्ध नगरी वलभी के निवासी थे। इनके पिता का नाम भर्तृध्रुव था। आज स्कन्द स्वामी का भाष्य ऋग्वेद के १।१।१ से लेकर १।५६।१, १।६२।१ से लेकर १।१२१।१५, ५।५७।१ से लेकर ५।६१।१ तथा ६।२९।१ से लेकर ६।७५।६ तक मिलता है। इनका भाष्य अष्टक्रम के अनुसार न होकर अध्यायक्रम के अनुसार है। स्कन्दस्वामी के अनुसार मन्त्रों के अर्थबोध के लिये ऋषि तथा देवता का ज्ञान आवश्यक है, छन्द का ज्ञान नहीं-

'तत्रार्थ दैवतयोरर्थ बोध उपयुज्यमानत्वात् ते दर्शयिष्येते न छन्दः अनुपयुज्यमानत्वादिति' (ऋग्वेद १। १। १ भा.प्र.)

स्कन्दस्वामी ने मन्त्रों का अधियज्ञपरक व्याख्यान किया है। निरूक्त का अनुसरण करने से कहीं-कहीं यह भाष्य अधिदेवपरक भी है। स्कन्दस्वामी ने मन्त्रों को पांच प्रकार का माना है-प्रैष, करण, क्रियमाणानुवादी, शस्त्राभिष्टवनादिगत एवं जपानुवचना दिगत। ये मन्त्र प्रयोग के समय अपने अर्थ का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

७.निरुक्त १।१

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिपादन करते हुए कर्मके अङ्गत्व को प्राप्त करते हैं। केवल उच्चारण मात्र से इनका प्रयोजन नहीं। मन्त्रों के व्याख्यान में स्कन्दस्वामी ने ब्राह्मणों तथा आरण्यकों से उद्धरण उपस्थित किये हैं। मन्त्रों की व्याख्या में स्कन्दस्वामी ने मन्त्रगत पदों के व्याकरणात्मक वैशिष्ट्य को भी संक्षेप में बताया है। भाष्यकार सायण ने पाणिनि के अर्थ की अपेक्षा स्कन्दस्वामी के अर्थ को ही अधिमान दिया है-

नारायण स्वामी और उद्गीथ-

ऋग्वेदभाष्य के अष्टम अष्टक के चतुर्थ अध्याय के आरम्भ मे वेंकटमाधव ने लिखा है-

स्कन्दस्वामी नारायण उद्गीथ इति ते क्रमात्।

चक्रुः सहैकमृग्भाष्यं पदवाक्यार्थ गोचरम्॥

इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि स्कन्दस्वामी, नारायण तथा उद्गीथ तीनों ने मिलकर ऋग्वेद का संपूर्ण भाष्य लिखा था।

इस परम्परा में वेंकट माधव तथा सायण के अग्रज माधव एवं इनसे भिन्न माधव भट्ट नाम से भी एक ऋग्वेद के भाष्यकार हुए, जिनका उल्लेख स्वयं वेंकट माधव तथा सायण ने किया है।

वेंकट माधव ने संपूर्ण ऋग्वेद पर भाष्य लिखा है और वह आज उपलब्ध है। उनके पितामह का नाम माधव, पिता का नाम वेंकट तथा माता का नाम सुन्दरी था। इनका गोत्र कौशिक था।

आनन्दतीर्थ नामक माध्व-सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक मध्वाचार्य आनन्दतीर्थ के नाम से विख्यात हुए। इन्होंने ऋग्वेद के प्रारम्भिक चालीस सूक्तों पर भाष्य लिखा है।

इनके अतिरिक्त आत्मानन्द नामक वेदव्याख्याकार हुए, इन्होंने केवल अस्यवामीय सूक्त पर भाष्य लिखा है। इनका भाष्य भी आनन्दतीर्थ की भांति परमात्मापरक है। शंकरमतावलम्बी होने के कारण इनके भाष्य में अद्वैतमत की झलक दिखाई देती है।

आचार्य सायण

वेदभाष्यकारों में सायण का स्थान बहुत ऊंचा है। वैदिक साहित्य में उपलब्ध प्राय: सभी ग्रन्थों पर इन्होंने अपना भाष्य लिखा। सायण आन्ध्रप्रान्त में तुङ्गभद्रा नदी के दक्षिण तटपर स्थित विजयनगर राज्य के निवासी थे। इनके पिता का नाम मायण तथा माता का नाम श्रीमती या श्रीमायी था। सायण के तीन पुत्र थे-कम्पन, मायण और शिङ्गव। इनके गुरु भी तीन थे-विद्यातीर्थ, भारतीतीर्थ तथा श्रीकण्ठ। ये गुरुओं के बड़े भक्त थे। उनके लिए गुरु परमात्म स्वरूप थे। प्रत्येक भाष्य के अन्त में उन्होंने लिखा है-

'यस्य निःश्वसितं वेदा यो वेदेभ्यो ऽखिलं जगत्।

निर्ममे तमहं वन्दे विद्यातीर्थ महेश्वरम्।'

सायण लिखित भाष्यों तथा शिलालेखों से ज्ञात होता है कि वे कम्पन, संगम, बुक्कप्रथम तथा हरिहर द्वितीय के मन्त्री थे। सायणाचार्य के ऋग्वेदभाष्य का नाम *'वेदार्थ प्रकाश'* है। इस भाष्य को उन्होंने अपने गुरु विद्यातीर्थ को समर्पित किया है-

वेदार्थस्य प्रकाशेन तमो हार्दं निवारयन्।

पुमर्थांश्चतुरो देयाद् विद्यातीर्थ महेश्वरः॥ (ऋ०वे० १। १ पुष्पिका)

उन्होंने परम्परागत शैली को अपनाया है तथा यज्ञ प्रक्रिया को सर्वत्र प्रधानता दी है। उन्होंने ब्राह्मण ग्रन्थों और सूत्रग्रन्थ आदि को भाष्य का आधार बनाया। निरूक्त की व्याख्या को भी अपनाया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सायणाचार्य वेदभाष्य की भूमिका में वेदों को अपौरुषेय कहते हैं। मीमांसा दर्शन के आधार पर यह भी सिद्ध करते हैं कि वेद में इतिहास नहीं है, किन्तु अपने वेदभाष्य में इस कथन का सर्वत्र निर्वाह नहीं कर पाते। अपने भाष्य में लौकिक इतिहास प्रदर्शित करने के कारण महर्षि दयानन्द ने इनकी कटु आलोचना की है। प्रो० रुडोल्फ रॉथ ने भी सायण की आलोचना की है और कई दोष निकाले हैं परन्तु मैक्समूलर, विलसन, गोल्डनर आदि विद्वान् सायण के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और मानते हैं कि सायण के भाष्य के आधार पर ही वैदिक वाङ्मय में उनकी गति हो सकी है। वस्तुतः पाश्चात्य जगत् को वेदों का ज्ञान देने वाले आचार्य सायण ही थे। कतिपय बिन्दुओं पर मत वैभिन्न्य होते हुए भी वेद-व्याख्या के इतिहास में आचार्य सायण का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

वेदभाष्यकारों की इस मुक्तमाला में उवट, महीधर का नाम भी अतिमहत्त्वपूर्ण है। इन आचार्यों ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिन शाखा का भाष्य किया है।

काण्व-संहिता के भाष्यकारों में हलायुध, अनन्ताचार्य एवं आनन्दबोध भट्टोपाध्याय का नाम भी महत्त्वपूर्ण है। कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा के भाष्यकार हैं-कुण्डिन, भवस्वामी, गुहदेव, क्षुर एवं भट्टभास्कर।

131942

सामवेद का भाष्य करने वाले प्राचीन आचार्यों में सायण के अतिरिक्त माधव, गुण विष्णु एवं भरतस्वामी के नाम स्मरणीय हैं। अर्वाचीन समय में श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, पं० जयदेव विद्यालंकार, डॉ० रामनाथ वेदालंकार, पं० क्षेमकरण त्रिवेदी आदि का ऐतिहासिक योगदान है।

वेद व्याख्याकारों की इस सुदीर्घ महनीय परम्परा में सर्वोच्च स्थान यदि किसी महापुरुष का है, तो वे हैं युगप्रवर्त्तक महर्षि दयानन्द सरस्वती।

Central Library Kangri University

वेदभाष्य के सम्बन्ध में स्वामी दयानन्द सरस्वती की धारणाओं का समाहार करते हुए सामवेद भाष्यकार डॉ० रामनाथ जी वेदालंकार 'वेदभाष्यकारों की वेदार्थ प्रक्रियाएं नामक ग्रन्थ में लिखते हैं-

१. ऋग्वेद, यजुर्वेद (वा०मा० शुक्लयजुर्वेदसंहिता), सामवेद (कौथुम), अथर्ववेद (शौनकीय) ये चार ही मूल वेद संहिताएँ हैं। इतर ११२६ शाखाएँ इनकी व्याख्यानभूत हैं। ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषदें वेद नहीं हैं, अपितु वेदों का व्याख्यान करने वाले हैं। *''मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्''* यह कथन निराधार है। ईश्वरोक्त अतएव स्वतः प्रमाण केवल चार वेद ही हैं, शेष वैदिक साहित्य परतः प्रमाण है, अर्थात् वेदानुकूल होने पर ही प्रमाण है।

२. वेद नित्य हैं, प्रलय हो जाने पर भी ईश्वर के ज्ञान में रहते हैं। सृष्टि के आदि में अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरस् नामक ऋषियों के हृदयों में क्रमशः ऋग्, यजुः, साम और अथर्व वेदों का परमेश्वर ने प्रकाश किया है। वेद उस ज्ञान का नाम है। वेद की पुस्तकों को वेद इस कारण कहते हैं, क्योंकि उनमें वह ज्ञान लिखा रहता है।

३. वेदों में मूलोद्देशतः सब विद्याएँ हैं। यथा ब्रह्मविद्या, सृष्टिविद्या भूगोलविद्या, खगोलविद्या, गणितविद्या, योगविद्या, मुक्तिविद्या, नौविमानादिविद्या, तारविद्या, आयुर्वेदविद्या, पुनर्जन्मादिविद्या, राजप्रजाविद्या, वर्णाश्रमकर्तव्यविद्या, यज्ञविद्या, शिल्पविद्या, धनुर्विद्या, वाणिज्यविद्या, कृषिविद्या आदि।

४. वेदों में अनेक देवों की पूजा का वर्णन नहीं है, प्रत्युत वेदों में अग्नि, इन्द्र, वरुण, मित्र आदि देवता एक ही परमेश्वर के विभिन्न गुणों को बताने वाले नाम हैं। साथ ही वे श्लेषालंकार आदि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अग्नि, सूर्य, विद्युत्, आत्मा, प्राण, राजा, सेनापति आदि अर्थों को भी देते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५. वेदों के शब्द यौगिक या योगरूढ़ हैं, किसी एक ही अर्थ में रूढ़ नहीं है। इस कारण वे अनेक अर्थों को प्रकट करने में समर्थ हैं। यह आग्रह करना उचित नहीं है कि लोक में किसी शब्द का जो अर्थ है, केवल वही सर्वत्र वेद में भी अभिप्रेत है।

६. वेदों में किन्हीं ऋषियों, राजाओं, नगरियों, नदियों आदि का इतिहास नहीं है। ऐतिहासिक प्रतीत होने वाले नामों का यौगिक या योगरूढ़ अर्थ है।

७. वेदों में पशुबलि, नरबलि, मांसभक्षण आदि अमानवोचित कार्यों का समर्थन तथा अश्लील बातें नहीं है। जो वेदभाष्य वेद में इनका समर्थन करते हैं, वे भ्रान्त हैं।

८. वेदार्थ करते हुए पूर्वकृत विनियोगों का अनुसरण करना अनिवार्य नहीं है। उनसे स्वतन्त्र होकर भी वेदार्थ किया जा सकता है।

९. वेद पढ़ने का अधिकार मनुष्यमात्र को है। स्त्री, शूद्र आदि को उनसे वंचित रखना न्याय नहीं है।

१०. वेदों में पितृयज्ञ का अभिप्राय जीवित पितरों की पूजा है, मृतों की नहीं।

११. ऐसे कोई देवता-विशेष वेदों को अभिममत नहीं है, जो ऊपर कहीं स्वर्ग में रहते हैं तथा जिनके असुरों से युद्ध होते हैं। न ही वेदोक्त आर्य और दस्युओं या दासों के युद्ध से आर्य और द्रविड़ जातियों के मध्य होने वाले कोई ऐतिहासिक संग्राम अभिप्रेत हैं। देव या देवता शब्द समाज में विद्वानों का वाचक है। माता, पिता अतिथि, आचार्य आदि सभी देव हैं और दिवु धातु के विभिन्न अर्थ जिनमें घटित होते हैं वे ईश्वर, आत्मा, प्राण, इन्द्रिय, सूर्य, चन्द्र आदि भी देव हैं।

१२. वेदों के सविता, सूर्य, विष्णु आदि तथा उषा, अदिति, सरस्वती आदि पुंलिङ्गी और स्त्रीलिङ्गी देवता जैसे किन्हीं प्राकृतिक पदार्थों के वाची हैं, वैसे ही विद्वान् पुरुषों और स्त्रियों के वाची भी हैं। अत: वेदों में प्राकृतिक पदार्थों के ज्ञान के साथ समाज-शास्त्र का भी उत्कृष्ट वर्णन है।

इन धारणाओं का स्वामी दयानन्द ने अपने वेदभाष्य में अक्षरश: पालन किया। वेद व्याख्याता में जो-जो क्षमतायें होनी चाहिये, स्वामी दयानन्द उनके महासागर थे।

स्वामी दयानन्द की वेदभाष्य शैली का अनुसरण करते हुए अनेक वेद-मनीषियों ने वेदभाष्य किया। इनके प्रमुख हैं-

पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी-

पं० क्षेमकरण जी ने अथर्ववेद का भाष्य लिखा है। आपने मन्त्रों की व्याख्या आध्यात्मिक व देवतानुकूल की है। आप ऋषि दयानन्द की शैली का समाश्रय लेकर ही भाष्य करते हैं। आपने अथर्ववेद की व्याख्या कर अथर्ववेद पर लगे जादू-टोना, मारण, मोहन, उच्चाटन, अभिचार, कृत्या आदि अन्धविश्वासों से दूर रहकर मन्त्रों का भाष्य आधिदैविक, आधिभौतिक तथा विशेष रूप से आध्यात्मिक व समाजोपयोगी किया है। आप अपने भाष्य में सर्वप्रथम देवता निर्देश कर उस सूक्त का प्रतिपाद्य विषय उद्धृत करते हैं। अगर किसी मन्त्र की व्याख्या किसी स्थल पर स्वामी दयानन्द जी ने की है तो उसका भी आप समायोजन साथ-साथ में करते हैं। इस प्रकार दयानन्द शैली का अनुसरण कर आपने सम्पूर्ण अथर्ववेद का भाष्य किया है।

पं० जयदेव शर्मा विद्यालङ्कार-

आप गुरुकुल काङ्गड़ी के विद्वान् स्नातकों में से एक हैं। आपने चारों वेदों का भाष्य महर्षि दयानन्द की शैली से किया है। आप चारों वेदों के भाष्यों के (मण्डल, अध्याय, प्रपाठक, काण्ड) आरम्भ में सायण व पाश्चात्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत विचार तथा उनके सन्दर्भ में सप्रमाण अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। अपने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने भाष्यों में सायण व पाश्चात्य विद्वानों ने जो निर्मूल सन्देह उत्पन्न किये थे, आपने उन सभी की सप्रमाण विवेचना प्रस्तुत की है। जिस शैली व सिद्धान्त को स्वामी दयानन्द ने स्वीकार किया है आप भी उसी का अनुकरण करते हैं।

प्रो० विश्वनाथ विद्यालङ्कार-

आप गुरुकुल कांगड़ी के सुयोग्य स्नातकों में से एक है। आपने सामवेद का आध्यात्मिक भाष्य व अथर्ववेदभाष्य लिखकर वेद प्रेमियों को कृतार्थ किया है। आप भी मन्त्र की व्याख्या विशेषरूप से अध्यात्मपरक करते है। आपने अथर्ववेद के काण्डों की व्याख्या व्युत्क्रम रूप में प्रस्तुत की है। आपका यह भाष्य ज्योतिष परक प्रतीत होता है। आप सर्वप्रथम भूमिका में काण्ड का परिचय कराते है। विशेष सन्दर्भों को स्पष्टीकरणों से सरल व सुगम्य बनाते हैं।

आचार्य रामनाथ वेदालङ्कार-

आचार्य रामनाथ वेदालङ्कार जी ने भी सम्पूर्ण सामवेद का भाष्य ऋषिपद्धति का अनुसरण करते हुए किया। आपने भाष्यपूर्व विस्तृत भूमिका लिखी है जिसमें सामवेद से सम्बन्धित विशिष्ट तथ्यों को उजागर करते हुए साम के स्वरों व गानों की पद्धति का उल्लेख किया है। आपके भाष्य की एक विशेषता यह भी है कि स्वामी दयानन्द की वेदार्थ शैली से प्रभावित होकर मन्त्रार्थ की संस्कृत व हिन्दी में विस्तृत व्याख्या भी की है।

इस प्रकार पं० बुद्धदेव विद्यालङ्कार, आचार्य प्रियव्रत वाचस्पति, अभयदेव विद्यालङ्कार, आचार्य रामप्रसाद वेदालङ्कार आदि गुरुकुल के सुयोग्य स्नातकों ने जो भी प्रसङ्गानुसार या क्रमश: वेदभाष्य किया है, वह सम्पूर्ण भाष्य प्राचीन ऋषियों की शैली का आश्रय लेकर निरुक्त आदि वेदाङ्गों के प्रमाणों से युक्त ऋषिदयानन्द के सिद्धान्तों का पालन करते हुए किया है। जो समाज में सर्वत्र समादृत व विद्वता से परिपूर्ण है। अनेक पश्चिम व अपश्चिम मनीषियों ने इन के भाष्यों का समावलोकन कर अपनी भ्रान्तियाँ दूर की हैं। अनेक पाश्चात्य विद्वानों, जिनमें मोक्षमूलर का स्थान सर्वोपरि है, वेद के सम्बन्ध में बहुत कुछ लिखा है और वेदमन्त्रों की व्याख्या की है। विस्तार भय से यहां उसका उल्लेख नहीं हो पा रहा है।

हम सब वेदप्रेमियों, ऋषि परम्परा का सम्मान करने वालों, अनुसन्धान में निरत रहने वाले शोधार्थियों को वेदार्थसम्बन्धी प्रक्रिया के लिए इन्हीं प्रामाणिक भाष्यकारों का अनुकरण करना चाहिए तभी यह प्रतिपादित हो सकेगा कि वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० २४-२९) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथर्ववेदे जलापन्निरसनोपाया:

डॉ० (श्रीमती) विजयलक्ष्मी:[१]

आदौ तावत् विचारयाम: किन्नाम दैवी आपद्? संस्कृतसाहित्ये पदमिदम् **ईति** इत्यपरनाम्नापि पठितम्। यथा रघुवंशे-

पुरुषायुषजीविन्यो निरातङ्का निरीतय:।
यन्मदीया: प्रजास्तस्य हेतुस्त्वद्ब्रह्मवर्चसम्॥[२]

एकस्मिन्नन्यस्मिन् श्लोके षण्णामीतीनां चर्चा कृता-

अतिवृष्टिरनावृष्टि: शलभा: मूषका: शुका:।
प्रत्यासन्नाश्च राजान: षडेता ईतय: स्मृता:॥[३]

अत्र वर्णितासु षट्सु ईतिषु अतिवृष्टिरनावृष्टि: द्वयोरापदो: जलेन सह साक्षात् सम्बन्ध:। समेषामेव शेमुषीजुषां मतिमतामभिमतम्मतमिदं यद् वेदेषु गणनातीतानां लोकोपयोगिविषयाणां चर्चा विस्तरेण संग्रहेण वा कृता विद्यते। तत्र जलमादाय, वृष्टिमाधारीकृत्य वर्तन्ते बहूनि सूक्तानि नैकाश्च मन्त्रा:। यथा यजुर्वेदस्य बहुगीत: श्रुतश्च राष्ट्रप्रार्थनाविषयको (इदमपि अत्रावधेयं यत् वेदे विश्वमखिलं राष्ट्रपदेनाभिमतम्) मन्त्र: अतिवृष्टिरनावृष्टिरापद्द्वयं समादधता निर्दिशति लोकान्-

आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो.........निकामे निकामे न: पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधय: पच्यन्तां योगक्षेमो न: कल्पताम्।[४]

निकामे निकामे- अपेक्षिते काले, अपेक्षितमात्रायां यदि वृष्टिर्जायते, तदा इमा: वर्षा: कष्टाय न कल्पन्ते जीवानां तेषां जीवातुभूतानाञ्च कृते।

अथर्ववेदेऽपि सुखकराणां वर्षाणां कामनां कुर्वता ऋषिणोक्तम्-

दिव्यं सुपर्णं पयसं बृहन्तमपां गर्भं वृषभमोषधीनाम्।
अभीषतो वृष्ट्या तर्पयन्तमा नो गोष्ठे रयिष्ठां स्थापयति॥[५]

तथा च शं न: पर्जन्यो भवतु प्रजाभ्य: शं न: क्षेत्रस्य पतिरस्तु शम्भु:।[६]

न केवलमेतावदेवापितु अम्भसां पतिरपि शंकरो भवेत् अस्मत्कृते। तद्यथा-

शं न: पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शं न: सिन्धव: शमु शन्त्वाप:।[७]

अपि च-

---

१ प्रवक्त्री-संस्कृतविभाग:, सनातनधर्ममहाविद्यालय:, मुजफ्फरनगरम्
२ रघुवंशम् १.६३
३ आप्टे संस्कृत-हिन्दीकोष:, पृ० १७९, द्र० ईति- शब्द:
४ यजुर्वेद: २२.२२
५ अथर्ववेद: ७.३९.१
६ अथर्ववेद: १९.१०.१०
७ अथर्ववेद: १९.१०.०८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।[8]

अत्र दिङ्मात्रोदाहृतैः मन्त्रैः स्फुटं भवति यद् वेदभगवता जना निर्दिष्टा आदिष्टाः प्रेरिताश्च यत्तैः जीवने प्रकृत्या सह कथं व्यहरणीयम् यतो हि आपदामपाकरणे मानवानां महती भूमिका।

सांख्यदर्शने महर्षिणा कपिलेन **'त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः'**[9] इत्याख्ये आदिमे सूत्रे आध्यात्मिकाधिदैविकाधिभौतिकनाम्ना दुःखत्रयं विभजता प्रायशः सर्वेषामेव दुःखानामन्तर्भावः त्रिष्वेव दुःखेषु कृतम्। विहङ्गमदृशावलोकनेन स्पष्टं भवति यत् आधिदैविकदुःखानामापदाञ्च कारणं प्राकृतं तु अस्त्येव, अतिवृष्टि-अनावृष्टि-अत्युष्णतातिशैत्यादीनामापदामन्यतमं कारणमधिभूतमपि वर्तते। प्रकृतिमुपेक्ष्य कृतानि कार्यजातानि अकालेजातस्य जलवायुपरिवर्तनस्य कारणानि भवन्ति इत्यत्र विदुषां विसंवादो नास्ति। यतो हि-

What is Climate change? It most commonly means a rapid variation in earth's global climate due to human activity induced global warming. Cell the sun save the earth. T. O. I., 5 May, 2011

उदाहरणेनैकेनेदं स्पष्टं भविष्यति, तद्यथा- अमेरिकाराष्ट्रस्य Eastern seaboard नामके स्थाने कृतेन परीक्षणेन विज्ञातम्भवति यत् तत्र सोमवासरापेक्षया शनिवासरे वृष्टेराशङ्का २२% वृद्धिमुपैति यतो हि सोमदिवसादारभ्य शुक्रवासरं यावत् यातायातसाधनैः, अन्यैः यानैः, उद्योगयन्त्रैश्च तत्रत्ये वातावरणे उष्णतातिमात्रायां वर्धते येन अतिवर्षणम् भवति। अत एव पर्यावरणविदां विचारो वर्त्तते यत् वातावरणे उष्णताशमनाय वाहनानां प्रयोगे न्यूनतापेक्षिता।

अर्थात् निज-निजवाहनापेक्षया सम्मिल्य कार्यस्थलं कार्यालयं गम्यते चेत् एतत् श्रेयस्करम्। तदर्थं परस्परप्रीतिद्वेषराहित्यमपेक्षितम्। अस्मिन् प्रकरणे वेदाज्ञावधेया-

सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः।
अन्योन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या।[10]

सर्वकल्याणभावना हृत्सु भवेत्, प्रेम्णा स्नेहेन च परस्परं वसत। जलोपभोगविषयेऽपि श्रुतेरुपदेशः शोभनः-

अम्बयो यन्त्यध्वभिर्जामयो अध्वरीयताम्। पृचन्तीर्मधुना पयः।[11]

भावोऽयं यत् जलविषये जनैः जागरूकैः भाव्यम् ये सावधानास्सन्ति जलोपयोगकाले, जलानि अपि तेषां मातावत् भगिनीवत् हितं कुर्वते। शुद्धं जलं मातावत् भिषग्वत् प्राणभृतां कृते। कथितञ्च-

जालाषेणाभि षिञ्चत जालाषेणोप सिञ्चत।
जलाषमुग्रं भेषजं तेन नो मृड जीवसे॥[12]

जीवनयात्रायै जलशुद्धिरावश्यकी, परं महत्त्वपूर्णे विषयेऽस्मिन् जनैस्तथा न व्यवह्रियते यथा व्यवहरणीयम्। अत्र हरिद्वार एव प्रतिवर्षं शिवत्वं कामयमानाः शिवपूजकाः अज्ञानतावशाद् अनवधानतावशाच्च

---

८ यजुर्वेदः १३.२७
९ सांख्यदर्शनम् १.१
१० अथर्ववेदः ३.३०.१
११ अथर्ववेदः १.४.१
१२ (क) अथर्ववेदः ६.५७.२ (ख) अथर्ववेदः ६.५७.३, शं च नो मयश्च नो मा च नः किंचनाममत्। क्षमा रपो विश्वं नो अस्तु भेषजं सर्वं नो अस्तु भेषजम्॥ (ग) अथर्ववेदः ६.५७.१, इदमिद् वा उ भेषजमिदं रुद्रस्य भेषजम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मातृभूतायां गङ्गायां कियन्मात्रायामशिवत्वमुत्पादयन्ति इति नास्ति तिरोहितम्। वयञ्च यां गङ्गां पतितपावनी मत्वा जननीवत् मन्यामहे तस्यामेव गृहाणां, यन्त्रशालानां मलिनतां निमज्जन्तः लज्जां नानुभवामः, अस्या उपेक्षायाः परिणामाः भयावहाः हृदयविदारकाश्च। अनेकाभिः सर्वकारिभिः स्वायत्तशासिभिश्च संस्थाभिः कृतेन परीक्षणेन ज्ञायते यदस्याः पावन्याः भागीरथ्याः जलमाचमनीयं पेयं स्नानीयं नास्ति। विश्वस्वास्थ्यसंगठनानुसारम्- गङ्गायाः जले विद्यमानासु मलिनतासु १८ प्रतिशतं वर्त्तते Swage अवशिष्टजलनालिकाभिः निःसृतं जलम्। अपि च स्नानीये जले अन्येषां पदार्थानां (PPM) मात्रा $500/M^2$ अतिरिच्य नैव स्यात् परम् गङ्गायाः जले इयं मात्रा $1,40000/M^2$ अस्ति। जनानामौदासीन्येन औद्योगिकप्रदूषणेन च प्रायशः सर्वासामेव नदीनां स्रोतसां जलकूपानां जलाशयानाञ्च इयमेव दुर्दशा जाता, श्रुत्वा दृष्ट्वा च कस्य सचेतसः मनो न दूयते। अनेन न केवलं नदीनां जलमेव दूषितमपितु नद्याः जले विद्यमानाः जीवाः समाप्तप्राया एव, जीवानामुपस्थितिः जलशोधने महत्त्वपूर्णां भूमिकां तु आवहत्येव तथा च जलीयजीवा एव सन्ति जलानां जीवातुभूताः।

प्रकरणेऽस्मिन् रामायणस्यायं श्लोकः प्रासङ्गिकः-

जाह्नवीं तु समासाद्य विविधकाननद्रुमाम्।
शीतलामलपानीयां महामीनसमाकुलाम्॥[१३]

सर्वकारेण नदीनां जलशोधनाय काले काले नाना योजना उद्घोषिताः, यथा १९८५ तमे वर्षे श्री राजीवगांधिमहोदयेन ९०१.७ कोटिरूप्यकाणां योजनैका आरब्धा, तदनन्तरमपि नैकाः कार्यक्रमा आयोजिताः गङ्गाशोधनाय। २०१० तमे ख्रीष्टाब्दे विशिष्टे खलु कुम्भोत्सवावसरे गङ्गाजलपरिशोधनाय अकूता धनराशिः व्ययीकृता इति श्रुतिविषयमापतितम्। परं किमस्ति परिणामः? बह्वारम्भे लघुक्रिया। इमां मानुषीमापदम्[१४] निरासाय यदा पर्यन्तं सामान्याः जनाः नागरूकाः न भविष्यन्ति तावत्पर्यन्तं जलसंरक्षणस्यायं यज्ञः साफल्यमवाप्स्यतीति निश्चप्रचं वक्तुं न शक्यते। सन्दर्भेऽस्मिन् दैनिकजागरणाभिधेयेन पत्रेण लिखितं **'गंगा की चिन्ता'** इत्याख्ये सम्पादकीये-

यदि आम जनता यह तय कर ले कि गङ्गा को प्रदूषित नहीं करना है तो समस्याओं का हल काफी हद तक स्वतः ही निकल आएगा, नहीं तो प्रदूषण गङ्गा के वजूद को चुनौती देता रहेगा।[१५]

प्रतिदिनं समाचारपत्रेषु पठामः जलापूर्त्तिमहती समस्या, अस्या विषये जलाभावः तावन्मात्रायां न वर्त्तते, अभावस्तु वर्त्तते सम्यक् विचारस्य, गभीरचिन्तनस्य, दृढनिश्चयस्य च। अवधेयोऽत्र १९७० तमे वर्ष केन्द्रसर्वकारेण राज्येषु वृष्टिप्रबन्धविषयकमेकं पत्रं प्रेषितमासीत्, भूयश्च १९९२, २००५, २००६ सम्वत्सरेष्वपि विषयममुमादाय मन्त्रणा जाता। अद्यावधिरपि तत्सर्वं पूर्ववदेव प्रचलति। अस्या उदासीनतायाः नवीनतममुदाहरणं वर्त्तते बिन्दालनदी। वर्षासु यदा जलावेगो भवति तस्मिन् काले तु इयं सरित् लघ्वी नदीतुल्या दृश्यते, अन्यथा तु इयं वर्तते अपूतः मलिनः दूषितश्च ह्रदः। अस्यां दुरवस्थायां तु कतिपयेषु वत्सरेषु इयं स्मृतिशेषा एव भविष्यति।

---

१३ रामायणम् २.८०.२१
१४ रघुवंशम् १.५९, उपपन्नं ननु शिवं सप्तस्वङ्गेषु यस्य मे। दैवीनां मानुषीणां च प्रतिहर्ता त्वमापदाम्॥
१५ दैनिक जागरण, १२ मई, २०११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुद्धं जलं यदि भैषजयुक्तम्[१६] अमृतोपमं वर्तते तर्हि अशुद्धं जलं विषवदाचरति जनजीवने, अन्येषां जीवानां वृक्षौषधिपादपानां कृते। आत्मना मनसा वपुषा च पुष्टः समाज एव सर्वविधोन्नतये विकासाय च कृतसङ्कल्पो भवितुमर्हति। अपावनेन वारिणा बहवः रोगाः वपुषि जायन्ते यथा- Anamia, cholera, dengue, typhoid, diarrhea, hepatitis, Malaria, Malnutrition प्रभृतयः। जलव्याधिः कारणेन जगति १४००० जनाः प्रत्यहं मृत्युमुखे प्रविशन्ति। अस्माकं देशेऽपि सहस्राधिकाः बालाः प्रतिदिनं जलाभावे म्रियन्ते। यो तृषार्त्ताय जलं न ददाति तादृशपापिने जनाय रामायणे दण्डस्य[१७] विधानं कृतम्। भवेन्नाम अतिवृष्टिरनावृष्टिर्वा उभ एव मानवस्य शारीरिक-मानसिक-आत्मिक-सामाजिकविकासे बाधकतत्त्वरूपेणाचरतः। जलाभावोऽपि कष्टाय कल्पते जीवधारिणां कृते, अपूता आप अपि आघ्नन्ति चराचरम्। सन्दर्भेऽस्मिन् वेदभगवता युक्तमेवोक्तम्-**इदमापः प्रवहतावद्यं च मलं च यत्।**[१८]

आपः प्रार्थिता अत्र, मानवशरीरे यान्यपि मलानि अवद्यानि तत्त्वानि सन्ति, तानि निखिलानि स्वीयेनामृतस्वरूपेण शरीरात् अपाकुर्यात्। जलचिकित्सापि महत्त्वपूर्णमङ्गं चिकित्सायाः, परं तत्रापि पूतमेव जलमनिवार्यं भवति। अत आत्मकल्याणाय, समाजहिताय, विश्वसुखाय च जलसंरक्षणस्य केचन नियमास्तु निस्तन्द्रतया सर्वैः सम्भूय अनुष्ठेया एव। जलदूषकाः जनाः, शालाः, अधिकारिणश्च तीव्रदण्डेन दण्डनीयाः स्युः, तेषामर्थे सुपुष्टस्य दण्डस्य निधानं निश्चितं भवेत्। अस्मद् देशे जनाः यातायातनियमपालने अवहेलनां कुर्वन्ति त एव अन्येषु राष्ट्रेषु गत्वा नागरिकनियमानुसरणे तत्पराः दृश्यन्ते। किं कारणमत्र विमृशामश्चेत्! दण्डशासनमेव कारणमत्र। रामायणाध्ययनेन ज्ञायते यत् जलदूषकाः तस्मिन्नपि काले निन्दनीया आसन्। कथयति विषण्णः भरतः-

पानीयदूषके पापं तथैव विषदायके।
यत्तदेकः स लभतां यस्यार्योऽनुमते गतः॥[१९]

वारिप्रदूषकः विषदाता च पापस्य यद् दण्डं लभते, रामः यत्कारणेन वनं गतः सोऽपि तथाविधेनैव दण्डेन दण्डनीयो भवेत्। स्पष्टं भवति अम्भसां रक्षणं सर्वेषां पावनं कर्त्तव्यम्। वेदे वर्त्तते निर्देशः- **यो नो रसं दिप्सति........स हीयतां तन्वा तना च**[२०] आशयोऽयं यत् ये मानवाः अन्ने जले वा विकारमुत्पादयन्ति ते वपुषा सन्तानेन च परिहीयेरन्। अपि च इदमपि विचारणीयं यत् गणेशोत्सवकाले भगवतः गणेशस्य सुदीर्घाः उन्नताश्च प्रतिमाः किं जलसात्करणीयाः।

अथर्ववेदस्यैकस्मिन् मन्त्रे त्रीणि वस्तूनि स्वास्थ्यरक्षाधारभूतानि निर्दिष्टानि, तेषु जलमपि एकतमं परिगणितम्। अन्यस्मिन्नेकस्मिन् मन्त्रे अपां महिमानं प्रदर्शयन्नाह-

अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम् अपामुत प्रशस्तिभिः।
अश्वा भवथ वाजिनो गावो भवथ वाजिनीः॥[२१]

---

१६ अथर्ववेदः ६.२४.२, यन्मे अक्ष्योरादिद्योत पार्ष्ण्योः प्रपदोश्च यत्। आपस्तत् सर्वं निष्करन् भिषजां सुभिषत्तमाः॥
१७ रामायणम् २.७५.५७, तृषार्त्तं सति पानीये विप्रलम्भेन योजयन्। यत् पापं लभते तत् स्याद् यस्यार्योऽनुमते गतः॥
१८ अथर्ववेदः ७.८९.३
१९ रामायणम् २.७५.५६
२० अथर्ववेदः ८.४.१०
२१ अथर्ववेदः १.४.४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्सु औषधं निहितमस्ति। परिपूतं वारि यदि सेव्यते तर्हि: जना: अश्ववत् बलशालिनो भवन्ति। अथर्ववेदस्यैकस्मिन् मन्त्रे हृद्दाहशमनाय आप: प्रार्थिता:।[२२] सूक्तमिमं व्याख्यायता सातवलेकरमहोदयेनोक्तम्-अस्मिन् सूक्ते यादृक्वारिण: चर्चा तद्विधं जलं हिमालयसदृशे कस्मिन्नपि हिमप्रदेशे एव भवितुमर्हति, यतोहि तादृक् एव जलं नानौषधिमिश्रितं, विशुद्धञ्च भवति येन बहव: रोगा: शाम्यन्ति। कथ्यतेऽपि- **सर्वे रसा अनुप्राप्ता: पानीयम्।** अद्यत्वे जलस्य का स्थिति:**'मीठे जहर में तब्दील हो रहा पेयजल'** इत्याख्ये शीर्षके पत्रम् लिखति-चराचरजगत: स्वास्थ्यस्याधारभूतं जलं प्रतिदिनमस्वास्थ्यकरं जायमानमस्ति, भूगर्भजलस्तरमनुदिवसं क्षीयते। अपि च पातालाभिमुखं तज्जलं प्रदूषकतत्त्वै: विषमिश्रितमिवाभाति, येनानेका: व्याधय: सुरसामुखमिव वर्धमाना: दृश्यन्ते। इतोऽपि अतिरिच्य चिन्ताया: कारणं वर्तते यत् फ्लोराइड-आर्सेनिक आख्यौ द्वौ पदार्थौ प्राकृतिकरूपेण जले सम्मिश्रितौ, ययो: जलात् पृथक्करणम् दुष्करं कार्यम्। अस्या: गभीराया: समस्याया: समाधानमिदमेव यत् वृष्टिजलसञ्चय: करणीय:।[२३] अनेन संग्रहेण भूयजलस्तरोऽपि वृद्धिमुपैति। Rain water harvesting systems are easy to install and operate. Running cost is negligible, they proride water at the point of consumption चीन, ब्राजील, अमेरिका, ब्रिटेन प्रभृतिषु राष्ट्रेषु सञ्चितं जलं पीयते, स्नानार्थं प्रयुज्यते। बरमूडा देशे नियमोऽस्ति यान्यपि नूतनानि गृहाणि निर्मीयन्ते तेषु जलसञ्चययन्त्रमनिवार्यरूपेण स्थापनीयम्। भारते वर्षावारिसञ्चय: यदि 2% प्रतिशतम् यावदपि क्रियते, तावतापि संग्रहेण बिल्यिनसंख्यात्मका: मानवा: पिपासाशमने शक्ता: भविष्यन्ति इत्यनुमीयते। प्रकरणेऽस्मिन् अनुकरणीय उपदेश: वेदस्य- **अपो दिव्यं अचायिषं रसेन समपृक्ष्महि।**[२४]

अहं दिव्यं जलं (वृष्टे: जलं) सञ्चिनोमि। कथयन्ति सातवलेकरवर्या:- वर्षाणां वारि स्वगेहे एकस्मिन् विशुद्धे पात्रे संग्रहणीयम्। वृष्टेरिदं जलमावत्सरं यावत् न विकृतिमुपयाति, विशुद्धमेव तिष्ठति, उपवासं विधाय सञ्चितमिदं जलं भूरिमात्रायां पीयते चेत् अनेन जलप्रयोगेण यकृत्शुद्धिर्जायते, अन्त्राणां दोषा: दूरीभवन्ति, शरीरस्थानि अवद्यानि मलानि निस्सरन्ति शरीरञ्च भवति निर्दुष्टम्।

जलसंरक्षणे मैगसेसेसम्मानेन सभाजिता: राजेन्द्रसिंह-महोदया: वन्दनीया अनुकरणीयाश्च, तै: राजस्थानराज्यस्य सहस्राधिकग्रामेषु १० सहस्रपरिमितानि जलसंग्रहयन्त्राणि जनसहयोगेन सर्वकारसहाय्येन च निर्मितानि। उत्तरपूर्वराजस्थानराज्यस्य तद्भाग: शुष्क:, नीरस: अनुर्वरश्च जात आसीत्, तत्र साम्प्रतं रुपारेल, अर्वरी, सरसा, भगनीत्यादय: वर्षतौं प्रवर्तमाना: नद्य: वहन्ति। परिणामरूपेण विद्यालये बालानां संख्या वृद्धिं गता, अत्रं सस्यं दुग्धञ्च पूर्वापेक्षयाधिकमात्रायां जायते।[२५]

अथर्ववेदस्याष्टमे सूक्ते वर्षाजलमहिमानं ज्ञापयन्नाह-

उज्जिहीध्वे स्तनयत्यभिक्रन्दत्योषधी:।

यदा व: पृश्निमातर: पर्जन्य रेतसावति।[२६]

---

२२ अथर्ववेद: ६.२४.०१, हिमवत: प्रस्रवन्ति सिन्धौ समह सङ्गम:। आपो ह मह्यं तद् देवीर्ददन् हृद्योत-भेषजम्॥

२३ दैनिकजागरण २४ मई , २०११

२४ अथर्ववेद: ७.८९.१

२५ Source-Internet

२६ अथर्ववेद: ८.७.२१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमौ उत्पन्नानामौषधीनां पर्जन्यः स्वकीयेन पावनेन विशुद्धेन जलेन औषधीनां, वृक्षाणां संरक्षणं करोति। वनानां, वृक्षाणां, वनस्पतीनाञ्च संरक्षणेन वायुवारिभूजलवन्यजीवाश्चानायासेन सुरक्षिता संरक्षिताश्च जायन्ते।

सम्यगेवोक्तम्-

उदायुषा समायुषोदोषधीनां रसेन।[२७]

औषधीनां रसेन जनः उद्गच्छेत्। गोपथब्राह्मणं रमणीयमुपदिशति प्रस्तुतेऽस्मिन् सन्दर्भे- **भैषज्या वा एते। तस्माद् ऋतुसन्धिषु प्रयुज्यन्ते। ऋतुसन्धिषु व्याधिर्जायते।**[२८]

इदं तु प्रत्यक्षमेव सर्वेषां यद् ऋतुसन्धिषु व्याधिर्जायते, ऋतुपरिवर्त्तनकाले ज्वरादयः केचन रोगास्तु सम्पूर्ण एव देशे लब्धप्रसराः भवन्ति, तेषां निरासाय आरोग्यपुष्टिबलकारकौषधीभिः स्थाने स्थाने यज्ञाः विधेयाः, भैषज्ययज्ञानां कृते शुद्धजलेन सिक्ताः वनस्पतय औषधयः वृक्षाश्च अपेक्षिताः तदर्थं वनसंरक्षणमावश्यकम्। मानुष-दैवी-आपद्-निराकरणाय भैषज्ययज्ञा आदि उपादेयाः। समीचीनमेव निगदति आम्नायः-

आ पर्जन्यस्य वृष्ट्योदस्थामामृता वयम्।[२९]

आशयोऽयं यथा पर्जन्येन वृक्षा औषधयः स्वस्था अमृताश्च भवन्ति तथैव मानवोऽपि पर्जन्यकारणेन स्वस्थ उन्नतिशीलश्च भवितुमर्हति। वस्तुतस्तु दैवीनामापदामवरोधने वृक्षाणां महती आवश्यकता। वृक्षरहितभूमौ उर्वराशक्तिः क्षीयते, गुणवत्ता नश्यति, वर्षाजलावशोषणे मही समर्था न भवति, अतः अन्नानि, फलानि, सस्यानि न जायन्ते तत्र।

एवमनेनाध्ययनेन सनिश्चयं वक्तुं पारयामो यत् महाकविकालिदासानुसारं मानुषीणां दैवीनाञ्चापदां ज्ञाने निवारणे च अथर्ववेदस्याध्ययनमनिवार्यम्।[३०] कारणाभावे कार्याभावः इति ध्रुवो नियमः, इमा ईतयस्तु कार्यरूपा एव। वेद उपदिशति लोकान् यद् एतासामापदाम् यानि कारणानि सन्ति तानि विज्ञैः सम्यक् पठनीयानि मननीयानि ज्ञेयानि आचरणीयानि। मृदावनस्पतिऔषधीनाञ्च यथाशक्ति संरक्षणं कार्यम्। जलस्योपयोगविषये सर्वैः सर्वथा जागरूकैः भाव्यम्। जलमशुद्धं न भवेत्, अतः जलशुद्धिरक्षणाय सर्वैः सम्भूय सर्वत्र सर्वदा सर्वकालेषु केचन नियमाः निस्तन्द्रतया अनुष्ठेयाः। दैनिकयज्ञैः सह वृष्टियज्ञा अपि सम्पादनीयाः। वर्षासमये ऋतुपरिवर्त्तनवेलायां यथाकालं यथाविधि यज्ञा विधेया एव। वृष्टिजलसंग्रहयन्त्राणां स्थापना प्रतिगृहं करणीया इति दृढो नियमो भवेत्। अथर्ववेदस्येमे उपायाः आपदाम् निवारणे बहूपयोगिनः भविष्यन्तीति निश्चिता मे मतिः।

---

२७ अथर्ववेदः ३.३१.१०

२८ गोपथब्राह्मणम् उ०प्र० ९.२९

२९ अथर्ववेदः ३.३१.११ CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३० रघुवंशम्- १.५९, अर्थार्थवनिधेस्तस्य विजितारिपुरः पुरः। अर्ध्यामर्थपतिर्वाचमादये वदतां परः॥

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०३०-३९) ISSN 0974 - 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक अश्व-विज्ञान

प्रो. सत्यदेव निगमालंकार चतुर्वेदी[1]

वेदकालीन समाज में जीवन के विभिन्न पहलुओं का विकास हुआ है। इसीलिये वैदिक युग में राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक आदि विकास यात्रा के अतिरिक्त साहित्य, कला, विज्ञानादि का भी पर्याप्त मात्रा में विकास हुआ है। इसका स्पष्ट ज्ञान वैदिक साहित्य के अध्ययन से ज्ञात होता है। वेदसंहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् आदि वैदिकसाहित्य की विभिन्न शाखाओं-प्रशाखाओं के स्वाध्यायोपरान्त यह निश्चय होता है कि तत्कालीन समाज ने विज्ञान, का विकास आश्चर्यकारक किया। उन्होंने विज्ञान के साधनों का अत्युत्तम अन्वेषण किया, जिनका मूल वेद संहिताओं में सरलता से प्राप्त हो गया। वस्तुतः उस समाज में जीवन के गाम्भीर्य तथा विषमताओं को सरल, सुखद एवं सुन्दर बनाने के लिये वेदों से विभिन्न विज्ञानों को ढूंढकर उनका उपयोग करते हुए एक सुशान्त और भाररहित जीवन जीना सीखा। वैदिक साहित्य के अध्ययन से ज्ञात होता है कि अश्व, रथ एवं नौका आदि का प्रयोग विज्ञान हेतु बहुशः किया जाता रहा है। आचार्य यास्क के निघण्टु के प्रथम अध्याय में अश्व के छब्बीस नाम उपलब्ध होते हैं। यथा-

अत्यः। हयः। अर्वा। वाजी। सप्तिः। वन्हिः। दधिक्राः। दधिक्रावा। एतग्वः। एतशः। पैद्वः। दौर्गहः। औच्चैश्रवसः। ताक्ष्यः। आशुः। ब्रध्नः। अरुषः। माँश्चत्वः। अव्यथयः। श्येनासः। सुपर्णाः। पतङ्गाः। नरः। ह्वार्याणाम्। हंसासः। अश्वाः। इति षड्विंशतिरश्वनामानि॥१.१४॥

अश्व के विभिन्न उपयोग-

वैदिक साहित्य में घुड़सवारी एवं घुड़दौड़ को मनोरञ्जन के एक प्रमुख साधन के रूप में उपस्थापित किया गया है। वैदिककालीन जनसामान्य की घोड़े के प्रति अभिरुचि दर्शनीय है। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा है कि रथ को खींचने के लिये घोडों का उपयोग होता था, किन्तु साधारणतया इन्हें इस कार्य के लिये प्रयुक्त नहीं किया गया था। युद्ध में घुड़सवारी का अधिक उल्लेख नहीं मिलता।[2] परन्तु अनेक स्थलों पर घुड़सवारी एवं घुड़दौड़ से सम्बन्धित साक्ष्य प्राप्त होते हैं-

१. घुड़सवारी-ऋग्वेद में एक स्थल पर वर्णन मिलता है कि देवों की आशाओं को भी पूर्ण करने के लिये सुन्दर पीठ वाला यह घोड़ा पास आये, ऐसा मैंने उत्तम बुद्धियों के बनाये गये स्तोत्र को धारण किया है। यथा-

उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि मन्म देवानामाशा उप वीतपृष्ठः।
अन्वेनं विप्रा ऋषयो मदन्ति देवानां पुष्टे चकृमा सुबन्धुम्॥[3]

एक अन्य स्थल पर कहा गया है कि 'तुम्हारे घोड़े किधर हैं? उनके लगाम कहाँ हैं? किस आधार से अथवा कैसे तुम सामर्थ्यवान् हुए हो? तथा तुम कैसे जाते हो?[4] उनकी पीठ पर की जीन और नथुने में

---

१ अध्यक्ष-श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ वैदिक इण्डैक्स, भाग-१, पृ० ४२।

३ ऋग्०१.१६२.७

४ क्वं वोऽश्वाः क्वाभीशवः कुथं शेक कुथा यय। पृष्ठे सदो नसोर्यमः॥ ऋग्०५.६१.२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डाली जाने वाली रस्सी कहाँ रख दी है।[5] और 'जब इन घोड़ों की जाँघों पर चाबुक लगाते हैं, पुत्रप्रसूति के समय स्त्रियों की भाँति नेता वीर उन घोड़ों की जाँघों का विशेष ढंग से नियमन करते हैं। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में द्रष्टव्य है-

जघने चोद एषां वि सक्थानि नरो यमुः। पुत्रकृथे न जनयः।।[6]

उपर्युक्त सभी ऋचायें घोड़े की सवारी का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। द्वितीय ऋचा में घुड़सवारी के समय धारण किये जाने वाले उपकरणों का उल्लेख किया गया है और अन्तिम ऋचा में गतिवान् घोड़े के संयमन का बड़ा सुन्दर और यथार्थ चित्र अंकित है। समग्र विवरण वैदिककाल में घुड़सवारी के प्रचलन को स्पष्ट करता है। ऋग्वेद में घुड़सवारी के अन्य अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं, विविध देवों को घोड़े की सवारी में प्रस्तुत किया गया है। अश्विनी देवों का श्येन पक्षी के समान शीघ्रगामी घोड़ों से आना उल्लिखित है।[7] एक अन्य स्थल पर इन्द्रदेव को अपने तेजस्वी घोड़ों से दूर देश से आने और सोमरस का पान करने का आमन्त्रण दिया गया। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में निर्देश किया गया है-

आ नो याहि परावतो हरिभ्यां हर्यताभ्याम्। इममिन्द्र सुतं पिब।।[8]

अन्यत्र पूज्य आदित्यों से प्रार्थना की गयी है कि 'उनकी जो माया और बन्धन द्रोह करने वाले शत्रुओं पर फैले हुए हैं, उन पाशों को प्रार्थयिता रथ पर बैठकर उसी प्रकार पार हो जाये जैसे घुड़सवार कठिन मार्गों को पार कर जाते हैं।'[9] भाष्यकार आचार्य सायण ने 'अश्वीव' पद का प्रयोग किया-**अश्वीव यथाशोभनाश्वः कश्चित्पुरुषः दुस्तरान्मार्गान्शीघ्रमतिक्रामति अ दृष्टान्तः।**[10] वैदिक वाङ्मय में वीर योद्धाओं के वेगवान् घोड़ों से आने का वर्णन किया गया है। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है-

य ईं वहन्त आशुभिः पिबन्तो मदिरं मधु। अत्र श्रवांसि दधिरे।।[11]

अर्थात् जो सोमपान करने वाले वीर वेगवान् घोड़ों के साथ शीघ्र चले जाते हैं। वे बहुत सा धन देते हैं। इसी प्रकार मित्रावरुण के भी श्रेष्ठ घोड़ों से आने का वर्णन किया गया है।[12] अग्निदेव लोहित वर्ण के शीघ्रगामी अश्वों से कल्याणकारी के घर जाते हैं।[13] शत्रुओं से कभी भी न हारने वाले विष्णु और इन्द्र को बादलों पर ऐसे ही चलने को कहा गया है जैसे व्यक्ति सुशिक्षित घोड़े पर चढ़ते हैं। जैसा कि नीचे लिखे गये मन्त्र में द्रष्टव्य है-

प्र वः पान्तमन्धसो धियायते महे शूराय विष्णवे चार्चत।

---

५ इ वोऽश्वाः क्वाभीशवः कथं शेक कथा यय। पृष्ठे सदो नसोर्यमः।। ऋग्०५.६१.२।।

६ ऋग्०५.६१.३।

७ आ नः स्तोममुप द्रवत्तूयं श्येनेभिराशुभिः यातमश्वेभिरश्विना।। ऋग्०८.५.७

८ ऋग्०८.६.३६।

९ या वो माया अभिद्रुहे यजत्राः पाशा आदित्या रिपवे विचृताः। अश्वीव ताँ अति येषं रथेनारिष्टा उरावा शर्मन्त्यस्याम।। ऋग्०२.२७.१६।।

१० द्रष्टव्य-प्रस्तुत ऋचा पर सायण-भाष्य।

११ ऋग्०५.६१.११।

१२ उच्छन्त्यां मे यजता देवक्षत्रे रुशद्गवि। सुतं सोमं न हस्तिभिरा पड्भिर्धावतं नरा बिभ्रतावर्चनानसम्।। ऋग्०५.६४.७।।

१३ त्वमग्ने रुद्रो असुरो महो दिवस्त्वं शर्धो मारुतं पृक्ष ईशिषे। त्वं वातैररुणैर्यासि शंगयस्त्वं पूषा विधतः पासि नु त्मना।। ऋग्०२.११.६२।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या सानुनि पर्वतानामदाभ्या महस्तस्थतुरर्वतेव साधुना॥[१४]

अन्यत्र घुड़सवारी का एक सुस्पष्ट उदाहरण मिलता है। कहा गया है कि-यदि अश्व को वेग से दौड़ने के कारण हांफने वाले उसके बैठ जाने पर कभी चाबुक से दुःखी किया गया हो तो जिस प्रकार हवियों को स्रुवा में डाला जाता है, वैसे ही यज्ञों में सभी दुःख स्तोत्रों द्वारा दूर हों। यथा-

यत्ते सादे महसा शूकृतस्य पार्ष्ण्या वा कशया वा तुतोद।
स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूदयामि॥[१५]

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि वैदिक साहित्य में घुड़सवारी के विषय में उल्लेख प्राप्त होता है, तत्कालीन समाज घुड़सवारी से सर्वथा परिचित था।

२. **घुड़दौड़**-अश्व अर्थात् घोड़ा वैदिक आर्यों का प्रमुख पशु था। घुड़दौड़ के माध्यम से वैदिक आर्य अपना मनोरञ्जन किया करते थे। घुड़दौड़ को मनोरञ्जन के प्रमुख साधन के रूप में परिगणित किया गया है। ऋग्वेद में घुड़दौड़ के पथ को काष्ठा कहा गया है।[१६] ऋग्वेद में और साथ ही बाद के साहित्य में **आजि** शब्द का नियमित रूप से एक दौड़ के आशय में प्रयोग किया गया है, जैसा कि अधोलिखित ऋग्वेदीय मन्त्रों में द्रष्टव्य है-

यदा समर्यं व्यचेदृघावा दीर्घं यदाजिमभ्यख्यदर्यः।
अचिक्रदद् वृषणं पत्न्यच्छा दुरोण आ निशितं सोमसुद्भिः॥४.२४.८॥
अस्माकमिन्द्र दुष्टरं पुरोयावानमाजिषु।
सयावानं धनेधने वाजयन्तमवा रथम्॥५.३५.७॥
वि त्वदापो पर्वतस्य पृष्ठादुक्थेभिरिन्द्रानयन्त यज्ञैः।
तं त्वाभिः सुष्टुतिभिर्वाजयन्त आजिं न जग्मुर्गिर्वाहो अश्वाः॥६.२४.६॥

अन्यत्र एक मन्त्र[१७] में दौड़ के मार्ग को चौड़ा (उर्वी) और उसके विस्तार के नाम को **अपावृक्ता अरत्नयः** कहा गया है।[१८] वस्तुतः प्रस्तुत ऋचा का आशय संदिग्ध है। जिमर के विचार में इसका अर्थ है-दौड़ का पथ सीधा और बिना मोड़ वाला होता था।[१९] सम्भवतः दौड़ की प्रतियोगिता में पुरस्कार प्रदान किये जाते थे, इसके लिए ऋग्वेद में 'धा' शब्द का प्रयोग मिलता है। जैसा कि अधोलिखित मन्त्रों में द्रष्टव्य है-

यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धना।
युक्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोऽस्माँ इन्द्र वसौ दधः॥१.८१.३॥
चरित्रं हि वेरिवाच्छेदि पर्णमाजा खेलस्य परितक्म्यायाम्।
सद्यो जङ्घामायसीं विश्पलायै धने हिते सर्तवे प्रत्यधत्तम्॥१.११६.१५॥
ऐतान्रथेषु तस्थुषः कः शुश्राव कथा ययुः।

---

१४ ऋग्०१.१५५.१॥
१५ ऋग्०१.१६२.१७॥
१६ मा सीमवद्य आ भागुर्वी काष्ठा हितं धनम्। अपावृक्ता अरत्नयः॥ऋग्०८.८०.८॥
१७ मा सीमवद्य आ भागुर्वी काष्ठा हितं धनम्। अपावृक्ता अरत्नयः॥ऋग्०८.८०.८॥
१८ वैदिक इण्डैक्स भाग-१, पृ०५४
१९ वैदिक इण्डैक्स भाग-१, पृ०५४ (टिप्पणी में उद्धृत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कस्मै सस्रुः सुदासे अन्वापय इळाभिर्वृष्टयः सह॥५.५३.२॥

य आनयत्परावतः सुनीती तुर्वशं यदुम्। इन्द्रः स नो युवा सखा॥६.४५.२॥

मा सीमवद्य आ भागुर्वी काष्ठा हितं धनम्। अपावृक्ता अरत्नयः॥८.८०.८॥

पुरस्कार के लिये ऋग्वेद में कार तथा भर शब्द का प्रयोग देखने को मिलता है। यथा-

त्री यच्छता महिषाणामघो मास्त्री सरांसि मघवा सोम्यापाः।
कारं न विश्वे अह्वन्त देवा भरमिन्द्राय यदहिं जघान॥[२०]

परि प्रासिष्यत्कविः सिन्धोरूर्मावधि श्रितः।
कारं बिभ्रत्पुरुस्पृहम्॥[२१]

प्र त्वा नमोभिरिन्दव इन्द्र सोमा असृक्षत। महे भराय कारिणः॥[२२]

घुड़दौड़ के घोड़ों के समान वीरों का अपने घोड़ों को भी बलिष्ठ बनाने का उल्लेख मिलता है।[२३] घुड़दौड़ के लिये प्रयोग किये जाने वाले अश्वों का विशेष ख्याल रखा जाता था, उन्हें बहुधा नहलाया और अलङ्कृत किया जाता था। एक ऋचा में घोड़े का पानी से धोकर बुद्ध किये जाने का वर्णन प्राप्त होता है।[२४] अन्यत्र कृष्णाश्वों को स्वर्णाभूषणों से सजाये जाने का भी उल्लेख मिलता है। जैसा कि नीचे उद्धृत मन्त्र में दर्शाया गया है-

अभि श्यावं न कृशनेभिरश्वं नक्षत्रेभिः पितरो द्यामपिंशन्।
रात्र्यां तमो अदधुर्ज्योतिरहन्बृहस्पतिर्भिनदद्रिं विददगाः॥[२५]

सम्भवतः वैदिककाल में घोड़ों की कमी नहीं थी अपितु ये बहुतायत में होते थे। एक दान-स्तुति में एक राजा द्वारा एक ऋषि को चार सौ घोड़ों के दिये जाने का वर्णन प्राप्त होता है।[२६] सप्तसिन्धु घोड़े के लिये सुप्रसिद्ध स्थान होता था।[२७] सरस्वती उच्चकोटि के घोड़ों के लिये प्रसिद्ध थी। यथा नीचे उद्धृत मन्त्र में संकेत प्राप्त होता है-

पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। यज्ञं वष्टु धियावसुः॥ ऋग्०१.३.१०॥

इमा ब्रह्म सरस्वति जुषस्व वाजिनीवति।
या ते मन्म गृत्समदा ऋतावरि प्रिया देवेषु जुह्वति॥ऋग्०२.४१.१८॥

सरस्वति देवनिदो नि बर्हय प्रजां विश्वस्य बृसयस्य मायिनः।
उत क्षितिभ्योऽवनीरविन्दो विषमेभ्यो अस्रवो वाजिनीवति॥ऋग्०६.६१.३॥

---

२० ऋग्०५.२९.८

२१ ऋग्०९.१४.१

२२ ऋग्०९.१६.५

२३ (क) उक्षन्ते अश्वाँ अत्याँ इवाजिषु नदस्य कर्णैस्तुरयन्त आशुभिः। हिरण्यशिप्रा मरुतो दविध्वतः पृक्षं याथ पृषतीभिः समन्यवः॥ऋग्०२.३४.३॥ (ख) वैदिक इण्डैक्स भाग-१, पृ० ५४

२४ पवस्व सोम क्रत्वे दक्षायाश्वो न निक्तो वाजी धनाय॥ ऋग्०९.१०१.१०॥

२५ ऋग्०१०.६८.११॥

२६ शतं वेणूञ्छतं शुनः शतं चर्माणि म्लातानि। शतं मे बल्बजस्तुका अरुषीणां चतुःशतम्॥ ऋग्०८.५५.३॥

२७ स्वश्वा सिन्धुः सुरथा सुवासा हिरण्ययी सुकृता वाजिनीवती। ऊर्णावती युवतिः सीलमावत्युताधि वस्ते सुभगा मधुवृधम्॥ऋग्०१०.७५.८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्र णो देवी सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती।
धीनामवित्र्यवतु॥ ऋग्०६.६१.४॥
राये नु यं जज्ञतू रोदसीमे राये देवी धिषणा धाति देवम्।
अध वायुं नियुतः सश्चत स्वा उत श्वेतं वसुधितिं निरेके॥ ऋग्०७.९०.३॥

ऋग्वेद में घोड़ों के लिये बहुत से शब्द प्रयुक्त हुए हैं। यथा-१.अत्य[२८], २. अर्वन्त[२९], ३. वाजिन[३०], ४. सप्ति[३१] एवं ५. हय[३२]।

वैदिक साहित्य में घोड़ियों को भी रथों में जोड़े जाने का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[३३] मरुद्देवों के रथ भी घोड़ियों से जुते वर्णित किये गये हैं, जैसा कि अधोलिखित मन्त्रों में दर्शाया गया है-

यदश्वान्धूर्षु पृषतीरयुग्ध्वं हिरण्ययान्प्रत्यत्काँ अमुग्ध्वम्।
विश्वा इत्स्पृधो मरुतो व्यस्यथ शुभं यातामनु रथा अवृत्सत॥ ऋग्०५.५५.६॥
युङ्ग्ध्वं ह्यरुषी रथे युङ्ग्ध्वं रथेषु रोहितः।
युङ्ग्ध्वं हरी अजिरा धुरि वोळ्हवे वहिष्ठा धुरि वोळ्हवे॥ ऋग्०५.५५.६॥

सम्भवतः घुड़दौड़ की भाँति रथों की दौड़ का भी वैदिक युग में प्रचलित थी। ऋग्वेद के अष्टम मण्डल में एक सूक्त सम्पूर्ण सूक्त को ज़िमर के अनुसार रथों की दौड़ से पूर्व किसी प्रतियोगी की प्रार्थना के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पाठकवृन्द की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण सूक्त को यहाँ उद्धृत किया जा रहा है। यथा-

प्रप्र वस्त्रिष्टुभमिषं मन्दद्वीरायेन्दवे। धिया वो मेधसातये पुरन्ध्या विवासति॥
नदं व ओदतीनां नदं योयुवतीनाम्। पतिं वो अघ्न्यानां धेनूनामिषुध्यसि॥
ता अस्य सूददोहसः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः। जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः॥
अभि प्र गोपतिं गिरेन्द्रमर्च यथा विदे। सूनुं सत्यस्य सत्पतिम्॥
आ हरयः ससृज्रिरेऽरुषीरधि बर्हिषि। यत्राभि संनवामहे॥
इन्द्राय गाव आशिरं दुदुह्रे वज्रिणे मधु। यत्सीमुपह्वरे विदत्॥
उद्यद् ब्रध्नस्य विष्टपं गृहमिन्द्रश्च गन्वहि। मध्वः पीत्वा सचेवहि त्रिः सप्त सख्युः पदे॥
अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत। अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न धृष्ण्वर्चत॥

---

२८ (क) एष प्र पूर्वीरव तस्य चम्रिषोऽत्यो न योषामुदयंस्त भुर्वणिः। दक्षं महे पाययते हिरण्ययं रथमावृत्या हरियोगमृभ्वसम्॥ ऋग्०१.५६.१॥ (ख) क्रत्वा दक्षस्य तरुषो विधर्मणि देवासो अग्निं जनयन्त चित्तिभिः। रुरुचानं भानुना ज्योतिषा महामत्यं न वाजं सनिष्यन्नुप ब्रुवे॥ ऋग्०३.२.३॥ (ग) अत्या वृधस्नू रोहिता घृतस्नू ऋतस्य मन्ये मनसा जविष्ठा। अन्तरीयसे अरुषा युजानो युष्मांश्च देवान्विश आ च मर्तान्॥ ऋग्०४.२.३॥ (घ) गवामिव श्रियसे शृङ्गमुत्तमं सूर्यो न चक्षू रजसो विसर्जने। अत्याइव सुभ्व१श्चारवः स्थन मर्याइव श्रियसे चेतथा नरः॥ ऋग्०५.५९.३॥ (ङ) अत्यासो न ये मरुतः स्वञ्चो यक्षदृशो न शुभयन्त मर्याः। ते हर्म्येष्ठाः शिशवो न शुभ्रा वत्सासो न प्रक्रीळिनः पयोधाः॥ ऋग्०७.५६.१६॥

२९ ऋग्०५.६.१६; ७.३५.१२; ९.९७.२५;

३० ऋग्०३.२०.२; ३.६१.१; ५.५६.३; ७.७५.५; १०.७५.८;

३१ ऋग्०१.४७.८; २.३१.७; ३.२२.१; ६.५९.३; ९.९६.१६;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३२ ऋग्०५.४६.१; ७.७४.४; ९.१०७.२५; ९.१०७.२५॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अव स्वराति गर्गरो गोधा परि सनिष्वणत्। पिङ्गा परि चनिष्कददिन्द्राय ब्रह्मोद्यतम्॥
आ यत्पतन्त्येन्यः सुदुघा अनपस्फुरः। अपस्फुरं गृभायत सोममिन्द्राय पातवे॥
अपादिन्द्रो अपादग्निर्विश्वे देवा अमत्सत।
वरुण इदिह क्षयत्तमापो अभ्यनूषत वत्सं संशिश्वरीरिव॥
सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः। अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्म्यं सुषिरामिव॥
यो व्यतीँरफाणयत्सुयुक्ताँ उप दाशुषे। तो नेता तदिद्वपुरुपमा यो अमुच्यत॥
अतीदु शक्र ओहत इन्द्रो विश्वा अति द्विषः। भिनत्कनीन ओदनं पच्यमानं परो गिरा॥
अर्भको न कुमारकोऽधि तिष्ठन्नवं रथम्। स पक्षन्महिषं मृगं पित्रे मात्रे विभुक्रतुम्॥
आ तू सुशिप्र दम्पते रथं तिष्ठा हिरण्ययम्।
अध द्युक्षं सचेवहि सहस्रपादमरुषं स्वस्तिगामनेहसम्॥
तं घेमित्था नमस्विन उप स्वराजमासते। अर्थं चिदस्य सुधितं यदेतव आवर्तयन्ति दावने॥
अनु प्रत्नस्यौकसः प्रियमेधास एषाम्। पूर्वामनु प्रयतिं वृक्तबर्हिषो हितप्रयस आशत॥

(ऋग्०८.६९.१-१८)

इस प्रकार हम देखते हैं कि वैदिकवाङ्मय में घुड़सवारी और घुड़दौड़ विज्ञान के प्रमुख साधन रहे हैं, घोड़े को पर्याप्त महत्त्व मिला, यहाँ तक कि उसे देवों की कोटि में रखकर विविध देवों के आह्वान के साथ उनका भी आह्वान किया गया है। घुड़सवारी एवं घुड़दौड़ के अतिरिक्त वैदिक साहित्य में घोड़े के विभिन्न प्रयोगों का उल्लेख प्राप्त होता है। उनका क्रमशः वर्णन इस प्रकार से है-

युद्धक्षेत्र में घोड़ों का उपयोग-वैदिक साहित्य के अनुशीलन से प्रतीत होता है कि युद्धक्षेत्र में वीर योद्धा घोड़ों पर बैठकर लड़ते थे अथवा अश्वारोहियों की भी सेना रहती थी, क्योंकि एक मन्त्र में राजा (शासक) को अश्वविद्या में निपुण कहा गया है।[३४] कहा गया है कि अश्वविद्या में प्रवीण राजा ने मुझ ज्ञानी को सौ गायें प्रदान की हैं। यथा-**यो मे धेनूनां शतं वैददश्विर्यथा ददत्। तरन्तइव मंहना**-[३५]-इससे विदित होता है कि युद्ध में राजा अश्वों का उपयोग किया करते होंगे। अन्यत्र उल्लेख प्राप्त होता है जिसमें उपासक (राजा) इन्द्रदेव से प्रार्थना करता है कि वह शत्रुसेना को हरा दे और प्रार्थयिता की सेनाओं को वापस लौटा ले। दुन्दुभि झण्डे के साथ शब्द करती रहे। घुड़सवार और वीर शत्रुओं से युद्ध करते हैं, इसलिये देव हमारे रथारूढ़ वीर शत्रुओं को जीत लें। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में संकेत प्राप्त होता है-

आमूरज प्रत्यावर्तयेमाः केतुमद्दुन्दुभिर्वावदीति।
समश्वपर्णाश्चरन्ति नो नरोऽस्माकमिन्द्र रथिनो जयन्तु॥[३६]

भाष्यकार आचार्य सायण ने **अश्वपर्णाः** का अर्थ **अश्ववाहाश्च** करते हैं।[३७] प्रस्तुत प्रकरण में घुड़सवारों और रथारूढ़ वीरों का भी पृथक्-पृथक् उल्लेख किया गया प्रतिभासित होता है। एक अन्य ऋचा योद्धाओं को घोड़ों के साथ प्रस्तुत करती है-'उत्तम घोड़ों वाले तथा संग्राम करने वाले योद्धा मुझे बुलाते हैं। ये योद्धा

---

३४ यत्तै सादे महसा शूकृतस्य पाष्ण्यां वा कशया वा तुतोद। स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूदयामि॥ ऋग्०१.१६२.१७॥

३५ ऋग्०५.६१.१०

३६ ऋग्०६.४७.३१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३७ द्रष्टव्य-प्रस्तुत मन्त्र पर आचार्य सायण का भाष्य।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संग्राम में घिर जाने पर मुझे (इन्द्र को) ही आमन्त्रित करते हैं।[३८] अन्यत्र इन्द्रदेव को युद्धगामी घोड़े की भाँति अश्वयुक्त वेग से संग्रामभूमि में पहुँचने का वर्णन है।[३९] अश्विनौ देवता ने राजा पेंदु को शीघ्रगामी अश्वप्रदान किया।[४०] युद्धगामी अश्वों का स्पष्ट निर्देश किया गया है। 'जब इन्द्रदेव संग्राम में, उद्योग में, विषम मार्ग में अश्वों को प्रेरित करते हैं, तब वे घोड़े कुटिल मार्ग में भी अन्नरूप आमिष की इच्छा से, दौड़ने वाले श्येन पक्षियों की तरह शीघ्र गमन करते हैं। और भी, नीचे प्रदेश में शीघ्र गति से जाने वाली नदियों की तरह, मांस के लिये दौड़ने वाले पक्षियों के समान शब्द में भय उत्पन्न होने पर बाहुओं से पकड़े गये रास वाले घोड़े भूमि पर दौड़ जाते हैं और विजय पाते हैं। जैसा कि अधोलिखित मन्त्रों में द्रष्टव्य है-

यदिन्द्र सर्गे अर्वतश्चोदयासे महाधने। असमने अध्वनि वृजिने पथि श्येनाँइव श्रवस्यतः॥
सिन्धूँरिव प्रवण आशुया यतो यदि क्लोशमनुष्वणि।
आ ये वयो न वर्वृतत्यामिषि गृभीता बाह्वोर्गवि॥[४१]

अन्यत्र एक स्थल पर सोमदेव को कहा गया है कि 'घोड़े के समान प्रेरित किया हुआ तू संग्राम स्थल पर जा। अन्यत्र, 'इन्द्रदेव शत्रु के अन्नों को भी उसी प्रकार अधिकार में करते हैं जिस प्रकार घोड़ा संग्राम में जाकर विजय प्राप्त करता है।' जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में संकेत किया गया है-

यस्य ते पीत्वा वृषभो वृषायतेऽस्य पीता स्वर्विदः।
स सुप्रकेतो अभ्यक्रमीदिषोऽच्छा वाजं नैतशः॥[४२]

दशवें मण्डल में भी स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि-'हे अग्निदेव! जैसे शीघ्र गमन करने वाले अश्व युद्ध की ओर जाते हैं, वैसे ही संसार के सब धन तुम्हारी ओर गमन करते हैं-

सं यस्मिन्विश्वा वसूनि जग्मुर्वाजे नाश्वाः सप्तीवन्त एवैः।
अस्मै ऊतीरिन्द्रवाततमा अर्वाचीना अग्न आ कृणुष्व॥[४३]

ऋग्वेद में इन्द्रदेव से अतिशय बलवान् स्तुति करने वाले, सुन्दर यज्ञ करने वाले सुन्दर हवि एवं अन्न देने वाले तथा संग्राम में घोड़े पर सवार होकर शोभन अश्वों से शत्रुसमूह का विनाश करने वाले पुत्र की कामना की गयी है।[४४]

दधिक्रा (एक अश्वविशेष)-एक अतिशय वेगवान् और युद्ध में विजयशील घोड़े को ऋग्वेद में दधिक्रा कहा गया है, निघण्टु में इसे अश्व का पर्यायवाची कहा गया है। दधिक्रा शब्द की व्युत्पत्ति के विषय में सन्देह है इसलिये इसके मौलिक स्वरूप के विषय में निश्चय से कुछ कहना कठिन है, इस पद का

---

३८ मा नरः स्वश्वा वाजयन्तो मां वृताः समरणे हवन्ते। कृणोम्याजिं मघवाहमिन्द्र इयर्मि रेणुमभिभूत्योजाः॥ ऋग्०४.४२.५॥

३९ उत स्म सद्म हर्यतस्य पस्त्योरत्यो न वाजं हरिवाँ अचिक्रदत्। मही चिद्धि धिषणाहर्यदोजसा बृहद्वयो दधिषे हर्यतश्चिदा॥ ऋग्०१०.९६.१०॥॥

४० युवं च्यवानं जरसोऽमुमुक्तं नि पेदव ऊहथुराशुमश्वम्। निरंहसस्तमसः स्पर्तमत्रिं नि जाहुषं शिथिरे धातमन्तः॥ ऋग्०७.७१.५॥॥

४१ ऋग्०६.४६.१३-१४॥

४२ ऋग्०९.१०८.२॥

४३ ऋग्०१०.६.६॥

४४ य ओजिष्ठ इन्द्र तं सु नो दा मदो वृषन्त्स्वभिष्टिर्दास्वान्। सौवश्व्यं यो वनवत्स्वश्वो वृत्रा समत्सु सासहदमित्रान्॥ ऋग्०६.३३.१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरा अर्थ विकिरणार्थक √कृ धातु से बना है, इस प्रकार दधिक्रा का अर्थ होगा-दधि बिखेरने वाला। यह नाम रॉथ और ग्रासमैन के अनुसार सूर्योदय कालीन ओस अथवा कुहरे का बोधक है।[४५] किन्तु लुडविग, पिशेल, ब्रुक और ओल्डनवर्ग के अनुसार दधिक्रा कोई देवता न होकर दौड़ों में भाग लेने वाला एक प्रसिद्ध अश्व है, जिसे उसके अप्रतिम जव अर्थात् गति के कारण दिव्य प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।[४६]

चार सम्पूर्ण सूक्तों में दधिक्रा की गुण-गरिमा गा गान किया गया है।[४७] बारह बार 'दधिक्रा' नाम का उल्लेख हुआ है। अपने वृहित रूप 'दधिक्रावन्' के साथ बदलकर भी इसका उल्लेख किया गया है। दस बार **दधिक्रावन्** का उल्लेख मिलता है। यह नाम अन्य वैदिक ग्रन्थों में देखने को नहीं मिलता। दधिक्रा अत्यधिक वेगवान् अश्व है। जैसा कि अधोलिखित मन्त्रों में द्रष्टव्य है-

आशुं दधिक्रां तमु नु ष्टवाम दिवस्पृथिव्या उत चर्किराम।
उच्छन्तीर्मामुषसः सूदयन्त्वति विश्वानि दुरितानि पर्षन्॥[४८]
उत वाजिनं पुरुनिष्षिध्वानं दधिक्रामु ददथुर्विश्वकृष्टिम्।
ऋजिप्यं श्येनं प्रुषितप्सुमाशुं चर्कृत्यमर्यो नृपतिं न शूरम्॥[४९]
उत स्मास्य पनयन्ति जना जूतिं कृष्टिप्रो अभिभूतिमाशोः।
उतैनमाहुः समिथे वियन्तः परा दधिक्रा असरत्सहस्रैः॥[५०]

यह अश्व रथ में सबसे आगे जोड़ा जाता है। वायु के समान वेगवान् रथ को प्रेरणा देने वाले दधिक्रा को सभी मनुष्य हर्षित होते हुए आनन्दित करते हैं। मनुष्यों की कामना को पूरा करने वाले तथा वेगवान् दधिक्रा के पराक्रम और वेग की मनुष्य स्तुति करते हैं।[५१] यह पथों के मोड़ों पर छलांगें लगाता हुआ मुड़ जाता है। दधिक्रा की वेगगामिता के लिये इसे परों वाला और पक्षी के सदृश भी कहा गया है। इसके परों की तुलना प्रजवी श्येन के परों से की गयी है।[५२] दधिक्रा की उपमा आक्रामक श्येन से दी गयी है जैसे नीचे की ओर झपट्टा मारते हुए भूखे बाज को देखकर सभी पक्षी भाग जाते हैं, वैसे ही दधिक्रा को देखकर सभी शत्रु भाग जाते हैं। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में दर्शाया गया है-

उत स्मैनं वस्त्रमथिं न तायुमनु क्रोशन्ति क्षितयो भरेषु।
नीचायमानं जसुरिं न श्येनं श्रवश्चाच्छा पशुमच्च यूथम्॥[५३]

---

४५ वैदिक माइथोलॉजी-मैक्समूलर-हिन्दी रूपान्तर-सूर्यकान्त) पृ० ३८८
४६ वैदिक माथां माइथोलॉजी-मैक्समूलर-हिन्दी रूपान्तर-सूर्यकान्त) पृ० ३८८
४७ ऋग्०४.३८, ३९-४० और ७.४४॥
४८ ऋग्०४.३९.१
४९ ऋग्०४.३८.२॥
५० ऋग्०४.३८.९॥
५१ (क) यं सीमनु प्रवतेव द्रवन्तं विश्वः पूरुर्मदति हर्षमाणः। पड्भिर्गृध्यन्तं मेधयुं न शूरं रथतुरं वातमिव ध्रजन्तम्॥ ऋग्०४.३८.३॥ (ख) उत स्मास्य पनयन्ति जना जूतिं कृष्टिप्रो अभिभूतिमाशोः। उतैनमाहुः समिथे वियन्तः परा दधिक्रा असरत्सहस्रैः॥ ऋग्०४.३८.९॥
५२ उत स्मास्य द्रवतस्तुरण्यतः पर्णं न वेरनु वाति प्रगर्धिनः। श्येनस्येव ध्रजतो अङ्कसं परि दधिक्राव्णः सहोर्जा तरित्रतः॥ ऋग्०४.४०.३॥
५३ ऋग्०४.३८.५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दधिक्रा बहादुर, युद्ध में शत्रुओं का संहारक, अनुशासन में रहने वाला, शीघ्रता से जाने वाली सेनाओं पर आक्रमण करने वाला विजयशील अश्व है। जैसा कि इस अधोलिखित ऋग्वेदीय मन्त्र में द्रष्टव्य है-

उत स्य वाजी सहुरिर्ऋतावा शुश्रूषमाणस्तन्वा समर्ये।
तुरं यतीषु तुरयन्नृजिप्योऽधि भ्रुवोः किरते रेणुमृञ्जन्॥ ४.३८.७॥

अत्यन्त तेजस्वी और कडकने वाली बिजली के समान शत्रुओं का संहार करने वाले इस दधिक्रा से आक्रमणकारी भयभीत होते हैं। जब यह दधिक्रा चारों ओर से हजारों शत्रुओं से लडता है, तब साज-संवरा हुआ यह भयंकर और दुर्निवार हो जाता है। गले में मालाओं के पहनने के कारण अत्यन्त शोभायमान यह दधिक्रा लगामों को चबाता हुआ टापें मारता है। लगाम को चबाता हुआ वह इतनी तीव्रता से दौड़ता है कि उसके खुरों से उड़ने वाली धूल से उसका शरीर धूसरित हो जाता है। यथा-

उत स्मासु प्रथमः सरिष्यन्नि वेवेति श्रेणिभी रथानाम्।
स्रजं कृण्वानो जन्यो न शुभ्वा रेणुं रेरिहत्किरणं ददश्वान्॥
उत स्य वाजी सहुरिर्ऋतावा शुश्रूषमाणस्तन्वा समर्ये।
तुरं यतीषु तुरयन्नृजिप्योऽधि भ्रुवोः किरते रेणुमृञ्जन्॥[५४]

दधिक्रा नामक अश्वविशेष को सभी जातियों से सम्बद्ध है। पंचजनों में वह अपनी शक्ति से व्याप्त है, जैसे सूर्य अपने प्रकाश से सलिलों में व्याप्त है। मित्रावरुण ने अग्नि के समान द्युतिमान् उस विजयशील अश्व को पुरुषों को दिया था।[५५] वैदिकसाहित्य में दधिक्रा नाम इस अश्वविशेष का आह्वान उषाओं के साथ किया गया है। उषाओं के साथ प्रार्थना की गयी है कि वे दधिक्रावन् की भाँति शुद्ध स्थान पर बैठने के लिये पधारे।

दधिक्रा के गुणगान से स्पष्ट अभाषित है कि वेदकालीन समाज में अश्व का बड़ा ही महत्त्व था। युद्ध में अतिशय रूप से इसका उपयोग किया जाता था। युद्ध में शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिये और अपनी रक्षार्थ अश्व योद्धाओं का प्रधान साधन अर्थात् उपकरण रहा है।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि वैदिक साहित्य में अश्व शब्द विभिन्न विज्ञानों के रूप में उभर कर आया। अश्व शब्द एक ऐसी शक्ति का द्योतक है जो पृथिवी, जल, वायु, अग्नि आदि महाभूतों का प्रतीक है। यह ऊर्जा एवं स्फूर्ति के रूप में प्रयुक्त होता रहा। सूर्य ऊर्जा भी अश्व-शक्ति का नाम है। ऊर्जा संरक्षण के सिद्धान्त के विषय में ऋग्वेद में अनेक मन्त्र आये हैं। यथा-

अया ते अग्ने विधेमोर्जो नपादश्वमिष्टे। एना सूक्तेन सुजात॥ २.६.२॥

यहाँ अग्नि से घोड़े की अभिलाषा करते हुए अक्षय ऊर्जा के विधान की बात कही गयी है। भौतिक ऊर्जा और घोड़े का कोई सम्बन्ध नहीं है। वस्तुतः शक्ति की इच्छा से शक्ति की प्राप्ति का विधान ही अभिप्रेत है। अश्व शक्ति के अर्थ में ही यहाँ प्रयुक्त है। मन्त्र में ऊर्जा को नपात् विशेषण से युक्त किया गया है। अर्थात् ऊर्जा क्षय, पतन से रहित होती है।

श्रुधी हवमिन्द्र मा रिषण्यः स्याम ते दावने वसूनाम्।

---

५४ ऋग्०४.३८.६-७॥

५५ आ दधिक्राः शवसा पञ्च कृष्टीः सूर्य इव ज्योतिषापस्ततान। सहस्रसाः शतसा वाज्यर्वा पृणक्तु मध्वा समिमा वचांसि॥ ऋग्०४.३८.१०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इमा हि त्वामूर्जो वर्धयन्ति वसूयवः सिन्धवो न क्षरन्तः॥ २.११.१॥

इस मन्त्र में कहा गया है कि भौतिक ऊर्जा का भण्डार यह अश्वनिधि है। जिसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होती है। इस अश्व से भौतिक पदार्थों की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार यह उत्पत्ति करने वाला यह अश्व महान् शक्तिसम्पन्न है किन्तु उत्पत्ति करने के उपरान्त भी इसका क्षय नहीं होता। इस प्रकार इस मन्त्र में भौतिक पदार्थ तथा ऊर्जा की तुल्यता का सिद्धान्त विद्यमान है।

उपेमसृक्षि वाजयुर्वचस्यां चनो दधीत नाद्यो गिरो मे।
अपां नपादाशुहेमा कुवित्स सुपेशसस्करति जोषिषद्धि॥ २.३५.१॥

इस मन्त्र में भौतिक विज्ञान का प्रयोग सिद्ध करके दोहन करने का आदेश दिया गया है। वस्तुतः ऊर्जा अनेक रूपों वाली है। यह अश्वरूपी ऊर्जा रूपान्तरित होने के स्वभाव से युक्त होने पर भी मूल रूप में नष्ट नहीं होती है।

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे।
प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम्॥ ७.१६.१॥

इस मन्त्र में ऊर्जा को भौतिक जगत् सत्ता का प्रतिनिधि माना गया है। यह प्रतिनिधि निरन्तर रहने वाला है। अमृत, अध्वर तथा नपात् इन विशेषणों के द्वारा ऊर्जा के नष्ट न होने का सिद्धान्त ज्ञात होता है। क्योंकि ऊर्जा द्रव्यों के संरक्षण में कारण है।

त्वामु ते दधिरे हव्यवाहं देवासो अग्न ऊर्ज आ नपातम्॥ ७.१७.६॥

मूलतत्त्व कभी नष्ट नहीं होता, इसका सम्पूर्ण सूक्त नाभिकीय शक्ति (मूल ऊर्जा) को अविनाशी एवं उपयोगी बता रहा है।

इस प्रकार वेदों में अश्व शब्द एक ऐसी ऊर्जा के लिये प्रयुक्त किया गया है जो कभी भी नष्ट नहीं होती। पदार्थों की उत्पत्ति करने के उपरान्त भी वह स्वयं में अविनाशी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यास्कीय निरुक्त में निर्वचन के सिद्धान्त

डॉ. तुलसी देवी[१]

ऋषि-प्रज्ञा द्वारा प्रादुर्भूत वेद के अर्थ का अनुसंधान मानवीय मेधा द्वारा सहज सम्भाव्य नहीं है।[२] स्वंय 'ऋग्वेद' के एक मन्त्र से इस आशय की पुष्टि होती है-' उत् त्व:पश्यन्न ददर्श वाचम्.........।' आचार्य यास्क ने भी यह मन्त्र अपने ग्रन्थ 'निरुक्त' में उद्धृत किया है।[३] इसका अर्थ है कि 'एक मनुष्य वाणी को देखते हुए भी नहीं देख पाता, एक सुनकर भी नहीं सुन पाता और एक विद्वान् के सम्मुख वेदवाणी अपने समस्त रहस्य उद्घाटित कर देती है।[४]

वेदज्ञान के लिये अर्थज्ञान परम आवश्यक है। यही कारण है कि वैदिक काल से ऋषि-कल्प आचार्यो ने वेद-व्याख्या का स्तुत्य प्रयास किया है।[५] वेदार्थ-प्रतिपादक प्राचीन वैदिक वाङ्मय में षड् वेदाङ्ग और उनमें भी निरुक्त का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसका मूल उद्देश्य वेद मन्त्रों के गूढ़ पदार्थो और रहस्यमय प्रतीकों को उद्घाटित करना है, जिससे वैदिक ज्ञान की गहनता को आत्मसात् किया जा सके। आचार्य यास्क स्वयं उद्घोषणा करते हैं कि 'इस निरुक्त शास्त्र के बिना मन्त्रों के अर्थ का परिज्ञान नहीं होता और अर्थ को न जानता हुआ मनुष्य शब्द के स्वर और संस्कार का निश्चय नहीं कर सकता। अतएव, यह निर्वचन विद्या का स्थान, व्याकरण शास्त्र का पूरक और वेदार्थ ज्ञान का साधक है।'[६] वेद विद्या की महत्ता को रेखांकित करते हुए उन्होंने लिखा है कि **'न ह्येषु प्रत्यक्षमस्त्यनृषेरतपसो वा'**[७] इससे स्पष्ट होता है कि यास्क स्वयं एक ऋषितुल्य विद्वान् थे। अन्यच्च, निर्भ्रान्त वेदार्थ-निरूपण के लिए शास्त्र-ज्ञान के साथ-साथ ऋषि तुल्य तपोमय जीवन भी अपेक्षित है, तभी ऋषियों द्वारा साक्षात्कृत मन्त्रों में निहित सत्य अर्थों को जाना जा सकता है।

वेदार्थ ज्ञान के लिये निरुक्त-पद्धति का पोषक एकमात्र यास्क का ग्रन्थ वर्तमान में उपलब्ध है। इसमें कठिन वैदिक शब्दों की निर्वचनपरक व्याख्या की गई हैं। वैदिक शब्दकोश का नाम 'निघण्टु' है और उसका व्याख्या-ग्रन्थ 'निरुक्त' के नाम से प्रसिद्ध है। डॉ० सिद्धेश्वर वर्मा की गणनानुसार इसमें १२९८ शब्दों[८] और लगभग ६०० मन्त्रों की आंशिक अथवा समग्र व्याख्या वेद-जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत की गई है।यहाँ उल्लेखनीय है कि यद्यपि निरुक्त का उद्देश्य 'निघण्टु' में परिगणित पदों की व्याख्या करना है, तथापि निर्वचन-प्रिय-प्रवृत्ति आचार्य यास्क ने प्रसंगत: प्राप्त अन्यान्य विविध शब्दों के भी निर्वचन किये हैं।

---

१ रीडर संस्कृत विभाग, महात्मा गाँधी बालिका (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद (उ०प्र०)

२ निरुक्त-१.६ 'साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवु:।''

३ निरुक्त-१.६

४ ऋग्वेद-१०.७१.४ उत त्व: पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्व: श्रृण्वन्न श्रृणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासा:।।

५ निरुक्त- १.६ साक्षात्कृत धर्माण: '''''''''''' असाक्षात्कृत धर्मभ्य उपदेशेन मंत्रान् संप्रादु:। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे'''''''''' समाम्नासिषु वेदं च वेदांगानि च।

६ निरुक्त-१.५ अथापीदमन्तरेण मन्त्रेष्वर्थ प्रत्ययो न विद्यते''''''''''।

७ निरुक्त-अध्याय-१३- (अक्षर-प्रकरण)

८ Dr. Siddheshwar Verma - Etymologies of Yaska- Preface

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यथा-'**चिदित्येषोऽएनेक कर्मा। आचार्यश्चिदिदं ब्रूयादिति पूजायाम्। आचार्य:कस्मात्? आचार्य आचारं ग्राह्यति, आचिनोत्यर्थान् आचिनोति बुद्धिमिति वा।**'[९]

'निरुक्त' के अध्ययन से विदित होता है कि यास्क ने अपने सिद्धान्तों के प्रतिपादन हेतु न केवल स्वमत प्रस्तुत किया है, प्रत्युत अपने पूर्ववर्ती तथा समकालीन विभिन्न आचार्यों के मत उद्धृत किये हैं।[१०] तत्कालीन आचार्यों और उनके सिद्धान्तों को स्पष्ट करने के लिये यास्क ने नामोल्लेख करते हुए उनके मतवैभिन्य को '**न सर्वाणीति गार्ग्यो वैय्याकरणानां चैके**'[११] इत्यादि शब्दें द्वारा प्रदर्शित किया है। कहीं सिद्धान्तपक्ष के प्रति असहमति रखने वाले नैरुक्तों और वैय्याकरणों की आलोचना को पूर्वपक्ष में रखकर उसका युक्तियुक्त उत्तरपक्ष प्रस्तुत किया है।[१२]

निर्वचन-परम्परा और यास्क-

निर्वचन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। इसके सूत्र हमें सर्वप्रथम ऋग्वेद के मन्त्रों में प्राप्त होते हैं, यथा-'**अर्चन्त्यर्कमर्चिण:**' (ऋक्-१.१०.२) '**महते मघम्**' (ऋक् १.११.३) इत्यादि। इन मन्त्रों में 'अर्क' और 'मघ' की निरुक्ति क्रमश: 'अर्च' और 'मह' धातु से वर्णित है। इन निर्वचनों से अर्थ का प्रकाशन और शब्द की व्युत्पत्ति- दोनों का ही ज्ञान होता है। 'अर्क' का अर्थ है अर्चनीय जिसकी स्तुति की जाए और 'मघ' का अर्थ है महान् या धनवान्। इसी प्रकार ब्राह्मणादि अन्यान्य ग्रन्थों में भी निर्वचन प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन मिलता है।[१३] 'शक्वरी' की सिद्धि 'शक्' धातु से करते हुए 'यास्क' ने 'ब्राह्मण वचन' उद्धृत किया है, जिसमें 'शक्वरी' का निर्वचन इसी अर्थ में किया गया है- **तद् याभि: वृत्रमशकद् हन्तुं तत् शक्वरीणां शक्वरीत्वम् इति विज्ञायते।**[१४] उक्त उदाहरणों के परिप्रेक्ष्य में कहा जा सकता है कि निर्वचनशास्त्र की परम्परा को परिवृद्ध करते हुए आचार्य यास्क ने एक सर्वांगपूर्ण ग्रन्थ की रचना कर व्युत्पत्तिशास्त्र के इतिहास में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

निर्वचन की अनिवार्यता का उल्लेख करते हुए वे कहते हैं कि '**न त्वेवं न निर्बूयात्**'।[१५] ऐसा नहीं कि निर्वचन न करें। प्रत्युत निरुक्तशास्त्र की सहायता से उचित निरुक्ति अवश्य करनी चाहिए। आचार्य यास्क का तो यहाँ तक कहना है कि '**न संस्कारमाद्रियेत्**'[१६] सदा व्याकरणोचित संस्कारों (प्रकृति-प्रत्ययादि) का आदर नहीं करना चाहिए। वस्तुत: उनका यह कथन अप्रत्यक्षवृत्ति शब्दों के सन्दर्भ में है। आगे वे स्वंय लिखते हैं कि '**विषयवत्यो हि वृत्तयो भवन्ति**[१७]- शब्द और उनके अर्थ संदेहजनक होते हैं। तात्पर्य यह है कि प्रत्यक्षवृत्ति शब्द तो व्याकरण सम्मत रीति से सिद्ध हो जाते हैं। विशेषत:, परोक्ष तथा अतिपरोक्ष-वृत्ति शब्दों के निर्वचन व्याकरण द्वारा सम्भव नहीं हो पाते हैं। ऐसे पदों के निर्वचन के लिये ही निरुक्तशास्त्र का निर्माण हुआ है।

---

९ निरुक्त-१.२

१० निरुक्त- २.२ आदित्यैपि गौ: उच्यते''''''भास्वति इति औपमन्यव:। निरुक्त १.४१०

११ निरुक्त १.४ तदेतन्नोपपद्यते। यथोहि नु वा एतद्''''''''''।

१२ द्रष्टव्य-पं० भगवद्दत्त-वैदिक साहित्य का इतिहास (ब्राह्मण और आरण्यक) भाग-२

१३ निरुक्त-१.३

१४ निरुक्त-२.१

१५ निरुक्त-२.१

१६ निरुक्त-२.१

१७ निरुक्त-२.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्वचनार्थ शब्दों के प्रकार-

आचार्य यास्क ने चार प्रकार के शब्दों के निर्वचन किये हैं-

१-एकार्थक अनेक पद[१८]

२-अनेकार्थक एक पद[१९]

३-अनवगत संस्कारपद[२०]

४-देवतावाचक नामपद[२१]

निर्वचन की प्रक्रिया-

भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से निर्वचन दो प्रकार से किये जाते हैं- शब्दपरक और अर्थपरक। शब्द के निर्वचन से उसकी प्रकृति अर्थात् मूल धातु और प्रत्यय, आगम, लोप आदि का ज्ञान होता है। शब्द के अर्थ का विश्लेषण निर्वचन की अर्थात्मक प्रक्रिया है। निरुक्त क्योंकि वेद का पदार्थकोश है, अत एव इसमें निर्वचन की उभयात्मक प्रक्रिया का अनुपालन पदे-पदे दृष्टिगोचर होता है।

यास्कीय निर्वचन के सिद्धान्त-

आचार्य यास्क द्वारा प्रतिपादित निर्वचन के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन करने से पूर्व यह विशेष रूप से ध्यातव्य है कि निर्वचन की प्रक्रिया को सुकर बनाने के उद्देश्य से 'यास्क' ने दो महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों की उद्भावना की है- (१) पदविभाग सिद्धान्त (२) आख्यातज सिद्धान्त। निश्चय ही ये दोनों सिद्धान्त निर्वचन हेतु अपरिहार्य हैं। इन्हीं सिद्धान्तों से निर्वचन की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। तद्धित और समासान्त पदों के निर्वचन के अवसर पर यास्क निर्देश देते हैं कि प्रथमतः पदविभाग करके तत्पश्चात् निर्वचन करना चाहिए।[२२] शब्दात्मक निर्वचन के लिये शब्द की धातु के अनुसंधान से 'आख्यातज सिद्धान्त' की महत्ता स्वतः सिद्ध है।

(१) पदविभाग सिद्धान्त- निर्वचन पदों का होता है-एतदर्थ, यास्क का 'पदविभाग-सिद्धान्त' सर्वथा श्रेयस्कर है। 'यास्क' ने भाषा के समस्त पद-समुदाय के चार विभाग किये हैं- नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात।[२३] **'पद** विभाग' शब्द से सन्धिबद्ध पदों का विभाग अर्थात् मन्त्रों का पदपाठ भी अभिप्रेत है।[२४]

(२) आख्यातज सिद्धान्त- यह सिद्धान्त निरुक्त और आधुनिक भाषाविज्ञान की आधारशिला है। निरुक्त-प्रथम अध्याय के चतुर्थ पाद में इस सिद्धान्त का प्रतिपादन हुआ है। यास्क इस मत के पोषक हैं कि

---

१८ **क** निरुक्त- १.६ एतावन्तः समानकर्माणो धातवः। **ख** निरुक्त- ४.१ एकार्थमनेक शब्दम्-इत्यैतदुक्तम्।

१९ **क** निरुक्त-१.६ एतावताम् अर्थानामिदमभिधानम्। **ख** निरुक्त-४.१ अथ यानि अनेकार्थानि एक शब्दानि '''''''' तत् 'ऐकपदिकम् इत्याचाक्षते।

२० निरुक्त-४.१ अनवगतसंस्कारांश्च निगमान्।

२१ निरुक्त-७.१ तद्यानि नामानि प्राधान्यस्तुतीनां देवतानां तद्दैवतमित्याचक्षते।

२२ निरुक्त-२.१ अथ तद्धितसमासेष्वेकपर्वसु चानेकपर्वसु च पूर्वं पूर्वमपरमपरं प्रविभज्यनिर्ब्रूयात्।

२३ निरुक्त-१.१ तद्यान्येतानि चत्वारि पदजातानि नामाख्याते चोपसर्गनिपाताश्च तानीमानि भवन्ति।

२४ निरुक्त-१.६ अथापीदमन्तरेण पदविभागो न विद्यते।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
सभी नाम पद आख्यातज हैं। अर्थात् सभी नाम पद धातुओं से बने हैं। अत एव, इनके निर्वचन किये जा सकते हैं।[२५]

(३) **निर्वचन के प्रमुख सिद्धान्त-** वैसे तो सम्पूर्ण निरुक्त ही निर्वचनशास्त्र है, परन्तु आचार्य यास्क ने द्वितीय अध्याय के 'प्रथम पाद' में निर्वचन के सिद्धान्तों का स्पष्ट उल्लेख किया है। द्वितीय अध्याय का प्रारम्भ ही 'अथ निर्वचनम्'[२६] से हुआ है। ग्रन्थारम्भ सूचक अथ के प्रयोग से यह भी इंगित होता है कि निरुक्त का इससे पूर्ववर्ती भाग अर्थात् सम्पूर्ण प्रथम अध्याय ग्रन्थ का भूमिका भाग है। कतिपय निरुक्त-भाष्यकारों का भी यही मन्तव्य है।[२७] द्वितीय अध्याय के प्रथम पाद में सर्वप्रथम निर्वचन के सिद्धान्तों की स्थापना करने के पश्चात् ग्रन्थकार ने द्वितीय पाद से 'निघण्टु' के पदों की व्याख्या प्रारम्भ की है।[२८] निर्वचन के मूल सिद्धान्तों के साथ- साथ आचार्य ने पुनः विशेष सिद्धान्तों का भी सोदाहरण परिचय दिया है। महर्षि यास्क द्वारा निर्देशित निर्वचन के प्रमुख सिद्धान्तों का अनुक्रम विवेचन प्रस्तुत है-

(१) जिन पदों में स्वर और संस्कार (प्रकृति, प्रत्ययादि) यथार्थ हों, अर्थात् शब्द का वही अर्थ हो, जो शब्द में विद्यमान धातु का है, ऐसे शब्दों का निर्वचन व्याकरणसम्मत रीति से करना चाहिए।[२९]

(२) जिन पदों में विद्यमान धातु का अर्थ असंगत हो, अर्थात् शब्द के अर्थ से भिन्न हो तथा उस शब्द का अर्थ रखने वाली अन्य धातु से शब्द की सिद्धि व्याकरण सम्मत न हो वहाँ अर्थ को मुख्य मानते हुए धातु या शब्द के किसी अर्थ की समानता से निर्वचन करें।[३०] यथा 'पर्व' शब्द प्रमुख रूप से अमावस्या तथा पूर्णिमा का वाचक है। ये दोनों पर्व शुक्ल और कृष्णपक्ष की सन्धि के सूचक हैं। इस कारण सन्धि की समानता से अङ्गों के जोड़ों को भी पर्व कहा गया है।[३१]

(३) जहाँ अर्थ की भी समानता न हो, ऐसे स्थलों पर अक्षर और वर्ण की समानता से निर्वचन करें।[३२] यथा- 'प्रत्तम्' और 'अवत्तम्'। इन शब्दों में 'दा' धातु का पहला अक्षर 'द्' ही 'त्' के रूप में अवशिष्ट है, जो कि शब्द से समानता रखता है।[३३]

(४) निर्वचन हेतु यथावश्यक अर्थ के अनुसार विभक्तियों को बदल दें।[३४] इसका कारण यह है कि वेद में अर्थ के अनुसार विभक्ति तथा वचन का व्यत्यय बहुत अधिक पाया जाता है। निर्वचन के बिना इस प्रकार का संदेह दूर नहीं हो सकता।

वर्णविकार के सिद्धान्त-पूर्वोक्त सिद्धान्तों का विवेचन करने के उपरान्त **'विषयवत्यो हि वृत्तयो भवन्ति'** के प्रसंग में आचार्य यास्क ने शब्द की प्रवृत्तियों का सोदाहरण विवेचन किया है। निर्वचन के क्रम में शब्दों में किस प्रकार का विकार या परिवर्तन होता है, ऐसे वर्णविकार के सिद्धान्त क्रमानुसार इस प्रकार है-

---

२५ निरुक्त-१.४ तत्र नामान्याख्यातजानीति''''''''''''''''।

२६ निरुक्त-२.१

२७ दृष्टव्य-निरुक्तभाष्य-श्रीचन्द्रमणि विद्यालंकार पालीर-प्रकाशन- आर्य कन्या गुरुकुल, नरेला, दिल्ली-११००४०

२८ निरुक्त-२.२ अथैतानुक्रमिष्यामः।

२९ निरुक्त-२.१ तद्येषु पदेषु स्वरसंस्कारौ समर्थौ प्रादेशिकेन गुणेनान्वितौ स्यातां, तथा तानि निर्ब्रूयात्।

३० निरुक्त-२.१ अथ अनन्वितेऽर्थे प्रादेशिके विकारे अर्थनित्यः परीक्षेत केनचिद् वृत्तिः सामान्येन।

३१ निरुक्त-१.६ पर्ववान् पर्वतः। पर्व पुनः पृणाते''''''''''''''तत्प्रकृतीतरसन्धि सामान्यात्।

३२ निरुक्त-२.१ अविद्यमाने सामान्येऽप्यक्षरवर्णसामान्यान्निर्ब्रूयात्।

३३ निरुक्त-२.१ प्रत्तमवत्तमिति धात्वादी एव शिष्येते।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३४ निरुक्त-२.१ यथार्थं विभक्तीः सन्नमयेत्।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१- आदिवर्ण शेष :-

धातु के कुछ रुपों में आदिवर्ण ही शेष रहता है जैसे-प्रत्तम्- प्र+दा (धातु)+क्त। इसमें मात्र 'दा' का आदिवर्ण 'द्' ही 'त्' के रूप शेष हैं।[३५]

२- आदिलोप :-

कहीं-कहीं आदि स्वर का लोप हो जाता है। उदाहरणार्थ-गुण अथवा वृद्धि के नियमों से रहित स्थानों में 'अस्' धातु के स्तः, सन्ति आदि रूप बनते हैं। धातु के आदि स्वर 'अ' का लोप हो जाता है।[३६]

३- अन्त्यलोप :-

कहीं धातु के अन्तिम वर्ण का लोप हो जाता है; जैसे-गत्वा, गतम् इत्यादि में 'गम्' के 'म्' का लोप।[३७]

४- उपधालोप :-

कहीं उपधा का लोप होता है। यथा-जग्मतुः और जग्मुः में 'गम् धातु की उपधा अर्थात् 'ग' के अकार का लोप।[३८]

५- उपधा विकार :-

किन्हीं शब्दों में उपधा का विकार होता है, यथा-'राजन्' और 'दण्डिन्' में क्रमशः 'अ' और 'इ' के स्थान पर 'आ' और 'ई' होकर 'राजा' तथा 'दण्डी' शब्द निष्पन्न होते हैं।[३९]

६- **वर्ण लोप** :-कहीं व्यंजन वर्ण का लोप हो जाता है, जैसे- 'तत्त्वा यामि' (ऋक्-१.२४.११) मन्त्र में 'त्वाम्' के 'म्' का लोप।[४०]

७- **द्विवर्ण लोप** :-किन्हीं स्थानों पर दो वर्णों का भी लोप होता है, जैसे- 'तृचः' इत्यादि। 'त्रि ऋच' में 'त्रि' के 'र्' तथा 'इ' को लोप होकर 'त् ऋच्'तृच्।[४१]

८- **आदि विपर्यय** :-कहीं आदि अक्षर का लोप होता है। यथा-ज्योतिष्- 'द्युत' दीप्तौ धातु से 'इस्' प्रत्यय (उणा०-२.११०) द्योतिष्-ज्योतिष्। यहाँ आदि वर्ण 'द्' के स्थान पर 'ज्' परिवर्तन हुआ है।[४२]

९- **आद्यन्त विपर्यय** :-कहीं आदि तथा अन्त्य वर्ण का परस्पर विपर्यय होता है। जैसे- स्तोका- 'श्चुतिर्' क्षरणे धातु, 'घ ' प्रत्यय (पाणि-३.३.१११) स्कोता-स्तोका। यहाँ 'क्' और 'त्' का परस्पर आद्यन्त विपर्यय है।[४३]

---

३५ निरुक्त-२.१ प्रत्तमवत्तमिति धात्वादौ एव शिष्येते।
३६ निरुक्त-२.१ अथाप्यस्तेर्निवृत्तिस्थानेषु आदिलोपो भवति, स्तः सन्तीति।
३७ निरुक्त-२.१ अथाप्यन्तलोपो भवति, गत्वा, गतमिति।
३८ निरुक्त-२.१ अथाप्युपधालोपो भवति, जग्मतुः जग्मुरिति।
३९ निरुक्त-२.१ अथाप्युपधाविकारो भवति, राजा दण्डीति।
४० निरुक्त-२.१ अथापि वर्णलोपो भवति, तत्वा यामीति।
४१ निरुक्त-२.१ अथापि द्विवर्णलोपः। तृच इति।
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
४२ निरुक्त-२.१ अथाप्यादि विपर्ययो भवति, ज्योतिघनो ।
४३ निरुक्त-२.१ अथाप्याद्यन्तविपर्ययो भवति, स्तोका''''''''''''।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्त व्यापत्ति :-कहीं अन्तिम वर्ण का विपर्यय होता है, यथा-मेघः- 'मिह' सेचने से घ प्रत्यय। मेह-मेघ- 'ह्' को 'घ्' विपर्यय।[४४]

वर्णोपजन (वर्णागम):- कुछ शब्दों में वर्ण का आगम होता है, यथा-द्वार-वारयतीति-वार में 'द्' का आगम।[४५]

संक्षेप में उक्त सिद्धान्तों के चार विभाग किये जा सकते हैं-वर्णलोप, वर्णविकार, वर्णविपर्यय और वर्णागम। आचार्य दुर्ग ने यास्क के इन्हीं नियमों को संक्षिप्त कर निरुक्त का पंचविध लक्षण किया है।[४६]

(५) **सम्प्रसारण सिद्धान्त:-** धातु के मध्य में स्वर के व्यवधान से रहित अन्तस्थ वर्ण (य्, व, र्, ल्, में से कोई) होने पर धातु के दो स्वरूप हो जाते हैं-पठित (असम्प्रसारण) और दूसरा-सम्प्रसारण। ऐसी धातुओं की एक प्रकृति से शब्द सिद्ध न होने पर दूसरे रूप से शब्द की व्युत्पत्ति करनी चाहिए, जैसे- 'म्रद्' धातु के सम्प्रसारण रूप मृद् से 'कु' प्रत्यय (उणा०-१.२८) होकर 'मृदु' शब्द बना है।[४७]

(६) **भाषा की क्रियाओं तथा नामपदों का सिद्धान्त-** कभी लौकिक संस्कृत की धातुओं से वैदिक कृदन्त पद निष्पन्न होते हैं; यथा-दमूनाः ('दम'। लौकिक धातु) कभी वैदिक धातुओं से लौकिक कृदन्त शब्द सिद्ध किये जाते हैं;यथा-घृतम् (वैदिक 'घृ' धातु से)[४८] यह कालगत प्रयोग-भेद का सिद्धान्त है। निर्वचन में इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए।

(७) **भिन्न देशीय भाषाओं का प्रकृति-विकृति सिद्धान्त-** धातु का 'क्रिया पद' के रूप में प्रयोग 'प्रकृति' तथा 'नाम' के रूप में प्रयोग 'विकृति' कहलाता है। कुछ देशों में धातु का 'प्रकृति' रूप प्रचलित है, तो कहीं विकृति रुप; यथा 'शव' धातु कम्बोज (ईरान) में गत्यर्थक है और इसका विकृति रूप 'शव' (मृत देह) आर्यावर्त में बोला जाता है।[४९]

(८) **तद्धित तथा समस्त पद सिद्धान्त-** एक या अनेक पर्व (सन्धि) वाले तद्धित तथा समास पदों का विग्रह करके फिर क्रमशः एक-एक पद का निर्वचन करें। यथा-दण्ड पुरुषः-दण्ड्यः पुरुषः (तद्धित), राजपुरुषः-राज्ञःपुरुषः (समास पद)।[५०]

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि महर्षि यास्क भाषाशास्त्र के श्रेष्ठतम विद्वान् हैं। निर्वचन की अनिवार्यता की पुष्टि करते हुए वे कहते हैं कि **'न त्वेवं न निर्बूयात्'**[५१] ऐसा नहीं कि निर्वचन न करें। निरुक्त शास्त्र के सिद्धान्तों से निर्वचन अवश्य करना चाहिए। निर्वचन के सिद्धान्तों के प्रतिपादन में उनका दृष्टिकोण अत्यन्त व्यापक है। काल और देशगत भाषाओं में भिन्नता आदि सिद्धान्त उनकी सूक्ष्म चिन्तन शैली के परिचायक हैं। एक ओर जहाँ वे शुद्ध शब्दों के निर्वचन व्याकरणशास्त्रानुगत पद्धति से करने के पक्ष में हैं, वहीं वेदार्थ की गूढ़ता को लक्ष्य कर परोक्ष तथा अतिपरोक्ष पदों के निर्वचन हेतु **'न संस्कारमाद्रियेत्'**[५२] का

---

४४ निरुक्त-२.१ अथाप्यन्तव्यापत्तिर्भवति, ओघो, मेघो''''''''''''।
४५ निरुक्त-२.१ अथापि वर्णोपजनः, आस्थद्, द्वारो'''''।
४६ दुर्ग निरुक्तवृत्ति
४७ निरुक्त-२.१ तद्यत्र स्वरादनन्तरान्तस्थान्तर्धातु भवति'''''''।
४८ निरुक्त-२.१ अथापि भाषिकेभ्यो धातुभ्यो नैगमाः कृतो भाष्यन्ते दमूनाः'''''।
४९ निरुक्त-२.१ अथापि प्रकृतय एवैकेषु भाष्यन्ते, विकृतय एकेषु''''''।
५० निरुक्त-२.१ अथ तद्धित समासेमष्वेकपर्वसु चानेकपर्वसु च पूर्वं पूर्वमपरमपरं प्रविभज्य निर्बूयात्। दण्ड्यः पुरुषो''''''।
५१ निरुक्त-२.१
५२ निरुक्त-२.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदेश देकर विभिन्न सिद्धान्तों की स्थापना करते हैं। निःसन्देह अति प्राचीन 'वेद' के सन्दर्भ में काल की मर्यादा अनुपेक्षणीय है। सार रूप में उनके निर्वचन-सिद्धान्तों के केन्द्र में दो ही तत्त्व प्रमुख हैं- 'अर्थ' और 'प्रकरण', 'यथार्थं निर्वक्तव्यानि'[५३] 'अर्थनित्यः परीक्षेत'[५४] तथा 'नैकपदानि निर्ब्रूयात्'[५५] न तु पृथक्त्वेन मन्त्रा निर्वक्तव्याः, प्रकरणश एव निर्वक्तव्याः[५६] अर्थात् अर्थ और प्रकरण का विचार किये बिना स्वतन्त्र रूप से 'वैदिक पदों' का निर्वचन नहीं करना चाहिए। यहाँ विचारणीय है कि 'प्रकरण' शब्द भी 'अर्थ' का ही पोषक है। तात्पर्य यह है कि प्रकरण के अनुसार पूर्वापर मन्त्रों के अर्थ का चिन्तन किए बिना पदों का निर्वचन करना उचित नहीं है।

निर्वचन के सन्दर्भ में 'यास्क' का सिद्धान्त वाक्य है कि **'अर्थमप्रतियतो नात्यन्तं स्वरसंस्कारोद्देशः'**[५७] अर्थात् अर्थ-परिज्ञान के अभाव में स्वर तथा संस्कार का निश्चित कथन नहीं किया जा सकता। अर्थ चिन्तन के विषय में भी उनका स्पष्ट मन्तव्य है कि वेद के प्रमाणों से अपि च वेदसम्मत तर्क से अर्थ का निश्चय करते हुए प्रकरण के अनुरूप वैदिक पदों का निर्वचन करना चाहिए।[५८]

---

५३ निरुक्त-२.२
५४ निरुक्त-२.१
५५ निरुक्त-२.१
५६ निरुक्त-अध्याय-१३
५७ निरुक्त-१.५
५८ निरुक्त-अध्याय-१३ '''''अपि श्रुतितोऽपि तर्कतः, न तु पृथक्त्वेन मंत्रा निर्वक्तव्याः, प्रकरणश एव तु निर्वक्तव्याः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०४७-५२) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद में वर्णित दानविषयकावधारणा

डॉ० नरेश कुमार[1]

वैदिक साहित्य विशेषत: ऋग्वेद में दान की अवधारणा से सम्बन्धित अनेक मन्त्र प्राप्त होते हैं। दान (देना, उपकार) ऋग्वेद[2] में बहुधा और विशेषत: उदार प्रतिपालकों की दानस्तुतियों में आता है। **वस्तुत: बिना किसी स्वार्थ के किसी भी निर्धन या दरिद्र व्यक्ति को धनान्न आदि का समर्पण दान कहलाता है।** दानशीलता अच्छे मानव का गुण है। धरती पर याचक भी हैं, दाता भी, परन्तु याचक होना कोई पसन्द नहीं करेगा। यह सच है कि दाता भी सभी लोग नहीं होते। बहुत से लोग कृपण होते हैं। परन्तु कृपणता सदाचारी मनुष्य का गुण नहीं है क्योंकि कृपण मनुष्य किसी को कुछ दे नहीं सकता और कभी-कभी आवश्यकता पड़ने पर न देने से इच्छुक व्यक्ति का पर्याप्त रूप से अकल्याण हो सकता है। यह ठीक है कि कुछ लोग देते हैं, परन्तु तभी जब उनके पास उपभोग-योग्य से अतिरिक्त है जबकि एक आचार-निष्ठ परोपकारी व्यक्ति अपने उदारता के गुण के कारण अपने थोड़े में से भी अपनी चिन्ता न करता हुआ, याचक को दान दे देता है। इसीलिये दानशीलता एक आचारिक गुण है क्योंकि इच्छुक व्यक्ति को दान देने से उसका तो कल्याण होता ही है, वह भी इच्छित वस्तु पाकर प्रसन्नतापूर्वक हमारे कल्याण की कामना करता है। दान का महत्त्व अवान्तर साहित्य में भी पर्याप्त रूप से वर्णित है, परन्तु इसकी नींव वैदिकसंहिताओं में ही है। अन्य गुणों की भाँति दानशीलता का गुण भी वैदिक इष्ट में आरोपित किया गया है और स्थान-स्थान पर उसे दानशील, दान-परायण कह कर सम्बोधित किया गया है।

वेद में दान की प्रशंसा और दानी के सम्मान का वर्णन किया गया है, ब्राह्मणों की एक विशिष्टता उनका दक्षिणा प्राप्त करने का अधिकार है। शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि दान करना अन्य जातियों का धर्म है।[3] दान के लिये दक्षिणा पद का प्रयोग भी मिलता है। अधिकांशत: दक्षिणा शब्द का अर्थ **यज्ञ में दी जाने वाली गौ विशेष** किया गया है। कोशानुसार दक्षिणा का अर्थ-दुधारु गाय या दूध देने वाली गाय किया गया है।[4] डॉ० सूर्यकान्त ने कहा है कि जहाँ दक्षिणा का कोई विशिष्ट अर्थ न दिया गया हो, वहाँ **गाय** अर्थ देने का विधान है। वैदिक इण्डेक्स के लेखकों ने भी दक्षिणा का अर्थ 'प्रचुर दुग्ध देने वाली गाय' जो यज्ञ के समय पुरोहितों को दिये गये उपहार के वाचक के रूप में आया है, किया है। ऋग्वेद में प्राप्त प्रसंग से इस बात की पुष्टि होती है कि दक्षिणा यज्ञ में ब्राह्मणों को तो दी जाती थी, किन्तु यज्ञकर्त्ताओं के अतिरिक्त स्तोताओं को भी दक्षिणा दी जाती थी। एक स्थल पर स्पष्ट निर्देश है कि इन्द्र की ऐश्वर्यपूर्ण दक्षिणा निश्चित रूप से स्तोता के लिये श्रेष्ठ धन प्राप्त कराती हैं।[5] इससे विदित होता है कि दक्षिणा भी दान की कोटि में ही

---

१ श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२. ऋग्०१०.११७ सम्पूर्ण सूक्त, ५.२७.१२, १०.४८.१, ५.४२.८॥

३. शत०ब्रा०११.५.७.१॥

४. मोनियर विलियम्स, संस्कृत इंग्लिस डिक्शनरी, पृ०५६५।

५. नूनं सा ते प्रति वरं जरित्रे दुहीयदिन्द्र दक्षिणा मघोनी। शिक्षा स्तोतृभ्यो माति धग्भगो नो बृहद्वदेम सुवीरा:॥ ऋग्०२.११.२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आती है और ब्राह्मणों के अतिरिक्त अन्यों को भी दक्षिणा दी जाती थी। एक अन्य ऋचा यह पुष्ट करती है कि समाज में जन समुदाय के हित में दी जाने वाली दक्षिणा भी दान की श्रेणी में आती है। यथा-

दक्षिणावान्प्रथमो हूत एति दक्षिणावान्ग्रामणीरग्रमेति।
तमेव मन्ये नृपतिं जनानां यः प्रथमो दक्षिणामाविवाय॥

इस मन्त्र का अर्थ करते हुए पं० जयदेव जी लिखते हैं कि-अन्न द्रव्य का दाता स्वामी, सर्वश्रेष्ठ, रूप से स्वीकृत होकर सबको प्राप्त होता है। और दक्षिणावान्, दानशील पुरुष जन संघों को सन्मार्ग पर ले जाने हारा होकर अग्रासन पर आता है। मनुष्यों के बीच में उसको ही मैं मनुष्यों का पालक राजावत् मानता हूँ। जो सर्वश्रेष्ठ होकर दूसरों के उत्साह को उत्पन्न करने वाला दान, भृति, वेतनादि प्रदान करता है।

इस प्रकार दक्षिणा को दान की कोटि में ग्रहण किया जा सकता है। **संस्कृत हिन्दी कोश** में दक्षिणा का **'भेंट, उपहार, दान, शुल्क, पारिश्रमिक'** अर्थ किया गया है।[६]

(क) दान की प्रशंसा-

वैदिकवाङ्मय विशेषतः ऋग्वेद में उपलब्ध ऋचायें पदे-पदे दानशील व्यक्तियों की महिमा का गुणगान करती है। दानी व्यक्ति जो अपनी सामर्थ्यानुसार दान देता है, उदार हृदय वाला है, उसमें उत्तम भाग्यशाली ऐश्वर्य सदैव स्थित रहते हैं। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में निर्देश किया गया है-

तवोतिभिः सचमाना अरिष्टा बृहस्पते मघवानः सुवीराः।
ये अश्वदा उत वा सन्ति गोदा ये वस्त्रदाः सुभगास्तेषु रायः॥[७]

अर्थात् हे बृहस्पति! तुम्हारे द्वारा रक्षित होने पर मनुष्य लोग अहिंसित, धनवान् और सुन्दर पुत्रों से युक्त होते हैं। तुम्हारे द्वारा अनुगृहीत होकर जो कोई धनवान् अश्व, गौ और वस्त्र दान करता है, वह धन लाभ करें।

दानी के भोजन आदि की व्यवस्था ईश्वर करते हैं। एक अन्य ऋचा में इन्द्र कहते हैं कि 'दानी को मैं भोजन देता हूँ।[८] दानी व्यक्ति को प्रभावशील अदानी व्यक्ति से श्रेष्ठ बताया गया है। यथा-

कृषन्नित्फाल आशितं कृणोति यन्नध्वानमप वृङ्क्ते चरित्रैः।
वदन्ब्रह्मावदतो वनीयान्पृणन्नापिरपृणन्तमभि ष्यात्॥[९]

इस मन्त्र पर सायणकृत भाष्य अधोलिखित प्रकार से है-

कृषन् कृषिं कुर्वन् फालः आशितं कर्षकं भोक्तारं कृणोति करोति। तथा अध्वानं मार्गं यन्॥ इणः शतरि नुमागमः॥ गच्छन् पुरुषः चरित्रैः आत्मीयैर्गमनैः अप वृङ्क्ते। स्वामिनो धनमावर्जयति॥ 'वृजी वृजने'। आदादिकः। अनुदात्तेत्॥ वदन् शास्त्रार्थं ब्रुवाणः ब्रह्मा ब्राह्मणः अवदतः शास्त्रार्थमब्रुवाणाज्जनात् वनीयान् संभृक्त्तृतमः प्रियवरो भवति॥ वनतेस्तृजन्तस्येयसुनि 'तुरिष्ठेमेयःसु' तृचो लोपः। ते यथा स्वकर्मणि प्रवर्तमानाः परेषामुपकारकाः तथा पृणन् दाता पुरुषः अपृणन्तम् अदातारं जनम् अभिलक्ष्य आपिः स्यात्

---

६. संस्कृत हिन्दी कोश, पृ०४४५।

७. ऋग्०५.४२.८॥

८. अहं भुवं वसुनः पूर्व्यस्पतिरहं धनानि सं जयामि शश्वतः। मां हवन्ते पितरं न जन्तवोऽहं दाशुषे वि भजामि भोजनम्॥ ऋग्०१०.४८.१॥

९. ऋग्०१०.११७.७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन्धुर्भवेत्।।[१०]

दाता को पुण्य मार्गों की प्राप्ति होती है।[११] दान देने वाले को समाज में बड़ी सम्मानित दृष्टि से देखा जाता है। वह जहाँ कहीं भी जाता है तो उसका रथ अप्रतिहत गति से चलता है, किसी प्रकार की कोई विघ्न बाधा उसमें उत्पन्न नहीं होती और वह न ही कोई उसे कोई रोक सकता है न ही हिंसित कर सकता।[१२] प्रस्तुत ऋचा में सुदास का अर्थ आचार्य सायण ने **शोभनदासस्य यजमानस्य** किया है।[१३] अन्यत्र भी दानी व्यक्ति के सम्मान का उल्लेख मिलता है। दानी सर्वत्र सम्मान का पात्र बनता है और प्रत्येक कर्म में आदरपूर्वक आमन्त्रित किया जाता है, उसका रथ आगे-आगे चलता है। जन समुदाय उसकी प्रशंसा करता है।[१४] उसके धन-धान्य में निरन्तर वृद्धि होती रहती है, इससे विदित होता है कि दान करने से धन घटता नहीं है, अपितु निरन्तर वृद्धि को प्राप्त करता है। इसी मन्त्र पर आचार्य सायण ने अपने भाष्य में निम्नांकित प्रकार से कहा है-

यः यजमानः राजभ्यः राजमानेभ्यः ऋतनिभ्यः ऋतस्य यज्ञस्य सत्यस्य वा नेतृभ्य आदित्येभ्यः ददाश चरुपुरोडाशादिकं ददाति। यं यजमानं पुष्टयः पोषकाः नित्याः शाश्वता आदित्याः च वर्धयन्ति। सः यजमानः रेवान् धनवान् प्रथमः प्रथितः प्रख्यातः वसुदावा वसूनां धनानां दाता सन् प्रशस्तः सर्वैः प्रशस्यमानः विदथेषु वेद्येषु लब्धव्येषु गृहेषु रथेन वाहनेन याति गच्छति।।[१५]

दान सूक्त में भी एक ऋचा में यही पुष्ट होता है कि दान से धन में कदापि न्यूनता नहीं आती अपितु दानशील पुरुष का धन बढ़ता ही जाता है। जैसाकि अधोलिखित मन्त्र में द्रष्टव्य है-

न वा उ॑ दे॒वाः क्षुध॒मिद्व॒धं द॑दुरु॒ताशि॑त॒मुप॑ गच्छन्ति मृ॒त्यवः॑।
उ॒तो र॒यिः पृ॑ण॒तो नोप॑ दस्यत्यु॒ताऽपृ॑णन्मर्डि॒तारं॒ न वि॑न्दते।।[१६]

(ख) दक्षिणा की प्रशंसा-

ऋग्वेद का एक सम्पूर्ण सूक्त (१०.१०७) दक्षिणा को अर्पित है। ऋग्वेद में एक स्थान पर दक्षिणा को दान से श्रेष्ठ बताया गया है। प्रथम मण्डल में दान को दक्षिणा से उपमित किया गया है, कहा गया है कि तुम्हारा दान यजमान की दक्षिणा के समान कल्याणकारी और वर्षा के सदृश स्थायी प्रभाव वाला है। यथा- **भ॒द्रा वो॑ रा॒तिः पृ॑ण॒तो न दक्षि॑णा पृथु॒ज्रयी॑ असु॒र्ये॑व॒ जञ्ज॑ती**[१७]-इससे स्पष्ट होता है कि दक्षिणा उपमान होने के कारण उपमेय रूप दान से श्रेयस्करी है। दक्षिणा देने वाला व्यक्ति समाज में सर्वाग्रणी होता है और किसी भी समारोह पर वह सादर आमन्त्रित होता है। इससे अभिलक्षित होता है कि दक्षिणा देने वाले का समाज में ऊँचा स्थान होता है।

---

१०. ऋग्०१०.११७.७ पर सा०भा०।

११. पृणीयादिन्नाधमानाय॒ तव्या॒न्द्राघी॑यांस॒मनु॑ पश्येत॒ पन्था॑म्। ओ हि वर्त॑न्ते॒ रथ्ये॑व च॒क्राऽन्यम॒न्यमुप॑ तिष्ठन्त॒ रायः॑।। ऋग्०१०.११७.५।।

१२. नकि॑ः सु॒दासो॒ रथं॒ पर्या॑स॒ न री॑रमत्। इन्द्रो॒ यस्या॑वि॒ता यस्य॑ म॒रुतो॒ गम॒त्स गोम॑ति व्र॒जे।। ऋग्०७.३२.१०।।

१३. ऋग्०७.३२.१० पर सायण भाष्य द्रष्टव्य।

१४. यो राज॑भ्य ऋ॒तनि॑भ्यो द॒दाश॒ यं व॒र्धय॑न्ति पु॒ष्टय॑श्च॒ नित्याः॑। स रे॒वान्या॑ति प्र॒थमो॒ रथे॑न वसु॒दावा॑ वि॒दथे॑षु प्रश॒स्तः।। ऋग्०२.२७.१२।।

१५. ऋग्०२.२७.१२।।

१६. ऋग्०१०.११७.१।।

१७. ऋग्०१.१६८.७।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो व्यक्ति दक्षिणा द्वारा पुरोहित को सन्तुष्ट करते हैं, वे ब्रह्मर्षि कहे जाने योग्य हैं।[१८] दक्षिणा देने वाले स्वर्ग के उच्च स्थान को प्राप्त करते हैं, विभिन्न वस्तुओं का दान करने से विभिन्न पदों की प्राप्ति होती है। दानशील व्यक्ति देवत्व को प्राप्त करते हैं, वे असामयिक मृत्यु का शिकार नहीं बनते। वे दुःख दारिद्र्य से सर्वदा दूर रहते हैं, उनकी प्रदत्त दक्षिणा उन्हें दिव्य पदार्थों की प्राप्ति कराती है। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में द्रष्टव्य है-

न भोजा मम्रुर्न न्यर्थमीयुर्न रिष्यन्ति न व्यथन्ते ह भोजाः।
इदं यद्विश्वं भुवनं स्वश्चैतत्सर्वं दक्षिणैभ्यो ददाति॥[१९]

(ग) दान-दक्षिणा में दी जाने वाली वस्तुएँ-

दक्षिणा के अर्थ को स्पष्ट करते हुए जैसा कि मोनियर विलियम्स ने 'दुधारू गाय' किया है। सम्भवतः यह अर्थ कात्यायन श्रौतसूत्र के आधार पर किया गया है। डॉ० सूर्यकान्त ने 'गो देने का विधान' स्वीकार किय है। कात्यायन श्रौतसूत्र[२०] और लाट्यायन श्रौतसूत्र[२१] भी ऐसा स्वीकार करते हैं। वैदिक इण्डेक्स के लेखकों ने भी दक्षिणा में गाय का ही उल्लेख किया है। ऋग्वेद इसके अतिरिक्त अन्य वस्तुओं को भी दान-दक्षिणा में दी गयी वस्तु के रूप में प्रतिपादित करता है। ऋग्वेद के पांचवें मण्डल की एक ऋचा में गोदान के साथ अश्व और वस्त्र को भी दान में दी जाने वाली वस्तु घोषित किया है। यथा-

तवोतिभिः सचमाना अरिष्टा बृहस्पते मघवानः सुवीराः।
ये अश्वदा उत वा सन्ति गोदा ये वस्त्रदाः सुभगास्तेषु रायः॥[२२]

उपर्युक्त मन्त्र के विषय में आचार्य सायण ने स्पष्ट रूप से **अश्वदा** का अर्थ **बहूनामश्वनां दातारः** तथा **गोदाः** और **वस्त्रदाः** का अर्थ क्रमशः **गोदान** और **वस्त्रों को देने वाले** किया है। यथा-

हे बृहस्पते तवोतिभिः रक्षाभिः सचमानाः संगच्छमानाः अरिष्टाः अहिंसिताः मघवानः धनवन्तः सुवीराः शोभनपुत्राश्च भवन्ति। ये त्वदनुगृहीताः अश्वदाः बहूनामश्वानां दातारः सन्ति। उत वा अथवा गोदाः सन्ति। ये च वस्त्रदाः सुभगाः शोभनधनाः सन्ति तेषु सर्वेषु रायः धनानि संभवन्त्विति शेषः॥[२३]

अन्यत्र भी दक्षिणा में स्वर्ण, गौ, अश्व तथा अन्न उसके अवयवों के रूप में प्रदर्शित किये गये हैं तथा दक्षिणा को कवच के समान रक्षाकर्तृ माना है।[२४] प्रकृत सूक्त की ही एक ऋचा में विभिन्न प्रकार के दान से कौन-कौन से पदों की प्राप्ति होती है? इसका उल्लेख है। यथा-'अश्व दान करने वाले पुरुष सूर्य में मिल जाते हैं। वस्त्र दान करने वाले सोम के पास जाते हैं और सुवर्ण का दान करने वाले अमृतत्त्व को प्राप्त करते हैं।[२५]

---

१८. तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहुर्यज्ञन्यं सामगामुक्थशासम्। स शुक्रस्य तन्वो वेद तिस्रो यः प्रथमो दक्षिणया रराध॥ ऋग्०१.१०७.६॥

१९. ऋग्०१०.१०७.८॥

२०. कात्यायन श्रौतसूत्र-१५.२.१३।

२१. लाट्यायन श्रौतसूत्र-८.१.२॥

२२. ऋग्०५.४२.८॥

२३. ऋग्०५.४२.८ पर सायणभाष्य।

२४. भोजमश्वाः सुष्ठुवाहो वहन्ति सुवृद्रथो वर्तते दक्षिणायाः। भोजं देवासोऽवता भरेषु भोजः शत्रून्त्समनीकेषु जेता॥ ऋग्०१०.१०७.११॥

२५. ऋग्०१०.१०७.२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
एक अन्य मन्त्र में मुद्रायें भी दान दिये जाने का उल्लेख है। एक राजा ने कक्षीवान् ऋषि को सौ सुवर्ण मुद्रायें अथवा आभरण विशेष, सौ वेगवान् अश्व और उत्कृष्ट वृषभ दान दिये। ऋषि कक्षीवान् ने ही उत्तम घोड़ों से युक्त दस रथ भी प्राप्त किये।[२६] आचार्य सायण ने **निष्क** का अर्थ किया है-**निष्कान् आभरणविशेषान् धुयताविशेष विशिष्टानि वा सुवर्णानि।** इस प्रकार स्पष्ट होता है कि दान में गौ के अतिरिक्त अश्व, वस्त्र, सुवर्ण, मुद्रायें, आभरण-विशेष और रथादि भी दिये जाते थे।

(घ). दान के पात्रों के सम्बन्ध में वैदिक चिन्तन-

वैदिक साहित्य के अनुसार दान के विभिन्न पात्र इस प्रकार से हैं-**स्तोता-**ऋग्वैदिक समाज में कर्मकाण्डीय ब्राह्मणों के अतिरिक्त स्तोताओं को भी दक्षिणा का अधिकार प्राप्त था। द्वितीय मण्डल में ग्यारहवें सूक्त की इक्कीसवीं ऋचा में स्पष्ट निर्देशन है कि इन्द्र की मघोनी दक्षिणा को स्तोताओं के लिये प्रदान किया जाये। **ऋषिगण-**ऋग्वेद के नौवें मण्डल में ध्वस्र और पुरुषति नामक राजाओं ने अवत्सार ऋषि को एक-एक हजार मुद्रायें प्रदान की। अग्रिम ऋचा में मुद्राओं के अतिरिक्त तीस सहस्र वस्त्र भी उपर्युक्त दोनों राजाओं ने ऋषि को समर्पित किये। यथा-

ध्वस्रयोः पुरुषन्त्योरा सहस्राणि दद्महे। तरत्स मन्दी धावति॥
आ ययोस्त्रिंशतं तना सहस्राणि दद्महे। तरत्स मन्दी धावति॥[२७]

दीन, क्षुधार्त्त तथा पीड़ित-

दानसूक्त में कहा गया है कि जो धन और का स्वामी, अन्न चाहने वाले, दरिद्रता से पीड़ित ओर घर आकर मांगने वाले को भी कुछ न देने में अपना मन कड़ा कर लेता है, उसे कोई सुखी नहीं बताता।[२८] अन्यत्र उल्लेख प्राप्त होता है कि जो व्यक्ति अर्थी, अन्न की वाँछा करने वाले, घर पर जाकर मांगने वाले और पीड़ितों को दान देता है, वह व्यक्ति शत्रु को भी मित्र बना लेता है।[२९]

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि भिखारियों, दीनों तथा दलितों को तथा जो द्वार पर आकर याचना करता था, वैदिक समाज में उन सबको दान देने की परम्परा प्रचलित थी।

(ङ) दान न देने से होनी वाली हानि के सन्दर्भ में वैदिक मत-

ऋग्वेद में दान न देने से होने वाली हानियों का भी उल्लेख प्राप्त होता है-१. कृपण व्यक्ति से कोई भी मित्रता का भाव नहीं रखता। चतुर्थ मण्डल के पच्चीसवें सूक्त की सातवीं ऋचा में वामदेव ऋषि ने कहा है कि-इन्द्र, सोम का अभिषवण न करने वाले धनवान् होने पर भी कृपण मनुष्य के साथ मित्रता नहीं करता। वह इन्द्र इस कृपण के निरर्थक धन को नष्ट कर देता है और कंजूस व्यक्ति का वध कर देता है। यथा-

य आध्राय चकमानाय पित्वोऽन्नवान्त्सन्रफितायोपजग्मुषे।

---

२६. अमन्दान्त्स्तोमान्प्र भरे मनीषा सिन्धावधि क्षियतो भाव्यस्य। यो मे सहस्रममिमीत सवानतूर्तो राजा श्रव इच्छमानः॥ ऋग्०१.१२६.२॥

२७. ऋग्०९.५८.३-४॥

२८. य आध्राय चकमानाय पित्वोऽन्नवान्त्सन्रफितायोपजग्मुषे। स्थिरं मनः कृणुते सेवते पुरोतो चित्स मर्डितारं न विन्दते॥ ऋग्०१०.११७.२॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२९. ऋग्०१०.११७.३॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थि॒रं मनः॑ कृणु॒ते सेव॑ते पु॒रोतो॑ चि॒त्स म॑र्डि॒तारं॒ न वि॑न्दते॥ ऋग्० १०.११७.२॥

इस प्रकार कंजूस व्यक्ति की मैत्री कोई भी स्वीकार नहीं करता और स्वयं उसकी ओर मित्रता का हाथ नहीं बढ़ाता है। इससे ज्ञात होता है कि अदानी का सामाजिक स्तर उसकी दुर्भावना के कारण शनैःशनैः नीचे गिरता चला जाता है और सभ्य सामाजिकों के मध्य उसका समुचित आदर नहीं किया जाता। अन्यत्र उल्लेख प्राप्त होता है कि मनुष्यों को दान से तृप्त करने वाले व्यक्ति दुःख और पाप को प्राप्त न हों किन्तु इनसे अतिरिक्त अर्थात् अदानी शोक को प्राप्त हों। जैसा कि अधोलिखित मन्त्र में द्रष्टव्य है-

मा पृ॒णन्तो॒ दुरि॑तमे॒न॒ आर॒न्मा जा॑रिषुः सू॒रयः॑ सुव्र॒तासः॑।
अ॒न्यस्तेषां॑ परि॒धिर॑स्तु॒ कश्चि॒दपृ॑णन्तम॒भि सं य॑न्तु॒ शोकाः॑॥ [३०]

दान न देने वाले को तो प्रत्येक स्थल पर न्यूनताओं का स्वीकर्त्ता प्रदर्शित किया गया है। मानसिक सुख और शान्ति भी उसका परित्याग कर देती है, उनके स्थान पर शोक अपना परिधान उसे पहना देता है। दानशील का कल्याण प्रत्येक सामर्थ्यशील व्यक्ति करता है, किन्तु अदानी का कल्याण करने में कोई भी समर्थ नहीं होता। समय पर कोई उसकी सहायता नहीं करता।

इस प्रकार हम देखते है कि ऋग्वेद में दानशीलता रूपी आचारिक गुण का विस्तृत रूप से वर्णन प्राप्त होता है जो व्यक्ति-मात्र को दान का महत्त्व सिखाता है, विश्वबन्धुत्व का भी पाठ पढ़ाता है क्योंकि जबतक मानव-मानव के प्रति परस्पर सुहृदय नहीं होगा, बन्धुत्व भाव नहीं रखेगा, तबतक वह दान की भावना का सुदृढ़ता से पालन नहीं कर पायेगा और निर्धन की सहायता के लिये दृढ़तापूर्वक उद्यत नहीं हो सकेगा; परिणामस्वरूप अच्छा समाज और राष्ट्र-निर्मित नहीं हो पायेगा। अतः प्रत्येक मनुष्य को सदा स्वसामर्थ्यानुसार दान देना चाहिये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३०. ऋग्०१.१२५.७॥

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क ४७ (पृ०५३-५६) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक जीवन का दार्शनिक दृष्टिकोण

डॉ० वीना विश्नोई शर्मा[1]

वैदिक जीवन और उसके लक्ष्य के विषय में हमारी दार्शनिक दृष्टि परम्परा से प्राप्त दृष्टि से मौलिक रूप से भिन्न है। जीवन के विषय में हमारी परम्परागत दृष्टि जैसे-संसार और जीवन दुःखमय है। अत एव हेय है इनसे मोक्ष पाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए इसका मौलिक आधार हमें बहुत कुछ प्राग्वैदिक या प्राचीनतर वैदिकेतर संस्कृति या संस्कृतियों में ही दिखाई पड़ता है। इसके विपरीत वैदिक दृष्टि जैसे- संसार और जीवन का उद्देश्य हमारा उत्तरोत्तर विकास है। उत्तरोत्तर विकास का ही नाम अमृतत्व है, यही निःश्रेयस् है, में पर्याप्त भिन्नता है। दोनों में बहुत-कुछ वैसा ही अन्तर है, जैसा कि साधारणतया जीवन के विषय में एक जरा जीर्ण एक बूढ़े मनुष्य और प्रफुल्लचित्त शक्तिशाली तथा सच्चरित्र नवयुवक की दृष्टियों में पाया जाता है।

हमारे सारे दर्शनों का प्रमुख प्रतिपाद्य विषय यही है कि मनुष्यों को सांसारिक दुःखों से छुटकारे का वास्तविक मार्ग दिखाया जाये। इसके लिए वे सब अपने-अपने दृष्टिकोण से सांसारिक जीवन को दुःखमय और इसीलिए बन्ध कहते हैं और उससे छूटने को मुक्ति, मोक्ष, अपवर्ग या निर्वाण कहते हैं। प्रायः सब किसी न किसी रूप में हेय अर्थात् त्यागने के योग्य, हेयहेतु अर्थात् अविद्या आदि कारण जिनसे दुःख उत्पन्न होता है, हान अर्थात् दुःख का मुक्ति के रूप में नाश और हानोपाय अर्थात् दुःख से मुक्ति पाने के तत्त्वज्ञान आदि उपाय, इन चार पदार्थों का मुख्यतया प्रतिपादन करते हैं। जैसा कि गौतम न्यायसूत्र में कहा है-

दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्या-ज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः। बाधनालक्षणं दुःखम्। तदत्यन्तमोक्षोऽपवर्गः विविधबाधनायोगाद् दुःखमेव जन्मोत्पत्तिः।[2]

अर्थात् दुःख, जन्म प्रवृत्ति, दोष और मिथ्या ज्ञान, इनमें से उत्तरोत्तर मिथ्याज्ञानादि के अपाय से उनके अनन्तर दोषादि का अभाव हो जाता है, और इस प्रकार अपवर्ग अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति होती हैं दुःख के अत्यन्त अभाव को ही अपवर्ग कहते हैं अनेक संकटाकीर्ण होने से जन्म को भी दुःख स्वरूप ही माना है।

इसा प्रकार कपिल सांख्यसूत्र का कहना है-आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभातिक- इन तीनों प्रकार के दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति ही मनुष्य का परम पुरुषार्थ है। तत्त्वज्ञान से मुक्ति होती है और बन्ध का कारण मिथ्या ज्ञान है।

अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः। ज्ञानान्मुक्तिः। बन्धो विपर्ययात्।[3]

बौद्ध-दर्शन में भी; सर्वं दुःखम्, अर्थात् संसार में सब-कुछ दुःखमय है, ऐसी भावना पर बड़ा बल दिया गया है। जीवन के चरम लक्ष्यभूत मोक्ष के लिए निर्वाण शब्द दीपक की लौ की तरह बुझ जाना है, जिसमें स्पष्टतः अभावात्मक अर्थ की प्रधानता है।

इसी प्रकार वेदान्त दर्शन, जैन दर्शन आदि में भी बन्ध, दुःख और मोक्ष का सिद्धान्त किसी न किसी रूप में माना गया है। अतः उक्त दार्शनिक विचारधारा की दृष्टि से हमें मानना पड़ता है कि-

---

१ असिस्टैंट प्रोफेसर-संस्कृत विभाग, क०गु० महाविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार उत्तराखण्ड

२. गौतम न्यायसूत्र १. १. २. २१-२२ तथा ४. १. ५५

३. सांख्यसूत्र १. १. तथा ३. २३-२४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. यह संसार, चाहे वह किसी ईश्वर का बनाया हुआ है, या हमारे अदृष्ट पुण्य या अपुण्य के कारण या अपने रूप में आया है, निश्चित रूप से हमारे कर्मों के फलों को भोगने का स्थान है।

२. हमें उन फलों को भोगने के लिए किसी अदृष्ट शक्ति के द्वारा बरबस इसमें डाला गया है।

३. अत एव हमारे लिए यह बन्ध, दूसरे शब्दों में कारागृह या जेल के रूप में है।

इसलिए यह संसार, चाहे प्रकृति ने इसे कितना ही सुन्दर क्यों न बनाया हो, हमारे लिए केवल दु:खमय हैं स्वभावत: कोई भी कैदी जेल के अन्दर के शोभा सौन्दर्य में कोई रुचि नहीं रख सकता। उसका मन तो सदा उसकी मुक्ति की प्रतीक्षा में ही लगा रहता हैं इस तरह हमारा प्रथम कर्तव्य हो जाता है कि किसी न किसी प्रकार से इस दु:खमय संसार से मुक्ति की प्राप्ति की जाए। अत: इस विचारधारा के अनुसार सृष्टि का प्रयोजन केवल दु:खमय जीवन और उससे छुटकारा या मोक्ष ही, रह जाता है।

इस प्रकार की जेल की मनोवृत्ति में आशावाद, उल्लास और उदात्त नैतिक भावनाओं के स्थान में केवल निराशावाद, अवसाद और नैतिक अध:पतन का ही प्रसार हो सकता है। ऐसे वातावरण में जीवन का नीरस और भावरूप हो जाना स्वाभाविक है।

इस विचारधारा का हमारे पुराणादि साहित्य पर भी पड़ा है जैसे ब्रह्मपुराण में कहा है-

कष्टेऽस्मिन् दु:ख बहुले नि:सारे भवसागरे।[४]

महाभारत के शान्तिपर्व में कहा है-

अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं द्रव्य संचय:।[५]

उपर्युक्त विचारधारा की तुलना में यदि हम वैदिक विचारधारा का अवलोकन करें तो हमारा जीवन एक कैदी का सा दु:खमय निराशामय जीवन न होकर, हमारे उत्तरोत्तर विकास की एक आशामय अवस्था विशेष है, जैसे अपनी बुद्धि के उत्तरोत्तर विकास के लिए उत्सुक छात्र उत्साह और उमंग के साथ एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में दूसरी से तीसरी में, इसी तरह क्रमश: उत्तीर्णता प्राप्त करता हुआ, अपने विकास के मार्ग में अग्रसर होता जाता है, वैसे ही जीवन की यात्रा में उन्नति विरोधिनी भावनाओं और शक्तियों पर विजय प्राप्त करता हुआ अपने उत्तरोत्तर विकास की ओर बढ़ता जाता है।

वैदिक विचारधारा में आशावाद सदा से ओतप्रोत रहा है। मनुष्य की सारी उन्नति, जीवन की सफलता और सृष्टि की चरितार्थता आशावाद में ही प्रतिष्ठित है। यजुर्वेद में कहा है कि हम आशावादी बनें हमारी आशाएँ सफल हों-

अस्माकं सन्त्वाशिष:। सत्या न: सन्त्वाशिष:।।[६]

आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है। निराशा घोर अन्धकार है। इसीलिए वेद में कहा है-

तमसो मा ज्योतिर्गमय, अर्थात् हे भगवन्! मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले चलिए।

ऋग्वेद कहता है कि हे भगवन्! मुझे ज्योतिर्मय लोकों में अमृत पद अर्थात् शाश्वत जीवन प्राप्त कराइए-

लोको यत्र ज्योतिष्मन्तस्तत्र माममृतं कृधि।[७]

---

४. योगसूत्र २. १५.

५. ब्रह्मपुराण २६. १९. २१

६. महाभारत शान्तिपर्व २०५. ४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यजुर्वेद में कहा है–

उदायुषा स्वायुषोदस्थाम्।।[८]

अर्थात् हम दीर्घ और शुभ जीवन के लिए सदा उद्योगशील रहें। इसी प्रकार ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है कि तुम भद्र से भद्रतर जीवन को प्राप्त करो–

भद्रादभि श्रेय: प्रेहि।[९]

यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है हे देव सवित:! समस्त दुर्गुणों को हमसे दूर कीजिए और जो कल्याणप्रद हों, उसे हमें प्राप्त कराइए–

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव।[१०]

हे यजनीय देवगण! हम कानों से भद्र को ही सुनें, और आँखों से भद्र को ही देखें–

भद्रं कर्णेभि: श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्रा:।[११]

आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास: उद्भिद:।[१२]

यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है कि अज्ञानरुपी अन्धकार से उत्तरोत्तर प्रकाश की ओर बढ़ते हुए हम, देवताओं में सूर्य के समान, उत्तम ज्योति अर्थात् सर्वोत्कृष्टता को प्राप्त करें–

उद्वयं तमसस्परि स्व: पश्यन्त उत्तरम्।
देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्।[१३]

ऋग्वेद में प्रार्थना की गई है कि हम नवीन से नवीनतर और उत्कृष्ट से उत्कृष्टतर जीवन की ओर बढ़ते रहें–

प्रतार्यायु: प्रतरं नवीय:,[१४]

यजुर्वेद में कहा गया है कि मनुष्य को चाहिए कि वह अपने कर्तव्य कर्मों को करता हुआ ही पूर्ण आयु पर्यन्त जीने की इच्छा करे। उसका कल्याण इसी में हे, कर्तव्य कर्म को छोड़कर भागने में नहीं। कर्मबन्धन से बचने का यही उपाय है–

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:।
एवं त्वयि नान्यथेतोस्ति न कर्म लिप्यते नरे।[१५]

मनुष्य को दीनता से नहीं अपितु अदीनता से उन्नति पथ पर आगे बढ़ना चाहिए–

अदीना: स्याम शरद: शतम्। भूयश्च शरद: शतात्।[१६]

---

७. ऋग्वेद ९. ११३. ९
८. यजुर्वेद ४. २८
९. ऐतरेय ब्राह्मण १. १३
१०. यजुर्वेद ३०. ३
११. यजुर्वेद २५. २.
१२. यजुर्वेद २५. १४
१३. यजुर्वेद २०. २१
१४. ऋग्वेद १०. ५९. १
१५. यजुर्वेद ४०. २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
अथर्ववेद में भी यही कहा गया है-

जीवेम शरदः शतम्। बुध्येम शरदः शतम्।

रोहेम शरदः शतम्। पूषेम शरदः शतम्।

भवेम शरदः शतम्। भूषेम शरदः शतम्।

भूयसी शरदः शतात्।। [१७]

ऋग्वेद में जीवन के उल्लास व उन्नति की प्रेरणा दी गई है-

कृधी न उर्ध्वान्न चरथाय जीवसे। [१८] अर्थात् जीवन यात्रा में हमें समुन्नत कीजिए।

हम सदा प्रसन्नचित्त रहते हुए उदीयमान सूर्य को देखें व उल्लास के साथ जीवन के प्रत्येक दिन का स्वागत करें-

विश्वदानीं सुमनसः स्याम। पश्येम नु सूर्यमुचरन्तम्। [१९]

हमारी जीवनचर्या ऐसी हो जिससे यह सारा जगत् हमको व्याधियों से बचाकर प्रसन्नता देने वाला हो-

यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्मं सुमना असत्। [२०]

ऋग्वेद में इन्द्रदेव से सुन्दर जीवन के लिए प्रार्थना की गई है कि हे इन्द्रदेव! हमें श्रेष्ठ सम्पत्ति, शक्ति तथा सामर्थ्य की चेतना, सौभाग्य, धन की समृद्धि, सांसारिक स्वास्थ्य और नीरोगता, वाणी का माधुर्य और जीवन का सौन्दर्य प्रदान कीजिए-

इन्द्र! श्रेष्ठानि द्रविणानि देहि चित्तिं दक्षस्य सुभगत्वमस्मै।

पोषं रयीणामरिष्टिः तनूनां स्वादमानं वाचः सुदिनत्वमह्नान्।। [२१]

भगवान् से जीवन में सदा प्रसन्न रहने के लिए व आनन्द प्राप्ति के लिए प्रार्थना की गई है-

यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः मुद आसते।

.......तत्र माममृतं कृधि।। [२२]

उपर्युक्त वैदिक मन्त्रों में जीवन के उत्तरोत्तर विकास की ओर संकेत है। यह हमारा जीवन भगवान् का सर्वोत्कृष्ट प्रसाद है। कर्म ही तो जीवन है। उसका प्रकाशमय उत्तरोत्तर विकास ही हमारा कर्तव्य है। वैदिक विचारधारा की दृष्टि से इस जगत् सृष्टि के मूल में सृजन की शक्ति है वह निश्चय ही चेतनायुक्त होने के साथ-साथ करुणामयी भी है। उसके द्वारा उत्पन्न हुई इस सृष्टि का सारा उद्देश्य व प्रयोजन केवल हमारे विकास में सहायता देना ही है ठीक उसी तरह जैसे एक सुन्दर रमणीय उद्यान का निर्माण बच्चों के सर्वप्रकार के विकास के लिए होता है। जीवन के विषय में यह सुखद, स्वस्थ भव्य और स्वर्गीय भावना गंगा की धारा के समान दिव्य और पवित्र है।

---

१६. यजुर्वेद ३६. २४

१७. अथर्ववेद १९. ६७. २-८

१८. ऋग्वेद १. ३६. १४

१९. ऋग्वेद ६. ५२. ५

२०. यजुर्वेद १६. ४

२१. ऋग्वेद २. २१. ६

२२. ऋग्वेद ९. १३. ११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०५७-६१) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राचीन भारत में वेदकालीन नारी की स्थिति

डॉ० प्रभात कुमार[1]

ऋग्वेद में कन्या पद का प्रयोग अनेक स्थानों पर हुआ है।[2] यह दिव्य ऐश्वर्यों की प्रदात्री है, ऐसा कक्षीवान् ऋषि उषा के विषय में वर्णन करते हुए बता रहे हैं।[3] अथर्ववेद में शन्ताति ऋषि मरुत् देवता से प्रार्थना करते हुए कह रहा है कि जिस प्रकार वर्षा के द्वारा भूमि में वनस्पतियाँ आनन्दविभोर हो जाती हैं इसी प्रकार यह कन्या जब जाया का रूप धारण करती है तो परिवार में प्रसन्नता का वातावरण छा जाता है।[4] इस का वर्णन ऋग्वेद और अथर्ववेद में अन्यत्र भी प्राप्त होता है, जहाँ कन्या को परम सौभाग्यवती, ऐश्वर्यों को देने वाली तथा प्रबन्ध को करने वाली बताया गया है।[5] कन्या के लिये कन्यला पद का भी प्रयोग अथर्वा ऋषि ने लाक्षा देवता की स्तुति करते हुए किया है।[6] ऐसा ही वर्णन सावित्री सूर्या ऋषि भी करते हुए कह रही है कि यह कन्या पितृलोक से पतिलोक को प्रस्थान कर रही है, जहाँ यह सौभाग्य को प्रदान करेगी।[7] ऋग्वेद में योषित शब्द का प्रयोग कुमारी के अर्थ में भी प्राप्त होता है।[8] इसी प्रकार माता के लिये माता, जनित्री, अम्बा और नना शब्दों का प्रयोग ऋग्वेद में देखने को मिलता है।[9]

वृषाकपि इन्द्राणी इन्द्र से कहती है कि ये स्त्रियाँ सौभाग्यवती, पराक्रमी, वीर, सबला और शूर होती हैं।[10] सावित्री सूर्या ऋषि ने आत्मा देवता की स्तुति करते हुए नारी का एक गुण संयमी होना बताय है।[11] जिस घर में नारी संयमित जीवन-यापन करेगी, वह घर सुख और सौभाग्य से भरपूर हो जायेगा। समयानुसार अपनी ओजस्वी और गम्भीर वाणी का प्रयोग कर वह परिवार और समाज को सुमार्ग पर लाती है तथा करणीय कर्मों का उपदेश देते हुए धर्म का पालन कराती है।[12] वेदकालीन नारी न केवल घर शोभा ही होती है अपितु वह युद्धक्षेत्र में जाकर शुत्रसेना के छक्के छुड़ाती है और विजयश्री का वरण कराती है।[13]

वेदों में नारी करणीय कर्मों की विशाल शृङ्खला है। अथर्ववेद में ब्रह्मा ऋषि ब्रह्मौदन नामक देवता को नारी के कर्त्तव्यों का संकेत करते हैं-

---

१ एसोशिएट प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उ०ख०)

२ ऋग्वेद १.१२३.१०; १६१.५; ३.३३.१०; ६.४९.७; ८.९१.१ इत्यादि।

३ कन्येव तन्वा शाशदानाँ एषि देवि देवमियक्षमाणम्। संस्मयमाना युवतिः पुरस्तादाविर्वक्षांसि कृणुषे विभाति॥ ऋग्०१.१२३.१०

४ उदप्लुतो मरुतस्ताँ इयर्त वृष्टिर्या विश्वा निवतस्पृणाति। एजाति ग्लहा कन्येव तुन्नैरुं तुन्दाना पत्येव जाया॥ अथर्व०६.२२.३

५ ऋग्०४५८.९; अथर्व०१०.१२८-९

६ वृक्षं वृक्षमा रोहसि वृषण्यन्तीव कन्यला। जयन्ती प्रत्यातिष्ठन्ती स्परणी नाम वा असि॥ अथर्व०५.५.३

७ अथर्व०१४.२.५३

८ ऋग्वेद ९.३८.४

९ ऋग्वेद २.४१.१६; १०.६८.७; ९.११२.३

१० अथर्ववेद २०.१२६.६

११ भगस्त्वेतो नयतु हस्तगृह्याश्विना त्वा प्र वहतां रथेना॥ अथर्ववेद १४.१.२०

१२ गृहान्गाच्छ गृहपी यथासो वशिनी त्वं विदथमा वदासी॥ अथर्ववेद १४.१.१०

१३ प्रैतं पादौ तु स्फुरतं वहतं पृणतो गृहान्। इन्द्राण्ये तु प्रथमाजीतामुषिता पुरः॥ अथर्ववेद १.२७.४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गृहपति कार्यवश घर से बाहर जाये भी तो शीघ्र ही लौट आये, क्योंकि उसके सिर पर तो कर्मों का बड़ा भार लदा है। यह नारी यज्ञीय-कर्मों को स्वीकार करे तथा बुद्धिमती होती हुई अशुभ कर्मों का परित्याग कर डाले।[१४] शुभगुणों से अलंकृत नारी आलस्य को छोड़कर घर के कार्यों में व्यापृत रहे। उसका शक्तिशाली पति से सम्पर्क हो यह उत्तम पति तथा प्रशस्त सन्तानों वाली हो, यज्ञशील हो। सुख को पूरण करने वाले कार्यों को स्वीकार करे।[१५] नारी वेदोपदिष्ट यज्ञात्मक कर्मों में व्यापृत रहे। इससे शक्ति बनी रहेगी और जीर्णता न आयेगी।[१६] पवित्र जीवन वाली स्त्रियाँ कर्मों में व्याप्त रहें-खाली समय को ज्ञानप्राप्ति में लगायें। इस जीवन में ये उत्तम सन्तानों तथा उत्तम पशुओं को प्राप्त करेंगी।[१७]

अथर्ववेद में भृगु ऋषि विश्वकर्मा के दर्शन करते हुए स्त्री शुद्ध और पवित्र रहें तथा यज्ञ करने वाली हो-ऐसी कामना कर रहा है।[१८]

अथर्वा ऋषि ने जब ऋचा के दर्शन किये तब वहाँ से यह अर्थ उत्पन्न हुआ- राष्ट्र की मातायें देववृत्ति वाली तथा वीर सन्तानों को जन्म देने वाली हों, जिससे राष्ट्र की ऐसी उत्तम स्थिति हो कि इस राष्ट्र का राष्ट्रपति सजात लोगों में श्रेष्ठ गिना जाये।[१९]

इस प्रकार वेद में नारी से कामना की गयी है कि वह उत्तम वस्त्र और आभूषणों को धारण करती हुई उत्तमोत्तम भोजन का निर्माण करने वाली हो। पवित्र रहती हुई यज्ञ के कर्मों को सम्पन्न करने वाली हो। जागरूक रहती हुई परिवार की देखभाल करे और शूरपुत्रों को जन्म देने के साथ-साथ स्वयं भी साहसी हो, जिससे राष्ट्र उन्नत होता चला जाये।

वेदों में नारी के जिन कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है, उससे ज्ञात होता है कि उस नारी को घर से बाहर जाने और आने का पूर्ण अधिकार था। वह यज्ञकर्मों में दक्ष थी तथा यज्ञीय कर्मों को स्वयं करती भी थी। ज्ञानप्राप्ति में अपना समय व्यतीत करती थी अत: उसे पढ़ने-पढ़ाने का भी पूर्ण अधिकार था। वह युद्ध में युद्ध करने के लिये जाती थी अत: वह युद्धकला भी सीखती थी। इससे ज्ञात होता है कि नारी को वेदकाल में सभी अधिकार थे।

जिस प्रकार माता बालकों का हित-साधन करती है, पृथिवी के समान पुत्रों की उन्नति के लिये अनेक कष्टों को सहन करती है, सभी प्रकार के बुद्धिमत्ता पूर्ण कर्मों को पूर्ण करती है, अपने परिवार की विजय की कामना करती है, प्रगतिशील विचारधारा वाली होकर कर्मक्षेत्र में उतरती है और गौ के समान अपनी सन्तान को प्रेम करती है उसी प्रकार समाज की उन्नति सम्भव होती है।[२०] अर्थात् जिस प्रकार माता उक्त कर्मों को करती है वैसे ही सभी मनुष्यों को राष्ट्रहित में कार्य करने चाहिये। तभी देश की उन्नति सम्भव है।

---

१४ परेहि नारि पुनरेहि क्षिप्रमयां त्वा गोष्ठोऽध्वरुक्षद्भराय। तासां गृह्णीताद्यतमा यज्ञिया असन्विभाज्य धीरीतरा जहीतात्॥ अथर्ववेद ११.१.१३

१५ एमा अगुर्योषितः शुम्भमाना उत्तिष्ठ नारि तवसं रभस्व। सुपत्नी पत्या प्रजया प्रजावत्या त्वागन्यज्ञः प्रति कुम्भं गृभाय॥ अथर्ववेद ११.१.१४

१६ ऊर्जो भागो निहितो यः पुरा व ऋषिप्रशिष्टाप आ भरैताः॥ अथर्ववेद ११.१.१५

१७ शुद्धा पूता योषितो यज्ञिया इमा आपश्चरुमव सर्पन्तु शुभ्राः। अदुः प्रजां बहुलान्पशुन्नः पक्तौदनस्य सुकृतामेतु लोकम्॥ अथर्ववेद ११.१.१७

१८ अथर्ववेद ६.१२२.५

१९ हुवे देवीमदितिं शूरपुत्रां सजातानां मध्यमेष्ठा यथासानि॥ अथर्ववेद ३.८.२

२० अथर्ववेद १.२.१-४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गृत्समद ऋषि ने सिनीवाली देवता के मन्त्र का अर्थदर्शन करते हुए बहिन के लिये स्वसा पद का प्रयोग किया है और कामना की है कि यह हमारी बहिन देवताओं के द्वारा भी अभिलषणीय हो, यह यज्ञ में आहुति प्रदान करने वाली बने अर्थात् उत्तम कर्मों में सदा सहायक हो तथा राष्ट्र के लिये उत्तमोत्तम प्रजा की जन्मदात्री सिद्ध हो।[२१] अथर्वा ऋषि यम देवता से पति और पत्नी के आपस के व्यवहार को दर्शाता हुआ कहता है कि पति पी का रक्षण करता है। पी पति को सुस्थिति प्राप्त कराती है। परस्पर प्रेमभाव से युक्त होकर वे एक-दूसरे की न्यूनताओं को दूर करने वाले होते हैं। पति और पी वस्तुतः एक-दूसरे के पूरक हैं।[२२] ऋग्वेद में कक्षीवान् दैर्घतमस् ऋषि कहते हैं कि कन्या के भाई होना बहुत आवश्यक है, उसका कारण उन्होंने यह दिया है कि यदि किन्हीं कारणों से असमय पिता की मृत्यु हो जाये तो कन्या के लिये अच्छे पति का अन्वेषण भाई के अतिरिक्त और कौन करेगा? अतः भाई का होना बहुत आवश्यक है। स्वयं पति की तलाश करना वैदिककाल में अशुभ माना जाता था। भाई से रहित होने पर उषा द्वारा पति का ढूँढ़ना अच्छा कर्म नहीं समझा जा रहा है।[२३] भाई से रहित कन्या ऋग्वेद में इसलिये भी उत्तम नहीं मानी गयी है यदि किन्हीं कारणों वश पति उत्तम न मिले और उधर पिता का वरदहस्त भी जाता रहे तो नारी का हृदय से सहायक भाई के अतिरिक्त ओर कौन हो सकता है।[२४]

वेदों में नारी के गुण बताने के साथ-साथ यह कामना भी की गयी है कि वर नारी को सुशिक्षित करे और स्वयं भी शिक्षित रहे। स्वयं धर्म का आचरण करे और नारी को भी धर्माचरण में प्रेरित करे। स्वयं भी प्रसन्न और सुखी रहे तथा नारी को भी प्रसन्न और सुख प्रदान करे।[२५] गृहपति यह अपना सर्वाधिक आवश्यक कर्त्तव्य समझे कि घर में हमेशा पोषण के लिये आवश्यक सामग्री में कमी न हो। पत्नी भी इस सम्बन्ध को प्रभु प्रेरणा से हुआ-हुआ समझती हुई पति के साथ प्रेम से गृहस्थ यज्ञ में उत्तम सन्तानों वाली बनें।[२६] वस्तुतः नारी के पालन पोषण का उत्तरदायित्व वैदिककाल में पुरुष पर होता था। वह घर की शोभा मानी जाती थी।

नारी के गुणों का वर्णन करते हुए भृग्वङ्गिरा ऋषि ने अच्छा वर्णन किया है।[२७] जिसमें वैदिक पद्धति में एक युवक अपनी जीवन-यात्रा की निर्विघ्न पूर्ति के लिये अपना एक साथी चुनता है। वह वरणीय कन्या में दो गुणों को महत्त्व देता है। वे गुण है-भगः, वर्चः। वह कहता है कि मैं इस कन्या के अन्तः व बाह्य सौन्दर्य को तथा तेजस्विता को आदर से देखता हूँ और वृक्ष जैसे माला को धारण करते हैं, पुष्पों को लेकर माला बनाते हैं, इसी प्रकार इस कन्या के पितृकुलरूप वृक्ष से गुणरूपी माला से अलंकृत इस कन्या का ग्रहण करता हूँ। जैसे विशाल मूल वाला पर्वत स्थिरता से एक स्थान में रहता है उसी प्रकार यह कन्या दीर्घकाल

---

२१ सिनीवालि पृथुष्टुके या देवानामसि स्वसा। जुषस्व हव्यमाहुतं प्रजां देवि दिदिड्ढि नः॥ ऋग्वेद २.३२.६

२२ किं भ्रातासद्यदनाथं भवाति किमु स्वसा यान्तिर्ऋतिर्निगच्छात्। काममूता बह्वे३तद्रपामि तन्वा मे तन्वं सं पिपृग्धि॥ अथर्ववेद १८.११.२

२३ अभ्रातेव पुंस एति प्रचीती गर्तारुगिव सनये धनानाम्। जायेव पत्य उशती सुवासा उषा हस्रेव नि रिणीते अप्सः॥ ऋग्वेद १.१२४.७

२४ अभ्रातरो न योषणो व्यन्तः पतिरिपो न जनयो दुरेवाः। पापासः सन्तो अनृता असत्या इदं पदमजनता गभीरम्॥ ऋग्वेद ४.५.५

२५ नीललोहितं भवति कृत्यासक्तिर्व्यज्यते। एधन्ते अस्या ज्ञातयः पतिर्बन्धेषु बध्यते॥ अथर्ववेद १४.१.२६

२६ ममेयमस्तु पोष्या मह्यं त्वादाद् बृहस्पतिः। मया पत्या प्रजावति सं जीव शरदः शतम्॥ अथर्व०१४.१.४२

CC-0.In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२७ भगमस्या वर्च आदिष्यधि वृक्षादिव स्रजम्। महाबुध्नइव पर्वतो ज्योक्तिपृष्वास्ताम्॥ अथर्ववेद १.१४.१

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तक माता-पिता के समीप निवास करें। घर में पर्वत के समान स्थिरता से रहना, इसका अभिप्राय उसके व्यर्थ इधर-उधर न घूमने तथा सच्चरित्रता को प्रकट करता है।

वेद की नारी भग तथा वर्च वाली है। वह घर में ऐश्वर्य की रक्षिका तथा तेज की उत्पादिका मानी गयी है।[२८] नारी को मृदुता, सरलता, अक्रोध, पातिव्रत्य, मधुरभाषिता और आज्ञापालन करने वाली होना चाहिये।[२९] वह प्रसन्नचित्त रहे तथा उत्तम विचारों को परिवार में प्रकट करे।[३०]

वेद की नारी का आशीर्वाद व शिक्षा इस रूप में दी जाती है कि तू प्रकृष्ट बोधवाली हो। उत्तमबुद्धिवाली तू समझदार बन। इस प्रकार तू शतवर्षों में दीर्घजीवन के लिये हो। पति के गृह को तू प्राप्त हो, जिससे तू गृहपी बने। तू वस्तुत: घर का उत्तमता से रक्षण करने वाली हो। वह सर्वोत्पादक, सर्वप्रेरक प्रभु तेरे आयुष्य को दीर्घ करे।[३१] जिस प्रकार वृष्टि का कारणभूत समुद्र नदियों के साम्राज्यों को अपने लिये उत्पन्न करता है, इसी प्रकार हे नारि! पति के घर में पहुँचकर तू शासन करनेवाली बन।[३२] नारी को पति के घर में प्राप्त होकर घर की व्यवस्था को समुचित रखने का उत्तरादायित्व अपने कन्धों पर ले लेना चाहिये।

नारी को अपने पति के घर में जाकर घर का समुचित प्रबन्ध करना है, उससे सावित्री ऋषि का कथन है कि वहाँ पतिगृह में तू परायापन अनुभव न करना। परायेपन की बात तो दूर रही तू पितृतुल्य बड़े लोगों से सम्राज्ञी बनकर रहना। उनके सब कार्यों की सम्यक् व्यवस्था करने वाली हो और सब देवरों में तू सम्राज्ञी हो। उनके सब कार्यों को समुचित रूप से कराती हुई तू उनके रञ्जन का कारण बन। ननद की भी तू सम्राज्ञी हो। तू ननद की सब आवश्यकताओं का ध्यान करती हुई उसकी प्रिय बन और श्वस्रु की भी तू सम्राज्ञी हो। सास को भी अपने उचित व्यवहार से तू महारानी सी प्रिय लगे।[३३]

वेद में यह स्पष्ट निर्देश है कि जो लोग घर में शान्ति की इच्छा करते हैं उन्हें घर के आन्तरिक कार्यो में नारी को महत्त्व देना चाहिये और समाज के बाह्य कार्यों में अर्थात् सभा आदि में पति को सम्राट् बनाने का प्रयास करें। अथर्वा ऋषि कह रहा है कि एक नारी चाहती है कि घर में वही सम्राज्ञी बनकर रहे, सभा में पति सम्राट् बने। अत: वह कहती है कि हे पतिदेव! घर में मैं ही बोलती हूँ, आप यहां न बोलिये। सभा में आप ही बोलिये। अर्थात् जब आप मेरे समीप प्राप्त होते हैं, तब मैं ही बोलती हूँ आप तो मेरे द्वारा कही हुई बात अनुवादमात्र ही करते हैं। मेरे प्रतिकूल कभी नहीं कहते। सभा में आपका स्थान है, मैं सभा में नहीं जाती, वहाँ मैं जाती भी हूँ, तो शान्त रहती हूँ। इस प्रकार आप केवल मेरे ही होओ। औरों का नाम भी न लीजिये। आपका झुकाव किसी अन्य युवती के प्रति न हो।[३४]

वस्तुत: वेद पी का पति पर पूर्ण अधिकार मानता है।[३५] वैदिक नारी धर्मपी है और पुरुष गृहपति कहलाता है। पति पत्नी से कहता है कि उचित मार्ग से ऐश्वर्य को कमाने वाले ने ही तेरे हाथ का ग्रहण किया

---

२८ अथर्ववेद १.१५.४

२९ शुचा विद्धा व्योषया शुष्कास्याभि सर्प मा। मृदुर्निमन्यु: केवली प्रियवादिन्यनुव्रता॥ अथर्ववेद ३.२५.४

३० सा मन्दसाना मनसा शिवेन रयिं धेहि सर्ववीरं वचस्यम्। सुगं तीर्थं सुप्रपाणं शुभस्पती स्थाणुं पथिष्ठामप दुर्मतिं हतम्॥ अथर्ववेद १४.२.६

३१ प्र बुध्यस्व सुबुधा बुध्यमाना दीर्घायुत्वाय शतशारदाय। गृहान्गच्छ गृहपत्नी यथासो दीर्घं त आयु: सविता कृणोतु॥ अथर्ववेद १४.२.७५

३२ यथा सिन्धुर्नदीनां साम्राज्यं सुषुवे वृषा। एवा त्वं सम्राज्येधि पत्युरस्तं परेत्य॥ अथर्ववेद१४.१.४३

३३ सम्राज्येधि श्वशुरेषु सम्राज्युत देवृषु। ननान्दु: सम्राज्येधि सम्राज्युत श्वश्र्वा:॥ अथर्व०१४.१.४४

३४ अहं वदामि नेत्वं सभायामह त्वं वद। ममेदसस्त्वं केवलो नान्यासां कीर्तयाश्चन॥ अथर्ववेद ७.३८.४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३५ सपत्नीं मे परा णद पतिं मे केवलं कधि॥ अथर्ववेद ३.१८.२

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। निर्माणात्मक कर्मों में अभिरुचि वाले ने ही तेरे हाथ को ग्रहण किया। यज्ञादि उत्तम कर्मों के हेतु से ही तू मेरी पत्नी हुई है। तेरे साथ मिलकर यज्ञादि उत्तम कर्मों को कर पाऊँगा। मैं तेरे घर का रक्षक होऊँगा। घर तो तेरा ही होगा, तूने ही इसका निर्माण करना होगा। मैं तो इसका रक्षक मात्र ही होऊँगा।[३६]

इस प्रकार वेदकालीन नारी घर और समाज का आभूषण होने के साथ-साथ वह सम्राज्ञी भी है, सौभाग्यवती भी है, शिक्षिका भी है और उपदेश करने वाली भी है। वेद का ऋषि नारी को अति आदर और सम्मान के साथ स्थान देता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३६ भगस्ते हस्तमग्रहीत्सविता हस्तमग्रहीत्। पत्नी त्वमसि धर्मणाहं गृहपतिस्तव॥ अथर्ववेद १४.१.५१

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri ISSN 0974-8830

संहिताओं के सन्दर्भ में आधुनिक नारी

कु० इन्दु शर्मा[१]

विश्व का प्राचीनतम साहित्य भण्डार वेद है। इस तथ्य को सभी विद्वानों ने उन्मुक्त-कण्ठ से स्वीकार किया है।[२] चारों संहिताओं में ऋग्वेद सबसे अधिक प्राचीन है।[३] वैदिककाल को नारी-जाति की मान्य स्थिति का स्वर्णिम काल कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। वेदों में नारियों को अनेक स्थलों पर धार्मिक क्षेत्रों में पुरुष के समान कहा गया है।[४] ऋग्वेद में नारी को 'ब्रह्मा' संज्ञा से अभिहित किया गया है। क्योंकि ब्रह्मा ज्ञान का अधिष्ठाता है। यही यज्ञों का संचालक है और ज्ञान-विज्ञान में श्रेष्ठतम है अत: उसे यज्ञ में सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। उसी प्रकार नारी को ज्ञान-विज्ञान में निपुण होने के कारण ब्रह्मा बताया गया है। यही नहीं, ऋग्वेद में नारियों के 'उपवीत' संस्कार का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[५]

परन्तु परवर्ती काल में अनेक ऐसी भेदमूलक, साम्प्रदायिक, रूढ़ियों को समाज में प्रचारित किया गया, जैसे-वेद का मुख्य स्वर स्त्री-विरोध का है अर्थात् वेदों में नारी-जन्म, शिक्षा, विवाह, व्यवसाय राजनीति, धर्म, संस्कृति और अर्थ आदि सभी विषयों में उपेक्षित है। उसका कोई भी अधिकार नहीं है, वह केवल वस्तु-मात्र है। यही मिथ्या धारणा आज समाज में प्रचलित है। इस धारणा के विपरीत वेदों में नारी को सदैव श्रद्धा की दृष्टि से ही देखा गया है। यहाँ कहीं भी कन्या-जन्म को अवांछित अथवा परिवार को शोकाकुल करने वाला नहीं कहा गया है। तथापि प्राय: आलोचक वेद पर यह आरोप लगाते हैं कि, वेदों में केवल पुत्र-जन्म की ही अभिलाषा प्रकट की गई है।[६] वेदों में कही भी मन्त्रों में पुत्र अथवा पुत्री शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, यहाँ तो 'अपत्य' शब्द को दोनों के ही पर्याय के रूप में गृहीत किया गया है। 'निघण्टु' नामक वैदिक शब्दकोश में अपत्यवाची पन्द्रह शब्दों को पर्याय रूप में उद्धृत किया गया है।[७]

ऋग्वेद में देवियों के यज्ञों में आह्वान किया गया है। ऋषि कहते हैं कि यहाँ इन्द्र पी, वरुण पत्नी और अग्नि पत्नी को मैं कल्याण हेतु तथा सोमपान हेतु बुलाता हूँ।[८] एक अन्य मन्त्र में ऋषि ने वाग्देवी, भूमिदेवी और सरस्वती देवी से यज्ञ में आने की प्रार्थना भी की है।[९] वैदिककाल में विदुषी नारी के द्वारा यज्ञ

---

१. शोध-छात्रा (संस्कृत विभाग), जे०वी०जैन कालेज, सहारनपुर, फोन : ९४१०८७४५९४
२. (क) मैक्समूलर, ऋग्वेद संहिता खण्ड-१, पृ० ११ (ख) स्वामी दयानन्द सरस्वती, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदोत्पत्ति विषय, पृ० १६-१८
३. These four Vedas, only one is important and real i.e. The Regveda, Masc Muller, Vedas, P.No. 15
४. अध: पश्यस्व मोपरि संतरां पादकौ हर। मा ते कशप्लकौ दृशन्स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ।। - ऋ०वे० ८/३३/१९
५. देवा एतस्यामवदन्त पूर्वे सप्तऋषयस्तपसे ये निषेदुः। भीमा जाया ब्राह्मणस्योपनीता दुर्धां दधाति परमे व्योमन्।। - ऋ०वे० १०/१०९/४
६. डी०एन० झा, प्राचीन भारत : एक रूपरेखा, पृ० २९
७. तुक्। लोकम्। तनयः। तोक्म। तक्म। शेषः। अप्नस्। गयः। जाः। अपत्यम्। यहुः। सूनुः। नपात्। प्रजा। बीजम्। इति पंचदश अपत्यनामानि। निघण्टु-२/२
८. इहेन्द्राणी ह्वये, वरुणानी स्वस्तये। अग्नायीं सोमपीतये। - ऋ० वे० १/२२/१२
९. आ नो यज्ञं भारती तूयमेतु- इड़ा मनुष्वदिह चेतयन्ती। तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं स्योनं सरस्वती स्वपसः सदन्तु।। - ऋ० वे० १०/११०/८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
संचालन तथा धारण करने का भी वर्णन प्राप्त होता है।[१०] पति-पत्नी द्वारा साथ मिलकर यज्ञ करने का भी वर्णन अनेक स्थलों पर मिलता है।[११] वेदों में सन्तान की कामना करते हुए प्रार्थना मिलती है कि 'मेरे पुत्र शत्रुहंता हों और पुत्री भी विशेष तेजस्विनी हो।'[१२] यजुर्वेद में भी ऐसी ही प्रार्थनाएँ प्राप्त होती हैं जैसे-'हमारे राष्ट्र में विजयशील, सभ्य और वीर युवक तथा बुद्धिमती नारियाँ उत्पन्न हों।[१३] अथर्ववेद का कथन है कि 'जैसा यश कन्या में होता है, वैसा यश मुझे प्राप्त हो। (यथा यशः कन्यायाम्)।'[१४] उपर्युक्त उदाहरणों से यही द्योतित होता है कि पुत्र की भाँति पुत्री जन्म वेद को ईप्सित है।

पूर्वकाल में स्त्रियाँ उत्कृष्ट रीति से पढ़ती थीं। स्त्रियों को सभी अधिकार प्राप्त थे। गार्गी, सुलभा, मैत्रेयी, कात्यायनी आदि बड़ी-बड़ी सुशिक्षित स्त्रियाँ याज्ञवल्क्य जैसे ऋषि-मुनियों को भी शंका में डाल देती थी।[१५] विवाह के सम्बन्ध में भी जो स्वातन्त्र्य वैदिककाल में नारियों को प्राप्त था वह आज आधुनिक काल में दृष्टिगत नहीं होता अर्थात् कन्याओं को अपने माता-पिता द्वारा चयनित वर से ही विवाह करना होता है, जबकि वैदिक काल में कन्या अपने अनुरूप पति-चयन में पूर्णतः स्वतन्त्र थीं। इसके अनेक प्रमाण वेदों में द्रष्टव्य हैं।[१६] प्रो० रोमिला थापर ने भी वैदिक मत को अङ्गीकृत किया है।[१७] वेदों में विधवा-पुनर्विवाह का भी प्रावधान है।[१८] अथर्ववेद में वर्णन प्राप्त होता है कि-हे नारी! तू इस निष्प्राण पति के पास पड़ी हुई है। आ, जीवितों के लोक में आने के लिए उठ। तेरा पाणिग्रहण करने वाले तथा तेरा धारण-पोषण करने वाले पति की यह संतान तू पा चुकी है, इसी के पालन-पोषण में मन लगा।[१९] यही नहीं वेद यह भी कहता है कि यदि कोई स्त्री पुनर्विवाह नहीं करना चाहती है और अपने पतिगृह में ही रहना चाहती है तो उसे अपनी संतति और अपने पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार प्राप्त है। पति की मृत्यु के बाद उसके साथ कोई दुर्व्यवहार, ससुराल वाले नहीं करते थे।[२०] ऋग्वेद में 'देवर' से 'विधवा स्त्री' के विवाह का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है।[२१]

इक्कीसवीं सदी में 'बाल विवाह' की (बुराई) जीवित है। संचार के माध्यम से प्रायः इस सम्बन्ध में समाचार मिलते रहते हैं। जबकि वैदिककालीन समाज इस कुरीति से अछूता था। वेदों में स्पष्ट रूपेण विवाह-योग्य आयु का उल्लेख प्राप्त होता है।[२२] अन्य अनेक मन्त्रों में ऐसे उदाहरण दर्शनीय हैं।[२३] वेदों के अनुसार कन्याएँ भी यज्ञों में भाग लिया करती थीं। वेदों में कहीं भी यज्ञ-कर्म से नारी को वंचित नहीं किया

---

१०. पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। यज्ञं वष्टु धियावसुः। चोदयित्री सूनृतानां चेतयन्ती सुमतीनां यज्ञं दधे सरस्वती।- ऋ० वे० १/३/१०-११

११. ऋ० वे० - १/२८/३, ५/३/२, ५/४३/१५, ८/१/२९, १/७३/२, ८/१३/१३

१२. ऋ० वे० - १०/१५९/३, ८/३१/८

१३. यजु० वे० - २२/२२

१४. अथर्व० वे० - १०/३/२०

१५. बृ० उ०

१६. ऋ० वे० - ५/३२/११, १०/१८१/१, १०/१८३/३

१७. प्रो० रोमिला थापर, भारत का इतिहास, पृ० २८

१८. ऋ०वे० - १०/४०/२

१९. (क) अर्थवेद - १८२३/३ (ख) डॉ० रामनाथ वेदालंकार, वैदिकनारी, पृ० ३४

२०. अर्थवेद - १८/३२१

२१. वैदिकनारी, पृ० ३३-३४, ३० पर उद्धृत।

२२. ऋ० वे० - २/३५/४

२३. ऋ० वे० - ३/५५/१६, १/१६७/६, ३/५४/१४, ५/२/१, ५/६१/९, ७/१/६, ७/८०/२, १०/३०/६, १०/४०/११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है।[२४] वेदों में नारी को राजनीतिक स्थिति को प्रकट करते हुए कहा गया है कि नारियाँ केवल नगर-प्रबन्ध का कार्य ही नहीं करतीं थीं अपितु वे राज्य की सबसे ऊँची व्यवस्थापक सभाओं की सदस्य भी हुआ करती थीं। राज्य संचालन में ऐसी संस्थाओं की नियामक भूमिका होती थी।[२५]

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में यह कह सकते हैं कि इक्कीसवीं सदी में नारी अधिक सम्पन्न होने के विपरीत अधिक विपन्न है। आज स्त्रियों को विकट चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कन्या का जन्म आज भी परिवार में शोक का कारण माना जाता है। यही नहीं, यदि कन्या-भ्रूणहत्या के सम्पूर्ण आँकड़े उपलब्ध हो जाए तो हमें निश्चित रूप से अपने मनुष्य होने पर संदेह होने लगेगा। इक्कीसवीं सदी का मानव तो और भी अधिक सभ्य और सुसंस्कृत होना चाहिए था, परन्तु इसके पूर्णत: विपरीत स्थिति आज दृष्टिगत होती है। तथापि कन्या अपने आन्तरिक जीवट के कारण, उच्छिष्ट पर भी जीवित रहकर, अपने व्यक्तित्व के निर्माण में निरन्तर तत्पर है। वर्तमान समाज में यदि अपराधों पर दृष्टिपात किया जाए तो लगभग तीन चौथाई अपराध का केन्द्रबिन्दु नारियाँ ही होती हैं। इन अपराधों में-बालात्कार, हत्या, भ्रूणहत्या और दहेज-हत्याओं आदि को उदाहरण रूप में लिया जा सकता है। इसके विपरीत वेद की नारी, व्यक्तित्व सम्पन्न और उदात्त थी। वह परिवार एवं समाज में सम्मानित तथा सभी अधिकारों से सम्पन्न थी। वस्तुत: वेद की दृष्टि में जो योग्य हैं वे ही प्रशंसनीय हैं, न कि पुरुष या स्त्री होना ही प्रशंसा की पात्रता है।[२६] इस प्रकार जो सम्मान नारियों को वैदिक काल में प्राप्त था वह सम्मान वर्तमान में नहीं है।

---

२४. ऋ० वे० - ८/३१/१५/८, १०/११४/३, १०/८५/४७, १/७२/५, २/६/५, ५/४४/५, ७/१/६, ३/२६/३

२५. अथर्व० वे० - ७/३८/४, १२/३/४६, १२/३/५२

२६. उत त्वा स्त्री शशीयसी, पुंसो भवति वस्यसी अदेव त्रादराधसः। वि या जानाति जसुरिं, वि तृष्यन्तं वि कामिनम् देवत्रा कृणुते मनः।। ऋ० वे० ५/६२/६, ७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०६५-६९) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक-वाङ्मय में राजा के कर्त्तव्य

डॉ० उमा जैन[१]

चारों वेदों के सैकड़ों मन्त्रों में राजा के कर्त्तव्यों का निर्देश है। ऋग्वेद और यजुर्वेद में वरुण का सम्राट् रूप में वर्णन है और उसके लिए विशेषण दिया गया है- धृतव्रत: अर्थात् निर्धारित नियमों और कर्त्तव्यों का पालन करने वाला।[२] व्रत शब्द निर्धारित नियम, अनुशासन, प्रतिज्ञा और संकल्प के अर्थ में आता है। धृतव्रत: से ज्ञात होता है कि राजा के लिए भी कुछ कर्त्तव्य निर्धारित हैं और उनका पालन करना राजा का कर्त्तव्य है। राजा प्रकृति--रंजनात्, प्रजा का रंजन करने के कारण राजा होता है। राजा के अभाव में धनवान् असुरक्षित रहते हैं। कृषक एवं ग्वाले द्वार बन्द करके सोते हैं। जिस प्रकार बिना जल के नदी, बिना घास के वन, बिना गो रक्षक के पशुओं के झुण्ड, उसी प्रकार बिना राजा के एक देश की दशा होती है।

स्मृतियों एवं अन्य ग्रन्थों में भी राजा की आवश्यकता पर बल दिया गया है। मनु का कथन है कि जब सभी व्याकुल होकर इधर-उधर दौड़ने लगे और विश्व में कोई स्वामी नहीं था, तब विधाता ने इस विश्व की रक्षा हेतु राजा का प्रणयन किया। मनु ने मात्स्य न्याय अर्थात् 'बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है' या बलवान् दुर्बल को परास्त कर देता है तथा 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली उक्ति की ओर इंगित किया है। इस मात्स्य न्याय से अभिभूत होकर लोगों ने मनु वैवस्वत को अपना राजा बनाया।[३] मनु तथा बृहस्पति का मत है कि ईश्वर ने इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर इन आठ देवों के सार भाग से राजा का सृजन किया।[४] यह उद्धरण राजा को देवों से भी ऊँचा स्थान देता है, क्योंकि राजा में अष्ट-देवों के विशिष्ट गुण हैं। अत: राजा इन आठ देवों से भी श्रेष्ठ है। संस्कृत नाटकों में राजा को 'देव' शब्द से सम्बोधित किया गया है। मनु ने सत्यवादी, समीक्षा-परायण (गुण-दोष की सम्यक् परीक्षा की सामर्थ्य रखने वाला), बुद्धिमान् और धर्म, अर्थ, काम के वास्तविक रहस्य के ज्ञाता राजा को ही दण्ड धारण करने का अधिकारी बतलाया है।[५]

शुक्रनीति में राजा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि यदि राजा प्रजा का सुव्यवस्थित रूप से नेता न हो तो प्रजा उसी प्रकार विपत्ति रूपी सागर में डूब जाएगी जैसे बिना पतवार के नाव। राजा प्रजा को अधर्म से, अन्याय और अत्याचार से बचाता है तथा धर्म, अर्थ और काम से युक्त करता है। राजा के बिना प्रजा और प्रजा के बिना राजा भी नहीं रह सकता है।[६]

राजा को कैसा होना चाहिए इस सम्बन्ध में याज्ञवल्क्य का मत है कि उत्साही, दानी, कृतज्ञ, वृद्धसेवी, सत्त्वगुण सम्पन्न, कुलीन, सत्यवादी, पवित्र, आलस्यहीन राजा का राज्याभिषेक करना चाहिए। इसके अतिरिक्त राजा में अच्छी स्मरण-शक्ति, सद्गुण, अछिद्रान्वेषी, धार्मिक, अव्यसनी, बुद्धिमान्, तथा

---

१ रीडर संस्कृत विभाग, मुन्ना लाल एण्ड जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, सहारनपुर
२ ऋग्वेद १.२५, १० यजुर्वेद १०.२७
३ मनुस्मृति ७.३
४ मनु० ७.४, ५.९६। बृहस्पति स्मृति १.६-७
५ मनु० ७.२६
६ शुक्रनीति १.६५, ६७, ६६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीरता के गुणों का समावेश होना चाहिए। साथ ही राजा को गुप्त बात न बताने वाला, आत्मविद्या एवं दण्डनीति तथा विद्या एवं वार्ता में प्रवीण होना चाहिए।[७] राजा के दण्ड के भय से चराचर अपने धर्म में लगे रहते है और उनका उपभोग करते हैं। राजा देश, काल, दण्डशक्ति और विद्या का ठीक प्रकार से विचार करके अपराधियों को दण्डित करता है।

राजा के कर्त्तव्य के सम्बन्ध में ऋग्वेद का कथन है कि राजा इतना प्रतापी हो कि पापी (असुर, राक्षस) छल-प्रपंच और आतंक फैलाने का साहस ही न कर सके। वह दुष्टों को घातक शस्त्रों से मरवा डाले और छल-प्रपंच करने वालो को मरवा डाले। जिससे हमारे देश में कोई राष्ट्रद्रोही न रहने पावे।[८] इसका अभिप्राय है कि देश में जो भी राजद्रोही छिपकर रहते है, उनको सर्वथा नष्ट कर देना चाहिए जिससे प्रजा बाहरी और आन्तरिक शत्रुओं के भय से मुक्त हो सके। क्योंकि कठोर अनुशासन और निरीक्षण से ही राजा अधिराज होता है। यदि कठोर अनुशासन नहीं होगा तो प्रजा में अव्यवस्था फैलेगी।

राजा का कर्त्तव्य है कि वह ईश्वर भक्त और आस्तिक हो। ऋग्वेद का कथन है कि वह इन्द्र (परमात्मा) का प्रिय हो।[९] राजा के धर्म प्रेमी होने पर प्रजा सत्कर्मों में प्रवृत्त होगी। भारत एक कृषि प्रधान देश होने के कारण कृषि की ओर और किसानों के अभ्युदय की ओर ध्यान देना भी राजा का कर्त्तव्य है। इससे अर्थात् कृषि विकास से राजा धन-संग्रह करके अपने कोष की वृद्धि करे। साथ ही धन का यथायोग्य वितरण करे।[१०] राजा अपनी योग्यता और शक्ति से प्रजा से कर (Tax) वसूल करता है।[११] और उस धन को प्रजा के हितार्थ व्यय करता है। ऋग्वेद में दो महत्त्वपूर्ण कार्यों की ओर राजा का ध्यान आकृष्ट किया गया है- १. 'मघवन्' की रक्षा २. विद्वानों की रक्षा।[१२] मघवन् का अर्थ है- धनवान्, सम्पन्न, व्यापारी वर्ग। व्यापार और व्यापारियों की रक्षा नहीं होगी तो देश का विकास सम्भव नहीं है। यदि विद्वानों और शिक्षा-संस्थाओं को संरक्षण नहीं दिया जाएगा तो शिक्षा का प्रसार नहीं हो सकेगा। इसलिए अज्ञानियों को ज्ञान दो और अशक्तों को सशक्त और सजीव बनाओ। ऋग्वेद में ही अन्यत्र कहा है कि राजा अशिक्षा को दूर करे और भूखों को अन्नादि दे।[१३] राजा विद्वानों को संरक्षण दे।[१४] जब राजा विद्वानों को संरक्षण देगा, उनका सत्कार करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा, तभी शिक्षा का प्रसार होगा और जनता में कर्त्तव्य-बोध जागृत होगा।

वेदों में राजा का प्रजा के प्रति क्या कर्त्तव्य है, इस विषय पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। राजा और प्रजा में अङ्ग-अङ्गी के तुल्य अभिन्न सम्बन्ध है। अङ्गों के हृष्ट-पुष्ट होने पर शरीर हृष्ट-पुष्ट होता है। यदि अङ्ग निर्बल है तो शरीर भी निर्बल होगा। इसी प्रकार प्रजा के सबल होने पर राजा भी सबल होगा। ऋग्वेद में कहा है कि राजा धुरि (नेमि) है और प्रजा उसके अरे (डंडे) है।[१५] अर्थात् राजा केन्द्रस्थ अवयवी है और प्रजा उसके अवयव हैं।

---

७ याज्ञ० १.३०९-३११
८ ऋग्वेद १०.१२४.५, ७.१०४.२५, १०.५७.१
९ वही ४.२२.४
१० वही ४.१७.११
११ वही ७.६.५
१२ वही १.५४.११
१३ वही १.६.२, १०.४३.३
१४ ऋग्वेद १.५४.११
१५ वही १.३२.१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यजुर्वेद में राष्ट्र की रक्षा के लिए राजन्य अर्थात् क्षत्रिय की सृष्टि हुई है। क्षत्र शब्द का अर्थ है- क्षतात् त्रायते इति अर्थात् जो क्षति या विपत्ति से बचाता है। उसे क्षत्र या क्षत्रिय कहते हैं। क्षात्रधर्म राजा की आत्मा और हृदय है।[१६] यजुर्वेद में कुछ कर्त्तव्यों की ओर राजा का ध्यान आकृष्ट किया गया है- बहुकार, श्रेयस्कर, भूयस्कर।[१७] अर्थात् बहुकार-राष्ट्र की उन्नति के लिए बहुत से कार्य करने हैं। तुझे बहुत सी योजनाएं बनानी होंगी और उन्हें कार्यान्वित करना होगा। श्रेयस्कर-तुझे बहुत से कल्याणकारी कार्य करने होंगे। भूयस्कर- जो योजनाएं सफल और जनहितकारी सिद्ध होती है, उनको बार-बार चालू करना होगा। राक्षस और पापियों के विनाश के लिए तुझे राजा बनाया गया है। राजा के लिए आदेश है कि वह शत्रुसेना पर विजय प्राप्त करे तथा कभी भी पराजित न हो। उपद्रवी एवं कपटी लोगों को नष्ट करे। राज्याभिषेक के समय में भी प्रार्थना की जाती है कि वह शत्रुओं को सर्वथा समाप्त कर दे। अपने शत्रुओं को पैर से रौंद दे।[१८] 'प्रजा: पाहि' अर्थात् प्रजापालन एवं प्रजा को निर्भय बनाना राजा का कर्त्तव्य है। एक अन्य मन्त्र में कहा गया है कि प्रजा राजा को पूर्ण सहयोग दे और राजा प्रजा को सभी प्रकार से संरक्षण दे। वह प्रजा को इस प्रकार संरक्षण दे कि प्रजा को किसी प्रकार की हानि न पहुँचे।[१९] यजुर्वेद में राजा को 'स्वराजस्थ' कहकर स्वराज्य की स्थापना करने का आदेश दिया है, और राजा ने भी राष्ट्र को अपनी रीढ़ की हड्डी (Back- Bone) कहा है। अतएव उग्रवादी को कठोर दण्ड से, दुष्टों को कठोर व्यवहार से और मित्रों को प्रेम से वश में करके[२०] स्वराज्य का विस्तार करे।

धार्मिक कर्त्तव्यों के विषय में यजुर्वेद में राजा का कथन है कि धर्म मेरे पैर है अर्थात् धर्म ही मेरी आधारशिला है। धार्मिक कर्त्तव्य से अभिप्राय केवल यज्ञ आदि या कर्मकाण्ड नहीं है। अपितु दान, दया, परोपकार, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सहिष्णुता आदि सभी गुणों का धार्मिक कर्त्तव्यों में समावेश है। राजा को 'सत्यौजस्' (अर्थात् सत्य ही जिसका तेज या प्रताप है) कहते हुए उसे न्यायाधीश वरुण देवता बताया गया है। साथ ही उसे सत्य का प्रेरक और सत्य का प्रतिष्ठापक बताते हुए सूर्य देव कहा गया है। पर्यावरण की सुरक्षा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राजा का कथन है कि हे पृथिवी माता! तुम मुझे कोई क्षति न पहुँचाओ और न मैं तुम्हें कोई क्षति पहुँचाऊँ।[२१] इसका अभिप्राय है कि मैं पर्यावरण की सुरक्षा करूँ। वृक्ष-वनस्पतियों को न कटने दूँ, वृक्षारोपण आदि की ओर ध्यान दूँ, जिससे समय पर वृष्टि हो और देश में दुर्भिक्षादि का कोई संकट उपस्थित न हो। राज्याभिषेक के समय में राजा को कृषि का विकास करने का भी निर्देश दिया है। राजा के आर्थिक कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में यजुर्वेद का कथन है कि प्रजा को पीड़ित न करते हुए प्रजा की आर्थिक स्थिति को उन्नत करे। उन्हें ऐश्वर्य सम्पन्न करे। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य सभी की स्थिति सुधारे। यजुर्वेद में राजा के सामाजिक कर्त्तव्यों के विषय में दो अतिविशिष्ट कार्यो की ओर निर्देश किया गया है- (१) जनभृत् अर्थात् अपने राष्ट्र की प्रजा का संरक्षण और पालन,[२२] (२) विश्वभृत् अर्थात् विश्वहित,

---

१६ यजु० ३०.५, २०.७
१७ वही १०.२८
१८ वही ९.३८, २८.२, ९.३७, ४०, १५.५१
१९ वही ७.१७, ११.१५, ४.२५, १३.३०
२० वही १०.४, २०.८, ३९.९
२१ वही १०.२८, १०.२३
२२ वही ३८.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वकल्याण, विश्वबन्धुत्व और सार्वभौम एकता एवं समन्वय की भावना की व्यापकता।[२३] **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** आदर्श का अनुसरण करना। राजा को न केवल अपने राष्ट्र की चिन्ता होनी चाहिए, अपितु विश्व की भी चिन्ता होनी चाहिए। यदि विश्व शान्ति नहीं होगी तो राष्ट्र भी शान्त नहीं रह सकेगा। अत: राजा का कर्त्तव्य है कि वह दीन-दु:खियों एवं समाज के निम्न वर्ग के कष्टों को दूर करे। **'अव्यथायै'** का भाव है कि जो भी विपत्ति या कष्ट में है, उनके कष्ट दूर किये जाये। **'स्वधायै'** का भाव है कि प्रजा में स्वालम्बन हो, उसके कष्ट दूर किये जाये। अर्थात् प्रजा प्रत्येक कार्य के लिए अपने पैरों पर खड़ी हो, परमुखापेक्षी न हो।[२४]

यजुर्वेद में शैक्षिक-कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में राजा का कथन है कि मैं ज्ञान और विज्ञान को अपनी नाभि अर्थात् केन्द्र के रूप में मानता हूँ। शरीर का केन्द्र नाभि है, इसी प्रकार ज्ञान (शिक्षा) और विज्ञान राष्ट्र की उन्नति के आधार है। ज्ञान और विज्ञान के प्रसार से ही प्रजा को शिक्षित और विवेकशील बनाया जा सकता है। अभिषेक के समय कई मन्त्रों में कहा गया है कि **'सरस्वत्यै त्वा अभिषिञ्चामि'** अर्थात् ज्ञान के प्रसार के लिए अभिषेक किया जा रहा है।[२५] राष्ट्र की उन्नति ज्ञान के प्रसार से ही हो सकती है। अत: राजा का प्रमुख कर्त्तव्य है कि वह शिक्षा के प्रचार-प्रसार में पूरा ध्यान दे। क्योंकि ज्ञान ही वह प्रकाश है, जो संसार को अपने कर्त्तव्य की दीक्षा दे सकता है और उन्हें अन्धकार से प्रकाश में ला सकेगा। यजुर्वेद में एक स्थान पर कहा है कि राजा का अस्तित्व ही प्रजा पर निर्भर है। अत: प्रजा की रक्षा करना राजा का प्रमुख कर्त्तव्य है। वह प्रजा के किसी अङ्ग को क्षति पहुँचाये बिना उसकी पूरी देखभाल करे। प्रजा निर्भय बने, प्रजा को कोई कष्ट न रहे और वह कुशलता का अनुभव करे। यजुर्वेद के कई मन्त्रों में राजा का ध्यान प्रजा की उन्नति और विकास के कार्यों की ओर आकृष्ट करते हुए कहा है कि प्रजा को दृढ़ और पुष्ट करो अर्थात् उनकी आर्थिक स्थिति उन्नत करो। प्रजा के विकास के कार्य करो। प्रजा को सभी प्रकार से सन्तुष्ट करो। प्रजा में नूतन स्फूर्ति भर दो अर्थात् प्रजा में जागृति उत्पन्न करो। उन्हें नए उद्योगों को लगाने की प्रेरणा दो और उनका कर्त्तव्य-निर्देश करो।[२६]

राज्य में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए शत्रुओं का नाश करना परम कर्त्तव्य है। अथर्ववेद में भी यही बात कही है कि राजा शत्रुओं को नष्ट कर दे। जो वैरभाव रखते है, पापी है या चोर है, उनको नष्ट कर दे। अथर्ववेद में आदेश है कि राजा राष्ट्र को सौभाग्य की ओर ले जाये। राष्ट्र को सुदृढ़ बनाये, इससे उसकी श्रीवृद्धि स्वयं होगी, और ऐश्वर्यशाली राजा कृषि को विकसित करे।[२७] कृषि को विकसित करने के लिए प्रयास करना और कृषकों को सुविधा प्रदान करना राजा का कर्त्तव्य है। साथ ही प्रतापी राजा अपनी तेजस्विता से कर-संग्रह करके कोष की वृद्धि करे और दूसरी ओर दानी भी हो। धन का यथा-योग्य वितरण करे। इसका अभिप्राय है कि राजा कोषवृद्धि में कोई कसर न छोड़े। सभी ओर से धन का संग्रह करे, और राष्ट्रीय उन्नति और विकास के कार्यों के लिए उस धन को लगावे। राजा परीक्षित् की शासन-व्यवस्था से जनता बहुत प्रसन्न थी। उसने जन-कल्याण के बहुत कार्य किये थे। उसके राज्य में प्रजा बहुत सम्पन्न थी।[२८] अथर्ववेद का कथन है कि प्रजा को प्रसन्न रखने वाला राजा आदरणीय होता है। वही उत्तम राजा है जो अपनी प्रजा और सम्बन्धियों को उन्नत करता है तथा धन-धान्य की वृद्धि से प्रजा को उन्नति की ओर अग्रसर करता

---

२३ वही १०.४

२४ वही १०.२१

२५ वही २०.९, १०.३२, २०.३, ३३

२६ वही २०.९, ७.१७, १३.३०, ११.१५, १०.२१, ११.२८, ५.२७, ९.२५, ६.३१, ४.२५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२७ अथर्ववेद ४.३२.३, १३.१.३४, ३.१२.४

२८ वही ३.४.४, २०.१२७.८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। मन्त्र में अन्न और अन्नाद्य शब्द केवल अनाज ही नही, अपितु सुख-साधनों की वृद्धि का भी द्योतक है। अथर्ववेद में राज्याभिषेक के समय राजा के लिए कहा गया है कि वह अपने मित्रों की वृद्धि करे। क्योंकि राजा के जितने अधिक मित्र होंगे, उतना ही अधिक जन-सहयोग उसे प्राप्त होगा। मित्रों को प्रसन्न रखना, उनका हित चिन्तन करना और उन पर विश्वास करना, ये गुण मित्रवृद्धि के द्योतक होते हैं। राजा न केवल अपने मित्र बढ़ावे, अपितु अन्य राजाओं से मित्रता करके मित्र राष्ट्रों की वृद्धि करे। साथ ही राजा **'ब्रह्मजाया'** अर्थात् विदुषी, सुशिक्षित, कुलीन स्त्रियों का अपहरण, उन पर अत्याचार न होने दे। क्योंकि जिस देश में स्त्री पर कोई भी अनुचित प्रतिबन्ध लगाया जाता है या उसका शील-भंग किया जाता है तो उस देश की श्रीवृद्धि रुक जाती है।[२९] वही देश सुरक्षित रह सकता है जहां स्त्री-शील की रक्षा होती है, उस पर कोई अत्याचार नहीं होता। राष्ट्र में स्त्रियों को पूर्ण संरक्षण देना राजा का परम कर्त्तव्य है।

ऐतरेय ब्राह्मण में राज्याभिषेक के समय राजा को कर्त्तव्य बोध कराते हुए कहा गया है कि तुझे राष्ट्र रक्षा के लिए 'कर' लेने का अधिकार प्राप्त हो गया है, तुझे शत्रुओं को नष्ट करना है, विद्वानों एवं वेदज्ञों की रक्षा करनी है, धर्म (सत्य, शान्ति और व्यवस्था) को रक्षा करनी है।[३०] अग्निपुराण में राजा का कर्त्तव्य बताया है कि जिस प्रकार गर्भवती स्त्री अपनी चिन्ता छोड़कर गर्भस्थ शिशु की चिन्ता करती है उसी प्रकार राजा को अपनी सुख-सुविधा का ध्यान न रखकर प्रजा की सुख-सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।[३१] महाभारत में राजा का प्रमुख कर्त्तव्य है प्रजा की रक्षा। रक्षा ही संसार को धारण करने वाली होती है। इसके साथ ही राजा के अन्य कर्त्तव्य है- सार्वजनिक उत्सव, सामाजिक उद्योगों में सहयोग देना, कूप, तालाब, धर्मशाला, विश्रामग्रहादि का निर्माण कराना, जीर्ण-शीर्ण मन्दिरों और धार्मिक-स्थलों की रक्षा करना, वृत्तिहीनों के भरण-पोषण की व्यवस्था करना, धनिकों को सदा सम्मान देना और सामाजिक कार्यों में उनका पूरा सहयोग लेना है। राज्य से चोर, डाकू और भिखमंगों को निकाले।[३२] जिससे राष्ट्र में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनी रह सके।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्रजा की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखना राजा का प्रमुख कर्त्तव्य है। राजा का प्रजा के साथ माता-पुत्र के तुल्य सम्बन्ध है। जिस प्रकार माता पुत्र की रक्षा करती है, पालती है और उसे बड़ा करती है, उसी प्रकार राजा भी प्रजा को पाले, उसके हित की चिन्ता करे और उसे उन्नत करे। क्योंकि राजा जब प्रजा का कल्याण करता है, तो प्रजा उसकी ओर आकृष्ट होती है। प्रजा के अच्छे कार्यों से प्रसन्न होने पर राष्ट्र की उन्नति होती है और राजा लोकप्रिय होता है। राजा के विषय में कहा गया है कि राजा को सांप की तरह हिंसक और क्रूर नहीं होना चाहिए तथा अजगर की तरह प्रजा की सारी सम्पत्ति न खा बैठे। और सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए धन-धान्य की वृद्धि प्राप्त करे। वेदों में जहां राजा के कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है, वहां प्रजा का भी उत्तरदायित्व है कि वह राजा की त्याग भावना, कर्त्तव्य-परायणता को समझते हुए उसके प्रत्येक कार्य में सहयोग दे क्योंकि प्रजा के सहयोग के बिना राजा अपने उत्तरदायित्व अर्थात् कर्त्तव्य को कार्यान्वित नहीं कर सकता और राजा के कर्त्तव्य-पालन के बिना प्रजा सुरक्षित नहीं रह सकती। अतएव राजा और प्रजा दोनों एक दूसरे के पूरक भी है।

---

२९ वही १५.८.२, ४.८.२, ६, ५.१७.४, ६

३० ऐतरेय ब्राह्मण ८.१७

३१ अग्नि पुराण २२२.८ CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३२ शान्तिपर्व ५७.४२, ६७, ६५.११, ५८.७, ५७.११

ऋग्वेद और आधुनिक प्रबन्धन

डॉ० वागीश पालीवाल[1]

आधुनिक प्रबन्धन के प्रारूप तथा प्रक्रिया का सम्बन्ध क्रमशः संगठन और नियोजित लक्ष्य प्राप्ति के साधन और कार्यशैली से है। उपलब्ध संसाधनों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मानवीय क्षमता (Efficiency) तथा प्रभावशाली ढंग से सही दिशा में सही कार्य करने (Effective ness) की शक्ति का विकास प्रबन्धन का मूल गुण है। इसके लिए मानवीय और भौतिक संसाधनों का दक्षतापूर्ण उपयोग करना प्रबन्धन कौशल कहा जाता है। प्रबन्धन के पूर्ण प्रारूप के सूत्र वेदों में उपलब्ध हो जाते हैं। किसी एक स्थान पर क्रमशः इन सिद्धान्तों का उल्लेख तो वेदों में नहीं है, पर यत्र-तत्र बिखरे सूत्रों को जोड़ कर एक व्यवस्थित प्रबन्धन शास्त्र का रूप निर्मित किया जा सकता है। दूसरी बात ये संकेत सूत्र व्याख्या की अपेक्षा रखते हैं। इसका कारण यह है कि वेदों के व्याख्याकारों ने वेद मन्त्रों का प्रतिपाद्य, यज्ञ, कर्मकाण्ड, उपासना, ज्ञान-दर्शन, इतिहास तथा व्याकरण तक सीमित रखकर वेदों की उपयोगिता पर विचार किया है। वेदों को जीवन के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने-विश्लेषित और विवेचित करने का कार्य सर्वप्रथम महर्षि-दयानन्द सरस्वती ने किया। अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, आधुनिक विज्ञान, तकनीकी तथा प्रबन्धन शास्त्र के परिप्रेक्ष्य में वेदों पर विचार करने का काम इसके बाद शुरू हुआ। हम यहाँ एक ऐसे वेद मन्त्र को प्रबन्धन के स्वरूप को समझाने के लिए चुन रहे हैं जिसका उल्लेख ऋग्वेद (४.५२.३), यजुर्वेद (१७.९१), तैत्तिरीय आरण्यक (१०.१०.२) तथा निरुक्त (१३.७) में समान रूप से हुआ है। याज्ञिकों ने इस मन्त्र का अर्थ यज्ञपरक, धर्मशास्त्रियों ने धर्मव्यवहारपरक, अधिदैवत सिद्धान्तवादियों ने अग्निपरक तथा वैयाकरणों ने भाषापरक किया है। हम इस मन्त्र का प्रबन्धन परक अर्थ प्रस्तुत करने की चेष्टा करेंगे। यह मन्त्र है-

चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तासोऽस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्यां आविवेश।।

इस मन्त्र का शाब्दिक अर्थ (Literal) अर्थ है कि एक वृषभ ऊँचे स्वर में पुकार रहा है। यह विलक्षण प्रकार का वृषभ है। इसके चार सींग, दो सिर और सात हाथ हैं। इसे तीन स्थानों में बाँधा गया है अथवा तीन प्रकार से बाँधा गया है। वह महान् देव हम मनुष्यों में अथवा मानव समूह में अवतरित हुआ है अथवा स्थापित हुआ है। यह एक पहेली है जिसमें मन्त्रकार ने किसी गूढ़ विषय का प्रतिपादन करना चाहा है, किसी छिपे विशिष्ट अर्थ की व्यंजना के लिए उसने ऐसी विचित्र और असामान्य उक्ति का सहारा लिया है।

वस्तुतः इस मन्त्र में प्रयुक्त वृषभ शब्द ने व्याख्याकारों को अपने-अपने ढंग से सोचने के लिए प्रेरित किया। यास्क और पतञ्जलि ने क्रमशः यज्ञ तथा व्याकरणपरक अर्थ करने के लिए वृषभ की एक जैसी निरुक्ति की। यास्क ने कहा- यज्ञ वृषभ के समान है तथा पतञ्जलि ने कहा- भाषा वृषभ के समान है। अलंकारवादियों ने यहाँ उपमा, रूपक तथा रूपकातिशयोक्ति- तीनों अलंकारों का सहारा लेकर अर्थ किया है, हम यहाँ रूपकातिश्योक्ति मानकर अर्थ करेंगे क्योंकि हमारी दृष्टि में प्रबन्धन के लिए वृषभ शब्द का प्रयोग हुआ है। प्रबन्धन शास्त्र का उल्लेख क्योंकि मन्त्र में नहीं है और अखिल विद्याओं के स्रोत वेद का ऋषि

---

१ असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रबन्ध अध्ययन संकाय, गु०कां०विश्व०, हरिद्वार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसका निषेध भी नहीं कर सकता, अतः उपमेय के उल्लिखित न होने तथा वृषभ रूप उपमान के स्पष्ट कथन के कारण यह रूपकातिशयोक्ति द्वारा ही विवेचित किया जा सकेगा। इस प्रकार वृषभ शब्द को प्रबन्धन शास्त्र का प्रतीक या संकेत मानना ही उपयुक्त होगा।

वृषभ शब्द वृष धातु से बना है। वर्षति इति वृषभः- वर्षा करने वाले को वृषभ कहते हैं। वृषभ क्योंकि जहाँ खड़ा है वहीं मूत्र की वर्षा करता है अतः रूढ़ि के कारण वृषभ का अर्थ बैल है। लक्षणा के आधार पर वर्षा का अर्थ और विस्तृत हो जाता है। आचार्यों ने इस आधार पर वृषभ की नई व्युत्पत्ति की- **सर्वान् कामान् वर्षति इति वृषभः**। जो मानव की कामनाओं की पूर्ति में सहायक हो, वह वृषभ है इस दृष्टि से प्रबन्धन यथार्थ वृषभ है जो उद्यम संस्थानों तथा जीवन के विविध क्षेत्रों में कार्यपूर्ति में सहायक होकर जीवन में सुखों की वर्षा कर देता है। भाषिक दृष्टि से फिर लिंगभेद का बखेड़ा वैसा नहीं रह जाता जैसा पतञ्जलि के यहाँ समझ लिया जाता है कि भाषा स्त्रीलिंग है तथा वृषभ पुल्लिंग। डॉ० वी० कृष्णा स्वामी आयांगार ने रूपकातिशयोक्ति के आधार पर भाषा और वृषभ के लिंग भेद की समस्या सुलझाई है।[२] इस मन्त्र में आया महादेव शब्द बड़ा व्यंजक है। मर्त्य शब्द मरणधर्मा लोगों के लिए है, उनमें महान् देव महेश्वर जैसे आ सकते हैं? इस शंका में कोई बल नहीं है क्योंकि देव का अर्थ यहाँ दैवीगुण सम्पन्न देव पुरुष से है जो अपने नेतृत्व और मार्गदर्शन से मानव समूहों में प्रतिष्ठापूर्ण स्थान बना होने से सक्षम होता है। यद्यपि इस मन्त्र में महान् देव के रूप में स्पष्ट प्रबन्धक शब्द का उल्लेख नहीं है पर महान् देव की प्रबन्धक के रूप में स्वीकृति प्रतिपाद्य विषय की अपेक्षा के कारण की जा सकती है क्योंकि हम इस मन्त्र का प्रबन्धन परक अर्थ करना चाहते हैं, अतः महान् देव का अर्थ हम कुशल प्रबन्धक कर सकते हैं। यास्क ने कहा भी है कि जिस विषय की वर्णन की कामना से ऋषि जिस पदार्थ या विषय को अर्थपति (मुख्य प्रतिपाद्य) बनाकर किसी मन्त्र में उसका वर्णन करना चाहता है या स्वकीय जनहितकारी सिद्धान्त को अन्वेषित करना चाहता है, वह वस्तु या विषय उस मन्त्र का देवता होता है।[३] आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति का कथन है कि ऋषि दयानन्द भी देवता का यही लक्षण करते हैं। उनके अनुसार भी किसी मन्त्र का मुख्य वर्णनीय विषय ही उस मन्त्र का देवता होता है।[४] अतः इस मन्त्र का देवता प्रबन्धन हो सकता है। भारतीय दार्शनिक सम्प्रदायों के आस्तिक प्रवर्तकों ने इसी आधार पर मन्त्रों के पूर्व विनियोगकारों की सीमाओं से हट कर स्वकीय सिद्धान्त प्रतिपादन में उन मन्त्रों का विनियोग किया है। हमारी दृष्टि से इस मन्त्र के प्रतीकों को निम्न प्रकार से स्पष्ट किया जा सकता है।

१. वृषभः प्रबन्धन शास्त्र : सही प्रबन्ध, सही दिशा तथा सही प्रक्रिया द्वारा कार्यनीति का अनुपालन कराकर लाभ द्वारा संगठन तथा कर्मचारियों को सुख समृद्धि प्रदान करना।

२. चार सींगः प्रबन्धन व्यवस्था, प्रबन्धक तत्र, प्रशासन, संतुलन।

३. तीन पैरः तीन प्रकार का प्रबन्धकीय कौशल।

(अ) मानवीय सम्बन्धात्मक।

(आ) तकनीकी दक्षता।

(इ) प्रशासकीय नीति का अनुपालन।

४. दो सिरः (अ) प्रबन्धक (आ) संगठन।

---

२. पाणिनीय व्याकरण की भूमिका - डॉ. वी. कृष्णा स्वामी आयांगार - पृष्ठ ११

३. यत्काम ऋषिर्यस्यां देवतायामार्थपत्यमिच्छन् स्तुतिं प्रयुङ्क्ते तद्दैवतः स मन्त्रो भवति - यास्क - निरुक्त दैवत काण्ड ७/१ CC-0 In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

४. वेद और उसकी वैज्ञानिकता - आचार्य प्रियव्रत वेदमार्तण्ड - पृष्ठ १९९

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथवा

(अ) उत्पादन (आ) विपणन।

५. सात हाथ: प्रबन्धन के कार्य १. नियोजन २. कार्यदल ३. समन्वयन ४. निर्देशन ५. नियन्त्रण ६. नेतृत्व ७. नियुक्ति।

६. तीन बंधन: १. पूँजी निवेश, २. श्रम (समवेत कार्य करने की प्रवृत्ति), ३. कार्यस्थल की उपयुक्ता तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण।

७. शब्द करना: सत्ता और दायित्व में तालमेल।

८. महान् देव: दैवीय या दिव्य गुण सम्पन्न सकारात्मक व्यक्तित्व का धनी प्रंधक

९. मर्त्य समूह: प्रभावकारी दल या टीम, जिसकी विशेषताएँ निम्नांकित हो सकती है।

(अ) कार्य तथा संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और आपसी एकता।

(आ) समूह के अन्दर तथा बाहर लोगों से सफल तथा प्रभावी संवाद कायम करना

(इ) असहमति अथवा सहमति प्रकट करने में निर्भीकता, निर्णय लेने की क्षमता एवं रचनात्मकता तथा गुणवत्ता का ध्यान।

(ई) व्यक्तित्व प्रतिष्ठा के भाव से दूर रहकर सामूहिक सफलता की चेष्टा, सर्वसम्मति से सहमति बनाने की प्रवृत्ति।

(उ) लाभ-हानि में समान जिम्मेदारी की स्वीकृति तथा संगठन या उद्यम समूह के सशक्तिकरण में भागीदारी।

प्रबन्धन एक लक्ष्य को लेकर मानवीय प्रयासों की समन्वित, नियन्त्रित, निर्देशित, प्रेरक तथा फलदायी प्रक्रिया है। अत: इसमें प्रबन्धक तन्त्र, प्रबन्धन व्यवस्था, प्रशासन तथा कर्मचारी, कार्य, निर्णय तथा संसाधनों में परस्पर संतुलन तथा सामंजस्य का बना रहना आवश्यक है। प्रबन्धकीय कौशल इसलिए जरूरी है कि कार्य लक्ष्य के अनुसार हो, उसमें काम और उसकी प्रक्रिया को क्रियान्वित करने की सुदृढ़ प्रणाली होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो समय, शक्ति, धन तथा संयन्त्र साधनों का सही परिणाम नहीं निकल सकता। क्योंकि प्रबन्धन से यदि सम्पूर्ण संगठन प्रभावशील बनता है तो अच्छे प्रशासन से कर्मचारियों की कार्य दक्षता का विकास होता है। अनुकूल परिस्थितियाँ प्रबन्धन को तीव्र लक्ष्योन्मुखी बनाती रहती है तथा प्रशासन प्रबन्धन को नियमों में कार्य करते रहने को विवश करता रहता है। प्रशासकीय नियम ही प्रबन्धन को मानवीय व्यवहार के संतुलन के लिए प्रेरित करते हैं।

प्रबंधन का कार्य बहुस्तरीय होता है। हिक्स ने यदि नियोजन (Planning), संगठन (Organistation), समन्वयन (Coordination), निर्देशन (Direction), तथा नियन्त्रण (Controlling) को प्रबन्धन का कार्य बताया है तो टेरी ने नेतृत्व (Leadership) को भी इनमें जोड़ दिया है। हेनरी फेयोल, ग्यूलिक तथा कूंज हेराल्ड इस सूची में नियुक्ति (Appointment) को भी जोड़ देते हैं। इन सभी प्रबन्धकीय कार्यों की इस प्रकार की एक क्रमवार प्रक्रिया है, जिस पर प्रबन्धक अपने कार्य समय का एक निश्चित भाग लगाता है।

कार्य व्यवस्था को बेहतर एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रबन्धकीय कौशल (Managerial skills) की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि नियोजन, संगठन, समन्वयन तथा निर्देशन का कार्य उसी को करना पड़ता है। अत: उसके लिए विशेष दक्षता चाहिए। मेगिनसन ने प्रबन्धकीय कौशल को चार प्रकार का बताया है। १. सैद्धान्तिक कौशल (Conceptual skills) २. मानवीय सम्बन्धात्मक कौशल (Human-relation

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

skills) ३. तकनीकी कुशलता (Technical skills) तथा ४. प्रशासकीय कौशल (Administrative skills)। सैद्धान्तिक कौशल में परिस्थितियों का विश्लेषण कर उद्देश्यों की पूर्ति तथा संगठन के हित में समयानुकूल निर्णय लेना महत्त्वपूर्ण है। मानवीय सम्बन्धात्मक कौशल में व्यावहारिक कुशलता, मिलनसारिता तथा सम्बन्धों की मधुरता से कार्य सम्पन्न करा लेना प्रमुख है। तकनीकी कुशलता में संयन्त्रों की जानकारी, उत्पादन, विपणन तथा अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन प्रमुख है। प्रशासकीय कौशल के अभाव में संगठन अव्यवस्थाओं का शिकार हो जाता है। कर्मचारियों की अनुशासनहीनता उत्पादन पर विपरीत प्रभाव डालती है। प्रबन्धक और कर्मचारियों के बीच खिंचाव रहा करता है। तटस्थ कार्यनीति से ऐसी दशा में बेहतर सम्बन्ध बनाकर कार्य पालन कराया जा सकता है।

सफल प्रबन्धक वही है जो निर्धारित समय में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करा लेता है। मैगिनसन, मोसले तथा पायट्री जैसे विशेषज्ञों ने प्रबन्धक के लिए बुद्धिमता (Intelligence), शिक्षा (Education) तथा व्यवहारकुशलता (Tactfulness) का होना आवश्यक माना है। भिन्न व्यक्तियों, भिन्न परिस्थितियों तथा भिन्न आवश्यकताओं के चलते लक्ष्यपूर्ति के लिए प्रयत्न करने में उसे अन्यों की अपेक्षा बुद्धिमता का स्तर (Intelligence) ऊँचा रखना पड़ता है, प्रबन्धक के व्यक्तित्व में इसीलिए विषय का विशेष ज्ञान, अद्यतन जानकारी, तकनीकी ज्ञान तथा कार्यक्षेत्र का व्यापक अनुभव समाविष्ट होना चाहिए, स्वभाव की दृष्टि से गीता के अठारहवें अध्याय के २३, २४, २५, २६, २८ वें श्लोक अच्छा विश्लेषण करते हैं। गेराल्ड ग्राह्म ने प्रबन्धक की जिन विफलताओं का उल्लेख अपने प्रसिद्ध लेख **'स्टडी प्वाइंट्स टू फैलिंग ऑफ एंबिशियस मैनेजर्स'** में किया है, वे सब गीता के इन श्लोकों में आ गई है, सफल प्रबन्धक के लिए गीता का एक सूत्र देना चाहें तो कहना होगा-

मुक्तसंगोऽनहंवादी धृत्युत्साहसमन्वित:।[५]

उसे अनासक्त, कर्मनिष्ठ, विनम्र, उत्साह तथा हर परिस्थिति में स्थिर स्वभाव का होना चाहिए। सिद्धि और असिद्धि में हर्ष-शोक आदि से मुक्त रहकर अविचल भाव से कार्य करते रहना चाहिए।[६] संगठन का विकास एक विशेष वातावरण में होता है। उसका उपक्रम भी एक विशेष भौगोलिक वातावरण में स्थापित होता है। अत: ध्यान रखना होगा कि उसके उपक्रम तथा उत्पाद के लिए सम्बन्धित कच्चा माल तथा प्राकृतिक संसाधनों की सहज उपलब्धता कितनी और कैसी है? नागरिकों की क्रय शक्ति, बाजार की मांग प्रतियोगिता, निजीकरण, पूँजीनिवेश, सरकारी नियम, श्रम नियम, कर निर्धारण, निर्यात तथा राजस्वनीति के परिज्ञान के बिना उपक्रम नहीं चलाए जा सकते।

नित्य नये विकसित तकनीक से उसका गहरा परिचय होना लाभकारी होता है। परम्परागत ढ़ंग के अभ्यासी श्रमिकों को नये तकनीक सीखने के लिए तैयार करना भी एक कला है। उन्हें प्रशिक्षण लेने में प्राय: संकोच होता है। नई नियुक्तियों की संभावना से वह अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हो सकते हैं, अत: उन्हें विश्वास में लिया जाना जरूरी है। मनुष्य के व्यवहार, विचार तथा लक्ष्य के नियन्त्रण के लिए उसकी सामाजिक संस्कृति प्रभावक होती है। भिन्न-रीति-रिवाजों, मान्यताओं आस्थाओं तथा प्रवृत्तियों के लोगों से काम लेने के लिए प्रबन्धक को इन सबकी जानकारी तथा समयानुसार भागीदारी की चाहत रहनी चाहिये। बेहतर कार्य के निष्पादन तथा परिणाम के लिए कार्यस्थल की उपयुक्तता तथा कर्मचारियों के सुख दु:ख का

---

५. श्रीमद्भगवद्गीता - अध्याय १८, श्लोक २६
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
६. सिद्ध्यसिद्ध्योर्निर्विकार: कर्ता सात्विक उच्यते, गीता १८/२६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्यान रखा जाना उपक्रम की सुचारूता के लिए बेहद जरूरी है। प्रबन्धन के दो बेहतर मूलभूत आधार हैं १. पूँजी निवेश तथा २. श्रम। इसके लिए समुचित संसाधन, समरस वातावरण, अनुशासनबद्धता, कर्मनिष्ठता, सहकार्य करने की भावना तथा उचित प्रेरक सम्मान देने की आवश्यकता जरूरी है। टेरेंस ई. डील और एलन. ए. केनेडी ने कहा है कि मानवीय संगठन का मुख्य घटक मनुष्य हैं, उसे कम्प्यूटर की रिपोर्टों के आधार पर ही नियन्त्रित नहीं किया जा सकता है। इनके अभाव में वह संगठन के सर्वथा विपरीत और हानिकर परिणाम लाने वाला हो सकता है।[७]

वैदिक प्रबन्धन संगठनात्मक सहकार्य भावना को अभ्युदय और ऐश्वर्य प्राप्ति का मुख्य आधार मानता है। किसी भी राष्ट्र के मानव समाज अथवा संगठन उपक्रम के सदस्यों की उन्नति इसके बिना नहीं हो सकती। वेद कहता है कि लक्ष्य पूर्ति के इच्छुक धन चाहने वालो तुम सब परस्पर मिलकर चलो, प्रेम से मिल बैठकर बात करो, तुम्हारे संकल्प एक जैसे हों, तुम्हारे कार्य सम्पादन की प्रणाली एक जैसी हो, तुम्हारें लक्ष्य समान हों। समान सुविधा, समान कार्य, समान उद्यम तथा समान लाभ-हानि के सहभाव से तुम सब मिलकर पारस्परिक सौहार्द से कार्य करो। परस्पर सहमत तथा कार्य पूर्ति के लिए कंधे से कंधे मिलाकर चलने वाले सफलता प्राप्त कर लेते हैं। लाभ-हानि में बराबर भागीदारी की बात कहकर वेद आर्थिक समतावाद की दिशा में आधुनिक प्रबन्धन को नई दिशा देता है। ऋग्वेद (१०.१९१.४) के मन्त्र संगठन सूक्त के आधार हैं तथा आधुनिक प्रबन्धन के आदर्श बन सकते हैं।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।।
समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।।
समानी व आकूतिः समानाहृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।।

अस्तु, नेतृत्व, प्रतिबद्धता, टीम भावना, उत्पादन की उत्तमता, समाज की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए सचेष्टता तथा गुणवत्ता की रक्षा, बिना त्याग भावना और फलाकांक्षा रहित कार्य प्रणाली के पूर्ण नहीं हो सकती। वेद ने इस आदर्श को **'समानेन हविषा जुहोमि'** कथन के द्वारा व्यक्त किया है। समानेन हविषा का अर्थ है, समान रूप से एक दूसरे के लिए किया जाने वाला त्याग। यह समूह भावना के विकास के बिना संभव नहीं हो सकता। व्यक्ति मुख्य है, वह समाज का मुख्य घटक है, पर समाज की अपेक्षा और तुलना में समाज के हित सामूहिक सुख और सामूहिक समृद्धि उसके निजी सुख और हितों से कहीं ऊपर है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

७. अयुक्तः प्राकृतः स्तब्धः शठो नैष्कृतिकोऽलसः। विषादी दीर्घसूत्री च कर्ता तामस उच्यते, गीता १८/२८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाजहित और राष्ट्रहित से जुड़ाव ही व्यक्ति को भ्रष्ट होने से रोक सकता है। प्रबन्धन तन्त्र को इस बुराई से बचाने का भी यही कारगर साधन हो सकता है।

(अ) मार्गदर्शक ग्रन्थ :-

१. प्रबन्धन के सिद्धान्त- डॉ. वसंत देसाई

२. कारपोरेट कल्चर्स- टेरेंस ई. डील., एलन. ए. केनेडी

३. मैनेजमेंट- हेराल्डकूंज, साइरल ओडोनल तथा हिंजवेलरिच

४. मैनेजमेंन्ट- कन्सेप्ट एण्ड एप्लीकेशंस- लिआन सी. मैगिनसन डोनाल्ड मोसले तथा पाल एच. पायट्री

५. वेदों की वर्णन शैलियाँ- डॉ० रामनाथ वेदालंकार

६. श्रीमद्भगवद्गीता- डॉ० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार

७. वेद का राष्ट्रीय गीत- आचार्य प्रियव्रत वेदमार्तण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्षपरम्परा : ह्रास एवं नवजागरण

डॉ० ब्रह्मदेव[1]

संसार में द्विविध संस्कृतियाँ कार्य कर रही हैं, एक अद्यतनीया **अर्थप्रधान संस्कृति** है, जो यूरोपियन कही जाती है तथा जिसमें प्रमुखता **प्रकृति** की है, जिसका प्रभाव प्रायः आजकल सर्वत्र विश्व में दृष्टिगोचर हो रहा है। दूसरी **वैदिकी संस्कृति** है, जिसमें प्रमुखता आत्मतत्त्व की है। इन दोनों संस्कृतियों पर विचार करें तो **प्रथम** संस्कृति परिस्थितियों पर विचार करती है, बाह्य दिखावे में विश्वास रखती है, स्वार्थसिद्धि को मुख्यता देती है, बहुत अधिक प्रयत्नों पर थोड़े की प्राप्ति करवाती है, व्यष्टि का चिन्तन करती है, ऐश्वर्यों के माध्यम से विषयों की सम्पूर्ति में ही सुख की, आनन्द की अनुभूति करती है, केवल अधिकार की बात करती है। तो **दूसरी** अन्तःस्थिति के संस्कार की बात करती है, बाह्य दिखावे में विश्वास नहीं करती, परार्थ में ही स्वार्थ का दर्शन करती है, सूत्रशैली में ही बहुत कुछ कहती है, व्यष्टि का कम परन्तु समष्टि का अधिक चिन्तन करती है, दुर्व्यसनों से दूर हटके ऐश्वर्य को अधिक महत्त्व न देते हुए अन्तःशुद्धि में आनन्द देखती है और कर्तव्य कर्म को प्रमुखता देती है, इसलिए इस संस्कृति को वेद **विश्ववारा** और **प्रथमा** के रूप में अभिहित करता है।[2] इसी प्रकार पहली केवल प्रकृति के दोहन की बात करती है तो दूसरी **वैदिकी संस्कृति** उसका लाभ लेती हुई यज्ञादि कार्यों के द्वारा उससे उर्ऋण होने का सन्देश भी देती है।

आर्षपद की व्युत्पत्ति

उक्त दोनों स्थितियों के मूल कारण पर विचार करें तो प्रथम प्रकार की दृष्टि संकीर्ण मानव मस्तिष्क की उपज लगती है तो दूसरी उदारमना साक्षात्कृतधर्मा मानव की। दूसरे प्रकार के मानव की संज्ञा संस्कृत में **ऋषि** की है।[3] ऋषि संज्ञा वेद की भी है तथा वेदरूप ऋषि के अनुरूप जो आचरण करे और लिखे वह भी ऋषि तथा मुनि कहा जाता है।[4] मेदिनीकोष में भी ऋषि शब्द व्यक्तिविशेष ऋषि और वेद दोनों के लिए अभिहित हुआ है।[5] अमरकोष के अनुसार सत्यवक्ता को ऋषि का पर्याय कहा गया है।[6] सत्यवक्ता को ही आप्त नाम से अभिहित किया जाता है, जिसे ऋषि दयानन्द ने इसप्रकार परिभाषित किया है- **जो छलादि दोषरहित, धर्मात्मा, विद्वान् सत्योपदेष्टा, सब पर कृपादृष्टि से वर्तमान होकर अविद्यान्धकार का नाश करके अज्ञानी लोगों के आत्माओं में विद्यारूप सूर्य का प्रकाश सदा करे, उसको 'आप्त' कहते हैं।**[7] इसप्रकार हम कह सकते हैं कि ऋषि शब्द वेदानुकूल आचरण करने वाले किसी भारद्वाज, विश्वामित्र आदि **व्यक्तिविशेष** का भी वाच्य है और वेदानुकूल आप्तोक्त वह विचार भी **ऋषि** शब्दवाच्य है, जो सार्वकालिक,

---

१ संस्कृत-विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ यजुर्वेद ७.१४, सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा।

३ निरुक्त १.२०, साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः।

४ निवेदनम् पृ० १३, (अष्टाध्यायीसूत्र-प्रयोगदीपिका, लेखक- पं० सत्यानन्द वेदवागीश, सं० प्रथम, वि० सं० २०६२), ऋषिर्हि वेदः। वेदरूपर्षेरनुरूपं य आचरेल्लिखेच्च स एव 'ऋषिर्मुनिर्वा।

५ श्रीभानुजिदीक्षितकृता सुधाख्यव्याख्या, अमरकोष २.७.४३ में उद्धृत, ऋषिर्वेदे वसिष्ठादौ दीधितौ च पुमानयम् (इति मेदिनी)।

६ अमरकोष २.७.४३, ऋषयः सत्यवचसः।

७ आर्योद्देश्यरमाला- सं० ८१, दयानन्दग्रन्थमाला द्वितीय खण्ड, पृ० ७८८, परोपकारिणी सभा, अजमेर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
एकरस और सर्वविध प्राणियों का हितकारी है। एतादृश ऋषि शब्द से ही **ऋषेरिदम्** ऋषि का यह अर्थात् **ऋषिसम्बन्धी यह मत, विचार** इस अर्थ में अण्[8] प्रत्यय होकर **आर्ष** शब्द की निष्पत्ति होती है।

आर्ष-परम्परा

उक्त आर्षशब्द के विचार के अनुसार वेद को ही मुख्य और परम प्रमाण स्वीकार करना आर्षभाव है। आर्षभाव सत्य का आग्रही और सर्वभूतहितसाधक है। वैदिक वाङ्मय में प्रायः सर्वत्र बहुवचन का प्रयोग शायद इसी दृष्टि को सर्वत्र फैलाने के उद्देश्य से निहित है। इसीलिए शान्तिपर्व में व्यास वेद को ही परम प्रमाण मानने का निर्देश देते हैं- **न चार्षात्सदृशं किंचित्प्रमाणं विद्यते चित्।**[9] मनुस्मृति भी धर्माधर्म के सम्यक् निश्चय के लिए वेद को ही परम प्रमाण स्वीकार करती है।[10] वस्तुतः आर्ष विचार महाभारत के अनुशासन पर्व के प्रमाण से सनातन, नित्य अविकारी, अनामय, समुत्कर्ष और संसार सागर से पार लगाने वाले धर्मसेतु हैं।[11] आधुनिक काल के वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द ने तो आर्ष ग्रन्थों की प्रशंसा मुक्तकण्ठ से की है। उन्हीं के पठन-पाठन पर बल दिया है। सत्यार्थप्रकाश में वे लिखते हैं- **जो महाशय महर्षि लोगों न सहजता से महान् विषय अपने ग्रन्थों में प्रकाशित किया है, वैसा इन क्षुद्राशय मनुष्यों के कल्पित ग्रन्थों में क्योंकर हो सकता है! महर्षि लोगों का आशय, जहाँ तक हो सके वहाँ तक सुगम और जिसके ग्रहण में समय थोड़ा लगे, इस प्रकार का होता है और क्षुद्राशय लोगों की मनसा ऐसी होती है कि जहाँ तक बने वहाँ तक कठिन रचना करनी, जिसको बड़े परिश्रम से पढ़ के अल्प लाभ उठा सकें, जैसे पहाड़ का खोदना, कौड़ी का लाभ होना। और आर्ष ग्रन्थों का पढ़ना ऐसा है कि जैसा एक गोता लगाना, बहुमूल्य मोतियों का पाना।**[12] इसी बात को स्वामी दयानन्द ने अपने ग्रन्थों में पदे-पदे स्वीकार किया है। ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, वाल्मीकिरामायण, महाभारत आदि ग्रन्थों में प्राप्त ऋषि-आश्रमों के उल्लेख के आधार पर कहा जा सकता है कि आर्ष विचार की यह परम्परा ऋषि मुनियों की छत्रछाया में आश्रमों, आचार्यकुलों में **मनुर्भव**[13] का सन्देश देती रही और मानव का सर्वविध हित सम्पादन करती हुई समाज को निरन्तर महाभारत युद्ध तक अपने ज्ञान से आलोकित करती रही।

आर्ष-परम्परा पर आशङ्का और शनैः शनैः उसका लोप

वेदों के अनुकूल शिष्ट, सर्वज्ञ, परावरज्ञ ऋषियों के द्वारा जो पुरातन धर्म आचरित हुए उन पर महाभारतकाल में आशंका की जाने लगी, जिसके संकेत महाभारत के प्रणेता व्यास के इन शब्दों द्वारा होते हैं- **शिष्टैराचरितं धर्मं कृष्णे मा स्मातिशंकिथाः। पुराणमृषिभिः प्रोक्तं सर्वज्ञैः सर्वदर्शिभिः।।**[14] वहीं पर आर्षवचनों को प्रमाण न मानने वाले और तदनुरूप कार्य न करने वाले के लिए सर्वविध कल्याण के अभाव का भी उल्लेख किया है- **आर्षं प्रमाणमुत्क्रम्य धर्मानपरिपालयन्। सर्वशास्त्रातिगो मूढः शं जन्मसु न**

---

८ अष्टाध्यायी ४.३.१२०, तस्येदम्।

९ महाभारत (पुणे संस्करण), शान्तिपर्व १३०.१६

१० मनुस्मृति २.१३, धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः।

११ महाभारत (पुणे संस्करण) अनुशासन पर्व ९६.४८, धर्मः श्रुतः समुत्कर्षो धर्मसेतुरनामयः। आर्षो वै शाश्वतो नित्यमव्ययोऽयं मया श्रुतः।।

१२ सत्यार्थप्रकाश, पृ० ६३, दयानन्दग्रन्थमाला प्रथम खण्ड के अन्तर्गत, परोपकारिणी सभा, अजमेर

१३ ऋग्वेद १०.५३.६, तैत्तिरीय संहिता ३.४.२.२, ३.४.३.७, काण्वसंहिता १३.११.१३, ऐतरेय ब्राह्मण ३.३८.६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१४ महाभारत (पुणे संस्करण) आरण्यकपर्व ३२.२१

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विन्दति।।[१५] आज नि:संकोच कहा जा सकता है कि आर्ष प्रमाण को भारतीय समाज ने अपने क्षुद्र स्वार्थों के कारण जब से हेय दृष्टि से देखा, उसका अतिक्रमण किया, हमारा पतन शुरु हो गया। काल की गति के अनुसार शनै: शनै: मानव सुलभ उन स्वार्थजन्यप्रवृत्तियों से वे आदर्श आर्षपरम्परायें अनार्ष की भेंट चढ़ती चली गईं और आज आर्ष गौण हो गया तथा अनार्ष अपनी कीर्ति पताका चहुँ दिशाओं में आन्दोलित कर रहा है। वह चरम पर है। जिससे आज स्थिति यह हो गई कि केवल मन्त्रपाठ वा स्तोत्रपाठ करने, द्रव्ययज्ञ करने, गले में कण्ठी, माला, जनेऊ धारण करने, तिलक लगाने, चोटी रखने, मन्दिरों या घरों में मूर्तियों पर फल फूल चढ़ाने, बेजुबान निरीह प्राणियों की बलि देने, गंगा में स्नान करने से ही तीर्थाटन मानने जैसी हिन्दु समाज में ही विकृत अनार्ष परम्पराएँ चल पड़ीं और प्रतीकों तक ही धर्म को सीमित कर दिया गया अथवा यह कहिए कि **श्रेष्ठ आचरण या अन्त:करण की शुद्धि न करके** इन्हें ही धर्म मान लिया गया। इन सब कर्मकाण्डों को सम्पादित करने, महिमामण्डित करने के लिए संस्कृत वाक्य भी घड़ दिए गए और कालान्तर में पण्डितों के लिए वे परम प्रमाण हो गये[१६] तो फिर सामान्य भोली भाली जनता के लिए परम प्रमाण होने में सन्देह करना अनुचित होगा! क्योंकि वह तो बेचारा अशिक्षा का दास बना दिया गया। तर्क वितर्क करना ही नहीं रहा तो सत वचन महाराज! के अतिरिक्त क्या शेष बचा था।

इस विकट परिस्थिति के मूल में स्पष्टरूप से दो मुख्य कारणों को निर्दिष्ट किया जा सकता है। **प्रथम-** समाज का नेतृत्व करने वाले ब्राह्मणवर्ण का कर्तव्य से च्युत होना, उसमें विकृति आना रहा और **द्वितीय-** कालान्तर में मैकाले की शिक्षानीति का प्रभाव होना। इन्हें व्याख्यायित करें तो प्रथम विप्रत्व का लोप हुआ, उसका कारण मनु महाराज ने वेदों के अनभ्यास, आचार के वर्जन, आलस्य और अन्नदोष को कहा[१७] तो महाभारतकार ने लोभ को अज्ञानता के मूल में देखा।[१८] परिणाम स्वरूप सत्यनिष्ठ, त्यागी, तपस्वी, अपरिग्रही ब्राह्मण में उत्कृष्टता का बीजारोपण करने वाले ज्ञान, कर्म, श्रेष्ठ विद्वानों और ईश्वर की उपासना, शम, दम, दया आदि गुण[१९] आलस्य, प्रमाद और स्वार्थों के कारण तिरोहित होते चले गये। कर्त्तव्यकर्मों से विरत होने से आई न्यूनताओं के कारण अनार्ष परम्पराएँ प्रबल हो गई और समाज में मुख्य **अर्थ** हो गया। जब कि आर्ष परम्परा में विद्या को ही सर्वत: महत्त्व दिया गया है।[२०] धीरे धीरे जाति से ब्राह्मण कहलाने वालों में भी पठन-पाठन में क्षीणता आई तो कर्त्तव्यकार्यों हेतु दिशानिर्देश तथा सच्चे ब्राह्मण के स्वरूप की मान्यताएँ तत्तत् पुस्तकों तक ही सीमट कर रह गईं। परिणामस्वरूप कर्माधारित वर्णव्यवस्था नहीं रही तथा जन्माधारित जातियों का जाल फैलता चला गया। वहीं गुणों से रहित होने पर भी जन्मना ब्राह्मणत्व को महत्त्व देने वालों ने अपने आप को छल, कपट का सहारा ले पूज्य और देवता कहलवाने का हर सम्भव प्रयत्न किया।[२१] जिससे दुराचारी और मूर्ख भी जन्मना ब्राह्मण होने के कारण ब्राह्मण कहला रहा है। जबकि पुराण, मनुस्मृति, महाभारत आदि ग्रन्थों

---

१५ वही, आरण्यकपर्व ३२.२०

१६ विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य डॉ० सम्पूर्णानन्दकृत पुस्तक- ब्राह्मण! सावधान

१७ मनुस्मृति ५.४, अनभ्यासेन वेदानामाचारस्य च वर्जनात्। आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युर्विप्रांजिघांसति।।

१८ महाभारत (गीता प्रेस संस्करण) शान्तिपर्व १८८.१५, इत्येते चतुरो वर्णा येषां ब्राह्मी सरस्वती। विहिता ब्रह्मणा पूर्वं लोभात् त्वज्ञानतां गता:।।

१९. शुक्रनीतिसार १.४०, (व्याख्याकार- स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती, प्रका०- ऋषिदेवी रूपलाल कपूर धर्मार्थ ट्रस्ट, बहालगढ, सोनीपत), ज्ञानकर्मोपासनाभिर्देवताराधने रत:। शान्तो दान्तो दयालुश्च ब्राह्मणश्च गुणै: कृत:।।

२० मनुस्मृति २.१३६, वित्तं बन्धुर्वय: कर्म विद्या भवति पंचमी। एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२१. मनुस्मृति ९.३१७, ३१९, अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैवतं महत्, सर्वथा ब्राह्मणा: पूज्या: परमं हि दैवतं हि तत्।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में स्पष्टतः गुण, कर्म, स्वाभावादि ब्राह्मणत्व के स्पष्टतः निर्धारक कहे गये हैं।[22] ऐसे ही ऋषिपरम्परा से विरुद्ध अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए जहाँ भी वश चला अन्य धर्मशास्त्रों, पुराणों, वाल्मीकिरामायण, महाभारतादि ग्रन्थों को भी स्वाभिप्राय को पुष्ट करने वाले श्लोकों से बोझिल कर दिया गया, इसके स्पष्ट प्रमाण प्राप्त हस्तलेखों में विभिन्न प्रकार के पाठभेद और श्लोकों की न्यूनाधिक संख्या है।

तीर्थों में प्राचीन काल में श्रेष्ठ ब्राह्मण विराजते थे, इस संसार सागर से पार होने की वहाँ बातें होती थी, अतः उस परिवेश के प्रति भारतीय समाज की पूर्वतः बनी श्रद्धा का लाभ उठाया और वहाँ बहने वाली नदियों को **गंगा गंगेति यो ब्रूयाद्योजनानां शतैरपि। मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं चाधिगच्छति।।** जैसे श्लोकों से अतिरंजित कर दिया गया जिससे विना किसी तपस्या के आजीविका चल सके और भोले भाले समाज से अपना स्वार्थ सिद्ध किया जा सके। अपने ही नहीं अपितु राजा महाराजाओं के लिए शास्त्रों द्वारा उपस्थित होने वाले प्रतिबन्धों को शिथिल करने के लिए श्लोकों का निर्माण किया और उन्हें मुद्रण के अभाव में हाथों से लिखे जाने वाले ग्रन्थों के बीच स्थापित कर दिया जाता रहा। उसके परिणाम से नैतिक पतन की सीमा न रही। मनुस्मृति जैसे ग्रन्थ में ही एक ओर तो **योऽहिंसकानि भूतानि हिनस्त्यात्मसुखेच्छया। स जीवंश्च मृतश्चैव न चित्सुखमेधते।।** (५.४५), **आचारः परमो धर्मः** (१.१०८) जैसे वाक्य आर्ष परम्परा का उद्घोष कर रहे हैं तो दूसरी ओर वहीं कह दिया गया- **न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने। प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला।।**[23] अब इसे भी प्रमाण मानने वालों की बुद्धि को नमन करने के अतिरिक्त और कोई मार्ग नहीं। कहाँ तो अहिंसा का निषेध और आचार को परम धर्म कहना और कहाँ मांसभक्षण, मदिरा पान करने और मैथुन करने में दोष का न होना? साथ ही हेतु दे दिया यह तो प्राणियों की स्वाभाविक प्रवृत्ति है, परन्तु यदि इनसे अलग रहा जाये तो अच्छा है। इसप्रकार के अनार्ष विचारों के द्वारा दी जाने वाली छूट से घोर पतन भारतीय समाज में होता चला गया।

शरीर के प्रमुख ज्ञानकेन्द्र उपरि भाग में खराबी आने पर शरीर की जो स्थिति होती है वही ब्राह्मणत्व के हीन दशा में चले जाने से समाज की हो गई। साथ ही अपने आप को महत्त्वशाली रखने के लिए अपने से नीचे दूसरों को अशिक्षित, मूर्ख ही रखना अपेक्षित होता है, उन्हें शीघ्र ही अपनी बात समझायी जा सकती है और स्वार्थसिद्धि के लिए यथेप्सित किया जा सकता है। इसी नीति के अनुसार आज के राजनीतिकजन कार्य करते दिखाई देते हैं अन्यथा छः दशकों से अधिक समय हो जाने पर भी सामान्य जनता अशिक्षित नहीं रहती। वस्तुतः स्वार्थपरायण दूसरे को अपने वश में रखने के लिए उसे अपंग ही देखना चाहता है। ऐसे ही उपाय तथाकथित ब्राह्मणों ने किये और **स्त्रीशूद्रौ नाधीयताम्** जैसे वाक्यों के द्वारा शूद्रों और नारियों को पढ़ने तक के अधिकार से वंचित कर दिया गया, जिससे कि अपनी बुद्धि से विचार कर वे कार्य न कर सकें। परिणामतः कालान्तर में न्यूनताओं के आने से समाज विभिन्न जातियों में बाँट दिया गया और कुछ अस्पृश्य तक करार दिए गए, लेकिन क्या पाँवों के विना शरीर की सुस्थिति की परिकल्पना की जा सकती है? कदाचित् नहीं। वैसे ही समाज को गति देने वाले शूद्रवर्ण के विना मानव समाज स्थिर नहीं रह सकता। प्रत्येक मनुष्य प्रत्येक कार्य नहीं कर सकता- यह सिद्ध है। अतः कार्यानुरूप वर्ण का विभाजन वैज्ञानिक और

---

२२. शुक्रनीतिसार १.३८, न जात्या ब्राह्मणश्चात्र क्षत्रियो वैश्य एव न। न शूद्रो न च वै म्लेच्छो भेदिता गुणकर्मभिः। भविष्यपुराण, ब्राह्मपर्व ४४.३१, शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नो ब्राह्मणादधिको भवेत्। ब्राह्मणो विगताचारः शूद्राद्धीनतरो भवेत्।।मनुस्मृति १०.६५, शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्। क्षत्रियाज्जातमेवं तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च।।महाभारत (पुणे संस्करण), शान्तिपर्व १८२.८, शूद्रे चैतद्भवेल्लक्ष्यं द्विजे तच्च न विद्यते। न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः।।

२३ वहीं ५.५६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आवश्यक है। बस, कर्म के अनुसार उन्नति करने हेतु सबको समान अवसर मिले तो समाज सही ढंग से गति करेगा, अन्यथा समाजगत विसंगतियों और विकृतियों से सामना होना अपरिहार्य है। उसी का परिणाम है कि आज समाज टूट रहा है, खण्ड खण्ड हो रहा है।

इसप्रकार उक्त विवेचन से स्पष्ट है कि भारतीय आर्षपरम्परा के कर्णधार कहे जाने वाले ब्राह्मण उक्त प्रकार से स्वार्थजन्य न्यूनताओं में ऐसे फँसे कि अपने से अतिरिक्त समाज, राष्ट्र का भला उन्होंने नहीं सोचा जिससे सामान्य जन शिक्षा और वेदों के अध्ययन अध्यापन से विरत होते गये, शनैः शनैः भारत से स्वस्थ परम्पराओं का लोप होता गया। **अनार्ष प्रवृत्तियों** से क्षीणकाय बुद्धि के होने से थोड़ा जानकर ही कार्य चलाने की प्रवृत्ति ने शायद सामान्य संस्कृतसाहित्य को जानने के लिए अनार्ष रूपावतार, कौमुदी जैसे व्याकरणशास्त्र आदि की सृष्टि का सूत्रपात किया। अब इन्हीं को समझने में ही समस्त आयु व्यतीत होने लगी तथा वेदरूप अपने मूल से कटने से क्षीणकाय भारतीय समाज की दुर्गति हो गई, जिसे समाज के पतन के प्रथम कारण के रूप में देखा जा सकता है।

ततः विदेशी आक्रान्ताओं ने भारतीय समाज को आ घेरा और कहीं कुछ बची हुई भारतीय परम्पराओं को नष्ट भ्रष्ट करने में मैकाले की शिक्षानीति काम आई। जिसे **सामाजिक पतन के दूसरे प्रमुख कारण** के रूप में देखा जा सकता है। क्योंकि किसी भी समाज को उन्नत अथवा अवनत करने के लिए शिक्षाप्रणाली को ही तदनुरूप करना पड़ता है। मैकाले चालाक प्रकृति का व्यक्ति था उसने भारतीय समाज का नजदीक से अध्ययन किया और उसको अपने पूर्ण वश में करने के लिए जहाँ भारतीय समाज कमजोर था वहाँ हाथ डाला, जिसमें वह पूर्ण सफल रहा और आज भारतीय व्यक्ति में भारतीय कहे जाने वाले गुणों का प्रायः नितान्त अभाव हो चुका है। निम्न अवतरण से मैकाले के उद्देश्य एकदम से स्पष्ट हैं, परन्तु भारतीय जनमानस भौतिकता की चकाचौंध में उसे आज भी समझने का प्रयत्न नहीं कर रहा है। सत्य यह है कि उपर्युक्त के अनुसार उस समय शिक्षा आदि का प्रचार बहुत शिथिल होने पर भी भारतीय समाज में मानवता का लोप नहीं हुआ था। भ्रष्टाचार, चोरी, डकैती आदि उसमें नहीं थे। जिसका चित्र २ फरवरी १८३५ को ब्रिटिश संसद में दिए मैकाले के भाषण से रूपायित होता है, जिसमें उसने अपने गर्हित उद्देश्य को इन शब्दों में स्पष्ट किया था- "I have travelled across the length and breadth of India and I have not seen one person who is a thief. Such wealth I have seen in the country, such high moral values, people of such caliber; that I do not think we would ever conquer this country, unless we break the very backbone of this nation, which is her spiritual and cultural heritage, and therefore I propose that we replace her old and ancient education system, her culture, for if the Indians think that all that is foreign and English is good and greater than there own, they will lose their self-esteem, their native self-culture and they will become what we want them, a truly dominated nation."- Lord Macaulay in his speech on Feb 2, 1835, British Parliament [२४]

आज की गर्हित सामाजिक स्थिति प्रमुखतः इसी अनार्ष शिक्षा पद्धति का परिणाम है। बहुत सारी समस्याओं की यह जड़ है। यह केवल अर्थ का चिन्तन करने के लिए बालक को प्रेरित करती है वैसी ही लूट

---

२४ पप्पू कैसे पास हुआ नामक सम्पादकीय, लेखक- डॉ० धर्मवीर, परोपकारी पाक्षिक पत्रिका, सितम्बर (प्रथम) २०१०, पृ० ५१४ पर उद्धृत

CC0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की भावनायें भरती है। लेकिन मानव फिर भी सन्तुष्ट नहीं। अतः यदि इस जाल से भारतीय समाज को निकालना है, मनुष्यता के साथ जीना है तो प्राचीन वैदिकी संस्कृति को पुनः आत्मसात करना होगा। उसे जानने के लिए सर्वप्रथम शिक्षा में वैदिकी शिक्षा के अनुसार सुधार करने होंगे। जिसमें कर्तव्यकर्मों को वरीयता देने का ही प्रमुखतः प्रावधान है।

आर्षपरम्परा का पुनरुद्धार

जैसे कि पहले वर्णित हुआ भारतीय समाज से आर्ष परम्परायें लुप्तप्रायः हो गयी थीं, उन परम्पराओं को पुनः स्थापित करने के लिए कदाचित् महान् आत्माओं का अवतरण इस धराधाम पर समय-समय पर होता है और वे अपना कार्य कर, समाज के अज्ञानान्धकार को दूर कर, मार्ग दिखा यथाकर्म लौट जाती हैं। ऐसी ही आत्माओं में अग्रगण्य प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द दण्डी और इन्हीं के पटु शिष्य महर्षि दयानन्द का उल्लेख किया जा सकता है। विरजानन्द ने जो कुछ अपने अनुभव और प्रातिभज्ञान से आर्षज्ञान की अनुभूति की वह उसे सर्वत्र विस्तारित करना चाहते थे। आर्षव्याकरण के विना वेदज्ञान को स्पष्ट नहीं किया जा सकता यह उनका स्पष्ट मन्तव्य था। प्रायः अपनी सम्पूर्ण वय तक व्याकरणमूर्धन्य स्वामी विरजानन्द संस्कृत व्याकरण का अध्ययन अध्यापन वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी से करते रहे, लेकिन लगभग अवशिष्ट आयु से दस वर्ष पूर्व जिस दिन से उसकी अनार्षता का परिज्ञान हुआ उसे यमुना में बहाने का आदेश अपने शिष्यों को देते हैं और अष्टाध्यायी के अनुसार पठन-पाठन आरम्भ कर देते हैं। **दण्डी जी की जीवनी** नामक अपनी पुस्तक में पं० मुकुन्ददेव लिखते हैं कि मथुरा में मदनमोहन जी के मन्दिर में अध्यापन करके शिविका द्वारा लौटते हुए दण्डी जी ने कदाचित् किसी दाक्षिणात्य दशग्रन्थी ब्राह्मण को अष्टाध्यायी का पाठ करते हुए सुना और उस पण्डित को अपने स्थान पर ले आये। सम्पूर्ण अष्टाध्यायी का पाठ उससे सुना और उसे दान दक्षिणा दे दूसरे दिन पुनः आने को कह, विदा किया। चिन्तन कर पाणिनीय अष्टाध्यायी में पाणिनि का लोकोत्तर चमत्कारवह वैदुष्य है-यह वृत्ति, उदाहरण, सूत्र की परावरता की वैज्ञानिकता का परिज्ञान इदमित्थं जान लिया और कौमुदी के वृथात्व को समझ लिया। यह पाठ सुनने का क्रम चार वा पाँच दिन चला और कौमुदी को तिलांजलि दे दी गई।[२५] बस यहाँ से आर्ष परम्परा के पुनरुद्धार का सूत्रपात हो गया। ततः दयानन्द की प्रतिभा भी दण्डी जी से आ मिली तो सोने में सुगन्ध हो गई। महर्षि ने इस आर्षपरम्परा को परिभाषित किया और उसका इतना गहन मनन, चिन्तन किया कि सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय को कुछ ही वर्षों में पढ़ने की एक दिव्यदृष्टि अपने लेखन के माध्यम से सत्यार्थप्रकाश[२६] और संस्कारविधि[२७] जैसे ग्रन्थों में दे दी, जिसका दूरगामी प्रभाव हुआ। महर्षि से प्रभावित हो महात्मा मुंशीराम (स्वामी श्रद्धानन्द) ने ब्रह्मचर्य आश्रम के विना देश का उद्धार होना असम्भव है यह विचार कर वैदिकी गुरुकुलीय शिक्षापद्धति का पुनः बीजारोपण ऋग्वेदीय मन्त्र **उपह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनाम्। धिया विप्रो अजायत।।**[२८] के अनुरूप करना चाहा। वह इच्छा ईश्वर कृपा से पूर्ण हुई और नजीबाबाद के रईस मुंशी अमनसिंह ने अपनी १२०० बीघा भूमि का स्थल जो हरिद्वार के नजदीक शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे कांगड़ी गाँव की भूमि में गंगा के किनारे पर था, दानस्वरूप दे दिया। जहाँ मार्च सन् १९०२ में झाड़फूस के छप्परों में जंगल की दो बीघा जमीन को साफ करवा गुरुकुल कांगड़ी नामक

---

२५ दण्डी जी की जीवनी, पृ० ६८-७०

२६ द्र० सत्यार्थप्रकाश, पृ० ६१-७१, दयानन्दग्रन्थमाला प्रथम खण्ड के अन्तर्गत, परोपकारिणी सभा, अजमेर

२७ द्र० संस्कारविधि के अन्तर्गत वेदारम्भसंस्कार में निर्दिष्ट पठनपाठनविधि।

२८ ऋग्वेद ८.६.२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिक्षणालय का शुभारम्भ किया गया।[२९] मुंशीराम जी के सर्वस्व त्याग, समर्पण और समाज के लिए नया करने की भावना से वहाँ का कण-कण सुवासित हो गया। उनके हर प्रतिकूल परिस्थिति में पर्वतराज के से आचरण का प्रभाव कैसा था और वह गुरुकुल को अपना विस्तृत गृहस्थ मानते थे, इसका चित्र स्वयं पं० सत्यदेव के शब्दों में इसप्रकार है- **ब्रह्मचारी और कर्मचारी ही नहीं, उस भूमि के पशु, पक्षी, वनस्पति और जंगम सृष्टि तक में आपके सर्वस्व-अर्पण की स्पष्ट छाया दीख पड़ती थी। मुंशीराम जी के लिए यह सर्वस्व-अर्पण अथवा सर्वमेध-यज्ञ का अनुष्ठान एक विस्तृत गृहस्थ का बोझ था। आपके सार्वजनिक जीवन के जिस भाग को इस जीवनी में वानप्रस्थ का नाम दिया जा रहा है, उसके लिये आप कहा करते थे- मैं अधिकतर गृहस्थ में फँस गया हूँ। आपका यही विस्तृत गृहस्थ गुरुकुल कांगड़ी के नाम से प्रसिद्ध हुआ।**[३०] इस उद्धरण से स्पष्ट है कि इस गुरुकुल में आचार्य का वही स्वरूप था जो प्राचीन आर्षग्रन्थों में उपलब्ध होता है। मातृत्व का वात्सल्य और वह सब कुछ जो अज्ञान तमस् को दूर भगाने के कारण बनते हैं। अथर्ववेदीय मन्त्र- **आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः। तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति तं जातं द्रष्टुमभिसंयन्ति देवाः।।**[३१] यहाँ चरितार्थ हुआ था, क्योंकि महात्मा मुंशीराम जैसे सर्वस्व त्यागी, समर्पित व्यक्तित्व के धनी मुख्य आचार्य की छत्रछाया में समस्त छात्र निर्द्वन्द्व हो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की आर्षविद्याओं के अध्ययन में संलग्न थे। अन्यगुरु भी महाभारत में उल्लिखित ब्राह्मणत्व के आधारभूत जातकर्मादि समस्त संस्कारों से सुसंस्कृत, पवित्र, वेदाध्ययनादि समस्त गुणों[३२] से विभूषित होने से उन्हीं के प्रतिबिम्बरूप छात्र शनैः शनैः विद्या में पारंगत हुए और चतुर्दिक् इनके प्रभामण्डल से दीप्तिमान होने लगी।

आचार्य डॉ० विष्णुदत्त राकेश लिखते हैं कि स्वामी श्रद्धानन्द ने अंगरेजी शिक्षा-पद्धति और तदनुसार चलने वाले विश्वविद्यालयों को चुनौती देने के लिए राष्ट्रिय शिक्षा-पद्धति की नींव डाली। राष्ट्रभक्त और चरित्रवान् नवयुवकों के निर्माण के लिए उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की।[३३] वास्तव में पराधीनता के समय में स्वतन्त्ररूप से एक नया सूत्रपात करना स्वामी श्रद्धानन्द जैसे विरले का ही कार्य था। सन् १९०८ में प्राच्यविद्याओं के साथ आधुनिक ज्ञानविज्ञान की अपने बच्चों को शिक्षा देना, और वह भी हिन्दी माध्यम से, अद्वितीय था। श्री गोवर्धन शास्त्री से भौतिक और रसायन विज्ञान की पुस्तकें हिन्दी में लिखवाई गयीं तो अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त कर लौटे श्री महेशचरण सिन्हा से वनस्पतिशास्त्र पर आधृत हिन्दी में पुस्तक लिखी। पश्चाद्वर्ती काल में यहीं के स्नातकों ने प्राचीनभारतीय इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, चिकित्साशास्त्र जैसे अनेक विषयों पर पुस्तकें हिन्दी भाषा में लिख कर हिन्दी जगत् के लिए नवजागरण का कार्य किया।[३४] जबकि आज स्वतन्त्र भारत की सरकारें भी ऐसा करने में सक्षम नहीं हो पा रही हैं। यह सब आर्ष पद्धति के अनुसार चलने का ही परिणाम था ऐसा निःसन्देह कहा जा सकता है।

---

२९ द्रष्टव्य- स्वामी श्रद्धानन्द, पृ० २१३, ले० पं० सत्यदेव विद्यालंकार, प्रकाशक- श्री स्वामी श्रद्धानन्द अनुसन्धान प्रकाशन केन्द्र, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार, वर्ष २००३

३० वही, पृ० २१२

३१ अथर्ववेद ११.५.३

३२ महाभारत (पुणे संस्करण), शान्तिपर्व १८२.२-४ जातकर्मादिभिर्यस्तु संस्कारैः संस्कृतः शुचिः। वेदाध्ययनसम्पन्नः षट्सु कर्मस्ववस्थितः।। शौचाचारस्थितः सम्यग्विघसाशी गुरुप्रियः। नित्यव्रती सत्यपरः स वै ब्राह्मण उच्यते।। सत्यं दानं दमोऽद्रोह आनृशंस्यं क्षमा घृणा। तपश्च दृश्यते यत्र स ब्राह्मण इति स्मृतः।।

३३ द्रष्टव्य- स्वामी श्रद्धानन्द, पृ० १०

३४ द्र० वही, पृ० ११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहाँ के विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षा पूर्ण कर सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में जो कार्य किया वह अनुपमेय है। साहित्य की समृद्धि तो यहाँ के स्नातकों ने बेजोड़ की है। वेद, ब्राह्मण, उपनिषद् जैसे वैदिक साहित्य से सम्बन्धित व्याख्याग्रन्थ नित उनके यश को ख्यापित करने का कार्य कर रहें हैं। अनेकों ऐसे ग्रन्थ लिखे गये जो पाश्चात्त्य लेखकों के द्वारा उठाए गये प्रश्नों का सतर्क उत्तर देने वाले और भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल पक्ष को संसार के सामने लाने वाले हैं। वास्तव में गुरुकुल के स्नातक तप की भट्ठी में तप कर प्राचीन भारत की परम्परा के सम्वाहक बन गये थे और जो कार्य किया वह उनके आचार्य स्वामी श्रद्धानन्द की तरह ही अद्वितीय था। इसीलिए श्री विष्णु प्रभाकर ने अपने एक भाषण में जो बाद में दीक्षालोक में प्रकाशित हुआ गुरुकुल के बारे में कहा था- **भारत के सामाजिक और राजनीतिक नवजागरण में अकेले गुरुकुल कांगड़ी का जो योगदान रहा है उसका तटस्थ मूल्यांकन यदि किया जाए तो उसके परिणाम पर कोई भी देश गर्व कर सकता है।**

गुरुकुल कांगड़ी के प्रभाव के कारण पूरे देश में कुरुक्षेत्र, भैंसवाल, झज्झर, इन्द्रप्रस्थ, वृन्दावन, वाराणसी, ज्वालापुर आदि स्थानों पर उस समय ऐसी ही आर्ष परम्परा की अनेक संस्थाएँ गुरुकुलों के रूप में खुलीं और आज भी कार्य कर रहीं हैं। जिनमें से कुछ ने आर्षपरम्परा की पुरातन पद्धति को ही अङ्गीकार किया हुआ है तो कुछ ने आधुनिक ज्ञानविज्ञान को भी अपने अन्दर समाहित किया है। जिनके भारतीय नवजागरण में महत्त्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

अन्त में कहा जा सकता है कि आर्षपरम्परा पूर्ण वैज्ञानिक और सर्वविध उन्नति को प्रदान करने का एक अवक्र मार्ग है जिस पर समस्त समाज को चलना चाहिए। अन्यथा कष्टों में पड़कर इसके महत्त्व को समझ कर एक न एक दिन इसका पथिक समाज को बनना ही होगा। नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधुनिक पारिस्थितिकी समस्याओं का स्मृत्योक्त समाधान

डॉ.नन्दिता सिंघवी[१]

उमेशचन्द्र पुरोहित शोधछात्र[२]

स्वच्छ, सुन्दर और प्रदूषण रहित पारिस्थितिकी में ही उदात तथा उत्कृष्ट विचारों का उद्भव तथा विकास सम्भव है इसलिए विभिन्न स्मृतियों का प्रथम लक्ष्य पवित्र तथा शुद्ध पारिस्थितिकी का निर्माण तथा संरक्षण रहा है। स्मृतिकालीन जीवन मानव जीवन की प्रत्येक भाग से जुड़ा हुआ है। मानव जीवन का पारिस्थितिकी के प्रत्येक घटक के प्रति जो उत्तरदायित्व एवं कर्त्तव्यनिष्ठा है इन सबका स्मृतियों में वर्णन प्राप्त होता है। आधुनिक समय में मानव के द्वारा ऐसे कई और अपकृत्य किये जा रहे हैं जिनसे पारिस्थितिकी तन्त्र को खतरा होने लगा है। आज पारिस्थितिकी का प्रत्येक घटक किसी न किसी प्रकार से समस्याओं से ग्रस्त है। जिनका निवारण करना मानव का परम कर्त्तव्य है। वर्तमान में जो पारिस्थितिकी समस्याएं उभर कर सामने आ रही हैं, उन समस्याओं का स्मृतियों में अपने आधार पर समाधान भी किया है। जो कि काफी हद तक सटीक है। इस शोध पत्र में वर्तमान पारिस्थितिकी समस्याओं का स्मृतियों के माध्यम से समाधान करने का प्रयास प्रस्तुत किया जा रहा है।

जल

जल का मानव जीवन के लिए तथा प्रत्येक पारिस्थितिकी घटक के लिए महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्मृतियों में जल की शुद्धता व स्वच्छता के प्रति इतनी सुस्पष्ट चेतना थी कि वे कहते थे कि पृथ्वी पर आकाश से गिरने वाला जल हमेशा शुद्ध रहे।[३] यम स्मृति में स्पष्ट रूप से कहा है कि अपवित्र वस्तुओं से रहित जल हमेशा पवित्र होता है- **स्वभावयुक्तमव्याप्तममेध्येन सदा शुचिः।**[४] याज्ञवल्क्य ने जल को अनेक शक्तियों से सम्पन्न, सहस्रों धाराओं वाला तथा मानव को पवित्र करने वाला कहा है-

सहस्राक्षं शतधारमृषिभिः पावनं कृतम्।
तेन त्वामभिषिंचामि पावमान्यः पुनन्तु ते।।[५]

इन सम्पूर्ण बातों से ज्ञात होता है कि जल पवित्र व शुद्धता प्रदान करने वाला है। किन्तु वर्तमान में स्वयं मानव इस जल को अपवित्र तथा प्रदूषण युक्त करने में लगा है। वर्तमान में नदियों का जल रोककर बांध आदि का निर्माण किया जा रहा है जिससे जल एकत्रित हो जाता है और एकत्रित जल में कीटाणु व जीवाणु अपना निवास बनाते हैं जिससे कई बीमारियों के होने का डर रहता है जबकि आंगिरस स्मृति में कहा

---

१ संस्कृत व्याख्याता, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर

२ संस्कृत विभाग, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

३ अत्रि., २४०

४ यम., ९५

५ याज्ञ., १.२८१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है कि नदियों को रोकना नहीं चाहिए क्योंकि नदियों का जल अपने वेग से शुद्ध रहता है- **नदी वेगेन शुध्यति।**[६] तात्पर्य यह है कि गतिशील जल प्रदूषण मुक्त रहता है।

वर्तमान समय में कई अपशिष्ट व उच्छिष्ट पदार्थ जल में डालने से जल में गन्दलापन उत्पन्न हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए मनुस्मृति में कहा है कि मानव को जल के गन्दलेपन को साफ करने के लिए उसमें रीठे के फल को पीस कर डाले इससे जल के गन्दलेपन का शोधन हो जाता है- **फलं कतकवृक्षस्य यद्यप्यम्बुप्रसादकम्।**[७]

जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल प्राणियों को मृत्यु से बचाता है। वैदिक निघण्टु (१.१२) में जल के पर्याय में अमृत शब्द दिया गया है। लेकिन इसी अमृत रूपी जल को मानव स्वयं प्रदूषित करता जा रहा है। मानव को यह पूर्णत: ज्ञात है कि जल में कोई भी अपशिष्ट पदार्थ यदि डालेंगे तो जल प्रदूषण युक्त हो जाएगा। फिर भी वह अज्ञानता के आवरण के कारण ऐसा दुष्कृत्य कर बैठता है। जबकि स्मृतियों में स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि जल में मानव को कभी भी थूक, रक्त, मल-मूत्र तथा वीर्य उत्सर्जन नहीं करना चाहिए। इससे जल प्रदूषण युक्त हो जाता है-

ष्ठीवनासृक्शकृन्मूत्ररेतांस्यप्सु न निक्षिपेत्।[८]

अशुद्ध जल को शुद्ध जल से हमेशा दूर रखना चाहिए। इससे शुद्ध जल में अशुद्धता नहीं होगी। इस सन्दर्भ में याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है कि मनुष्य को पैर धोने वाले जल को हमेशा दूर फैंकना चाहिए। इससे वह अशुद्ध जल शुद्ध जल में न मिल सके और जल पूर्णत: पवित्र रहे।[९] जल की शुद्धि के लिए जलीय स्थानों की शुद्धि भी पूर्णत: आवश्यक है, क्योंकि अगर स्थान ही शुद्ध नहीं होगा तो उस पर स्थित जल कैसे शुद्ध रहेगा। वर्तमान समय में यह समस्या प्राय: देखने को मिलती है कि मानव अपने स्वार्थवश अनेक पशु-पक्षियों की हत्या करता है और बाद में उनकी अस्थियों, चमड़े को तथा उनको भी जलीय स्थान यथा तालाब, नदी, कुएं, नहर आदि में फैंक देता है, इससे जल तो अशुद्ध होता ही है, जलीय स्थान भी अशुद्ध हो जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए स्मृतियो में बताया है कि मानव को ऐसे जलीय स्थानों जहाँ पर अस्थि, चर्म अथवा गदर्भ, कुते आदि जन्तु गिर कर मर गए हैं उनकी शुद्धि के लिए सम्पूर्ण जल को बाहर निकालकर और उसमें पंचगव्य (दूध, दही, घृत, गोबर, मूत्र) आदि डालकर शुद्ध करें-

अस्थिचर्मावासिक्तेषु खरश्वानादिदूषिते।
उद्धरेदुदकं सर्वं शोधनं परिमार्जनम्।।[१०]

स्पष्ट है कि वर्तमान में मानव के द्वारा पारिस्थितिकी घटक जल का दुरुपयोग व प्रदूषित किया जा रहा है। वर्तमान में जल के प्रति जो समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, उन समस्याओं का स्मृतियों में यथासम्भव समाधान प्राप्त होता है। अत: मानव को चाहिए कि वह स्मृतियों का अध्ययन कर जल के प्रति अपनी सकारात्मकता प्रकट करे।

---

६ आंगिरस स्मृति, ४२
७ मनु., ६.६७
८ याज्ञ., १.१३७
९ वही, १.१५४
१० अत्रि., २२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वायु

शुद्ध व प्रदूषणमुक्त वायु ही मनुष्य को प्राणवान् रखता है। शुद्ध वायु ही औषध गुणयुक्त होने से स्वास्थ्यवर्धक, आयुष्यवर्धक एवं सर्वरोगहर होता है और हृदय के लिए शान्तिदायक होता है। वायु ही सब प्राणियों, सब स्थानों में प्रविष्ट होकर विचरण करता है- **प्रविश्य सर्वभूतानि यथा चरति मारुत:।**[११] इस सृष्टि में समस्त जीव इसी वायु के ही आश्रित होते हैं- **यथा वायुं समाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्वजन्तव:।**[१२] वायु के द्वारा पर्यावरण की शुद्धि होती है। याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा है कि मार्ग में पड़ा कीचड़, जल तथा पक्की ईटों का बना घर वायु से ही शुद्ध होते हैं।[१३] वर्षा लाने में वायु की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। वायु जलों को धारण कर तथा आहरण करने का कार्य करता है। लेकिन वर्तमान समय में वायु के प्रति असंवेदनशील दृष्टिकोण ने आज प्रदूषण की गम्भीर समस्या उत्पन्न कर दी है।

वर्तमान समय में मानव विभिन्न कार्यों के द्वारा वायु को प्रदूषित करता जा रहा है। इसके द्वारा स्थापित किए गए कल-कारखानों से निकलने वाला धुआं शुद्ध वायु में घुलकर उसे दूषित कर रहा है और उसी के कारण आज मानव अस्थमा आदि अनेक श्वास सम्बन्धी रोगों से ग्रस्त हो गया है। अत्रिस्मृति में कहा है कि यदि वायु शुद्ध होगी तो मनुष्य भी स्वस्थ होगा।[१४] प्राचीन समय में वायु को शुद्ध रखने के लिए स्मृतियों में यज्ञों का वर्णन मिलता है जिसके धुएं से वायु में उपस्थित दूषित कण नष्ट हो जाते थे तथा स्वच्छ व सुगन्धित वायु का वे सेवन करते थे। अत: आज के मानव को भी यज्ञ आदि ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे वायु शुद्ध हो सके और मानव स्वस्थ्य व दीर्घ आयु वाला बन सके।

अग्नि

दैनिक जीवन में अग्नि का बहुत अधिक महत्त्व है। मानव भोजन पकाने, अन्धकार को नष्ट करने, ईश्वर की आराधना करने व यज्ञ आदि अनेक कार्यों में अग्नि का उपयोग करता है। अग्नि में अशुद्धता को दूर करने, पापों का नाश करने आदि अनेक गुण विद्यमान हैं। अग्नि में इतनी शुद्धता होती है कि वह अपवित्र वस्तुओं को दग्ध करके भी शुद्ध रहती है- **पावक: सर्वमेध्यत्वं मेध्यत्वं योषिता सदा।**[१५] कात्यायन स्मृति में कहा है कि मनुष्य अग्नि के दर्शन मात्र से ही इस संसार में सम्पूर्ण विपत्तियों से मुक्त हो जाता है।[१६] जो अग्नि मानव का इतना उद्धार करती है, वर्तमान में उसी अग्नि का मानव अज्ञानतावश दुरुपयोग व प्रदूषण युक्त करता जा रहा है।

वर्तमान समय में मानव के द्वारा किये जा रहे दुष्कृत्यों से संरक्षित करने में स्मृतियों में बार-बार विभिन्न माध्यमों से मानव को चेताया गया है। जगत् को प्रकाशमान रखने के लिए अग्नि का प्रज्वलित रहना अत्यन्त आवश्यक है, लेकिन मानव इसे अनेक कार्यों से बुझाने का कर्म करता है इससे जगत् में अन्धकार व्याप्त हो जाएगा। इस समस्या के समाधान के लिए कात्यायन ने कहा है कि मनुष्य को अग्नि की सावधान होकर रक्षा करनी चाहिए। यदि अग्नि शान्त हो जाए तो उसे पुन: प्रज्वलित करे-

---

११ मनु., ९.३०६
१२ वही, ३.७७
१३ याज्ञ., १.१९७
१४ अत्रि., १४२
१५ अत्रि., १३७
१६ कात्या., १९.९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरण्योः क्षयनाशाग्निदाहेष्वग्निं समाहितः।
पालयेदुपशांतेऽस्मिन् पुनराधानमिष्यते।।[१७]

अग्नि यदि प्रदूषित नहीं होती है तो वह अपने अन्दर किसी भी धातु को तपाने या गलाने से उनमें उपस्थित सम्पूर्ण मलों को नष्ट कर देती है।[१८] परन्तु आधुनिकता के इस दौर में मानव इसी अग्नि में अपशिष्ट पदार्थ, मल-मूत्र, उच्छिष्ट पदार्थ आदि अनेक पदार्थों को डाल देता है, जिसके कारण अग्नि तो प्रदूषित होती है प्राकृतिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। याज्ञवल्क्य ने इस समस्या के समाधान हेतु स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मानव को अग्नि की ओर मुख करके तथा उसमें कभी भी मल-मूत्र तथा अपशिष्ट पदार्थों का त्याग नहीं करना चाहिए।[१९] अग्नि में न तो पैर सेंके तथा न ही उसे लांघे इससे उसका अपमान भी होता है।[२०]

पृथ्वी

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान समय तक मानव तथा अन्य पारिस्थितिकी घटकों के आश्रयस्थल के रूप में पृथ्वी अपना महत्त्वपूर्ण योगदान कर रही है। मानव तथा अन्य प्राणी जीव-जन्तु, पेड़-पौधे इस पृथ्वी पर आश्रित होकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं। यह पृथ्वी सम्पूर्ण प्राणी जगत् को सुख प्रदान करती है।

वर्तमान समय में वही मानव इस पृथ्वी को प्रदूषित करता जा रहा है, वह ऐसे कृत्य कर रहा है जिससे यह पृथ्वी अशुद्ध हो जाती है और अशुद्ध पृथ्वी पर फिर अशुद्ध वस्तुएं ही प्राप्त होगी जिससे पारिस्थितिकी तन्त्र प्रदूषित होगा। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि पृथ्वी स्पर्श में भी पवित्र होती है,[२१] अतः इसे शुद्ध रखना चाहिए। आधुनिक समय में मानव पृथ्वी पर अनेक अपशिष्ट व उच्छिष्ट पदार्थों का उत्सर्जन करता है जिससे यह पृथ्वी अपवित्र व प्रदूषित हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए कहा है कि मनुष्य को भूमि की शुद्धि मार्जन अर्थात् झांड़-फूंककर, जलाने अर्थात् अपशिष्ट पदार्थों को जलाकर, जल छिड़कर खोदने तथा लीपने आदि से करनी चाहिए-

भूशुद्धिर्मार्जनाद्दाहात्कालाद्गोक्रमणात् तथा।
सेकादुल्लेखनाल्लेपाद् गृहं मार्जनलेपनात्।।[२२]

स्मृतियों में मानव को पवित्र आचरण की सलाह दी गई है ताकि शुद्ध जल पृथ्वी पर प्रवाहित हो सके क्योंकि पृथ्वी पर पड़ा जल हमेशा शुद्ध होता है- **भूमिस्थमुदकं शुद्धम्।**[२३] पृथ्वी मानव को धान्य प्रदान करती है। अतः मानव को पृथ्वी के विकास व विस्तार के लिए यज्ञ करना चाहिए जिससे वर्षा हो और पृथ्वी का विकास हो। मनुस्मृति में कहा है कि मानव को यज्ञ करना चाहिए, उस यज्ञ से वर्षा होगी और वर्षा से पृथ्वी पर अन्न उत्पन्न होगा और पृथ्वी उपजाऊ होगी-

अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते।

---

१७ वही, २०.३
१८ मनु., ६.७१
१९ याज्ञ., १.१३४
२० वही, १.१३७
२१ याज्ञ., १.१९५
२२ वही, १.१८८
२३ शंख, १६.१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः॥[२४]

मानव का यह परम कर्त्तव्य है कि वह यज्ञादि के द्वारा पृथ्वी को संरक्षित करे जिससे वह स्वयं व अन्य जीव-जन्तु, पेड़-पौधे सुरक्षित रहे।

जीव-जन्तु

प्राचीनकाल से लेकर आधुनिककाल तक मानव जीवन में तथा पारिस्थितिकी तन्त्र में पशु-पक्षी की बड़ी उपादेयता है। पारिस्थितिकी सन्तुलन बनाए रखने में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। स्मृतियों में पशु-पक्षियें के संरक्षण व संवर्द्धन पर बल दिया गया है क्योंकि इनके द्वारा ही मानव अपने दैनिक जीवनोपयोगी कार्यों को सफल बनाते हैं। मानव गाय से पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर व मूत्र) प्राप्त करता है जिससे वह स्वयं पुष्ट रहता है तथा पृथ्वी को शुद्ध करता था। बैल को खेत में हल जोतने के काम लिया जाता था। समान ढोने व सवारी ढोने के लिए घोड़ा, गधा व ऊँट का उपयोग करता था। दैनिक जीवन में काम आने वाले इन पशु-पक्षियों को आधुनिक युग में मानव काम भी लेता है और इनका दुरुपयोग भी करता है।

वर्तमान में गायों से अधिक दूध प्राप्ति की लालसा में मानव इन्हें इंजेक्शन लगाता हे जिससे दूध तो अधिक प्राप्त होता है, परन्तु गाय की धीरे-धीरे मृत्यु हो जाती है। किसान खेत में दो बैलों से ही पूरे दिन खेत को जोतता रहता है, जिससे बैल कमजोर हो जाते हैं और एक दिन वह मर जाते हैं। जबकि इस समस्या के समाधान के लिए स्मृतियों में स्पष्ट रूप से बैलों की संख्या तथा संख्यानुसार काम करने का समय निश्चित किया गया था, जिससे बैलों का संरक्षण हो सके।[२५]

वर्तमान समय में मनुष्य अपने स्वार्थवश पशु-पक्षियों को मारता है और उनका मासं का भक्षण करता है जबकि स्मृतियों में देवता के निमित्त यज्ञ में ही मांस का उल्लेख प्राप्त होता है।[२६] मनु ने स्पष्ट कहा है कि मानव यदि अपने सुख के लिए पशुओं को मारता है तो वह स्वयं इहामुत्र सुख से वंचित हो जाता है। अतः मानव को स्वयं के सुख के लिए पशुओं को संरक्षण करना आवश्यक है-

योऽहिंसकानि भूतानि हिनस्त्यात्मसुखेच्छया।
स जीवंश्च मृतश्चैव न क्वचित् सुखमेधते॥[२७]

आजकल मानव अनेक पशु-पक्षियों को मारकर खा जाता है जिससे धीरे-धेरे उनकी संख्या में कमी होती जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए स्मृतियों में अनेक पशु-पक्षियों को अभक्ष्य बतलाकर उनका संरक्षण किया है।[२८] शातातप स्मृति में अनेक रोगों व दोषो का वर्णन कर मानव में पशु-पक्षी की हिंसा से उत्पन्न होने वाले भय को प्रकट किया है।[२९] जिसके कारण मानव इनको मारने का दुष्कृत्य न करे। वर्तमान समय में मानव इतना व्यस्त हो गया है कि उसे यह भी ज्ञात नहीं कि वह जिस गति से दौड़ रहा है उससे पृथ्वी पर रेंगने वाले कितने जीव मरते हैं। इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए मनु ने स्पष्ट किया है कि

---

२४ मनु., ३.७६
२५ अत्रि., २१९-२२०; आप., १.२२; पारा., २.८-१०
२६ याज्ञ., १.१७१
२७ मनु., ५.४५
२८ वही, ५.१०-२२; याज्ञ., १.१७१-१८०
२९ शातातप, १.४४, ४६-५६, ५.३६-३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
मनुष्य को सर्वदा चींटी आदि की रक्षा के लिए पृथ्वी पर देख कर चलना चाहिए- **सरंक्षणार्थं जन्तूनां रात्रावहनि वा सदा।**[३०]

वर्तमान में मनुष्य पशु-पक्षियों को अन्धाधुन्ध मारता जा रहा है क्योंकि उसे किसी प्रकार के दण्ड का भय नहीं है जो उसे आर्थिक व शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचा सके। जबकि स्मृतियों में पशु-पक्षियों की हत्या के पश्चात् विभिन्न प्रकार के आर्थिक दण्ड का विधान था।[३१] जिसके भय से मानव इनकी हिंसा नहीं करता था।

आधुनिक समय में देखा गया है कि मानव जीवन के लोभ में पशुओं के निमित्त भूमि पर भी अतिक्रमण व कब्जा करके उसका उपयोग लेने लग गया। जिससे पशुओं के लिए चरने, घूमने-फिरने तथा बैठने के लिए भूमि नहीं बची और वे इधर-उधर आवारा घूम रहे हैं। जबकि मनु ने पशुओं के बैठने, चारागाह के लिए तथा घूमने-फिरने के लिए गांव के चारों ओर चार सौ हाथ भूखण्ड तथा नगर में इससे तीन गुना भूखण्ड निर्धारित किया। जिसमें पशु सरलता से घूम सकें-

धनु:शतं परीहारो ग्रामस्य स्यात् समन्ततः।
शम्यापातास्त्रयो वाऽपि त्रिगुणो नगरस्य तु।।[३२]

अत: वर्तमान समय में मानव को स्मृतियो में वर्णित बातों को स्वीकार करना चाहिए जिससे वह इन जीव-जन्तुओं का सही ढंग से उपयोग कर तथा इनका संरक्षण करके स्वयं भी सुख प्राप्त करे तथा इन्हें भी सुख प्रदान करे।

इस सृष्टि पर उत्पन्न होने वाली हजारों औषधियों व वनस्पतियों में से कतिपय औषधि-वनस्पतियों के विषय में स्मृतिशास्त्रों से ज्ञान प्राप्त होता है। मानव पारिस्थितिकी सन्तुलन के सन्दर्भ में इनकी बहुआयामी उपादेयता है। प्रदूषण-निवारण, भू-संरक्षण, वन्य जीवों के आश्रयक, भरण-पोषण, रोगहरण, शुद्धिकरण, सीमाचिह्नकरण, आयुष्यवर्धन, पुण्यकारक आदि अनेक कार्यों के द्वारा ये मानव का तथा अन्य जीव-जन्तुओं का हित करती है। हितकारिणी और सुखकारिणी इन औषधि-वनस्पतियों का हमें संरक्षण व संवर्धन करना चाहिए। इन्हें भी मनुष्य के समान सजीवता व चेतनता है अत: मानव का यह धर्म है कि वह इनका संरक्षण करे। आधुनिक समय में मानव इन औषधि-वनस्पतियों का बहुत अधिक उपयोग करता हुआ इन्हें नष्ट करता जा रहा है। मानव अपने सुख के कारण इन्हें लगातार काटता जा रहा है तथा वह वृक्षों को समूल ही उखाड़ कर फैंक रहा है जिससे यह पुन: पैदा न हो सके। लेकिन स्मृतियों में इस बात का पुरजोर विरोध किया गया है दक्षस्मृति में स्पष्ट कहा गया है कि मनुष्य जड़ सहित वृक्ष को नहीं काटे, क्योंकि जड़ ही वृक्ष का आधार होती है। जड़ होगी तो वृक्ष पर पत्तियाँ और डालियाँ सुरक्षित रहेंगी और जड़ के नाश होने पर सम्पूर्ण वृक्ष नष्ट हो जाता है-

मूलत्राणे भवेत्स्कन्धः स्कन्धाच्छाखेति पल्लवाः।
मूलेनैव विनष्टेन सर्वमेतद्विनश्यति।।[३३]

---

३० मनु., ६.६८
३१ मनु., ८.२९७; याज्ञ., २.२२५, २२६, ३००
३२ वही, ८.२३७
३३ दक्ष, २.४९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिए मनुष्य को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह कभी भी जड़ सहित वृक्ष को न काटे। स्मृतियों में औषधि-वनस्पतियों के संरक्षण के लिए आर्थिक दण्ड का विधान किया हुआ है।[३४] इस विधान के तहत वृक्ष आदि के प्रत्येक भाग की कटाई करने पर भिन्न-भिन्न प्रकार से दण्ड व्यवस्था की हुई है। स्मृतियों में वर्णित विधानों का अध्ययन करके प्रत्येक प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के वन-विभाग को ऐसे नियम बनाने चाहिए। जिनसे इन वृक्षों को काटने वालों को आर्थिक रूप से कष्ट हो और वे भविष्य में वृक्षों को काटने का साहस न कर सके। शातातप स्मृति में औषधि-वनस्पतियों की चोरी करने वालों के लिए विभिन्न रोगों व दोषों का वर्णन किया है।[३५] इस प्रकार आर्थिक दण्ड, रोगों व दोषों के भय से आधुनिक मानव इन वृक्षों को काटने का दु:साहस नहीं कर सकेगा।

आज इस बात की आवश्यकता है कि हम पर्यावरण के प्रति प्राचीन ऋषि-मुनियों के दृष्टिकोण को अङ्गीकार करें एवं वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का सदुपयोग करके पारिस्थितिकी की विभिन्न समस्याओं को समाप्त करने का प्रयास करें, ताकि इस सृष्टि में सभी प्राणी आनन्दपूर्वक अपना जीवन निर्वाह कर सकें।

---

३४ मनु. ८.२८५; याज्ञ. २.२२७-२२९
३५ शातातप स्मृति, ४.१४-२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गीता-प्रतिपादित निष्काम-कर्म का वैज्ञानिक विवेचन

डॉ० मौहर सिंह[१]

श्रीमद्भगवद्गीता १८ अध्यायों में निबद्ध एक ऐसा अमूल्य ग्रन्थ है, जिसमें जीवन की सभी प्रकार की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए आध्यात्मिक-जीवन का उत्कर्ष दिखलाया गया है। कर्म, ज्ञान, और भक्ति का जैसा मंजुल समन्वय इस ग्रन्थ में है, वैसा अन्यत्र अप्राप्य है। इस ग्रन्थ की महत्ता के सन्दर्भ में महर्षि वेद-व्यास जी ने स्वयं भी कहा है कि इस आख्यान को जाने बिना जो पुरुष वेदाङ्ग तथा उपनिषदों को भले ही जाने, वह विचक्षण नहीं कहा जा सकता–

यो विद्याचतुरो वेदान् सांगोपनिषदो द्विज:।
न चाख्यानमिदं विद्यान्नैव स स्याद्विचक्षण:।।

श्रीमद्भगवद्गीता की इस विचार-सरणि में 'निष्काम-कर्म' का सिद्धान्त पूर्ण वैज्ञानिक है। 'कर्म के सिद्धान्त' के अनन्तर हमारे सम्मुख एक यक्ष प्रश्न सामने खड़े होता है कि यदि कर्म करना मनुष्य का स्वभाव है, तो कोई ऐसा उपाय या समाधान है जिससे हम कर्म भी करें और कर्म बन्धन में न पड़ें? इस प्रश्न का उत्तर हमें वैदिक विचारधारा में सहज रूप से प्राप्य है, क्योंकि इस विचारधारा में त्यागपूर्वक भोग करते हुऐ जीवन व्यतीत करने का उपदेश मानव-कल्याण के लिए दिया गया है। जैसाकि ईशावास्योनिषद् में कहा गया है–

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्यस्विद्धनम्।।[२]

अर्थात् हम संसार को भोगें, परन्तु निर्लिप्त, निस्संग और निष्काम भाव से। इसी भाव को गीता में 'निष्काम-कर्म' से अभिहित किया गया है। श्रीमद्भगवद्गीता ने भारतीय जनमानस के जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया है, जिसने विलुप्त हुई वैदिक विचारधारा को पुनर्जीवित कर 'निष्काम-कर्म' के सिद्धान्त को वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक आधार प्रदान कर गूढ़ रहस्य का प्रतिपादन किया है।

वैदिक विचारधारा में मनुष्य को इस संसार में कर्म करते हुये जीने की इच्छा का सन्देश प्रदान किया है। बिना पुरुषार्थ मनुष्य को जीने की कभी इच्छा नहीं करनी चाहिये, क्योंकि मनुष्य का पुरुषार्थ ही उसका सर्वोपरि धर्म है। वह पुरुषार्थ भी बिना किसी लालच और बिना किसी फल की इच्छा किये, किया जाना चाहिये। ऐसा मनुष्य ही सच्चा कर्मयोगी हैं। जैसा कि निम्नांकित मन्त्रों में स्पष्ट है–

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:।[३]
अकर्मा दस्युरभि नो अमन्तुरन्यव्रतो अमानुष:।
त्वं तस्यामित्रहन् वधर्दासस्य दम्भय।[४]

---

१ असि० प्रोफेसर-संस्कृत विभाग, गु.का.वि.वि. हरिद्वार
२ ईशावास्योपनिषद, १
३ यजुर्वेद, ४०.२
४ ऋग्वेद, १०.२२.८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संसार को असार मानकर भी इसमे डटे रहना अर्थात् कर्त्तव्य कर्मों का पालन करते रहना- यह एक वैदिक एवं वैज्ञानिक विचारधारा है। इसी विचारधारा को श्रीकृष्ण ने अर्जुन के समक्ष व्याख्यायित कर संसार से पलायन के स्थान पर संसार में डटे रहने का उपदेश दिया। इस रहस्यात्मक वैदिक ज्ञान का 'श्रीमद्भगवद्गीता' के चतुर्थ अध्याय में स्पष्ट उल्लेख है-

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान् मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्।।
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।
स कालेनेह महत्ता योगो नष्टः परंतपः।।
स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः।
भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं चेतदुत्तमम्।।[५]

अर्थात् श्रीकृष्ण ने वैदिक संस्कृति के जिस रहस्य का उद्घाटन किया, वह योगमार्ग (निष्काम-कर्म योग) था। गीता में स्वयं योगीराज ने स्पष्ट कर दिया है कि इस योगमार्ग के रहस्य का उद्घाटन अवश्य किया है, परन्तु यह कोई नवीन विचारधारा नहीं हैं, अपितु यह वैदिक संस्कृति का चिरन्तन सन्देश है जो मानव को कभी विवस्वान्, कभी इक्ष्वाकु, कभी मनु आदि के द्वारा समय-समय पर दिया गया। इस निष्काम-कर्म-योग में दया, करुणा और अहिंसा को सर्वोच्च अध्यात्म नैतिक आदर्श स्वीकार किया गया है, जिनका समाज के कल्याणार्थ पालन किया जाना श्रेयस्कर है, परन्तु जहाँ अन्याय को न्याय, दया, करुणा एवं अहिंसा को कमजोरी और इन आदर्शों पर चलने वाले को भीरु कहकर उपहास किया जाता हो- इन विषम-परिस्थितियों में मानव के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया है, वह मार्ग सभी शंकाओं से परे और निरपेक्ष कहा जा सकता है।

इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित निष्काम कर्म के सिद्धान्त को निम्न बिन्दुओं के द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है-

१. कर्म नहीं, अपितु फल की इच्छा का त्याग निष्काम-कर्म

मनुष्य संसार में रहे और उसमें लिप्त न हो, कर्म करे और कर्म-बन्धन में न पड़े आदि अनेक प्रश्न है जिनका उचित और विज्ञान सम्मत उत्तर श्रीमद्भगवद्गीता में मिल जाता है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।।
योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।
विहाय कामान् य सर्वान् पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति।।[६]

शोकसन्तप्त अर्जुन के माध्यम से श्रीकृष्ण मानव-जीवनोपयोगी रहस्य का प्रतिपादन करते हुये कहते है कि हे अर्जुन! तू कर्म कर, परन्तु निःसंगभाव, निष्काम और निर्लिप्त भाव होकर, क्योंकि कर्म में सिद्धि अथवा असिद्धि होने पर भी समभाव रहेगा और समता रहेगी तो शान्ति रहेगी। अतः मानव को किसी प्रकार

---

५ श्रीमद्भगवद्गीता, ४.१-३

६ श्रीमद्भगवद्गीता, २/४७, ४८, ७१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुःख नहीं होगा। इसी जीवन पद्धति को ग्रहण करने में मानव-जीवन का कल्याण है। मानव-जीवन को सुखमय बनाने के उद्देश्य से श्रीकृष्ण ने इस वैदिक विचारधारा को निष्काम-कर्म, निस्संग कर्म, निर्ममभाव, निर्मोहभाव तथा निरहंकार भाव कहकर प्रतिपादन किया है।

श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि इस संसार में रहकर कर्म व्यक्ति से छूट नहीं सकते, इसीलिए मनुष्य को फलाशा, मोह तथा कर्म-फल के साथ आसक्ति का परित्याग करके सामाजिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करना उचित होगा। योगीराज श्रीकृष्ण यह भी भली-भाँति जानते थे कि यदि फलाशा को छोड़ने के लिए कहा जायेगा, तो मनुष्य कर्म के प्रति उदासीन होकर उत्साह से कार्य नहीं करेगा। अतः इस समस्या का निराकरण भी अत्यन्त सूक्ष्म और वैज्ञानिक दृष्टि से गीता में किया गया है-

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम्।।[७]

श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुये कहते हैं कि जैसे मूर्ख और अज्ञानी कर्म-फल की आशा से किसी कार्य को अत्यन्त उत्साह के साथ करते हैं, वैसे ही विद्वान् बिना कर्म-फल की इच्छा से, उससे भी दुगुने उत्साह से कार्य में रत रहते हैं। अतः निष्काम-कर्म के द्वारा ही मानव-समाज और विश्व का कल्याण सम्भव है।

२. यज्ञमय-जीवन ही निष्काम-कर्म है-

श्रीमद्भगवद्गीता में मानव-जीवन में 'निष्काम-कर्म' की उदात्तमयी भावना का उल्लेख वैज्ञानिक दृष्टि से किया गया है-

यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः।
तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसंगः समाचर।।
यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः।
भुंजते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्।।[८]

श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते है कि जो लोग जीवन को यज्ञमय बना लेते हैं, वे स्वतः ही निष्काम-कर्म में प्रवृत्त हो जाते हैं, 'यज्ञ' का अभिप्राय है- त्याग। स्वार्थ की भावना को छोड़ देना ही यज्ञ है। यज्ञ करते हुये मानव स्वयं को परमात्मा की महान् शक्ति के सहारे छोड़ देता है। **'इदन्न मम'** यज्ञ की आधारभूत भावना है, यही भावना यदि जीवन के प्रत्येक कार्य में अनुप्राणित हो जाये, तब तो प्रत्येक कार्य यज्ञमय हो कर जीवन ही यज्ञमय हो जायेगा। यज्ञमय निःस्वार्थ जीवन-यापन करने वाले को गीता में 'आत्मरत', आत्मतृप्त, और आत्मसंतुष्ट कहा गया है।[९] स्वार्थ की भावना को छोड़कर निःसंग, निष्काम तथा निर्मोह की भावना से कार्य करते रहना, वैदिक संस्कृति का रहस्यमय उपदेश है तथा जीवन की गूढ़तम समस्या पर यही दार्शनिक एवं वैज्ञानिक विचारधारा है।

---

७ श्रीमदभगवद्गीता, ३/२५
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
८ श्रीमदभगवद्गीता, ३/९, १३
९ यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः। आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते।। श्रीमद्भगवद्गीता, ३/१७

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संसार में रहते हुये भी संसार से विलग रहना, कर्म करते हुये मानो कर्म न करना, जाल में फँसते हुये भी जाल को काटते जाना, पानी में गोता लगाकर भी न भीगना[१०] यह श्रीकृष्ण द्वारा बतलाया गया जीवन का विज्ञानमय चिन्तन है और वैदिक संस्कृति का मूल मन्त्र है। इस प्रकार की भावना का उदय जीवन में यज्ञ-वृत्ति धारण करने से होता है, स्वार्थ-वृत्ति से नहीं, परार्थ-भाव से होता है, भोग-भाव से नहीं, त्याग-बुद्धि से होता है, भोग-बुद्धि से नहीं। 'यज्ञ' में 'स्वाहा' शब्द का उच्चारण, समर्पण की भावना को द्योतित करने वाला है। गीता में भी परमात्मा के लिए सम्पूर्ण कर्मों को अर्पित करने की प्रेरणा मानव को दी गयी है-

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः॥
मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युद्धस्व विगतज्वरः॥[११]

यहाँ पर श्रीकृष्ण उपदेश देते हुये कहते हैं कि हे अर्जुन! अनासक्त भाव से कर्म करते हुये और कर्म-फल को परमात्मा के लिए अर्पित कर जीवन-संग्राम में बढ़ते रहो, क्योंकि सकाम भावना एक ज्वर है, तभी तो अनुकूल फल न मिलने पर मनुष्य विक्षिप्त हो जाता है। इस ज्वर से मुक्त होने का एक ही उपाय है, निष्काम-भाव से कर्म करना।

३. निष्काम-कर्म का आधार दृष्टि की व्यापकता

'श्रीमद्भगवद्गीता' में विराट्-स्वरूप के दर्शन कराने का यह अभिप्राय नहीं है कि श्रीकृष्ण ने मुँह खोला और उनकी दाढ़ों में रथ, कहीं भीष्म-द्रोण अटक रहे थे। यहाँ पर श्रीकृष्ण विश्व के संचालन के लिए व्यापक-दृष्टि (चिन्तन) की ओर इंगित करते हैं-

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णा कृतानि च॥[१२]

संसार के संचालन हेतु नानाविध दृष्टिकोणों और कारणों का समन्वय करना पड़ता है, उसे जानने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने को केन्द्र मानकर नहीं सोचेगा, इसीलिए श्रीकृष्ण ने अर्जुन की आँखे खोलीं और विराट्-स्वरूप का दर्शन कराया। अर्जुन की संकुचित दृष्टि थी, जिसके कारण किसी को भाई, किसी को भतीजा, किसी को ताऊ समझे बैठा था और युद्ध के परिणामों को देखकर अश्रु बहा रहा था। अब विशाल दृष्टि से देखने पर अर्जुन का चिन्तन व्यापक हो गया। गीता में इस चिन्तन को निम्न प्रकार से स्पष्ट किया गया है-

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत् प्रवृद्धो, लोकान् समाहर्तुमिह प्रवृत्तः।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे, येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योद्धाः॥[१३]

विश्व-संचालिका शक्ति के विराट्-स्वरूप के दर्शन करते ही अर्जुन का चिन्तन व्यापक हो गया है और निष्काम-कर्म की भावना से संतृप्त उसकी आत्मा में भीरुता और क्लीबता के स्थान पर वीर-पुरुष की

---

१० ब्रह्मण्याधाय कर्माणि संगं त्यक्त्वा करोति यः। लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा॥ श्रीमदभगवद्गीता, ५/१०
११ श्रीमदभगवद्गीता, ३/१९, ३०
१२ श्रीमदभगवद्गीता, ११/५
१३ श्रीमदभगवद्गीता, ११/३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तरह युद्ध के लिए तत्परता के भाव जागृत हो गये। अर्जुन यह अनुभव करने लगा कि कर्म करते हुये भी, वह कुछ भी नहीं कर रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता में इस मनोभाव को बहुत ही उदात्त और व्यापक रूप से स्पष्ट किया गया है-

यस्य सर्वे समारम्भाः कामसंकल्पवर्जिताः।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणः तमाहुः पंडितं बुधाः।।
त्यक्त्वा कर्मफलासंगं नित्यतृप्तो निराश्रयः।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किंचित्करोति सः।।[१४]

श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से मानव को 'निष्काम-कर्म' का वैज्ञानिक और शाश्वत मार्ग प्रशस्त किया है। जो व्यक्ति कामना से रहित कर्म करता है और ज्ञान की अग्नि से 'कर्म' की अन्तर्निहित 'कामना' को दग्ध कर देता है, कर्म के फल की भावना, संग, मोह तथा आसक्ति को त्याग देता है, उसकी आत्मा सदैव तृप्त रहती है। ऐसे व्यक्ति को दूसरे के आश्रय का सहारा नहीं लेना पड़ता और निरन्तर कर्म करते रहने पर भी, उसे ऐसा प्रतीत होता है कि मानो वह कुछ नहीं कर रहा।

४कर्म की समत्व-भावना ही निष्कामकर्म है-

भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में वैदिक चिन्तन को स्थापित कर समत्व भावना से सम्पृक्त कर्म करने का उपदेश दिया है। वेद की समग्र दृष्टि में यह सारा संसार एक गांव है और उसके प्रत्येक प्राणी के सुख की भावना निहित है।[१५] इतना ही नहीं, वेदों की दृष्टि में ज्ञानी मनुष्य के लिये मानो यह समस्त संसार हृदय में स्थित है, उसके हृदय में यह सम्पूर्ण संसार ऐसे समा जाता है कि मानो एक घोंसलें में हो।[१६] अतः ऐसे मननशील व्यक्ति के लिये अपने पराये का भेद समाप्त हो जाता है, उसके लिये सभी प्राणी आत्मवत् हो जाते हैं। ऐसे मनुष्य में किसी विशेष व्यक्ति के लिये न कोई मोह रहता है न ही मोह से उत्पन्न शोक होता है-

यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः।।[१७]

मानव कल्याण के निहितार्थ इस वैदिक विचारधारा को वैज्ञानिक दृष्टि में रखते हुए भगवान् श्रीकृष्ण ने शोकसंतप्त अर्जुन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा है-

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः।।[१८]
सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।[१९]
सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्विकम्।।[२०]

---

१४ श्रीमदभगवद्गीता, ४/१९-२०
१५ वेनस्तत् पश्यन्निहितं गुहा सद् यत्र विश्वं भवेत्येकनीडम्। यजुर्वेद,३२,८
१६ वेनस्तत् पष्यन्निहितं गुहा सद् यत्र विष्वं भवेत्येकनीडम्। यजुर्वेद, ३२, ८
१७ यजुर्वेद, ४०, ७
१८ श्रीमद्भगवद्गीता, २/११
१९ श्रीमद्भगवद्गीता, ६/२९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
राग-द्वेष, ईर्ष्या, शोक, मोह आदि से रहित समत्व भाव से किया गया कर्म ही निष्काम-कर्म है, क्योंकि इसी भावना से कर्म करने वाला मनुष्य ही सही अर्थों में ऐश्वर्य, सुख और शान्ति को प्राप्त करता है। गीता सब प्राणियों को अपनी आत्मा में और अपनी आत्मा को सब प्राणियों में देखने की प्रेरणा देती है। यही वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति समष्टि से एकरूप होकर घृणा, ऊँच-नीच और अलगाव की भावना से मुक्त होकर परम शान्ति को प्राप्त कर सकता है। इसी समत्व भावना का संचार अर्जुन के अन्तर्मन में जागृत होता है और कर्त्तव्य-कर्म करने हेतु तैयार हो जाता है-

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धाः त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव।।[२१]

श्रीमद्भगवद्गीता मनुष्य को अग्नि के समान ज्ञान से प्रदीप्त कर ज्योतिर्मय-निष्काम-कर्म करने की प्रेरणा देती है। इस कर्मयोग का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को स्वतः के आत्मविकास के लिये तैयार करना तथा उनके कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए ऐसे कर्म करने के लिये प्रेरित किया गया है, जिससे सामाजिक एवं जगत् की व्याख्या बनी रहे और साथ ही वह व्यवस्था सर्वकल्याणकारी भी हो।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि कर्म के सम्बन्ध में विश्व के सामने **'निष्काम-कर्म'** के अलावा अब तक दूसरा कोई सिद्धान्त आया ही नहीं जिसे वैज्ञानिक कहा जा सके। हम कारण-कार्य के नियम की दुहाई देकर कहते है कि हमने कर्म किया तो फल की आशा करनी ही चाहिए, परन्तु गहराई से विचार एवं चिन्तन कर देखें तो हमारा आग्रह फल की आशा पर इतना नहीं होता जितना इस बात पर होता है की जैसे फल की हमें आशा होती है। वैसा ही अर्थात् इच्छित फल हमें मिलना ही चाहिए, उसी की हम प्रतीक्षा करते रहते हैं। इस समस्या का निराकरण भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में बहुत ही तार्किक एवं विश्लेषणात्मक रूप से किया है- **यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्। यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्।।**[२२] यही मानव जीवन की वास्तविकता है जिसमें ज्ञान, योग और कर्म सब एक होकर सम्पूर्ण विभिन्नतायें नष्ट हो जाती हैं। परमसत्ता के साथ ऐक्य-लभ्यता प्राप्त करने से अपनी समस्त सत्ता से एवं **'सर्वभावेन'** अपने को परमपिता परमेश्वर के प्रति समर्पित करने से हम जगत् के सम्पूर्ण प्राणियों के साथ एकत्व को प्राप्त हो जाते हैं और दिव्य कर्म करने लगते हैं। अपने लिये ही नहीं अपितु लोक-संरक्षण और लोक-कल्याणार्थ, जैसे स्वयं परमपिता परमेश्वर सारी सृष्टि के कल्याण के लिये करते हैं, क्योंकि वे सबके पालन-कर्त्ता और सुहृद हैं। यही गीता में प्रतिपादित निष्काम-कर्मयोग का वैज्ञानिक चिन्तन है।

२० श्रीमद्भगवद्गीता, १८/२०
२१ श्रीमद्भगवद्गीता, १८/७३
२२ गीता-९/२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभिन्न यौगिक ग्रन्थों में प्राणायाम-विवेचन

डॉ० ईश्वर भारद्वाज[१]

डॉ० लक्ष्मी नारायण जोशी[२]

प्राण

'प्राण' शब्द शरीरस्थ जीवनीशक्ति[३] का बोधक है। श्वास-प्रश्वास में प्रयुक्त वायु उसका स्थूल रूप है। इस प्राण को वेद का ऋषि कहता है जो शरीर रूपी भवन की रक्षा करते हैं।[४] उपनिषदों में ब्रह्म,[५] प्रजापति,[६] रुद्र,[७] मित्रावरुण,[८] वातादयः,[९] अंगिरस्,[१०] इन्द्र[११] आदि कहकर प्राण की श्रेष्ठता स्वीकार की गयी है। प्राण के दस भेद हैं- प्राण, अपान, समान, व्यान तथा उदान को मुख्य तथा नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय को गौण प्राण कहा गया है।[१२] इन प्राणों को नियन्त्रित करने पर शरीर के आधार वात, पित्त व कफ को नियन्त्रित किया जा सकता है जिससे आरोग्यता प्राप्त होती है। **'कफो पंगु पित्तः पंगुः पंगवो मलधातवः। वायुना यत्र नीयन्ते तत्र गच्छन्ति मेघवत्'** के अनुसार वायु के द्वारा ही कफ, पित्त, मल, धातु आदि को शरीर में गति मिलती है। यदि इसी को नियन्त्रित कर लिया तो सबको नियन्त्रित किया जा सकता है। प्राण को नियन्त्रित करने का उपाय है- प्राणायाम।

प्राणायाम के सम्बन्ध में विभिन्न यौगिक ग्रन्थों में वर्णन प्राप्त होता है। यहां हम योगसूत्र, वेद, उपनिषद्, शिवसंहिता, हठयोग प्रदीपिका, घेरण्ड संहिता व श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार विचार करेंगे।

योगसूत्र में प्राणायाम

प्राण+आयाम=प्राणायाम। प्राणों का आयाम, प्राणों का नियन्त्रण ही प्राणायाम है। योगसूत्र में कहा गया है-**'तस्मिन्सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः।'**[१३] अर्थात् श्वास-प्रश्वास की गति को अवरूद्ध करना ही प्राणायाम है। योगसूत्र में चार प्रकार के प्राणायाम बताये गये हैं- बाह्यवृत्ति, आभ्यन्तर वृत्ति,

---

१ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२ प्रभारी विभागाध्यक्ष योग विज्ञान विभाग, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
३. जीवनाम्नी सर्वेन्द्रियाणां वृत्तिः प्राणापानादि-योगवार्तिक पृ० २५७
४. सप्तऋषयः प्रतिहिता शरीरे सप्तरक्षन्ति सधमप्रमादम्। सप्तापः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जाग्रतोऽस्वप्नजो सत्रसदौ च देवौ।। यजु० ३४/५५
५. स ब्रह्म तदित्याचक्षते। बृहदारण्यकोपनिषद् -३/९/९
६. प्राणो हि प्रजापतिः। शत० ब्राह्मण-४/४/१/१४
७. आदित्या रुद्रा, वसवः सुनीथा- ऋ० ३/८/८
८. ऋ०-१/२/८, १/१२२/९, ५/४१/१
९. यजु०-२२/२६
१०. ऋ०-१०/६२/१
११. ऋ०-१/१४/१०
१२. शिव संहिता- ३/४-८
१३. योगसूत्र- २/४९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्तम्भवृत्ति[१४] तथा बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी।[१५] इनमें प्राण को बाहर रोकना, अन्दर रोकना, जहां का तहां रोकना तथा इन सभी का सम्मिलित प्रयोग करना इनकी विधि कही गयी है। इन प्राणायामों के अभ्यास से अज्ञान का आवरण नष्ट हो जाता है तथा धारणा में मन लग जाता है जिससे समाधि तथा कैवल्य की सिद्धि होती है।

वेद में प्राणायाम

वेद में प्राणायाम-विवेचन करते हुए कहा गया है कि अन्दर से बाहर जाने वाले, बाहर से अन्दर आने वाले तथा पूरक करके स्थिर हुए प्राण को नमस्कार है।[१६] उपर्युक्त योगसूत्र में वर्णित तीनों प्रकार का प्राणायाम इस स्थिति में वेद के अनुकूल है। चतुर्थ प्राणायाम इनका सम्मिलित रूप है।

अथर्ववेद में कहा गया है- **'प्राणस्य नमो यस्य सर्वमिदं वशे'**[१७] अर्थात् सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड जिसके वश में है, उस प्राण को नमस्कार है। इस प्रकार हम देखते हैं कि वेद में प्राण तथा प्राणायाम के सम्बन्ध में पर्याप्त वर्णन प्राप्त होता है।

उपनिषदों में प्राणायाम

उपनिषदों में प्राणायाम का विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है। कठोपनिषद् में कहा गया है- प्राणायाम के समय हृदयदेशस्थ वायु को ऊपर ले जाकर स्थित करें तथा अपान को नीचे की ओर धकेलें।[१८] दीर्घसूक्ष्म प्राणायाम योगसूत्र की भांति श्वेताश्वतरोपनिषद् में वर्णित किया गया है।[१९] ध्यानबिन्दूपनिषद् में पूरक, कुम्भक तथा रेचक के समय नाभि, हृदय व ललाट प्रदेश पर ध्यान करने को कहा गया है।[२०] शाण्डिल्योपनिषद् में नाड़ीशोधन प्राणायाम का वर्णन तथा उसके लाभों की चर्चा की गयी है।[२१] अन्य प्राणायाम जैसे उज्ञायी, सीत्कारी, केवलकुम्भक आदि का भी वर्णन किया गया है।[२२] जाबालदर्शनोपनिषद् में भी रेचक, पूरक, कुम्भक तथा प्राणायाम की उत्तम, मध्यम तथा अधम स्थितियों का वर्णन किया गया है।[२३]

शिवसंहिता में प्राणायाम

इसमें प्राणायाम तथा प्राणायाम की विधि, लाभों, भेदों का विस्तृत वर्णन किया गया है।[२४] मुख्य प्राणायाम केवल कुम्भक है जिसकी अवस्था प्राण के सुषुम्ना में प्रविष्ट होने पर उपस्थित होती है। इस अवस्था को चार भागों में विभाजित किया गया है- आरम्भावस्था, घटावस्था, परिचयावस्था तथा निष्पत्ति

---

१४. बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकाल संख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः। योगसूत्र-२/५०

१५. बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी चतुर्थः। योगसूत्रः २/५१

१६. नमस्तेऽस्त्वायते नमोऽस्तु परायते। नमस्ते प्राणतिष्ठत आसीनायोत ते नमः।। अथर्व-११/४/७

१७. अथर्व० ११/४/१

१८. ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति। मध्ये वामन आसीनं विश्वे देवा उपासते।। कठ० ५/३

१९. श्वेताश्वतरोपनिषद् -१२/९

२०. ध्यानबिन्दूप० ३०/३२

२१. शाण्डिल्योपनिषद-१/१६

२२. शाण्डिल्योपनिषद-१/३०

२३. जाबालदर्शनोपनिषद ६/१-१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवस्था।[२५] ये अवस्थायें क्रमशः अभ्यास के बढ़ते हुए प्राप्त होती हैं। प्रथम अवस्था की सफलता पर प्रत्याहार सिद्ध हो जाता है।[२६] आगामी घटावस्था में नाद-बिन्दु, जीवात्मा-परमात्मा का संयोग हो जाता है।[२७] परिचयावस्था में प्राण इड़ा तथा पिंगला को छोड़कर सुषुम्ना में गति करने लगता है।[२८] सुषुम्ना में प्राण का परिचय होने पर धारणाओं के लिये उपयुक्त हो जाता है जिससे पंचमहाभूतों पर विजय प्राप्त हो जाती है।[२९] निष्पत्ति अवस्था में समाधि स्वेच्छया हो जाती है।[३०] यही प्राणायाम साधना है।

हठयोग-प्रदीपिका में प्राणायाम

हठप्रदीपिका में प्राणायाम की महत्ता बताई गयी है कि प्राणायाम के विधिसम्मत प्रयोग से रोगों का नाश हो जाता है तथा सही प्रयोग न होने पर रोग उत्पन्न हो जाते हैं।[३१] हिक्का, कास, श्वास, शिर-कान-आंख में दर्द आदि के नाम भी दिये गये हैं।[३२] हठयोग प्रदीपिका में प्राणायाम के आठ भेद गिनाये गये हैं- सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा तथा प्लावनी।[३३] इन प्राणायामों का भी मुख्य लाभ कुण्डलिनी जागरण है। कहा गया है कि मलपूरित नाड़ियों में पवन की गति नहीं हो सकती। अतः उन्मनी भाव भी नहीं आयेगा। अतः कुण्डलिनी जागरण रूपी मुख्य कार्य नहीं हो सकता। जब नाड़ी स्वच्छ हो जायेगी तो ब्रह्म नाड़ी में प्राण की गति से कुण्डलिनी जागरण की स्थिति बन जायेगी।[३४] इसके लिए नाड़ीशोधन का विधान किया गया है।

घेरण्ड संहिता में प्राणायाम

घेरण्ड संहिता में भी प्राणायाम सम्बन्धी विचार लगभग हठयोग प्रदीपिका की भांति हैं। भेद भी आठ बताये गये हैं- सहित, सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा तथा केवली।[३५] सहित कुम्भक तथा केवल कुम्भक के भेद से सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी तथा मूर्च्छा को सहित तथा केवली को केवल कुम्भक कहा गया है। योगसूत्र के बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी की भांति केवली प्राणायाम है। इसके सिद्ध होने पर कुछ भी असिद्ध नहीं रहता।[३६]

---

२५. शिवसंहिता - ३/४५-५८
२६. शिवसंहिता - ३/३५-४४
२७. शिवसंहिता - ३/६३
२८. शिवसंहिता - ३/६८
२९. शिवसंहिता - ३/७२-७४
३०. शिवसंहिता - ३/७६
३१. प्राणायामेन युक्तेन सर्वरोग क्षयोभवेत्। अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वरोगसमुद्भवः।। ह.प्र. २/१६
३२. हिक्का कासश्चश्वासश्च शिरः कर्णाक्षिवेदनाः। भवन्ति विविधाः रोगाः पवनस्य प्रकोपतः।। ह०प्र० २/१७
३३. सूर्यभेदनमुज्जायी सीतकारी शीतली तथा। भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्ट कुम्भकाः।। ह०प्र० २/४४
३४. मला कुलासु नाडीषु मारुतो नैव मध्यगः। कथं स्यादुन्मनीभावः कार्य सिद्धि कथं भवेत्।। शुद्धिमेति यदा सर्वं नाडी चक्रं मलाकुलम्। तदैव जायते योगी प्राणसंग्रहणे क्षमः।। ह०प्र० २/४-५
३५. सहितः सूर्यभेदश्च उज्जायी शीतली तथा। भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा केवली चाष्टकुम्भकाः।। घे०सं० ५/४६
३६. घे०सं० ५/९२-९६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीमद्भगवद्गीता में प्राणायाम

गीता योगशास्त्र है, इसमें किसी को संदेह नहीं है। प्राणायाम के लिए दो श्लोक प्राप्त होते हैं। प्रथम[३७] में प्राणायाम को सम करने का विधान है जैसे योगसूत्र में प्रच्छर्दन तथा विधारणा[३८] के लिए कहा गया है। यह नाड़ीशोधन की भांति है। इससे प्राण में समता आ जाती है। यह प्रारम्भिक स्थिति है। द्वितीय प्राणायाम[३९] में अपान का प्राण में तथा प्राण का अपान में हवन अर्थात मिलना योगसूत्र के चतुर्थ 'बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी' नामक प्राणायाम से साम्य रखता है। उस स्थिति में प्राण तथा अपान की गति रुक जाती है। इसी को हठयोग के आचार्यों ने केवली प्राणायाम कहा है। इस प्रकार गीता में प्राणायाम की विधि भी योगसूत्र तथा अन्य ग्रन्थों की भांति ही दी गयी है।

प्राणायाम ऐसी महत्त्वपूर्ण विधि है जिसके द्वारा शरीर, मन व इन्द्रियों के दोषों को दूर किया जा सकता है। मनु जी कहते हैं कि जैसे धातुओं के मल अग्नि के द्वारा तपाये जाने पर नष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार इन्द्रियों के दोषों का परिष्कार प्राणायाम के अभ्यास से हो जाता है।[४०] शरीर देवतुल्य हो जाता है।[४१] अज्ञान के आवरण का नाश हो जाता है[४२] अर्थात् ज्ञान का प्रकाश हो जाता है। साधक की धारणा में योग्यता हो जाती है[४३] तथा समाधि के लिए तैयार हो जाता है, क्योंकि 'ज्यों-ज्यों होवे प्राणवश, त्यों-त्यों मन वश होय'।[४४] इस प्रकार शरीरगत रोगों को दूर करने के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता प्रदान करके मुक्ति के चरम लक्ष्य तक पहुंचाने वाले प्राणायाम का नित्यप्रति अभ्यास करना चाहिये।

---

३७. स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रूवोः। प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ।। गीता ५/२७

३८. प्रच्छर्दन विधारणाभ्यां वा प्राणस्य। योगसूत्र-१/३४

३९. अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथाऽपरे। प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः।। गीता ४/२९

४०. दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः। तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात्।। मनुस्मृति ६/७१

४१. अथातः संप्रवक्ष्यामि प्राणायामस्य सद्विधिम्। यस्य साधनमात्रेण देवतुल्यो भवेन्नरः।घे०सं० ५/१

४२. ततः क्षीयते प्रकाशावरणम्। योगसूत्र- २/५२

४३. धारणासु च योग्यता मनसः। योगसूत्र- २/५३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० १०१-१०६) ISSN 0974 – 8830

पर्यावरण संरक्षण में योग की भूमिका

डॉ० सुरेन्द्र कुमार[१]

पर्यावरण परिचय

पर्यावरण शब्द परि+आवरण इन दो शब्दों से मिलकर बना है। परि का अर्थ चारों ओर तथा आवरण का अर्थ ढका हुआ या घिरा हुआ है। इसका यह अर्थ हुआ कि जिसके द्वारा हम चारों ओर से घिरे हुए हैं या जो हमें और हमारी पृथिवी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए है, वही पर्यावरण है। पृथिवी पर जीवन के कारण हैं .- ऑक्सीजन, पानी तथा उचित तापमान। जीवन के. लिए पृथिवी के चारों ओर एक आवरण है जो अन्य ग्रहों के चारों ओर नहीं है। पर्यावरण एक ऐसी समष्टि है जो भौतिक, जैविक और सांस्कृतिक तत्त्वों से उत्पन्न हुई है। इसके भौतिक घटक हैं- वायु मण्डलीय तत्त्व, सूर्य की ऊर्जा, तापमान, वर्षा, आर्द्रता, विभिन्न गैसें आदि। जैविक तत्त्व हैं- वनस्पति, जीव जन्तु, सूक्ष्म, जीवाणु तथा मनुष्य और मनुष्य का इनके साथ जो भौतिक सम्बन्ध, प्राकृति कारक के रूप में संगठन, निर्माण, तकनीक, विकास आदि के रूप में है वह सांस्कृतिक तत्त्व के अन्तर्गत आता है। इस दृष्टिकोण से यदि देखा जाये तो पर्यावरण एक जीवन्त इकाई है।

बाह्य पर्यावरण में गैसों की मात्रा लगभग इस प्रकार होती है- नाइट्रोजन ७८ प्रतिशत, ऑक्सीजन २१ प्रतिशत, कार्बन डाई ऑक्साइड ०.०३ प्रतिशत, यह सामान्य स्थिति मानी जाती है। किन्तु पिछले १५० वर्षों में इस बाह्य पर्यावरण में हानिकारक गैसों की मात्रा बढ़ी है, जो लगभग इस प्रकार है- कार्बन डाई ऑक्साईड ३१ प्रतिशत, मिथेन १५१ प्रतिशत, नाइट्रोजन ऑक्साईड १७ प्रतिशत। जिसके कारण पृथिवी का तापमान ०.७६ प्रतिशत बढ़ा है। परिणाम स्वरूप पर्यावरण असन्तुलित हुआ है।

मनुष्य के चारों ओर भूमण्डल से लेकर ब्रह्माण्ड पर्यन्त जो कुछ भी गतिशील है, चाहे वह अन्य मनुष्य, प्राणी जगत, वनस्पति जगत, सौरमण्डल, अन्तरिक्ष में स्थित अन्य ग्रह-उपग्रह सब कुछ पर्यावरण के अन्तर्गत आता है। इस ब्रह्माण्ड का प्रत्येक पदार्थ एक दूसरे को प्रभावित कर रहा है। यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड गतिशील है। इसकी गतिशीलता में जब तक सन्तुलन बना रहता है तो पृथिवी पर जलवायु जीवजगत् तथा वनस्पति जगत् के अनुकूल बनी रहती है। किन्तु जब इस पर्यावरणीय गतिशीलता में असंतुलन उत्पन्न होता है, तो जलवायु में भी विभिन्न प्रकार के परिवर्तन होने प्रारम्भ हो जाते हैं। जिसका प्राणी जगत् तथा वनस्पति जगत् के उपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान समय में भी पर्यावरण की गतिशीलता में असंतुलन के लक्षण ओजोन परत के क्षीण होने, ग्लोबल वार्मिग आदि के रूप में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं तथा इनका प्रभाव जलवायु परिवर्तन के रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है। सर्दी, गरमी व वर्षा में मात्रात्मक तो वृद्धि हो रही है, किन्तु इनकी अवधि में कमी आ रही है। इनका समय व स्थान भी निश्चित नहीं रह गया है। जिस कारण कहीं पर बाढ़, कहीं पर सूखा इन समस्याओं में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। फलस्वरूप मनुष्य व अन्य प्राणियों के जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मनुष्यों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां विकसित हो रही हैं। उसका आर्थिक व सामाजिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१ मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
जीवन प्रभावित हो रहा है। मनुष्य से इतर अन्य प्राणियों में भी इसका कुप्रभाव दिखाई देता है। बहुत से जीव इस जलवायु परिवर्तन के कारण या तो लुप्त हो चुके हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। इसी प्रकार वनस्पति जगत् में भी बहुत से वनस्पतियाँ लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने की स्थिति में हैं।

इस सबका मुख्य कारण वातावरण का प्रदूषित होना है। वातावरण के दूषित होने में केवल और केवल मनुष्य ही दोषी है। पर्यावरण के सन्तुलन में जैव विविधता और जैविक चक्र बहुत अधिक महत्त्व रखते हैं। मनुष्य की वर्तमान भोगवादी संस्कृति ने इस जैविक चक्र को तोड़ दिया है। भौतिक संसाधनों का उन्मुक्त दोहन ही इस सबका मुख्य कारण है। प्रत्येक मनुष्य प्रतिदिन लगभग ५५० ग्राम कूड़ा उत्पन्न करता है। इसमें घर का कूड़ा निर्माण कार्यों या अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करते हुए कूड़े का उत्पादन करता है। इस प्रकार मनुष्य ही पर्यावरण प्रदूषण के लिए एक मात्र दोषी है।

योग का संक्षिप्त परिचय

योग का आध्यात्मिक क्षेत्र में अर्थ है जीवात्मा का परमात्मा से मिलन, या आत्मा का अपने स्वरूप में स्थित हो जाना। पतञ्जलि भी योगसूत्र में कहते हैं-**तदा दृष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्।**[२] अर्थात् योग की पूर्णता पर दृष्टा (आत्मा) अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है। यही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन है। आत्मा को यह स्वरूपावस्थिति चित्त के शान्त[३] होने पर ही प्राप्त होती है। चित्त का तात्पर्य यहाँ मन या बुद्धि के अर्थ में लेना चाहिए। मन की यह शान्ति मनुष्य को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर ही प्राप्त होती है। साथ ही उसका आध्यात्मिक विकास भी हुआ हो, तभी यह सम्भव है। मनुष्य का शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक विकास प्रकृति तथा परमात्मा के साथ समुचित तालमेल से ही होता है। भारतीय दार्शनिकों के अनुसार इस विश्व में तीन तत्त्व (ईश्वर, जीव और प्रकृति) ही अनादि और नित्य हैं।[४] ईश्वर ने जीवों के भोग के लिए प्रकृति के द्वारा इस समस्त चराचर जगत् की रचना की है। जगत् के समस्त जीवों में एक मनुष्य ही केवल कर्ता और भोक्ता दोनों है। बाकी सभी जीव केवल भोक्ता हैं। इसीलिए मनुष्य का उत्तरदायित्व हो जाता है कि इस प्रकार कर्म करे कि वह शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करता हुआ अपने मूल परमपिता परमात्मा तक पहुँचे। इसी में स्वयं उसका व अन्य प्राणियों का कल्याण है।

महर्षि पतञ्जलि ने इसके लिए अष्टांग योग साधना का वर्णन किया है। इस अष्टांग योग साधना का सीधा प्रभाव पर्यावरण सन्तुलन के ऊपर पड़ता है। अष्टांग योग साधना के अङ्ग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।[५] यम पांच हैं-[६] अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह। इनमें से ब्रह्मचर्य के अतिरिक्त चारों यम पर्यावरण को सीधे प्रभावित करते हैं। पतञ्जलि ने शायद इसी को ध्यान में रखकर योग साधना में इन्हें सर्वप्रथम स्थान प्रदान किया। इनका प्रभाव पर्यावरण पर किस प्रकार पड़ता है, इसका परीक्षण निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

---

२ योगसूत्र १/३

३ योगश्चित्तवृत्तिः निरोधः १ योगसूत्र १/२

४ सत्यार्थ प्रकाश-महर्षि दयानन्द

५ योगसूत्र २/२९

६ योगसूत्र २/३०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर्यावरण पर योग का प्रभाव

अहिंसा का अर्थ है किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार से कष्ट न देना।[७] मनुष्य ने अपनी जिह्वा स्वाद के कारण मांसाहार करना प्रारम्भ किया। फलस्वरूप नदियों में विचरण करने वाली मछलियाँ, कछुए जो पानी को स्वच्छ करने वाले प्राकृतिक साधन थे, नष्ट हो गये या उनकी संख्या में कमी आ गयी। फलस्वरूप नदियों का पानी प्रदूषित हो गया। मनुष्य ने वन में रहने वाले हिरण, सांभर, चित्तल व अन्य पशु पक्षियों का अंधाधुंध शिकार किया। जिससे जैव विविधता नष्ट हुई तथा जैविक चक्र टूट गया। यही पर्यावरण के संतुलन के भंग होने का मुख्य कारण है। यदि मनुष्य योग के अङ्ग अहिंसा को धारण करता है, तो वह अन्य प्राणियों का वध न कर उनसे प्रेम करेगा। जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। हमारी संस्कृति में तो अहिंसा भाव इतना दृढ़ था कि अनावश्यक रूप से पेड़ों को काटना, पौधों को नष्ट करना हिंसा माना जाता था। यदि ऐसा मनुष्य मन में आ जाये तो वनों का विकास होगा, वनस्पतियों का संरक्षण होगा।

वातावरण को प्रदूषित करने वाले जितने भी कारण आज दिखाई देते हैं उन सबके मूल में मनुष्य का वैचारिक प्रदूषण ही कार्य कर रहा है। विचारों के दूषित होने पर व्यक्ति स्वार्थी हो जाता है। उसकी दृष्टि केवल अपने सुख पर होती है। किन्तु जब उसके जीवन में सत्य आ जाता है तो उसके जीवन में वैचारिक शुद्धता का प्रादुर्भाव होता है। फलस्वरूप वह कोई ऐसा कार्य नहीं करता जो उसके या अन्य प्राणियों के लिए कष्ट कारक हो।

अस्तेय का अर्थ है- चोरी न करना। वर्तमान समय में अधिकतर व्यक्तियों का स्वभाव किसी न किसी प्रकार की चोरी करने का हो गया है। विस्तारभय से वह सब यहाँ नहीं लिखा जा रहा। परन्तु इस चोरी के स्वभाव के कारण वनों का अवैधानिक रूप से काटा जाना, खनिजों का अवैधानिक खनन, वन्य प्राणियों की तस्करी आदि जैसे कार्य हो रहें हैं। ये सब पर्यावरण संतुलन को निरन्तर बिगाड़ रहे हैं। यदि व्यक्ति के जीवन में अस्तेय आ जाये तो इस सबसे बचा जा सकता है।

ब्रह्मचर्य का वास्तविक अर्थ है पूर्णरूपेण जितेन्द्रिय होना। जिस व्यक्ति की इन्द्रियाँ उसके वश में हो जाती हैं, उसका मन फिर भौतिक विषयों के पीछे नहीं भागता। जिससे भौतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन वह व्यक्ति नहीं करता। यदि सभी व्यक्ति अपनी इन्द्रियों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करें तो यह पर्यावरण संतुलन में सहायक होगा।

अपरिग्रह का अर्थ है- केवल उतने साधनों का संग्रह करना, जितना जीवन यापन के लिए आवश्यक हो। किन्तु आज का व्यक्ति अधिक से अधिक धन व भौतिक साधनों के संग्रह में लगा हुआ है। जिसने व्यक्ति को स्वार्थी बना दिया है। वह केवल अपने सुख की सोचता है। भले ही अन्य मनुष्यों व प्राणियों के लिए वह घातक हो। इसी दृष्टिकोण के चलते वातावरण अधिकाधिक प्रदूषित हो रहा है। यदि मानव समाज अपरिग्रह का पालन करने लगे तो इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

यम की ही भाँति नियम के भी महर्षि पतञ्जलि ने पाँच भेद किये हैं।[८] नियम के पाँच भेद हैं- **शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय** और **ईश्वरप्रणिधान**। इनका भी पर्यावरण संतुलन में बहुत अधिक महत्त्व है। शौच का अर्थ है शुद्धि या पवित्रता। यह बाह्य और आभ्यन्तर के भेद से दो प्रकार की है। बाह्य शौच के अन्तर्गत अपने शरीर व वस्त्र आदि की शुद्धि तथा अपने आस-पास के समस्त वातावरण की शुद्धि आती है। यदि प्रत्येक

---

७ योगसूत्र -व्यास भाष्य
८ योगसूत्र २/३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
व्यक्ति इस यौगिक शुद्धि को जीवन में धारण कर लेता है, तो जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण तथा ध्वनि प्रदूषण आदि की समस्या बहुत सीमा तक समाप्त हो सकती है। आभ्यन्तर शौच के अन्तर्गत वैचारिक शुद्धि आती है। जब व्यक्ति के विचार शुद्ध हो जाते हैं तो फिर वह किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं फैलाता।

सन्तोष का पालन भी पर्यावरण को सीधे प्रभावित करता है। आज के समाज में चारों ओर असन्तोष की भावना व्याप्त है। वर्तमान समय में चाहे एक व्यक्ति हो या एक राष्ट्र, जितने संसाधन उसके पास हैं, उनसे सन्तुष्ट नहीं है, बल्कि अधिकाधिक संसाधनों के दोहन में लगा हुआ है। इसी कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। सन्तोषी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र दूसरे के संसाधनों की कामना नहीं करता। बल्कि अपने संसाधनों का भी समुचित उपयोग करता है तथा पर्यावरण को सन्तुलित बनाये रखता है।

तप का अर्थ है- शीत-उष्ण, भूख-प्यास, मान-अपमान आदि द्वन्द्वों को सहन करने की क्षमता उत्पन्न करना।[९] आज के मनुष्य में इसका अभाव है। इन द्वन्द्वों के समय वह अधीर हो जाता है और इनसे बचने के लिए ए.सी., फ्रिज जैसे साधनों का उपयोग करने लगा है, जो निरन्तर बढ़ता जा रहा है। इन उपकरणों से निकलने वाली गैसें पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हैं। यदि व्यक्ति अपने अन्दर इन द्वन्द्वों को सहन करने की क्षमता विकसित करता है, तो वह भी पर्यावरण सन्तुलन में सहायक होगा।

नियम के अङ्ग स्वाध्याय का भी पर्यावरण के क्षेत्र में अत्यन्त महत्त्व है। स्वाध्याय से व्यक्ति के चित्त में ज्ञान उदित होता है। जिससे उसे अच्छे, बुरे, कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य आदि का ज्ञान हो जाता है। ऐसा व्यक्ति वर्तमान के थोड़े सुख के लिए ऐसे कार्य करने से बचेगा जिससे उसके व अन्य प्राणियों के जीवन पर संकट उपस्थित हो। वह पर्यावरण प्रदूषण को छोड़कर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में तत्पर होगा।

ईश्वर प्राणिधान योग का आधार स्तम्भ है। ईश्वर प्राणिधान का पालन करने वाला व्यक्ति सभी प्राणियों में व भूतों में उसी ईश्वर के दर्शन करने लगता है। उसके सभी कर्म ईश्वर को ही अर्पित होते हैं। इसलिए वह कोई भी ऐसा कर्म नहीं करता जिससे किसी प्राणी को कष्ट हो या कोई भौतिक तत्त्व दूषित हो।

योग हमारी वैदिक संस्कृति के द्वारा विकसित एक जीवन पद्धति है। इस जीवन पद्धति में योग का अभ्यास किसी समय विशेष पर करने के लिए नहीं है अपितु जीवन के प्रत्येक क्षण में योगाभ्यास किया जाना आवश्यक है। योग के जनक वेदों में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया है। पर्यावरण के सभी भौतिक तत्त्वों पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सभी की आराधना करना बताया है। यहाँ इसका तात्पर्य इन तत्त्वों को शुद्ध बनाये रखने से ही है। वहाँ वेदों में पंचतत्त्वों का मनुष्य के साथ अत्यन्त सघन सम्बन्ध बताया है। ऋग्वेद में आकाश को पिता और धरती को माता मानकर उनसे अन्न और यश देने की कामना की गयी है।[१०] अथर्ववेद में कहा गया है कि पृथिवी दूध देने के लिए पन्हाई हुई धेनु है, वह पर्जन्य प्रिया है। वर्षा से जलमयी होकर अनेक प्रकार की वनस्पतियों को उत्पन्न करती हुई जीवों को धारण करती है।[११] अथर्ववेद में पृथिवी माता से बार-बार प्रार्थना की गयी है कि वह अपने पुत्रों को सुरक्षा दे, दीर्घायु दे, धन-धान्य से परिपूर्ण करे, औषधि, जल व दूध दे, वह विशाल और उदार हो।[१२] एक स्थान पर कहा गया है कि वह भूमि जो नदी-नद से पूर्ण है, जो प्राणियों को धारण करती हैं वह हमें अन्न, जल और मधु दे, वह हमारे लिए

---

९ द्वन्द्वसहनम् तपः। योगसूत्र व्यास भाष्य २/३२

१० ऋग्वेद १/१६०/५

११ विश्वंभरा वसुधानी प्रतिष्ठा हिरण्यवक्षा जगतो निवेशनी। अथर्ववेद १२/१/६

१२ अथर्ववेद १२/१ भूमि सूक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
विविध रसों को उत्पन्न करे। ठीक वैसे ही जैसे माता अपने पुत्र के लिए दुध को उत्पन्न करती है।[१३] अथर्ववेद में ही पर्वतों और अरण्यों के सुखकर होने की कामना की गयी है।[१४]

वैदिक ऋषि जानते थे कि जिस पृथिवी पर हम रह रहे हैं वह वायु, जल, सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्रों व अन्तरिक्ष आदि से आवृत्त है। इन सबको वैदिक ऋषि देव तत्त्वों के रूप में स्वीकार करता हुआ उनसे समस्त दिशाओं में संरक्षण की याचना करता है।[१५] इन देवताओं की दिव्यशक्तियों का सतत सान्निध्य एवं संरक्षण प्राप्त करना उनके जीवन का मुख्य दर्शन था, क्योंकि वैदिक ऋषि जानते थे कि ये तत्त्व ही हमारे जीवन तथा समस्त पर्यावरण के अधिपति तत्त्व हैं।[१६] वैदिक ऋषि पृथिवी से लेकर अन्तरिक्ष तक व सभी पदार्थों में शान्ति की कामना करता है।[१७] यह उसकी पर्यावरण के प्रति सतर्कता एवं संवेदनशीलता का ही प्रमाण है। प्राणिमात्र को संरक्षण प्रदान करने वाले इस रक्षा-कवच की नितान्त आवश्यकता को देखते हुए ही वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण पूजन को अपनी संस्कृति का अविभाज्य अङ्ग बनाया। वैदिक विचारधारा में ब्रह्म ही इस ब्रह्माण्ड का एकमात्र मूल कारण है। उपनिषद् कहती है कि इस जगत् में जो कुछ भी है वह एक ब्रह्म का ही विस्तार है।[१८] इसीलिए अथर्ववेद कहता है कि भूमि जिसकी पाद स्थानीय है और अन्तरिक्ष उदर के समान है, द्युलोक जिसका मस्तक है उस पर ब्रह्म को नमस्कार है।[१९] इस प्रकार वैदिक ऋचाओं में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रख कर चर्चा की गयी है।

मनुष्य जीवन रहते कर्म करने के लिए बाध्य होता है। प्रकृति के त्रिगुण उसे निरन्तर कर्म करने के लिए बाधित करते रहते हैं।[२०] कर्म ही उसके बन्धन का कारण हैं और कर्म ही उसकी मुक्ति का भी कारण बनते हैं। अशुभ कर्मों के द्वारा वह स्वयं भी दु:खों को प्राप्त होता है और अन्य प्राणियों को कष्ट पहुँचाता है तथा शुभ कर्मों के द्वारा स्वयं का व अन्य प्राणियों का कल्याण करता है। यही कर्म जब निष्काम स्थिति को प्राप्त हो जाते हैं तो वही योग कहा जाता है।[२१] कर्म सिद्धान्त का ज्ञान भी पर्यावरण संरक्षण में सहायक है। इस कर्मयोग का श्रीकृष्ण ने गीता में विस्तार से वर्णन किया है। वेदों में मनुष्य के लिए तीन प्रकार के कर्म बताये गये हैं।[२२] १- विहित कर्म अर्थात् जिन कर्मों को मनुष्य को करना चाहिए। २- निषिद्ध कर्म अर्थात् जिन कर्मों को मनुष्य को नहीं करना चाहिए। ३- प्रायश्चित्त कर्म अर्थात् जाने-अनजाने मनुष्य द्वारा निषिद्ध कर्म किये जाने पर जिन कर्मों के करने का वेद निर्देश देता है, वे ही प्रायश्चित्त कर्म कहे जाते हैं। इनमें विहित कर्म नित्य और नैमित्तिक तथा काम्य कर्म के भेद से तीन प्रकार के हैं। नित्य कर्म अर्थात् जिनका पालन प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन करना चाहिए। नैमित्तिक कर्म किसी अवसर विशेष पर किये जाते हैं तथा काम्य कर्म जो किसी कामना की पूर्ति हेतु किये जाते हैं। नित्य कर्मों के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति के लिए पांच

---

१३ सा नो भूमिर्वि सृजतां माता-पुत्राय मे पय:। अथर्ववेद १२/१/१०

१४ गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तोऽरण्यं ते पृथिवि स्योनमस्तु। अथर्ववेद १२/१/११

१५ प्रागपागुदगधराक्सर्वतस्त्वा दिशऽआधावन्तु। अम्बनिष्पर समरीर्विदाम्। यजुर्वेद ६/३६

१६ मेघामहं प्रथमां ब्रह्मण्वती ब्रहमजूतामृषिष्टुताम्। प्रपीता ब्रह्मचारिभिर्देवानामवसे हुवे।। अथर्ववेद ६/१०८/२

१७ द्यौ: शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति: पृथ्वी शान्तिराप: शान्तिरोषधय: शान्ति: वनस्पतय: शान्तिर्विश्वे देवा: शन्तिर्ब्रह्म शान्ति: सर्वं शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सा मा शान्तिरेधि। यजुर्वेद ३६/१७

१८ ईशावस्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। ईशावास्योपनिषद्। १

१९ यस्य भूमि: प्रमान्तरिक्षमुतोदरं दिवं यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम:। अथर्ववेद १०/७/३२

२० गीता। ३/५

२१ योग: कर्मसु कौशलम्। गीता २/५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२२ पतंजल योग प्रदीप - स्वामी ओमानन्द तीर्थ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
महायज्ञों का निर्देश दिया गया है। ये पंचमहायज्ञ हैं- १. ब्रह्मयज्ञ, २. देवयज्ञ, ३. पितृयज्ञ, ४. अतिथियज्ञ, ५. बलिवैश्वदेवयज्ञ।

इन पंचमहायज्ञों में देवयज्ञ और बलिवैश्वदेवयज्ञ का निर्देश वेद पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखकर ही दे रहा है। आकाश, वायु अग्नि, जल और पृथ्वी इन पांच महाभूतों को ही यहां पर देव शब्द से अभिहित किया गया है। मनुष्य प्रतिदिन इन पांचों को किसी न किसी रूप में प्रदूषित करता है। अतः उसका कर्तव्य हो जाता है कि उसने जितनी मात्रा में इन पंचमहाभूतों को दूषित किया है, उतनी ही मात्रा में वह इनको प्रदूषण मुक्त करने का प्रयास करे। इसी के लिए देव यज्ञ का विधान है, जिसे हवन के नाम से भी जाना जाता है। इसकी विधि में वेदों में बताया गया है कि आम, पीपल, गूलर, ढाक (पलाश) तथा वट की समीधायें हवन कुण्ड में जलाकर उसमें सुगन्धित व औषधीय गुणों से युक्त वनस्पतियों की मन्त्रोच्चारण के साथ आहुति देनी चाहिए। हवनकुण्ड में प्रज्वलित अग्नि आहुति में दी गयी सामग्री को परमाणु रूप प्रदान कर पंचतत्त्वों में विलिन कर देती है। यज्ञ पर किये गये शोधों से निश्चित हो चुका है कि यज्ञ करने के स्थान पर वातावरण में हानिकारक कीटाणुओं तथा हानिकारक गैसों में कमी होती है। पर्यावरण संतुलन का यह सबसे अच्छा साधन है।

इसी प्रकार बलिवैश्वयज्ञ भी सीधे पर्यावरण को प्रभावित करता है। बलिवैश्वदेव यज्ञ के अन्तर्गत बताया गया है कि प्रत्येक मनुष्य को अपने आस-पास रहने वाले प्राणियों गाय, कुत्ता, कौआ, चाण्डाल, चींटी आदि को खाद्य पदार्थो के द्वारा संतुष्ट करना चाहिए। इस यज्ञ के माध्यम से वैदिक ऋषि प्रत्येक मनुष्य से कह रहे हैं कि सभी प्राणियों के जीवन की रक्षा करनी चाहिए। आज का मनुष्य केवल इनके भक्षण और अधिकाधिक शोषण में लगा है। जिससे जैव विविधिता तथा जैविक चक्र नष्ट हो रहा है। यदि मनुष्य वेद द्वारा बताये गये इन यज्ञों को अपनी दिनचर्या का अङ्ग बना लेता है तो पर्यावरण असंतुलन की समस्या ही समाप्त हो जायेगी।

उपर्युक्त बातें विचार करने पर बहुत अच्छी लगती हैं, किन्तु आज के अधिकतर मनुष्य इनका पालन नहीं कर पाते। इसका कारण है मानसिक एकाग्रता की कमी। जिसके कारण मनुष्य अपना हित-अहित ठीक से नहीं समझ पा रहा है। योग का सातवां अङ्ग ध्यान इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करता है। ध्यान का अभ्यास मानसिक एकाग्रता को बढ़ाता है। व्यक्ति की दृष्टि को समग्रता प्रदान करता है। समग्र दृष्टि के द्वारा जीवन को विकसित करने वाले किसी भी कार्य को करते समय व्यक्ति उस कार्य के अनुकूल तथा प्रतिकूल सभी प्रकार के प्रभावों का चिन्तन करता है और फिर वही कार्य करता है, जो उसके तथा अन्य सभी के लिए कल्याणकारी हो। क्योंकि सभी के हित के साथ उसका हित जुड़ा है।

उपर्युक्त बातों के निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने का समाधान केवल यौगिक जीवन पद्धति और वैदिक संस्कृति का पालन करने में ही है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१०७-१११) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पातंजल योगसूत्र की वैज्ञानिकता- एक विवेचनात्मक अध्ययन

डॉ. सुरेश लाल बर्णवाल[१]

डॉ. असीम कुलश्रेष्ठ[२]

सभी क्षेत्रों की अपनी सीमाएँ है और उनकी अभिव्यक्ति का अपना तरीका है। श्री अरविन्द के अनुसार, **'अतिभौतिक प्रकृति के नियम और सम्भावनाओं को जाने बिना सही ढंग से न तो भौतिक प्रकृति के नियम जाने जा सकते हैं, न संभावनाएँ।'** भौतिक उपकरणों से भौतिक पदार्थ की खोज हो सकती है, लेकिन चेतना के पर्यवेक्षण हेतु चेतनात्मक उपकरण चाहिए। यह उपकरण अन्तःकरण के रूप में विद्यमान है। चेतनात्मक प्रयोगों के अन्वेषण का यही क्षेत्र है। यह विज्ञान के क्षेत्र के बाहर है। सभी विज्ञानों का उद्देश्य सत्यान्वेषण है। महर्षि पतञ्जलि ने अपने सूत्रों को चेतना के स्वरूपों का नियमन करने हेतु सूत्रबद्ध किया है। प्रस्तुत शोध पत्र में शोधार्थी का उद्देश्य विज्ञान के सम्प्रत्यय को स्पष्ट कर महर्षि पतञ्जलि के योगसूत्र में तर्क, तथ्य और प्रमाण से पूर्ण सूत्रों का अध्ययन कर उसके वैज्ञानिक स्वरूप को स्पष्ट करना है।

विज्ञान-

आंग्ल भाषा में विज्ञान को 'Science' (साइंस) कहते हैं। 'Science' (साइंस) शब्द लैटिन भाषा के 'Scientia' से बना है जिसका अर्थ ज्ञान है। विज्ञान का अर्थ है-विशेष ज्ञान। जो पदार्थो से संबंधित होने के साथ सूत्रबद्ध और सुव्यवस्थित है। आर. कार्नेप ने इसे व्यवस्थापूर्ण ज्ञान कहा है।[3] कार्नेप की इस मान्यता को वार्टोफस्की ने अपर्याप्त मानते हुए उसे नित्य परिवर्तनशील और प्रगतिशील बताया। उनकी मान्यता है, 'विज्ञान जैविक संरचना की भाँति बढ़ती हुई सत्ता है।'[4]

थॉमस हक्सले ने विज्ञान को व्यवस्थित सामान्य बोध के रूप में परिभाषित करते हुए बताया कि 'विज्ञान द्वारा अर्जित व्यापक परिणाम हम में से प्रत्येक द्वारा जीवन के साधारणतम मामलों में प्रयुक्त मानसिक प्रतिक्रियाओं के अतिरिक्त किन्हीं रहस्यमय तरीकों या अन्य मानसिक प्रक्रियाओं द्वारा उपलब्ध नहीं हुए हैं। सामान्य बोध से हक्सले का तात्पर्य था- भौतिक विश्व की वास्तविकता की सहज पहचान। ज्यूलियन हक्सले के अनुसार, 'विज्ञान वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा हम ज्ञान अर्जित कर प्रकृति के तत्त्वों पर नियन्त्रण स्थापित कर रहे हैं।'[5]

---

1 Associate Professor and Head of Dept., Human Consciousness and Yogic Science, Dev Sanskriti Vishwavidyalaya, Gayatrikunj, Hardwar, Uttarakhand -249411.

2 Assistant Professor, Dept. of Human Consciousness and Yogic Science, Dev Sanskriti Vishwavidyalaya, Gayatrikunj, Hardwar, Uttarakhand -249411.

३ Carnep R.ë Logical Foundation of the unity of Science. International Encyclopedia of unified Science.Vol. 1, Page-42.

4 Wartofosky M.W.ë Conceptual Foundation of the unity of Scientific Thought, Page-25.

५ थॉमस हक्सले, एम.एन. राय (१९९९ सं.) विज्ञान और दर्शन, पृष्ठ-१८-१९.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्ञान के उद्देश्यों के सम्बन्ध में बर्टेण्ड रसेल लिखते हैं, 'विज्ञान के दो उद्देश्य हैं। एक ओर, सम्बन्धित क्षेत्र में तथ्यों को अधिकतम सम्भव सीमा तक जानने की आकांक्षा है; दूसरी ओर, जाने गये सारे तथ्यों को सामान्य नियमों की न्यूनतम सम्भव संख्या में समन्वित करने का प्रयास है।'[६]

विलियम मैग्डूगल के अनुसार, 'विज्ञान वैज्ञानिक विधि का अर्थपूर्ण समस्याओं में प्रयोग है।'[७] स्टुअर्ट चेज ने अपनी कृति The Proper Study of Mankind में कहा है, 'विज्ञान का अटूट सम्बन्ध वैज्ञानिक पद्धति से है, न कि किसी विशेष अध्ययन से।'[८]

लुण्डवर्ग के अनुसार, 'वैज्ञानिक पद्धति तथ्यों का क्रमानुसार, परीक्षण, वर्गीकरण एवं विश्लेषण है।'[९] वैज्ञानिक विधि वैज्ञानिक चिन्तन से उत्पन्न हुई है। वैज्ञानिक चिन्तन के दो विशेष लक्षण हैं- दिशा (direction) और नियन्त्रण (control)। विज्ञान की तीन प्रमुख विधियाँ हैं:- निरीक्षण (observation), परीक्षण (experimentation) तथा वर्णन (description)।

वैज्ञानिक ज्ञान सदैव वस्तुनिष्ठ, परिशुद्ध, सुनियन्त्रित, भाषा के दृष्टिकोण से स्पष्ट एवं तार्किक दृष्टिकोण से संगत और सामान्य, अमूर्त एवं आवश्यक होता है। वैज्ञानिक गवेषणा के प्रारम्भ में, वैज्ञानिक अवलोकन तथा यांत्रिक प्रयोग द्वारा इसके प्राकृतिक तथ्यों का निरीक्षण करने के बाद सिद्धान्त रचना करता है। इस स्थिति में विज्ञान अमूर्त अवस्था में पहुँच जाता है। यद्यपि वस्तुनिष्ठ प्रत्ययों की सहायता से वैज्ञानिक सिद्धान्त रचना की जाती है, किन्तु पोयंकारे कहते हैं कि जिस प्रकार ईंट इकट्ठा करने मात्र से इमारत नहीं बन जाती, उसी प्रकार अनुभवाश्रित तथ्यों को एकत्रित करने मात्र से वैज्ञानिक सिद्धान्त नहीं बन जाता। सिद्धान्त रचना के लिए वैज्ञानिक में अग्रावलोकन होना आवश्यक होता है।[१०] वैज्ञानिक की मेधा, कल्पना एवं बौद्धिकपटुता सिद्धान्त रचना करने में विशेषरूप से काम आती है। अत: अनुभवाश्रित होने पर भी यह बौद्धिक रचना है।

पीटर कौज ने विज्ञान के दर्शन को 'व्यवस्थित दृष्टिकोण' कहा है। उनके अनुसार इसमें विश्लेषणात्मक उपागम (analytical approach) के अलावा संश्लेषणात्मक उपागम (synthetic approach) का भी महत्त्व है।[११] उनके अनुसार विज्ञान के दो पहलू हैं- **१. वैज्ञानिक परीक्षण एवं २. तार्किक संगति।** किसी भी वैज्ञानिक सिद्धान्त की प्रगति इन दोनों पहलुओं में परस्पर प्रतिक्रिया के कारण होती है। इस प्रगति के लिए अनुभविक ज्ञान एवं बौद्धिक रचना एक समान आवश्यक है। इसमें सुनियन्त्रित तार्किक व्यवस्था होती है। इसी कारण इसे आदर्श तन्त्र की भी संज्ञा मिली है। दार्शनिक विचार और वैज्ञानिक प्रतिक्रियाएँ दोनों मिलकर इस आदर्श तन्त्र का निर्माण करते हैं।

विद्वानों द्वारा कहे गए उपर्युक्त विज्ञान और वैज्ञानिक पद्धति से संबंधित विचारों के अध्ययन के फलस्वरूप विज्ञान को पूर्ण अर्थों में निम्न शब्दों में रखा जा सकता है- विज्ञान वह क्रमबद्ध और सुसंगठित ज्ञान है जो भली-भाँति परीक्षित (tested), सत्यापित (verified), सुव्यवस्थित (well-organised) एवं

---

६ रसेल, बर्टेण्ड -एनेलेसिस ऑफ मैटर। एम.एन. राय (१९९९ सं०)- विज्ञान और दर्शन में, पृष्ठ-२७.

७ Science is the application of scientific method to meaningful problems. - (William McDougall).

८ कोली, लक्ष्मीनारायण (२००३): रिसर्च मैथडोलॉजी, वाई.के पब्लिशर्स, आगरा, पृष्ठ-६.

९ कोली, लक्ष्मीनारायण (२००३): रिसर्च मैथडोलॉजी, वाई.के पब्लिशर्स, आगरा, पृष्ठ-८.

१० श्रीमाली, मन्दाकिनी, प्रज्ञा पुरुष का समग्र दर्शन, अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा २००१, पृष्ठ -१.२५.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

११ श्रीमाली, मन्दाकिनी, प्रज्ञा पुरुष का समग्र दर्शन, अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा २००१, पृष्ठ -१.३०.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्गीकृत-प्रेक्षणों (classified-observations) पर आधारित होता है तथा वैज्ञानिक पद्धति में सत्यापनशीलता, तार्किकता, निश्चितता, वस्तुनिष्ठता, सामान्यता तथा पूर्वानुमान की क्षमता की विशेषताएँ होती है। विज्ञान की कसौटी पर महर्षि पतञ्जलि कृत योगसूत्रों की वैज्ञानिकता को स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं।

पातंजलयोगसूत्र की वैज्ञानिकता

महर्षि पतञ्जलि के संदर्भ में आचार्य रजनीश का कहना है, 'मनुष्यता के इतिहास में धर्म को पहली बार विज्ञान की अवस्था तक लाया गया। पतञ्जलि ने धर्म को मात्र नियमों का विज्ञान बना दिया।'[१२] 'पतञ्जलि सबसे बड़े वैज्ञानिक हैं अन्तर्जगत् के। उनकी पहुँच एक वैज्ञानिक मन की है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है।'[१३]

अध्यात्म के उन्मुखी वैज्ञानिक महान् ऋषि सत्ताओं ने हमेशा पूर्णता के संस्पर्श के कीर्तिमान् स्थापित किये हैं। ऋषियों की सारी खोजों की तरह महर्षि पतञ्जलि के योगसूत्र भी पूर्ण हैं। आदि और अन्त- एल्फा एन्ड ओमेगा। महर्षि के सर्वतोमुखी व्यक्तित्व की रचना होने के कारण यह सर्वांगपूर्ण है। उन्होंने कुछ भी शेष नहीं छोड़ा है।

महर्षि पतञ्जलि ने सभी पूर्व प्रचलित यौगिक प्रणालियों को सूक्ष्मता से परखा था। उनकी यह जाँच परख केवल बौद्धिक एवं तार्किक नहीं थी, उन्होंने इस पर जटिल-कठिन प्रयोग संपन्न किये थे। व्यवहार पर, शरीर-आरोग्य पर, प्राण की प्रक्रियाओं पर, मन की सूक्ष्म संवेदनाओं पर, संस्कारों, कर्म-समुदाय पर, यहाँ तक कि प्रकृति एवं सृष्टि की व्यापकता[१४] में इसके प्रभावों एवं परिणामों का परीक्षण किया था। व्यवहार विज्ञान और मनोदशाओं की सूक्ष्मताओं के विशेषज्ञ महर्षि पतञ्जलि के योगसूत्र व्यवहार विचार एवं संस्कारों को क्रम से परिशुद्ध कर कैवल्य बोध देते हैं, स्वयं के स्वरूप में प्रतिष्ठा[१५] प्रदान करते हैं।

महर्षि पतञ्जलि ने अपने योगसूत्रों में योग के प्रायः सभी ग्रन्थों में वर्णित, योग के प्रायः सभी मतों-पंथों द्वारा सुझाए, सिद्ध योगियों, साधकों, द्वारा कथित योग के संपूर्ण सत्य एवं तत्त्व को लिपिबद्ध किया है। एक सच्चे वैज्ञानिक की भांति उन्होंने किसी भी तरह के आग्रह, मत, विश्वास, श्रद्धा, आस्था को अपने योगसूत्रों में स्थान नहीं दिया। प्रयोगों ने जिसे प्रामाणिक कहा, वही उनके लिए प्रामाणिक था। उनके द्वारा प्रवर्तित यह योग का वैज्ञानिक विधान आस्तिक, ईश्वर परायण और नास्तिक निरीश्वरवादी सभी के लिए है। इसके क्रियान्वयन में जाति, वर्ण, क्षेत्र, स्त्री-पुरुष का कोई प्रतिबंध नहीं है।

योगदर्शन का प्रथम सूत्र '**अथ योगानुशासनम्**'[१६] ही स्पष्ट करता है कि योग विज्ञान उन्हीं के लिए है जो योगविज्ञान के वैज्ञानिक प्रयोग का अनुशासन स्वीकार करते हैं। वैज्ञानिक प्रयोग के अन्तर्गत व्यवहार का परिष्कार[१७], चिंतन के बिखराव-भटकाव का नियमन[१८], शारीरिक दृढ़ता[१९], प्राणिक परिमार्जन[२०],

---

१२ ओशो पतञ्जलि योगसूत्र भाग-१, ताओ पब्लिशिंग प्रा. लि., ५०, कोरेगांव, पुणे, पृष्ठ- ६.

१३ ओशो पतञ्जलि योगसूत्र भाग-१, ताओ पब्लिशिंग प्रा. लि., ५०, कोरेगांव, पुणे, पृष्ठ -२१३.

१४ पतञ्जलि योगसूत्र १/४० एवं ४५.

१५ पतञ्जलि योगसूत्र ३/३४.

१६ पतञ्जलि योगसूत्र १/१.

१७ पतञ्जलि योगसूत्र २/३० एवं ३२.

१८ पतञ्जलि योगसूत्र १/३२, ३३, ३४, ३५, ३६, ३७, ३८, ३९.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१९ पतञ्जलि योगसूत्र २/४८.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिंतनचेतना के साथ प्राण-प्रवाह को अन्तर्लीन, तत्त्व, सत्व एवं सत्य को धारण करना, इन तत्त्व, सत्व, सत्य की धारणाओं में निमग्न होना और तत्त्व, सत्व, सत्य में स्वयं के स्वरूप में प्रतिष्ठित होना आते हैं।[२१]

महर्षि पतञ्जलि ने वैज्ञानिक प्रयोगों को अपनी कृति **'योगसूत्र'** में ४ भागों में अभिव्यक्त किया है। ये भाग **समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद** और **कैवल्यपाद** के नाम से जाने जाते हैं। समाधिपाद में योग के लक्षण, स्वरूप और चित्त की वृतियों के पांच भेद[२२] और उनके लक्षण[२३] का वर्णन करते हुए कैवल्य प्राप्ति के उपाय[२४] का वर्णन है। साधनपाद में अविद्यादि पंचक्लेशों[२५] का वर्णन है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा वर्णित दृश्य का वर्णन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और विशेष है। वह दृश्य का वर्णन करते हुये यह स्पष्ट करते हैं कि प्रकाश, क्रिया और स्थिति जिसका स्वरूप है; भूत और इन्द्रियाँ जिसका स्वरूप हैं; भोग और मुक्ति का सम्पादन करना जिसका प्रयोजन है; वह दृश्य है।[२६] वह दृश्य को विशेष, अविशेष, लिंगमात्र और अलिंग इन चार अवस्थाओं में विभाजित करते हैं।[२७] इसी प्रकार वह दृष्टा को स्पष्ट करते हुये कहते हैं कि चेतनमात्र द्रष्टा यद्यपि स्वभाव से सर्वथा शुद्ध है तो भी यह बुद्धि वृत्ति के अनुरूप देखने वाला है।[२८] महर्षि पतञ्जलि ने द्रष्टा एवं दृश्य के संयोग को समस्त दुःखों[२९] का कारण बताया है एवं इसके समाधान हेतु अष्टांग योग[३०] का वर्णन है।

महर्षि पतञ्जलि के वैज्ञानिक प्रयोगों में **'अष्टांग योग'** मुख्य तथा जनप्रसिद्ध है। इसमें **यम,**[३१] **नियम,**[३२] **आसन,**[३३] **प्राणायाम,**[३४] **प्रत्याहार,**[३५] **धारणा,**[३६] **ध्यान**[३७] **तथा समाधि**[३८] **सम्मिलित हैं।**

विभूतिपाद में अष्टांग योग में वर्णित धारणा, ध्यान और समाधि- इन तीनों का एकत्रित नाम 'संयम'[३९] बतलाकर भिन्न-भिन्न ध्येय पदार्थो में संयम के भिन्न-भिन्न परिणामों का वर्णन किया है। कैवल्यपाद में कैवल्य[४०] प्राप्त करने हेतु चित्त के स्वरूप[४१] का प्रतिपादन किया गया है।

---

२० पतञ्जलि योगसूत्र २/५२.
२१, पण्डया डा. प्रणव (२००९)-, स्वंय में प्रतिष्ठित कर अनुशासित करता है योग, अखण्ड ज्योति, वर्ष-७३ , अंक-७, पृष्ठ - ३२.
२२ पतञ्जलि योगसूत्र १/६.
२३ पतञ्जलि योगसूत्र १/७, ८, ९, १०, ११.
२४ पतञ्जलि योगसूत्र १/१२.
२५ पतञ्जलि योगसूत्र २/३.
२६ पतञ्जलि योगसूत्र २/१८.
२७ पतञ्जलि योगसूत्र २/१९.
२८ पतञ्जलि योगसूत्र २/२०.
२९ पतञ्जलि योगसूत्र २/१७.
३० पतञ्जलि योगसूत्र २/२९.
३१ पतञ्जलि योगसूत्र २/३०.
३२ पतञ्जलि योगसूत्र २/३२.
३३ पतञ्जलि योगसूत्र २/४६.
३४ पतञ्जलि योगसूत्र २/४९.
३५ पतञ्जलि योगसूत्र २/५४.
३६ पतञ्जलि योगसूत्र ३/१.
३७ पतञ्जलि योगसूत्र ३/२.
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
३८ पतञ्जलि योगसूत्र ३/३.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसिद्ध वैज्ञानिक इरविन श्रोडिंगर (१९६४) के अनुसार, 'तथ्यों का अधिकतम पूर्णता के साथ न्यूनतम शब्दों में वर्णन विज्ञान कहलाता है।'[४२] **महर्षि पतञ्जलि अपने योगसूत्रों में कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करते हैं।**[४३] महर्षि ने उनकी रचना केवल बुद्धि विलास के लिए नहीं की थी। ये सूत्र चेतना के उन्नयन की व्यवहारिक प्रक्रिया समझाने, अधिक गहरे ज्ञान की प्राप्ति, मन की संभावनाओं के अन्वेषण और अन्ततः उसके पार जाने के उद्देश्य से लिखे गये हैं। योगसूत्र मुख्यतः अभ्यासाभिमुख हैं। वे समाधि की मात्रा बौद्धिक मीमांसा नहीं करते हैं।[४४] अनेक श्लोक ऐसे तथ्यों का प्रतिपादन करते हैं, जो सामान्य सांसारिक अनुभवों और समझ के परे होते हैं। इन सूत्रों में पथ और पथ प्रदर्शक, दोनों का तर्क संगत वर्णन है। स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा इन सूत्रों के माध्यम से पूर्ण होती है।[४५] महर्षि पतञ्जलि अपने प्रयोगों के बारे में, प्रयोगों से प्राप्त निष्कर्षों के बारे में एक गणितज्ञ, एक तर्कशास्त्रज्ञ, एक महावैज्ञानिक की भांति सत्यों को स्पष्ट करते हैं। उन्होंने सैकड़ों-सैकड़ों प्रयोग करके उनके निष्कर्षों को सूत्रबद्ध किया। इन सूत्रों के सहारे जब भी कोई चाहे प्रयोग को दुहरा सकता है।[४६]

आचार्य रजनीश ने महर्षि पतञ्जलि को अन्तर्मुखी एवं बहिर्मुखी जीवन के सेतु के रूप में उल्लेखित करते हुए आधुनिक युग के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंसटिन से श्रेष्ठ सिद्ध करते हुए कहा है, 'मनुष्य दो तरह का जीवन जी सकता है- एक तो बहिर्मुखी जीवन, बाहर-बाहर का बहिर्मुखी जीवन। और मनुष्य एक दूसरी तरह का जीवन भी जी सकता है- अन्तर्मुखी जीवन; अन्तर्मुखता का जीवन। पतञ्जलि इन दोनों के बीच सेतु हैं। इसलिए पतञ्जलि आइन्स्टीन से बड़े वैज्ञानिक हैं। किसी न किसी दिन आइन्स्टीन को अन्तर्जगत् के विज्ञान के बारे में पतञ्जलि से सीखना होगा। लेकिन पतञ्जलि को आइन्स्टीन से कुछ भी नहीं सीखना है; क्योंकि बाह्य जगत् के विषय में जो भी ज्ञान होता है वह सूचना से अधिक कुछ नहीं होता है। वह कभी भी सच्चा प्रमाणिक और वास्तविक ज्ञान नहीं बन सकता है; क्योंकि अन्ततः हम उससे बाहर ही रहते हैं।'[४७] पतञ्जलि के योगसूत्रों में रहस्य जैसा कुछ नहीं है। वे तो रहस्य के गणितज्ञ हैं; वे अतार्किक के तार्किक हैं; वे अज्ञात के वैज्ञानिक हैं। और यह जानकर भी बहुत आश्चर्य होता है कि एक अकेले व्यक्ति ने सम्पूर्ण विज्ञान को उद्घाटित कर दिया। उन्होंने कुछ भी छोड़ा नहीं है। लेकिन फिर भी अन्तर्जगत् का विज्ञान अभी भी प्रतीक्षा कर रहा है कि मनुष्य जाति उसके करीब आए ताकि उसे समझा जा सके।'[४८]

यही पातंजल योगसूत्रों की वैज्ञानिकता है कि महर्षि पतञ्जलि एक वैज्ञानिक की भांति अपने योगसूत्रों को क्रमबद्ध रूप से निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निश्चित दिशा में सुनियोजित करते हैं।

---

३९ पतञ्जलि योगसूत्र ३/४,
४० पतञ्जलि योगसूत्र ४/३४,
४१ पतञ्जलि योगसूत्र ४/२६ ,
४२ My Views of the world, 1964, p- 3.
४३ स्वामी सत्यानन्द सरस्वती (१९९४), मुक्ति के चार सोपान, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुगेंर, बिहार, पृष्ठ- ४,
४४ स्वामी सत्यानन्द सरस्वती (१९९४), मुक्ति के चार सोपान, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुगेंर, बिहार, पृष्ठ- २,
४५ स्वामी सत्यानन्द सरस्वती (१९९४), मुक्ति के चार सोपान, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुगेंर, बिहार, पृष्ठ- २,
४६ पण्डया डा. प्रणव, (२००२), अंतर्जगत के दो विशिष्ट वैज्ञानिक, अखण्ड ज्योति, वर्ष-६५, अंक-३, पृष्ठ - ४५,
४७ ओशो पतञ्जलि योगसूत्र भाग-४, ताओ पब्लिशिंग प्रा. लि., ५०, कोरेगांव, पुणे, पृष्ठ -१७८,
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
४८ ओशो पतञ्जलि योगसूत्र भाग-४, ताओ पब्लिशिंग प्रा. लि., ५०, कोरेगांव, पुणे, पृष्ठ -१३३,

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ.१२२-१३८) ISSN 0974 - 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनुस्मृति में यम-नियम (योगांग)

डॉ. ईश्वर भारद्वाज[1]

ऊधम सिंह[2]

भारतीय साहित्य में स्मृतियों का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। स्मृति साहित्य में मनुस्मृति का विशिष्ट स्थान है। मानव के लिए श्रेष्ठ सामाजिक नियमों की व्यवस्था करके मनुमहाराज ने अच्छे समाज के निर्माण की नींव रखी। भौतिकवाद और अध्यात्मवाद के बीच सामंजस्य स्थापित करने का महत् कार्य मनुस्मृति ने किया।

धर्मशास्त्रों में मनुस्मृति सर्वाधिक प्रामाणिक ग्रन्थ है जिसे सृष्टि के प्रारम्भिक काल का शास्त्र होने का गौरव प्राप्त है। मनुमहाराज अपने समय के प्रख्यात तत्त्ववेत्ता ऋषि थे, वहीं दूसरी ओर धर्मनिष्ठ, न्यायकारी, प्रजाप्रिय शासक भी थे। उनके कथन को प्रमाण माना जाता है। रामायण, महाभारत, कोटिल्य अर्थशास्त्र आदि ग्रन्थों में मनुस्मृति के वाक्यों का उद्धरण दिया जाना इसकी महत्ता को प्रदर्शित करता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपने ग्रन्थों में मनुमहाराज को प्रमाण रूप में प्रस्तुत किया है। तैत्तिरीय संहिता में मनु के कथन को भैषज की भांति कल्याणकारी कहा है।[3]

योग जैसी कल्याणकारी विद्या का ऐसे कल्याणकारी ग्रन्थ में वर्णन प्राप्त होना चाहिए, यह विचार कर योग के अङ्गों के परिप्रेक्ष्य में मनुस्मृति का अध्ययन किया तो अष्टांगयोग[4] के प्राय: सभी तत्त्व इसमें प्राप्त होते हैं। मनुस्मृति में कहा गया है कि परमात्मा की सूक्ष्मता तथा उत्तम व अधम शरीरों में जन्मप्राप्ति के विषय में विचार किया करें।[5] मनुमहाराज जिस योग को अपनाने की बात करते हैं, वह योग अष्टांगयोग ही है। अष्टांगयोग के प्रथम-दो अङ्ग यम-नियम तो व्यक्तित्व निर्माण के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं तथा सामाजिक व्यवस्था हेतु अनिवार्य भी हैं। इन्ही के आलोक में प्रस्तुत निबन्ध का आलेख किया जा रहा है।

यम

यम वे सामाजिक बन्धन हैं जिनके माध्यम से समाज की व्यवस्था सुचारु रूप से चल सकती है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह पांच यम हैं।[6] इन्हें मनुस्मृति में अनेक स्थलों पर वर्णित किया गया है।

(क) अंहिसा- हिंसा न करना अंहिसा है। किसी भी प्राणी को किसी भी रूप से मन, वचन, कर्म से कष्ट न पहुंचाना अंहिसा कहलाता है। मनुस्मृति में अनेक स्थलों पर हिंसा न करने को कहा गया है।[7] ज्ञान या

---

१ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ असिस्टेंट प्रोफेसर, मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

३. मनुर्वै यत्किंचावदत तद् भैषजम्। तैत्तिरीयसंहिता २/१/१०/२

४. यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावंगानि। योगसूत्र २/२९

५. सूक्ष्मतां चान्ववेक्षेत योगेन परमात्मनः। देहेषु च समुत्पत्तिमुत्तमेष्वधमेषु च।। मनुस्मृति ६/६५

६. अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः। योगसूत्र /३०

७. अहिंसासत्यमक्रोधमार्जवं च समाचरेत्। मनुस्मृति ११/२२२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अज्ञान द्वारा की गई हिंसा को भी व्रत से नष्ट करने का उपाय बताया गया है।[८] अंहिसादि कर्मों से तो मोक्षपद की प्राप्ति का वर्णन किया गया है।[९] किसी भी पशु की हत्या करने में तथा पकाकर खाने में जो भी सहयोगी हैं, वे सभी हत्यारे और पापी कहे गए हैं। मारने की आज्ञा देने वाला, मांस को काटनेवाला, पशु को मारनेवाला, पशुओं को मारने के लिए खरीदने व बेचने वाला, पकाने वाला, परोसने वाला ओर खाने वाला- ये आठ प्रकार के हत्यारे हैं।[१०] अतः मांस भक्षण से दूर रहना चाहिए।[११] देखकर कदम रखने का निर्देश भी क्षुद्रजीवों की हत्या से बचने के लिए है।[१२]

(ख) सत्य- सत्य का वर्णन अनेक स्थलों पर प्राप्त होता है। **सत्यपूतां वदेद् वाचम् मनः पूतं समाचरेत्**[१३] कहकर वाणी में सत्य का संचार करने तथा मन में भी सत्य धारण करके मन को पवित्र करने का संकेत है। सत्य में सब कुछ प्रतिष्ठित है तथा सत्य से सब कुछ प्राप्त हो जाता है।[१४] धर्म के दश लक्षणों में भी सत्य को मुख्य माना गया है।[१५] सत्य प्रतिष्ठित होने पर व्यक्ति का कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता।[१६] अतः सदा सत्याचरण करना चाहिए किन्तु कटु सत्य से बचें।[१७]

(ग) अस्तेय- चोरी न करना तीसरा यम है। मनुस्मृति किसी के धन का बलपूर्वक आहरण करने को स्पष्ट मना करती है।[१८] चोरी करने वाले को राजा द्वारा हाथी के पैरों के नीचे कुचलकर मार देने के दण्ड का विधान किया गया है।[१९] मनुमहाराज तो गढ़े धन को भी प्राप्त होने पर ब्राह्मण को देने का निर्देश करते हैं।[२०] चोरी का धन राजा द्वारा भी उपयोग में न लाया जाए।[२१] चोर के अङ्गों का छेदन कर देना चाहिए।[२२] श्रेष्ठ राजा भी उसी को कहा गया है जिस राजा के राज्य में चोर न हों।[२३]

(घ) ब्रह्मचर्य- चतुर्थ यम के रूप में ब्रह्मचर्य कहा गया है। रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा[२४] के पश्चात् शुक्र धातु बनती है जो यत्नपूर्वक संरक्षित रखनी चाहिए।[२५] बिन्दुधारण को जीवन तथा बिन्दुपात को मृत्यु कहा गया है।[२६] इसी कारण मनुस्मृति में ब्रह्मचर्य का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है। कहा गया है कि

---

८. एतैर्व्रतैरपोह्यं स्यादेनो हिंसा समुद्भवम्। ज्ञानाज्ञानकृतं कृत्स्नं शृणुतानाद्यभक्षणे।। मनुस्मृति ११/१४५

९. अहिंसयेन्द्रियासंगैर्वैदिकैश्चैव कर्मभिः। तपसश्चरणैश्चोग्रैः साधयन्तीह तत्परम्।। मनुस्मृति ६/७५

१०. अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी। संस्कर्ता चोपहर्ता च खादकश्चेति घातकाः।। मनुस्मृति ५/५१

११. समुत्पत्तिं च मांसस्य वधबन्धौ च देहिनाम्। प्रसमीक्ष्य निवर्तेत सर्वमांसस्य भक्षणात्।। मनुस्मृति ५/४९

१२. दृष्टिपूतं न्यसेत्पादम्।। मनुस्मृति ६/७६

१३. मनुस्मृति ६/४६

१४. सत्येन सर्वमाप्नोति सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम्। योगसार संग्रह-पृ. ३६

१५. मनुस्मृति ६/९२

१६. सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्। योगसूत्र २/३५

१७. सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्नब्रूयात्सत्यमप्रियम्। प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः।। मनुस्मृति ४/१३८

१८. परद्रव्यापहरणं चौर्याद् वाऽथ बलेन वा। स्तेयं तस्यानाचरणादस्तेयं धर्मसाधनम्।। योगसार संग्रह पृ.३५

१९. प्रणष्टाधिगतं द्रव्यं तिष्ठेद्युक्तैरधिष्ठितम्। यांस्तत्र चौरान्ग्रहणीयात्तान् राजेभेन घातयेत्।।मनुस्मृति ८/३४

२०. मनुस्मृति ८/३७-३८

२१. मनुस्मृति ८/४०

२२. येन येन यथांगेन स्तेनो नृषु विचेष्टते। तत्तदेव हरेत्तस्य प्रत्यादेशाय पार्थिवः।। मनुस्मृति ८/३३४

२३. यस्य स्तेनः पुरे नास्ति। मनुस्मृति ८/३८६

२४. रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान्मेदः प्रजायते। मेदसोऽस्थिः ततो मज्जाः मज्जायाः शुक्रसम्भवः।। सुश्रुत संहिता

२५. येन संरक्षयेत्।। हठप्रदीपिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२६. मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्। हठप्रदीपिका

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो द्विज विद्वान् अखण्डित रूप से ब्रह्मचर्याश्रम का सेवन करता है, वह उत्तम स्थान प्राप्त करता है तथा मोक्षपद को प्राप्त कर लेता है।[२७] गुरु के समीप रहते हुए ब्रह्मचारी को ज्ञान, कर्म, उपासना रूप त्रिविध ज्ञान वाले वेदों के अध्ययन सम्बन्धी ब्रह्मचर्यव्रत का ३६ वर्ष, उसके आधे १८ वर्ष या उसका चतुर्थ भाग ९ वर्ष अथवा जब तक विद्या पूर्ण न हो जाए, तब तक पालन करना चाहिए।[२८] ब्रह्मचर्यपूर्वक चार, तीन, दो अथवा एक वेद को यथावत् अध्ययन करके अखण्डित ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए गृहस्थाश्रम को धारण करें[२९] तथा स्वप्न में भी वीर्य स्खलित न होने दें।[३०] इस प्रकार के अनेक स्थल मनुस्मृति में प्राप्त होते हैं।

(ङ) अपरिग्रह- संचय न करना अपरिग्रह कहलाता है। आपत्तिकाल में भी इच्छापूर्वक द्रव्य का संग्रह न करना अपरिग्रह कहलाता है।[३१] मनुस्मृति कहती है कि दुष्ट के प्रसंग से, विरुद्ध कर्म से, पदार्थ होते हुए भी अधिक पदार्थों का, छल करके तथा अधर्मपूर्वक द्रव्यों का संचय नहीं करना चाहिए।[३२] विषयासक्ति को दूर करता रहे तथा इन्द्रियों की आसक्ति से भी बचता रहे।[३३] मनुमहाराज की व्यवस्था है कि आवश्यकता से अधिक का संग्रह करके अन्यों के लिए द्रव्यों की न्यूनता उपस्थित करने वाला न हो। सबमें समान रूप से भोग सामग्री का वितरण हो जाए।

यमों के पश्चात् नियमों पर विचार करेंगें। नियम व्यक्तिगत उन्नति के लिए नियमों का पालन किया जाता है। ये पांच हैं- शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान।[३४]

(क) शौच- शौच का अर्थ है पवित्रता। शौच दो प्रकार का कहा गया है- बाह्य तथा आभ्यन्तर। मिट्टी, जल, साबुन आदि से शरीर की सफाई बाह्य तथा मन की शुद्धि आभ्यन्तर शुचिता कही गई है।[३५] मनुमहाराज कहते हैं कि जल से शरीर, सत्य से मन, विद्या और तप से आत्मा तथा ज्ञान से बुद्धि की शुद्धि होती है।[३६] धर्म के दस लक्षणों में भी शौच को स्थान दिया गया है।[३७] सत्वगुण का लक्षण बताते हुए भी शौच की महत्ता स्वीकार की गई है।[३८] अर्थशुचिता को सर्वोत्तम शुचिता कहा गया है।[३९] मनुस्मृति में अन्य पदार्थों की शुद्धि का भी विशद वर्णन प्राप्त होता है।[४०] मनुस्मृति में मन वाणी की शुद्धि का भी संकेत किया गया है कि जिस व्यक्ति के वाणी और मन शुद्ध होते हैं, वही वेदों के सिद्धान्त रूप फल को प्राप्त होता है।[४१]

---

२७. एवं चरति यो विप्रो ब्रह्मचर्यमविप्लुतः। स गच्छत्युत्तमस्थानं न चेहाजायते पुनः।। मनुस्मृति २/२२४
२८. षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम्। तदर्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव वा।। मनुस्मृति ३/१
२९. वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वाऽपि यथाक्रमम्। अविप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रमावसेत्।। मनुस्मृति ३/२
३०. स्वप्ने सिक्त्वा ब्रह्मचारी द्विजः शुक्रमकामतः। मनुस्मृति २/१५६
३१. द्रव्याणामप्यनादानमापद्यपि यथेच्छया। अपरिग्रह इत्युक्तस्तं प्रयेत्नेन पालयेत्।। योगसार संग्रह पृ. ३७
३२. नेहेतार्थान्प्रसंगेन न विरुद्धेन कर्मणा। न विद्यमानष्वर्थेषु नार्त्यामपि यतस्ततः।। मनुस्मृति ४/१५
३३. इन्द्रियार्थेषु सर्वेषु न प्रसज्येत कामतः। अतिप्रसक्तिं चैतेषां मनसा संनिवर्तयेत्।। मनुस्मृति ४/१६
३४. शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।। योगसूत्र २/३२
३५. शौचं तु द्विविधं प्रोक्तं बाह्यमाभ्यन्तस्तथा। मृज्जलाभ्यां तु बाह्यं मनश्शुद्धिस्तथान्तरम्।।
३६. अद्भिर्गात्राणि शुद्ध्यन्ति मनः सत्येन शुद्ध्यति। विद्यातपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्ध्यति। मनुस्मृति ५/१०९
३७. धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। मनुस्मृति ६/९२
३८. वेदाभ्यासस्तपोज्ञानं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धर्मक्रियात्मचिन्ता च सात्विकं गुणलक्षणम्।। मनुस्मृति १२/३१
३९. सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम्। योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारिशुचिः शुचिः।। मनुस्मृति ५/१०६
४०. मनुस्मृति पंचम अध्याय
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
४१. अद्भिर्गात्राणि शुद्ध्यन्ति मनः सत्येन शुद्ध्यति। विद्यातपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्ध्यति। मनुस्मृति ५/१०९

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) सन्तोष- परिश्रम करके जो फल प्राप्त होता हो, उसी में सन्तुष्ट हो जाना ही परम सुख का कारण है। इसीलिए संतोष को सबसे बड़ा धन कहा गया है।[४२] सब धनों में सन्तोष को ही श्रेष्ठ कहा गया है।[४३] सन्तोष से परमसुख प्राप्त होता है।[४४]

(ग) तप- तप द्वन्द्वों के सहन करने को कहा गया है।[४५] सर्दी-गर्मी, भूख-प्यास, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों में सम बने रहने की स्थिति को तप कहते हैं। वेदाभ्यास को भी तप कहा गया है।[४६] कृच्छ्र, चान्द्रायण, सान्तपन आदि व्रतों को भी तप कहा जाता है। मनुस्मृति में भी प्राजापत्यव्रत, [४७] कृच्छ्र सान्तपन, [४८] अतिकृच्छ्र[४९] तप्तकृच्छ्र, [५०] पराककृच्छ्र, [५१] चान्द्रायण[५२] आदि व्रतों का उल्लेख है। ब्राह्मण को शुद्ध करने के लिए तप ही पर्याप्त है।[५३] शरीर व इन्द्रियों के मलों का निवारण तप के द्वारा होकर शरीर व इन्द्रियों पर नियन्त्रण हो जाता है।[५४] अहिंसा, इन्द्रिय-विषयों का त्याग, वेदोक्त कर्म और उग्र तप इस संसार में मोक्षपद को सिद्ध करा सकते हैं।[५५]

(घ) स्वाध्याय- मोक्ष शास्त्रों का अध्ययन तथा प्रणवजाप को स्वाध्याय कहा गया है।[५६] मनुस्मृति कहती है कि जो व्यक्ति स्वाध्याय (वेदाध्ययन, गायत्री जप, प्रणवजप) को एकाग्रचित्त होकर करता है, उसे धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।[५७] ओ३म् तथा गायत्री की महिमा बताई गई है।[५८] स्वाध्याय से इष्टदेव का साक्षात्कार होता है।[५९]

(ङ) ईश्वर प्रणिधान- ईश्वर प्रणिधान ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव है, ईश्वर प्रणिधान। परमात्मा के विषय में प्रथम अध्याय में वर्णन किया गया है। मनुमहाराज शास्त्र के अध्ययन का फल भी कहते हैं कि श्रेष्ठ व्रताचरण करने वाला ब्राह्मण कभी भी मानसिक, वाचिक और शारीरिक कर्मदोषों से लिप्त नहीं होता।[६०] आचारहीन वेद-प्रतिपादित धर्मजन्य सुखरूप फल को प्राप्त नहीं कर सकते। जो धर्माचरण

---

४२. (क) सन्तोष एव पुरुषस्य परमनिधानम्।। (ख) सन्तोषं परमास्थाय सुखार्थी संयतो भवेत्। सन्तोषं मूलं हि सुखं दुःखमूलं विपर्ययः।। मनुस्मृति ४/१२

४३. गोधन गजधन वाजिधन और रतन धन खान। जब आवत सन्तोष धन सब धन धूरि समान।।

४४. सन्तोषादनुत्तमः सुखलाभः। योगसूत्र २/४२

४५. तपो द्वन्द्वसहनम्।

४६. वेदमेव सदाभ्यस्येत्तपस्तप्स्यन्द्विजोत्तमः। वेदाभ्यासो हि विप्रस्य तपः परमिहोच्यते।। मनुस्मृति २/१४१

४७. मनुस्मृति ११/२११

४८. मनुस्मृति ११/२१२

४९. मनुस्मृति ११/२१३

५०. मनुस्मृति ११/२१४

५१. मनुस्मृति ११/२१५

५२. मनुस्मृति ११/२१६-२१९

५३. ब्राह्मणस्तपसैव तु। मनुस्मृति ११/१००

५४. कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिक्षयात्तपसः।। योगसूत्र २/४३

५५. अहिंसयेन्द्रियासंगैर्वैदिकैश्चैव कर्मभिः। तपसश्चरणैश्चोग्रैः साधयन्तीह तत्पदम्।। मनुस्मृति ६/७५

५६. मोक्षशास्त्राणामध्ययनं प्रणवजपो वा। योगसूत्र व्यासभाष्य २/४४

५७. यः स्वाध्यायमधीतेऽब्दं विधिना नियतः शुचिः। तस्य नित्यं क्षरत्येष पयो दधि घृतं मधु।। मनुस्मृति २/१०७

५८. मनुस्मृति २/५१, ५२, ७९

५९. स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः। योगसूत्र २/४४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

६०. मनुस्मृति १/१०४

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
करता है, वही सम्पूर्ण सुख प्राप्त करता है।[६१] ऐसा आचरण बिना ईश्वर प्रणिधान के सम्भव नहीं हो सकता। ईश्वर की भक्ति के अतिरिक्त आचरण की पवित्रता आ ही नहीं सकती।

यम व नियमों का पालन साथ-साथ करना चाहिए। केवल नियमों का पालन करने से ही काम नहीं चलेगा, यमों का पालन आवश्यक है। केवल नियमों का पालन करके भी व्यक्ति पतित हो जाता है, अतः यमों का पालन भी साथ-साथ आवश्यक है।[६२] इस प्रकार हम देखते हैं कि मनुस्मृति में यम-नियमों का वर्णन अनेक स्थलों पर प्राप्त होता है। इस आधार पर मनुस्मृति को योग का ग्रन्थ कहा जा सकता है।

---

६१. मनुस्मृति १/१०९

६२. यमान् सेवेत सततं न नित्यं नियमान् बुधः। यमान् पतत्यकुर्वाणो नियमान्केवलान् भजन्।। मनुस्मृति ४/२०४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०११७-१२२) ISSN 0974 – 8830

स्वरयोग का प्रयोगात्मक स्वरूप

डॉ० राकेश गिरि[1]

स्वर की अवधारणा एवं अर्थ

स्वर शास्त्र में **'स्वर'** शब्द को दो प्रकार की अभिव्यक्ति हेतु प्रयोग में लाया जाता है -(१) ब्रह्माण्डीय स्वर, (२) मानव देह स्थित स्वर

ब्रह्माण्डीय स्वर

स्वरे च सर्व त्रैलोक्यं स्वरमात्मस्वरूपकम्। १६।। (शिवस्वरोदय)

अर्थात् स्वर से ही तीनों लोक प्रतिष्ठित है तथा स्वर ही 'आत्मस्वरूप' है। स्वर को जानने से आत्मा का बोध होता है। इस कथन में भी परमपिता परमेश्वर को 'स्वर' की संज्ञा दी गई है, जिनके जानने मात्र से आत्मबोध के आधार पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जब 'ब्रह्माण्डीय स्वर' साक्षात् परमेश्वर (ओंकार, अजन्मा, अविनाशी, अनन्त, निराकार, अनादि सर्वशक्तिमान आदि) का ही स्वरूप है, तो ब्रह्माण्डीय स्वर की उत्पत्ति एवं विनाश की चर्चा करना निरर्थक है। यह ब्रह्माण्डीय स्वर भी परमेश्वर की भाँति ही अनादि और सनातन है।

मानव देह स्थित स्वर का अर्थ

आत्मा को संचालित करने वाली प्राणवायु की अपरम्पार गति, काल की गति के अनुसार गतिमय होती हुई, अपना कार्य सुनियोजित ढंग से करती है। निरन्तर इस प्रवाहित होती हुई ऊर्जा को वायु तत्त्व अपने सुदृढ़ बन्धनों में बांधकर सुचारू रूप से गतिमान् करता रहता है। हर प्राणी श्वाँस लेने की गति से बंधा है, जिसे ऋषि मुनियों ने अपनी ऋचाओं में, योगियों ने अपने योग में तथा विद्वानों ने अपनी संस्कृति में इसे 'अनाहत' नाम दिया है। इस अनाहत प्राणवायु रूपी श्वास-प्रश्वास का आवागमन, जोकि नासिका छिद्र से होता है, निरंतर बिना किसी अवरोध के सुसंचालित होता रहता है। इसका एक सम्पूर्ण नियम है कि यह एक ही समय दोनों नासिका छिद्रों से नहीं चलता, अपितु एक निश्चित समय और नियम के अनुसार क्रमशः दोनों नासारंध्रों से अलग-अलग समय पर चलता है। नासिका में प्राणवायु के प्रवेश और निगर्मन के समय श्वाँस की एक सूक्ष्म ध्वनि-तरंग उत्पन्न हुई सी प्रतीत होती है। **स्वर शास्त्र में शब्द विज्ञान की दृष्टि से श्वाँस-प्रश्वास से उत्पन्न इसी ''ध्वनि प्रकम्पन'' को ''स्वर'' के नाम से जाना जाता है।**

उपरोक्त अवधारणा के आधार पर स्वर की निम्नलिखित परिभाषा दी जा सकती है-''मनुष्य की नासिका में वायु के प्रवेश एवं निर्गमन समय श्वाँस की जो एक प्राकृतिक ध्वनि तरंग उत्पन्न हुई सी प्रतीत होती है, शब्द विज्ञान की दृष्टि से श्वास-प्रश्वास से उत्पन्न उसी प्राकृतिक ''ध्वनि प्रकम्पन'' (सोऽहं) को स्वरशास्त्र में ''स्वर'' के नाम से जाना जाता है।''

---

१ असिस्टैंट प्रोफेसर मानवचेतना व योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानवदेह स्थित स्वर की उत्पत्ति

हम जानते हैं कि इस सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति (पालन) तथा संहार परमपिता परमेश्वर द्वारा ही संभव हो पाता है। सृष्टि के अन्तर्गत मानवरूपी प्राणी भी आ जाता है। अतः यह कहा जा सकता है कि मानव देह स्थित स्वर की उत्पत्ति भी **'स्वर'** नाम से अधिकृत परमपिता परमेश्वर से हुई है।

स्वर-शास्त्र के अनुसार परमपिता परमेश्वर की अभिव्यक्ति 'स्वर' शब्द के साथ-साथ 'ओंकार' शब्द से भी हुई है, जिसके आधार पर सन्त चरणदास कहते हैं-

ऊँ सूँ काया भई सोऽहं सोट्ट होय।

निहअक्षर सूँ श्वाँसा भई चरणदास भल भद्र ४।। (ज्ञान स्वरोदय)

अर्थात् ऊँकार से शरीर पैदा हुआ है और सोऽहं से मन पैदा हुआ है, निहअक्षर (निराकार) से श्वाँस पैदा हुआ है। उपरोक्त कथन से निष्कर्ष निकलता है कि मानवीय देह में श्वाँस की उत्पत्ति निरक्षर, निराकार परमब्रह्म परमात्मा (ऊँकार) से हुई है। लेकिन मानव देह में श्वास-प्रश्वास के आवागमन से ध्वनि प्रकम्पन अर्थात् 'स्थूल स्वर' की उत्पत्ति होती है, अतः कहा जा सकता है कि मानव देह स्थित स्वर की उत्पत्ति ब्रह्माण्डीय स्वर/ऊँकार/शिव/परमपिता परमेश्वर से ही हुई है।

स्वर के प्रकार

स्वरज्ञान आधारित ग्रंथों के अनुसार स्वर के तीन प्रकार हैं, जिनके नाम इस प्रकार से हैं-

(१) सूर्य स्वर

(२) चन्द्र स्वर

(३) सुषुम्ना स्वर

सूर्य स्वर की अवधारणा

जब श्वाँस दाँयें/दक्षिण नासारन्ध्र से स्वतन्त्र रूप से प्रवाहित होता है तथा बायाँ नासारन्ध्र पूरे तौर पर बाधित रहता है, तो दाँयें नासारन्ध्र आधारित श्वास-प्रश्वास के **'ध्वनि प्रकम्पन'** को **सूर्य स्वर** कहते हैं।

सूर्य स्वर के चलायमान होने पर शरीर में उष्णता की अनुभूति होती है; अतः सूर्य स्वर को **उष्ण स्वर** भी कहा जाता है।

सूर्य के चलायमान होने पर नाक का दक्षिण भाग सक्रिय रहता है, इसलिए सूर्य स्वर को **दक्षिण स्वर** भी कहते हैं।

सूर्य स्वर के चलायमान होने पर शरीर में प्राण का प्रवाह पिंगला नाड़ी में होता है, इसलिए सूर्य को **पिंगला स्वर** भी कहते हैं।

स्वर

मानव देह स्थित स्वर		ब्रह्माण्डीय स्वर
चन्द्र स्वर	सूर्य स्वर	सुषुम्ना स्वर
(इड़ा स्वर,	(पिंगला स्वर,	(अग्नि स्वर,
वाम स्वर,	दक्षिण स्वर,	काल स्वर)
शीतल स्वर)	उष्ण स्वर)	सन्धिकालीन सुषुम्ना स्वर
		आध्यात्मिक सुषुम्ना स्वर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चन्द्र स्वर की अवधारणा

जब श्वाँस बाँयें नासारन्ध्र से स्वतंत्र रूप से प्रवाहित होता है तथा दाँयां नासारन्ध्र पूरी तौर पर बाधित रहता है, **तो बाँयें नासारन्ध्र के श्वास-प्रश्वास आधारित ''ध्वनि-प्रकम्पन'' को चन्द्र स्वर कहते हैं।** चन्द्र स्वर के चलायमान होने पर शरीर में शीतलता की अनुभूति होती है, अतः इसे **शीतल स्वर** भी कहा जाता है। चन्द्र स्वर के चलायमान होने पर नाक का बाँयां भाग सक्रिय रहता है, इसलिए चन्द्र स्वर को **वाम स्वर** भी कहते हैं। चन्द्र स्वर के चलायमान होने पर शरीर में प्राण का प्रवाह इड़ा नाड़ी में होता है, अतः चन्द्र स्वर को **इड़ा स्वर** भी कहते हैं।

सुषुम्ना स्वर की अवधारणा

सुषुम्ना स्वर को दो प्रकार का बताया गया है- (१) सन्धिकालीन सुषुम्ना स्वर, (२) आध्यात्मिक सुषुम्ना स्वर

सन्धिकालीन सुषुम्ना स्वर

शिवस्वरोदय के श्लोक संख्या १२४ के अनुसार-जब एक क्षण में बाँयें और दूसरे क्षण में दाँयें स्वर का प्रवाह होता है तो इस प्रकार क्षण-क्षण में परिवर्तनशील स्वर को सुषुम्ना स्वर कहते हैं। यह सांसारिक मनुष्यों में स्वरों के सन्धिकाल में पाया जाता है। अतः इसे सन्धिकालीन सुषुम्ना स्वर कहा जाता है। इस सुषुम्ना स्वर में कालरूप अग्नि प्रज्ज्वलित रहती है, अतः इसके चलायमान रहने पर सभी सांसारिक कार्यों का त्याग करने की बात कही गयी है; क्योंकि यह स्वर सभी सांसारिक कर्मो को नष्ट करने वाला होता है।

आध्यात्मिक सुषुम्ना स्वर

स्वामी शिवानन्द सरस्वती द्वारा रचित ''**स्वरयोग**'' में एक अन्य प्रकार के सुषुम्ना स्वर की बात कही गयी है, इसके अनुसार **जब विभिन्न हठयोग की क्रियाओं जैसे-षट्कर्म, आसन, प्राणायाम, मुद्रा आदि का अभ्यास करके या स्वर साधना आधारित प्राणायाम का अभ्यास करके प्राण के प्रवाह को इड़ा व पिंगला से हटाकर सुषुम्ना नाड़ी में प्रवाहित किया जाता है, तथा जिसके परिणामस्वरूप श्वाँस का प्रवाह दोनों नासारन्ध्रों से निरन्तर प्रवाहित होता रहता है, ऐसे दोनों नासारन्ध्रों में अबाधित श्वास-प्रश्वास के प्रवाह को भी सुषुम्ना स्वर कहा जाता है।** इस प्रकार के सुषुम्ना स्वर को ईश्वरीय स्तुति, ध्यानादि अभ्यास एवं मंत्रजाप आदि के लिए शुभ माना जाता है, क्योंकि इस समय मानव की शारीरिक एवं मानसिक प्राणिक ऊर्जा में संतुलन स्थापित होकर मन सहजता से शान्त और शिथिल होता है।

सुषुम्ना स्वर काल का भक्षण करता है; अतः इसे ''**काल स्वर**'' भी कहते हैं। इसी प्रकार सुषुम्ना नाड़ी में अग्नि का वास होता है; अतः इसे **अग्नि स्वर** भी कहते हैं। सुषुम्ना में अग्नि का वास होने के कारण इस स्वर की सक्रियता में सभी सांसारिक कार्यों का फल काल रूपी अग्नि से भस्म हो जाता है।

सन्धिकालीन सुषुम्ना स्वर भले ही सांसारिक कार्यों के लिए अशुभ एवं अहितकारी माना जाता हो, लेकिन आध्यात्मिक सुषुम्ना स्वर, सांसारिक विषयों में वैराग्य उत्पन्न कर, मोक्ष मार्ग पर आरूढ़ होकर आत्म साक्षात्कार करवाने में अत्यन्त शुभ, हितकारी एवं लाभदायक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरोदय विज्ञान की अवधारणा

''स्वरोदय शब्द'' की उत्पत्ति ''स्वर + उदय'' शब्दों से मिलकर हुई है, जिसका अर्थ है--''स्वर से उदय होने वाला विज्ञान''। प्राकृतिक नियम है कि हमारे शरीर में रात-दिन नियमित गति से चलने वाला श्वास-प्रश्वास एक ही समय में नाक के दोनों नथुनों से साधारणत: नहीं चला करता, अपितु वह बारी-बारी से एक निश्चित समय तक अलग-अलग दोनों नथुनों से चला करता है। **एक नथुने का निश्चित समय पूरा हो जाने पर उससे श्वास-प्रश्वास का चलना बंद हो जाता है, और दूसरे नथुने से चलना आरम्भ हो जाता है। स्वर का आना-जाना जब एक नथुने से बंद होता है और दूसरे में उदय होता है, तो इस प्रकार स्वर के उदय को 'स्वरोदय' कहते हैं।**

जब स्वर का उदय बांयी नासिका से प्रारम्भ होता है तो उसे ''चन्द्र स्वरोदय'' कहते हैं। इसी प्रकार जब स्वर का उदय दांयी नासिका से प्रारम्भ होता तो उसे ''सूर्य स्वरोदय'' कहते हैं।

इसी प्रकार जब सूर्य स्वर बंद होकर के चंद्र स्वर प्रवाहित होने वाला होता है या चन्द्र स्वर बंद होकर सूर्य स्वर प्रवाहित होने वाला होता है, तो इस सन्धिकाल में कुछ समय के लिए दोनों नासिका छिद्रों से पूर्ण श्वास-प्रश्वास का आवागमन होता है। **इस सन्धिकाल के स्वरोदय को 'सुषुम्ना स्वरोदय' के नाम से जाना जाता है।**

स्वर विज्ञान

प्राचीन ऋषियों-मुनियों ने दोनों नासारन्ध्रों में से प्रत्येक में श्वाँस के प्रारम्भ होने (स्वरोदय) तथा बंद होने पर कुछ विशेष प्रकार की बातों को देखा, जो उनके शरीर की विभिन्न गतिविधियों पर प्रभाव ही नहीं डालती, अपितु उन पर शासन करती थीं। इस प्रकार इन ऋषियों ने अपने अनुभवों को लिपिबद्ध किया तथा मानव जाति के ज्ञानार्थ एवं कल्याणार्थ स्वर के ज्ञान को सुनियोजित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित तौर पर ग्रंथ के रूप में प्रतिपादित किया। **अत: स्वर के अनुशासित एवं सुव्यवस्थित ज्ञान को स्वर का विज्ञान, अर्थात् स्वर विज्ञान कहते हैं।** स्वर विज्ञान के अन्तर्गत स्वर की उत्पत्ति, इतिहास, उद्देश्य, इसके प्रकार, इनके कार्य, स्वर साधना, स्वर-तत्त्व विचार, स्वर से मोक्ष प्राप्ति आदि का सुव्यवस्थित ज्ञान प्राप्त होता है।

स्वर योग की अवधारणा

योग की वह साधना पद्धति, जिसमें स्वरों को मुख्य आधार बनाकर व स्वर-साधना के मार्ग पर आरूढ़ होकर, मोक्ष (कैवल्यपद) की प्राप्ति की जाती है, ऐसी योग की साधना पद्धति को 'स्वरयोग' कहते हैं।

इस कथन की पुष्टि चरणदास कृत 'ज्ञान स्वरोदय' के निम्नलिखित दोहों से होती है। जिसमें स्वर योग का उद्देश्य ब्रह्मज्ञान अर्थात् मुक्ति (मोक्ष) की प्राप्ति बताया गया है।

अक्षर ऊँ सूं कहत हैं, अक्षर सोऽहं जान।
निहअक्षर श्वाँसा रहित, ताही को मन आन।।
ताहि को मन आन रात दिन सुरति लगावैं।।
आपाआप विचार और ना शीश नवावौ।।
चरणदास मन कहत हैं, अगम निगम की सीख॥३।। (ज्ञानस्वरोदय)

स्वर योग मोक्ष प्राप्ति का साधन मार्ग है, इसकी पुष्टि शिवस्वरोदय के निम्नलिखित श्लोक से होती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरे वेदाश्च शास्त्राणि स्वरे गान्धर्वमुत्तमम्।

स्वरे च सर्व त्रैलोक्यं स्वरे सर्वं समाहितम्॥१६॥ (शिवस्वरोदय)

अर्थात् इस स्वरशास्त्र में सम्पूर्ण वेद, सभी शास्त्र, गन्धर्व विद्या आदि प्रतिष्ठित है। स्वर ही आत्मस्वरूप है। स्वर को जानने से ही आत्मा का बोध होता है, अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति होती है; तथा स्वरों में ही तीनों लोक प्रतिष्ठित हैं।

स्वर साधना की अवधारणा

स्वर-ज्ञान आधारित ऐसे प्रयासों और अभ्यासों के संकलन को स्वर साधना की संज्ञा दी जाती है, जिसके अन्तर्गत साधक, स्वरों को नियंत्रित करते हुए प्राण का प्रबन्धन करना सीखकर, जीवन के जन्म-मृत्यु एवं मोक्ष के प्रश्न को सरलता से हल कर लेता है, एवं जीवन पर स्वामित्व प्राप्त कर अनन्त वर्षों तक निरोग जीवन व्यतीत करता है; तथा अन्ततः ब्रह्मज्ञान के मार्ग पर आरूढ़ होकर परम पद (कैवल्य/मोक्ष) को सरलता से प्राप्त कर लेता है।

स्वर विज्ञान और स्वास्थ्य

स्वस्थ मनुष्य का 'स्वर' प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्योदय के समय से ढ़ाई-ढ़ाई घड़ी के अन्तराल अर्थात् एक-एक घण्टे के क्रमानुसार चलता है। स्वर का प्रवाह दिन, तिथि, पक्ष मास आदि के अनुसार होना चाहिए। इसका निश्चित नियम है। **''शिवस्वरोदय''** में वर्णित है-

आदौ चन्द्रः सिते पक्षे भास्करौ एहि सितेतरे।

प्रतिपत्तो दिनान्याहुस्त्रीणि त्रीणि॥६२॥ (शिवस्वरोदय)

अर्थात् शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि से तीन-तीन दिन की बारी से चन्द्र स्वर (बायें नथुने से) तथा कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से तीन-तीन दिन की बारी से सूर्यस्वर (दायें नथुने से), सूर्योदय के समय से (ढ़ाई घड़ी अर्थात् एक घण्टा) प्रथम प्रवाहित होता है। इसी तरह स्वर योग के एक अन्य ग्रंथ में भी बताया गया है-

कृष्ण पक्ष की पुनि तीन तिथि, प्रथम रवि की जान।

तीन शशि पुनि तीन रवि, इन अनुक्रम ळ्ळ्रख्र्ल्रट्टद्रद्र २१॥ (स्वर शास्त्र)

अर्थात् कृष्ण पक्ष की १५ तिथियों में से क्रम से तीन-तीन तिथियां सूर्य और चन्द्र की है। जैसे कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया और तृतीया ये तीनों तिथियां सूर्य की हैं। चतुर्थी, पंचमी तथा षष्ठी ये तीन तिथियां चन्द्र की हैं। इसी प्रकार अमावस्या तक शेष तिथियों में भी क्रमशः समझना चाहिए। इनमें जब अपनी-अपनी तिथियों में दोनों स्वर (चन्द्र और सूर्य स्वर) चलते हों तब वे कल्याणकारी होते हैं।

स्वर योग की अवधारणा के अनुसार जब मनुष्य के नथुनों से स्वरों का उदय और अस्त होना, शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की तिथियों के अनुसार, आदर्श रूप में सम्पन्न होता है, अर्थात् स्वर एवं तत्त्व अपने प्राकृतिक अवस्था में चलायमान होते है तथा जिसके फलस्वरूप शारीरिक मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक सुख की अनुभूति प्राप्त होती है, उसे स्वरशास्त्रोक्त स्वास्थ्य की संज्ञा दी जाती है।

इस बात की पुष्टि निम्नलिखित दोहे से हो जाती है-

चन्द्र तिथि में चन्द्र स्वर, सूर तिथि बहे सूर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् यदि कृष्ण पक्ष व शुक्ल पक्ष की निर्धारित चन्द्र-तिथि में चन्द्र स्वर तथा सूर्य-तिथि में सूर्य स्वर चले, तो शारीरिक स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है और यह बहुत सुख एवं आनन्द देने वाला होता है।

शारीरिक एवं मानसिक विकार एवं रोग की अवस्था में स्वर अनियमित रूप से चलने लगते हैं। मनुष्य के आहार-विहार एवं आचार-विचार उसकी श्वसन क्रिया को प्रभावित कर, स्वरों के उदय एवं अस्त को भी अनियमित करके, शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष वर्णित आदर्श स्वरों की चलायमान गति को विकारयुक्त व अनियमित कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप शरीरस्थ दोष, धातु, अग्नि एवं मलोत्पत्ति व निष्कासन प्रक्रिया विषमता को प्राप्त होती है। शरीर की ऐसी अवस्था को व्याधि की संज्ञा दी जाती है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि मानव जितना ब्रह्माण्ड के साथ सामजंस्य स्थापित करके अपने स्वरों के उदय-अस्त की प्रक्रिया को कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष की तिथियों के साथ चलायमान रखेगा, उतना ही वह स्वस्थ होगा तथा इसके विपरीत जितना स्वरों के आदर्श प्रवाह से दूर होगा, वह उतना ही रोग ग्रस्त माना जाएगा। इसकी पुष्टि हरिहरदास त्यागी कृत 'स्वरशास्त्र' के कथन द्वारा होती है-

चन्द्र तिथि में आय जो, भानु करत प्रकास।

तो कलेश पीड़ा हुए, किंचित वित्त॥२७॥ (स्वरशास्त्र)

अर्थात् यदि शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष की निर्धारित चन्द्र-तिथि में चन्द्र स्वर के स्थान पर सूर्य स्वर चले तथा सूर्य-तिथि में सूर्य स्वर के स्थान पर चन्द्र स्वर चले, तो शरीर और मन के स्तर पर क्लेश और पीड़ा होती है तथा कुछ द्रव्य अर्थात् धन का नाश होता है।

स्वर आधारित स्वास्थ्य-रक्षण का आधार-

स्वर योग सिद्वान्त के अनुसार स्वास्थ्य रक्षण का नियम है कि नासारन्ध्रों से स्वर का प्रवाह कृष्ण और शुक्ल पक्ष की तिथियों तथा सूर्योदय, चन्द्रोदय, सूर्यास्त एवं चन्द्रास्त आदि शास्त्रोक्त आदर्श गति के अनुसार चलायमान होना चाहिए।?

मनुष्य, जितना उपरोक्त लिखित आदर्श रूप से पक्ष एवं तिथि के अनुसार स्वरों के उदय-अस्त होने को अपने नासारन्ध्रों में चलायमान रखता है, उतनी ही मात्रा में वह स्वास्थ्य की रक्षा कर पाता है।

संदर्भ ग्रंथों की सूची

क्रमांक	लेखक/सम्पादक	ग्रंथ/पुस्तक/पत्रिका का शीर्षका	प्रकाशक	संस्करण
१	अनुराग दास-बाबा	शिव स्वरोदय के चार रत्न चरणदास कृत ज्ञान स्वरोदय गुप्त ज्ञान तत्व स्वरोदय	रणधीर प्रकाश, हरिद्वार	२००३
२	अभय कात्यायन	शिवस्वरोदयः केशवप्रिया भाषा टीका सहित	चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी	२००७
३	खेमराज श्रीकृष्णदास	ज्ञानस्वरोदय	श्रीवेंकटेश्वर प्रैस, मुम्बई	२००५
४	चमन लाल गौतम	बृहद शिवस्वरोदय	संस्कृति संस्थान (वेद नगर) बरेली	२००५
५	जगदीश शर्मा-कौलाचार्य	स्वरोदय तंत्र	डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा.) लि., दिल्ली।	२००५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१२३-१२५) ISSN 0974 – 8830

महर्षिदयानन्दस्य शिक्षादर्शनम्

डॉ० सुधीरकुमार आर्यः[1]

(बालशिक्षा-प्रकरणम्)

महर्षिदयानन्दसरस्वतीस्वामिना सत्यार्थप्रकाशादिषु निजग्रन्थेषु प्राचीनशिक्षाप्रबन्धनं प्रकाशितमस्ति। अत्र ततः केवलं बालशिक्षाप्रबन्धनमेव विलिख्यते।

मानवनिर्माणम्:- **'मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद'**[2] अर्थात- माता, पिता, आचार्यश्चेति यदा त्रय उत्तमशिक्षका भवन्ति तदैव मानवो ज्ञानवान् जायते। तत्कुलं धन्यम्, स सन्तानश्च महाभाग्यवान् वर्त्तते यस्यमातापितरौ धार्मिकौ विद्वांसौ च भवतः। माता सन्तानाय यावद्-उपकारम् उपदेशं च प्रयच्छति तावन्नान्यः कश्चित्। यथा च माता सन्तानं प्रति स्नेहं हितं च कर्त्तुं कामयते न तथा अन्यः कश्चन। अतः स **'प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य स मातृमान्'** इति कथ्यते। धन्या च सा माता या गर्भाधानप्रभृति पूर्णविद्या प्राप्तिपर्यन्तं सन्तानाय सुशीलताया उपदेशं वितरति।

मातृ-शिक्षाः- माता सन्तानाय सदोत्तम शिक्षां कुर्वीत येन पुत्राः पुत्र्यश्च केनापि शरीरांगेन कुचेष्टां चंचलतादिकं नाचरेयुः। यदा बालको वदनमारभेत तदा तस्य माता यथा बालकस्य जिह्वा कोमला सती स्पष्टमुच्चारणं कुर्यादिति तथा प्रयतेत। वर्णोच्चारणशिक्षा अकारादीनां वर्णानां शुद्धोच्चारणं शिक्षेत।

माधुर्यमक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
धैर्यं लयसमर्थं च षडेते पाठका गुणाः।।[3]

वर्णानामुच्चारणे माधुर्यम् अकारादीनाम् अक्षराणाम् अभिव्यक्तिः, पदानां छेदः, सुस्वरः, धैर्यम्, लयसामर्थ्यं चेति षड् वर्णोच्चारणकाणां गुणाः सन्ति। माता वर्णोच्चारणे सुस्वरम्, अक्षर-मात्रा-पद-वाक्य-संहिता-अवसानादिकमपि यथावत् प्रबोधयेत्।

माता बालकाय वृद्धजनानां सम्मानम्, मात्रा, पित्रा, राज्ञा, विदुषा च सह सम्भाषणम्, वर्त्तमानम्, पार्श्वे उपवेशनं च शिक्षेत, येन बालकस्य अयोग्यव्यवहारो अप्रतिष्ठा च न जायेत। माता यथा तस्य सन्तानो जितेन्द्रियः, विद्याप्रियः, सत्संगे रुचिमांश्च जायेत तथा सदा प्रयतेत। बालो व्यर्थं लीलाम्, रोदनम्, हास्यम्, कलहम, हर्षम्, शोकम्, पदार्थलोलुपताम्, ईर्ष्यां द्वेषं च नाचरेत्। सदा सत्यभाषणम्, शौर्यम्, धैर्यम्, प्रसन्नवदनम्, इत्यादीनां गुणानां प्राप्तिं कारयेत्।

अक्षराभ्यासः- यदा सन्तानः पंचवर्षीयो भवेत् तदा देवनागरी-अक्षराणाम् अभ्यासं माता कारयेत्। आंगलभाषादीनाम् अन्यदेशीयभाषाणामपि वर्णानां शिक्षणं कार्यम्।

मन्त्रादिकण्ठस्थीकरणम्:- उत्तमशिक्षा, धर्मः, परमेश्वरः, माता, पिता, आचार्यः, विद्वान्, अतिथिः, राजा, प्रजा, कुटुम्बम्, बन्धुः भगिनी, भृत्यः, इत्यादिभिः सह कथं वर्त्तितव्यम् इत्येतत्विषयकाणि मन्त्र-

---

१ प्रवक्ता वेद-विभागः, गु० कां०वि०वि० हरिद्वारम्।
२ शतपथ ब्राह्मणम्
३ पाणिनीयशिक्षा (सामान्य प्रकरणम्)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्लोक-सूत्र-गद्य-पद्यानि सार्थकानि कण्ठस्थीकार्याणि। येन बाला बालकाश्च कस्यचिद् धूर्त्तस्य भ्रमजाले न पतेयुः।

पितृ-शिक्षाः- पिता बालकाय ब्रहाचर्यस्य शिक्षां कुर्यात् ब्रह्मचर्यस्य परिपालनेन आनन्दं विनाशेन न महादुःखप्राप्तिर्भवति। ब्रहाचयेण आरोग्यम् बुद्धि-बल-पराक्रमवृद्धिः, बहुसुखप्रप्तिश्च भवति। ब्रह्मचर्यपालनस्य रीतिरियमस्ति यत् बालको विषयिजनानां संगमः, विषयाणां ध्यानम्, नारीणां दर्शनम्, एकान्तसेवनम्, ताभिः सह सम्भाषणम्, तासां स्पर्शन् च न कुर्यात्। यदि त्वं सुशिक्षया, विद्याग्रहणेन, ब्रह्मचर्यपालनेन च वञ्चितस्तदा पुनरस्मिन् जन्मनि त्वम् इदम् अमूल्यसमयं न प्राप्स्यसि। यदा पर्यन्तं वयं ग्रहकर्मकर्तारो जीवामस्तावत् त्वमपि विद्याग्रहणे शरीर बलवर्धने च सततं प्रयतेथाः।

आचार्यशिक्षाः- बालकस्य जन्मनः पंचमं वर्षं यावत् माता, अष्टमं वर्षं यावच्च पिता-सुशिक्षां कुर्यात्। अष्टमवर्षस्य पश्चात् नवमवर्षस्य प्रारम्भे बालकस्य यज्ञोपवीतसंस्कारं विधाय आचार्यकुलं तं प्रेषयेताम्। तत्र गुरुकुले च पुरुषाः पूर्णविद्वांसः, स्त्रियश्च पूर्णविदुष्यो भवेयुः।

लालनप्रतिषेधः- तेषामाचार्याणां शिष्याः सभ्याः सुशिक्षिताश्च भवन्ति ये अध्यापनकाले बालकानां लालनं नैव कुर्वन्ति, अपराधे सति सदैव ताडनमेव तेषां कुर्वन्ति। तद्यथा महाभाष्यकारः पंतजलिमुनिः प्राह-

सामृतैः पाणिभिर्घ्नन्ति गुरवो न विषोक्षितैः।
लालनाश्रयिणो दोषाः ताडनाश्रयिणो गुणाः।।[४]

मातापितरौ, आचार्यश्च स्वसन्तानम् स्वशिष्यं च ताडयन्ति ते सन्तानाय, शिष्याय च स्वकरपल्लवेन अमृतं पाययन्ति। ये च स्वसन्तानं शिष्यं च सदा लालयन्ति ते स्वसन्तनाय शिष्याय च गरलं दत्वा नष्टं भ्रष्टं कुर्वन्ति। यतोहि ताडनेन सन्तानाः शिष्याश्च गुणवन्तो भवन्ति, लालनेन च दोषपूर्णाः संजायन्ते। सन्तानाः शिष्याश्च गुरुजनानां ताडनेन महर्षिदयानन्दवत् प्रसन्ना भवेयुः, लालनेन च अप्रसन्नाः स्युः। मातापितरौ, आचार्यश्च ईर्ष्याद्विषभावेन बालकानां ताडनं न कुर्युः, उपरिष्टात् भयप्रदानम्, अभ्यन्तरे कृपादृष्टी रक्षणीया।

दोषपरित्यागः- आचार्यो बालकाय चौर्यम्, जार्यम्, आलस्यम्, प्रमादः, मादकद्रव्यसेवनम्, हिंसा, क्रूरता, द्वेषः, मोह इत्यादीनां दोषाणां परित्यागस्य सदा शिक्षां कुर्वीत। यः पुरुषो यस्य समक्षे चौर्यादिकं करोति तस्य प्रतिष्ठा तस्य समक्षे कदापि न भवति। छल-कपट-कृतघ्नतादिभिर्दोषैः पूर्वं स्वकीयं हृदयमेव दुःखितं भवति, अन्यस्य तु का कथा? बालकः क्रोधादिदोषं कटुवचनं च परित्यज्य शान्तं मधुरं च वदेत्, वितण्डावादं न कुर्यात्। महापुरुषाणां च सदा सम्मानं कुर्यात्। प्रसन्नः सन् गुणानां ग्रहणं दोषाणां च परिवर्जनं कर्त्तव्यम्। मातृ-पितृ-आचार्याणां सेवाशुश्रूषां कुर्यात्।

आचार्योऽपि शिष्यान् प्रबोधयेत्--**'यान्यस्माकं सुचरितानि तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि'**[५] अर्थात्- यानि यान्यस्माकं धर्मयुक्तानि कर्माणि सन्ति तानि त्वया ग्रहीतव्यानि, यानि चाधर्मयुक्तानि दुष्टकर्माणि सन्ति तानि त्वया परित्याज्यानि।

शत्रुमातापितरौः- अत्र कश्चित् कविः प्राह-

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।
न शोमते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।[६]

---

४ महा० ८।१।१८
५तैत्तिरीय ०१।११
६ स्फटम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तौ मातापितरौ सन्तानस्य पूर्णशत्रू वर्तेते, याभ्यां स्वसन्तानो नाध्यापितः। स विद्वत्सभायां तथा तिरस्कृतो भवति यथा हंसानां मध्ये बको न शोभते। अतो मातापितृजनानामिदं कर्त्तव्यं परमधर्मश्चास्ति यत ते स्वभावेन स्वसन्तानं विद्या-धर्म-सभ्यता-सुशिक्षाभूषितमाचरेयुः।

आचार्यकुलप्रवेशः- यदा बालकाः बालिकाश्चाष्टवर्षीया भवेयुस्तदा बालका बालकानाम् आचार्यकुले, बालिकाश्च बालिकानामाचार्यकुले प्रवेशयितव्याः। बालकानां बालिकानां च सहशिक्षा कदापि न कारणीयाः।

शिक्षास्थलम्ः- बालकानां बालिकानां च शिक्षास्थलम् एकान्तशान्तप्रदेशे कर्त्तव्यम्। तच्च ग्रामाद् नगराद् वा योजनमात्रं (क्रोशचतुष्टयम्) दूरे निर्मातव्यम्।

तुल्यव्यवहारः- आचार्यकुले सर्वेभ्यो बालकेभ्यो बालिकाभ्यश्च तुल्यं वस्त्रम्, भोजनम्, पानम्, आसनादिकं च प्रदेयम्। कामं ते राज-कुमाराः ताश्च राजकुमार्यः कुतो न स्युः। कामं च ते ताश्च दरिद्रस्य पुत्राः पुत्र्यश्च भवेयुः। सर्वैस्तपस्विभिर्भवितव्यम्।

पत्रव्यवहारप्रतिषेधः- आचार्यगर्भे वर्तमानैः बालकैः, बालिकाभिश्च सह तेषां तासां वा मातपितरौ परस्परं मिलितुं न शक्नुयुः। न च परस्परं पत्रव्यवहारं कुर्युः। बालका बालिकाश्च सांसारिकचिन्ताभिर्विमुक्ता केवलं विद्यावर्धनतत्परा भवेयुः।

राजनियमः/जातिनियमः-: 'कन्यानां सम्प्रदानं कुमाराणां च रक्षणम्'[७] अस्य मनुवचनस्य अयमभिप्रायः अस्ति, पंचमाद् अष्टमाद् वा वर्षात् अग्रे मातापितरौ स्वबालकान् स्वबालिकाश्च गृहे न रक्षेताम् किन्तु-आचार्य-कुले नूनं प्रेषयेताम्, यौ तथा न कुर्याताम्, तौ दण्डनीयौ स्याताम् इति राजनियमो जातिनियमो वा कर्त्तव्यः।

तात्पर्यम्- महर्षिदयानन्दस्य मन्तव्यमिदं यत् मानवस्योत्तमनिर्माणाय बालकस्य प्रथमो गुरुः माता अस्ति। सा बालकस्य पंचवर्षाणि यावत्- वर्णोच्चारणम्, अक्षराभ्यासः, मन्त्रादिकण्ठस्थीकरणम्, वृद्धजनैः सहोत्तमव्यवहारादिकं शिक्षयति। अष्टवर्षपर्यन्तं च पिता सदाचारादिकस्य शिक्षा दद्यात् नवमे वर्षे बालकानां प्रवेश आचार्यकुले कर्त्तव्यः, आचार्यकुलो ग्रामाद योजनमात्रम् एकान्तस्थले कर्त्तव्यम्। राजकुमारेभ्यो दरिद्रकुमारेभ्यश्च तुल्यं भोजनादिकं प्रदातव्यम्। माता-पित्रादीनां बालकानां च परस्परं मेलनादिकं शिक्षासत्रे बाधकम् अस्ति। लोके अनिवार्याशिक्षार्थं राजनियमो अथवा जातिनियमः कर्त्तव्यः। येन कोऽपि बालको बालिका वा अशिक्षिता न स्यात्। अनेन मानवस्य सर्वांगपूर्णम् उत्तमं निर्माणं भवितुमर्हति।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

७ मनु. ०७।१५२।

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० १२६-१३०) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वामी श्रद्धानन्द का राजनीतिक दर्शन

डॉ० सोहनपाल सिंह आर्य[1]

आधुनिक भारतवर्ष में स्वामी श्रद्धानन्द का राष्ट्रोत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। शिक्षा, समाज और राजनीति के क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान की चर्चा प्रायः ऐतिहासिक विवेचनों में होती रही है। यथा- गुरुकुल शिक्षा, अछूतोद्धार, नारी उत्थान, हिन्दू-मुस्लिम एकता, शुद्धि आन्दोलन एवं भारतीय राष्ट्रवाद के सन्दर्भ में।

परन्तु उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में उनके द्वारा किये गये कार्य एक विशेष प्रकार के दार्शनिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। जिसे आगे बढ़ाने के लिए स्वामी जी जीवन पर्यन्त अहर्निश प्रयशील रहे। वह दृष्टिकोण स्वामी जी के गुरु महर्षि दयानन्द का था, मूलतः वेदों के आलोक में व्यष्टि एवं समष्टि के कल्याण का- विकास का था और इस धारणा का संवाहक था कि वेद ईश्वरोक्त ग्रन्थ है। वेदों का प्रकाशन मानव मात्र के कल्याण/मार्गदर्शन के लिए हुआ है। यथा-**यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः**।[2]

इसी वैदिक दृष्टिकोण के आलोक में महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य घोषित किया- संसार का उपकार करना अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।[3] उल्लेखनीय है कि स्वामी श्रद्धानन्द आर्यसामज के अग्रगण्य नेता, चिन्तक एवं उपदेशक थे। इसी हेतु उनके राजनीतिक विचारों एवं कार्यों में जनकल्याण की भावना पूर्णतः समाविष्ट थी। परन्तु विश्वकल्याण सम्बन्धी कार्य निर्वात, शून्य या आकाश में नहीं सम्पन्न होते। उनके लिए यथार्थ ठोस धरातल की आवश्यकता होती है। निःसन्देह विभिन्न राष्ट्र-राज्यों के मध्य अपना राष्ट्र ही जनकल्याण सम्बन्धी कार्यों को सम्पादित करने के लिए सार्थक आधार होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वामी श्रद्धानन्द के राष्ट्रवादी विचारों को समझा जा सकता है।

यही सच्चे राष्ट्रवाद की वैचारिक पृष्ठभूमि होती है। इसके अभाव में राष्ट्रवाद, राष्ट्रवाद न होकर संकीर्णतावाद का संवाहक हो जाता है। सम्प्रदायवाद, प्रजातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और जातिवाद ये कुछ ऐसे संकीर्ण नमूने हैं, जो छद्म राष्ट्रवाद के रूप में जनमानस को भ्रमित कर सकते हैं। परन्तु स्वामी श्रद्धानन्द का राजनैतिक चिन्तन सच्चे राष्ट्रवाद का उत्कृष्ट उदाहरण कहा जा सकता है। जिसमें किसी सम्प्रदाय, जाति, प्रजाति या प्रान्त जैसे संकीर्ण मतवादों के लिए कोई स्थान नहीं था।

स्वामी श्रद्धानन्द के राजनीतिक जीवन की प्रमुख घटनाऐं इस तथ्य को प्रमाणित भी करती हैं। यथा- दिल्ली की जामा मस्जिद के मिम्बर से अप्रैल १९१९ को स्वामी जी द्वारा मुसलमानों को दिया गया ऐतिहासिक सम्बोधन उनके उत्कृष्ट राष्ट्रवाद का ज्वलंत उदाहरण कहा जा सकता है।[4] इसके अलावा हिन्दू-मुस्लिम एकता, अछूतोद्धार, नारी उत्थान एवं शुद्धि आन्दोलन आदि विभिन्न क्षेत्रों पर दृष्टिपात करने से उनका सच्चा राष्ट्रवाद सामने आता है।

---

१ एसोसिएट प्रोफेसर. दर्शन विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार मोबाइल - ०९८९७२७३६६३

२ सरस्वती - स्वामी दयानन्द : यजुर्वेद भाषा भाष्य, दयानन्द संस्थान, नई दिल्ली, अ० २६-२

३ आर्य समाज का छठा नियम

४ विद्यावाचस्पति, पं० इन्द्र : आर्यसमाज का इतिहास (भाग दो), १९५७, सा०आ०प्र० सभा दिल्ली, पृष्ठ ११०-१११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१.हिन्दू मुस्लिम एकता

उल्लेखनीय है कि हिन्दू मुस्लिम टकराव की समस्या स्वामी श्रद्धानन्द युगीन भारतवर्ष में एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक चुनौती बन चुकी थी। औपनिवेशक अंगरेज सरकार की सम्प्रदाय सम्बन्धी नीति विभेदकारी एवं आपसी विद्वेष को प्रोत्साहित करने वाली थी। इस नीति के घातक परिणाम उस युग के प्रबुद्ध राजनेताओं के सामने थे।[५] इस हेतु हिन्दू-मुस्लिम एकता स्थापित करने के लिए अपने स्तर से विभिन्न नेता प्रयासरत भी थे।[६] प्रस्तुत सन्दर्भ में दो प्रकार के प्रयास यहाँ विचारणीय हैं-

हिन्दू मुस्लिम झूठे सच्चे का विचार छोड़कर आपस में यदि मिल बैठकर खाये-पीये तो हिन्दू मुस्लिम एकता को बल मिलेगा। यह विचार मौलाना मौहम्मद अली एवं मौलाना शौकत अली का था।[७] परन्तु स्वामी श्रद्धानन्द की दृष्टि में हिन्दू-मुस्लिम जैसी गम्भीर समस्या के सम्मुख ऐसा समाधान नितान्त सतही एवं भ्रामक है। उनका यह तर्क था कि- यदि जूठा खाने से एकता बढ़ती तो सबसे अधिक एकता कुत्तों में होनी चाहिए थी। परन्तु वहाँ तो हालत यह है कि कुत्ता कुत्ते का शत्रु है।[८]

उपर्युक्त दृष्टिकोण के अलावा तत्कालीन कांग्रेस के नेताओं का इस समस्या के सन्दर्भ में समाधान था- मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति। जिसके अनुसार मुस्लिम समुदाय की संतुष्टि प्राथमिक है। इस समुदाय को किसी भी मूल्य पर अपने साथ रखो ताकि मुस्लिम समुदाय को साथ लेकर किसी तरह गुलामी की खाई से निकला जा सके, बाकी बाद में देखा जायेगा।[९]

परन्तु यह दृष्टिकोण कितना घातक एवं विनाशकारी था। यह भारत के बंटवारे के रूप में हमारे सामने आ चुका है। उल्लेखनीय है कि स्वामी श्रद्धानन्द कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति से स्वयं को जोड़ नहीं सके। कालान्तर में कांग्रेस से अलग होकर उन्होंने राष्ट्रोत्थान सम्बन्धी अपने अभियान को जारी रखा।

इसके लिए स्वामी जी ने चार सूत्रीय कार्यक्रम राष्ट्र के सामने प्रस्तुत किया जिनमें प्रथम सूत्र साम्प्रदायिक समस्या के निवारण से सम्बन्धित है, उनके शब्दों में- हिन्दुओं, मुसलमानों, सिक्खों और ईसाइयों आदि को एक मंच पर एकत्र करके और एक संयुक्त पंचायत द्वारा उनके पारस्परिक मतभेदों को निबटाकर भारत की एकता को स्थापित करना।[१०] प्रस्तुत सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि स्वामी जी का उपर्युक्त कार्यक्रम महर्षि दयानन्द के इस मार्गदर्शनकारी निष्कर्ष पर आधारित है कि विद्वानों के विरोध से अविद्वानों में विरोध बढ़कर अनेकाविध दुःख की वृद्धि और सुख की हानि होती है।[११] वेदों में भी **संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनासि जानताम्** जैसे मन्त्रों के माध्यम से एकता का उपर्युक्त साधन सामने आता है।[१२]

---

५ नागर, डॉ० पुरुषोत्तम : आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन १९८९, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी (जयपुर), पृष्ठ २२०

६ प्रस्तुत सन्दर्भ में कांग्रेस द्वारा खिलाफत आन्दोलन को दिये गये समर्थन का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है।

७ शास्त्री, आचार्य सत्यप्रिय : भारतीय स्वातन्त्र्य संग्राम में आर्यसमाज का योगदान, वि०सं० २०४६, हरियाणा साहित्य संस्थान, गुरुकुल झज्जर रोहतक, पृष्ठ ८३

८ उपर्यु० - पृष्ठ ८३

९ उपर्यु० - पृष्ठ ८३

१० स्वामी श्रद्धानन्द (ईनसाइड कांग्रेस बम्बई १९४६), पृष्ठ १९४

११ सरस्वती, महर्षि दयानन्द : सत्यार्थप्रकाश, २००२, [illegible], नई दिल्ली, पृष्ठ १०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१२ ऋग्वेद - १०/१९१/२

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वस्तुतः साम्प्रदायिक एकता के सन्दर्भ में स्वामी जी का यह सुविचारित मन्तव्य था कि दोनों सम्प्रदायों में जब तक एकता स्थापित नहीं होगी तब तक बिखराव ही रहेगा। परन्तु वह एकता खानपान और तुष्टीकरण से आगे बढ़कर वैचारिक आदान प्रदान एवं आपसी समझबूझ विकसित करने से सम्भव है। यह तथ्य आज ऐतिहासिक विकास क्रम ने सत्य सिद्ध कर दिया है। अन्यथा आज भी मन्दिर बनाम मस्जिद जैसे संवेदनशील मुद्दे को हल करने के लिए दोनों सम्प्रदायों में संवाद और सहमति की बात समय-समय पर क्यों उठती ?

साम्प्रदायिकता एकता के अलावा, स्वामी जी ने तीन अन्य सूत्र भी प्रस्तुत किये उनके शब्दों में- देश में बनी हुई वस्तुओं को लोकप्रिय बनाना। हिन्दुस्तानी (हिन्दी) का राष्ट्रभाषा के रूप में प्रयोग करना। राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का स्वतन्त्र विकास करना।[१३] स्वामी जी के इन मार्गदर्शनकारी विचारों के आलोक में उनके उत्कृष्ट राष्ट्रवाद को हृदयंगम किया जा सकता है, अन्यथा, स्वदेशी, राष्ट्रभाषा ओर राष्ट्रीय शिक्षा के अभाव में राष्ट्रवाद की परिकल्पना नितान्त थोथी, भ्रामक एवं मिथ्या ही है।

अछूतोद्धार

इस दिशा में स्वामी श्रद्धानन्द ने अनेक उल्लेखनीय कार्य किये जिनकी सांगठनिक परिणति दलितोद्धार सभा, १९२१ की स्थापना के रूप में सामने आयी। जिसकी अध्यक्षता का दायित्व स्वामी श्रद्धानन्द जी ने सम्भाला। सभा के निम्न उद्देश्य निर्धारित किये गये-

(१) दलितों में सदाचार का प्रचार करना।

(२) दलित समुदाय को धर्मच्युत करने वाले आक्रमणों से बचाना।

(३) घृणा के मिथ्या संस्कारों को दूर करना।

(४) दलितों के खोये हुए मानवीय अधिकारों को दिलाना।

(५) दलितों में शिक्षा का प्रसार करना।[१४]

उल्लेखनीय है कि स्वामी जी के नेतृत्व में आर्य समाज का दलितोद्धार आन्दोलन उस युग में सामने आया, जब दलित आन्दोलन के संगठनकर्ता, बाबा साहब अम्बेडर का राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रादुर्भाव भी नहीं हुआ था और विदेशी सरकार ईसाई मिशनरी तन्त्र के साथ मिलकर दलितोत्थान के माध्यम से अपना राजनैतिक भविष्य सुरक्षित करने की जुगत में संलग्न थी किन्तु दूसरी ओर मुस्लिम नेतृत्व अली बन्धुओं की सदारत में दलितों को इस्लाम मजहब में प्रवेश कराने के लिए हर हथकंडे अपनाने के लिए कटिबद्ध हो चुका था। जिसका एक सार्वजनिक उदाहरण १९२३ में कांग्रेस के कोकानाड़ा अधिवेशन में उस समय सामने आया, जब अली बन्धुओं में से एक ने मंच से यह माँग कर डाली कि हरिजन जैसे निम्न वर्ग को हिन्दू और मुसलमान- दोनों आधा-आधा बराबर बाँट कर झगड़े को क्यों नहीं समाप्त कर देते।[१५] तब स्वामी श्रद्धानन्द ने तीव्र प्रतिवाद करते हुए कहा कि (दलित) ये कोई भेड़ बकरियाँ नहीं है, जो मौलाना साहब इनको आधा-आधा बाँटने पर तुले हों।[१६]

---

१३ उपर्यु० टिप्पणी सं० ९

१४ विद्यावाचस्पति, पं० इन्द्र, उप० पृष्ठ १००-१०१

१५ शास्त्री, आचार्य सत्य प्रिय : उप० पृष्ठ ८४

१६ उप० पृष्ठ ८४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुद्धि आन्दोलन

मुस्लिम नेतृत्व की उपर्युक्त मानसिकता भारत में हिन्दुओं के धर्म परिवर्तन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी रही है। इसके अलावा, इस दिशा में ईसाई मिशनरी की चिन्ताजनक भूमिका भी तब तक सामने आ चुकी थी। जिसके घातक दुष्परिणाम के रूप में हिन्दू समाज दिनोंदिन सिकुड़ता जा रहा था। यह चिंता तब के हिन्दू नेतृत्व को लगातार कचौटती रहती थी। इस मन:-स्थिति एवं परिस्थिति में स्वामी श्रद्धानन्द के नेतृत्व में भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा १९२३ का गठन हुआ। जिसका प्रमुख उद्देश्य था हिन्दु समाज से बिछुड़े हुए तथा अन्य धर्मावलम्बियों को पुन: हिन्दू समाज में प्रविष्ट कराना एवं शुद्धि सम्बन्धी कार्यक्षेत्र में प्रेम और धर्म का प्रचार प्रसार करना।[१७] शुद्धि सभा के माध्यम से इस चिरकालीन आवश्यकता का भी सहज समाधान हो चुका था कि जो दलित अथवा अन्य स्वयं या उसका पूर्वज लोभ भय या भ्रमित प्रचार अथवा सेवा से प्रभावित होकर हिन्दू धर्म छोड़कर इस्लाम अथवा ईसाई मजहब में प्रविष्ट हो गया था। किन्तु अब अपने मूल धर्म हिन्दू समाज में लौटना चाहता है तो शुद्धि सभा के रूप में उसके सामने एक सम्मानजनक प्रवेश द्वार उपस्थित था। इसी परिप्रेक्ष्य में शुद्धि आन्दोलन की धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक भूमिका का मूल्यांकन किया जाना चाहिये।[१८] अन्यथा- इसके अभाव में स्वामी श्रद्धानन्द जैसे राष्ट्रवादी नेता के ऊपर साम्प्रदायिकता का अनर्गल आरोप लगाया जाना सम्भव है। जिसका प्रतिवाद महात्मा गाँधी तक ने किया है।

हिन्दू महासभा

स्वामी जी इस सभा के माध्यम से भी वर्णों राष्ट्रोत्थान के क्षेत्र में सक्रिय रहे। उनकी यह सुविचारित धारणा थी कि आर्य/हिन्दू इस राष्ट्र की रीढ़ है। हिन्दू समाज का सशक्त, संगठित एवं विवेकशील होना आवश्यक है। इसके लिये हिन्दू महासभा स्वामी जी को महत्त्वपूर्ण मंच दिखलाई पड़ा, क्योंकि हिन्दू सभा का प्रमुख उद्देश्य था- हिन्दू जाति की शाक्ति को बढ़ाना। उसके आन्तरिक दोषों और दुर्बलताओं को दूर करना तथा हिन्दू समाज को संगठित करना। तदर्थ स्वामी श्रद्धानन्द इस सभा में न केवल सम्मलित हुये, अपितु सभा में अग्रणी भूमिका में आकर विधवा विवाह प्रचलन, दलितोद्धार और अन्धविश्वास मूलक ज्वलंत मुद्दों पर व्यापक सुधार का अभियान छेड़ने के लिये समुद्यत भी हुए।

परन्तु महासभा का पौराणिक नेतृत्व अपनी रूढ़िवादी सोच और संकीर्ण मानसिकता से उबर नहीं पाया। इस कारण हिन्दू महासभा के माध्यम से स्वामी जी का विराट् सुधार सम्बन्धी सपना सपना ही रह गया। आर्यसमाजियों के अलावा सभा के पौराणिक नेतृत्व का उन्हें सहयोग नहीं मिल पाया। परिणामत: १९२३-२४ तक आते-आते स्वामी जी हिन्दू महासभा से उदासीन हो गये। किन्तु सभा के सम्बन्ध विच्छेद का एक उल्लेखनीय कारण था- हिन्दू महासभा का साम्प्रदायिक हो जाना। जो एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता के रूप में स्वामी श्रद्धानन्द को कदापि स्वीकार्य नहीं था। फलत: वे हिन्दू महासभा से त्यागपत्र देकर अलग हो गये।

किन्तु जो समीक्षक स्वामी श्रद्धानन्द के हिन्दू महासभाई होने के कारण नाक भौं सिकोड़ते हैं। उनके सच्चे राष्ट्रवाद पर संदेह करते हैं। उन्हें इस तथ्य की ओर भी दृष्टिपात करना चाहिये कि हकीम अजमल खां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१७ विद्या वाचस्पति, पं० इन्द्र उप० पृष्ठ ११९

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैसे उदारवादी मुसलिम नेता भी हिन्दू महासभा के सन् १९२२ में सभापति रहे। गौ-रक्षा और खिलाफत- दोनों मुद्दो पर जन-जागरण के लिये अभियान चलाते रहे।

उपर्युक्त के अलावा स्वामी जी स्वाधीनता आन्दोलन में भी वर्षों सक्रिय रहे। कांग्रेस के विभिन्न अधिवेशनों में उसकी रीति-नीति को राष्ट्रवादी दिशा प्रदान करने के लिए प्रयशील रहे। जिसके मूल में महर्षि दयानन्द की यह मार्गदर्शनकारी सोच/दृष्टि प्रेरक के रूप में कार्यशील थी कि- जब तक समस्त देशवासी एक ही धर्म (कर्त्तव्याचरण) के अनुयायी, एक ही भाषा (राष्ट्रभाषा) बोलने वाले तथा एक प्रकार आचार, विचार, व्यवहार को धारण कर, एक ही लक्ष्य की पूर्ति में कृतनिश्चय नहीं हो जाते, तब तक देश की एकता तथा उसकी सर्वांग समृद्धि स्वप्नवत् रहेगी।[१९]

वस्तुतः स्वराज, स्वदेशी, राष्ट्रभाषा एवं राष्ट्रोत्थान का महान् लक्ष्य तभी सफलतापूर्वक सिद्ध हो सकता है, जब जातिगत भेदभाव, साम्प्रदायिक टकराव भी दूर हो जाये। अशिक्षा-अज्ञानता, अंधविश्वास और नाना रूढ़ियों में जकड़ा समाज राजनीतिक हितों के प्रति कैसे जागरूक रह सकता है? और दृढ़ सामाजिक इच्छा शक्ति तथा एकजुटता के अभाव में किस प्रकार यह पराधीन राष्ट्र अपने खोये हुए राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं आत्मगौरव को पुनः प्राप्त कर सकता है? इत्यादि सभी राष्ट्रीय प्रश्न स्वामी जी के राजनीतिक चिन्तन के केन्द्रीभूत प्रश्न रहे हैं। इनको दृष्टिगत रखते हुए उनके राजनीतिक चिन्तन के उस महान् सन्देश/सार तत्त्व को हृदयंगम किया जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१९ भारतीय, डॉ० भवानीलाल : ऋषि दयानन्द सिद्धान्त और जीवन दर्शन, सन् - २००६, श्री घूडमल प्रहलाद कुमार आर्य

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क ८७ (पृ० १३१-१३४) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परम्परानुमोदित सौन्दर्ययुक्ता प्रतिभा का स्वरूप

वन्दना शुक्ला[१]

मानव मन की अनुभूति का विषय सौन्दर्य तत्त्व की इदमित्थं कहकर व्याख्या करना यदि असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। 'सौन्दर्य' शब्द सुन्दर की भाववाचक संज्ञा है। सुन्दर पद से भाव अर्थ में तद्धित 'ष्यञ्।' प्रत्यय लगाने पर 'सौन्दर्य' पद की निष्पत्ति होती है। **'सुन्दरस्य भावः सौन्दर्यम्'** इसका तात्पर्य है- सुन्दर पदार्थों में रहने वाला धर्म विशेष। वाचस्पत्यम् कोश के अनुसार-सु उपसर्गपूर्वक ' (उन्द) उन्दी क्लेदने'[२] (उन्नति) में अरन् प्रत्यय संयोजित करके 'सुन्दर' शब्द बनता है (सु+उन्द+अरन्=सुन्दर) जिसका तात्पर्य है-अच्छी तरह आर्द्र करने वाला।[३] शब्दकल्पद्रुम के अनुसार सुन्दर का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है- सुष्ठु उनत्ति आर्द्रीकरोति-चित्तमिति सुन्दरः।[४]

इस प्रकार सौन्दर्य का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ हुआ-दर्शक, प्रमाता या सहृदय के चित्त को भली प्रकार आर्द्र करने वाली वस्तु का धर्म। यह सौन्दर्य प्राच्य एवं पाश्चात्त्य दोनों परम्पराओं में अनेक रूपों में विद्यमान है। पाश्चात्त्य कला-चिन्तन की कल्पना अर्थात् आधुनिक सौन्दर्यशास्त्र में कल्पना का प्रयोग जिस अर्थ में किया गया है वह भारतीय काव्यशास्त्र की प्रतिभा है। अर्थात् प्राचीन भारतीय काव्यशास्त्रियों ने जिस अर्थ को अभिप्रेत करने के लिए 'प्रतिभा' शब्द को प्रयुक्त किया है वह आधुनिक सौन्दर्यशास्त्र में 'कल्पना' है जिसका प्रयोग शास्त्रीय अर्थ में किया जाता है। इसी प्रतिभा का प्राचीन आचार्यों ने काव्य-हेतु के विवेचन में तर्कपुष्ट विश्लेषण किया है।

आचार्य भामह ने प्रतिभा को काव्य का एकमात्र कारण मानते हुए काव्य हेतु में प्रतिभा को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्रदान किया है-

'गुरुपदेशादध्येतुं शास्त्रं जडधियोऽप्यलम्।
काव्यं तु जायते जातु कस्यचित्प्रतिभावतः।।'[५]

अर्थात् प्रतिभा के न होने पर काव्य रचना तो असम्भव है, क्योंकि गुरु उपदेश के पश्चात् भी उसका आस्वादन तक नहीं हो सकता है। इस प्रकार इन्होंने प्रतिभा का अत्यन्त आत्मनिष्ठ स्वरूप निर्धारित किया है। इसी प्रतिभा को आचार्य वामन ने कवित्व का बीज मानने हुए गुरु सेवा, शास्त्र ज्ञान, आदि को मुख्य रूप से माना है। इन्होंने लोक-ज्ञान एवं विद्या के पहले प्रतिभा का मुख्यरूप से उल्लेख न कर 'प्रकीर्ण' में ही उसका समावेश किया है-

कवित्वबीजं प्रतिभानम्। कवित्वस्य बीजं कवित्वबीजं जन्मान्तरागतसंस्कारविशेषः कश्चित्, यस्मात् विना काव्यं न निष्पद्यते, निष्पन्नं वाऽवहास्यायतनं स्यात्।[६] इसी कारण से प्रतिभा के प्रति इनका मत

---

१ शोधच्छात्रा कानपुर विद्यामन्दिर महिला (पी.जी.), महाविद्यालय स्वरूपनगर कानपुर। मो० ९३३५१५७२६८

२. 'पाणिनि धातुपाठ'-रुधादिगण

३. 'वाचस्पत्यम् कोश पृष्ठ-५३१४

४. शब्दकल्पद्रुम, पंचम खण्ड, पृष्ठ-३७३

५. भामह, काव्यालङ्कार, १/५

६. काव्यालंकारसूत्राणि, १/३/१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जन्मजन्मातर संस्कार विशेष था। प्रतिभा के स्थान पर शक्ति नाम उद्धृत कर आचार्य रुद्रट शक्ति को काव्य का मुख्य तत्त्व माना है। इनके मतानुसार समाहित चित्त में प्रतिभा का उन्मेष होता है। प्रतिभा के इसी उन्मेष के पश्चात् अभिधेयार्थ रमणीय (सौन्दर्य) शब्दावली में अभिव्यक्त होता है-

'प्रतिभेत्यपरैरुदिता सहजोत्पाद्या च सा द्विधा भवति।

पुंसा सह जातत्त्वादनयोस्तु ज्यायसी सहजा।।

स्वरयासौ संस्कारे परमपरं मृगयते यतो हेतुम्।

उत्पाद्या तु कथंचिद्व्युत्पत्त्या जन्यते परया।।'[७]

आचार्य रुद्रट ने शक्ति (प्रतिभा) के साथ व्युत्पत्ति एवं अभ्यास को भी स्थान दिया है-

'तस्यासारनिरासात्सारग्रहणञ्च चारुणः करणे।

त्रितयमिदं व्याप्रियते शक्तिर्व्युत्यत्तिरभ्यासः।।'[८]

इन्होंने ने प्रस्तुत कारिका में 'सौन्दर्य' के लिए 'चारुणः'' शब्द का प्रयोग किया है।

प्रतिभा एवं व्युत्पत्ति में प्रतिभा को ही मुख्य रूप से महत्त्व देते हुए आचार्य आनन्दवर्धन प्रतिभा को महाकवियों का 'अलोक-सामान्य' गुण, माना है। जैसे-

'सरस्वती स्वादु तदर्थस्तु निःष्यन्दमाना महतां कवीनाम्।

अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुरन्तं प्रतिभाविशेषम्।।'[९]

इसी को और स्पष्ट करते हुए वृत्ति में आचार्य ने इस प्रकार व्यक्त किया है-

'तत् वस्तुतत्त्वं निःष्यन्दमाना महतां कवीनां भारती अलोकसामान्यं प्रतिभाविशेषं परिस्फुरन्तमभिव्यनक्ति।'[१०]

अर्थात् इन्होंने प्रतिभा को कवि से जोड़कर कवित्व रूप में सौन्दर्य को उद्भावित किया है।

प्रतिभा एवं व्युत्पत्ति में समन्वय करते हुए लावण्य एवं रूप-सौन्दर्य का समान सम्बन्ध स्थापित करते हुए राजशेखर ने इस प्रकार व्यक्त किया है-

'प्रतिभाव्युत्पत्ती मिथः समवेतश्रेयस्यौ। न खलु लावण्यलाभादृते रूपसम्पदृते रूपसम्पदो वा लावण्यलब्धिर्महते सौन्दर्याय।'[११]

उपर्युक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि प्रतिभा एवं व्युत्पत्ति दोनों संयुक्त रूप से काव्यरचना में उपकारिणी होती है। राजशेखर कहते हैं कि जिस प्रकार सौन्दर्य के लिए रूप एवं लावण्य ये दोनों समान रूप से आवश्यक होते हैं, उसी प्रकार काव्य सौन्दर्य के लिए प्रतिभा एवं व्युत्पत्ति दोनों समान रूप से कारण हैं। इसके अतिरिक्त आचार्य ने काव्यहेतु के रूप में प्रतिभा को माना है। इनके मतानुसार नये-नये अर्थों का उन्मीलन करने वाली प्रज्ञा ही प्रतिभा है-

---

७. रुद्रट, काव्यालङ्कार, १/१६-१७

८. रुद्रट, काव्यालङ्कार, १/१४

९. ध्वन्यालोक, १/६

१०. ध्वन्यालोक, १/६ की वृत्ति

११. काव्यमीमांसा, अध्याय-५ पृष्ठ-४०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'प्रज्ञां नवनवोन्मेषशालिनीं प्रतिभां विदुः।'[१२]

अतः इन्होंने भी काव्य हेतु में 'सौन्दर्य' तत्त्व रूप में प्रतिभा की आत्मपरक व्याख्या की है।

कुन्तक ने प्रतिभा के लिए समन्वयात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा है कि- 'पूर्वजन्म तथा इस जन्म के संस्कार युक्त विशिष्ट कवित्व-शक्ति ही प्रतिभा है-

'प्राक्तनाद्यतनसंस्कारपरिपाकप्रौढा प्रतिभा काचिदेव कविशक्तिः'[१३]

इन्होंने पूर्वजन्म तथा इस जन्म के संस्कार को समन्वित किया है। कुन्तक के मतानुसार प्रतिभा से ही शब्द एवं अर्थ में नवीन चमत्कार का प्रस्फुटन होता है। जैसे-

'अम्लानप्रतिभोद्भिन्ननवशब्दार्थबन्धुरः।
अयविहित्स्वल्पमनोहारिविभूषणः।।'[१४]

कवि की दोषहीन प्रतिभा से स्वतः स्फुरित हुए नवीन सहृदयाह्लादजनक शब्द एवं अर्थ से रमणीय एवं स्वाभाविक रूप से हृदय को आनन्द देने वाले अलङ्कार आदि से युक्त प्रतिभा का इन्होनें विशद विवेचन किया है।

आचार्य अभिनवगुप्त प्रतिभा को विलक्षण मानते हैं। इनके मतानुसार प्रतिभा एक ऐसा व्यापार है जो कि किसी कारणकलाप के विना ही अपूर्ववस्तु का निर्माण करती है- **'अपूर्वं यद्वस्तु प्रथयति विना कारणकलाम्'**[१५]

इसी प्रतिभा को इन्होंने नवनवरूपविधायिनी मानसिक शक्ति के अर्थ के रूप में स्वीकार किया है- **'प्रतिभा' अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा, तस्या 'विशेषो' रसावेशवैशद्यसौन्दर्यं काव्यनिर्माणक्षमत्वम्।**[१६] अर्थात् प्रतिभा अपूर्ववस्तु के निर्माण में क्षम्य बुद्धि है और उस बुद्धि की विशेषता रसावेश के कारण उत्पन्न होने वाली वैशद्य प्रयुक्त सौन्दर्य रूप काव्य-निर्माण की क्षमता है। इसी शक्ति को स्पष्ट करने के लिए अभिनवगुप्त ने इसको प्रतिभा के मूल रूप में स्वीकार किया है-

'शक्तिः प्रतिभानं वर्णनीयवस्तुविषयनूतनोल्लेखशालित्वम्।[१७]

इनका प्रतिभा के प्रति मत आत्मपरक (आत्मनिष्ठ) सौन्दर्य का उद्बोधक था, क्योंकि इन्होंने इसे रस से सम्बन्धित कर दिया था जो कि निम्न उद्धरण से स्पष्ट है-**'आस्वादयितॄणां यः चमत्काराविघातस्तदेव रससर्वस्वम् आस्वादायत्तत्वात्।'**[१८]

आचार्य मम्मट ने शक्ति अथवा प्रतिभा के साथ निपुणता एवं अभ्यास का विवेचन किया है। अपितु इन्होंने इन तीनों को अलग-अलग न मानकर समन्विति रूप से कारण माना है-

'शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे।।'[१९]

---

१२. हेमचन्द्र, काव्यानुशासन, पृष्ठ-३ पर उद्धृत
१३. वक्रोक्तिजीवितम् १/२९ की वृत्ति
१४. वक्रोक्तिजीवितम् १/२५
१५. ध्वन्यालोक लोचन, पृष्ठ-१ (मंगल श्लोक)
१६. ध्वन्यालोक लोचन, पृष्ठ-९२
१७. ध्वन्यालोकलोचन, उद्योत-३, पृष्ठ-३२३
१८. ध्वन्यालोक लोचन, उद्योत-३ पृष्ठ-३२३-२४ पर उद्धृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मम्मटाचार्य ने शक्ति एवं प्रतिभा के भेद को न मानकर शक्ति एवं प्रतिभा को एक रूप में निरूपित कर अपने पूर्ववर्ती ध्वनिवादी एवं रीतिवादी आचार्यों का समन्वय कर प्रतिभा के रूप में सौन्दर्य के उभयात्मक पक्ष को स्थापित किया।

पण्डितराज जगन्नाथ प्रतिभा को काव्य का मुख्य कारण मानने वाली परम्परा में आते हैं। फिर भी इन्होंने प्रतिभा को नवनवोन्मेषशालिनी या अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा न मानकर उसे शब्दार्थ रूप में ही सीमित किया है-

'तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा।

सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थिति:।[२०]

इन्होंने प्रतिभा के दो भेद माने है- जन्मजात और कारणजात। इसमें जन्मजात (सहजा) प्रतिभा ही मानसिक शक्ति है। प्रतिभा के प्रति इनका दृष्टिकोण शब्दार्थ में निहित होने के कारण बाह्य पक्ष (वस्तुपरक) का ही उद्बोधक रहा।

इस प्रकार उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि भारतीय काव्य शास्त्रीय परम्परानुमोदित 'प्रतिभा' किसी न किसी रूप में सौन्दर्य सृष्टि के मूल में उपस्थित रही है।

सौन्दर्यशास्त्र तत्त्व के रूप में प्रतिपादित आधुनिक कल्पना एवं प्राचीन प्रतिभा का यदि तुलनात्मक विश्लेषण किया जाये तो भामह तथा उनकी परम्परा में आने वाले आचार्यों द्वारा वर्णित प्रतिभा एवं कल्पना में साम्य दृष्टिगत होगा। भट्टतौत द्वारा प्रतिभा की परिभाषा **'प्रज्ञां नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता'**[२१] को पाश्चात्त्य कल्पना के सबसे निकट माना जा सकता है। इन्हीं से प्रभावित अभिनवगुप्त ने प्रतिभा की जो व्याख्या की है वह पाश्चात्त्य विद्वान् सेमुअल टेलर कॉलरिज (१७७२-१८३४ई०) द्वारा मान्य कल्पना के अत्यधिक सन्निकट है। कॉलरिज ने सम्भवत: वस्तु प्रत्यक्षों के बीच कल्पना की इसी सार्वत्रिक विद्यमानता के कारण को `Primary agent of all perception' कहा है। तथा इनके द्वारा मान्य Secondary Imagination ही संस्कृत काव्यशास्त्र में निरूपित 'कवि प्रतिभा' है। इसी Secondary Imagination का इमानुअल कांट द्वारा मान्य Aesthetic Imagination से प्रभूत साम्य है।[२२] जिसके अर्थ को हम संस्कृत काव्यशास्त्र की 'कवि प्रतिभा' से व्यक्त कर सकते हैं।

---

१९. काव्यप्रकाश,

२०. रसगंगाधर, प्रथममाननम्, पृष्ठ-२७

२१. हेमचन्द्र, काव्यानुशासन, पृष्ठ-३ पर उद्धृत

२२. क. बायग्राफिया लिटरारिया-१३ ख. क्रिटीक ऑव ज्योरीजन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१३५-१३९) ISSN 0974 – 8830

ज्योतिर्विज्ञान के अनुसार सौरमण्डल में ग्रह-नक्षत्र : एक विवेचन

प्रो० वेदप्रकाश उपाधयाय[१]

सिद्धान्त-संहिता-होरात्मक त्रिस्कन्ध ज्योतिष के सिद्धान्त स्कन्ध के अन्तर्गत सृष्टिकाल से लेकर प्रलयान्त तक की कालगणना, सौर, सावन, चान्द्र और नाक्षत्र आदि मानों का भेद ग्रहगति और द्विविध व्यक्त और अव्यक्त गणित आदि विविध विषय आते हैं।[२] सिद्धान्त ग्रन्थों में पितामहसिद्धान्त का परिवर्द्धित रूप 'लघुवासिष्ठसिद्धान्त' नाम से प्रसिद्ध है, जो ९४ श्लोकों में रचित है और विष्णुचन्द्र के द्वारा सम्पादित है। आचार्य लाटदेवकृत व्याख्या से युक्त रोमकसिद्धान्त भी उपलब्ध है। पौलिशसिद्धान्त तथा सूर्यसिद्धान्त भी इसी काल का प्रतिनिधित्व करते हैं। वराहमिहिर ने बृहत्संहिता में ज्योतिषविषयक पांच सिद्धान्तों का उल्लेख किया है, जिनमें पौलिश सिद्धान्त, रोमक सिद्धान्त, वासिष्ठसिद्धान्त, सौरसिद्धान्त तथा पितामह सिद्धान्त आते हैं, जो ग्रह गणित से सम्बद्ध हैं।[३] आर्यभट्टप्रथमकृत 'आर्यभट्टीय', आर्यभट्टद्वितीय कृत 'महाआर्यभट्टसिद्धान्त', लल्लाचार्यकृत 'धीवृद्धितन्त्र' नामक ग्रहगणितविषयकग्रन्थ और आचार्य ब्रह्मगुप्तकृत 'ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त' उत्कृष्ट सिद्धान्त ग्रन्थ हैं। वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त के बाद उत्कृष्ट ज्योतिर्विद् भास्कराचार्य 'सिद्धान्त शिरोमणि' के रचयिता हैं। सिद्धान्तग्रन्थों में सूर्यसिद्धान्त, ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त और सिद्धान्तशिरोमणि सिद्धान्तस्कन्ध के अन्तर्गत अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। इनके आधार पर ग्रह-नक्षत्र-ज्ञान से सम्बन्धित विवरण परवर्ती आचार्यों और आधुनिक खगोलशास्त्र के अनुशीलनकर्त्ता वैज्ञानिकों के अनुसन्धानों के माध्यम से उपलब्ध होता है।

खगोलशास्त्रीय अनुशीलन से ज्ञात होता है कि गगनमण्डल में अवस्थित जिन ज्योतिष्पिण्डों में पृथिवी में स्थित चेतन और अचेतन पदार्थों को प्रभावित करने का सामर्थ्य रहता है, वे ग्रह शब्द से जाने जाते हैं।[४] नव ग्रहों में से सात ग्रहों के पिण्ड आकाशमण्डल में दृष्टिगत होते हैं, किन्तु राहु और केतु इन दोनों के पिंड, आकाश में नहीं है। ये दोनों ग्रह छायाग्रह माने जाते हैं। जिन ग्रहों के पिण्ड आकाश में दृष्टिगोचर होते हैं, वे हैं-सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि। खगोलशास्त्र में तीन नवीन ग्रहों का अन्वेषण हुआ है। वे तीन ग्रह हैं:- हर्षल, नेप्च्यून और प्लूटो। वैदिक ज्योतिष में हर्षल, नेप्च्यून और प्लूटो को कोई स्थान नहीं मिला है। पृथिवी पर स्थित प्राणियों पर इन तीनों ग्रहों के प्रभाव के विषय में अभी तक अनुशीलन किया जा रहा है। उपर्युक्त ग्रहों में से सूर्य का स्थान सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। सूर्य की अवस्थिति ब्रह्माण्ड में है। सूर्य का कुटुम्ब सौरमण्डल नाम से जाना जाता है। सूर्य, चन्द्र, भौम, बुधा, बृहस्पति, शुक्र और शनि ये मूर्तग्रह और राहु तथा केतु ये छायाग्रह मिलकर नौ ग्रह हैं, जिनमें से सूर्य प्रधान मूर्त्तग्रह है, जिसकी परिक्रमा सौरमण्डल के अन्य छः चन्द्रभौमादि मूर्त्त ग्रह करते हैं।

---

१ प्रोफेसर एमेरिटस संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़-१६००१४

२ त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलनामानप्रभेदः क्रमात्, चारश्चद्युसदां द्विधा च गणितं प्रश्नास्तथा सोत्तराः। भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथनं यन्त्रादि यत्रोच्यते, सिद्धान्तः स उदाहृतोऽत्र गणितस्कन्धप्रबन्धे बुधैः।।

३ तत्र ग्रहगणिते पौलिश-रोमक-वासिष्ठ-सौर-पैतामहेषु पञ्चस्वेतेषु सिद्धान्तेषु ... बृहत्संहिता-वराहमिहिर, २.३.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

४ ज्योतिषरहस्य-डॉ. पुरुषोत्तमशर्मा पृ० ५०

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नभोमण्डल में असंख्य तारों के समूह आकाश-गंगा नाम से जाने जाते हैं। ब्रह्माण्ड में सहस्रों आकाश गंगाएं हैं, जिनमें से एक आकाश गंगा में एक सौरमण्डल भी है, जिसके अन्तर्गत सूर्य, चन्द्र और भौमादि ग्रह हैं। ग्रह अपने अपने उपग्रहों के साथ सूर्य का चक्कर लगाते हैं। सभी ग्रह सूर्य की आकर्षण शक्ति से आबद्ध हैं। उपग्रह अपने-अपने ग्रहों से आकृष्ट हैं। सूर्य की स्थिति सौरमण्डल के मध्य में है तथा दूसरे चन्द्र भौमादि ग्रह सूर्य के चारों ओर विद्यमान हैं।

भारतीय नक्षत्रविज्ञान में सौरमण्डल के अन्दर नौ ग्रह और सत्ताईस नक्षत्र माने जाते हैं। ब्रह्माण्ड के अन्दर बहुत से दूसरे सौरमण्डल विराजमान हैं। नभोमण्डल में चमकते हुए तारों के मध्य कुछ ग्रह स्थित हैं, जो गतिशील हैं और तारे स्थिर हैं, क्योंकि उनमें गति का अभाव है। महेन्द्रनाथ केदार ने भी उपर्युक्त तथ्यों से अपनी सहमति प्रकट की है।[5]

सभी ग्रहों में से कोई भी ग्रह स्वयं में एकाकी परिभ्रमण करने में असमर्थ है। परस्पर आकर्षण और विकर्षण शक्ति के कारण ही सभी ग्रह परिभ्रमण करने में लगे रहते हैं। यद्यपि प्रत्येक ग्रह की अपनी आकर्षण शक्ति होती है, किन्तु जिस ग्रहं का आकार जितना बड़ा होता है, तो उसकी आकर्षणशक्ति उतनी अधिक होती है। यदि बृहदाकार ग्रह अपने से कम आकार वाले ग्रह के समीप होता है, तो उसे अपनी ओर आकृष्ट करता है। यदि वह बृहदाकार ग्रह अपने से बड़े आकार वाले ग्रह के समीप होता है, तो वह समीपस्थित अपने से भी बड़े ग्रह की आकर्षणशक्ति से प्रभावित होकर आकृष्ट होता है। ग्रहों की इस आकर्षणशक्ति के कारण, वे परस्पर आकर्षित करते हैं और एक-दूसरे की गति में विघ्न बनकर अवरोध भी पैदा करते रहते हैं। कम दूरी में स्थित विशाल आकार वाले ग्रह के प्रति होने वाला आकर्षण प्रबल होता है।

सौरजगत् के ग्रहों एवं नक्षत्रों से ब्रह्माण्डीय रश्मियों का पर्याप्त सम्बन्ध है, जिसके कारण मानवादि चराचर जगत् पर नैरन्तर्येण प्रभाव पड़ता रहता है। सूर्य द्वारा सम्पूर्ण विश्व में ऊर्जा, ऊष्मा और प्रकाश का संचार किया जाता है। सूर्य के ही कारण पृथिवी अपनी गतिशीलता से दिन और रात का निर्माण करती है। सौरोर्जा एवं उसके तापमान के कारण पृथिवी पर ऋतुओं का परिवर्तन और मानसूनी हवाओं का प्रवर्तन होता है। सम्पूर्ण पृथिवी पर दृश्यमान वायुमण्डल का परिवर्तन सूर्य के कारण होता है। पृथिवी के उन भागों में तापमान की अधिकता पाई जाती है, जहाँ सूर्य की किरणें लम्बवत् एवं सीधी पड़ती हैं। यही कारण है कि भूमध्य रेखा के समीप के क्षेत्रों में तापमान की अधिकता रहती है। जिन स्थानों पर सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती है, वहाँ तापमान शून्य रहता है अथवा शून्य से भी नीचे रहता है। उदाहरणार्थ उत्तरीध्रुव तथा दक्षिणी ध्रुव के प्रदेशों में सूर्य की किरणें तिरछी पड़ने के कारण वहाँ का तापमान शून्य या शून्य से नीचे रहता है।

ऋतुओं के परिवर्तन में, वायुमण्डल के दबाव में, सागर की समतलता और भूकम्प में जो घटना घटित होती हुई दृष्टिगत होती है, उसका सीधा सम्बन्ध सूर्य तथा चन्द्र से है। जब सूर्य और चन्द्र एक दूसरे के सामने होते हैं, तो वायुमण्डल में अपेक्षाकृत अधिक संक्षोभ होता है। सूर्य और चन्द्र के परस्पर आमने सामने अथवा एक साथ होने पर समुद्र की समतलता और भूमि का संतुलन प्रभावित होता है, जिसके कारण एक विचित्र प्रकार का संक्षोभ पैदा हो जाता है, जिसका परिणाम यह होता है कि समुद्र में ज्वार भाटा आ जाता है और भूकम्प भयंकर आंधी या चक्रवात जैसी घटनाँए होने लगती हैं। पूर्णमासी और अमावस्या को समुद्र में ज्वारभाटे का उतार-चढ़ाव होने लगता है, जो सूर्य और चन्द्रमा के प्रभाव के परिणामस्वरूप है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानव की जीवनशक्ति, बुद्धि, स्वास्थ्य, समृद्धि और अपराधीप्रवृत्ति का सीधा सम्बन्ध जलवायु की दशाओं और उसके परिवर्तन से है। भिन्न-भिन्न राशियों में सूर्य की स्थिति के कारण जलवायु-परिवर्तन होता है। वृष या मिथुन राशि में सूर्य की स्थिति से उसकी किरणों में प्रचण्डता होने के कारण ग्रीष्म ऋतु होती है और यदि सूर्य वृश्चिक या धनुराशि में स्थित होता है, तो उसकी किरणों में मृदुता होने के कारण हेमन्त ऋतु होती है। सूर्य की तेज किरणों से वाष्पीकरण होता है, जिससे वर्षा होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण मानवजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव एक प्रकार से सूर्य का ही प्रभाव है। सूर्य को स्थावर और जंगम जगत् की आत्मा के रूप में स्वीकार किया गया है। सूर्य के कारण ही पृथिवी पर जीवन है। सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त प्राणिमात्र की दिनचर्या होती है। यदि सूर्य का अस्तित्व न होता, तो न ही यह पृथिवी होती, न ही इसमें प्राणी होते और न ही उन प्राणियों का जीवन होता। ऋग्वेद में सूर्य को चराचर जगत् का आत्मा कहा गया है।[६] जिस प्रकार आत्मा के होने पर शरीर की स्थिति है और आत्मा के न होने पर शरीर शव में परिणत हो जाता है, उसी प्रकार सूर्य के होने पर ही जगत् की सत्ता है।[७] भगवद्गीता में ओषधियों पर चन्द्रमा के पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित किया गया है।[८] ओषधियों पर चन्द्रमा की रश्मियों का प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण ओषधियों में रस आ जाता है। पृथिवीवासियों पर सर्वाधिक प्रभाव चन्द्रमा का है, क्योंकि चन्द्रमा पृथिवी के सर्वाधिक समीप है। चन्द्रमा के समीप होने से प्राणियों पर अन्यग्रहों की अपेक्षा अधिक खिंचाव है, जिसके कारण शरीर की रक्तसंचार प्रणाली असाधारण हो जाती है और अन्य तिथियों की अपेक्षा पूर्णमासी को मृगी, उन्मत्तता, मानस रोग, रक्तविकार या रक्तचाप आदि रोग चरम पराकाष्ठा पर होते हैं।[९] ग्रहों का प्रभाव जन्म लेने वाले बालक पर भूरिशः पड़ता है। ऋतुधर्म चन्द्रमा और मंगल इन दो ग्रहों से प्रभावित होता है। वराहमिहिर ने इस ऋतुधर्म को गर्भधारण में उपादेय माना है।[१०] ग्रहों के बलाबल एवं उनकी प्रकृति के अनुसार जातक का स्वरूप एवम् उसका गुण निर्धारित होता है। जन्म काल में बलवान् ग्रह की प्रकृति के अनुरूप जातक के स्वरूप और गुण का निश्चय किया जाता है।[११]

सौरमण्डल में ग्रहों की स्थिति क्रमशः एक दूसरे से नीचे मानी गई है। ये सात मूर्त्त ग्रह-शनि, गुरु, भौम, सूर्य, शुक्र, बुध और चन्द्र हैं, जो आकाशमण्डल में क्रमशः एक दूसरे से नीचे हैं। शनि सबसे अधिक दूरवर्ती ग्रह हैं,[१२] जिसकी कक्षा सबसे ऊपर है। यही कारण है कि वह १२ राशियों का भ्रमण १०७५९ दिनों में पूर्ण करता है। शनि से नीचे उसका निकटवर्ती ग्रह बृहस्पति है, जिसे उपर्युक्त भ्रमण में ४३३२ दिन लगते हैं। बृहस्पति या गुरु से नीचे मंगल या भौम ग्रह है, जो उससे समीपवर्ती है। बारह राशियों के भ्रमण में मंगल को ६८७ दिन लगते हैं। मंगल से समीपवर्त्ती पृथिवी है और द्वादश राशियों के परिभ्रमण में पृथिवी को ३६५ दिन लगते हैं। पृथिवी के इस परिभ्रमण काल को वर्ष कहा जाता है। मंगल से नीचे सूर्य है, जिसका

---

६ चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च- ऋग्वेद संहिता १.११५.१

७ भारतीय वास्तुशास्त्र -डॉ. शुकदेव चतुर्वेदी, पृ० १६

८ गामाविश्यच भूतानि धारयाम्यहमोजसा। पुष्णामि चौषधीः सर्वा सोमो भूत्वा रसात्मकः।। -श्रीमद्भगवद्गीता १५. १३

९ ज्योतिषशास्त्र में रोगविचार- डॉ शुकदेव चतुर्वेदी, प्राक्कथन

१० कुजेन्दुहेतुप्रतिमासमार्तवं गते तु षोडर्क्षमनुष्णदीधतौ।अतोडन्यथास्ते शुभपुंग्रहेक्षिते नरेण संयोगमुपैति कामिनी।। बृहज्जातकम्-वराहमिहिर ४.१

११ एते ग्रहा बलिष्ठाः प्रसूतिकाले नृणां स्वमूर्तिसमम्। कुर्युर्देहं नियतं बहवश्च समागता मिश्रम्।। -लघुजातकम्-वराहमिहिर ४.८

१२ He looks at us from the farthest point of zodiac and pronounces us -why worry about Saturn – Mrs. P.A. Perera, published in Vidushi, Colombo P. 86

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
समीपवर्ती ग्रह शुक्र है, जो सूर्य से नीचे है[१३] और जिसका एक परिभ्रमण लगभग २२५ दिन में पूर्ण होता है। शुक्र से नीचे बुध है, जिसे परिभ्रमण में लगभग ८८ दिन लगते हैं। बुध से नीचे चन्द्र है, जो उसका समीपवर्ती ग्रह है।

उसे द्वादश राशियों के परिभ्रमण में २७ दिन 8¾ घण्टे का समय लगता है।[१४] नक्षत्र और राशि की अवधारणा अत्यन्त प्राचीन है और मौलिक रूप में खगोलशास्त्रीय है।[१५]

एक निश्चित मार्ग पर सुनिश्चित काल के द्वारा ग्रहों की गति आबद्ध है। नभोमण्डल में सभी ग्रहों द्वारा जिस मार्ग से सूर्य के चारों ओर भ्रमण किया जाता है, वह क्रान्तिवृत्त उस मार्ग का नाक्षत्रकवृत्त है और इसका आकाशीय विस्तार राशि संज्ञा से अभिहित है।[१६] मेष से मीन तक द्वादश राशि और अश्विनी नक्षत्र से रेवती नक्षत्र तक सत्ताईस नक्षत्र और प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण होते हैं। प्रत्येक राशि के ३०^0 होते हैं और इस प्रकार द्वादश राशियों के ३० x १२ = ३६०^0 बनते हैं। इसी ३६० अंश के मार्ग से ग्रहों का परिभ्रमण होता है।

नभोमण्डल में विद्यमान स्थिर एवं दीप्यमान तेजोगोलक को तारा कहा जाता है और अस्थिर एवं दीप्यमान तेजोगोलक, जो सूर्य की परिक्रमा करते हैं, ग्रह कहे जाते हैं।[१७] इस प्रकार ज्योतिषशास्त्र में सूर्य, चन्द्र, भौम, बुधा, बृहस्पति, शुक्र और शनि नामक सात ग्रह तथा राहु एवं केतु नामक दो छायाग्रह ये नवग्रह हैं। सूर्य की परिक्रमा करने के कारण पृथिवी को भी ग्रह कहा जाता है। उपर्युक्त नवग्रहों के अतिरिक्त पाश्चात्य ज्योतिर्विदों द्वारा १७८७ ई० में हर्षल नामक ग्रह का अन्वेषण किया गया, तदनन्तर १८४६ ई० में नेप्च्यून तथा प्लूटो नामक ग्रहों को अन्विष्ट किया गया। यद्यपि पाश्चात्य ज्योतिर्विदों द्वारा राहु और केतु को केवल मान्यता प्रदान की गई है, किन्तु भारतीय ज्योतिषशास्त्र में राहु और केतु नामक छायाग्रहों को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है।[१८] राहु और केतु ये दोनों छायाग्रह १८०^0 पर आमने सामने हैं।

अपने वृत्त पर सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर पश्चिम दिशा से पूर्व दिशा की ओर परिभ्रमण करते हैं। जो ग्रह पृथिवी से दूर होते हैं, उनकी भ्रमण गति घट जाती है। चौबीस घंटों में सूर्य की राशि-भ्रमणगति १ अंश होती है। ३६५ दिन और ६ घंटों में सूर्य का राशि चक्र भ्रमण पूर्ण होता हे। चन्द्र की राशि चक्रभ्रमणगति १ घंटे ४ मिनट में १ अंश है। भौम की राशि चक्रभ्रमणगति 1½ दिन में १ अंश है। इस प्रकार ४५ दिनों में भौम की राशिचक्रभ्रमणगति ३०^0 है। बुध की राशिचक्रभ्रमणगति सामान्यता १ दिन में 1 ½ अंश है। जब बुध सूर्य के समीप रहता है, तब इसकी गति अस्थिर होती है। तीव्र गति से सूर्य के समीप जाने के बाद बुध की गति मन्द हो जाती है और उसका भ्रमण सूर्य के पीछे होता है। सूर्य के आगे-पीछे होने पर उसकी दूरी २८ अंश से अधिक नहीं होती। ३० अंश की एक राशि पर बृहस्पति का परिभ्रमणकाल १३ मास है। शुक्र के भ्रमण की गति १ दिन में लगभग १ अंश रहती है। सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक मन्द गति शनि ग्रह की है। १ मास में शनि १ अंश भ्रमण करता है। सम्पूर्ण राशिचक्र का भ्रमण शनि द्वारा 2½ वर्षों में किया जाता है।

---

१३ भृगुसंहिता : फलितप्रकाश-भृगुऋषि, पृ० २२

१४ ज्योतिषराकर-देवकीनन्दन सिंह, अँ ३, पृ० १९

१५ Rashis and Nakshatras were originally conceived as mere astronomical matters. The Scientific Base of Indian Astrology- Dr. Ram Krishna Shatri P.22

१६ ज्योतिषरहस्य-डॉ. पुरुषोत्तमशर्मा, पृ० २

१७ ज्योतिषरहस्य-डॉ.पुरुषोत्तमशर्मा, पृ० ३

१८ Rahu and ketu are shadows, say nodes of eclipse of moon and sun. - Rahu by Santkumar D.Thakur Published in Vidushi (Colombo) P. 104

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राहु और केतु का भ्रमण सर्वदा विपरीत दिशा की ओर होता है। इसे वक्री भ्रमण कहा जाता है। इनके द्वारा सम्पूर्ण राशिचक्र का भ्रमण १८ मास में पूर्ण किया जाता है। हर्षल का भ्रमण ७ वर्ष में और नेप्च्यून का १३१११ वर्ष में पूर्ण होता है। सूर्य और चन्द्र सर्वदा वक्रतारहित होते हैं, जबकि अन्य ग्रह वक्री हो जाते हैं। सूर्य और चन्द्र ग्रह सदैव मार्गी रहते हैं। मार्गी वह ग्रह है, जो अपनी गति पर आगे की ओर बढ़ता रहे, किन्तु वक्री वह ग्रह है, जो अपनी गति पर न चलकर उल्टा ही चले। मंगल, बुध, गुरु, शुक्र तथा शनि ये ग्रह कभी-कभी वक्री अथवा अतिचारी बन जाते हैं। राशियों में ग्रहों के शीघ्रतापूर्वक भ्रमण को अतिचार संज्ञा दी गई है। पीछे की ओर लौटने की क्रिया ग्रहों की वक्री गति कही जाती है। जो ग्रह वक्री या अतिचारी होते हैं, वे एक राशि पर अपना भ्रमण निचित काल में पूर्ण नहीं कर पाते, किन्तु परिभ्रमण पूर्ण करने में कुछ आगे या पीछे होते हैं।

सूर्य, मंगल एवं बृहस्पति पुरुषग्रह हैं, जबकि बुध पुरुषनपुंसक और शनि स्त्रीनपुंसक ग्रह है। चन्द्र और सूर्य सभी ग्रह हैं।

ग्रह चार प्रकार के हैं-स्तम्भी ग्रह, उदितग्रह, अस्तंगत ग्रह और उदयास्त। यदि कोई ग्रह भ्रमणगति के काल से अधिक समय तक किसी राशिविशेष में रहता हो, उसे स्तम्भी ग्रह कहा जाता है। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यदि कोई ग्रह भूवासियों द्वारा दृष्ट हो, तो वह उदितग्रह होता है। सूर्य की परिक्रमा के समय जब कोई ग्रह जगद्वासियों को दृष्टिगत नहीं होता, तो वह अस्तंगत ग्रह होता है। जब सूर्य के समीप पहुंचने पर कोई ग्रह दृष्ट नहीं होता, तो वह उदयास्त ग्रह होता है।

प्राचीनकाल में आश्लेषा नक्षत्र के आधे भाग से सूर्य का दक्षिणायन और घनिष्ठा के आधे भाग से सूर्य का उत्तरायण होता था। वराहमिहिर ने भी इस तथ्य को पूर्वशास्त्रों के आधार पर स्वीकार करते हुए बृहत्संहिता में इस तथ्य को उद्घाटित किया है।[१९]

वर्तमान समय में कर्क के आधोभाग से सूर्य का दक्षिणायन और मकर के आधे भाग से उसका उत्तरायण होता है, जैसा कि उन्होंने स्वयं ही स्वीकार किया है।[२०]

चन्द्रमा में अपने प्रकाश का अभाव है। वह सूर्य के प्रकाश से ही प्रकाशित होता है। वराहमिहिर ने इस तथ्य को प्रमाणित करते हुए सिद्ध किया है, कि जिस प्रकार दर्पण पर गिरती हुई सूर्य की किरणों का प्रतिबिम्ब घर के अन्दर के अन्धकार को नष्ट करता है, उसी प्रकार सलिलपिण्डात्मक चन्द्रमा के ऊपर गिरी हुई सूर्य की रश्मियों का प्रतिबिम्ब रात्रि के अन्धकार का विनाश करता है।[२१]

सिद्धान्तज्योतिष में प्रतिपादित ग्रह और नक्षत्र मूलरूप से खगोलशास्त्र में स्वीकृत महत्त्वपूर्ण तत्त्व हैं, जिनके अवलम्बन में ज्योतिर्विज्ञान का वैदिक संहिताओं और ब्राह्मण ग्रन्थ आदि के माध्यम से क्रमशः विकास हुआ।

---

१९ आश्लेषार्द्धाद्दक्षिणमुत्तरमयनं रवेर्धौनिष्ठाद्यम्। नूनं कदाचिदासीद्येनोक्तं पूर्वशास्त्रेषु।। - बृहत्संहिता- वराहमिहिर, ३.१

२० साम्प्रतमयनं सवितुः कर्कटकाद्यं मृगादितश्चान्यत्। -बृहत्संहिता-वराहमिहिर, ३.२

२१ सलिलमये शशिनि रवेर्दीधितयो मूर्च्छितास्तमो नैशम्। क्षपयन्ति दर्पणोदरनिहिता इव मन्दिरस्यान्तः। । -बृहत्संहिता-वराहमिहिर, ४.२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० १४०-१४४) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रामायण और रामचरितमानस में वर्णित नारी-धर्म

डॉ० मृदुल जोशी[1]

वाल्मीकि रामायण और रामचरित मानस में अनसूया-सीता प्रसंग में नारी-धर्म की विस्तार से चर्चा है। वाल्मीकि रामायण में तपोवृद्ध एवं वयोवृद्ध अनसूया के दर्शन होते हैं। वे एक महान् तपस्विनी हैं। स्वयं अत्रि मुनि भी उनकी तपस्या से अभिभूत हैं। उनके तपोबल के समक्ष बड़े से बड़े ऋषि-मुनियों की तपस्या भी अत्यल्प प्रतीत होती है। उग्र तपस्या के प्रभाव स्वरूप अनेक सिद्धियाँ उनके करतल गत हैं। बड़े से बड़े विघ्न दूर करने की उन्हें सामर्थ्य प्राप्त है। अत्रि मुनि राम के समक्ष उनका परिचय एक अति असामान्य विलक्षण नारी के रूप में देते हैं, जो अपने संकल्प मात्र से बुभुक्षित व्यक्तियों के लिए जल व फल-मूल उत्पन्न कर सकती है, अनावृष्टि से संतप्त एवं पिपासित जनता जनार्दन के लिए मंदाकिनी की धारा उस स्थल पर बहा सकती हैं। यह असाधारण कार्य उनकी तपस्या व त्याग के कारण ही निष्पादित हो सका है। इसीलिए पति अत्रि के हृदय में उनके लिए असीमित श्रद्धा व गर्व की भावना है। राम को परिचय देते हुए उनके प्रशंसासूचक उद्गार इस प्रकार प्रस्रवित होते हैं-

'रामाय चाचचक्षे तां तापसीं धर्मचारिणीम्।
दश वर्षाण्यनावृष्ट्या दग्धेलोके निरन्तरम्।
यया मूलफले सृष्टे जाह्नवी च प्रवर्तिता।
उग्रेण तपसा युक्ता नियमैश्चाप्यलंकृता।
दश वर्ष सहस्राणि यया तप्तं महत् तपः।
अनसूया व्रतैस्तात प्रत्यूहाश्च निबर्हिताः।।[2]

सहस्र वर्षें से तपस्यारत् अनसूया ही वाल्मीकि रामायण में नारी-धर्म की उपदेशिका के रूप में सामने आयी हैं। वाल्मीकि रामायण में उनकी उपस्थिति सर्वप्रथम अयोध्या काण्ड के ११७ सर्ग में होती है जहाँ वे एक अत्यन्त वृद्धा के रूप में आयी हैं-

शिथिलां वलितां वृद्धां जरा पाण्डुरमूर्धजाम्।
सततं वेपमानांगी प्रवाते कदलीमिव।[3]

(अर्थात् अनसूया का सारा शरीर झुर्रियों से भरा हुआ, बाल सफेद व अंग प्रत्यंग वार्द्धक्य के कारण शिथिल और प्रकंपित हैं।)

अनसूया सीता को पतिव्रत धर्म का पाठ पढ़ाती हैं। उनकी दृष्टि में सीता द्वारा समस्त पद-प्रतिष्ठा का परित्याग कर राम का वन में अनुसरण करना एक अत्यन्त उत्कृष्ट आचरण है। अनसूया की सोच त्याग और सहनशीलता की उदात्त भावना से प्रेरित है। स्त्री का यह रूप एक स्वस्थ परिवार की आधार शिला बन सकता है। यहाँ स्त्री एक अत्यन्त समर्थ और सक्षम रूप में सामने आयी है जो अपने संकल्प और कर्त्तव्य से अपने

---

१ असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार

२ वाल्मीकि रामायण/अयोध्या काण्ड/सर्ग ११७, श्लोक ९-११

३ वा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११७, श्लोक १८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन साथी के सोच को भी बदल सकती है। यद्यपि अनसूया के वचन आज के समाज में बहुत सी स्त्रियों को स्वीकार्य न होंगे और वे इसे स्त्री की पराधीन सोच का परिणाम बतायेंगी, लेकिन यह सोच अपने संकीर्ण सुख के इर्द-गिर्द ही नहीं घूमता प्रत्युत एक परिवार को बिखराव से बचाता है। अनसूया की सोच कुछ इस रूप में वाल्मीकि रामायण में सामने आती है-

नगरस्थो वनस्थो वा शुभो वा यदि वाशुभ:।
यासां स्त्रीणां प्रियो भर्ता तासां लोका महोदया:।।
दु:शील: कामवृत्तो वा धनैर्वा परिवर्जित:।
स्त्रीणामार्यस्वभावानां परमं दैवतं पति:।
नातो विशिष्टं पश्यामि बान्धवं विमृशन्त्यहम्।
सर्वत्र योग्यं वैदेहि तप:कृतमिवाव्ययम्।।
न त्वेवमनुगच्छन्ति गुणदोषमसत्स्त्रिय:।
कामवक्तव्यहृदया भर्तृनाथाश्चरन्ति या:।।
प्राप्नुवन्त्ययशश्चैव धर्मभ्रंशं च मैथिलि।
अकार्यवशमापन्ना: स्त्रियो या: खलु तद्विधा:।।
त्वद्विधास्तु गुणैर्युक्ता दृष्टलोकपरावरा:।
स्त्रिय: स्वर्गे चरिष्यन्ति यथा पुण्यकृतस्तथा।।[४]

(अर्थात् अपने स्वामी नगर में रहें या वन में, भले हों या बुरे, जिन स्त्रियों को वे प्रिय होते हैं, उन्हें महान् अभ्युदयशाली लोकों की प्राप्ति होती है। पति बुरे स्वभाव का, मनमाना बर्ताव करने वाला अथवा धनहीन क्यों न हो, वह उत्तम स्वभाव वाली स्त्रियों के लिए श्रेष्ठ देवता के समान है। मैं बहुत विचार करने पर भी पति से बढ़कर कोई हितकारी बन्धु नहीं देखती। अपनी की हुई तपस्या के अविनाशी फल की भाँति वह इस लोक में और परलोक में सर्वत्र सुख पहुँचाने में समर्थ होता है। जो अपने पति पर शासन करती है, वे काम के अधीन चित्त वाली असाध्वी स्त्रियाँ इस प्रकार पति का अनुसरण नहीं करती। उन्हें गुण दोष का ज्ञान नहीं होता; अत: वे इच्छानुसार इधर-उधर विचरती रहती हैं। ऐसी नारियाँ अवश्य ही अनुचित कर्म में फँसकर धर्म से भ्रष्ट हो जाती हैं और संसार में उन्हें अपयश की प्राप्ति होती है। किन्तु जो तुम्हारे समान लोक-परलोक को जानने वाली स्त्रियाँ है वे उत्तम गुणों से युक्त होकर पुण्य कर्मों में संलग्न रहती है; अत: वे दूसरी पुण्यात्माओं की भांति स्वर्गलोक में विचरण करेंगी।)

सती अनसूया का समग्र चिंतन एक स्वस्थ पारिवारिक व्यवस्था को बनाये रखने में है। पति-पत्नी का पारस्परिक सहभाव, सुख-दु:ख में साँझी भागीदारी परिवार को बिखराव से बचाती है। वैचारिक वैभिन्य और गार्हस्थ्य जीवन में केवल और केवल सुखोपभोग की आशा-अभिलाषा सद्गृहस्थी के लक्षण नहीं हैं। विवाह एक समझौता नहीं है, एक पवित्र गठबंधन है, जहाँ स्वसुखोपभोग के संकुचित चिंतन क्षेत्र से निकलकर जीवन-साथी को मनसा-वाचा-कर्मणा मानसिक संबल देने का पुनीत प्रयत्न भी सम्मिलित है। यद्यपि यह सोच एक तरफा न होकर पुरुष वर्ग से भी अपेक्षित है लेकिन ये उद्गार अनसूया के मुख से नि:सृत हैं, जहाँ उनकी सोच अधिकारों पर केन्द्रित न होकर कर्त्तव्य पर अधिक टिकी है। वैसे भी प्रत्येक व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

४ वा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११७, श्लोक २३-२८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपना कर्त्तव्य करने के लिए स्वतंत्र और सक्षम है। दूसरे से केवल वह अपेक्षा रख सकता है। यह अपेक्षा कभी वंचना का भी शिकार बन सकती है, जिसमें केवल और केवल दुःख ही मिलता है। आज के प्रसंग में भी स्त्रियाँ केवल अपने अधिकारों के लिए सचेत हैं और केवल अपना सुख चाहती हैं। ऐसी सोच भी एकांगी ही है। सुख की तलाश में वे पग-पग पर धोखे का शिकार होती हैं और कभी-कभी विवेकशून्य अमर्यादित जीवन उन्हें अपयश और अवसाद के अन्धकूप में ही धकेलता है। **'अकार्यवशमापन्नाः स्त्रियो याः खलु तद्विधाः'** कहकर अनसूया ऐसी ही स्त्रियों की ओर संकेत कर रही हैं। जबकि ऐसे भी अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं जहाँ थोड़े से धैर्य, थोड़े से विवेक और त्यागमय जीवन ने अपने जीवनसाथी के चरित्र को आमूलचूल परिवर्तित कर सुखमय जीवन की आधार शिला रखी है। निश्चित रूप से यह गुण उसे पुरुषों से विशिष्ट सिद्ध करता है। इसीलिए सती अनसूया सीता को उपदेशित करती हैं-

तदेवमतं त्वमनुव्रता सती पतिप्रधाना समयानुवर्तिनी।
भव स्वभर्तुः सहधर्मचारिणी यशश्च धर्मं च ततः समाप्स्यसि।।[५]

(अर्थात् तुम अपने पति को प्रधान देवता मानती हुई, सती धर्म का पालन करते हुए उनकी अनुवर्ती बनी हुई सहधर्मिणी बनो। इससे तुम्हें सुयश और धन दोनों को प्राप्ति होगी।)

सीता और अनसूया दोनों ही विचारवान् और विवेकी नारियाँ हैं। उन्हें सद्-असद् के सूक्ष्म विवेक का ज्ञान है। पति के सुख-दुःख में सहभागिता और पारस्परिक अगाध विश्वास उनके प्रेम का मेरुदण्ड बना है। वे सच्चे प्रेम और वासनाजन्य भोग की सूक्ष्म विभाजक रेखा को भलीभाँति जानती हैं। इसका यह मतलब कदापि नहीं कि वे परम्परावादी दासता की बेड़ियों में जकड़ी हैं। वे तो परस्पर प्रेम, श्रद्धा और विश्वास की डोर को थामकर एक आदर्श व्यवस्था को जन्म देना चाहती हैं। उन्हें तो अपने उस अगाध क्षमता और सामर्थ्य का भी ज्ञान है जिसके बल पर वे दूषित चरित्र वाले जीवन साथी के जीवन को भी सही दिशा में मोड़ सकती हैं।

सीता का मानस भी अनसूया के ही धरातल पर खड़ा है। वह उन्मुक्त कण्ठ से स्वीकारती हैं-

'पतिशुश्रूषणान्नार्यास्तपो नान्यद् विधीयते।'[६]

(अर्थात् स्त्री के लिए पति सेवा के अतिरिक्त किसी दूसरे तप का विधान नहीं है।) आत्मविश्वासी सीता निःशंक होकर कहती है-

यद्यप्येष भवेद् भर्ता अनार्यो वृत्तिवर्जितः।
अद्वैधमत्र वर्तव्यं यथाप्येष मया भवेत्।।[७]

वास्तव में निर्धन और चरित्रहीन व्यक्ति को सुधारने का सत्साहस सीता के पास है। तभी तो वह उपर्युक्त कथन कहने का साहस रखती हैं। उसके समक्ष सावित्री*, अनसूया*, रोहिणी* के प्रत्यक्ष उदाहरण भी हैं। सीता भारतीय संस्कृति की संरक्षिका है। उसे अपनी माता व सास से भी यही शिक्षा मिली है।

---

५ दा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११७, श्लोक २९

६ दा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११८, श्लोक ९

७ दा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११८, श्लोक ३वा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११८, क्रमशः श्लोक १०,११,१२क. पाणिप्रदानकाले च यत् पुरा त्वग्निसंनिधौ। अनुशिष्टं जनन्या मे वाक्यं तदापि मे धृतम्।। वा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११८, श्लोक ८ख. आगच्छन्त्याश्च विजनं वनमेवं भयावहम्। समाहितं हि मे श्वश्र्वा हृदये यत् स्थितं मन। वा०रा०/अयो०का०/सर्ग ११८, श्लोक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुलसी ने भी 'रामचरितमानस' में वाल्मीकि के समान ही नारी-धर्म की विवेचना की है। पति-पत्नी का गठबंधन गुरुतर उत्तदायित्व वहन की माँग करता है। तुलसी अपनी युग की माँग-स्वरूप नैतिकता पर अधिक बल देते हैं। उनके अनुसार-

जग पतिव्रता चारि विधि अहहीं। वेद पुरान संत सब कहहीं।।
उत्तम के अस बस मन माहीं। सपनेहुँ आन पुरुष जग नाहीं।।
मध्यम परपति देखइ कैसें। भ्राता पिता पुत्र निज जैसें।।
बिनु अवसर भय ते रह जोई। जानेहु अधम नारि जग सोई।।
पतिवंचक परपति रति करई। रौरव नरक कल्प सत परई।।
छन सुख लागि जनम सत कोटी। दु:ख न समुझ तेहि सम को खोटी।।[८]

संयम और स्वानुशासन के माध्यम से ही स्वेच्छाचारिता पर अंकुश लगाया जा सकता है। उत्तम, मध्यम, निम्न, निकृष्ट स्त्रियों की कोटि निर्धारण करते समय भी तुलसी की यही भावना काम कर रही है। इसका यह कदापि अर्थ नहीं है कि ऐसा संयम व स्वानुशासन का पाठ केवल स्त्रियों को ही पढ़ाया जा रहा है। राम जैसे चरितनायक की सृष्टि कर उन्होंने पुरुष वर्ग के कर्त्तव्यों का भी स्पष्ट खाका खींचा है। अंतिम पंक्तियों में यौन स्वेच्छाचारिता को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया है। एक विकृतिमुक्त स्वस्थ परिवार और समाज की कल्पना इसके बिना संभव ही नहीं हो सकती। समाज को अनुशासित करने के उद्देश्य से तुलसी ने अनसूया के माध्यम से स्वेच्छाचारिता के दुष्परिणाम का भय भी दिखाया है-

पति प्रतिकूल जनम जहँ जाई। विधवा होइ पाइ तरुनाई।।[९]

वाल्मीकि के समान ही तुलसी भी जीवन साथी के प्रति मन, वचन, कर्म से किये समर्पण को प्रेम का मूल आधार मानते हैं-

एकइ धर्म एक व्रत नेमा। कायँ वचन मन पति पद प्रेमा।।[१०]

पश्चिम में पारिवारिक बिखराव का कारण क्या है? वहाँ ऐसे समर्पण की सर्वाधिक न्यूनता दिखाई पड़ती है और परिणाम? स्वाधीनता और आधुनिकताजन्य प्रबोध के नाम पर अनेक दम्पति तलाक और पुनर्विवाह के बाद भी असंतोष और अवसाद के दलदल में छटपटाते रह जाते हैं। तुलसी मानते हैं-

धीरज धर्म मित्र अरु नारी। आपद काल परिखअहिं चारी।।[११]

धैर्य, धर्म, मित्र और स्त्री की विपत्ति में ही परीक्षा होती है। विपत्ति में ही स्त्री-पुरुष को परस्पर मानसिक सम्बल प्रदान करने की अधिक आवश्यकता होती है। यही वह निकष है जहाँ निष्कपट सच्चे प्रेम को परखा जा सकता है। वाल्मीकि के समान ही तुलसी भी माता-पिता, भाई-इन सबसे पति का स्थान स्त्री के लिए सर्वोपरि मानते हैं।[१२] तुलिसी का यह भी मानना है कि-

वृद्ध रोग बस जड़ धन हीना। अंध बधिर क्रोधी अति दीना।

---

८ रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/११-१७
९ रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/१९
१० रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/१०
११ रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/७
१२ मातु पिता भ्राता हितकारी। मित प्रद सब सुनु राजकुमारी।। अमित दानि भर्ता बयदेही। अधम सो नारि जो सेव न तेही।।
रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/५-६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसेहु पति कर किएँ अपमाना। नारि पाव जमपुर दु:ख नाना।।[१३]

निर्धनता और रोग कभी भी किसी भी व्यक्ति को घेर सकते हैं। तो क्या ऐसे में उसका परित्याग उपयुक्त है? कालक्रम से बुढ़ापा भी प्रत्येक को आ दबोचता है। प्रश्न उठता है कि ऐसे संकटग्रस्त क्षणों में क्या पत्नी द्वारा पति को छोड़ देना चाहिए? तुलसी मानवता के पुजारी थे। अंधे, बहरे, क्रोधी व अति दीन-हीन व्यक्ति को न त्यागने के पीछे भी उनकी यही भावना काम कर रही है। प्रसंगानुकूल यहाँ केवल स्त्री धर्म की चर्चा हुई है, अन्यथा एक आदर्श व्यवस्था के तहत आचार्य तुलसी पुरुष वर्ग से भी ऐसे ही व्यवहार की माँग करते हैं।

वाल्मीकि हों या तुलसी- दोनों ही आदर्श भारतीय संस्कृति के संपोषक हैं। अनसूया-सीता-मिलन-प्रसंग में उपदेशित नारी-धर्म आज भी सुधी वर्ग द्वारा पुनर्मूल्यांकन की अपेक्षा रखता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१३ रामचरितमानस, तुलसी/अरण्य काण्ड/दोहा सं० ४/८,९

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१४५-१५२) ISSN 0974 – 8830

भागवतमहापुराणोक्तं सूर्यवैशिष्ट्यं तस्य वेदमूलकत्वञ्च

प्रो० राजेश्वर मिश्रः[1]

यो प्रेरयति जीवान्हि स्वे स्वे कर्मणि नित्यशः।
ज्योतिषामुत्तमं ज्योतिः तदेव सवितोच्यते॥ १॥
कालाध्यक्षो गणाध्यक्षो प्राणिनां प्राणधारकः।
संवसन्त्यस्मिन्भूतानि तस्मात्संवत्सरो हि सः॥ २॥
द्वादशादित्यरूपो यः सर्वभूतहिते रतः।
स एव भगवान्सूर्यः स्तूयते बुद्ध्यवाप्तये॥ ३॥
भागवतपुराणेऽस्मिन् वैशिष्ट्यं यन्निगूहितम्।
महर्षिणा दिनेशस्य तदुद्घाट्य प्रकाश्यते॥ ४॥

अस्ति लौकिकसंस्कृतवाङ्मये पुराणसाहित्यस्य स्वकीयं विशिष्टं स्थानम्। पुराणशब्दः प्रथमं यद्यप्यथर्ववेदे सप्त-स्थलेषु कासुचिद् विभक्तिषु प्रयुक्तः, परन्त्वेवं प्रतीयते यदत्रासौ शब्दः प्रायः 'पुरातनम्' इत्यर्थे विनियुक्तः। यथा-'पुराणम्-पुरातनवृत्तान्तकथनरूपम् आख्यानमित्यनेन रूपेण शब्दोऽयमाचार्यसायणैरपि व्याख्यातः।[2] परन्त्वस्य वेदस्य 'स्कम्भसूक्तस्य' निम्नमन्त्रेणैवं प्रतिभाति यदत्र 'किं नाम पुराणमिति' परिभाषितम्, तद्यथा-

यत्र स्कम्भः प्रजनयन् पुराणं व्यवर्तयत्।
एकं तदङ्गं स्कम्भस्य पुराणमनु संविदुः॥[3]

एवमेव 'उच्छिष्ट'-सूक्तस्यैकेन मन्त्रेण ज्ञायते यदृक्-साम-यजुषादिभिर्वेदैः सह पुराणं, देवाः, द्युलोकाश्रिताः प्राणिनः सर्वे उच्छिष्टब्रह्मण एवोद्भूताः।[4] अनेनैवमनुमीयते यत् पुराणशैलीष्वाख्यानादीनां लेखनमतिप्राचीनम्। अथर्ववेदस्य व्रात्येत्यस्याध्यात्मसूक्तस्यैकस्मिन् मन्त्रे स्पष्टतः पुराणस्योल्लेखः कृतो वर्तते। अत्र प्रतिपादितं विद्यते यद् 'बृहतीं दिशां प्रति व्रात्ये गमने सति तमनु व्यचलनितिहासपुराणादयः। यः कोऽपि व्रात्यस्यैतादृशं स्वरूपं ज्ञातुं समर्थो भवति, स इतिहासपुराणादीनां प्रियमधिष्ठानं भवति।[5] एतेनापि एवं ध्वन्यते यदतिप्राचीनकालादेव ब्रह्मादिविषयकसृष्टिः, तेषां स्वरूपादीनां कथनं पुराणमित्यनेन नाम्नैव विख्यातमासीत्। अस्यैव वेदस्यैकेनेतरेण मन्त्रेणापि तथ्यमिदं प्रमाणितं भवति, यस्मिन्मन्त्रे वर्तमान् पृथिव्याः पूर्वस्याः प्राचीनकालिक्या वा भूम्याः यथार्थं (नामपूर्वकम्) ज्ञाता पुराणविदुच्यतेष।[6] साक्ष्यैरेभिरेवं प्रतिभाति यद्

---

१ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयः, कुरुक्षेत्रम् (हरियाणा)
२ अथर्व०, ११.९.२४, सायणभाष्यम्।
३ अथर्व० १०.७.२६
४ तदेव, ११.७ (९).२४: ऋचः सामानिच्छन्दांसि पुराणं यजुषा सह। उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रिताः॥
५ अथर्व० १५.६.१०-१२: तमितिहासश्च पुराणं च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन इतिहासस्य च वै स पुराणस्य च गाथानां च नाराशंसानां च प्रियं धाम भवति य एवं वेद।
६ तदेव, ११.८ (१०).७: येत आसीद्भूमिः पूर्वा यामद्धातय इद्विदुः। यो वै तां विद्यान्नामथा स मन्येत पुराणवित्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिकयुगे सर्ग-प्रतिसर्ग-देव विद्यादीनां कथनमाख्यान माध्यमेन पुराणशैल्यां क्रियते स्म। तमनुसृत्य परवर्ति-पुराणसाहित्यं प्रणीतम्। अतः संस्कृतवाङ्मये पुराणग्रन्थानां प्राथम्यं स्वकीय वैशिष्ट्यञ्चास्ति।

'इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेद्' इत्याप्तवचसा सूच्यते यदेकतो वेदेषूपन्यस्तानि सृष्टिविद्या-देव विद्यादीनि सूक्ष्मतत्त्वान्येव पुराणानि कथाशैल्यां विशदयन्ति, अपरतश्च काव्य-नाटकादिनानाग्रन्थान् प्रणयितुं कथावस्त्वपि प्रयच्छन्ति। दृशानया पुराणानां लोकोपकारित्वं सार्वकालिकमस्ति। मत्स्यपद्मपुराणानुसारं सर्वविधज्ञानोपपादकं पुराणं ब्रह्मणा सर्वशास्त्राणां प्रथमं स्मृतम्[७], यतो हि पुराणवक्त्रेभ्यो वेदरूपं ज्ञानं जनसामान्यं यावत् प्रवर्तितम्।[८] अतः प्रथमं भगवता ब्रह्मणा दृष्टं तदनन्तरं च महर्षिणा वेदव्यासेन सम्यक्तयोपदिष्टं विविधज्ञानानामाकरं पुराणं नाम सर्वोत्तमक्षरं वाङ्मयं लोकजीवने सर्वकालेषु सर्वात्मनोपकारकमिति निश्चप्रचम्। पुराणेषु ब्रह्मसम्मितं श्रीमद्भागवतपुराणं[९] तु स्वकीये विशिष्टं स्थानं भजते, यतो हि महर्षिणा वेदव्यासेन पुराणमेतद् ब्रह्मपुत्रान्नारदात् तस्मिन्कालेऽधिगतं, यदासौ ब्रह्मसूत्र-महाभारत-वेदसंहितेत्यादीनां ग्रन्थानां प्रणयनानन्तरमप्यशान्तचित्तः शोकमग्नश्चासीत्।[१०] तत्त्वतः शुकशास्त्ररूपं विश्वविश्रुतमिदं पुराणं भूतेभ्यो मृत्युभयान्मुक्तिदायकमथ च कैवल्याधिगमस्यैकं साधनमिति।[११][१२] यद्यपि भगवच्छुकप्रोक्तेऽस्मिन्महापुराणे नानाविषयो गुम्फिताः सन्ति, ततापि वैष्णवसम्प्रदायस्य पुराणभूतत्त्वाद् भगवतो विष्णोरनेकावताराणां महिम्नः कीर्तनमेवास्य प्रमुखं प्रतिपाद्यमस्ति; अतः स्थावरजङ्गमात्मकस्य जगदात्मरूपस्य सूर्यदेवस्य नातिविस्तरं विवरणमत्र प्राप्यते। परन्तु द्वादशादित्येषु विष्णुरपि सूर्यस्य रूपैकविशेषस्य द्योतकोऽस्ति; अतो यत्र-तत्रास्य (सूर्यस्य) आधिभौतिकमाधिदैविकमाध्यात्मिकं च वैशिष्ट्यं संसूचितम्, तदधिकृत्य यथामति विविच्य चेमं शोधपत्रं प्रस्तौति जनोऽयं पुराणपूतहृदयानां सुधियां विदुषां मनः प्रीतये।

सूर्यस्य स्वरूपं तन्माहात्म्यञ्च वेदेषु बहुधा प्रतिपादितमस्ति। मन्त्रद्रष्टारः ऋषयस्तत्सम्बन्धिसूक्तेषु स्तुवन्ति तस्य नानारूपं सूर्यं सवितारं वाथ च गायन्ति तस्य महिमानम्। सर्वविधपापान् कष्टांश्च दूरीकर्तुमपि च बहुविधमङ्गलाय (शंकर्तुम्) ते तमर्चयन्ति।[१३] इतोप्यधिकं, प्राचीनकालादेव द्विजब्रह्मचारिणामुपनयनकाले द्विजादिभ्यो गायत्रीछन्दसि निबद्धेन सवितृदेवस्तुतिपरकेण मन्त्रेण[१४] सूर्यार्चनोपदेशः, नित्यसन्ध्योपासनविधौ तन्मन्त्रस्य विनियोगः, इष्टसिद्धये चानुष्ठानविशेषे सावित्रीमन्त्रस्य यथाविधि जप इत्यादयः सूर्यस्य सनातनं प्राचीनं च वैशिष्ट्यमेव व्यञ्जन्ति। अनेन प्रकारेण सुदूरवैदिककालादारभमाणा सूर्यस्योपासना पौराणिकं कालं यावत् सुदृढा प्रतिष्ठिता च जातेति प्रायः प्रमुखेषु सर्वेषु पुराणेषु प्रतिष्ठितात् पौराणिकदेवेषु सूर्यस्य महत्त्वपूर्णस्थानात् स्फुटं प्रतिभाति।[१५] तस्य त्रिविधं वैशिष्ट्यमग्रे एवं विवेच्यते-

---

७ पद्मपु०, प्रथम अध्याय-पुराणं सर्वसास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्। उत्तमं सर्वलोकानां सर्वज्ञानोपपादकम्॥ मत्स्यपु०, ५१.१: पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्।

८ तदेव, ५१.१: अनन्तरं च वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिर्गताः॥

९ भाग०पु०, २.१.८: इदं भागवतं नाम पुराणं ब्रह्मसम्मितम्। द्रष्टव्यः, तदेव, २.८.२८: प्राह भागवतं नाम पुराणं ब्रह्मसम्मितम्।

१० तदेव, २.९.४४: नारदः प्राह मुनये सरस्वस्त्यास्तटे नृप। ध्यायते ब्रह्मपरमं व्यासायामिततेजसे॥

११ तदेव, माहात्मम्य, ३.२८: किं शतैर्बहुभिः शास्त्रैः पुराणैश्च भ्रमावहैः। एकं भागवतं शास्त्रं मुक्तिप्रदानेन गर्जति॥

१२ ऋ०, १.३५; २.३८; १.११५; ८.५८.२; १०.३७.४; १.१९१.८; यजु०, ७.४२; २.२६; अथर्व० ७.५३.७; ६.६२.३; १३.१.४५; १३.२.९-१०, ३२, ३४, ३५ इत्यादयः।

१३ ऋ० ५.८२.२: विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद्भद्रं तन्न आ सुव॥ : यजु० ३०.३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१४ तदेव, ३.६२.१०: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥ तु० यजु०,

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधिभौतिकं वैशिष्ट्यम्-

आधिभऔतिकदृष्ट्या वैदिकपरम्परानुसारमेव भागवतमहापुराणेऽपि सूर्यः प्रकाशस्यैकमात्रं स्रोतः स्वीकृतः। तदनुसारं स एव स्वकीयमधिष्ठानमण्डलं प्रकाशयति निखिलं भुवनमप्यालोकयति स्वप्रकाशपुञ्जैः।[१६] असावेव स्वरश्मिभिः भासते, भासयति चाखिललोकान्।[१७] जागतिकव्यवहारदृशा विविधानां कालखण्डानां जनकोऽपि सूर्य एव। अणोरारभ्य वत्सर-संवत्सर-परिवत्सर-इदावत्सरानुवत्सरपर्यन्तां पञ्चविधानां कालसूचक- वर्षाणां प्रवर्तयिता भानुरेव कालाख्यया लोके प्रसिद्धः।[१८] एष एव पञ्चभूतानां तेजःस्वरूपमस्ति, स्वकीयेन कालशक्त्या च बीजादिपदार्थानामङ्कुरणशक्तिमप्यनेकधा कार्योन्मुखी-करोति, अथ च पुरुषाणां मोहनिवृत्तिहेतवे तेषां जीवनकालं (आयूंषि) क्षीणयति, यज्ञादिकर्मभिश्चाधिगम्यमानानि स्वर्गादिमङ्गलमयकर्मफलान्यपि विस्तारयति।[१९] अस्य महापुराणस्य पञ्चमे स्कन्धे सूर्यस्य वैशिष्ट्यमुपपादयन् **'ब्रह्माण्डेऽस्य स्थितिः कुत्र वर्तते'**? इत्यस्यापि सङ्केतो वर्तते। तदनुसारं द्यावापृथिव्योर्मध्ये ब्रह्माण्डस्य यत् केन्द्रभूतं मध्यस्थानं तदेवास्यावस्थानम्। अस्मात् स्थानादर्थात् (सूर्याण्डगोलयोर्मध्ये) सूर्यादूर्ध्वगोलकपर्यन्तं सर्वतः पञ्चविंशतिकोटियोजनानामन्तरं स्वीक्रियते। अस्मिन्नेव मृतेऽचेतने ब्रह्माण्डे एष सूर्यो वैराजरूपेण प्रविष्टभूतत्त्वादेव मार्तण्डोऽप्युच्यते।[२०]

श्रीमद्भागवतमहापुराणे सवितृरथस्य तद्गतेरपि वर्णनं प्राप्यते, येन सूर्यस्य ज्योतिषाविषयकं वैशिष्ट्यं ज्ञातुं शक्यते। द्यावाभूम्योर्मध्ये स्थितेऽन्तरिक्षलोके विद्यमानानां ग्रह-नक्षत्राणामधिपतिः एष सूर्यः लोकत्रयमालोकयति। एष एवोत्तरायण-दक्षिणायन-विषुवत्संज्ञाभिः क्रमशः मन्दक्षिप्रः-समगतिभिः प्रवर्तयन् यथाकालं राशिषु आरोहणावरोहण-समस्थानेषु अभिपद्यमानोऽहोरात्राणि दीर्घह्रस्वसमानानि विधत्ते।[२१] यदैषः सूर्यो मेष-तुलयोरापद्यते तदाहोरात्राणि समानानि भवन्ति, परन्तु यदासौ वृषभादिषु पञ्चसु च राशिषु वर्तते, ता प्रतिमासं एकैका घटिका रात्रि ह्रसति, तेनैव क्रमेण चाहानि वर्धन्ते।[२२] तदनन्तरं यदा एष भानुः वृश्चिकादिषु पञ्चसु राशिषु चरति तदाऽहानि न्यूनानि भवन्ति रात्रयोऽधिकाश्च। एवं प्रकारेण दक्षिणायनं यावदहानि वर्धन्ते उत्तरायणं यावच्च रात्रयो वृद्धिं यान्ति।[२३] एवमेवैष सूर्यः संवत्सरस्य (वर्षस्य) निर्माणं करोति, यस्य सप्रतीकं वर्णनमस्मिन्पुराणे प्राप्यते। तदनुसारं संवत्सरं (वर्षम् सूर्यरथस्यैकं चक्रम्, यस्य द्वादशमासाः अराः, त्रीणि चातुर्मास्यानि नाभयं षड्ऋतवश्च नेमयः सन्ति।[२४] गायत्र्यादीनि वैदिकछन्दांसि आदित्यस्यास्य रथवाहकोऽश्वाः

मार्कण्डे०पु०, ९८.१५-२५;९९.१३-२२ इत्यादय।

१६ भाग०पु०, २.६.१६: स्वाधिष्ण्यं प्रतपन् प्राणो बहिश्च प्रतपत्यसौ।

१७ तदेव, २.६.२१:, ..गोभिः सूर्य इवातपन्।

१८ तदेव, द्रष्टव्यः-३.११.१-१५ (श्लोकाः)।

१९ भाग० पु०, ३.११.१५: य सृज्यशक्तिमुरुधोच्छ्वसयन् स्वशक्त्या पुंसोऽभ्रमाय दिवि धावति भूतभेदः। कालाख्यया गुणमयं क्रतुभिर्वितन्वंस्तस्मै बलिं हरत वत्सरपञ्चकाय॥

२० तदेव, ५.२०४३-४४: अण्डमध्यगतः सूर्यो द्यावाभूम्योर्यदन्तरम्। सूर्याण्डगोलयोर्मध्ये कोट्यः स्युः पञ्चविंशतिः॥ मृतेऽण्ड एष एतस्मिन् यदभूतत्ततो मार्तण्ड इति..।

२१ तदेव, ५.२१.३: यन्मध्यगतो भगवांस्तपताम्पतिस्तपन...राशिष्वहोरात्राणि दीर्घह्रस्वसमानानि विधत्ते।

२२ भाग०पु० ५.२१.४: यदा मेषतुलयोर्वर्तते तदाहोरात्राणि समानानि भवन्ति, यदा वृषभादिषु पञ्चसु च राशिषु चरति तदाहान्येव वर्धन्ते ह्रसति च मासि मास्येकैका घटिका रात्रिषु।

२३ तदेव, ५.२१.५-६: यदा वृश्चिकादिषु पञ्चसु वर्तते तदाहोरात्राणि विपर्याणि भवन्ति। यावद्दक्षिणायनमहानिवर्धन्ते यावदुदगयनं रात्रयः।

२४ तदेव, ५.२१.१३: यस्यैकं चक्रं द्वादशारं षळनेमि त्रिणाभि संवत्सरात्मकं समामनन्ति तस्याक्षो मेरीमूर्धनि कृतो..।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन्यन्ते, येऽरुणयोजिताः देवमादित्यं वहन्ति।[२५] भागवतपुराणोक्तेऽस्मिन्प्रसङ्गेऽपि वेदानां प्रामाण्यं वर्तत एव। ऋग्वेदेऽथर्ववेदे चादित्यसमर्पितस्य मन्त्रैकस्य प्रतीकात्मकव्याख्याऽऽत्र दृग्गोचरी भवति, यस्मिन्मन्त्रे त्रिनाभियुक्तं सप्ताश्ववाहकं रथमेकचक्रं सङ्केतितम्, यदजरममरञ्चास्ति, यत्र च स्थावरजङ्गमात्मकानि विश्वानि भुवनान्यधिष्ठितानि भवन्ति।[२६] श्रीमद्भागवतेतरपुराणेष्वप्यादित्यस्य रथस्यैतादृशं वर्णनं द्रष्टव्यमस्ति।[२७] भवति तदा भूमौ (भूलोके) बहुविधानामुपद्रवाणां सम्भावना भवति। यथा महापुराणस्यास्य पञ्चमे स्कन्धे सूर्यगत्या सह चन्द्रादिग्रहाणां स्थितेर्गतिश्चोल्लेखसन्दर्भे सङ्केतितम्। अत्रोक्तं यदि सूर्यगतेरनुकूलमन्यग्रहाणां गतिर्न भवति तदा भूमौ अनेकविधानाममङ्गलानां सम्भावना विद्यते। उदाहरणार्थम्-बुधग्रहो यद्यपि ज्योतिषदृशा प्रायः मङ्गलकारी ग्रहो वर्तते, परन्तु यदैषो दिवाकरस्य गतिं व्यतिरिच्य चलति, तदातिवाताभ्रप्रायानावृष्ट्यादिभयमाशंसते।[२८] अनेनैवं प्रतिभाति यद् सूर्यस्य प्रामुख्यं वर्तते, यस्य चर्चा विशदेनास्य पुराणस्य पञ्चमे स्कन्धेऽध्यायद्वये कृतोपलभ्यते।[२९] सूर्यचन्द्रादिग्रहाणां मण्डलविस्तारोऽप्यत्र सङ्केतितः। तदनुसारमादित्यमण्डलस्य विस्तारो दशयोजनसहस्रं, चन्द्रमसो द्वादशयोजनसहस्रमथ च राहोः त्रयोदशयोजन सहस्रं परिमाणितः।[३०] एवमेवास्मिन् पुराणे सूर्यस्याधिभौतिकं वैशिष्ट्यं बहुधा परिकीर्तितं, परं विस्तरभिया तत्सर्वमनुल्लिख्य केवलं दिङ्मात्रमत्रोपस्थापितम्। अत एतेनैवादित्यस्याधिभौतिकं वैशिष्ट्यं ज्ञातुं पारयामो वयम्। विषयेऽस्मिन् विस्तरेण परिज्ञातुं पञ्चमस्कन्धस्योपर्युक्तमध्यायद्वयं द्रष्टव्यम्।

आधिदैविकं वैशिष्ट्यम्-

ब्रह्मसम्मिते श्रीमद्भागवतमहापुराणेऽनेकत्रादित्यस्य दैवतं वैशिष्ट्यं सङ्कीर्तितम्। 'विराटपुरुषस्य (ब्रह्मणः) ज्योतिश्च क्रमेव (नेत्र-गोलकम्) नाकस्य सूर्यस्य च जन्मस्थानमिति' पुराणमेतद् उपपादयति।[३१] अत्र वेदस्य पुरुषसूक्तेऽभिव्यक्ता-' विराट्ब्रह्मणः चक्षोः सूर्यो अजायत' इत्यवधारणा[३२] स्फुटेन परिलक्ष्यते। अस्मिन् पुराणेऽन्यत्र एष सूर्यः हिरण्यमय(ज्योतिर्मय)-ब्राह्मण्डादुद्भूतत्वात् हिरण्यगर्भोऽपि मतः।[३३] एष एव हिरण्यगर्भः सूर्यः सृष्टेः परमकारणरूपः सर्गादौ जातः।[३४] तेजोमयत्वादस्य सूर्यस्य सर्वाण्यङ्गानि हिरण्यमयानि भवन्ति[३५] इति श्रुतिसम्मितम्। एष एव दिशः, आकाशस्य, भ्वादिलोकानां, स्वर्गस्य, मोक्षप्रदेशस्य, नरकस्य

---

२५ तदेव, ५.२१.१५:..रविरथयुगो यत्र हयाश्छन्दोनामानः सप्तारुणयोजिता वहन्ति देवमादित्यम्।

२६ ऋ० १.१६४.२: सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो वहति सप्तनामा। त्रिणाभि चक्रमजरमनर्वं यत्रेमा विश्वा भुवनानि तस्थुः॥ तुल०, अथर्व= ९.९.२; १३.३.१८।

२७ मत्स्यपु० १२५.३७; वायुपु० ५१.६०-७६ इत्यादयः।

२८ भाग०पु० ५.२२.१३: बुधः सोमसुत उपलभ्यमानः प्रायेण शुभकृघदार्काद् व्यतिरिच्येत तदातिवाताभ्र-प्रायानावृष्ट्यादिभयमाशंसते।

२९ तदेव, द्रष्टव्यः ५.२१ एवम् २२ अध्यायद्वयम्।

३० तदेव, ५.२४.२: यददस्तरणेर्मण्डलं प्रतपतस्तद्विस्तरतो योजनायुतमाचक्षते द्वादशसहस्रं सोमस्य त्रयोदशसहस्रं राहोर्यः पर्वणि..।

३१ तदेव, २.६.३: रूपाणां तेजसां चक्षुर्दिवः सूर्यस्य चाक्षिणी.।

३२ ऋ०, १०.९०.१३: चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत। तुल० राज० सं० ३१.१२; अथर्व० १९.६.७

३३ भाग०पु० ५.२०४४: हिरण्यगर्भ इति याद्धरिण्याऽसमुद्भवः।

३४ ऋ० १०.१२१.१: हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः परितरेक आसीत्। तुल०, यजु० १३.४, २३.१, २५.३१०; अथर्व० ४.२.७; तै०सं०, ४.१.८.३ इत्यादिषु।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३५ काठ० सं० २१.६: शत० ब्रा० ७.४.१.१५: स हिरण्मयो भवति।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसातलस्य, अपि चान्यसमग्रभागानां विभागस्य मूलकारणम्।[३६] पुराणस्यास्य द्वादशस्कन्धे सूर्यो वस्तुतो नारायणपुरुषस्य अर्थात् ब्रह्मणो नेत्ररूपो मन्यते, यो निखिलभौतिकजगद्भ्यो दर्शनशक्तिं यच्छति।[३७] सूर्यमण्डलमग्निमण्डलं वाऽत्र भगवतः पूजास्थानमङ्गीकृतम्।[३८] 'आदित्यः तत्त्वतः स्वयं भगवतो नारायणस्यैव रूप एवेति' धारणा दृढीकरोति पुराणमेतत्।[३९] सर्वलोकानामात्माऽऽदिसृष्टिकर्त्ता श्रीहरिरेवान्तर्यामितयादित्यरूपं धृतवान् (विधत्ते)। मन्त्रद्रष्टृभिः ऋषिभिर्बहुधा परिकीर्तितोऽसावेवैकाकी सर्वासां वेदोक्तक्रियाणां मूलमित्यस्मिन्[४०] पुराणकथनेऽपि स्पष्टतः **'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति'** इत्यस्य वेदमन्त्रस्य[४१] छाया दृग्गोचरी भवति।

पुराणेऽस्मिनेक त्रैष सूर्य एक कालसंज्ञकपरमतत्त्वरूपेणापि स्तुतः।[४२] तत्त्वतोऽत्राथर्ववेदस्य 'कालसूक्ते'[४३] ऽभ्यार्थितः कालाख्यदेवस्यैव वैशिष्ट्यं परिलक्ष्यते। एष एव कालरूपधारको भगवान् सूर्यो लोकयात्राप्रवर्तकः। सम्यक्तया लोकयात्रानिर्वाहायैव चैत्रादिद्वादशमासेषु अयमादित्य एवं क्रियोपाधिकं भेदं दर्शयितुमथ च सर्वकर्मप्रवृत्तये स्वपृथक्-पृथग् द्वादशभिर्गणैरस्मिंल्लोके परिभ्रमति।[४४] चैत्रमासे निजगणैः सह धाता संज्ञको भानुः लोकानां धारणं पोषणञ्च करोति; एवमेव वैशाखमासेऽर्यमासूर्यः; ज्येष्ठमासे मित्रसूर्यः; आषाढमासे वरुणसूर्यः; श्रावणमासे इन्द्ररूपसूर्यः; भाद्रपदमासे विवस्वान् रूपसूर्यः; माघमासे पूषाख्यसूर्यः; फाल्गुनमासे पर्जन्यसूर्यः; मार्गशीर्षे अंशुसंज्ञकः सूर्यः; पौषमासे भगाख्यसूर्यः; आश्विनमासे त्वष्टसंज्ञकः सूर्यः; कार्तिकमासे च विष्णुनामधेयः आदित्य स्वीयैः स्वीयैः नागः, अप्सरा, गन्धर्वः, यक्षः, ऋषिः, राक्षसश्च षट्गणैः सार्धमस्य लोकस्य मङ्गलं विदधाति (कल्पयति)।[४५] एवं स्वकीयैः षड्भिर्गन्धर्वादिभिर्गणैः साकं द्वादशमासेषु सर्वत्र जनस्य समन्ताद् विचक्रमाणः असौ देवः परत्रेह च शुभां मतिं तनुते।[४६] महापुराणस्यास्य पञ्चमे स्कन्धे राजानं परीक्षितमेतादृशो भास्करस्य महत्त्वं ब्रुवन् शुकदेवोऽप्यस्य देवस्य वैशिष्ट्यं सङ्कीर्तयति। तदनुसारमेषः सूर्यो वेदस्वरूपः, अस्य च शरीरं त्रयीमयमस्ति। वस्तुतो वेदज्ञाः यस्य देवस्य गतिमवगन्तुं वितर्क्यमाणाः विद्यन्ते, असौ साक्षादादिपुरुषो भगवान् नारायण एव। एष लोकानां स्वस्तये, कर्म विशुद्धये चात्मानं त्रयीमयं कालरूपविग्रहं द्वादशधा विभज्य वसन्तादिषु षट्ऋतुषु तन्योग्यमृतुगुणान्विदधाति।[४७] एव सं एव स्वगत्या मासादिव्यवहारकारणमथ च सम्पूर्णलोकानामात्माऽऽप्यस्ति।[४८]

---

३६ भाग०पु० ५.२०.४५: सूर्येण हि विभज्यन्ते दिशः खं द्यौर्मही भिदा। स्वर्गापवर्गौ नरका रसौकांसि च सर्वशः॥

३७ तदेव, १२.११.६: एतद् वै पौरुषं रूपं भूः पादौ द्यौः शिरो नभः। नाभिः सूर्योऽक्षिणी नासे वायुः कर्णौ दिशः प्रभोः॥

३८ तदेव, १२.११.१७: मण्डलं देवयजनं दीक्षा संस्कार आत्मनः।

३९ तदेव, १२.११.२८: ब्रूहि नः श्रद्दधानानां व्यूहं सूर्यात्मनो हरेः।

४० तदेव, १२.११.३०: एक एवहि लोकानां सूर्य आत्माऽऽदिकृद्धरिः। सर्ववेदक्रियामूलमृषिभिर्बहुधोदितः॥

४१ ऋ० १.१६४.४६: इन्द्र मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति अग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।

४२ भाग०पु० ३.११.४: स कालः परमाणुर्वै यो भुङ्क्ते परमाणुताम्। सतोऽविशेषभुग्यस्तु स कालः परमो महान्॥

४३ अथर्व० १९.५३ एवं ५४ सूक्तद्वयम्।

४४ भाग०पु०, १२.११.३२: मध्वादिषु द्वादशसु भगवान् कालरूपधृक्।

४५ तदेव, १२.११.३३-४४: लोकतन्त्राय चरति पृथग्द्वादशभिर्गणैः।

४६ तदेव, १२.११.४६: द्वादशस्वपि मासेषु देवोऽसौ वै चरन् समन्तात्तनुते परत्रेह च सन्मतिम्॥

४७ तदेव, ५.२२.३: स एष भगवानादिपुरुष एव साक्षान्नारायणो लोकानां स्वस्तये..वसन्तादिष्वृतुषु यथोपजोषमृतुगुणान् विदधाति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

४८ तदेव, ५.२२.५: अथ स एष आत्मा लोकानां द्यावापृथिव्योरन्तरेण नभोवलयस्य कालचक्रगतो द्वादशमासान् भुङ्क्ते।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीमद्भागवतपुराणे सूर्यस्यान्तमं वैशिष्ट्यमपि दृश्यते। असावेव विविधविधानामधिष्ठानं स्वीकृतः। महर्षेर्वैशम्पायनस्यान्तेवासी याज्ञवल्क्यः सूर्यस्तुत्यैव प्रसादितेनादित्येन शुक्लयजुर्वेदस्य तान् मन्त्रानाप्तवान्, य एतस्मात्पूर्वं केनापि नाधिगताः। एते मन्त्राः सूर्यदेवेनोपदिष्टाः, तस्मादेतेषां मन्त्राणां संहिता वाजसनेयि-संहितेति नाम्ना प्रसिद्धा।[४९] याज्ञवल्क्येनादित्योपासनया शुक्लयजुर्वेदः प्राप्त इति कथा विष्णुपुराणे, महाभारते चापि वर्णिता।[५०] अस्मिन्विषये एवं श्रूयते यद् भागवतस्य (वैशम्पायनात् पृथक्) नाम 'आदित्य-सम्प्रदायं आसीत्' अस्मिन् सम्प्रदाये सूर्योपासनादीनां प्राधान्यमासीत्। अतोऽत्र सुरक्षितायाः वेदविद्यायाः प्राप्तये तदनुसारं याज्ञवल्क्येनाादित्योपासना कृता आसीत्। याज्ञवल्क्येन सम्पादितायां सूर्योपासनायामप्यस्य देवस्य त्रिविधरूपाणां (आधिभौतिकाधिदैविकाध्यात्मिकानाम्) वैशिष्ट्यं द्रष्टव्यम्। तदनुसारं ओम्कारस्वरूपोऽयं सूर्योऽखिलजगतामात्मस्वरूपेणान्तर्हृदयेषु कालरूपेण च बहिरपि वर्तमान आदान-प्रदानक्रियया (विधिना) चतुर्विधभूतनिकायानां लोकयात्रामनुवहति।[५१] मण्डलाकरोऽसावादित्य एव श्रेष्ठो देवेषु, समूलं विनाशकः समग्राणां दुरितानां दुःखानाञ्च, मूलकारणं निखिलसर्गस्य, स्वामी सम्पूर्णैश्वर्याणां चास्ति।[५२] एष एव सर्वेषामात्मा, स्थावरजङ्गमात्मकानां प्राणिसमूहानामाश्रयोऽथ च स्वयमेवाचेतनमनसामिन्द्रियाणां, प्राणानां चान्तर्यामि तथा चोदयितास्ति।[५३] सूर्यदेवस्यास्यां स्तुतौ गायत्रीमन्त्रस्य[५४] त्रयाणां पादानां क्रमशो विशदव्याख्या द्रष्टव्या। अत्रास्य देयस्य क्रमशः वरेण्यता, अस्य मण्डलस्य ध्येयता, प्रचोदनशीलता चानुवर्णिताः। एवमयं देवो वेदविद्याया अधिष्ठाताप्यस्ति।

महापुराणेऽस्मिन्नेकत्र भरतेन कृतायां ज्योतिर्मयपरमपुरुषनारायणस्वरूपेणोदीयमानस्यादित्य-मण्डलस्याराधनायामप्यस्य वैशिष्ट्यमक्षिलक्ष्यीभवति। तदनुसारं कर्मफलदायकं शुद्धसत्त्वात्मकं सवितुर्देवस्य स्वरूपभूतं तेजः (भर्गः) प्रकृतेरुत्कृष्टम्। तत्तेज एव मनसा (सङ्कल्पेन) इदं विश्वं जनयति, पुनश्च सृष्टं विश्वमन्तर्यामिरूपेण प्रविश्य स्वकीयेन चिच्छक्त्या विषयलोलु पान् सर्वान् जीवान् पालयति; अत आदित्यस्य बुद्धिप्रवर्तकं तेजः स्तुत्यः, तद्यथा-

पुरो रजः सवितुर्जातवेदो देवस्य भर्गो मनसेदं जजान।
सुरेतसादः पुनराविश्य चष्टे हंसं गृधाणं नृषद्रिङ्गिरामिभः॥[५५]

श्रीमद्भागवतस्येयं शब्दावली स्पष्टतः सवितृपरकेभ्यो वैदिकमन्त्रेभ्यः[५६] प्रभाविता प्रतीयते। अस्य पुराणस्यैकादशे स्कन्धे उद्धवमुपदिशता भगवता श्रीकृष्णेनापि सूर्याग्न्यादयो भगवतो नारायणस्य पूजास्थानानि निर्दिष्टानि। सूर्योपासनयैव 'दूरदर्शन'नामसिद्धे प्राप्तिर्भवति, यथा सादकोऽखिलसंसारं द्रष्टुं शक्नोति।

---

४९ भाग०पु० १२.६.७३.७४: एवं स्तुतः स भगवान् वाजिरूपधरो हरिः। यजूंष्ययातयामानि मुनयेऽदात् प्रसादितः॥ जगृहुवाजसन्यस्ताः काण्वमाध्यन्दिनादयः॥

५० विष्णु पु०, ३.५.१-२१; महाभा= शान्ति०, ३.८.६-१२। विष्णु पु० ३.५.२८: वाजिनस्ते समाख्याताः सूर्योऽप्यश्वोऽभवद्यतः।

५१ भाग०पु०, १२.६.६७: ऊँ नमो भगवते आदित्याया खिलजगतामात्मस्वरूपेण कालस्वरूपेण चतुर्विधभूतनिकायानां..।

५२ तदेव १२.६.६८: यदु ह वाव विबुधर्षभ सवितरदस्तपत्यनुसवन.अखिलदुरितवृजिनबीजावभर्जन भगवतः सममिधीमहि तपनमण्डलम्।

५३ तदेव, १२.६.६९: य इह वाव स्थिरचरनिकराणां निजनिकेतनानां मन इन्द्रियासुगणाननात्मनः स्वयमात्मन्तर्यामी प्रचोदयति।

५४ ऋ०, ३.६२.१०; यजु०, ३.३५, २२.९, ३०.२, ३६.३; तै०सं०, १.५.६.४।

५५ भाग० ५.७.१४

५६ ऋ०, १.३५, १.११५, २.३८; यजु० ७.४२, १३.४६; अथर्व० [illegible] ६.१.३, १३.२.३५, १३.१.४५ इत्यादयः।

CC-0. In Public Domain: Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्योपासनाया अस्यां पद्धत्तौ चक्षुरादित्ये संयोज्यादित्य च चक्षुषि संयोज्य मनसा नारायणरूपः प्रभुः ध्यातव्यः तदा सूक्ष्मदृक् साधको निखिलं भुवनं द्रष्टुं क्षमो भवति।[५७] भगवानादित्यो नारायणस्य विभूतिष्वेको विभूतिः[५८] अतः सर्वथोपास्यः। श्रीमद्भगवद्गीतायामपि सूर्यो भगवत एको विभूतिरनुमतः।[५९] एवमस्मिन्पुराणे प्रायशः सूर्योपासनायाः महिमा सङ्कीर्तिता, यया सूर्यस्य दैवतं वैशिष्ट्यं स्फुटमित्यत्र नास्ति सन्देहलवलेशः।

आध्यात्मिकं वैशिष्ट्यम्-

यद्यप्यस्मिन्पुराणे सूर्यस्याध्यात्मिकवैशिष्ट्यविषये नात्यधिकं विवेचनमुपलभ्यते, तथापि समग्रे पुराणे यत्र कुत्रापि भूतानामैन्द्रियशक्तेरुल्लेखः कृतः, तत्र-तत्र तेषामधिष्ठाता चेतनतत्त्वांशरूपं ब्रह्म एव, तदेवाचिन्त्यचिद्घनः सूर्यः समुहाश्चैतन्यः पुराणेऽस्मिन् सर्वात्मरूपेण प्रतिष्ठितः। तदेवास्याध्यात्मिकं रूपम्। परन्तु भागवतपुराणस्य पञ्चमस्कन्धे तु स्पष्टतयास्याऽऽध्यात्मिकं वैशिष्ट्यं निगदितम्। अत्रासौ देवतिर्यङ्मनुष्याणां, सरीसृपाणां, वीरुधामथ च सर्वजीवसमुदायानामात्मा, तेषां नेत्रेन्द्रियस्याधिष्ठाता चानुमतः।[६०] श्रुतिरपि तथ्यमिदं बहुधा प्रमाणयति।[६१]

एवं परितनेन श्रीमद्भागवतमहापुराणे सूर्यस्य त्रिविधं वैशिष्ट्यं परिलक्ष्यते, यतो हि पुराणदृष्ट्यादित्यस्य चिदपि द्रव्यस्याधिभौतिकमाधिदैविकमाध्यात्मिकञ्चेति त्रिविधं स्वरूपं भवति। अत्र प्रतिपादितमादित्यस्य वैशिष्ट्यं वेदेषु ऋषिभिर्दृष्टं द्वादशादित्यस्य रूपवैशिष्ट्यमेवोपबृंहयतीति प्रतीयते। वैदिकसूर्यः आदित्यमण्डलस्य भौतिकस्वरूपस्य परिचायकः, परन्तु शनैः शनैरस्य व्यक्तित्वं सूर्यरूपेण प्रतिष्ठितमथ चासौ देवः पूर्णविग्रहवान् देवो जातः। यथा महाभारते स्पष्टमुक्तम्-'यद्यपि सूर्यः तेजःपिण्डमात्रं, परमेषो दिव्यदृष्टिधारिणे पुरुषायात्मानं कवचकुण्डलयुतेन पुरुषरूपेण प्रकटयति।[६२] महाभारतेऽन्यत्रापि सूर्यविवस्वद्विषयिकी एका प्राचीना कथोल्लिखिता, यस्यामादित्यस्याधिभौतिकाधिदैविकरूपयोः विचित्रं सम्मिश्रणं दृश्यते।[६३] कथेयं भागवतपुराणेऽथ[६४] चान्येषु पुराणेष्वपि[६५] प्रायः तथैवोललभ्यते। एषा कथाऽऽपि देवस्यास्य वैशिष्ट्यस्य पर्याप्तपरिचयो कारयति। वस्तुत सूर्यः स्वकीयैः त्रिविधरूपैरनेकधाखिलचराचरजगद् धारयति, पोषयति चेति। एतदेवास्य देवस्य वैशिष्ट्यं, येन स्थावरजङ्गमात्मकस्य सर्गस्य धारणपोषणयोः साक्षाद्दृश्यमानस्य सूर्यदेवस्य महत्त्वमपरिहार्यमिति निश्चप्रचम्। भागवतपुराणदृशा द्वादशादित्यभगवतो नारायणस्य विभूतयः, यः कोऽपि प्रतिदिनं प्रातः सायमेतान् स्मरति, तस्य समग्रं पापं विनष्टं भवति।[६६] अतो यदादित्यमण्डलमाकाशे सर्वजनैरसामान्यदृष्ट्याऽऽवलोक्यते, तस्मिन्नेव सूर्यस्य समेषां रूपाणामस्माभिर्भावना

---

५७ भाग०पु०, ११.१५.२०: चक्षुस्त्वष्टरि संयोज्य त्वष्टारमपि चक्षुषि। मां तत्र मनसा ध्यायन् विश्वं पश्यति सूक्ष्मदृक्॥

५८ तदेव, ११.१६.१७: ऐरावतं गजेन्द्राणां यादसां वरुणं प्रभुम्। तपतां द्युमतां सूर्यं मनुष्याणां च भूपतिम्॥

५९ गीता, १०.२१: आदित्यानामहं विष्णुर्ज्योतिषां रविरंशुमान्।

६० भाग०पु० ५.२०.४६: देवतिर्यङ्मनुष्याणां सरीसृपसवीरुधाम्। सर्वजीवनिकायानां सूर्य आत्मा दृगीश्वरः॥

६१ ऋ०, १.११५.१; यजु० ७.४२; अथर्व०, १३.२.३५: सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च। अथर्व० , १३.१.४५: सूर्यो भूतस्यैकं चक्षुरारुरोह दिवं महीम्।; तदेव, ५.२४.९: सूर्यश्चक्षुषामधिपतिः।; प्रश्न उप० १.८: प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः, इत्यादयः।

६२ द्रष्टव्यो महाभार०, वन० ३०६.५

६३ द्रष्टव्यः तदेव, आदि०, ६६ अध्यायः; अनुशा०, १५० अध्यायश्च।

६४ भाग० पु० ८.१३ (अध्यायः)।

६५ विष्णु पु० ३.२.२-१२; मत्स्यपु०, ११.१-४१; वायु पु०, ८४; ब्रह्मपु०, ८९ इत्यादयः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
कर्त्तव्या सर्वविधदुरितानामपाकरणाय भूयसे मङ्गलाय च। एतादृक् सूर्यदेवः सर्वेषां मङ्गलं विदधतु इति मे कामना स्वकीयेन निम्नश्लोकद्वयेन-

वेदे स्तुतो यो जगतः प्रदीप, आत्मास्ति सम्पूर्णचराचराणाम्।
यो रश्मिभिर्हन्ति घनान्धकारं, सः सूर्यदेवो वितनोतु शं वः॥ १॥
लोकस्य चक्षुर्जलवर्षकोऽसौ, मित्रं समेषां जडचेतनानाम्।
अन्नप्रदाताधिपतिर्ग्रहाणां सः कालदेवो वितनोतु शं वः॥ २॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१५३-१५५) ISSN 0974 – 8830

पुराणों में सांख्य विचार

डॉ. सरिता भटनागर[१]

भारतीय दर्शन के इतिहास में सांख्य दर्शन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन होने के कारण महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। अधिकांश विद्वान मानते हैं कि पहले सांख्य ही एकमात्र दर्शन था और उसी के समान आगे चलकर **'दृष्टिभेदात् प्रस्थानभेदः'** के अनुसार अन्य दर्शनों का प्रादुर्भाव हुआ। सांख्य विचारों का मूल वेदों, उपनिषदों, ब्राह्मण एवं आरण्यक साहित्य, महाभारत एवं पुराणों और समस्त लौकिक संस्कृत साहित्य में दृष्टिगोचर होता है। पुराणों में अनेक प्रसंगों में सांख्य विचारों की समानता दृष्टिगोचर होती है जैसे- पुरुष-प्रकृति की द्वैतभावना, प्रकृति का त्रिगुणात्मिका होना, सृष्टि उत्पत्ति एवं विकास तथा सांख्य प्रतिपादित तत्त्वों का विवरण। ब्रह्मपुराण में प्रकृति और पुरुष की द्वैतभावना अनेक स्थलों पर दर्शायी गई है जैसे- जगत् के मूल तत्त्वों के दो रूप हैं- एक तत्त्व पुरुष है तथा दूसरा नारी तत्त्व है। पुरुष चेतन तत्त्व का और नारी प्रकृति तत्त्व का बोधक है।[२] कूर्मपुराण में प्रकृति और पुरुष दोनों की पृथक् सत्ता का स्पष्टतया उल्लेख है। वहाँ कहा गया है कि जिस प्रकार छाया और धूप दोनों पृथक्-पृथक् हैं, उसी प्रकार पुरुष और प्रकृति दोनों तत्त्व पूर्णतया पृथक्-पृथक् हैं।[३] कूर्म पुराण में सांख्य वर्णन के अनुसार ही पुरुष को निर्द्वन्द्व एवं विकारहीन कहा गया है। स्कन्दपुराण में भी प्रधान और पुरुष इन दोनों तत्त्वों को अजन्मा कहा गया है।[४] पुराणों में सृष्टि उत्पत्ति एवं विकास पर भी सांख्य के समान ही विचार किया गया है। पुराणों में प्रकृति को सांख्य के समान ही त्रिगुणात्मिका कहा गया है। विष्णुपुराण में प्रकृति को सांख्य का मूल उपादान कारण कहा गया है।[५] कूर्मपुराण में प्रकृति को जगत् को धारण करने वाली परमा शक्ति कहा गया है।[६] इसी प्रकृति रूपी शक्ति के द्वारा जगत् का निर्माण, संचालन तथा विनाश किया जाता है।इसी शक्ति को वहाँ त्रिगुणात्मिका प्रकृति कहा गया है, जिससे सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति होती है।[७] कूर्मपुराण में ही प्रकृति को अव्यक्त, प्रधान एवं सदसदात्मक कहा गया है।[८]

वायुपुराण में भी विष्णुपुराण और कूर्मपुराण के समान ही प्रकृति को अव्यक्त, प्रधान, संज्ञायुक्त, नित्य तथा सदसदात्मक कहा गया है। मत्स्यपुराण में प्रकृति के लिए प्रधान और अव्यक्त पदों का प्रयोग किया गया है तथा उसे जगत् का निर्माण एवं विनाश करने वाली कहा गया है।

पुराण में सृष्टि-विद्या का बड़े वैशद्य से वर्णन किया गया है। पौराणिक सृष्टि-विद्या में सांख्य-दर्शन के द्वारा निर्दिष्ट सृष्टि-विद्या का विशेष अवलंबन लिया गया है। पुराण के सृष्टिप्रकरण पर सांख्य का विपुल प्रभाव पड़ा है। सांख्यदर्शन की सृष्टि-प्रक्रिया पुराणों में स्वीकृत की गयी है। सांख्य में पच्चीस तत्त्व स्वीकृत

---

१ प्रभारी संस्कृत विभाग, हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद।

२ द्विधाकृत्वात्मनो रूपं देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्। अर्धेन नारी तस्यां तू सोऽसृजद् विविधाः प्रजाः। ब्रह्मपुराण १/५१-५२।

३ छायातपो यथालोके परस्परविलक्षणौ। तद्वत्प्रपंचपुरुषौ विभिन्नौ परमार्थतः। कूर्मपुराण (उत्तरार्द्ध २/११/१/)

४ अव्यक्तेऽस्मिन्नालोके प्रधान पुरुषावुभौ। अजौ समागतावेको ....। स्कन्दपुराण (महेश्वर खंडान्तर्गत कौमार खंड) ३७/६/

५ अव्यक्तं कारणं यत्तत् प्रधानं ऋषिसत्तमैः। प्रोच्यते प्रकृतिः सूक्ष्माः नित्यं सदसदात्मकम्। विष्णुपुराण १/२/१९/

६ इयं सा परमा शक्तिः ....धार्येते जगत्। कूर्मपुराण (पूर्वार्द्ध) १/३४/

७ सैवा सर्वजगत्सूतिः प्रकृतिस्त्रिगुणात्मिका। वही

८ अव्यक्तं कारणं यत्तु न्नित्यं सदसदात्मकम्। प्रधानं प्रकृतिश्चेति यमाहुस्तत्वचिन्तकाः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किये गए हैं। इन तत्त्वों की समीक्षा से इनके स्वरूप का परिचय मिलता है। पुरुष तथा प्रकृति तो नित्य मूलस्थानीय तत्त्व हैं, जिनकी सृष्टि नहीं होती। इनसे इतर तत्त्व हैं-महत्तत्त्व, अहंकार, पंचतन्मात्राएँ, मन को मिलाकर ग्यारह इन्द्रियाँ तथा पंचमहाभूत। इसमें तन्मात्राओं से ही महाभूतों का साक्षात् सम्बन्ध है। अन्तर केवल स्वरूप का है। तन्मात्र सूक्ष्म होते हैं और महाभूत स्थूल होते हैं। इसके स्वरूप का वैशिष्ट्य न मानकर दोनों की एकत्र गणना की जाती है। फलतः इन सात तत्त्वों को निकाल देने पर सृज्यमान तत्त्वों की संख्या अठारह ही होती है। सृष्टि-प्रतिपादक पुराणों की संख्या अठारह होना इस तर्क से भी प्रमाणित माना जा सकता है। परन्तु पौराणिक सृष्टितत्त्व सांख्य के सृष्टितत्त्व का अक्षरशः अनुवाद नहीं है। सांख्य मत से प्रभावित होने पर भी उसका अपना वैशिष्ट्य है। यहाँ सांख्य तथा वेदान्त का मंजुल सामंजस्य है अर्थात् प्रकृति-पुरुष के द्वैत का प्रतिपादक सांख्य अद्वैत ब्रह्म के द्योतक वेदान्त के साथ मिलकर पौराणिक दर्शन की मूल भित्ति तैयार करता है। सांख्य के सृष्टितत्त्व का पौराणिक सृष्टितत्त्व के ऊपर प्रभाव का विश्लेषण अनेक विद्वानों ने किया है जो इस प्रसंग में अनुसंधानयोग्य है।[९]

सांख्य दर्शन के समान प्रकृति को त्रिगुणात्मिका भी अनेक पुराणों ने स्वीकार किया है। कूर्मपुराण के अनुसार जब सत्व, रज और तम तीनों गुण साम्यावस्था में रहते हैं तब उस प्रकृति की जो स्थिति होती है उस दशा को **'अव्यक्त प्रकृति '** कहा गया है। अग्निपुराण में भी प्रकृति के तीनों गुणों का वर्णन मिलता है। इन तीनों गुणों के प्रभाव से ही पुरुष का संचालन होता है। ये तीनों गुण अव्यक्त में आश्रित रहते हैं। इनके प्रभाव से ही प्रकृति अपना कार्य करती है।[१०] मत्स्यपुराण में भी तीनों गुणों का उल्लेख किया गया है तथा इनकी साम्यावस्था को प्रकृति कहा गया है।

कूर्मपुराण में पुरुष के सन्निधान से प्रकृति के तीनों गुणों में क्षोभ उत्पन्न होने से जगत् का विकास होने का वर्णन किया गया है। विष्णु पुराण के अनुसार प्रकृति के साथ पुरुष का सान्निध्य होने पर त्रिविध महत्तत्व की उत्पत्ति हुई। महत्तत्व से सात्विक, राजस, और तामस तीन प्रकार के अहंकार की उत्पत्ति हुई। अहंकार के तामस रूप से पंचतन्मात्राएँ, पाँच सूक्ष्मभूतों से पाँच स्थूलभूत, राजस रूप से दस इन्द्रियाँ, सात्विक रूप से मन की उत्पत्ति हुई। विष्णुपुराण का यह जगत् विकास क्रम सांख्य के जगत् विकास क्रम से साम्य रखता है। मत्स्यपुराण में वर्णित सृष्टि क्रम भी सांख्य के समान ही है। वहाँ कहा गया है कि विकारयुक्त प्रकृति से ही सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति हुई। मत्स्यपुराण के अनुसार प्रकृति से महत्तत्व, महत् से अहंकार, अहंकार से ग्यारह इन्द्रियाँ, मन एवं पंचतन्मात्राओं की उत्पत्ति हुई।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी सांख्य के समान सृष्टि का क्रम यही है।[११] इसके अतिरिक्त वायुपुराण के चतुर्थ अध्याय में लिंग पुराण में तथा स्कन्द पुराण में भी सांख्य का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

सांख्यदर्शन के पच्चीस तत्त्वों का वर्णन भी पुराणों में अनेक स्थलों पर मिलता है।अग्निपुराण में सांख्य के समान ही पाँच कर्मेन्द्रियों, पाँच ज्ञानेन्द्रियों के पाँच विषयों तथा ग्यारहवें मन का विस्तृत वर्णन करके कुल मिलाकर चौबीस तत्त्व तथा पच्चीसवें तत्त्व के रूप में पुरुष की गणना की गई है।

---

९ The Sankhyization of the Emanation Doctrine shown in a critical analysis of texts by Dr. P.Hacker (Purana Bulletin, Vol iv, No.2 pp, 218-338, 1962, Ramnagar)

१० अव्यक्तमाश्रितानीह रजः सत्व तमांसि च। अग्निपुराण ३७/५/

११ आविर्बभुवुः सर्गादौ पुंसा दक्षिणपार्श्वतः, भवकारणरूपाश्च मूर्तिमन्तस्त्रयो गुणाः। ततो महानहंकारः पंचतन्मात्र एव च,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वायुपुराण में भी सांख्य का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। वहाँ सत्-असत् स्वरूप प्रकृति को अव्यक्त तथा नित्य बताया गया है। लिंग पुराण में अव्यक्त, महत्, अहंकार, पंचतन्मात्राओं, मन, ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेन्द्रियों इत्यादि सभी तत्त्वों का उल्लेख किया गया है। वहाँ अव्यक्त प्रकृति सहित चौबीस तत्त्व तथा पुरुष को पच्चीसवाँ तत्त्व माना गया है।[१२]

स्कन्दपुराण में सांख्य प्रतिपादित पच्चीस तत्त्वों में से पुरुष के अतिरिक्त चौबीस तत्त्वों को स्वीकार किया गया है।[१३] प्रलय के बाद जब सृष्टि होती है तब मूलप्रकृति से महत्, महत् से अहंकार, अहंकार से पंचतन्मात्राओं सहित एकादश इन्द्रियों की उत्पत्ति तथा पंचतन्मात्राओं से स्थूलभूतों की उत्पत्ति हुई।[१४] अग्निपुराण में एक स्थल पर कहा गया है कि प्राणियों के स्थूल शरीर के अतिरिक्त एक सूक्ष्म शरीर भी होता है। वह सूक्ष्म शरीर मन सहित एकादश इन्द्रियों, बुद्धि, अहंकार, तथा पंचतन्मात्राओं के संयुक्त रूप से बनता है उसे लिंग शरीर कहते है। उसे कुछ स्थलों पर हिरण्यगर्भ भी कहा गया है।

पुराणों में सांख्य विचारों का स्पष्टतया वर्णन मिलता है। पुराणों में कपिल, आसुरि, पंचशिख, इत्यादि सांख्याचार्यों के नामों का उल्लेख किया गया है। वायुपुराण (३.४३) में कपिल को अग्निदेव का अवतार तथा ज्ञानियों में अग्रज कहा गया है। भागवतपुराण (१.३.१०) में पंचमसिद्ध के रूप में कपिल का उल्लेख किया गया है, जिसने आसुरि को सांख्य का उपदेश दिया था। ब्रह्मपुराण में दो कपिलों का वर्णन किया गया है जिनमें से एक नाग वंश का है जिस पिशाचों में गिना गया है तथा दूसरे को कश्यप और दनु का पुत्र बताया गया है। पद्मपुराण में कपिल को श्वेत द्वीप का स्वामी तथा सांख्य का प्रणेता कहा गया है। मार्कण्डेय पुराण (२८६.२६।) में कपिल को शाल्मली देश के स्वामी का पुत्र कहा गया है। गरुड़पुराण (१.१८) में सिद्ध पुरुष के रूप में कपिल के नाम का उल्लेख किया है। स्कन्दपुराण के अवन्तीखंड (८३.११) में धर्मात्मा तथा वेदों में पारंगत के रूप में कपिल की स्तुति की गई है। मत्स्यपुराण (३.२९) में सांख्य प्रवर्त्तक के रूप में कपिल का उल्लेख किया गया है।

ब्रह्म पुराण में सांख्ययोग की समीक्षा बड़े विस्तार से दस अध्यायों (२३४-४४) में की गयी है. इसमें महर्षि वसिष्ठ ने सांख्य के सिद्धांतों का विवेचन किया है। श्रीमद्भागवत पुराण में. सांख्य प्रतिपादित सत्कार्यवाद एवं ईश्वरसिद्धि को स्वीकार किया गया है और कहा गया है कि समस्त परिवर्तनशील एवं जड़ पदार्थ असत् अर्थात् सत्ताहीन है। चैतन्यस्वरूप परमात्मतत्त्व नित्य एवं सत् है। कारणरूप परमात्मा कार्यरूप जगत् को व्याप्त करके उसमें स्थित है। इस प्रकार पुराणों के अनेक वर्णनों से यह स्पष्ट हो जाता है कि पुराणों में सांख्य विचारों की अनेक स्थलों पर चर्चा की गयी है। उन सांख्य विचारों से यह स्पष्टतया परिलक्षित हो जाता है कि पुराणों में सांख्य विचारधारा का प्रभाव है।

---

१२ ध्याता वै पंचविंशकाः। लिंगपुराण २८/७/

१३ चतुर्विंशतितत्वानि जातानीति पुरा विदुः। स्कन्दपुराण (महेश्वर खंडान्तर्गत कौमारखंड) ३७/७/१०/

१४ चतुर्विंशति तत्वानि पुरुष पंचविंशकः। स्कन्दपुराण १८/१४/१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरस्वतीकण्ठाभरणव्याकरणेऽप्रयुक्तानां कासाञ्चित् पाणिनीयानां संज्ञानां विवेचनम्

विदुषा[1]

संस्कृतव्याकरणजगति यत्र अद्भुतप्रतिभासम्पन्नैः वैयाकरणैः स्वकीयैरनुत्तमैः व्याकरणग्रन्थैः व्याकरणपरम्परैषा संपोषिता तत्र धाराधीश्वरो भोजदेवोऽपि सरस्वतीकण्ठाभरणव्याकरणं विरचय्य पूर्वाचार्यैः प्रवर्तितायाः एतस्याः परम्परायाः श्रीवृद्धिं कृतवान्। भोजदेवकृतव्याकरणस्य मुख्यमुद्देश्यमिदमासीत् यत् परिभाषापाठ-गणपाठ- उणादिपाठेत्यादीनां व्याकरणाङ्गानां सूत्रपाठात् पृथक् निबन्धनात् एतेषामध्ययने या उपेक्षा समागता समवर्तत तस्या अपाकरणं भवेत्। एतस्मिन् उद्देश्ये भोजदेवेन पर्याप्तं सीमानं यावत् साफल्यमपि लब्धम्। यद्यपि गणपाठेत्यादीनां विषयाणां सूत्रपाठे एव समावेशेन सूत्रशैल्याः संक्षेपीकरणरूपोद्देश्यं तु किञ्चिदाहतं भवति तथापि व्याकरणक्षेत्रे नवीनप्रयोगकरणदृशा त्वयमुपक्रमो विचारोत्तेजकोऽस्त्येव।

कस्यचिदपि शास्त्रस्य निर्माणे पारिभाषिकाणां शब्दानामपेक्षा भवति। भोजव्याकरणमप्येतस्य विषयस्यापवादो नास्ति। अत्र प्रायेण पञ्चाशीतिः संज्ञाः भोजाचार्येण विहिताः सन्ति। एतेषां संज्ञासूत्राणामध्ययनेन ज्ञायते यत् पाणिनिरिव भोजदेवोऽपि परम्परागताः अन्वर्थाः महत्यः संज्ञाः एवाधिकांशतः प्रयुक्तवान्। कृत्रिमा लघ्व्यः संज्ञा अत्र स्वल्पपरिमाणे एव दृश्यन्ते। अस्मिन् सन्दर्भे पाणिनीयव्याकरणे प्रयुक्ताः काश्चन संज्ञाः भोजव्याकरणेऽप्रयुक्ताः अपि दरीदृश्यन्ते। एताभिः संज्ञाभिः सम्बद्धानां कार्याणां विधानं भोजदेवः तत्तत् स्थाने संज्ञिनां नामनिर्देशपूर्वकं करोति, तद्यथा-सरस्वतीकण्ठाभरणे सर्वनामस्थानसंज्ञा अपठिता वर्तते। भोजदेवः पाणिनीयायाः अस्याः संज्ञायाः संज्ञिनां नामोल्लेखपूर्वकं तत्सम्बन्धिकार्यविधानं करोति, तद्यथा-पाणिनीयव्याकरणस्य **अञ्चेश्छन्दस्यसर्वनामस्थानम्**[2] इत्यस्य सूत्रस्य स्थाने भोजदेवः **अञ्चेश्छन्दस्यशिसुट्**[3] इत्यस्मिन् सूत्रे **'सर्वनामस्थान'** संज्ञायाः स्थाने **'शिसुट्'** इत्येतत् पदं प्रयुङ्क्ते। एवं भोजव्याकरणे पाणिनीयानां घु-षट्-सर्वनामस्थान-विभाषा- अपृक्त-नदी-घि-भ-संहिता-अवसान-गोत्र-युवा-तद्राज-आम्रेडित-इत्येतासां चतुर्दश सज्ञानां स्थाने तासां संज्ञिनः प्रयुक्ताः सन्ति। भोजदेवः कस्मात् कारणात् एताः संज्ञाः स्वव्याकरणे नोपदिष्टवान्? अपि च एतेषां संज्ञिनां प्रयोगेण कथमभीष्टाभिप्रायं साधितवान्? एतासां संज्ञानामग्रहणे च भोजदेवस्य स्वतन्त्रा दृष्टिः वर्तते चान्यस्य कस्यचिद् वैयाकरणस्य प्रभावोऽस्ति- इत्येतेषां विषयाणां दिग्दर्शनाय घु-सर्वनामस्थान-विभाषा-इत्येतेषां पाणिनीयसंज्ञासंबद्धानां सूत्राणां विवेचनमस्मिन् पत्रे करिष्यते। तत्रादौ तावत्-

घुसंज्ञा :

घुसंज्ञाविधायकं पाणिनीयं सूत्रं विद्यते-**दाधा घ्वदाप्**[4] इति। **'घु'** इत्यव्युत्पन्नप्रातिपदिकोऽयं शब्दः पाणिनिनोपज्ञाता कृत्रिमा लघुसंज्ञा विद्यते। दारूपाः धारूपाश्च धातवः घुसंज्ञाः भवन्ति दाप्दैपौ विहाय इति

१ शोधछात्रा, संस्कृत-विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्रम्।

२. पाणिनीयायामष्टाध्याय्यां (पका), ६.१.१६४

३. सरस्वतीकण्ठाभरणे (भो), ८.३.४०

४. पा. १.१.२०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूत्रार्थः।[५] दारूपाः इति कथनेन '**डुदाञ् दाने**'[६], '**दाण् दाने**'[७], '**देङ् रक्षणे**'[८], '**दोऽवखण्डने**'[९] इत्येते चत्वारो धातवः ग्राह्याः' सन्ति; धारूपाः इति कथनेन च '**डुधाञ् धारणपोषणयोः**'[१०], '**धेट् पाने**'[११] चेत्येतौ द्वौ धातू। सूत्रेणानेन उक्तानां षण्णां धातूनां घुसंज्ञा भवति। '**अदाप्**' इत्युक्तत्त्वात् '**दाप् लवने**'[१२] '**दैप् शोधने**'[१३] इत्येतयोः धात्वोः घुसंज्ञा लक्षणप्रतिपदोक्तपरिभाषया[१४] निराकृता भवति। भोजदेवेन घुसंज्ञैषा स्वव्याकरणेऽप्रयुक्ता वर्तते। घुसंज्ञायाः स्थाने दारूपधातूनां कृते '**दा**'; धारूपधातूनां कृते च '**धा**' इति पठितं वर्तते, तद्यथा-'**उपसर्गे घोः किः**'[१५] इत्यनेन सूत्रेण आचार्येण पाणिनिना घुसंज्ञके धातौ उपसर्गसहिते सति '**कि**'**प्रत्ययः** भवतीति विहितं वर्तते। एतत् सूत्रसमकक्षं भोजेन द्वे सूत्रे पठिते स्तः- '**आङि दः किः**', '**उपसर्गे घः**'[१६] इति। एतयोः द्वयोः सूत्रयोरर्थं दण्डनाथाचार्यः हृदयहारिण्यामेवं स्पष्टीकरोति- (१) **दारूपाद् धातोराङ्युपपदे भावेऽकर्तरि च कारके 'कि'प्रत्ययो भवति।** (२) **धारूपाद् धातोरुपसर्गे उपपदे सति भावेऽकर्तरि च कारके 'कि'प्रत्ययो भवति।**[१७] एतेन 'विधिः', 'निधिः', 'प्रधिः', 'प्रदिः' इत्यादीनां रूपाणां सिद्धिर्भवति। एवं पश्यामः यत् उपर्युक्तयोः सूत्रयोः प्रयुक्तयोः 'दः' 'धः' इत्येतयोः पदयोरर्थः क्रमशः 'दारूपः', 'धारूपाः' इत्येवम्रूपेणाचार्येण कृतः वर्तते। इदमेव तथ्यं द्रढीकर्तुं अन्यत्रापि पाणिनीयस्य **घुमास्थागापाजहातिसां हलि**[१८] इत्येतस्य सूत्रस्य समानान्तरं भोजसूत्रं उदाह्रियते- **मास्थागापिबहाग्दाधां हलि**[१९] इति सूत्रेणानेन पठितानां धातूनां हलादौ क्ङित्त्यार्धधातुके परतः ईकारादेशो भवति, येन च 'दीयते', 'धीयते', 'मीयते' इत्यादीनि रूपाणि सिद्ध्यन्ति। अँत्रापि पाणिनेः '**घु**'स्थाने भोजेन '**दा**' '**धा**' इत्येते पदे प्रयुक्ते दृश्येते। एवमेवन्यान्यपि कानिचनोदाहरणान्येवं सन्ति-

पाणिनिसूत्रम्	**भोजसूत्रम्**
स्थाघ्वोरिच्च[२०]	सिचि दाधास्थामिच्च[२१]
दो दद् घोः[२२]	दो दत्[२३]

---

५. काशिकायाम् का), १.१.२०-दारूपाश्चत्वारो धातवः, धारूपा च द्वौ दाब्दैपौ वर्जयित्वा घुसंज्ञका भवन्ति।
६. पाणिनीये धातुपाठे (पा. धा.), जुहोत्यादि, ९
७. पा. धा. भ्वादि, ६६४
८. तत्रैव, भ्वादि, ६९९
९. पा धा. दिवादि, ३९
१०. तत्रैव, जुहोत्यादि, १०
११. तत्रैव, भ्वादि, ६४३
१२. तत्रैव, अदादि, ५१
१३. तत्रैव, भ्वादि, ६५८
१४. परिभाषेन्दुशेखरे (परि. सं.), ११४
१५. पा. ३-३-९२
१६. भो, २-४-११५११६
१७. हृदयहारिण्याम् (हृदय.), २.४.११५-११६
१८. पा. ६-४-६६
१९. तत्रैव, ६-३-७६
२०. पा. १-२-१४
२१. भो, ७-२-२४
२२. पा. ७-४-४६
२३. भो, ७-२-९६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सनि मीमाघुरभलभशकपतपदामच इस्[२४]	मीमारभलभशकपतपदधामच इस्सि- सनि[२५]
नेर्गदनदपतपदघुमास्यतिहन्तियातिवातिद्रातिप्साति-वपतिवहतिशाम्यतिचिनोतिदेग्धिषु च[२६]	नेर्गदनदपतपददाधामाङ्स्यतिहन्तियातिवातिद्राति-प्सातिवपतिवहतिशाम्यतिनेचिनोतिदेग्धिषु[२७]

एवं सर्वेष्वप्येतेष्वुदाहरणेषु घुस्थाने **'दा'** **'धा'** इत्येते एव पदे प्रयुक्ते वर्तेते। शर्ववर्महेमचन्द्रमलयगिरयः[२८] **'घु'** स्थाने **'दा'** इत्येतां संज्ञां प्रयुक्तवन्तः। जैनेन्द्रेण[२९] **'भु'** संज्ञा शाकटायनेन[३०] च पाणिनिना इव **'घु'संज्ञा** प्रयुक्ता वर्तते। क्षितीशचन्द्राचार्यः **'घु'शब्दं** **'लघु'** शब्दस्य संक्षिप्तं रूपं मनुते।[३१] प्रकृतेऽर्थे अन्यैरपि परवर्तिभिर्वैयाकरणैः स्वतन्त्रतया स्वाः संज्ञाः प्रयुक्ताः सन्ति। अत्र अन्वर्थतायाः अभावः त्वस्त्येव किन्तु तत्सम्बन्धिनि कार्ये सुविधार्थं विशिष्टां संज्ञां प्रदाय कार्यकरणमुचितमेव प्रतीयते।

षट्संज्ञा :

अष्टाध्याय्यां षट्संज्ञाविधायके द्वे सूत्रे स्तः- **ष्णान्ता षट्, डति च**[३२] इति। **षट्'** इत्यव्युत्पन्नप्रातिपदिकोऽयं शब्दः पूर्वाचार्यैरप्रयुक्तत्त्वात् पाणिनिनोपज्ञाता संज्ञा वर्तते। पूर्ववर्तिभिर्वैयाकरणैः **'षट्'** स्थाने **'डु'** संज्ञा प्रयुक्ता भवति स्म; इत्येतत् **डुसंज्ञा च वक्तव्या। का पुनर्डुसंज्ञा? षट्संज्ञा।**[३३] इति भाष्यवचनेन परिज्ञायते। षकारान्ता नकारान्ता च या संख्या तस्याः षट्संज्ञा भवतीति प्रथमस्य सूत्रस्यार्थः। पूर्वसूत्रेण **'संख्या'** इत्यस्य पदस्यात्रानुवृत्तिः विद्यते। काशिकाकारस्य मते **'ष्णान्ता'** इत्यत्र स्त्रीलिङ्गनिर्देशात् एतस्य पदस्य विगतसूत्रस्थ'संख्या' शब्देन सह सम्बन्धः भवति[३४] एतदप्यत्रावधेयं वर्तते यत् उपदेशावस्थायामेव ये नकारान्ताः सन्ति तेषामेव शब्दानां संज्ञैषा भवति। यद्येवं न स्यात्तर्हि 'शतानि', 'सहस्राणि' इत्यादिषु स्थलेषु नुमागमे सति अनिष्टायाः षट्संज्ञायाः आपत्तिर्भविष्यति। षान्ताः संख्याः, तद्यथा 'षट् पश्य', नान्ता च- 'पञ्च', 'सप्त', 'नव', 'दश' इत्यादयः।

डति चेति द्वितीयेन सूत्रेण **'किमः संख्यापरिमाणे डति च'**[३५] इत्यनेन विहितायाः डत्यन्तायाः संख्याया प्रकृतसंज्ञा विहिता वर्तते। **'प्रत्ययग्रहणे तदन्तग्रहणम्'** इति परिभाषाबलेन डतिग्रहणेन डत्यन्ताः ग्राह्याः सन्ति। पूर्वमाचार्येण **'बहुगणवतुडति संख्या'**[३६] इत्युक्त्वा डतिप्रत्ययान्तस्य संख्यासंज्ञा विहिता आसीत्। चकारग्रहणेन च डतिप्रत्ययान्तस्य संख्यासंज्ञा षट्संज्ञा च द्वेऽपि संज्ञेऽभीष्टे स्तः। संज्ञाया अस्याः फलस्वरूपेण

---

२४. पा. ७-४-५४
२५. भो, ६-३-७६
२६. पा. ८-४-१५
२७. भो, ७-४-१२६
२८. (क) कातन्त्रव्याकरणे (का.सू.), तिङन्ते १६३ अदाप् दाधौ दा। (ख) सिद्धहेमशब्दानुशासने (हे.सू.), ३.३-५-अवौ दाधौ दा। (ग) मलयगिरि शब्दानुशासने (शब्दका), आख्याते, १.३-अमौ दाधौ दा।
२९. जैनेन्द्रव्याकरणे (जै.सू.), १.१.२५-दाधाभ्वपित्।
३०. शाकटायनव्याकरणे (शा.सू.), १.१.२३-दाधाघ्वदब्
३१. Technical Terms and Technique of Sanskrit Grammer (T.T.S.), p. 58 – Paṇini uses 'ghu' presumbaly a shortened form of 'laghu'.
३२. पा. १-१-२४-२५
३३. महा. १-४-१
३४. का. १-१-२४-स्त्रीलिङ्गनिर्देशात् 'संख्या' इति सम्बध्यते।
३५. पा. ५-२-४१
३६. पा. १-१-२३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'षड्भ्यो लुक्'[३७] इत्यनेन विधानेन षट्संज्ञकेभ्यः परयोर्जश्शसोर्लुग् भवति। **'डति च'** इति सूत्रमिदं भाष्यकारेण लाघवदृशा प्रत्याख्यातं वर्तते। **'डति'** इतीदं पदं सूत्रकारेण द्विवारं पठितं वर्तते। प्रथमं तु 'बहुगण...' सूत्रे पुनश्च प्रकृतसूत्रे। भाष्यकारस्य मते **'चिदेकदेशोऽप्यनुवर्तते'** इत्यनेन न्यायेन **'ष्णान्ता षट्'** इत्यस्मिन् सूत्रे **'डति'शब्दस्यानुवृत्त्या** एकस्य डतिग्रहणस्य परिहारेणाप्यभीष्टसिद्धिर्भवितुमर्हति।[३८] जैनेन्द्राचार्येण भाष्यकारस्य मतमिदमनुसरन् **'ष्णान्तेल्'**[३९] इति षट्स्थाने विहितायाः इल्संज्ञायाः विधायकेऽस्मिन् सूत्रे पूर्वसूत्रस्य **'कतिः संख्या'**[४०] इत्यस्यानुवृत्तिः गृहीता विद्यते। अथवा 'बहुगण...' सूत्रे डतिग्रहणमकृत्वा **'डति च'** इति सूत्रेऽस्मिन् संख्यासंज्ञायाः अनुवृत्तिं कृत्वाऽपीष्टसिद्धिर्भवितुमर्हति।[४१] एतयोर्द्वयोः केनचिदेकेन मार्गेण द्वयोः स्थाने एकेनैव डतिग्रहणेन लाघवं भविष्यति। एषाऽपि संज्ञा भोजव्याकरणेऽपठिता वर्तते। षट्संज्ञाकरणस्य स्थाने भोजदेवः अन्यरीत्या कार्यं साधयति, तद्यथा-पाणिनीयस्य **'षड्भ्यो लुक्'**[४२] इत्यस्य सूत्रस्य समानान्तरं भोजदेवः सूत्रद्वयं पठति- (१) **'ष्णः संख्याया लुक्'**, (२) **'कतेः'**[४३] इत्यत्र षट्संज्ञायाः स्थाने **'ष्णः'** इति पदं प्रयुक्तं वर्तते डतिप्रत्ययस्थाने च डतिप्रत्ययान्तं 'कति' इति रूपं प्रयुक्तं दृश्यते।

एतदप्यत्रावधेयं वर्तते यत् षट् इति शब्दोऽयं पाणिनिनाऽऽचार्येण द्वयोरर्थयोः प्रयुक्तः वर्तते। एकस्तु पारिभाषिकी संज्ञा विद्यते अन्यश्च षट्त्वसंख्यायाः वाचकत्वेन प्रयोगोऽस्य क्रियते, तद्यथा- **'जक्षित्यादयः षट्'**[४४], **'षट्कतिकतिपयचतुरां थुक्'**[४५] इति।

जैनेन्द्राचार्येण प्रकृतेऽर्थे इल्संज्ञा विहिता वर्तते। कातन्त्र-चान्द्र-शाकटायन-हेमचन्द्र-मलयगिरि-प्रभृतिषु व्याकरणेषु षट्संज्ञायाः विधानं नास्ति प्रत्युत पाणिनिनाऽऽचार्येण ये षट्संज्ञकाः विहिताः सन्ति तेषामेवोल्लेखपूर्वकं सूत्रेषु कार्यविधानं कृतं विद्यते।[४६]

षट्संज्ञायाः अस्याः क्षेत्रमधिकं व्यापकं नास्ति। पाणिनीयेषु प्रायेण चतुर्ष्वेव सूत्रेषु षट्संज्ञा सम्बन्धीनि कार्याणि विहितानि सन्ति। अपि च सवर्ण-सर्वनाम-धातु-इत्यादिवत् व्यापिका संज्ञैषा नास्ति। अतोऽस्मिन् विषये संज्ञाकरणं विनैव कार्यनिर्देशकरणे महती कठिनता नाऽऽसीत्। कदाचिदेतस्मादेव कारणाद् परवर्तिभिः संज्ञैषा स्वव्याकरणेष्वपठिता वर्तते किन्तु पाणिनीयायां पद्धतौ लाघवदृशा संज्ञाकरणे साहाय्यमेव भवत्यत एव संज्ञायाः अस्याः प्रयोगः सम्यगेव प्रतीयते।

---

३७. तत्रैव, ७-१-२२
३८. महा. १-१-२५-ष्णान्ता षट् इत्यत्र 'डति' इत्यनुवर्तिष्यते।
३९. जैसू. १-१-३४
४०. तत्रैव, १-१-३३
४१. महा. १-१-२५-'डति च' इत्यत्र संख्यासंज्ञाऽप्यनुवर्तिष्यते।
४२. पा. ७-१-२२
४३. भो, ३-१-१५९-१८०
४४. पा. ६-१-६
४५. तत्रैव, ५-२-५१
४६. (क) का. सू. स्वरान्तपुल्लिंगप्रकरणे, १श्४-कतेश्च जस्शसोर्लुक्। (ख) चा. सू. २-१-२१-२२-ष्णः संख्याया लुक्, कतेः। (ग) शा. सू. १-२-१५१-डतिष्णा संख्याया जश्शसः। (घ) सि. है. १-४-५४-डतिष्णः संख्यायां लुप्। (ङ)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वनामस्थानसंज्ञा :

पाणिनीयव्याकरणे सर्वनामस्थानसंज्ञाविधायके द्वे सूत्रे स्तः- **शि सर्वनामस्थानम्, सुडनपुंसकस्य**[४७] इति। **'सर्वनाम तिष्ठत्यस्मिन्'**[४८] इत्यस्यां व्युत्पत्तौ विद्यमानोऽयं सर्वनामस्थानशब्दः **'सर्वेषां नाम'** इत्यर्थके सर्वनामशब्दे **'ष्ठा धातोः'**[४९] **'करणाधिकरणयोश्च'**[५०] इति सूत्रेण **'ल्युट्'प्रत्यये** कृते निष्पन्नेन **'स्थान'** शब्देन सह समस्तीभूते सति निष्पद्यते। शाब्दी महासंज्ञैषा पूर्वाचार्यैरप्रयुक्तत्त्वात् पाणिनिनोपज्ञाता इति वक्तुं शक्नुमः।

प्रथमेन **'जश्शसोः शिः'**[५१] इत्यनेन सूत्रेण भाषितस्य शेः सर्वनामस्थानसंज्ञा क्रियते।[५२] **'जश्शसोः'** इत्यनेन सूत्रेण नपुंसकादङ्गादुत्तरयोः जश्शसोः स्थाने 'शि' इत्यादेशोऽयं भवति। एतेन 'कुण्डानि', 'दधीनि', 'मधूनि' इत्यादीनि रूपाणि सिद्ध्यन्ति। द्वितीयेन च सूत्रेण नपुंसकभिन्नसम्बन्धिनः सुटः संज्ञैषा विधीयते।[५३] 'सुट्' इति प्रत्याहारोऽस्ति; अत्र 'सु' इत्यारभ्य 'औट्' पर्यन्तं सु-औ-जस्-अम्-औट्-इत्येते पञ्च आदिमाः स्वादयः प्रत्यया ग्राह्याः सन्ति।[५४] सर्वनामस्थानसंज्ञकस्य **'सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ'**[५५] इति सूत्रेण नान्तस्याङ्गस्योपधायाः दीर्घो भवति[५६] येन च राजा, राजानौ, राजानः, राजानम्, राजानौ इत्यादीनि रूपाणि निष्पद्यन्ते। सूत्रगतस्य **'अनपुंसकस्य'** इत्यस्मिन् पदेऽसमर्थसमासो वर्तते; किन्तु भाष्यकारेण **'असूर्यम्पश्या'**, **'अपुनर्गेय'** **'अश्राद्धभोजी'** इत्यादीनां शिष्टप्रयोगाणामाधारेणायं प्रयोगो साधुः मानितो वर्तते।[५७] एषाऽपि संज्ञा भोजव्याकरणेऽप्रयुक्ता वर्तते। पाणिनिराचार्यः यत्र सर्वनामस्थानसंज्ञायाः प्रयोगं करोति; तत्र भोजदेवः 'शिसुट्' इत्येतत् पदं प्रयुङ्क्ते, तद्यथा पाणिनीयस्य **सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ**[५८] इत्येतस्य सूत्रस्य समानान्तरं भोजसूत्रं वर्तते- **शिसुट्यसम्बुद्धयोः**[५९] इति। एवमेव **इतोऽत्सर्वनामस्थाने**[६०] इत्यस्य पाणिनिसूत्रस्य समकक्षं **शिट्सुट्येत्**[६१] **ऋतो ङिसर्वनामस्थानयोः**[६२] एतस्य समानान्तरं च **ऋतो ङिसुटोर्गुणः**[६३] इति। एवं पश्यामः यत् यथापेक्षं पाणिनीयसर्वनामस्थानसंज्ञायाः संज्ञिनां नामोल्लेखपूर्वकं कार्यविधानमत्र विहितं वर्तते। शर्ववर्महेमचन्द्रमलयगिरयः[६४] प्रकृतेऽर्थे **'घुट्'** इत्येतां संज्ञां प्रयुक्तवन्तः। जैनेन्द्रेण[६५] 'ध'संज्ञा प्रयुक्ता वर्तते।

---

४७. पा. १-१-४२-४३
४८. का. पदमंजर्याम् १-१-४३-सर्वनाम तिष्ठत्यस्मिन्निति सर्वनामस्थानम्, नाम प्रातिपदिकम् सर्वशब्दोऽवर्यवकात्स्न्यवचनः सर्वावयवयुक्तं यत्र नाम तिष्ठतीत्यर्थः, तेनान्यत्र न्यूनं नाम तिष्ठतीत्यर्थः।
४९. पा धा. भ्वादि, ६६२-'ष्ठा' गतिनिवृत्तौ।
५०. पा. ३-३-११७
५१. पा. ७-१-२०
५२. का. १-१-४२-'शि' इत्येतत् सर्वनामस्थानसंज्ञं भवति। किमिदं शि 'जश्शसोः शि' इति शिः आदेशः। इति ?
५३. तत्रैव, १-१-४३-'सुट्' इति पंच वचनानि सर्वनामस्थानसंज्ञानि भवन्ति नपुंसकादन्यत्र।
५४. पा. ४-१-२-स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप्।
५५. तत्रैव, ६-४-८
५६. का. ६-४-८-सर्वनामस्थाने च परतोऽसम्बुद्धौ नोपधाया दीर्घो भवति।
५७. महा. १-१-४३
५८. पा. ६-४-८
५९. भो, ६-३-६
६०. पा. ७-१-८६
६१. भो, ६-४-३८
६२. पा. ७-३-११०
६३. भो, ७-२-६१
६४. (क) का स. स्वरान्तपुल्लिङ्गप्रकरणे १-१-४४-पञ्चादौ घुट्। (ख) सि. हे.. १-१-२८ २९-शिर्घुट. पंक्तियोः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्रावधेयं यत् सर्वनामस्थानग्रहणस्य स्थाने शिसुट्ग्रहणं तु यथाकथञ्चित् विचारयितुं शक्यते परं **'घुट्'** 'ध' इति संज्ञाकरणं तु स्पष्टप्रतिपत्तिदृशा सर्वथा दूरं गतं वर्तते। शाब्दिकलाघवे सत्यपि अर्थकृतगौरवं सर्वथा नोपेक्षणीयं भवति। **'अर्थनित्यः परीक्षेत'** अतः यथान्यासमेव समर्थनीयम्।

सरस्वतीकण्ठाभरणे प्रायेण पञ्चाशीतिः संज्ञाः भोजाचार्येण विहिताः सन्ति। एतासामध्ययनेन ज्ञायते यत् भोजदेवेन पाणिनिव्याकरणे प्रयुक्ताः संज्ञा समाने एवार्थे स्वीकृताः सन्ति किन्तु भोजस्य दृष्टौ स्पष्टप्रतिपादनं महत्त्वपूर्णमासीत्। एतस्मादेव कारणाद् यत्र पाणिनेः सूत्रं व्याख्यानस्यापेक्षामर्हति तत्र भोजदेवः तया पद्धत्या सूत्ररचनां करोति यया तत्कालबोधः स्यात्। तद्यथा **पूर्वोऽभ्यासः**[६६] इत्यत्र 'पूर्व' शब्दस्याभिप्रायं स्पष्टीकुर्वन् भोजाचार्यः सूत्रं पठति **सनादिद्विरुक्तौ पूर्वोऽभ्यासः**[६७] इति। केषुचिद् सूत्रेषु भाष्यवार्तिकानां यथावसरं संयोजनं दृश्यते, तद्यथा- **अषष्ठ्येकविभक्ति चापूर्वनिपाते**[६८] इत्यस्मिन् भोजसूत्रे 'अषष्ठी'ति कथने **एकविभक्तावषष्ठ्यन्तवचनम्**[६९] इत्यस्याक्षेपवार्तिकस्य प्रभावः दृश्यते। कुत्रचिद् भाष्यवार्तिकान्येव सूत्ररूपेण पठितानि सन्ति, तद्यथा **वहेरनियन्तृकर्तृकस्य**[७०] इति। कुत्रचिदेकस्यैव पाणिनीयसूत्रस्य विभाजनमेकाधिकसूत्रेषु कृतं वर्तते, तद्यथा- **ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः**[७१] इत्यस्य स्थाने **अज् मात्रिको ह्रस्वः, द्विमात्रो दीर्घः, त्रिमात्रो प्लुतः**[७२] इति। भाष्यवार्तिककारेण प्रत्याख्याताः काश्चन पाणिनीयाः संज्ञा भोजव्याकरणेऽगृहीताः सन्ति, तद्यथा- विभाषा संहिता-अवसान-इत्येताः एतादृश्यः एव संज्ञाः सन्ति।

प्रकृतपत्रे यासां संज्ञानां विवेचनं वर्तते ता संज्ञाः यद्यपि भाष्यकारेणापि सम्मताः सन्ति तथापि भोजाचार्येण एतासां समावेशः स्वव्याकरणे कथं न कृतो वर्तते एतदत्र विचारणीयं वर्तते। एतासां संज्ञानां प्रयोगक्षेत्रस्यावलोकनेन परिज्ञायते यत् कार्यक्षेत्रमेतासामधिकं व्यापकं नास्ति।

अतः संज्ञिनां नामोल्लेखपूर्वकं कार्यसाधने महती कठिनता नासीत्। एतदतिरिक्तं भोजमते अत्यधिकसंज्ञानिर्माणं गौरवपूर्णं प्रतीयते। अत एव एतेन ताः संज्ञास्तु न स्थापिता एव यासां प्रत्याख्यानं भाष्यकारेण कृतं वर्तते। परमनेन अन्याः अपि भूयस्यः पाणिनीयाः संज्ञाः न स्थापिताः। परन्तु उभयपक्षपर्यालोचनेन इदमेव समीचीनं प्रतिभाति यत् **'संज्ञा च नाम यतो न लघीयः----लघ्वर्थं हि संज्ञाकरणम्'**[७३] इत्यादि भाष्यवचनानुसारेण शास्त्रस्य स्वारस्यदृशा स्फुटबोधदृशा च एताः संज्ञाः स्थापनीया एव सन्ति। शिष्यबुद्धिव्युत्पादनार्थं यदि एतासां महत्त्वं स्वीक्रियते तदा तु न कश्चिद्दोषः। तदर्थं तु वैयाकरणोऽयं

स्यमौजस्। (ग) शब्दा. १-२-४५-पंचादौ घुट्, न पि जस् - शसौ।
६५. जै. सू, १-१-३१३२-शि धम्, सुडनमः।
६६. पा. ६-१-४
६७. भो, १-१-७७
६८. भो, १-१-२८
६९. महा. १-२-४४
७०. भो, १-१-४६, महा. १-४-५२
७१. पा. १-२-२श्
७२. भो, १-१-९०९२
७३. महा. १.१.२३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्मानमर्हत्येव। भोजकृतानि न्यासान्तराण्येतानि यद्यपि सिद्धान्तरूपेण स्वीकार्याणि न सन्ति तथापि पाठकाः शिष्याश्च एवं जानीयुः यदनयाऽपि रीत्या शब्दान्वाख्यानं कर्तुं शक्यम्; एतावान् श्रेयस्तु भोजदेवाय सुनिश्चितमस्त्येव। अत्र भोजदेवेन स्वतन्त्रतया स्वाभीष्टरीत्या विषयप्रतिपादनं कृतं वर्तते। एतासां संज्ञानां कार्यक्षेत्रमधिकं व्यापकं नास्ति। किन्तु कार्यक्षेत्रे स्वल्पे सत्यपि संज्ञाव्यवहारेण अर्थविवेचने महती सुविधभवत्यतः पाणिनीयरीत्या संज्ञाकरणमुचितमेव प्रतिभाति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ०१६३-१७१) ISSN 0974 – 8830

कालिदास की भवन अभियान्त्रिकी एवं वास्तु विज्ञान

डॉ. राकेश शास्त्री[१]

नाटककार कालिदास, काव्यकार कालिदास और ऋतुसंहारीय कालिदास इन तीनों महाकवियों के काव्यों का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अवलोकन करने पर हम देखते हैं कि ये सभी भवन विषयक अभियान्त्रिकी से परिचित रहे हैं। इनमें भी काव्यकार कालिदास का भवन अभियान्त्रिकी एवं वास्तु विज्ञान विषयक वैदुष्य अत्यधिक बढ़ चढ़कर कहा जा सकता है, क्योंकि अपनी तीनों ही कृतियों में उन्होंने इसे सुन्दर एवं प्रभावी अभिव्यक्ति प्रदान की है। गगन चुम्बी प्रासाद, बहु मंजिला इमारतें[२] और उनमें भी शुद्ध वायु के लिए अपेक्षित वातायन एवं खिड़कियाँ,[३] उच्च स्तरीय भवन निर्माण संकल्पना, मणि जटित फर्श, सौन्दर्यीकरण एवं पर्यावरण की दृष्टि से उद्यान, उपवन आदि के महत्त्व को स्वीकार करने के कारण उन्हें भवन विषयक उत्कृष्ट अभियान्त्रिक कालिदास की श्रेणी में ला खड़ा करते हैं।[४]

ऐसा प्रतीत होता है कि काव्यकार कालिदास राजमहलों और प्रजा जनों के भवनों में सुसज्जित भवन-शैली के साथ-साथ वास्तु विज्ञान की दृष्टि से वातायन, झरोखे और अटारी[५] आदि के पक्षधर रहे हैं, जिनका उन्होंने अपने काव्यों में अवसर प्राप्त होने पर बार-बार वर्णन किया है, जो उनकी भवन विषयक अभियान्त्रिकी प्रतिभा के द्योतक रहे हैं, क्योंकि शुद्ध वायु एवं प्रकाश उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यन्त आवश्यक है, यही कारण है कि वर्तमान समय में भी इसे वास्तु विज्ञान सम्मत माना गया है।

उल्लेखनीय यह भी है कि नाटककार कालिदास ने भी अपनी तीनों ही नाट्य कृतियों में अपनी भवन विषयक अभियान्त्रिकी प्रदर्शित करते हुए राजमहल के पास सरोवर निर्माण एवं उसी दिशा में खिड़की लगाने को महत्ता प्रदान की है।[६] यहाँ उन्होंने प्रवात कक्ष,[७] समुद्र-गृह,[८] उसमें भी खिड़की[९] और द्वार,[१०] मंगल गृह (पूजा का स्थान),[११] न्यायालय[१२] आदि का उल्लेख करके अपनी भवन विषयक अभियान्त्रिकी का परिचय प्रस्तुत किया है। इसके अतिरिक्त ऋतु संहारीय कालिदास ने भी इस विषय में अपनी जागरूकता प्रदर्शित करते हुए शिशिर ऋतु में खिड़कियों को बन्द करने का उल्लेख करके अपनी भवन विषयक अभियान्त्रिकी को प्रदर्शित किया है-

---

१. डॉ. राकेश शास्त्री, १-जे-३८ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बांसवाडा (राज.) दूरभाष : ९४६०३०८६२३,
२. मेघ.- २/१
३. मेघ.- २/८
४. मेघ.- २/८। रघु.- १३/१।
५. मेघ.- २/५। रघु.- ७/५, ७, ८, ९, ११, १६/२०। कु.- ७/५७-६२।
६. (क) गणदासः-इदानीमेव पंचांगदकमाभिनयमुपदिश्य मया दीर्घिकावलोकन गवाक्षगता प्रवातमासेवमाना तिष्ठति। माल.- १/६। (ख) राजा- गौमम! कथं नु ते सखी मां पतिपालयति। एहि एनां गवाक्षमाश्रित्य विलोकयावः। माल.-४/६ के बाद।
७. माल. ४/२ के बाद।
८. माल.- ४/६ के बाद।
९. माल.- ४/७ से पूर्व
१०. माल.- ४/१५ के बाद।
११. माल.-५/प्रवेशक,
१२. माल.-५/१ के पूर्व, विक्रमो.- २/१ के बाद, शाकु.- ७/४ से पूर्व।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निरुद्धवातायनमन्दिरोदरं हुताशनो भानुमतो गभस्तय:।।[१३]

जबकि काव्यकार कालिदास के काव्यों में महलों, राजमार्गों, सरोवरों, बावड़ियों, उद्यानों, उपवनों, क्रीड़ा-पर्वतों एवं भवनों आदि के वर्णन कुछ इस प्रकार किये गये हैं कि इनसे प्रतीत होता है कि **वे कवि होने के साथ-साथ एक बहुत बड़े इंजीनियर भी थे और उन्हें भवन एवं नगर की वास्तुकला का गहन ज्ञान था।** जो हमें अन्य दोनों कालिदासों में कुछ कम ही प्रतीत होता है। मेघदूत में अलका नगरी का वर्णन,[१४] रघुवंश में अयोध्या का पुनर्निर्माण,[१५] तथा कुमारसम्भव महाकाव्य में तारकासुर के अत्याचारों से पीड़ित अमरावती नगरी के वर्णन,[१६] उक्त कथ्य की पुष्टि हेतु प्रमाण रूप में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

यहाँ भवन निर्माण कुछ इस प्रकार कराया गया है कि उनके झरोखों से सूर्य और चन्द्रमा की किरणों का सुख पूर्वक प्रवेश हो सके।[१७] जो आधुनिक वास्तुशास्त्र एवं सुस्वास्थ्य दोनों ही दृष्टियों से पूर्णतया तर्क सम्मत कहा जा सकता है। इसी प्रकार मेघदूत के अन्तर्गत अलका पुरी वर्णन प्रसंग में भवनों की विशेषताओं को अत्याधुनिक भवन निर्माण विषयक अभियान्त्रिकी के साथ जोड़कर देखा जा सकता है।[१८]

अत: यदि हम सूक्ष्म दृष्टि से विचार करें तो अन्य दोनों कालिदासों की अपेक्षा काव्यकार कालिदास की भवन-निर्माण योजना में उत्कृष्टता का पूर्ण आधान प्रतीत होता है, तभी तो उन्होंने भवन विन्यास में शयन-कक्ष, सामान्य विश्राम-कक्ष, पान-गोष्ठी कक्ष, नृत्य-संगीत आदि के लिए अलग- अलग कक्ष एवं एकान्त कक्ष आदि की सुन्दर परिकल्पना की है। उल्लेखनीय यह भी है कि यद्यपि नाटककार ने भी भण्डार गृह (तलघर),[१९] प्रेक्षागृह (नाट्यशाला)[२०] संगीत शाला, [२१] प्रवात शयनकक्ष (एयर कण्डीशण्ड कक्ष)[२२] यज्ञशाला[२३] आदि का उल्लेख करके अपनी अभियान्त्रिकी को प्रदर्शित किया है।

किन्तु काव्यकार के कक्षों की विविधता एवं अनेक दृष्टियों से उनकी सजावट आदि को देखकर वे हमें इस सम्बन्ध में अधिक सचेष्ट एवं उत्कृष्ट ज्ञान सम्पन्न प्रतीत होते हैं। जबकि ऋतु संहारीय कालिदास ने बड़े-बूढ़ों के कक्ष,[२४] शयन कक्ष तथा अन्य कक्षों[२५] आदि का सामान्य रूप से उल्लेख किया है। एक स्थल पर उन्होंने शयन कक्ष के अगर के धुएँ से महकने का भी कथन किया है।[२६]

---

१३. ऋतु.-५/२।
१४. मेघदूत- २/१-२१।
१५. रघु.- १६/३८-४१।
१६. कु.- १४-१५ सर्ग।
१७. मेघ.- २/३० ध्घ्
१८. मेघ.- २/२८।
१९. माल.- ४/२ से पूर्व।
२०. माल.-१/१९ के बाद।
२१. माल.- १/३ के बाद, १/४ से पूर्व।
२२. माल.-४/२ के बाद।
२३. शाकु.- ५/८ के बाद।
२४. श्रुत्वा ध्वनिं जलमुचां त्वरितं प्रदोषे शय्यागृहं गुरुगृहात् प्रविशन्ति।। ऋतु.-२/२२।
२५. प्रियतमपरिभुक्तं वीक्ष्यमाणा स्वदेहं व्रजति शयनवासाद्वासमन्यं हसन्ती। ऋतु.- ५/११।
२६. प्रकामं कालागुरुधूपवासितं विशन्ति शय्यागृहमुत्सुका: स्त्रिय:।। ऋतु.- ५/५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसके अतिरिक्त काव्यकार के कक्ष मणि जटित शिलाओं से निर्मित होने के कारण और भी अधिक आकर्षक एवं उत्कृष्ट अभियान्त्रिकी से युक्त हो गये हैं।[२७] इतना ही नहीं मणि शीलाओं का प्रयोग यहाँ शीतलता प्रदान करने एवं सौन्दर्यीकरण दोनों ही दृष्टियों से किया गया है, जो उनकी प्रभावी अभियान्त्रिकी के ही द्योतक रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि ये काव्यकार द्वारा भवननिर्माण के अवसर पर सभी कार्य वास्तुविदों के अनुसार सम्पादित कराए गये हैं, जो उन्हें उत्कृष्ट वास्तुविद् की श्रेणी में रखने के लिए पर्याप्त प्रतीत होते हैं-

'उपोषितैर्वास्तुविधानविद्भिर्निर्वर्तयामास।'[२८]

इतना ही नहीं हम देखते है कि नगर निर्माण में भी काव्यकार की परिकल्पना पूर्णतया योजना बद्ध रही है, क्योंकि यहाँ हाटों में सुन्दर वस्तुएँ सजी हुई हैं, घुड़साल में घोड़े बंधे हुए हैं, हस्तिशालाओं में विधिपूर्वक गाड़े गये खूँटों से हाथी बँधे हुए हैं।[२९] इसके अतिरिक्त अयोध्या[३०] एवं देव नगरी अमरावती[३१] की दुर्दशा को देखकर अभियान्त्रिक कालिदास का कवि हृदय अत्यन्त चिन्तित प्रतीत होता है।

तभी तो उन्होंने अपने अन्तिम महाकाव्य रघुवंश में अयोध्या के पुनर्निर्माण के प्रति अत्यन्त सचेष्टता एवं जागरूकता प्रदर्शित की है, जो अत्यन्त शीघ्रता पूर्वक रिकार्ड समय में अत्यन्त सुनियोजित ढंग से कराया गया है। इस प्रकार का कोई भी उल्लेख शेष दोनों कालिदासों के काव्यों में उपलब्ध नहीं होता है। वस्तुतः अयोध्या नगरी का पुनर्निर्माण काव्यकार के कुशल एवं उत्कृष्ट भवन निर्माण विषयक अभियान्त्रिकी का ही द्योतक है।

इसी प्रकार हम देखते हैं कि अभियान्त्रिक काव्यकार को वर्तुलाकार एवं चित्रित द्वार अत्यधिक प्रिय हैं,[३२] जो आज भी सौन्दर्य एवं समृद्धि आदि अनेक दृष्टियों से वास्तुविदों द्वारा प्रशंसनीय रहे हैं। इसके अतिरिक्त काव्यकार के भवन, पर्यावरण सौन्दर्य एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अग्रणी कहे जा सकते हैं, क्योंकि उन्होंने प्रासादों में उद्यान, वाटिका, कूप, वापी आदि का भी निर्माण कराया है,[३३] जिसकी वर्तमान समय में वास्तु आधारित जल संरक्षण की दृष्टि से महती आवश्यकता कही जा सकती है।[३४]

इस विषय में नाटककार ने भी अपनी अभियान्त्रिकी को अभिव्यक्ति प्रदान की है, क्योंकि उन्होंने भी भवन के पास ही प्रमद वन,[३५] उसके पास क्रीड़ा पर्वत,[३६] अतिमुक्त लता मण्डप[३७] और उसके नीचे जटित चौकी[३८] एवं उपवन की वास्तु सम्मत परिकल्पना को स्वीकार किया है-

मम कुसुमितास्वपि सखे नोपवनलतासु नम्रविटपासु।

---

२७. ध्यानसम्भृतविभूतिरीश्वरः प्राविशन्मणिशिलागृहं रहः। कु.-८/८१।
२८. रघु.- १६/३९।
२९. रघु.- १६/४१।
३०. रघु.- १६/११-२१।
३१. कु.- १३/३३-४३।
३२. मेघ.- २/१५।
३३. मेघ.- २/१७। रघु.-१६/४६।
३४. मेघ.- २/१७। रघु.-१६/४६।
३५. विक्रमो.-२/५ के पूर्व।
३६. विक्रमो.- २/१९ के पूर्व।
३७. विक्रमो.- २/७ के बाद।
३८. विक्रमो.- वही।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चक्षुर्बध्नाति धृतिं तद्रूपालोकदुर्ललितम्।[३९]

इसी प्रकार जलस्रोतों एवं जल-भण्डारण के प्रति भी अभियान्त्रिक काव्यकार कालिदास की दृष्टि हमें जागरूक प्रतीत होती है, क्योंकि उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में तरण ताल जिसे वर्तमान समय में 'स्विमिंग पूल' कहा जाता है, का भी स्त्रियों के स्नान के प्रसंग में वर्णन किया है।[४०] जिसमें काई लगी सीढ़ियाँ, कमल नाल का ऊपर निकल आना तथा स्त्रियों की कमर तक पानी का आना वर्णित किया गया है-

दिने दिने शैवलवन्त्यधस्तात्सोपानपर्वाणि विमुंचदम्भः।
उद्दण्डपद्मं गृहदीर्घिकाणां नारीनितम्बद्वयसंबभूव।।[४१]

जबकि नाटककार ने वापी के साथ-साथ पास ही पृथ्वी से जल निकालने वाले जल यन्त्र 'रहट' का उल्लेख किया है, जो इन दोनों महाकवियों की अभियान्त्रिकी विषयक भिन्नता को दर्शाता है-

बिन्दूक्षेपान् पिपासु परिसरति शिखी भ्रान्तिमद्वारियन्त्रम्।[४२]

वस्तुतः यहाँ उन्होंने बैल, ऊँट आदि पशुओं द्वारा चलाए जाने वाले जल-यन्त्र का कथन किया है, जिसे सामान्य भाषा में 'रहट' भी कहा जाता है। इसमें लोहे की पत्तर आदि से निर्मित जल पात्र, माला के रूप में घूमते हुए कुएँ से जल निकालते हैं। जो नाटककार की तात्कालिक जल अभियान्त्रिकी को प्रदर्शित करता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि तीनों ही कालिदासों ने भवन निर्माण के साथ-साथ जल संसाधनों वापी, तालाब, सरोवर, बावड़ी आदि के प्रति अपनी अभियान्त्रिकी को अभिव्यक्ति प्रदान की है। इनका उल्लेख जहाँ उन्होंने मानव के लिए जल संरक्षण आदि की दृष्टि से किया है, वहीं दूसरी ओर सौन्दर्य की दृष्टि से भी अपनी भवन अभियान्त्रिकी के अङ्ग के रूप में इन्हें अङ्गीकार किया है। दूसरे शब्दों में ये सभी उद्धरण नगर परिसर एवं वन्य प्रदेश दोनों में ही उनकी जल विषयक अभियान्त्रिकी को प्रदर्शित करते हैं।

इसके अतिरिक्त उल्लेखनीय बिन्दु यह भी है कि काव्यकार की अभियान्त्रिकी में पुल निर्माण विषयक अद्भुत कल्पना को भी देखा जा सकता है। जहाँ रघु दिग्विजय के प्रसंग में कपिशा नदी को पार करने के लिए उन्होंने सेना के हाथियों द्वारा पुल का निर्माण कराया है, जो विशेषता हमें नाटककार एवं ऋतु संहारीय कालिदास दोनों में ही दृष्टिगोचर नहीं होती है-

स तीर्त्वा कपिशां सैन्यैर्बद्धद्विरदसेतुभिः।
उत्कलादर्शितपथः कलिंगाभिमुखो ययौ।।[४३]

इसी प्रकार रघुवंश महाकाव्य के तेरहवें सर्ग में पुष्पक विमान से अयोध्या लौटते हुए राम, सीता को स्वयं निर्मित पुल की भव्यता का दर्शन विशेष रूप से कराते हैं, जिसने मलयाचल पर्वत तक समुद्र को दो

३९. विक्रमो.- २/८।
४०. रघु.- १६/४६।
४१. रघु.- १६/४६।
४२. माल०२.१२
४३. रघु.- ४/३८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागों में विभाजित किया हुआ है।[४४] वस्तुतः इस पुल के निर्माण में श्री राम की प्रेरणा का महत्त्व पूर्ण योगदान कहा जा सकता है, जिसका कालिदास ने एक स्थल पर उल्लेख भी किया है।[४५]

वस्तुस्थिति तो यह है कि काव्यकार कालिदास हमें वास्तुविद् होने के साथ-साथ पुल निर्माण एवं भवन निर्माण विषयक अभियान्त्रिकी में पूर्णतया कुशल रहे हैं। उनके द्वारा की गयी परिकल्पनाएँ आज हजारों वर्षों बाद भी उतनी ही सार्थक प्रतीत होती हैं, जितनी कभी वे पहले रहीं होंगी, क्योंकि उन्हेंने अपने काव्यों में जल-प्रदूषण, पुनर्निर्माण, विलासिता के संसाधनों को जुटाने आदि अनेक दृष्टियों से अपनी जागरूकता प्रदर्शित की है।

मेघदूत में भी काव्यकार कालिदास ने अलका नगरी को अत्याधुनिक नगर नियोजन की तकनीक पर आधारित वर्णित किया है, अतः उसके अनुरूप उद्यानों एवं अन्य संसाधनों से सुसज्जित भी दर्शाया है तथा अयोध्या की सुख समृद्धि के लिए इसका उपमान रूप में प्रयोग भी किया है-

वस्वौकसारामभिभूय साहं सौराज्यबद्धोत्सवया विभूत्या।
समग्रशक्तौ त्वयि सूर्यवंश्ये सति प्रपन्ना करुणामवस्थाम्।।[४६]

इसके अतिरिक्त अयोध्या नगरी के पुनर्निमाण के समय कारीगरों ने विभिन्न प्रकार के यन्त्रों की सहायता से उसकी जो काया पलट की है,[४७] वह भी निश्चय ही उल्लेखनीय, प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कही जा सकती है। वस्तुतः यह कार्य सामान्य कवि के बलबूते का विषय नहीं है, क्योंकि इस प्रकार का निर्माण विषयक अद्भुत कार्य एवं उसका स्वाभाविक वर्णन एक अभियान्त्रिक मेधा सम्पन्न कवि ही कर सकता है।[४८]

इतना ही नहीं यहाँ वे व्रत और उपवास करने वाले वास्तुविद् पण्डितों द्वारा महाकवि ने अनमोल मूर्तियों से भरे हुए घरों वाली अयोध्या का पूजन कराना भी नहीं भूले हैं। यह बात सर्व विदित है कि किसी भी निर्माण कार्य का आरम्भ करने से पूर्व पण्डित लोग उसका पूजन अवश्य करते हैं, जिससे काव्यकार की भवन निर्माण से सम्बन्ध में आध्यात्मिक भावना की अभिव्यक्ति भी हुई है, जिसका नाटककार एवं ऋतु संहारीय कालिदास दोनों में ही अभाव रहा है।

इसी प्रकार काव्यकार के काव्यों से उनके मूर्तिकला विषयक ज्ञान की भी प्रतीति हो रही है, क्योंकि उनके समय में घरों में अनेक प्रकार की मूर्तियाँ स्थापित की जाती थीं।[४९] इसके अतिरिक्त शीतलता के लिए भी अभियान्त्रिक काव्यकार ने अद्भुत प्रयोगों का उल्लेख करके अपने इस वैदुष्य को प्रदर्शित किया है, क्योंकि यहाँ उन्होंने विशेष प्रकार की शिलाओं पर धनी लोगों के विश्राम की बात का उल्लेख करते हुए उनका चन्दन से धुलवाना और उसके चारों ओर फव्वारों का चलवाना[५०] वर्णित किया है, यह कार्य वस्तुतः एक उत्कृष्ट इंजीनियर का मस्तिष्क ही वर्णित कर सकता है।

---

४४. स सेतुं बन्धयामास प्लवगैर्लवणाम्भसि। रघु.- १३/२।

४५. रघु.- १२/७०।

४६. रघु.- १६/१०।

४७. तां शिल्पिसंघाः प्रभुणा नियुक्तास्तथागतां संभृतसाधनत्वात्। पुरं नवीचक्रुरपां विसर्गान्मेधा निदाघग्लपितामिवोर्वीम्।। रघु.- १६/३८।

४८. रघु.- १६/३८।

४९. ततः सपर्यां सपशूपहारां पुरः परार्ध्यप्रतिमागृहायाः। उपोषितैर्वास्तुविधानविद्भिर्निर्वर्तयामास रघुप्रवीरः।। रघु.- १६/३९।

५०. यन्त्रप्रवाहैः शिशिरैः परीतान् रसेन धौतान् मलतोद्भवस्य। शिलाविशेषानधिय्य निन्नुर्धारागृहेष्वातपमृद्धिमन्तः।। रघु.-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसके अतिरिक्त नगर में सड़क निर्माण[५१] बावड़ियों का निर्माण करते हुए उनमें सीढ़ियों की निर्मिति,[५२] महलों के खम्भों में स्त्रियों की मूर्तियों के निर्माण काव्यकार कालिदास को भवन निर्माण कला विषयक वैदुष्य से युक्त प्रदर्शित करते हैं। इसी प्रकार भवनों का शुभ्र चाँदनी से चमकना,[५३] महलों के पास ही उद्यानों का निर्माण, उनमें लता कुँजों का वर्णन[५४] आदि ऐसी अनेक बातें हैं जो निश्चय ही काव्यकार को अभियान्त्रिकी विज्ञान में निपुण सिद्ध करती हैं।

जैसा कि हम पूर्व में भी उल्लेख कर चुके हैं कि काव्यकार ने ऊँचे-ऊँचे भवनों के निर्माण की बात कहकर अपने अभियान्त्रिक वैदुष्य का अनेक स्थलों पर प्रदर्शन किया है।[५५] मेघदूत में अलका पुरी के भवनों के वर्णन में कवि ने सात खण्डों वाले भवन का कथन करते हैं, जिन भवनों में विविध प्रकार के चित्र टंगे हुए हैं, जिन्हें आधुनिक दृष्टि से आन्तरिक साज सज्जा अर्थात् 'इन्टीरियर डेकोरेशन' की संज्ञा प्रदान की जा सकती है, दूसरे शब्दों में इसे वस्तुतः आधुनिक वास्तु विज्ञान का ही एक हिस्सा भी कह सकते हैं।

स्वास्थ्य की दृष्टि से शुद्ध वायु के आवागमन के लिए यहाँ अनेक झरोखों का भी निर्माण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि काव्यकार कालिदास इन झरोखों में कीटादि से सुरक्षा के लिए जालियों का नियोजन कराना नहीं भूले हैं।[५६] रात्रि में इन झरोखों से निकलने वाली दीपक की किरणें इसकी सुन्दरता में चार चाँद लगा देती है-

रात्रावनाविष्कृतदीपभासः कान्तामुखश्रीवियुक्ता दिवापि।
तिरस्क्रियन्ते कृमितन्तुजालैर्विच्छन्नधूमप्रसरा गवाक्षाः॥[५७]

काव्यकार कालिदास का अभियान्त्रिक विषयक ज्ञान इतना अधिक सम्पन्न है कि यहाँ उन्होंने सरयू के किनारों पर स्नानादि की सुविधा की दृष्टि से अनेक घाटों का निर्माण भी कराया है, जहाँ से लोग बलि कर्म सम्पादित करते हैं।[५८] इसी प्रकार सरयू नदी के तट पर बेंत की अनेक झोपड़ियों का निर्माण कराना[५९] भी काव्यकार कालिदास की अभियान्त्रिक प्रतिभा का द्योतक ही कहा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त काव्यकार के तो वनों में रहने वाले तपोरत मुनि लोग भी इंजीनियर ही प्रतीत होते हैं, क्योंकि रघुवंश के प्रथम सर्ग के अन्त में आश्रम के कुलपति महर्षि वसिष्ठ द्वारा निर्मित पर्ण कुटी में ही राजा दिलीप द्वारा निवास किया गया है,[६०] झोंपड़ी अथवा कुटिया का निर्माण करना भी वस्तुतः एक आभियन्त्रिकी ही है, जिसे वर्तमान समय में भी इंजीनियरों द्वारा स्वीकार किया गया है, महानगरों में निर्मित अट्टालिकाओं, होटलों के उपवनों के सौन्दर्य में ये ही झोंपडियाँ चार चाँद लगाते देखी जा सकती हैं।

---

५१. रघु.- १६/१२।
५२. रघु.- १६/१३, १६।
५३. रघु.- १६/१८।
५४. रघु.- १६/१९।
५५. ततः कक्ष्यान्तरन्यस्तं गजदन्तासनं शुचिः। सोत्तरच्छदमध्यास्त नेपथ्यग्रहणाय सः॥ रघु.- १७/२१।
५६. नेत्रा नीताः सतगतिना यद्विमानाग्रभूमिरालेख्यानां नवजलकणैर्दोषमुत्पाद्य सद्यः॥ मेघ.-२/८।घ्
५७. रघु.- १६/२०।
५८. रघु.- १६/२१।
५९. रघु.- १६/२१।
६०. रघु.- १/९५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रघुवंश के सत्रहवें सर्ग में एक स्थल पर काव्यकार कालिदास ने चार खम्भों पर स्थित ऊँची वेदी वाले नये मण्डप के निर्माण से सम्बन्धित वर्णन करके अपनी भवन निर्माण विषयक उच्च स्तरीय अभियान्त्रिकी प्रतिभा का परिचय दिया है-

ते तस्य कल्पयामासुरभिषेकाय शिल्पिभिः।
विभानं नवमुद्वेदि चतुःस्तम्भप्रतिष्ठितम्।।[६१]

इतना ही नहीं काव्यकार कालिदास ने अपने काव्यों में सुन्दर रथ[६२] एवं मन की तरंगों से चलने वाले विमानों[६३] का वर्णन करके अपने रथ एवं विमान विषयक अभियान्त्रिकी को प्रदर्शित किया है। रघुवंश के बारहवें सर्ग में सहस्रों घोड़ों वाले रथ का उल्लेख हुआ है,[६४] जो उनकी उच्च स्तरीय अभियान्त्रिक तकनीकी का परिचायक कहा जा सकता है। इसी प्रकार रघुवंश के तेरहवें सर्ग में विमान का इच्छानुसार परिचालन भी उनकी इसी बात का द्योतक रहा है।[६५] यद्यपि इस विषय में विशेष विवरण हम आगे षष्ठ अध्याय में प्रस्तुत करेंगे, यहाँ केवल संकेत मात्र ही किया है।

कुमारसम्भव महाकाव्य के तेरहवें सर्ग में जहाँ एक ओर भवनों का निर्माण स्फटिक नामक कीमती पत्थर द्वारा कराया गया है, वहीं दूसरी ओर यहाँ विलास भवनों में स्थित बावडियों में सोने के कमल और पन्नों से निर्मित बड़े-बड़े पाटियों के निर्माण की बात भी कही गयी है।[६६] जो वर्तमान समय के स्तरीय 'स्विमिंग पूल' की धारणा को पूर्ण करता प्रतीत होता है, जहाँ ऊँचाई पर स्थित पटिया से लोग तरणताल में कूदकर स्नान करते हुए अपना मनोरंजन करते हैं।

उक्त सभी वर्णन काव्यकार कालिदास की अभिनव अभियान्त्रिकी प्रतिभा की पुष्टि करते प्रतीत होते हैं। इसके अलावा वैजयन्त भवन की सुनहरी दीवारें,[६७] देव कन्याओं द्वारा सुनहले बालुका कणों द्वारा ऊँची-ऊँची वेदिकाओं का निर्माण,[६८] नन्दन नामक उपवन में साल के वृक्षों का नियोजन,[६९] फर्श में नीलम नामक रत्नों का जड़ना,[७०] अटारियों का आकाश को छूना,[७१] महलों में झालरों का प्रयोग, उनमें लटके चन्द्र कान्त मणि, उजली चाँदनी में प्रेमी युगल की थकान को दूर करने वाला इन्हीं मणियों से टपकता शीतल जल,[७२] ये सभी बातें काव्यकार कालिदास की भवन निर्माण विषयक अभियान्त्रिकी, उनकी कलात्मक अभिरुचि एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टि के परिचायक कहे जा सकते हैं।

---

६१. रघु.- १७/९।
६२. रघु.- १२/८५।
६३. रघु.- १२/१०४। कु.- १३/३५।
६४. रघु.- १२/१०३।
६५. रघु.- १३/७६, १४/२०।
६६. रघु.- १३/३९।
६७. कु.- १३/४१।
६८. कु.- १/२९, १३/२६।
६९. कु.- १३/३३।
७०. मेघ.- २/१।
७१. मेघ.- २/१।
७२. मेघ.- २/१०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसके अतिरिक्त मेघदूत नामक गीतिकाव्य में वैभ्राज नामक बाह्य उपवन किन्नरों द्वारा रात-दिन के मनोरंजन का साधन है, जो अपनी प्रियाओं के साथ इनमें विहार करते हैं।[७३] यहाँ तो काव्यकार की अभियान्त्रिकी के प्रतीक कुबेर के भवन से उत्तर की ओर इन्द्र धनुष के समान सुन्दर गोल फाटक वाला घर भी विद्यमान है।[७४]

कथा के निश्चित भेद करना अत्यन्त कठिन है। विद्वानों ने कथा के प्रकार या भेद निर्धारित करने के लिए भिन्न-२ आधार माने हैं। कुछ विद्वानों ने शैली पर आधरित भेद किये हैं तो कुछ ने विषय, आकार आदि को दृष्टिपथ में रखकर कार्य किया है। मानव ज्यों-ज्यों विकसित होता गया, त्यों-त्यों युग के आरम्भिक काल से ही अनेक प्रकार की कथाएँ लोगों में प्रचलित थीं। भले ही उनके विकास की प्रारम्भिक अवस्थाओं में अद्भुत-कथा, लोक-कथा, पशु-कथा, या धर्म-कथा आदि के रूप में भेद करना असम्भव हो। कालान्तर में कथा-साहित्य की वृद्धि हुई और यह कथा साहित्य इतना समृद्ध तथा विस्तृत हो गया कि कथा साहित्य प्रेमियों के मन में स्वत: यह विचार उठने लगा कि इस विशाल कथा-साहित्य का वर्गीकरण आवश्यक है, क्योंकि इतिवृत्त और पात्र योजना आदि तत्त्वों के आधार पर इन कथाओं का सम्यक् विवेचन करने पर बहुत सी भिन्नताएँ दृष्टिगोचर होती है। अत: कथा-साहित्य के वर्गीकरण की आवश्यकता का अनुभव किया जाने लगा।

शैली के आधार पर कथा के दो भेद किये गये हैं- (क) कथा (ख) आख्यायिका। कथा और आख्यायिका का सर्वप्रथम लक्षण हमें अमरसिंह कृत अमरकोष (चौथी या पांचवीं शदी ई०) में प्राप्त होता है। अमरसिंह के अनुसार आख्यायिका प्रसिद्ध विषय को लेकर लिखा गया काव्य है तथा कथा कल्पित विषय को लेकर। [३०]

अमरकोष के पश्चात् हमें भामहकृत 'काव्यालंकार' में कथा[३१] और आख्यायिका[३२] दोनों गद्य काव्यों के लक्षण प्राप्त होते हैं। भामह के अनुसार आख्यायिका एक ऐसी रचना है जो विषयानुकूल तथा श्रवणीय शब्द, अर्थ और पदों वाले गद्य से युक्त उदात्त अर्थ वाली और उच्छवास नामक खण्डों से युक्त होती है। इसके विपरीत कथा संस्कृत या अपभ्रंष दोनों भाषाओं में हो सकती है। इसमें नायक के चरित्र का वर्णन स्वयं

---

२४ सनत्कुमारो भगवान् पुराकथितनानाकथाम्। बाल्मीकि रामायण १/८/६

२५ अभितप्त मयोऽपि मादैव भजते कैव कथा शरीरिषु। रघुवंश महा० ८/४३१

२६ का कथा बाणसन्धाने ज्याशब्देनैव दूरत:, अभिज्ञानशाकुन्तलम् ३/१

२७ कथा सरित्सागर ४/२/१८१

२८ शशुपालवध २/४०, नैषधीयचरित १/१

२९ आख्यायिका कथा खण्ड कथा परिकथा। कथानिकेति मन्यन्ते गद्यकाव्यं च पंचधा।। अग्निपुराण ३३७/१२

३० आख्यायिकोपलब्धार्था। प्रबन्धकल्पना कथा। अमरकोष १/३२१-३२

३१ न वक्त्राभ्यां युक्ता नोच्छ्वासवत्यपि। संस्कृतं संस्कृता चेष्टा कथाऽपभ्रंशभाक् तथा।। अन्यै: स्वचरितं तस्यां नायकेन तु नोच्यते। स्वगुणविष्कृतिं कुर्यादभिजात: कथं पुन:।। काव्यालंकार १/२८-२९

३२ प्रकृतानाकुलश्रव्यशब्दार्थापदवृत्तिना। गद्येन युक्तोदातार्था सोच्छवासाख्यायिका मता।। वृत्तमाख्यायते तस्यां नायकेन स्वचेष्टितम्। वक्त्रं चापरवक्त्रं च काले भाव्यर्थ शंसि च।। कवेरभिप्रायकृतैरनेकै: कैश्चिदङ्किता। कन्याहरणसंग्रामविप्रलम्भोदयान्विता।। काव्यालंकार १ २५-२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नायक द्वारा न किया जाकर दूसरे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, क्योंकि कोई कुलीन व्यक्ति अपने गुणों का स्वयं वर्णन नहीं कर सकता है।

कथा कल्पनाश्रित तथा आख्यायिका इतिहासाश्रित हो सकती है। आख्यायिका का वक्ता स्वयं नायक तथा कथा का वक्ता नायक या नायिकेतर भी हो सकता है।[३३] आचार्य दण्डी दोनों की संज्ञा अलग-२ लेकिन जाति एक ही मानते हैं।

आकार के आधार पर कथा के दो भेद किये जा सकते हैं- (क) दीर्घ कथा (ख) लघु कथा। आचार्य धनंजय ने इतिवृत्त के आधार पर (क) ऐतिहासिक कथा, (ख) कल्पित कथा तथा (ग) मिश्रित, ये तीन भेद किये हैं, अन्य भी इसके अवान्तर भेद किये जा सकते हैं। विभिन्न विद्वानों ने अपने-२ हिसाब से कथा साहित्य अनेक भेद किये हैं।

वर्तमान में प्रचलित कथाएँ प्राचीन कथाओं से कुछ भिन्न हैं। इसमें कथाकार द्वारा वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का यथार्थ चित्रण किया जाता है। आधुनिक कथाकार समाज में जो अनुभव करता है, उसे पात्रों के माध्यम से कथा के रूप में पाठकों तक पहुँचाता है और सामाजिक समस्याओं से अवगत कराता है तथा कहीं-कहीं उसके समाधान भी प्रस्तुत करता है।

साम्य एवं वैषम्य-

प्राचीन कहानी और आधुनिक कहानी में बहुत अन्तर आ गया है। आकारगत अन्तर-आधुनिक कहानी प्राचीन कहानी की तुलना में लघुकलेवर से युक्त है। प्राचीन कहानी में अलौकिक तथा अतिप्राकृत तत्त्वों की प्रधानता होती है, आधुनिक कहानी में लौकिक जीवन के यथार्थ को महत्त्व दिया जाता है।

प्राचीन कहानी चमत्कार और अविश्वसनीयता पर भरोसा करती है। आधुनिक कहनी ने स्वाभाविकता और विश्वसनीयता का मार्ग अपनाया है। प्राचीन कहानी में कौतूहल, जिज्ञासा और उत्सुकता बनाये रखने में अप्रासंगिक करतब भी हुआ करते थे। आधुनिक कहानी में सहजता, प्रामाणिकता और जीवन्तता को महत्त्व दिया गया है। प्राचीन कहानी प्राय: तार्किकता के बन्धन से मुक्त होती थी। आधुनिक कहानी का न केवल अपना एक रचनात्मक तर्क होता है; प्रत्युत वह बौद्धिक तार्किकता को भी सन्तुष्ट करती है। प्राचीन कहानियों में संयोगों और आधुनिकताओं की प्रधानता होती है। आधुनिक कहानियाँ जीवन के कार्य कारण नियम को सम्पुष्ट करती है। प्राचीन कहानी किसी पुराण, धर्मग्रन्थ, प्रबन्धकाव्य आदि के अनुषंग के रूप में नीति और बोध का माध्यम होती थी, आधुनिक कहानी की पहिचान उसकी स्वतन्त्र कथात्मकता है और वह आज साहित्य की एक गम्भीर विधा के रूप में प्रतिष्ठित है।

शिल्प और निर्वाह के स्तर पर प्राचीन कहानी में जहाँ किसी विचार, उपदेश, नीति या सूक्ति को सिद्ध करने के लिए काल्पनिक, आलंकारिक या असम्भव सी घटनाओं का ताना-बाना बुन दिया जाता था, वहाँ आधुनिक कहानी अपने कथ्य को वास्तविक जीवन से उठाती है। जीवित यथार्थ उसका सन्दर्भ होता है और सहज सम्भव घटना क्रम से ही वह मानव जीवन के चित्र प्रस्तुत करती है। प्राचीन कहानी में जहाँ कथाकार जीवन का एक तटस्थ दर्शक होता था, आधुनिक कहानी में वह जीवन का एक सक्रिय भागीदार होता है और वह कहानियों में चित्रित परिस्थितियों का भोक्ता भी होता है इसलिए उसमें भोगे हुए यथार्थ और अनुभव की प्रामाणिकता होती है। प्राचीन कहानी में या तो चमत्कार की प्रधानता होती थी या फिर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३३ नायकेनैव वाच्याऽन्या नायकेनेतरेण वा. काव्यादर्श:१.२४

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सपाट विवरण होता था, आधुनिक कहानी में प्रत्यक्षता के साथ व्यंग्य की प्रधानता होती है। प्राचीन कहानी में अविश्वसनीयता और असम्भव सी घटना के बारे में कहा जाता था लेकिन आधुनिक कहानी विश्वसनीय और प्रामाणिक होती है।

आधुनिक कथाओं में हम अपने चरित्र का प्रतिबिम्ब पाते हैं। आधुनिक कहानियों में मानव जीवन की विविधता का स्पष्ट चित्रण मिलता है। यह साहित्य की सर्वाधिक सशक्त विधा है। जीवन और जगत् की प्रतिच्छाया अपनी सम्पूर्णता में आधुनिक कहानियाँ वर्तमान समाज का सर्वोत्कृष्ट दर्पण है। आधुनिक कथाएँ हमारे वर्तमान मानवीय मध्यमवर्गीय सामाजिक जीवन की व्याख्या है, जो समाज के प्रत्येक पक्ष को अपने क्रोड में समेटे हुए है। मध्यमवर्गीय और निम्न वर्ग के प्रत्येक उत्थान पतन की आत्मध्वनि आधुनिक कथाओं की मूल विषय वस्तु होती है। यही कारण है कि आधुनिक कथाओं में अपनी ही बात अपनी ही समस्याओं का समाधान, अपने ही समाज का खाका जब दृष्टिगोचर होता है तो उसके अध्ययन की सहजप्रवृति हृदय में जागृत होती है।

आधुनिक समय में लिखे जाने वाली कथाएँ सामाजिक मनोवैज्ञानिक तथा भावप्रधान होती हैं। उदा० के० श्रीनिवास की 'साधुमणि:' चन्द्रचूड़ शर्मा की 'छायापथ' रामनाथ शास्त्री की 'मदीय स्वप्न' भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की 'विषय समस्या' तथा 'बालक भृत्य:' आदि मनोवैज्ञानिक भावना प्रधान कहानियाँ हैं।[३४] विश्वेश्वर शर्मा की 'मम गृहरहस्यम्' उपेन्द्रनाथ सेन की 'पल्लिच्छवि' चारुवन्द्योपाध्याय की 'स्त्रीचरितम्', भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की 'दयनीय' आदि सामाजिक कहानियों के उदाहरण हैं।

नारी समस्याओं से जुड़ी 'कथामुक्तावली' पण्डिता क्षमाराव की आधुनिक कथा साहित्य का प्राण है। वीणापाणि पाटनि कृत 'अपराजिता', नलिनी शुक्लाकृत 'कथा सप्तकम्' तथा 'कथाम्बरा' महिला लेखिकाओं द्वारा लिखे नारी समाज में नारी की विविध भूमिका एवं महत्त्व को दर्शाने वाले प्रतिनिधि कथा संग्रह हैं।

इन आधुनिक कथाओं में वर्णित समाज में सामान्य मानव की तरह ही उसके पात्र भी समाज में अन्त:क्रिया करते हैं, सम्बन्धों की स्थापना करते हैं तथा विभिन्न परिस्थितियों में सामना एवं संघर्ष करते हैं, विभिन्न सामाजिक प्रक्रियाओं के साथ हम अपना रागात्मक तादात्म्य प्राप्त कर अनुभव करते हैं कि आधुनिक कथाओं में वर्णित पात्र कोई दूसरे नहीं, हम ही है और उसमें वर्णित परिस्थितियाँ वही हैं जिनमें हम घिरे हुए हैं या जिनमें हम जी रहे हैं। हमारे अपने ही घर आँगन, देहलीज, चौवारे, गाँव, चौपाल, नगर, शहर को आधुनिक कथाओं का आधार ग्रहण किये गये हैं। ये कथाएँ मानवीय सामाजिक जीवन का खण्डकाव्यात्मक रूप हैं और जीवन के किसी एक पक्ष से प्रमुख रूप से जुड़ी होती हैं।

प्राचीन कथाओं में कल्पना की अधिकता, वस्तु विधान की जटिलता, घटनाओं की प्रमुखता, अद्भुत के प्रति आकर्षण, पारलौकिक विशुद्ध प्रेम के साथ विषय भोगजन्य अश्लील प्रेम का असंगत चित्रण मिलता है। उसमें अस्वाभाविक, अति प्राकृत एवं अतिमानवीय, अतिरंजित प्रसंगों की अतिशयोक्ति पूर्ण धारणा मिलती है। अधिकांश प्राचीन कथाओं में विशुद्ध आदर्शवादी या घोर असंतुलित दृष्टि मिलती है। चरित्र चित्रण पर ध्यान नहीं दिया जाता था। देववाद, अस्वाभाविकता तथा आकस्मिक संयोगों के प्रति आग्रह अधिक रहता था। उसमें मनोरंजन या उपदेश की प्रवृत्ति प्रधान थी। डॉ० परमानन्द श्रीवास्तव कहते हैं-**'प्राचीन कथाओं के**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३४ संस्कृत का समाजशास्त्र: हीरालाल शुक्ल, पृ० २६९-२७२

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचना विधान में कलात्मक चेतना का उपयोग नहीं के बराबर है। प्राचीन कथाएँ अनेक रहस्यपूर्ण प्रसंगों का विवरण तो देती हैं किन्तु वह बिन्दु अंकित नहीं कर पाती हैं जिसमें कथा के रचनात्मक विकास की सम्भावना है। प्राचीन कथाओं में अधिकाधिक पात्र रहते थे, वातावरण तथा परिस्थिति की वजाय स्थूल या बाह्य चित्रण पर ज्यादा ध्यान दिया जाता था।[३५]

आधुनिक लघुकथाएँ जनजीवन के अधिक समीप हैं। उसमें स्वाभाविकता तथा वास्तविकता के साथ यथार्थ की सच्ची अभिव्यक्ति है। वह चलते- फिरते सच्चे इन्सान की कहानी है। मानवीयता और सम्प्रेषणशीलता लिए हुए वह अधिक संक्षिप्त, व्यंजनात्मक सूक्ष्म तथा संघर्ष को लेकर आगे बढ़ती है। लघु कथा एक प्रभाव तथा संवेदना से युक्त जीवन के किसी मार्मिक पहलू को आकस्मिकतापूर्ण या उत्साहवर्धक प्रगति से चरम सीमा तक प्रकाशित करती है। उसमें सामान्य जन की यथार्थ परिस्थितियों का चित्रण होता है, इसमें चरित्र चित्रण एवं मानसिक द्वन्द्व की प्रधानता होती है। जीवन के संघर्ष की सबल अभिव्यक्ति रहती है। आज कथा रूढ़िगत शिल्प प्रधान से मुक्त है। आधुनिक दृष्टि से सफल कथाकार वही है जो मानव हृदय का सूक्ष्म विश्लेषण करके आनन्द और कल्पना की अनुभूति पाठक को कराये, जिससे उसके हृदय में वेदना की ध्वनि स्वयं झंकृत हो उठे। आज की लघु कहानियों में लौकिकता, स्वाभाविकता, यथार्थवादिता, विचारात्मकता, पुरुषार्थवाद तथा कार्यकारण श्रृंखला पर अधिक बल दिया जाता था। इस प्रकार आधुनिक कथा का रूप, शैली और आत्मा सभी कुछ प्राचीन कथाओं से भिन्न है।

गद्य की अन्य विधाओं की अपेक्षा आधुनिक कथाएँ जीवन के अधिक समीप हैं। उसका उद्देश्य सामाजिक विकास की प्रक्रिया को समग्रता के साथ प्रस्तुत करना है। इस प्रकार आधुनिक कथाओं का मुख्य विषय समाज ही है। मानव के सामाजिक जीवन की प्रकृति के साथ सतत अन्त:क्रियाओं को जो स्वरूप प्रदान करती है तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ जो कि व्यक्तिओं के सामाजिक जीवन के मध्य सम्बन्ध स्थापित करती है। आधुनिक कथाओं की एक मूर्त दुनियाँ है जो समाज में मानव के व्यवहार से सम्बन्धित है। इस प्रकार आधुनिक कथाएँ युग विशेष के सामाजिक यथार्थ को समग्रता के साथ प्रस्तुत करती है।

आधुनिक कथाओं का सम्बन्ध यथार्थ से होता है। समाज कैसा था? या कैसा होना चाहिए? के स्थान पर समाज जैसा है वैसा ही चित्रण करती है। आधुनिक कथाओं का उद्देश्य यथार्थ का सृजन करना है, यह हमारे आधुनिक पूँजीवादी समाज का खण्डकाव्य है, इसका उद्देश्य नये मानव की आवश्यकताओं को पूरा करना, उसकी आशा, आकांक्षाओं को व्यक्त करना तथा उसकी तूफानी दुनियाँ को चित्रित करना है। वर्तमान लेखक समस्याओं को देता ही नहीं अपितु उसका सफल और सरल समाधान देना भी अपना कर्त्तव्य समझता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३५ अभिनव कथा भारती - जय कुमार मुद्गल, पृ० ५

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। जैसा कि जैनेन्द्र ने कहा है कि-'वह समाज की समस्त विषमताओं का चित्रण करके उन पर प्रहार करता है और इस प्रकार सामाजिक जीवन को नयी दिशा प्रदान करने का प्रयास करता है। [३६]

निष्कर्षत: वर्तमान परिवेश में लिखी गयी कथाएँ समाज में व्याप्त जटिलताओं, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सामाजिक विषमताओं, शोषण व विडम्बनाओं को उजागर करती हैं। पात्र जीवन के यथार्थ की वेदनाओं, कटुताओं और जटिलताओं से संघर्ष करते पाठक के मन को झकझोरते हैं तथा अन्तर्मन की पीड़ा को शक्तिमत्ता के साथ अभिव्यक्त करते हैं। अति यथार्थता, नारी सम्बन्धी अनेकानेक समस्याओं, बाल-समस्याओं, कृषकों, श्रमिकों व दलितों के मानवीय करुणा झलकती है। इस प्रकार सामाजिक समस्याओं पर आधारित आधुनिक संस्कृत लघुकथाएँ सामाजिक दर्पण की भूमिका निभाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

३६ साहित्य का श्रेय और प्रेय- जैनेन्द्र कुमार, पृ०१९८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० १९९-२०६) ISSN 0974 – 8830

आचार्य मेधाव्रत की रचनाओं में यथार्थ ज्ञान-मीमांसा

(दयानन्द-दर्शन के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. योगेश शास्त्री[1]

आचार्य मेधाव्रत की साहित्यिक रचनाओं में प्रतिबिम्बित दयानन्द-दर्शन के अन्तर्गत यथार्थ ज्ञान-मीमांसा के स्वरूप को आचार्य मेधाव्रत जी ने सम्यक्तया उद्घाटित किया है।

स्वामी दयानन्द ने **सत्यार्थ प्रकाश के ग्यारहवें समुल्लास** में वैदिक ज्ञान के मार्ग को छोड़ने पर अज्ञान के कारण भारत की जो दुर्दशा हुई है उसका यथार्थ चित्रण किया है तथा भारतीय समाज में फैली कुरीतियों और मिथ्याज्ञान का खण्डन करते हुए सत्य और यथार्थ ज्ञान का मण्डन भी किया है। आचार्य मेधाव्रत ने यहाँ से प्रेरणा लेकर भारत की दुर्दशा और मिथ्या ज्ञान का चित्रण दयानन्द दिग्विजय महाकाव्य में इस प्रकार किया है-

जगन्नभोऽन्तान्निगमप्रभाकरे, नितान्त मस्ताचललम्बि मण्डले।
शनैः शनैरार्य वसुन्धराम्बरं, समावृणोन्मोहतमः कदम्बकम्।।[2]

अर्थात्- संसाररूपी आकाश से वेदरूपी सूर्य सर्वथा अस्ताचलगामी हो चुका था। मिथ्याज्ञान रूपी घोर अन्धकार धीरे-धीरे भारतीय वसुन्धरा के गगनांग में छा चुका था।

भयंकराज्ञाननिशि प्रमोहतो, निमीलितं भारतलोकपंकजम्।
व्यबोधयद्यः श्रुतिबोधदीधिति प्रभाभिरादित्य इव व्रतीश्वरः।।[3]

अर्थात्- उस समय इस आर्यावर्त में अज्ञानरूपी रजनी का साम्राज्य था। जैसे रात को कमलिनी मुंद जाती है, वैसे ही भारतीय जनता अज्ञान, प्रमाद, आलस्य आदि दोषों के कारण सब उन्नतियों से हाथ धो बैठी थी। ऐसे भयंकर समय में सूर्य के समान तेजस्वी आदित्य ब्रह्मचारी दयानन्द ने वेदोपदेशरूपी किरणों के प्रकाश से अज्ञानी जनता को अज्ञान निद्रा से जगाया।

भवाटवीध्वान्तपथाभिगामिनं मनुष्य संघं विषयापगाप्लुतम्।
प्रबोधदीपप्रभया मुनीश्वरः, प्रकाशकस्तम्भ इवोददीधरत्।।[4]

अर्थात्- इस समय की हालत बड़ी ही दयनीय थी। मानव-समुदाय संसार रूपी घोर जंगल में अज्ञान व्याप्त मत-पन्थों के रास्तों में ठोकरें खा रहा था। लोग विलासिता की अधोगामिनी नदी में गोते खा रहे थे। ऐसे समय में इस महामुनि ने वेद-ज्ञानरूप दीपक के प्रकाश से डूबते हुओं को बचा लिया, जैसे समुद्र के यात्रियों को प्रकाश स्तम्भ बचा लेता है।

अज्ञान के अंधेरे से छुड़ाकर सन्मार्ग पर लाने के प्रयास का वर्णन इन शब्दों में किया गया है।

अबोधगर्ते पतितानयं जनान्, सुबोधसोपानपरम्परां दिशन्।

---

१ संस्कृत-विभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२ आचार्य मेधाव्रत कृत दयानन्द दिग्विजय १.७
३ वही १.८
४ वही १.९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यतिर्दयार्द्रेण हृदा य आपदां, पथोऽनयन्मुक्ति समृद्धिसत्यपथम्।।[५]

अर्थात्- इस महान् संन्यासी ने दयालु हृदय से मतमतान्तरों की खाईयों में पड़े लोगों को सदुपदेश की सीढ़ियों द्वारा बाहर निकाला और दुःखमार्ग से हटाकर अभ्युद्य और मोक्ष के महान् मार्ग पर ला खड़ा किया।

महोग्रतापत्रमतापितं जगज्जगद्गुर्वेदमहार्णवोदरात्।
**निपीयबोधामृतमम्बुवर्षणेरहर्षयद्यो
ऽम्बुधरो मनोहरः।।**[६]

अर्थात्- जैसे मनोहर मेघमण्डल महासागर में से जल ग्रहण कर गरमी से तपे भूतल को अपनी सुन्दर वर्षा से आल्हादित करते हैं, वैसे ही जगद्गुरु दयानन्द ने वेदों से उपदेशामृत लेकर विविध उग्रतापों से तपे जगत् को अपनी मधुर वाणी-वर्षा से आनन्दित किया।

इस प्रकार देखा जा सकता है कि आलस्य, प्रमाद और मिथ्याज्ञान के कारण भारतीय समाज दुर्दशा को प्राप्त हुआ। स्वामी दयानन्द ने बड़े परिश्रम पूर्वक भारत का चित्र जनता के समक्ष प्रस्तुत किया और समाज को यथार्थ ज्ञान के मार्ग पर लाने का प्रयास किया। आचार्य मेधाव्रत ने इस स्थिति को निम्नतः वर्णित किया है-

सुभोगमोक्षोभय सौख्यभोगिनां समग्रसंसारहितैषिणां सताम्।
पदे-पदे ते गृहमेधिनामभुः, सुवर्ण वर्णीन्द्र विराजिताश्रमाः।।[७]
पवित्रमन्त्रध्वनिमंजुलांङ्गणे, गृहे गृहे भारतवर्षवासिनाम्।
ललास यज्ञानलधूममालया, निरभ्रमण्यम्बर मम्बुदैर्युतम्।।[८]
अशेष विद्याऽध्ययनाय भारते स्थले, स्थले योगिगुरोः कलं बभौ।
प्रथक्प्रथग् बालकबालिकागणैव्रतार्थिभिर्बह्मनोभिरन्वितम्।।[९]

स्वामी दयानन्द के विचारों से अनुप्राणित वैदिक शिक्षालयों का आदेश प्रस्तुत करते हुए आचार्य मेधाव्रत वर्णन करते हैं-

वनीश्वराणां फलकन्द भोजिनां, वने-वने संयमिनां तपोवनम्।
प्रशान्तवैरं मृगराज दन्तिभिर्निषेवितं पीतियुतैर्मिथो मृगैः।।
समग्रवेदागममर्मवेदिनां विनिर्मल ज्ञानसुधाप्रवर्णिणाम्।
गतैषणानामृषिवर्ययोगिनां, पुरे पुरे ऽभूदुपदेशवर्षणम्।।
विशुद्धवेदान्त रहस्य वित्तमाः, सभासु शास्त्रार्थ विधान पण्डिताः।
निरंजन ब्रह्मनिलीन मानसाः पुरा बभूवुः सुलभादियोषितः।।[१०]

ज्ञान-मीमांसा के यथार्थ स्वरूप को अपने आचरण से आचरित करने वाले ऐसे गुरुकुलों से निकले पुरुषों के आदर्श चरित्र का वर्णन आचार्य मेधाव्रत की रचनाओं में दृष्ट्व्य है-

---

५ वही १.१०
६ वही १.११
७ वही १.१४
८ वही १.१५
९ वही १.१६
१० वही १.१४-१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यथा- प्रभंजनप्राणसमांजनासुतो जगत्रयख्यातचरित्रविक्रमः।
रघूत्तमादर्शसुभक्तपुङ्गवोरराज धीमान् हनुमान् व्रतीश्वरः।।
अखण्डचारित्रय पवित्रितान्वयः पतुर्विदित्वा जनतो मनोव्यथाम्।
चकार संधां व्रतितां निषेवितुं, स भीषणां भीष्मपितामहो महान्।।[११]

वेद ज्ञान की ज्योति पाकर मानव कल्याण हेतु ऋषियों ने जो ग्रन्थ रचे उनका वर्णन आचार्य कविवर मेधाव्रत ने इस प्रकार किया है-

महेश्वरज्ञानदिवाकरप्रभाप्रभासितान्तः करुणामहर्षयः।
मनुष्यकल्याणधिया धियोज्ज्वलान् मनोरमान् ग्रन्थमणीन् प्रणिन्यिरे।।[१२]

स्वामी दयानन्द ने अनेक दृष्टान्त, उदाहरण, आख्यायिका और प्रमाण आदि द्वारा भारतवासियों के समक्ष आर्य-संस्कृति का आदर्श चित्र खींचा।

यथा- अनेकदृष्टान्तसुवर्ण सुन्दरं य एवमादर्शसुचित्रमालिखत्।
नृचित्तभित्तावतुलार्यसंस्कृतेः, रहो दयानन्दयतिर्जयत्यसौ।[१३]

उनके ओंकारनाद और सुतर्कों के आगे प्रतिवादी भाग खड़े होते थे।

प्रमाण निस्त्रिंशसुतर्कसायकैः सभारणे- तान् प्रतिपक्षिपण्डितान्।
अधर्मवर्मावृतगात्रमण्डलान् विभेद यः शास्त्रिमहारथो भटान्।।[१४]

ज्ञान-मीमांसा के व्यावहारिक पक्ष को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने वेद शास्त्रों के विशाल उद्यान विकसित किये और स्त्री शिक्षा पर बल दिया। यथा-

यदीयतेजोरविणा विकाशिता, मनोज्ञवेदागमवृक्ष वाटिका।
सतां हृदाशा महिलापिकस्वराः, कवीन्द्रकाव्यप्रतिभासरोजिनी।
संयन्महिम्ना महिलाजनः पुनः स्ववेदविद्याध्ययनाधिकारवान्।
सुमन्त्रशिक्षामुपवीतदीक्षया प्रपद्य भेजे निजगौरव श्रियम्।।[१५]

मोहरूपी समुद्र में डूबी जनता रूपी नौका को उन्होंने पार लगाने का प्रयास किया।

मोहाब्धिमग्नजनतातरणिं विपत्तेरुद्धर्तुमिच्छुरजहान्निजमुक्तिसौख्यम्।
यो ध्यानदृष्टपरमेश्वरलाभतुष्टस्तस्यास्तु पुण्यचरितं जगतो हितार्थम्।।[१६]

इस प्रकार देखा जा सकता है कि कवि ने वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, रामायण, महाभारत, दर्शन और अन्य विविध शास्त्रों के प्रमाण देकर पतन के गर्त में पड़े भारतीय समाज को उबारने का प्रयास किया।

---

११ वही १.३२-३३
१२ वही १.४०
१३ वही १.४२
१४ वही १.४४
१५ वही १.४५-४७
१६ वही १.५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अज्ञानान्धकार में फँसे भारतीयों की दुर्दशा का चित्र भी कवि ने खींचा है। आर्यों ने एक कल्याणकारी ईश्वर की उपासना को छोड़कर वेद विरुद्ध स्वकल्पित मूर्तिपूजा प्रारम्भ कर दी थी। स्वार्थी ब्राह्मण निर्दोष प्राणियों का वध करके उनका अग्नि में होम कर देते थे, जिसके कारण आर्य लोग उपकारी, वन्दनीय, माता-पिता, विद्वान् और ज्ञानी अतिथियों का सत्कार लाभ छोड़कर जड़ पूजा में लग गये। धर्म के बहाने पापी धूर्तों द्वारा मिथ्या मत-मतान्तरों की रचना होने लगी। धन हरण करने के लिए मन्दिरों में मूर्ति पूजा प्रारम्भ हुई। जैसे भेड़िया हिरण को, बिल्ली चूहों को, बाज पक्षी को और बगुला मछली को अपने जाल में फंसा लेता है वैसे ही दाम्भिक धर्मध्वजी पुजारियों ने रमणीय रों का मार्ग लित करना प्रारम्भ किया।

जैसे लकड़ियों के परस्पर संघर्ष से अग्नि सुलग जाती है और उस अग्नि से जंगल जल जाता है, उसी प्रकार राजाओं के परस्पर ईर्ष्या, द्वेष आदि के कारण ब्रिटिश सरकार ने अधिकांश राज्यों को स्वअधिकार में कर लिया और आर्यों में मांसाहार, मदिरापान, जुंआ, वैश्यागमन आदि दोष बढ़ने लगे।[१७] ऐसी दुर्दशा में स्वामी दयानन्द ने यथार्थ ज्ञान, त्याग और तपस्या के बल पर, शिवरात्री पर शिवलिंग पर चढ़े नैवद्य को खाने और शिव द्वारा चूहे से रक्षा न कर पाने के कारण जो यथार्थ ज्ञान अनुभूत किया, उसके बल पर आर्यों को जो यथार्थ ज्ञान का उपदेश दिया, उसे आचार्य मेधाव्रत वर्णित करते हुए लिखते हैं-

यो मूषकेभ्योऽपि विरक्षितुं स्वां मूर्तिं न शक्तो निजभक्तलोकान्।
त्रातुं सभर्थः शरणागतान् स्यात् कथंन्वसाबुन्दुरूदूषितान्नः।।
शक्ता न मूर्तिर्निजमस्तकस्थां स्तानुन्दुरान् भक्षितमिष्टभोगान्।
पिनाकिनः ख्यात पराक्रमस्य, रुद्रस्य विद्रावयितुं यदेषा।।[१८]

उन्होंने कहा आत्मा ज्ञान का अभिलाषी है, मूर्ति जड़ है अतः ज्ञान-प्राप्ति में वह कुछ भी सहायक नहीं है और न ही परमात्मा प्राप्ति में, मेधाव्रत के शब्दों में-

जीवात्मनां ज्ञानजुषां कृते या, जडार्चना नैव फलं प्रसूतेः।
तत्सेवया कः परमार्थलाभः शिवोपलब्धिश्च कथं भवेन्नुः।।[१९]

बुद्धिमान् बालक मूलशंकर प्रतिमा पूजन से विमुख हो चुका था। व्रतोपवास को उसने बकरी के गले के स्तन के समान व्यर्थ समझा। विवेक बुद्धि से मूलशंकर ने जिस सत्य को जान लिया था अब स्वयं ब्रह्मा भी उसे डिगा नहीं सकते थे।

बुधबालक मूलशंकरः प्रतिमापूजनतः पराङ्मुखः।
उपवास मजीगणन्मुग्धा, तमजाकण्ठ भवस्तनोपमम्।।
विमलेन विवेकचक्षुषा प्रसमीक्ष्यानृतकर्म धर्मभृत्।
यदमंस्त दृढं ततोऽन्यतो न विधिर्नेतुमलं कुतः पिता।।[२०]

मूलशंकर ने बाल्यकाल में यह सत्य समझ लिया था कि मृत्यु अवश्यम्भावी है, मृत्य से छूटने का कोई उपाय अवश्य करना चाहिए जिससे दुःखदायक जन्म-मरण के बन्धन में न पड़ना पड़े। इन्द्रियों के

---

१७ वही २-२७, ६० एवं २/१०, २३

१८ वही ४/५८, ६३

१९ वही ४/५८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भोग-विलास तभी तक अच्छे लगते हैं, जब तक कि उनका नाश नहीं हो जाता, क्योंकि उनका परिणाम विषतुल्य है। अतः अमरपद पाने के लिए अवश्य प्रयत्न करना चाहिए, यथा-

मरणं यदि मेऽपि निश्चितं, विपदो मोचनयोगमार्गणम्।
करणीयमवश्यमात्मनो, न पुनर्जन्म लभेय दुःखदम्।।
सकलेन्द्रिय भोगसम्पदो, विषया आपतनं हि सुन्दराः।
परिणामविशोपमा न्वहो अमृतं मृग्यमतोमया ध्रुवम्।।[21]

कुछ लोग भ्रष्ट बुद्धि होकर, मांसाहारियों के संसर्ग दोष से आर्यों में बुद्धिनाशक, मदिरापान, जुंआ, वैश्यागमन, शिकार और व्यभिचार दोष खूब बढ़ा रहे थे। उस समय भारत के अधिकतर राज्य ब्रिटिश साम्राज्य में मिल गये थे, ऐसी दुर्दशा के समय टंकारा में जन्मे स्वामी दयानन्द ने यथार्थ ज्ञान, त्याग और तपस्या के बल पर भारत की दशा को सुधारने का प्रयास किया।[22]

स्वामी दयानन्द को यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति शिवलिंग पर चढ़े चूहे के द्वारा भोज्य पदार्थों को खाने और शिव द्वारा चूंहे से रक्षा न कर पाने को लेकर हुई। उनके मन में यह सन्देह हुआ कि जो शिव चूंहे से भी अपनी मूर्ति और अन्न को नहीं बचा सकता, वह अपने शरणागत भक्तों को कैसे बचायेगा, क्या ये वही गिरीश, विश्वम्भर, सत्यस्वरूप साक्षात् शंकर भगवान् हैं, अथवा यह इनकी चांदी की बनी मूर्ति है, क्योंकि विख्यात् पराक्रमशाली, पिनाकधारी रुद्र की यह मूर्ति अपने शिर पर बैठे खाद्य पदार्थ खाने वाले चूहों को भगाने में असमर्थ है।[23]

अपनी प्यारी बहिन की मृत्यु पर मूलशंकर जड़ मूर्ति के समान खड़ा होकर जब मृत्युंजय बनने का उपाय खोज रहा था, तब सारा परिवार हृदयविदारक विलाप कर रहा था। वस्तुतः मूलशंकर विरक्त हो चुका था और अथाह चिन्ता सागर की तरंगों में गोते खा रहा था, क्योंकि बहिन के मरने का क्लेशदायक शोक उसने जीवन में प्रथम बार अनुभव किया था। उसने निश्चय किया कि मैं जब तक मरणकाल के दुःख की पीड़ा से बचाने वाली और अक्षय आनन्द को सिद्ध कराने वाली मंगलकारक मुक्ति को प्राप्त न कर लूंगा तब तक तपस्या करता रहूंगा। जब मैं सांसारिक त्रिविधतापों का निवारण करने में समर्थ हो जाऊँगा और परमपद के धाम निरंजन कल्याणकारी परमेश्वर का साक्षात् दर्शन कर लूंगा तभी शान्ति प्राप्त करूंगा। यही कामदेव को जीतने वाले इस ब्रह्मचारी ने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया और अपने भावों को गुप्त रखकर कल्याणमय निर्वाणपद का अभिलाषी हो गया। यथा-

मृत्तिकालरूजानियन्त्रणापरिरक्षाऽक्षय सौख्य साधिका।
न हि यावदवाप्यते मया शुभमुक्तिस्समुपास्यते तपः।।
भवदुःखनिवारणक्षणं परमानन्दपदं निरंजनम्।
शिवशंकरमीश्वरं यदा शममाप्स्यामि लभेय तं तदा।।
मनसेति विमृश्यमारहा निजसंकल्पदृढेन तत्स्थले।
स बभूव निगूढ़भावनः शिवनिर्वाणपदं प्रलाषुकः।।[24]

---

२१ वही ५/४१-४२
२२ वही २/२७, ६०
२३ वही ४/५८, ६३
२४ वही [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने चाचा की मृत्यु पर भी बालक 'मूलशंकर' को विवेक उत्पन्न हुआ कि सभी उत्पत्ति पदार्थ क्षणभंगुर है, यथा-

सहजामथ धीरतां क्षणात् सुविवेकी बटुमूलशंकरः।
प्रतिपद्य धिया पवित्रया निरणैषीज्जनिमद्विनाशिताम्।।[२५]

बहिन और चाचा की मृत्यु की घटनाओं से इनके हृदय में वैराग्य की भावना प्रबल हो गई। वृद्ध मुनिगण बड़े ही य से सम्पूर्ण इन्द्रियों के संयम रूप बन्धनों द्वारा विवेक की अरणियों की रगड़ से जिस वैराग्याग्नि को जलाते हैं, उसी वैराग्य अग्नि को इस पुण्यवान, चतुर, युवा, संयमी, ब्रह्मचारी दयानन्द ने बिना परिश्रम के ही स्वाभाविक ज्ञान की अरणि (लकड़ियों) से प्रदीप्त कर दिया।[२६]

इस प्रकार से देखा जा सकता है कि स्वामी दयानन्द ने जगत् की यथार्थता को जान लिया था, उनका स्वभाव अपने पिता से सर्वथा भिन्न था। उन्होंने भली प्रकार जान लिया था कि पिता तो कट्टर मूर्ति पूजक हैं और वह मूर्तिपूजा का कट्टर शत्रु। पिता धन, मान और प्रतिष्ठा का अभिलाषी है, लेकिन मूलशंकर इन सब बातों का विरोधी है और संन्यास वृत्ति का इच्छुक है। पिता, उपवास, जप, तप आदि बाह्य आडम्बरों में निपुण हैं और उसकी रुचि तो अन्तरंग संयम के साधनों में है। इन्हीं दोनों की विचारसरणि अन्धकार और प्रकाश की तरह परस्पर अति भिन्न है। इस प्रकार पिता-पुत्र में प्रेमपूर्वक मेल कैसे हो? यह युवक आत्मरत मोक्षाभिलाषी था, इसलिए विवाह संस्कार को यह अपने लिए सांसारिक बन्धनों में फंसाने वाली बेडी समझता था। अतः यह आदित्य ब्रह्मचारी दुःखदायी विवाह की अभिलाषा कैसे कर सकता था।[२७]

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि मूलशंकर दयानन्द ने मिथ्या रूढ़ियों से छुटकारा पाना बाल्यकाल से ही प्रारम्भ कर दिया था। विवाह का प्रस्ताव आने पर उन्होंने अपने गृह को ही त्याग दिया था। वे जानते थे मरण दुःख के महासागर से केवल योगरूपी नौका के द्वारा ही तरा जा सकता है और योग के द्वारा ही सत्य स्वरूप ब्रह्म का दर्शन हो सकता है। यथा-

ऋतमहेश्वरदर्शनकारिणी मरणदुःखमहार्णवतारिणी।
लसति योगमहातरणिः परं बुधगणादश्रृणोदिति सन्मणिः।।[२८]

स्वामी दयानन्द ने जीवन के यथार्थ को भोगा था। माता-पिता, गृह, सुख एवं सकल ऐश्वर्य को इन्होंने तृण के समान त्याग दिया था। लोभी ब्राह्मणों के मांगने पर अपने सभी आभूषण भी त्याग दिये।[२९] स्वामी विरजानन्द के सान्निध्य में समस्त जीवन, योग साधना एवं ज्ञान की प्राप्ति में बिताया और सभी ऐश्वर्यों को मिट्टी के ढेले के समान त्याग दिया।

स्वामी दयानन्द चित्त की वृत्तियों को रोककर सब विषयों से शुद्ध, सत्व हो गये और मैत्री करुणा आदि की भाषाओं से चित्त की प्रसन्नता को प्राप्त कर निरन्तर दृष्टा बुद्धि से आत्मा एवं परमात्मा के स्वरूप में स्थित हो गये। वे इन्द्रियों के सम्पूर्ण दोषों को प्राणायाम रूपी अग्नि में जलाकर धारणावृत्ति से पापों का क्षय कर चुके थे। अतः स्वामी दयानन्द ने प्रत्यग् ज्योति आत्मा के दर्शन जन्य आनन्द में तृप्त होकर दिव्यानन्द

---

२५ वही ५/६०
२६ वही ५/६५-६६
२७ वही ५/७१, ७४
२८ वही ६/४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परब्रह्म की प्राप्ति को स्वजीवन का लक्ष्य बनाया। ऋतम्भरा, प्रज्ञा से अन्तरात्मा को मग्न कर सर्व प्रकार की वृत्तियों से निर्बीज समाधि द्वारा सच्चिदानन्द ईश्वर का ध्यान कर लिया। वे मन्द-मन्द पवन से मनोहर मन्दाकिनी के किनारे योगाभ्यास करते हुए आनन्दमग्न रहते थे। यथा-

योगाभ्यासैर्मिला सा मनीषा येनावाप्ता जन्मसिद्धा च मेधा।
सत्यश्रद्धा प्रोज्ज्वलज्ञानवृद्धा तत्त्वग्राहे तस्य कस्याद् विलम्बः।।
मन्दाकिन्यां मन्दमन्दानिलायां योगाभ्यासानन्दसंलीन चेताः।
दुग्धाहारो मुक्तभक्ताशनोऽयं मुक्तैर्भक्तैस्तौल्यतौल्यं बभार।।[३०]

स्वामी दयानन्द ने यथार्थ ज्ञान-मीमांसा द्वारा सत्य के अन्वेषण और उसके प्रकाशन में अपना समग्र जीवन समर्पित कर दिया 'यथार्थ-ज्ञान' अथवा 'सत्य' के सम्बन्ध में उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' में निम्न विचार व्यक्त किये हैं-

मेरा इस ग्रन्थ को बनाने का मुख्य प्रयोजन सत्य-सत्य अर्थ का प्रकाश करना है। अर्थात् जो सत्य है, उसको सत्य और जो मिथ्या है उसको मिथ्या ही प्रतिपाद्य करना सत्य अर्थ का प्रकाश समझा है।[३१] उनकी दृष्टि में यथार्थ ज्ञान की परीक्षा के पांच साधन हैं।

१. जो-जो ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव और वेदों के अनुकूल हो। वह-वह सत्य और उससे विरुद्ध असत्य हैं। २. जो-जो सृष्टि कर्म के अनुकूल वह-वह सत्य और जो-जो सृष्टि क्रम से विरुद्ध वह-वह असत्य है। ३. आप्त अर्थात् जो धार्मिक, विद्वान्, सत्यवादी, निष्कपटियों का संग उपदेश के अनुकूल है, वह-वह ग्राह्य और जो-जो विरुद्ध वह-वह अग्राह्य है। ४. अपने आत्मा की पवित्रता, विद्या के अनुकूल अर्थात् जैसा अपने को सुख प्रिय दुःख अप्रिय है, वैसे ही सर्वत्र समझ लेना कि मैं भी किसी को दुःख दूंगा तो वह भी अप्रसन्न और प्रसन्न होगा। ५. अष्ट प्रमाणों के आधार पर ज्ञान की मीमांसा। अविद्या आदि दोषों से छुटकारे के लिए सत्य की परीक्षा हेतु अष्ट प्रमाण माने गये हैं।

उपसंहार

ज्ञान-मीमांसा के अन्तर्गत स्वामी दयानन्द-अष्ट प्रमाणों, प्रत्यक्ष अनुमान, उपमान, शब्द, एतिह्य, अर्थापत्ति, सम्भव एवं अभाव के आधार पर- जो अनित्य संसार और देहादि में नित्य अर्थात् जो कार्य जगत् देखा सुना जाता है, अशुचि, मिथ्याभाषण, चोरी आदि अनात्मा में आत्म बुद्धि करना अविद्या का अज्ञान रूप है। स्वामी जी ज्ञान अर्थात् यथार्थ-ज्ञान-मीमांसा की परीक्षा के पांच साधन मानते हैं। जिनकी सन्निधि ज्ञान-मीमांसा के सत्य स्वरूप को उद्घाटित करती है।

आचार्य मेधाव्रत स्वामी दयानन्द की इसी यथार्थ ज्ञान-मीमांसा को निम्नवत् वर्णित करते हैं।

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।
अत्येति मृत्युं तमयं विदित्वा नान्योऽस्ति पन्था अनयाय तस्मात्।
ज्ञानादृते नैव मनुष्य मुक्तिः, शास्त्राणि चैवं हि समामनन्ति।
ज्ञानं बिना कर्म च नैव लभ्यं, सत्यं ततो ज्ञानमुपार्जनीयम्।।[३२]

---

३० वही ९/५४, ५६
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
३१ सत्यार्थ प्रकाश (भूमिका) पृ. २

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वामी दयानन्द ने ज्ञान और अज्ञान के स्वरूप को समझकर प्रमाणों के द्वारा उसकी विधिवत् परीक्षा की और मानव के कल्याण के लिए ज्ञान का मार्ग अवलम्बन करके सत्य का उपदेश दिया। बहुत से लोगों ने उन्हें राज, धन, ऐश्वर्य आदि के प्रलोभन भी दिये, किन्तु यथार्थ स्वरूप को भली-भांति समझने के लिए उन्होंने विधिवत् परीक्षा करके मनुष्य मात्र के कल्याणार्थ सत्य मार्ग का ही अनुसरण किया। उनका आचरण नि:सन्देह वेदानुकूल है। उन्होंने पौराणिकों, जैनियों, नवीन वेदान्तियों, चक्रांकितों, कुरान, बाईबिल इत्यादि अनेकों मत-मतान्तरों का सम्पूर्ण मानसिक और आत्मिक शक्ति द्वारा खण्डन किया तथा यथार्थ-ज्ञान-मीमांसा का मण्डन किया। मेधाव्रत की रचनाओं में इसकी छाप स्पष्टत: दृष्टिगत होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० २०७-२०९) ISSN 0974 – 8830

शब्दयात्रा

डॉ० विक्रम कुमार विवेकी[१]

मानव समुदाय के लिए भाषा एक अनिवार्य माध्यम है जिसके द्वारा वह अपने भावों, विचारों एवं कथ्यों को सम्प्रेषित करता है। इसके बिना उसका जीवन-व्यापार अति कठिन होता है। अत: प्रत्येक वाक्-समर्थ व्यक्ति के लिए यह एक सशक्त माध्यम है जिससे यह अपने हर्ष, क्रोध, ईर्ष्या, प्रेम, घृणा, वीरता, दीनता आदि को अभिव्यक्त करता रहता है। यद्यपि भाषा की लघुतम इकाई ध्वनि है तथापि ध्वनियों के सम्मिश्रण से बने शब्द भाषा रूपी भव्य की वे ईंटें हैं, जिनसे समस्त भाषाओं के विशाल प्रासाद खड़े किये गये हैं। मानव समुदाय आज एक नहीं हैं। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में, विभिन्न परिस्थितियों में रहने के कारण आज मानव के अनेक समुदाय बन गये हैं। परिणामत: अखण्ड-राष्ट्रीय, एक मात्र, वैदिक भाषा अनेक भाषाओं में परिवर्तित हो गयी है। आज विश्व में हजारों छोटी-बड़ी भाषायें प्रचलित हैं। स्थिति यह है कि एक विशिष्ट भाषा-भाषी दूसरी भाषा से नितान्त अनभिज्ञ रह जाता है। पुनरपि इन भाषाओं में अनेक शब्द ऐसे होते हैं जो परस्पर मिलते-जुलते से प्रतीत होते हैं। कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं जो समान होते हैं, परन्तु वे अपनी-अपनी भाषाओं में पृथक-पृथक् अर्थ को अभिव्यक्त करते हैं।

प्रस्तुत लेख में संक्षेपत: यही दर्शाया जा रहा है कि किस प्रकार शब्द अपनी विचित्र यात्रा से किसी भाषा विशेष को प्रभावित करता हुआ वहां विचित्र अर्थों को अभिव्यक्त करने लगता है।

वैसे तो शब्द का एक निश्चित अर्थ होता है तो भी वह शब्द जब किसी एक विशेष अर्थ को या अनेक अर्थों को अभिव्यक्त करने लगता है तो उसके अनेक कारण होते हैं। भाषा में प्रयुक्त शब्दों और उनके अर्थों पर विचार प्राचीन काल से ही होता चला आ रहा है। वैयाकरणों एवं काव्यशास्त्रायों ने इस विषय पर विस्तृत विवेचन किया है। अभिधा, लक्षणा तथा व्यंजना शब्दशक्तियों के माध्यम से शब्दार्थ- निश्चय एवं अर्थ-परिवर्तन की पर्याप्त विवेचना प्राचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होती है। लक्षणा एवं व्यंजना व्यापार अर्थ परिवर्तन के प्रमुख आधार हैं। ये लक्षणा आदि ही किसी शब्द को रूढ़ बनने तथा किसी शब्द को प्रयोजनवश गति देकर विभिन्न अर्थ-क्षेत्रों तक पहुंचाने में निमित्त बनते हैं। शब्दों के अनेकार्थक होने में एक सबसे बड़ा तथ्य यह है कि 'शब्दकोश' छोटा होता है तथा संसार में अभिधेय अधिक हैं। यहां कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं-

जुगुप्सा

संस्कृत का एक पद है- जुगुप्सा। गुपु रक्षणे धातु से सन् प्रत्यय करने पर यह पद सिद्ध होता है। इसका अर्थ है रक्षा करने की इच्छा। परन्तु आज यह शब्द घृणा अर्थ को अभिव्यक्त करता है। इस अर्थ तक इस शब्द की यात्रा में कई पड़ाव हैं। सर्वप्रथम, जुगुप्सा शब्द सम्भवत: रक्षा अर्थ को छोड़ कर छुपाने अर्थ को व्यक्त करने लगा, चूंकि किसी भी वस्तु या प्राणी की रक्षा छुपाकर ही की जाती है। दूध, दही, पानी, भोजन आदि की सुरक्षा ढक कर छुपाने से ही होती है। मानव, पशु या पक्षी अपनी सन्तान व स्त्री को छुपाकर ही सुरक्षित रखते हैं। अत: जुगुप्साशब्द के अर्थ में छुपाने का भाव आ गया। कालान्तर में जब देखा गया कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

१ प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घृणित वस्तु या निन्दित कर्म ही छुपाये जाते हैं तो जुगुप्सा घृणा अर्थ को देने लगा गया है। यह जुगुप्सा शब्द की स्व-यात्रा है।

जघन्य

संस्कृत का जघन्य शब्द जघनि भवम् जघन्यम् प्रकिया से बना है। **'जंघा जंघन्यत इति'** (यास्काचार्य) जिसका प्रारम्भिक अर्थ था-रति क्रिया। परन्तु आज इसका अर्थ है- कोई भी निन्दित कर्म। रतिकर्म गृहस्थ के लिए प्रशंसनीय होने पर भी, क्योंकि वह व्यक्तिगत व गोपनीय होता हे, एकान्त में आचरित होता है, इसके अगोप्य हो जाने पर निन्दित माना जाता हे, अतः प्रत्येक निन्दित कर्म जघन्य शब्द से अभिहित होने लगा।

शीशा

बहुध नवीन वस्तु के निर्मित होने पर उसके नवीन नाम के अभाव में उसी के उपादान तत्त्व के नाम से ही उस वस्तु का नामकरण कर दिया जाता है। जैसे शीशा मूलतः उपादान सामग्री का नाम है जिससे अनेक वस्तुयें बनायी जाती हैं। अंगरेजी में इसेग्लास कहा जाता है। परन्तु भारत में शीशा शब्द दर्पण अर्थ को दे रहा है जबकि अंगरेजी में ग्लास का अर्थ पानी पीने के लिए ग्लास नाम बर्तन के अर्थ को देता है। यह अन्तर क्यों है? समानार्थक दो शब्द भिन्न-भिन्न भाषाओं में पृथक्-पृथक् अर्थ को बोधित कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि शीशे का दर्पण सम्भवतः प्रथम भारत में बना और यह शीशा के नाम से ही अभिहित होने लगा, जबकि ग्लास नामक बर्तन ग्लास पदार्थ से अंगरेजों ने बनाया और वहां वह ग्लास नाम से ही विदित हुआ। यद्यपि गिलास भारत में भी बनता है परन्तु अब वह हमें शीशे का गिलास इस प्रकार परिचित हो पाता है। दर्पण आंग्ल देशों में भी बनता है परन्तु वह लुकिंग ग्लास कहलाता है। वहाँ केवल ग्लास शब्द से ग्लास नामक वर्तन ही संकेतित होता है। यह है शब्दों की अर्थाभिव्यक्ति में विचित्र यात्रा है।

गुलाम

अरबी भाषा का गुलाम शब्द प्रारम्भ में लड़का अर्थ को द्योतित करता था। आज वह परतन्त्र अर्थ की ओर संकेत करता है। कारण यह है कि लड़के नौकर रखे जाने लगे और उनके साथ बन्दी जैसा व्यवहार किया जाने लगा। अतः गुलाम का आज अर्थ ही परिवर्तित हो गया-परतन्त्र। गुलाम शब्द के प्रारम्भिक अर्थ के कारण ही मुसलमानों में व्यक्तियों के नामों के साथ गुलाम शब्द जुड़ा होता है। जैसे-गुलाम अली, गुलाम नबी आदि।

पैना

लैटिन भाषा में पेना (Penn) शब्द का अर्थ है- पंख। आज हिन्दी में कलम को पेन कहा जाता है, चाहे वह लकड़ी या प्लास्टिक से ही बनी हो।

कलम जब पेना=पंख से बनने लगी तो उसे पेना कहा जाने लगा। और वही हिन्दी में आकर व्यवहृत होने लगा। यदि हम पेन शब्द का मूल संस्कृत में ढूँढने लगें तो उसका कोई स्रोत ही नहीं मिलेगा।

ग्रन्थ

इसी तरह हिन्दी का 'ग्रन्थ' शब्द ग्रथित होने के कारण संस्कृत के 'ग्रन्थ' धतु से निष्पन्न निःसन्देह माना जायेगा। परन्तु पुस्तक शब्द की यात्रा कहा से हुई है? यह जानने के लिए भाषा का इतिहास देखना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहा। अतः लिखित चमड़े की सामग्री को पुस्तक कहा जाने लगा। आज कागज या भोजपत्र पर लिखित सामग्री भी पुस्तक नाम से ही जानी जाती है।

कोट

अनेकधा शब्द एक भाषा से अन्य भाषा में यात्रा करते हुये अपनी विस्तृत अर्थ-परिधि को छोड़कर संकुचित अर्थ के साथ उपस्थित होता है। जैसे अंगरेजी का कोट शब्द हिन्दी में केवल पहने जाने वाले कोट के अर्थ का संकेत करता है। अंगरेजी में इस शब्द की अर्थ-परिधि विस्तृत है-आवरण, तह, लेप, कोट आदि।

गोस्वामी

संस्कृत का गोस्वामी शब्द भी अनेक अर्थों की यात्रा करता हुआ आज जाति-सूचक अर्थ को ही अभिव्यक्त कर रहा है।

गो शब्द के अनेक अर्थ हैं-पशु, वाणी, इन्द्रिय, पृथिवी, किरण आदि। इन सभी का स्वामी गोस्वामी कहलाता है। अनेक गायों के स्वामी के लिए गोस्वामी शब्द प्रारम्भ में प्रयुक्त होता था। बाद में माननीय व्यक्ति को गोस्वामी कहा जाने लगा, क्योंकि धनी व्यक्ति सर्वदा सम्मान्य रहा है। अधिक गायों का स्वामी स्वभावतः धनी होता है। तदनन्तर गोस्वामी शब्द यात्रा करता हुआ धार्मिक अर्थ को अभिव्यक्त करने लगा, क्योंकि धार्मिक व्यक्ति ही अधिक से अधिक गौओं को रखता है, उनकी सेवा करता-कराता है। मध्ययुगीन सन्तों के नाम के साथ संयुक्त गोस्वामी शब्द इसी अर्थ को ही अभिव्यक्त करता है। आज यह शब्द जातिसूचक मात्र रह गया है।

इस प्रकार समस्त भाषाओं के बहुत से शब्द ऐसे मिलेंगे जो अन्यान्य भाषा की यात्रा करते हुये, नानाविध अर्थों को प्रकट करते हुये भाषा विशेष में अपना स्थान सुनिश्चित किये हुये हैं। शब्दों की यात्रा का विषय बड़ा रोचक व अनुसंधेय है। इस विषय पर सुन्दर भाषावैज्ञानिक कार्य किया जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती मार्च २०१२ अङ्क १७ (पृ० २१०-२१४) ISSN 0974 – 8830

विश्व भाषाओं के मध्य संस्कृत भाषा के सम्बन्ध सूत्र

डॉ० सुचित्रा मलिक[1]

विश्व में बहुत सी भाषाएँ बोली जाती हैं और इतनी अधिक संख्या में हैं कि उनकी गणना एक कठिन और असम्भव सा कार्य है। प्रायः कहा जाता है कि तीन हजार भाषाएँ विश्व में व्यवहृत होती हैं।[2] लेकिन समस्या यहाँ उत्पन्न होती है कि भाषाओं और बोलियों की और छोटी-छोटी शाखाएँ भी हो सकती हैं उपबोलियों के रूप में। इसलिए इनकी निश्चयात्मक संख्या बताना तो बहुत कठिन है। वर्गीकरण की पद्धति से विषय का ज्ञान अधिक गहराई से सम्भव है। इसलिए भाषा विज्ञानियों ने संसार की भाषाओं के वर्गीकरण किये जिसके दो रूप इस प्रकार हैं- 'आकृतिमूलक वर्गीकरण और पारिवारिक वर्गीकरण'।[3] पदों और वाक्यों की रचना के आधार पर किया गया वर्गीकरण आकृतिमूलक वर्गीकरण कहलाता है। अंगरेजी में इसे Morphological Classification कहते हैं। Morph पद का अंगरेजी पर्याय है। इस वर्गीकरण में शब्द के बाह्य रूप पर ध्यान रहता है और रचना तत्त्व ही इस वर्गीकरण का मुख्य आधार है। पारिवारिक वर्गीकरण में रचना तत्त्व के साथ अर्थतत्त्व की भी मुख्यता रहती है। रचना तत्त्व और अर्थतत्त्व की समानता जिन भाषाओं में दृष्टिगत होती है उन्हें पारिवारिक वर्ग में रखा गया है। इसे वंशानुगतता के कारण Genealogical Classification कहा गया है। उार्ही वंश का अंगरेजी पर्याय है। इसे Historical Classification भी कहते हैं, क्योंकि यह भूगोल एवं इतिहास पर भी निर्भर रहता है। माना जाता है कि एक परिवार एक भौगोलिक क्षेत्र में रहता है। 'प्रो० श्लेगल को इसका श्रेय प्राप्त है। उन्होंने भाषाओं के दो वर्ग बनाये। आगे चलकर 'बोप' ने तीन तथा ग्रिम व श्लाइशर ने भी तीन वर्ग बनाये। इसके आगे ए.एफ.पाट ने चार वर्गों में भाषा का विभाजन किया। आकृतिमूलक वर्गीकरण के अन्तर्गत मुख्य रूप से भाषाओं के दो वर्ग होते हैं-१. योगात्मक भाषाएँ, २. अयोगात्मक भाषाएँ[4]

योगात्मक भाषा वर्ग के पुनः तीन भेद हैं- १ अश्लिष्ट भाषाएँ २ श्लिष्ट भाषाएँ ३. प्रश्लिष्ट भाषाएँ। श्लिष्ट भाषाओं के भी भाषा विज्ञानियों ने फिर दो वर्ग माने हैं- अन्तर्मुखी और बहिर्मुखी। अन्तर्मुखी श्लिष्ट भाषाओं में अरबी और हिब्रू की गणना की गयी है तथा बहिर्मुखी श्लिष्ट भाषाओं में संस्कृत और हिन्दी की। इस प्रकार संस्कृत योगात्मक श्लिष्ट बहिर्मुखी आर्य भाषा है।

योगात्मक भाषाओं की विशेषता होती है कि उनमें प्रकृति और प्रत्यय या अर्थतत्त्व और सम्बधतत्व का संयोग होता है और यह संयोग तीन रूपों में देखने को मिलता है। प्रत्यय, विभक्ति और समास के संयोग के आधार पर अश्लिष्ट भाषाएँ प्रत्यय प्रधान होती हैं। श्लिष्ट भाषाएँ विभक्ति प्रधान तथा प्रश्लिष्ट भाषाएँ समास प्रधान होती हैं। बहिर्मुखी श्लिष्ट भाषाओं में प्रत्यय अर्थात सम्बन्ध तत्त्व प्रकृति अर्थात् अर्थतत्त्व के बाद में लगते हैं। संस्कृत इसी प्रकार की भाषा है। संस्कृत सुप् और तिङ् प्रत्यय उसमें प्रकृति के अन्त में संलग्न रहते हैं। श्लिष्ट योगात्मक भाषाओं में प्रकृति और प्रत्यय इस प्रकार संयुक्त रहते है कि उन्हें साफ-

---

१ एसो.प्रो. एवं विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, क.गु.परिसर, गु.का.वि.वि., हरिद्वार।
२ भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र - ले. डा. कपिल देव द्विवेदी पृ ३५६
३ भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र - ले. डा. कपिल देव द्विवेदी पृ ३५७
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
४ भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र - ले. डा. कपिल देव द्विवेदी पृ ३५७

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साफ पहचाना भी जा सकता है। अर्थतत्त्व के विकारयुक्त होने पर भी प्रत्यय को रेखांकित किया जा सकता है। यथा वेद+इक- वैदिक, देह+इक-दैहिक। श्लिष्ट भाषाओं की शब्दरूप और धातुरूप प्रधानता के कारण इन्हें विभक्ति प्रधान भाषाएँ कहा गया है। श्लिष्ट योगात्मक भाषाओं में भारोपीय, सामी और हामी भाषाएँ आती है, जो संसार की सर्वाधिक उन्नत भाषाएँ मानी गयी हैं। संस्कृत लैटिन, ग्रीक, रूसी, अवेस्ता, अंगरेजी तथा हिन्दी इस वर्ग की प्रमुख भाषाएँ हैं। जैसा कि बताया जा चुका है बहिर्मुखी श्लिष्ट योगात्मक भाषाओं में प्रत्यय प्रकृति के अन्त में लगते हैं। यथा रामस्य, पुस्तकम् (अस्य, अम्) पठति (अ+ति) लेकिन प्रारम्भ में प्रत्यय लगने से भी ये बहिर्मुखीं ही कही जायेंगी। जैसे अनुगच्छति (अनु+गम्+अति)। संस्कृत भाषा में आगे और पीछे दोनों रूपों में प्रत्यय के संयोग दिखाई देते हैं।

ाषाशास्त्री मानते हैं कि भाषाओं की मूल प्रकृति योगात्मक थी। संस्कृत इसी का उदाहरण है और ग्रीक लैटिन अवेस्ता भी। प्रकृति प्रत्यय के एकीकृत रूप से अर्थबोध किया जाता था। विकास क्रम का नियम विकिरण अर्थात विस्तार, विश्लेषण और विभाजन बताया गया है। इसी नियम के तहत संयोगात्मक भाषाएँ वियोगात्मक होती दर्शायी गयी हैं। अर्थ सुगमता के लिए सम्बन्ध तत्त्व को स्वतन्त्र रूप दिया गया है। संस्कृत के कारक चिह्न हिन्दी में परसर्ग के रूप में परिवर्तित हो गये। परन्तु भाषा विज्ञानियों ने इस सिद्धान्त पर आपत्तियाँ प्रस्तुत की हैं। जिनमें से सबसे प्रबल तर्क यह है कि इसमें कुछ असम्बद्ध भाषाएँ भी एक ही कोटि में खड़ी हो गयी हैं। संस्कृत के साथ द्रविड़ भी एक ही वर्ग की भाषा में आ गयी जबकि ये दोनों सर्वथा एक दूसरे से अलग परिवारों की भाषा हैं और असंबद्ध हैं।

विश्व भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण और उनकी संख्या पर मतभेद प्राप्त होता है, पर भारतीय विद्वान् भाषा परिवारों की संख्या १८ मानते हैं। भौगोलिक और ऐतिहासिक आधार पर भी निर्भर होने के कारण भाषा परिवारों को पहले विश्व के चार भूखण्डों (यूरेशिया, अफ्रीका, प्रशान्त महासागरीय और अमेरिका)[५] में इन्हें वर्गीकृत किया गया है। यूरेशिया भूखण्ड का प्रथम और महत्त्वपूर्ण परिवार भारोपीय भाषा परिवार है। अपने भाषा प्रयोक्ताओं की सर्वाधिक संख्या, भाषायी भूगोल की व्यापकता, साहित्यिक उत्कर्ष, वैज्ञानिक उन्नयन, भाषा विज्ञान की उपलब्धियों और इसी भाषा परिवार के राजनैतिक वर्चस्व के कारण भारोपीय भाषा परिवार संसार का सर्वाधिक महत्ता प्राप्त भाषा परिवार है। संस्कृत, अंगरेजी, जर्मन तथा फ्रेंच में काव्य शास्त्रीय चिन्तन और इसी परिवार की संस्कृत, अंगरेजी, जर्मन आदि में तुलनात्मक अध्ययन की शुरूआत हुई है। सांस्कृतिक उत्थान में इस परिवार की भाषाओं का अग्रणी स्थान है। **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** की उद्घोषकर्त्री महान् भाषा संस्कृत इसी महान् भाषा परिवार की प्रधान भाषा है, साहित्यिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से। भारोपीय परिवार मुख्य रूप से भारत और यूरोप में फैला है।[६] भारोपीय नाम प्राप्त होने से इस परिवार में भारत और यूरोप की सभी भाषाएँ समाविष्ट हो गयी हों, ऐसा नहीं है। भारत में द्रविड़ परिवार की भाषाएँ तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, उरांव, गोंड़ी आदि भी हैं, जो भारोपीय भाषा परिवार से अलग हैं।

संस्कृत भाषा के आदि प्रयोक्ता आर्य थे। इसलिए इस परिवार को आर्य परिवार नाम भी दिया गया। पर यह कई कारणों से स्वीकृत नहीं हुआ। एक कारण उनमें यह प्रमुख है कि भारत-ईरानी परिवार के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

५ भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र - ले. डा. कपिल देव द्विवेदी पृ ३७१

६ हिन्दी भाषा विकास के सोपान [illegible]

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह अधिक प्रचलित है। इससे जर्मन अंगरेजी, फ्रेंच, इटालियन, पुर्तगाली, स्पेनिश तथा केलिटक परिवार की भाषाओं का प्रतिनिधित्व छूट जाता है।

मूल भारोपीय भाषा को भाषाविदों ने श्लिष्ट योगात्मक ही माना है जिसमें प्रत्ययों और रूपों की संख्या बहुत अधिक थी जो संस्कृत में भी परम्परानुसार आई लगती हैं। मूल भाषा में तीन लिंग, तीन वचन और तीन पुरुष थे, संगीतात्मकता थी और उदात्त-अनुदात्त से अर्थभेद होता था। वैदिक संस्कृत में भी स्वर भेद से अर्थ भेद होता है। प्रो० अस्कोली ने भारोपीय भाषाओं को केन्तुम और शतम दो वर्गो में ध्वनि को आधार मानते हुए बाँटा है।[७] उनके अनुसार मू.भा.भा. की कण्ठ्य या कण्ठ तालव्य ध्वनियाँ कुछ भाषाओं में यथावत् तथा कुछ भाषाओं में संघर्षी हो गयी हैं। १०० के लिए प्रयुक्त संख्यावाचक शब्द लैटिन में Centum (केन्टुम) तथा अवेस्ता संस्कृत में क्रमशः सतम और शतम् है। भारोपीय परिवार की १० शाखाएँ (भारत ईरानी, बाल्टो, स्लाविक, आर्मीनी, अलबानी, ग्रीक, कैल्टिक, जर्मनिक, इटालिक, हिटाइट, तोखारी) हैं, जिनमें प्रारम्भिक चार शतम वर्ग में शेष केन्टुम में आती हैं। संस्कृत शतम् वर्ग की भाषा है।

भारोपीय परिवार की १० शाखाएँ मानी गयी है- भारत-ईरानी, ग्रीक, इतालिक, जर्मनिक, केल्टिक, बाल्तो-स्लाविक, आर्मेनियन तथा आल्बेनियम, तोखारी व हित्ती।[८] इनमें संस्कृत भारत ईरानी शाखा के अन्तर्गत आती है। इस शाखा की भी यह प्राचीन भाषाओं में परिगणित है। प्राचीन कालीन भारतीय भाषाओं में वैदिक भाषा का स्थान सर्वप्रथम आता है, क्योंकि वेदों का काल निश्चित नहीं हो सका है तथा वेदों से पूर्व की कोई भाषा अभी तक संज्ञान में नहीं आ सकी है। वैदिक भाषा ही संसार की प्राचीनतम भाषा मानी गयी है। इसका काल २४०० ई.पू. से ५०० ई.पू. तक माना गया है। ब्राह्मणों और उपनिषदों की गणना भी श्रुतियों में की गई है। 'श्रुति' वेदों का ही नाम है पर इनकी भाषा में कुछ वैभिन्न्य आता गया है। वैदिकी, छन्दस् या प्राचीन संस्कृत भी वैदिक संस्कृत के अन्य नाम हैं। इसका प्राचीनतम रूप हमें ऋग्वेद संहिता में मिलता है। कतिपय विद्वानों का मत है कि ऋग्वेद के प्रथम और दशम मण्डल की भाषा अधिक प्राचीन नहीं है। अन्य मण्डलों की भाषा प्राचीनतम है और अवेस्ता के निकटस्थ है। ऐसे विद्वानों का मत है कि ऋग्वेद के दशम मण्डल की रचना आर्यो के कुरु पांचाल प्रदेश की ओर आगमन की है। जब उन पर मध्यदेश के अनार्यों का प्रभाव पड़ने लगा था। मध्यदेशीय अनार्यों से प्रभावित भाषा ही सामवेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, ब्राह्मणों और उपनिषदों की भाषा है। शेष ऋग्वेद में वैदिक संस्कृत का प्राचीन रूप उस समय का है जब आर्य पंजाब के आस-पास ही रहते थे। वैदिक संस्कृत का एक रूप वह है जब आर्यों का प्रसार मध्यदेश से आगे पूर्व की ओर हुआ और उन की भाषा पर पूर्वी व्रात्यों की भाषा का प्रभाव पड़ा। जैसे-जैसे आर्यों का आगमन उत्तर से मध्य और मध्य से पूर्व की ओर होने लगा, वैसे स्थानीय प्रभावों से युक्त हो वैदिक संस्कृत का रूप बदलता गया।[९] लेकिन नवीनतम अनुसन्धानों से यह प्रमाणित हो रहा है कि उक्त कथन सत्य नहीं है। वैदिक संस्कृत इसी देश की भाषा है, यहीं से आर्य विश्व के अन्य देशों में गये, और उनके साथ वेद और उसकी भाषा भी साथ गयी।

वैदिक भाषा के अनन्तर दूसरी भाषा लौकिक संस्कृत या क्लासिकल संस्कृत कही जाती है। रामायण और महाभारत इसी भाषा में लिखित महाकाव्य हैं। वैदिक संस्कृत में जो विविधता और अनेकरूपता

---

७ भाषा विज्ञान के सिद्धान्त और हिन्दी भाषा -द्वारिका प्रसाद सक्सेना पृ १०६
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
८ भाषा विज्ञान तथा हि.भा. का वैज्ञानिक विश्लेषण -डा. सीताराम झा श्याम पृं ५७

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपलब्ध है वह लौकिक संस्कृत या संस्कृत में कम हो गयी है। पाणिनि के व्याकरण का प्रभाव इस पर बढ़ गया है। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा अर्थात् वैदिक भाषा का विकास हजारों वर्षों में हुआ है। महर्षि पाणिनि ने इसका संस्कार किया इसलिए यह संस्कृत कहलायी।[१०] वैदिक भाषा और संस्कृत के व्याकरण, रूप-रचना आदि में काफी अन्तर है।

भारोपीय परिवार की भाषा (संस्कृत) में ध्वनियों को लेकर जहाँ अन्य बहुत सी भाषाओं से भेदकता विद्यमान है वहीं समानता के तत्त्व भी अनुस्यूत हैं। यही स्थिति शब्दों की भी है। चीनी भाषा में दश के लिए शिह शब्द प्रयुक्त होता है। दश का श मूलरूप होना चाहिए जो शिह में प्राप्त है। वैदिक काल में श का 'दश' रूप प्रचलित होने का तात्पर्य यह है कि शिह और दश का मैत्री सम्बन्ध प्रागैतिहासिक है। इसी प्रकार एक और दश के संख्यावाची शब्दों का डॉ. रामविलास शर्मा ने भाषा और समाज पुस्तक में ग्रीक, लैटिन और जर्मनी से सम्बन्ध स्थापित किया है। चीनी में नहीं के लिए मेई शब्द है, मत के लिए मो, जो संस्कृत मा से मिलता है। चीनी का नी (तुम) सर्वनाम एशिया का सबसे प्राचीनतम सर्वनाम है जो संस्कृत 'अस्माकम्' के अन्य रूप नः में दिखलाई पड़ता है। यह रूप अस्मद् परिवार का नहीं बाहर का आया लगता है। रूसी में इसी के लिए नास, लैतिन में नोस लैटिन में नो और नोन (द्विवचन) मिलते हैं। अरबी में उत्तम पु. सर्वनाम का बहुवचन ना है। सामी में अन, अने, अनि आदि रूप हैं। आस्ट्रिक परिवार की रूसी भाषा में उ.पु. सर्व. ना है। द्रविड़ भाषा परिवार में न का प्रयोग बाहुल्य है। तमिल में नान नी आदि हैं। चीनी का वो संस्कृत वयम् से तथा 'ता' तद और ते से मिलते हैं। माता-पिता के लिए चीनी में मू और कू है। चीनी दिआन भारत के दिन के निकट है। रूसी में घेन (दिन) अंगरेजी में डे है।[११]

डॉ. सुनीत कुमार चादुर्ज्या ने गंगा शब्द का थाई रूप खोंग बताया है। चीनी में यही नदी वचाक किआंग है। याड़ ती सी क्याड़। बंगला में गांग नदी वाचक है कश्मीरी में गंग। यह आस्ट्रिक परिवार का शब्द माना गया है। चीन भारत सम्बन्ध बौद्ध धर्म से बहुत पुराना है। हौज्नी की मान्यता है कि ईसा से दो हजार वर्ष पूर्व रूस, भारत, मध्य एशिया और चीन के आपसी सम्बन्ध विभिन्न स्तरों पर थे।[१२]

द्रविड़ भाषाओं के साथ संस्कृत का परस्पर सम्पर्क और शब्दों का आदान प्रदान हुआ है। कुंडल, चंदन, तूल, निविड़, नीर, पंडित, विल, बिडाल आदि शब्द द्रविड़ भाषाओं से संस्कृत में आये हैं। मराठी में अस्सी प्रतिशत शब्द संस्कृत के हैं। 'कवि कुल गुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय' के कुलपति श्री पंकज चान्दे ने हरिद्वार के अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन (२०११) में ऐसा कहा है। मराठी में संस्कृत शब्दों के प्रयोग बाहुल्य को सामान्य व्यवहार में भी देखा जाता है। केवल साहित्य ही इस मत का आधार नहीं है। लेखिका को छात्राओं द्वारा संगमनेर कला वाणिज्य कालेज में कम्पोस्ट खाद के प्लान्ट में प्रयुक्त गेंडुर शब्द प्राप्त हुआ। उ.प्र. में भी फसलों के कीड़ों को गिंडार कहते हैं। यह शब्द लोक बोली का है, साहित्यिक नहीं। जो मराठी जनों के उत्तर भारतीय जनों के साथ सम्बद्ध होने को द्योतित करता है। साथ ही भारोपीय परिवार की संस्कृत भाषा का भी यह मुख्य क्षेत्र है, खड़ी बोली का क्षेत्र। द्रविड़ और आर्य भाषा परिवारों से सम्बद्ध विद्वानों का मत है कि 'आर्यों के आगमन से पूर्व द्रविड़ों ने ही पंजाब और सिंह की महान् नागरिक सभ्यता का निर्माण किया था'। सुनीति कुमार चाटुर्ज्या के शब्दों में 'जब आर्य आये तब उत्तरी भारत के मैदानों में द्रविड़ और

---

१० भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा [illegible] पृ २४७
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar
13.	ग्लिम्पस आफॅ इनवायरमेन्टल परसेप्ट्स ऑफ वैदिक लिट्रेचर	50 रु.
14.	स्वामी श्रद्धानन्द समग्र मूल्यांकन	300 रु.
15.	पं0 इन्द्रविद्यावाचस्पति कृतित्व के आयाम	300 रु.
16.	बातें मुलाकातें	125 रु.
17.	वेदों की वर्णन शैलियां	50 रु.
18.	हिन्दी काव्य को आर्यसमाज की देन	400 रु.
19.	श्रुति विचार सप्तक	500 रु.
20.	स्तूप निर्माण कला	55 रु.
21.	ईशोपनिषद्भाष्य	40 रु.
22.	इन्द्रविद्यावाचस्पति	40 रु.
23.	भारतवर्ष का इतिहास (तृतीय खंड)	55 रु.
24.	अग्निहोत्र	25 रु.
25.	वेद विमर्श	25 रु.
26.	आधुनिक भारत में वक्तृत्व कला की प्रगति	25 रु.
27.	आहार	35 रु.
28.	वैदिक वन्दना गीत	25 रु.
29.	ऋषिदेव विवेचन	25 रु.
30.	विष्णु देवता	25 रु.
31.	सोम	20 रु.
32.	ऋषि दयानन्द का पत्र व्यवहार	25 रु.
33.	अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	40 रु.
34.	गुरुकुल की आहुति	12 रु.
35.	ब्राह्मण की गौ	25 रु.
36.	ऋषि-रहस्य	25 रु.
37.	धर्मोपदेश (भाग प्रथम और द्वितीय)	25 रु. प्रति खंड
38.	वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	40 रु.
39.	मेरा धर्म	500 रु.
40.	गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय कलेण्डर भाग-1	250 रु.

विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं का विवरण

1.	गुरुकुल पत्रिका	वार्षिक मूल्य 100 रु.
2.	वैदिक पॉथ	वार्षिक मूल्य 100 रु.
3.	प्राकृतिक एवं भौतिकीय शोध विज्ञान पत्रिका	वार्षिक मूल्य 500 रु.
4.	आर्य भट्ट	वार्षिक मूल्य 100 रु.
5.	गुरुकुल बिजनेस रिव्यू (GBR)	वार्षिक मूल्य 100 रु.

नोट :-ये सभी पुस्तकें कुलसचिव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के नाम ड्राफ्ट भेजकर निम्न पते से प्राप्त की जा सकती है। क्रमांक १ से १२ एवं क्रमांक १८ तथा १९ पर ५० प्रतिशत तथा अन्य सभी पुस्तकों पर २० प्रतिशत की छूट देय है।

पुस्तकें मंगाने का पता :- पुस्तकालयाध्यक्ष/व्यवसाय प्रबन्धक, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार-२४९४०४ (उत्तराखण्ड)

मुद्रक : किरण ऑफसैट प्रिंटिंग प्रेस, कनखल, हरिद्वार फोन : 01334-245975, 9837007222

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

ISSN 0974 - 8830

गुरुकुल-शोध-भारती

षाण्मासिकी शोधपत्रिका

मूल्याङ्कित शोधपत्रिका
(A Refereed Research Journal)

सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता विशेषांक

अंक १८, सितम्बर २०१२

सम्पादक

प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री

श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार-249404

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुलपिता, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय

स्वामी श्रद्धानन्द जी

१८५६-१९२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ISSN 0974 – 8830

॥ओ३म्॥

गुरुकुल-शोध-भारती

षाण्मासिकी शोधपत्रिका

मूल्याङ्कित शोधपत्रिका

(A Refereed Research Journal)

सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूपएवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकताविशेषांक

अंक १८, सितम्बर २०१२

सम्पादक

प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री

श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार-२४९४०४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक-मण्डल

मुख्य संरक्षक	श्री सुदर्शन शर्मा, कुलाधिपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)
संरक्षक	प्रो. स्वतन्त्र कुमार,कुलपति, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)
सहसंरक्षक	प्रो. महावीर,आचार्य, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
सम्पादक	प्रो. ज्ञानप्रकाश शास्त्री,प्रोफेसर श्रद्धानन्द वैदिक शोध-संस्थान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड) चलदूरभाष:-09219513135, **gyanprakashshastri@gmail.com**
परीक्षकत्वम्	प्रो. जयदेव वेदालंकार, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष दर्शनशास्त्र-विभाग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)
प्रकाशक	प्रो. ए.के. चोपड़ा, कुलसचिव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार. (उत्तराखण्ड)
एक प्रति का मूल्य	रु० ७५.०० पचहत्तर रुपये
वार्षिकमूल्य	रु०१५०.०० एक सौ पचास रुपये
पञ्च-वार्षिकमूल्य	रु०५००.०० पाँच सौ रुपये (ग्राहक बनने हेतु **कुलसचिव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**, के नाम धनादेश बनवाकर **पुस्तकालयाध्यक्ष, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार**, नाम प्रेषित करें।) दूरभाष:-01334-243037
प्रकाशनीय शोधलेख	शोधलेख विषयक दिशानिर्देश अन्तिम से पूर्व पृष्ठ में दिये गये हैं।

परामर्शदात्री समिति

१. प्रो. विक्रम कुमार विवेकी, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

२. प्रो. कमलेश चौकसी, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद (गुजरात)

३. प्रो. शशि तिवारी, पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

४. प्रो. किरण टण्डन, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, (उत्तराखण्ड)

५. प्रो. केशव नारायण विद्यालंकार, संस्कृत-विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद (आन्ध्रप्रदेश)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

	वेदप्रतिपादित सकारात्मक चिन्तन और उसकी प्रासंगिकता	प्रो. ज्ञान प्रकाश शास्त्री	१-१०
१.	सकारात्मक कर्मयोग से परम पुरुषार्थ की प्राप्ति	प्रो. विजयपाल शास्त्री	११-१४
२.	स्वस्ति पन्थामनुचरेम	डॉ. महावीर	१५-१७
३.	वैदिक साहित्य में सकारात्मक चिन्तन का स्वरूप	डॉ० जयदेव वेदालंकार	१८-२१
४.	समकालीन भारतीय दार्शनिकों का सकारात्मक चिन्तन	डॉ. आर. के. देसवाल	२२-३०
५.	सकारात्मक चिन्तन के परिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन की उपादेयता	डॉ० मनुदेव बन्धु	३१-३६
६. / ७.	वैदिक साहित्य में सकारात्मक सोच	प्रो. विक्रम कुमार विवेकी	३७-४२
८.	वेदोक्त सकारात्मक चिन्तन का प्रभाव एवं प्रासंगिकता	प्रो० सोमदेव शतांशु	४३-४६
९.	सकारात्मक चिन्तन के वैदिक आयाम	डॉ० दिनेशचन्द्र शास्त्री	४७-५६
१०.	सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता	डॉ० सोहन पाल सिंह आर्य	५७-६९
११.	सकारात्मक चिन्तन एवं योगदर्शन	डॉ. ईश्वर भारद्वाज	७०-७४
१२.	सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता	प्रो० सत्यदेव निगमालंकार	७५-८०
१३	वेद एवं उपनिषद् साहित्य में सकारात्मक चिन्तन	श्रीमती अनिता स्नातिका, डॉ. श्रीमती अमृता	८१-८४
१४.	अष्टांग योग के अन्तर्गत यम-नियम की सकारात्मकता	डॉ. बबीता शर्मा	८५-९०
१५.	सकारात्मक सोच और भगवद् गीता	डॉ० साधना सहाय	९१-९५
१६.	प्रार्थना : सकरात्मक सोच का एक सशक्त माध्यम	डॉ० मृदुल जोशी	९६-१००
१७.	जीवन और वैदिक सोम	डॉ०(श्रीमती) विजयलक्ष्मी	१०१-१०७
१८.	सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता	डॉ० नरेश कुमार	१०८-१११
१९.	सकारात्मक चिन्तक नाटककार कालिदास	डॉ. राकेश शास्त्री	११२-१२२
२०.	भारतीय सकारात्मक चिन्तन के विभिन्न आयाम	डॉ० नीलम त्रिवेदी	१२३-१२७
२१.	सकारात्मक विचारपुंज : वैदिक सूक्त	सत्येन्द्र दत्त अमोली	१२८-१३०
२२.	सकारात्मक चिन्तन का भारत के सामाजिक जीवन में दार्शनिक-स्वरूप	डॉ० सीमा राय	१३१-१३४
२३.	रमाकान्त पाण्डेय - सार्थक जीवन की सकारात्मक अभिव्यक्ति	डॉ० मञ्जुलता शर्मा	१३५-१३८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२४.	समकालीन समस्याओं के संदर्भ में सकारात्मक चिन्तन: समस्या एवं समाधान	डॉ० दिपाली शर्मा डॉ० राजीव कुमार शर्मा	१३९-१४४
२५.	श्रीमद्भगवद्गीता में सकारात्मक चिन्तन	डॉ. अंजना शर्मा	१४५-१४८
२६.	संस्कृत वाङ्मय में योग एवं उसका सकारात्मक स्वरूप	डॉ० शालिनी त्रिपाठी	१४९-१५३
२७.	सकारात्मक चिन्तन के दार्शनिक स्वरूप की वर्तमान में प्रासंगिकता	डॉ. प्रतिभा शुक्ला	१५४-१५७
२८.	वर्तमान समस्याओं के संदर्भ में-सकारात्मक चिन्तन की भूमिका	डॉ. सुरेन्द्र कुमार	१५८-१६२
२९.	मन:प्रबन्धन एवं समस्यामुक्ति एक सकारात्मक दृष्टिकोण	डॉ. अनीता जैन	१६३-१६६
३०.	छान्दोग्य उपनिषदि मधुविद्या	डॉ. वीना विश्नोई शर्मा	१६७-१७०
३१.	जैनदर्शन में सकारात्मक चिन्तन का स्वरूप, आधार एवं प्रासंगिकता	डॉ० इन्दु (पाण्डेय) खण्डूड़ी	१७१-१७९
३२.	उपनिषद् : सकारात्मक आर्थिक चिन्तन	ओमपाल सिंह शोधछात्र	१८०-१८६
३३.	वैदिक जीवन में आशावाद की अवधारणा	डॉ. हरिराम मिश्र डॉ. दिव्या मिश्रा	१८७-१९०
३४.	सकारात्मक जीवनशैली - तन्मे मन: शिवसंकल्पमस्तु	डॉ० अमित कुमार चौहान	१९१-१९५
३५.	सकारात्मक दृष्टिकोण के आलोक में भारतीय दर्शन में 'अहिंसा' की अवधारणा	डॉ. बबलू वेदालंकार	१९६-१९९
३६.	अष्टांग योग का सकारात्मक चिन्तन में महत्त्व	ज्योति वर्मा	२००-२०३
३७.	वेदों में सकारात्मक चिन्तन एक दार्शनिक विश्लेषण	संदीप कुमार	२०४-२०६
३८.	शांकरभाष्य में सकारात्मक चिन्तन विषयक तत्त्व एवं उनकी वर्तमान में प्रासंगिकता	सन्तोष पन्त (शोधच्छात्र)	२०७-२१०
३९.	कम्प्यूटर साइंस और सकारात्मक चिन्तन	निशान्त कुमार	२११-२१३
४०.	Positivity in medicine	डॉ. नीतू मागो डॉ. विशाल मागो	२१४-२१९
४१.	Role of Positive Thinking in Sports	डॉ. अजय मलिक	२२०-२२३
४२.	राष्ट्रिय संगोष्ठी		२२४-२२६
४३.	विद्वत्परिचय:		२२७-२२९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ० १-१०) ISSN 0974 – 8830

वेदप्रतिपादित सकारात्मक चिन्तन और उसकी प्रासंगिकता

प्रो. ज्ञान प्रकाश शास्त्री[1]

मनुष्य का जन्म विचारों की कोख से होता है, जैसा हम चिन्तन करते हैं, भविष्य में वही हमारा भाग्य बन जाता है। इसलिये विचार हमारे भविष्य के निर्माता हैं। हम जो भी हैं, जैसे भी हैं, भूतकाल के विचारों से निर्मित हुए हैं। अत: विचारों के आते ही मन में यह चिन्तन करना नितान्त अपरिहार्य हो जाता है कि ये किस प्रकार के हैं- ये सकारात्मक हैं अथवा नकारात्मक। यदि हम चाहते हैं कि भविष्य हमें स्वीकार करे, हमारा वरण करे तो हमें प्रथम प्रकार के विचारों को अपने मन में आने देना चाहिये और यदि इससे विपरीत विचारों को हम मन में स्थान देंगे तो भविष्य हमारा स्वागत करने वाला नहीं है।

अब प्रश्न उठता है कि सकारात्मक और नकारात्मक विचारों को किस प्रकार पहिचाना जाये? जो विचार अस्तित्व के अनुकूल हैं, वे सकारात्मक और जो अस्तित्व के प्रतिकूल हैं, उसे नकारात्मक विचार कहा जा सकता है। इसको इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जो समष्टि के अनुकूल हैं, वे सकारात्मक और जो इससे विपरीत हैं, वे नकारात्मक हैं। केवल व्यष्टि की पुष्टि करने वाला भाव सकारात्मक नहीं हो सकता। जब कोई नितान्त व्यष्टिवादी हो जाता है, तभी वह नकारात्मक होने लगता है। एक तथ्य विशेष रूप से ध्यातव्य है कि मूल रूप से कोई भी भाव न तो सकारात्मक होता है और न नकारात्मक। जो परिणाम में शुभ है, वह सकारात्मक है और जिसका परिणाम दु:खात्मक है, वह नकारात्मक। परिस्थिति विशेष में क्रोध भी सकारात्मक हो सकता है और अहिंसा भी नकारात्मक परिणाम दे सकती है। अविचारित क्षमा अनर्थ का आमन्त्रण हो सकती है और सुविचारित हिंसा कल्याण का पथ प्रशस्त कर सकती है। इसलिये इस विषय में विचार परिणाम के आधार पर निर्धारित किया जाना उचित प्रतीत होता है। इसलिये वैदिक साहित्य में एक सुप्रसिद्ध उक्ति है कि **'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति'** इसका आशय है कि क्या हिंसा है और क्या अहिंसा इसका निर्णय वेद के आधार पर होता है। कोई व्यक्ति अपने चिन्तन के आधार पर किसी भावविशेष को सकारात्मक या नकारात्मक नाम नहीं दे सकता और न उसके आधार पर उसका औचित्य प्रतिपादित किया जा सकता। अस्तित्व की अनुकूलता और प्रतिकूलता की कसौटी वेद ही है। उसीसे निर्धारित होता है कि हमारे लिये क्या शुभ है और क्या अशुभ? जब कोई राग-द्वेष से ऊपर उठकर मन्थन करता है, तब वह सरलता से शुभ और अशुभ का निर्णय कर सकता है। मनु ने धृति, क्षमा आदि को धर्म का लक्षण बताया है,[2] वही मनु कहता है कि आते हुए आततायी को विना विचारे मार

---

१. प्रोफेसर एवं सम्पादक गुरुकुल शोधभारती, श्रद्धानन्द वैदिक शोधसंस्थान, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

२. मनु० ६.९२ धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डालना चाहिये।[३] इस प्रकार शुभ और अशुभ का, उचित और अनुचित का निर्णय शास्त्रों के आधार पर होता है। वेद ने हमें शुभ संकल्प करने के लिये प्रेरित और अशुभ संकल्प के लिये हतोत्साहित किया है। यजुर्वेद कहता है-

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।[४]

यह मनुष्य का मन जागते हुए और सोते हुए न जाने कहाँ-कहाँ भागता फिरता है, इसके जाने की कोई सीमा नहीं है, यह दूर से दूर तक जाने वाला है तथा यह प्रकाशक इन्द्रियों का भी प्रकाशक है, ऐसा मेरा मन शुभ संकल्प वाला हो। यही वह मन है जिससे सम्पूर्ण कर्म सम्पादित होते हैं,[५] इसलिये शुभसंकल्प के महत्त्व को बार-बार प्रतिपादित किया गया है। वेद का ऋषि जानता है कि सावधान न रहे तो यह मन पता नहीं किस घाट ले जाकर छोड़ेगा, वह कह उठता है-

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिनऽइव।
हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।[६]

जिस प्रकार कुशल सारथि अश्वों को जहाँ चाहता है, ले जाता है, उसी प्रकार यह मन भी मनुष्य को पता नहीं कहाँ-कहाँ ले जाता है। इसका समाधान प्रस्तुत करता हुआ उक्त मन्त्र कहता है कि जिस प्रकार रश्मि की सहायता से सारथि अश्वों पर नियन्त्रण करता है, उसी प्रकार आत्मारूपी सारथि यदि सावधान हो तो मन पर नियन्त्रण किया जा सकता है। वेद मानता है कि मन से अधिक जविष्ठ अर्थात् अधिक वेगवाला कोई और नहीं हैं, इसलिये इससे सावधान रहने की आवश्यकता है।

आज का विज्ञान सर्वसम्मत रूप से इस तथ्य को स्वीकार करता है कि एक दिन में मनुष्य के मन में लगभग ६० हजार विचार आते हैं और वही विचार बार-बार दस्तक देते रहते हैं। पुनः पुनः आवृत्ति करने वाले विचारों में उन विचारों की प्रमुखता होती है जो चिन्ता का कारण होते हैं। हमारे मन का यह स्वभाव है कि यह राम की अपेक्षा रावण का अधिक चिन्तन करता है। इसका कारण यह है कि प्राप्त की अपेक्षा अप्राप्त की चिन्ता मनुष्य को अधिक सताती है। जो हमें मिला हुआ है, उसके सुख का अनुभव करने के मुकाबले हम जो नहीं मिला हुआ है, उसके प्रति हमारा ध्यान अधिक जाता है। इसलिये गीता को कहना पड़ा-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मास्ते सङ्गस्त्वकर्मणि।।[७]

---

३ मनु० ८.३५० गुरुं वा बालवृद्धौ वा ब्राह्मणं वा बहुश्रुतम्। आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन्।।

४. यजु०३४.१

५. यजु०३४.२ येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः। यजु०३४.३ यस्मान्नऽऋते किं चन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।

६. यजु०३४.६

७. गीता-२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी सत्य का उद्घोष यजुर्वेद भी करता है-

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥ [८]

इसलिये चिन्तन की दिशा फल पर न होकर कर्म पर रहे तो फल की अप्राप्ति में आने वाली दुश्चिन्ताओं का शमन किया जा सकता है। यह जीवन के लिये अधिक महत्त्वपूर्ण है। अतः वेद निर्देश देता है-

युञ्जते मनऽउत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः।
वि होत्रा दधे वयुनाविदेकऽइन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः॥ [९]

विप्र लोग जिस सर्वव्यापक परमात्मा में अपने मन और बुद्धि को समाहित करते हैं, वैसे ही हमको भी करना चाहिये।

इस प्रकार संकल्प की शुद्धि के साथ मनुष्य को आगे ले जाता हुआ वेद मन और बुद्धि को परमात्मा में समाहित करने का आदेश देता है। यही सकारात्मक चिन्तन की अन्तिम परिणति हो सकती है। चित्तवृत्ति निरोध से योग जिस भूमि को उपलब्ध होता है, वह चित्त की समाहित स्थिति है, इसी प्रकार सांख्य में साधक जिस अन्तिम लक्ष्य को प्राप्त करता है, वह कैवल्य की भूमि भी द्वन्द्वान्तीत अवस्था है।

लोकयात्रा से सीधे चरम पुरुषार्थ को उपलब्ध होने का यह मार्ग है, परन्तु संसार में रहते हुए जो अभी अन्तिम सोपान पर आरूढ़ नहीं होना चाहता है, इस लोक में सब प्रकार के अभ्युदय के लिये लालायित है, वेद उसके पथ का निर्देश करता हुआ कहता है-

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः।
देवा नो यथा सदमिद्वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवेदिवे॥ [१०]

मनुष्य को कामना करनी चाहिये कि उसके पास चारों ओर से श्रेष्ठ संकल्प आयें, ये संकल्प नपुंसक नहीं होने चाहिये, ये ऐसे नहीं होने चाहिये कि जो किसी भी परिस्थिति में, किसी भी विघ्न-बाधा से दबने वाले हों तथा ये इतने शक्तिसम्पन्न होने चाहिये कि इनका कोई मार्ग न रोक सके, कितनी भी समस्यायें आ जायें, ये उससे पार होते हुए सफलता के सोपान तक पहुँचाने वाले हों, इसके साथ यह भी देखना चाहिये कि ही ये किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के विपरीत न हों, इनका समाज, राष्ट्र या अध्यात्म से विरोध नहीं होना चाहिये। जब किसी के विचार इस निकषा पर खरे उतरते हैं, तो उसको फलीभूत करने के लिये देवता भी सहायक होते हैं, उनका साहाय्य भी मिल जाता है।

अथर्ववेद कहता है-

उद्यानं ते पुरुष नावयानं जीवातुं ते दक्षतातिं कृणोमि।

---

८. यजु०४०.२
९. यजु०३७.२
१०. ऋ०१०.८९.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आ हि रोहेमममृतं सुखं रथं अथ जिर्विर्विदथमा वदासि।।[११]

हे पुरुष! तेरा उत्थान ही हो, उन्नति हो, कभी पतन न हो, मैं तेरे जीवन को बल से युक्त करता हूँ। इस विद्यमान अमृतयुक्त रथ पर निश्चय से चढ़ और जीवन भर ज्ञान का प्रचार करता रह।

इस प्रकार मन में उत्थान की कामना हो, विचार तदनुकूल हों तो फिर सफलता को प्राप्त करने से कोई कैसे रोक सकता है? यह सफलता का निष्कण्टक राजपथ है। इस पर चलकर न जाने कितने लोग महारथी बने, अतिरथी बने और जीवन के चरम पुरुषार्थ को उपलब्ध हुए।

अथर्ववेद सकारात्मक चिन्तन के कतिपय सूत्रों का परिगणन कराता हुआ कहता है-

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्नी उरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु।।[१२]

सकारात्मक चिन्तन के प्रथम सूत्र का परिगणन करता हुआ वेद कहता है कि बृहत् सत्य होना चाहिये अर्थात् ऐसा सत्य हो जो स्व-पर के भेद से ऊपर हो, केवल अपने या कुछ लोगों के स्वार्थ को ध्यान में रखकर जो लक्ष्य निर्धारित किया जाता है, वह संकुचित हो सकता है, अतः वेद का आदेश है कि जीवन के लिये निर्धारित किया गया लक्ष्य महान् सत्य होना चाहिये।

द्वितीय सूत्र की ओर संकेत करते हुए कहा गया है कि वह उग्र होना चाहिये। उक्त कथ्य का आशय यह प्रतीत होता है कि उस लक्ष्य की ओर कठोरता के साथ, तेजस्विता के साथ, प्राणों की पूरी शक्ति के साथ उस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिये।

तृतीय- सकारात्मक चिन्तन का तृतीय सूत्र दीक्षा है। महान् उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यक्ति को संकल्परूप व्रत लेना चाहिये। संकल्प यदि व्रत का रूप ले लेता है, तो फिर उसके सफल होने की सम्भावना बहुत बढ़ जाती है। अन्यथा कितना भी महान् उद्देश्य हो, संकल्पशक्ति के अभाव में वह चूर-चूर होकर धराशायी हो जाता है। अच्छे संकल्प करने वाले लोग बहुत होते हैं, लेकिन उनमें से कुछेक ही अपने लक्ष्य को हस्तगत कर पाते हैं, इसका मात्र कारण इतना ही है कि उनकी संकल्पशक्ति कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होती।

चतुर्थ- सकारात्मक चिन्तन का चतुर्थ सूत्र तप है। लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में कितनी हीं बाधायें आयें, उनको पार करने में आने वाली कठिनाइयों को सहने की शक्ति अर्जित करना आवश्यक है, जो कठिनाइयों और समस्याओं के देखकर शतुर्मुर्ग की तरह गर्दन नीची कर लेते हैं, इतिहास ऐसे लोगों को सम्मान के साथ स्मरण नहीं करता। उसके लिये वे श्रद्धा के साथ स्मरण करने के योग्य हैं, जिन्होंने स्व से ऊपर उठकर अपनी मन, वाणी और कर्म में एकता स्थापित की हो।

पञ्चम- सकारात्मक चिन्तन का पञ्चम सूत्र ब्रह्म है। ब्रह्म से तात्पर्य ज्ञान से है। केवल महान् सत्य लक्ष्य के रूप में निर्धारित करने और उसके अनुरूप कठोर तप करने से काम चलने वाला नहीं है, उसके

---

११. अथर्व०८.१.६

१२. अथर्व०१२.१.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये इन सबके साथ एक और अर्हता अपेक्षित है कि वह जिस मार्ग पर जा रहा है, उस मार्ग का सटीक ज्ञान होना चाहिये। विना ज्ञान के किया जाने वाला प्रयास प्राय: निरर्थक होता है। इसलिये वेद ने कहा कि जिस प्रकार जगत् में ब्रह्म महत्त्वपूर्ण है, उसी प्रकार किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति में ज्ञान का होना भी उतना ही आवश्यक है।

षष्ठ-सकारात्मक चिन्तन का षष्ठ सूत्र यज्ञ है। ब्रह्म अर्थात् ज्ञान की परिणति यज्ञ अर्थात् निष्काम कर्म में होनी चाहिये। यह होना स्वाभाविक भी है। ब्रह्म को ज्ञान कहने की पीछे यह उद्देश्य प्रतीत होता है कि वह ब्रह्म के समान बृहत् होना चाहिये। यदि ज्ञान संकुचित है तो वह स्वार्थी हो सकता है, अतः कहा गया कि वह यज्ञरूप होना चाहिये।

उपर्युक्त मन्त्र में प्रतिपादित छः सूत्रों वाले सकारात्मक चिन्तन की परिणति किस रूप में होगी, वेद कहता है कि ऐसा चिन्तन पृथिवी को धारण करने वाला है। यह हमारे भूत और भविष्य की आधारशिला है। कोई भी समाज इन गुणों के विना उन्नति को प्राप्त नहीं कर सकता।

ऋग्वेद में सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है-

स्वस्ति पन्थामनु चरेम सूर्याचन्द्रमसाविव।
पुनर्ददताघ्नता जानता सं गमेमहि।।[13]

ऋषि कहता है कि हमें सूर्य और चन्द्रमा के समान कल्याण के मार्ग का वरण करना चाहिये। साथ ही हमें दान करते हुए, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए तथा एक-दूसरे को जानते हुए मिलकर साथ चलना चाहिये।

उपर्युक्त मन्त्र में कहे गये चार सूत्र सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण के लिये परम आवश्यक हैं। प्रथम जिस ओर ध्यान आकर्षित किया गया है, वह यह है कि हमें सूर्य और चन्द्र के समान अपने दायित्व का निर्वाह करते चले जाना चाहिये। जिस समाज में लोग अपने-अपने दायित्व का निर्वाह स्वेच्छा से करते हैं, वहाँ न जाने कितनी समस्याएँ जन्म लेने से वञ्चित ही रह जाती हैं। यह समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिये प्रथम आवश्यक योग्यता है।

द्वितीय स्थान पर वेद ने **'ददता'** को स्थान दिया है। समाज हमें क्या दे रहा है, इसके मुकाबले हम समाज को क्या दे रहे हैं, यह चिन्तन बहुत आवश्यक है। समाज से हम केवल लेते चले जायें और देने की इच्छा न करें, तो उससे उत्पन्न होने वाली रिक्तता की पूर्ति करना असम्भव हो जायेगा। आज हम पर्यावरण के विनाश से चिन्तित हैं, उसके मूल में जो कारण है, वह यही है कि हम प्रकृति को देने के स्थान पर कैसे निरन्तर दोहन करते चले जायें, इस दिशा में प्रयास करते रहे हैं और उसका भयावह परिणाम हमारे सामने है। इसलिये वेद का आदेश है कि केवल ग्रहणभाव से काम चलने वाला नहीं है।

तृतीय स्थान पर वेद ने अघ्नता अर्थात् अहिंसा को रक्खा है। हिंसा से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। हिंसा हिंसा को ही जन्म देती है। विनाश से केवल विनाश ही पैदा हो सकता है,

---

१३. ऋ०५.५१.१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्माण नहीं। चेतन हो या फिर जड़ जगत्, सबके प्रति आत्मवत् व्यवहार किये जाने की आवश्यकता है।[१४]

चतुर्थ स्थान पर वेद ने जानता अर्थात् ज्ञान को रक्खा है। समाज में एक-दूसरे को जानते हुए अर्थात् दूसरे की आवश्यकताओं को समझते हुए हम चलें तभी उन्नति हो सकती है। ऋग्वेद में इसके महत्त्व को अनेकशः प्रतिपादित किया गया है-

सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सं जानाना उपासते॥ १॥[१५]
समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि॥[१६]

समाज में सामञ्जस्य के लिये एक साथ चलना, एक साथ बोलना, एक-दूसरे की मन की बात समझना न केवल अपेक्षित है, अपितु आवश्यक भी है।

ऋग्वेद में मृत्यु के माध्यम से समाज को उद्बुद्ध करने का प्रयास किया गया है-

न वा उ देवाः क्षुधमिद्वधं ददुरुताशितमुप गच्छन्ति मृत्यवः।
उतो रयिः पृणतो नोप दस्यत्युतापृणन्मर्डितारं न विन्दते॥[१७]

अन्न के अभाव से देवता किसीको भूखा नहीं मारते हैं, जिनके पास बहुत है, जो भरे पेट वाले हैं, वे भी मृत्यु को प्राप्त करते हैं। दूसरों को तृप्त करने से अन्नधन क्षीण नहीं होता, लेकिन जो दूसरों को नहीं देता, उसे सुख देने वाले परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती।

उक्त मन्त्र का आशय यह है कि देवताओं ने भूख से मरने के लिये किसी को नहीं छोड़ा है, यदि ऐसा होता तो जिनके पास बहुत है, उनको मृत्यु नहीं मिलनी चाहिये थी। परन्तु उनको भी अनेक प्रकार से मृत्यु प्राप्त होती है। द्वितीय बात यही कही कि दूसरों को देकर तृप्ति का अनुभव करने वाले का कभी भी धन क्षीण नहीं होता, परन्तु जो कृपण है, दूसरों को देना नहीं चाहता, उसके लिये संदेश दिया गया कि उसे कुछ भी मिल जाए, परन्तु सुखदाता परमात्मा नहीं मिलता। कहने का आशय यह है कि ऐसे अराति को सुख के अतिरिक्त सब कुछ मिल जाता है। इस कथन में समाज के लिये संदेश दिया गया कि मिल-बाँटकर जीवन जीने में धन भी बढ़ता है और सुख भी मिलता है।

केवल श्रम से अर्जित धन मिल जाए, उससे समाज में शान्ति रहने वाली नहीं है। शान्ति के लिये आवश्यक है कि समाज में कोई भूखा, दरिद्र न रहे। वेद कहता है-

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि वध इत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी॥[१८]

---

१४. यजु०४०.६ यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्नेवानुपश्यति। सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न वि चिकित्सति॥

१५. ऋ०१०.१९१.१

१६. ऋ०१०.१९१.३

१७. ऋ०१०.११७.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वार्थी और अविवेकी व्यर्थ ही अन्न ग्रहण करता है। तथ्य यह है कि यह उसका जीवन नहीं है, अपितु मृत्यु है। क्योंकि इस प्रकार का घोर स्वार्थी न अपना भला करता है और न मित्रों का। केवल अपने ही खाने-पीने का ध्यान रखने वाला अन्न नहीं खाता, पाप खाता है। इसी बात को गीता में बड़ काव्यमय ढंग से कहा गया है-

एवं प्रवर्तितं चक्रं नानुवर्तयतीह यः।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं पार्थ स जीवति॥[१९]

इस यज्ञचक्र को जो नहीं घुमाता अर्थात् जो भोग के साथ त्याग नहीं करता, वह पापी और विषयी है, और हे अर्जुन! उसका जीवन व्यर्थ है। वेद आगे कहता है-

स इद्भोजो यो गृहवे ददात्यन्नकामाय चरते कृशाय।
अरमस्मै भवति यामहूता उतापरीषु कृणुते सखायम्॥[२०]

उसीका खाना खाना है, जो घर आये भूखे को अन्न देकर स्वयं खाता है। ऐसे देने वाले के पास अन्न कभी कम नहीं होता और वह विरोधियों का भी मित्र बन जाता है।

अर्थजन्य अशान्ति और दुःख के निवारण का प्रतिपादन करता हुआ वेद कहता है-

ऐन्द्र सानसिं रयिं सजित्वानं सदासहम्।
वर्षिष्ठमूतये भर॥[२१]

'ऐश्वर्य का भण्डार परमात्मा हमें जीवन की रक्षा के लिये ऐसा धन प्रदान करे, जिसका हम बाँटकर उपभोग करें, जो विजेता बनाने वाला हो, स्वावलम्बी बनाने में सक्षम हो तथा बहुत वर्षों तक टिकने वाला हो।' जब हम धन का समान रूप से बाँटकर उपभोग करते हैं तो अशान्ति का कोई कारण ही नहीं रहता। समस्त प्रकार की समस्याओं का मूल मनुष्य का व्यक्तिवादी हो जाना है। इसलिये तो वेद का ऋषि कहता है-**'केवलाघो भवति केवलादी'**[२२] एकाकी भोजन करने वाला केवल पाप खाता है। गीता इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहती है-

यज्ञशिष्टाशनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्॥[२३]

'दूसरों को खिलाकर खाने वाले सब पापों से छूट जाते हैं। जिनके घर में भोजन केवल अपने खाने के लिये बनता है, वे अन्न नहीं खाते, पाप खाते हैं।'

---

१८. ऋ०१०.११७.६
१९. गीता-३.१६
२०. ऋ०१०.११७.३
२१. ऋ०१.८.१
२२. ऋ०१०.११७.६
२३. गीता-३.१३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेद न केवल अर्जित सम्पत्ति को बाँटने की बात करता है, वह तो परिश्रम पूर्वक धन अर्जित करने पर बल देता है-

अकर्मा दस्युरभि नो अमन्तुरन्यव्रतो अमानुषः।
त्वं तस्यामित्रहन् वधर्दासस्य दम्भय।।[२४]

हे इन्द्र! कर्महीन मनुष्य दस्यु है, वह अमन्तु अर्थात् मनन न करनेवाला है, अन्यव्रत अर्थात् ऐसे कर्म करने वाला है, जो मनुष्य के लिये अकरणीय हैं, साथ ही ऐसा व्यक्ति अमानुष है अर्थात् मनुष्यत्व से गिरा हुआ है। इसलिये हे इन्द्र! ऐसे मनुष्य का तू वध कर, तू उसका नाश कर।

उक्त मन्त्र में कर्म न करने वाले को दस्यु शब्द से अभिहित किया गया है। दस्यु का अर्थ उपक्षय करने वाला। ऐसा मनुष्य संसार का ही नहीं अपना भी क्षय करने वाला है। जो विना कर्म किये जीना चाहता है, विना श्रम के किये खाना चाहता है और विना यज्ञ किये एकाकी भोग करना चाहता है, वह दस्यु नहीं तो क्या है? ऐसे व्यक्ति को वेद अमन्तु नाम से सम्बोधित करता है। मनुष्य की प्रथम विशेषता उसका विचारशील होना है, जो दस्यु है, वह अमननशील ही तो है। यदि वह मनन करता तो फिर वह निरुद्देश्य या भ्रष्ट लक्ष्य के लिये प्रयत्न न करता। इसलिये वेद ऐस व्यक्ति को अमानुष पद से अभिहित करता है। संसार के लिये भारस्वरूप व्यक्ति को वेद दण्डित करने का आदेश देता है। इस प्रकार वेद की दृष्टि में पुरुषार्थ न केवल जीवन यापन के लिये आवश्यक है, अपितु मनुष्य बनने के लिये भी यह एक आवश्यक शर्त है। इसलिये वेद पुरुषार्थ में निरत रहने का आदेश देता है।

परिश्रम से अर्जित धन से सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है। ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है-

नानाश्रान्ताय श्रीरस्ति पापो नृषद्वरो जनः।
इन्द्र इच्चरतः सखा। चरैवेति चरैवेति।।[२५]

'जो पूरी शक्ति से परिश्रम नहीं करते, उन्हें लक्ष्मी नहीं मिलती। आलसी मनुष्य पापी होता है। भगवान् श्रम करने वालों का मित्र बनता है। इसलिये श्रम करो, श्रम करो।'

आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चरति चरतो भगः।।[२६]

'बैठने वाले का भाग बैठ जाता है और जो खड़ा हो जाता है, उसका भाग्य भाग्य खड़ा हो जाता है। जो सो जाते हैं, उनका भाग्य भी सो जाता है और जो चलने लगते हैं, उनका भाग्य भी चलने लगता है। इसलिये सदा परिश्रम करो।'

इस प्रकार वैदिक साहित्य में श्रम से अर्जित धन की प्राप्ति की कामना की गयी है। जहाँ विना श्रम के धन का आगम होता है, वहाँ नाना प्रकार के रोग तथा विभिन्न प्रकार की विपत्तियाँ आती रहती हैं।

---

२४. ऋ०१०.२२.८
२५. ऐतरेय ब्राह्मण-७.१५
२६. ऐतरेय ब्राह्मण-७.१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिये श्रम की महत्ता प्रतिष्ठित की गयी है-

इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति।
यन्ति प्रमादमतन्द्राः।[२७]

देवता सवन अर्थात् परिश्रम करने वाले को तो चाहते हैं, परन्तु जो स्वप्न लेते रहता है, करता कुछ नहीं है, उसको वे नहीं चाहते। साथ ही जो तन्द्रारहित होकर कार्य करता है, उससे वे प्रसन्न होते हैं।

ऋग्वेद के अक्षसूक्त में श्रम से धन अर्जित न कर द्यूत आदि कर्मों से धनार्जन करने वालों का चित्रण करते हुए कहा गया है-

जाया तप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित्।
ऋणावा बिभ्यद्धनमिच्छमानोऽन्येषामस्तमुप नक्तमेति।।[२८]

जुआरी की पत्नी धनादि से रहित होने के कारण संतप्त होती है, इधर-उधर भटकने वाले जुआरी की माता व्यथित रहती है, ऋणी होने के कारण ऋणप्रदाता से भयभीत रहता है, धन की इच्छा से रात्रि में चोरी करने के लिये दूसरों के घर चला जाता है।

गुणों की दृष्टि से देखा जाये तो उससे अधिक सहनशील और लगन पक्का व्यक्ति दूसरा मिलना कठिन है, परन्तु फिर भी वह दुःखी रहता है। इसके मूल में कारण मात्र इतना है कि उसका चिन्तन सकारात्मक नहीं है। यदि उसने सकारात्मक और नकारात्मक विचारों के प्रभाव को समझकर जीवन जिया होता तो उसकी यह दुरवस्था न होती। उक्त स्थिति का समाधान करता हुआ वेद कहता है-

अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व वित्ते रमस्व बहु मन्यमानः।
तत्र गावः कितव तत्र जाया तन्मे वि चष्टे सवितायमर्यः।।[२९]

हे द्यूतव्यसनी! द्यूत के पाशों से मत खेल, कृषि कर, उससे प्राप्त धन को बहुत मान अर्थात् उसीमें प्रसन्न रह, उस धन में गायें सुरक्षित हैं, उसी परिश्रम के धन से जाया प्रसन्न रहती है, ऐसा सबको प्रेरणा देने वाले परमात्मा ने मुझसे कहा है।

उपर्युक्त मन्त्र के वक्तव्य से स्पष्ट है कि परिश्रम पूर्वक धन अर्जित करने से सुख, शान्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। जीवन जिस दिशा को लेकर उन्नति के पथ पर बढ़ सकता है, उसका प्रतिपादन करता हुआ वेद कहता है-

तन्तुं तन्वन् रजसो भानुमन्विहि ज्योतिष्मतः पथो रक्ष धिया कृतान्।
अनुल्बणं वयत जोगुवामपो मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्।।[३०]

'मनुष्य से बड़ा जुलाहा कोई और नहीं है, वह सर्वदा कुछ न कुछ बुनता रहता है, परन्तु यह

---

२७. ऋ०८.२.१८
२८. ऋ०१०.३४.१०
२९. ऋ०१०.३४.१३
३० ऋ०१०.५३.६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुनना ज्ञान के प्रकाश में हो तो वह द्युलोक तक जा सकता है। इसी को और अधिक विवृत करते हुए मन्त्र कहता है कि बुद्धि और कर्म के कौशल से निर्मित प्रकाशमय पथों की रक्षा कर, समाज के लिये जो आदर्श हैं, ऐसे लोगों के निर्मल कर्मों को अपने जीवन में बुन, मननशील बन और दैव्य जन रूपी वस्त्र को उत्पन्न कर।'

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि वेद की दृष्टि में सकारात्मक चिन्तन का पथ ज्ञान के प्रकाश से होकर गुजरता है। मनुष्य की यह विशेषता है कि वह अपने पूर्वजों के अनुभव को संजोता है और आगे आने वाली पीढ़ी को उसे सौंपता जाता है। इसी दायभाग को लेकर आज मनुष्य विकास के इस उच्चतम सोपान पर खड़ा हो सका है। समाज के लिये जो आदर्श हैं, ऐसे चरित्रों का अनुकरण उसे करते रहना चाहिये। इस प्रकार ज्ञान और कर्म के उचित समन्वय से जो पथ प्रशस्त होता है, वही मनुष्य के लिये राजपथ है। यही वेद की दृष्टि में सकारात्मक चिन्तन है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०११-१४) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक कर्मयोग से परम पुरुषार्थ की प्राप्ति

प्रो. विजयपाल शास्त्री[1]

महर्षि बादरायण प्रणीत गीता में ज्ञानयोग बुद्धियोग कर्मयोग क्रियायोग भक्तियोग समत्वयोग संन्यासयोग आदि विभिन्न योगपद्धतियों का उल्लेख प्राप्त होता है जिनसे विभिन्न जिज्ञासु और साधक जन अपनी-अपनी योग्यता और सामर्थ्य के अनुसार परम पुरुषार्थ रूप मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं, किन्तु उक्त सभी साधनाओं में कर्मयोग ही प्रमुख है और एकमात्र यही कर्मयोग गीता का अन्तिम प्रतिपाद्य है। अन्य सभी योगमार्ग इसी की पुष्टि करने में सहायता करते हैं।

कर्म तथा कर्मयोग में अन्तर

कर्मयोग क्या है, यह जानने से पहले यह जान लेना बहुत आवश्यक है कि कर्म और कर्मयोग में बहुत बड़ा अन्तर है। एक मनुष्य अपनी जीवनयात्रा में अहंभाव के साथ स्वयम् को कर्ता समझकर फल की आशा से जो चेष्टायें करता है वे सभी चेष्टाएँ कर्म कहलाती हैं। ऐसे कर्म चाहे शुभ हों या अशुभ, पाप हों या पुण्य, वर्णाश्रम धर्म हों या नीतिविरुद्ध आचरण, सभी सकाम कर्म कहलाते हैं और ये कर्म निश्चित रूप से बन्धनकारक होते हैं। ऐसे कर्म कर्मयोग की कोटि में नहीं आते। इनसे सुख अथवा दु:ख प्राप्त होता है। सुख भोगने के लिए अथवा दु:ख भोगने के लिए मनुष्य को पुनः पुनः संसार में जन्म धारण करना पड़ता है। संसार तो अन्ततः दु:ख का ही दूसरा नाम है। चूंकि सांसारिक सुख पूर्णतः सुख नहीं होता अपितु दु:ख से मिश्रित होता है इसलिए विवेकशील पुरुष सांसारिक सुख को भी विषमिश्रित मधु के समान त्याज्य समझते हैं।

जो कर्म फलाशा का त्याग करके केवल कर्तव्य बुद्धि और समर्पणभाव के साथ किये जाते हैं ऐसे कर्म ही कर्मयोग की कोटि में आते हैं। प्रत्येक कर्म उस समय कर्मयोग बन जाता है जब वह फल की इच्छा को छोड़कर परमात्मा का नियत आदेश समझ कर किया जाता है। जब फल की आशा ही छोड़ दी तब फिर पुण्य क्या और पाप क्या, सब एक समान हो जाता है। कार्य सिद्ध हो या सिद्ध न हो इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता। फिर चाहे सुख मिले या दु:ख, इससे भी साधक का कोई प्रयोजन नहीं होता। केवल इतना ही ध्यान रखना पड़ता है कि कर्मों में तथा फलाशा में आसक्ति न होने पावे। यही बात भगवान् पार्थ से कह रहे हैं-

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं व्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।[2]

जिसे भगवान् ने समत्व कहा है वह समत्व वस्तुतः कर्मयोग का ही नाम है। इसी कर्मयोग में

---

१. प्रोफेसर, दर्शन विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२. गीता २/४८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थित होकर कर्म करने वाला पुरुष सच्चा साधक होता है और वही जीवन्मुक्त कहलाता है। योगिराज कृष्ण अर्जुन को यही बात समझाना चाह रहे हैं कि हे पार्थ! तू क्षत्रिय है। युद्ध करना तेरा नियत कर्म है। तू सुख और दुःख की भावना से ऊपर उठकर, लाभ और हानि अथवा जय-पराजय की चिन्ता को छोड़कर युद्ध कर। इस भावना के साथ जब तू युद्ध करेगा तो तू हिंसाजन्य पाप का भागी नहीं बनेगा।

सुख-दुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि।।[३]

इस प्रकार जितने भी सकाम कर्म हैं वे सुख-दुःख के जनक हैं। फलाशा का त्याग करके जो कर्म किया जाता है, वह कर्मयोग कहलाता है। जय और पराजय की आशा का त्याग करके किया गया युद्ध भी कर्मयोग बन जाता है।

नियम कर्म का स्वरूप

भगवान् अनेक स्थानों पर अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन! तू नियत कर्म कर- **नियतं कुरु कर्म त्वम्** क्योंकि अकर्म की अपेक्षा नियत कर्म करना अधिक श्रेष्ठ है। नियत कर्म किसे कहते हैं यह जानना आवश्यक है। प्रत्येक वर्ण और आश्रम के लिये जिन कर्मों का पृथक्-पृथक् निर्धारण किया गया है उन कर्मों को नियत कर्म कहा जाता है। जैसे अध्ययन और अध्यापन ब्राह्मण का नियत कर्म है। प्रजापालन और रक्षा करना क्षत्रिय का नियत कर्म है। पशुपालन और वाणिज्य वैश्य के नियत कर्म हैं तथा सेवा करना शूद्र का नियत कर्म है। इसी प्रकार विद्या का अर्जन करना तथा वीर्य रक्षा ब्रह्मचारी का नियत कर्म है। विवाह करके सन्तानोत्पत्ति करना तथा धनार्जन करना एक गृहस्थ का दायित्व है। तप करना वानप्रस्थ का और वैराग्यपूर्वक मुक्ति के लिए ज्ञान प्राप्त करना एक संन्यासी का नियत कर्म है।

उपर्युक्त नियत कर्म भी सकाम और निष्काम के भेद से दो प्रकार के हैं। सकाम नियत कर्मों का अनुष्ठान मनुष्य को सुख प्रदान करता है तथा निष्काम भाव से नियत कर्मों का अनुष्ठान मुक्ति प्रदान करता है। निष्काम कर्मों का आचरण ही कर्मयोग है। कर्मयोगी के द्वारा जो कर्म किये जाते हैं वे न पाप कहलाते हैं और न पुण्य। इसलिए न उनसे सुख की उपलब्धि होती है और न दुःख की। उनसे केवल परम पुरुषार्थ मुक्ति की प्राप्ति होती है। पतञ्जलि यही बात योगसूत्र में कह रहे हैं-

कर्माशुक्लाकृष्णं त्रिविधमितरेषाम्।।[४]

समस्त कर्मों का त्याग सम्भव नहीं

कर्मयोग में संन्यास अत्यन्त उपयोगी है। संन्यास का अर्थ कर्मों का त्याग नहीं है अपितु कर्मफल की आशा का त्याग करना ही संन्यास है। समस्त कर्मों का त्याग तो सम्भव ही नहीं है। प्रत्येक मनुष्य अनिच्छा से भी कुछ न कुछ कर्म तो प्रतिक्षण करता ही रहता है। इससे वह बच नहीं सकता। वह सोता

---

३. गीता २/३८
४. योगसूत्र ४/७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, जागता है, चलता है, रुकता है, भोजन करता है, बातें करता है, बातें सुनता है। ये बातें वह प्राकृतिक गुणों से विवश होकर करता है। यही बात तो भगवान् कह रहे हैं-

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वं प्रकृतिजैर्गुणैः॥[५]

कर्मों का त्याग यदि नहीं किया जा सकता तो उन्हें त्यागने के लिए फिर व्यर्थ ही प्रयास क्यों किया जाये। हाँ उन कर्मों के फल की इच्छा का त्याग अवश्य किया जा सकता है। जो इस इच्छा का त्याग कर देता है वही त्यागी और वास्तविक संन्यासी है। यस्तु कर्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते। जो इस इच्छा का त्याग करने में समर्थ है वह चाहे फिर कुछ भी करता रहे वह वास्तव में उन कर्मों का कर्ता होता ही नहीं। यही कर्मयोग है कि सब कुछ करता हुआ भी साधक अकर्ता ही बना रहे। यही बात भगवान् कह रहे हैं-

त्यक्त्वा कर्मफलासंगं नित्यतृप्तो निराश्रयः।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किंचित् करोति सः॥ गीता ४/२०

कर्मयोग के लिए बुद्धियोग की आवश्यकता

कर्मफल की इच्छा का त्याग कहने में तो सरल लगता है किन्तु यह इतना सरल नहीं है। इसके लिए बुद्धियोग की आवश्यकता है। बुद्धियोग का अर्थ है कि साधक को यह बात अच्छी प्रकार समझ लेनी चाहिए कि कर्म का फल नश्वर है। कर्म शुभ हो या अशुभ, वह फल प्रदान करके एक दिन अवश्य ही नष्ट हो जायेगा। ऐसे नश्वर कर्मों के लिए समय और जीवन को व्यर्थ नष्ट क्यों किया जाये। जब ऐसी बुद्धि उत्पन्न होगी तो विवेकशील मनुष्य सुकृत और दुष्कृत दोनों का त्याग स्वयम् ही कर देगा। यदि उसे कर्म करने भी पड़ेंगे तब भी कर्म उसे अपने बन्धन में नहीं डालेंगे।

कर्म इस कुशलता से किये जायें कि कर्म कर्ता को अपने बन्धन में न डाल सकें। यदि कर्मों ने कर्ता को अपने वश में कर लिया तो यह कर्ता का कर्मकौशल न हुआ अपितु कर्मों की ही विजय हुई। इसी कर्मकौशल का नाम बुद्धियोग है। इसी बुद्धि से युक्त होकर कर्मयोगी सुकृत और दुष्कृत दोनों का त्याग कर सकता है।

बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृत दुष्कृते।
तस्माद् योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्॥[६]

एक बुद्धियोगी कर्म अकर्म और विकर्म के रहस्य को जानकर जो कर्म करता है वही कर्मयोगी का कर्म है। ऐसे कर्मों से कर्माशय नहीं बनता। जो मनुष्य अबुद्धिपूर्वक कर्म करता है अथवा फलाकांक्षा से प्रेरित होकर कर्म करता है वह कर्म अपने कर्ता को कर्माशय के जाल में बाँधकर जन्म-मरण की परम्परा को अविच्छिन्न बनाये रखता है। फलाकांक्षी कर्ता सुख तो भोग सकता है, परम पुरुषार्थ को प्राप्त नहीं कर

५. गीता ३/५
६. गीता २/५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकता, क्योंकि सुख भी तो एक बन्धन ही है। इसलिए भगवान् कह रहे हैं कि सकाम कर्म और बुद्धियोगी के कर्म में बहुत अन्तर है- **दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगाद् धनंजय।** (गीता २/४) एक बुद्धियोगी स्थितप्रज्ञ होकर जो कर्म करता है वह कर्ता होकर भी अकर्ता ही रहता है। इस प्रकार बुद्धियोग से सम्पुष्ट होकर कर्मयोग परम पद की प्राप्ति कराता है। इसी तथ्य का समर्थन भगवान् कर रहे हैं-

कर्मजं बुद्धियुक्ता ही फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्।।[७]

यह कर्मयोग कष्टसाध्य भयंकर तप के अनुष्ठान से भी श्रेष्ठ है। विशेष रूप से शारीरिक तप तो कर्मयोग में सर्वथा वर्जित है। शास्त्रों से उपार्जित तत्त्वज्ञान भी कर्मयोग के सामने नितान्त तुच्छ है। अत्यधिक द्रव्य और श्रम से किये गये दान यज्ञ तप आदि कर्म भी कर्मयोगी के लिए कोई महत्त्व नहीं रखते। इसी बात को भगवान् कह रहे हैं कि एक कर्मयोगी उन तपस्वियों तत्त्वज्ञानियों तथा कर्मकर्ताओं से भी ऊपर कहा गया है-

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद् योगी भवार्जुन।।[८]

यही कर्मयोग गीता का सार है, यही मानवजीवन का उद्देश्य है, यही परमपुरुषार्थ का परम साधन है। **तस्माद् योगी भवार्जुन** यही भगवान् का निष्कृष्ट वचन है।

---

७. गीता २.५१
८. गीता ६.४६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१५-१७) ISSN 0974 – 8830

स्वस्ति पन्थामनुचरेम

डॉ. महावीर[१]

हम प्रतिदिन प्रातः सायं इस वेद मन्त्र का उच्चारण करते हैं। सूर्य और चन्द्रमा को स्मरण करते हुए कल्याण पथ पर अग्रसर होने की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। यज्ञादि शुभ कर्मों के प्रारम्भ में स्वस्तिवाचन करते हुए प्राणिमात्र के कल्याण की कामना करते हैं। सम्पूर्ण भारतीय वाङ्मय सदा सबके कल्याण की मंगल कामना करता चला आ रहा है। अपने विचारों को सुविचारों में चिन्तन को सुचिन्तन में कर्म को सुकर्म में परिवर्तित करना ही सबसे बड़ी साधना है। **'यथा दृष्टिः तथा सृष्टिः'** जैसी हमारी दृष्टि होगी, सृष्टि भी हमें वैसी ही दिखाई देगी। अतः दृष्टि को ठीक करना अत्यन्त आवश्यक है। पूजा, अर्चना, सन्ध्या, मन्त्रपाठ, जप, त्याग, अष्टांग योग आदि का भी परम प्रयोजन यही है। नर में नारायण के दर्शन, नर सेवा नारायण सेवा का अभिप्राय यही है। संस्कृत, नाटक, महाकाव्य आदि के प्रारम्भ में मंगलाचरण का विधन भी इसी ओर संकेत करता है।

'मंगलादीनि, मंगलमध्यानि, मंगलान्तानि च काव्यानि प्रथन्ते' आदि वचनों में भी यही भाव विद्यमान है। सर्वत्र समदर्शन, शुभदर्शन, आत्मदर्शन अथवा प्रभुदर्शन सुचिन्तन की पराकाष्ठा है। भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति यो अर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः।।[२]

आत्मदृष्टि वाला साधक सर्वत्र अभिनन्दनीय होता है। जैसे 'कु' और 'सु' में धरती और आसमान का अन्तर है, वैसे ही सकारात्मक और नकारात्मक चिन्तन में भी बहुत अन्तर हमारे शास्त्र कहते हैं- **संशयात्मा विनश्यति**। रज्जु में सर्प की प्रतीति करने वाला अज्ञानावृत मानव सांसारिक बन्धनों में बन्धता है तो रज्जु को रज्जु समझने वाला अथवा **सर्वं खल्विदं ब्रह्म** की अनुभूति करने वाला ज्ञानवान् व्यक्ति सर्वविध बन्धनों से मुक्त होकर ब्रह्मानन्द को प्राप्त करता है।

भ्रान्त, संशययुत्तफ अथवा विरुद्ध ज्ञान से कभी अमृतत्व की प्राप्ति नहीं होती, अपितु त्रिविध दुःखों में सतत वृद्धि होती जाती है। दर्शनशास्त्र में प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों की अपरिहार्यता का यही रहस्य है कि हम इन प्रमाणों से पदार्थ के सत्यस्वरूप को ठीक-ठीक प्रकार से जान लें। संसार के समस्त पदार्थों के वास्तविक स्वरूप को जान लेने पर कभी कष्ट नहीं होता। संसार के प्राचीनतम ज्ञान के ग्रन्थ ऋग्वेद में तथा अन्य वैदिक संहिताओं में यत्र-तत्र-सर्वत्र **'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्।'** अर्थात् सब सुखी हों, सब निरोग रहें, सब भद्र देखें और कोई भी

---

१. आचार्य एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार
२. श्रीमद्भगवद्गीता ६/३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दु:खी न हो। यह है वैदिक चिन्तनधारा। इसीको सकारात्मक चिन्तन कहते हैं। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी आवश्यकता है। विचारकों ने चिन्ता और चिन्तन में भेद स्पष्ट करते हुए कहा है कि चिन्ता, चिता की तरह जीवन को जलाकर भस्म कर देती है। आज संपूर्ण संसार तनावग्रस्त है चिन्ता और तनाव के कारण असमय काल कवलित हो जाता है। नकारात्मक चिन्तन से नाना प्रकार के मनोरोग मानव को ग्रस लेते हैं।

सदा प्रसन्न रहने वाला, मुस्कराने वाला अथवा खुलकर अट्टहास करने वाला बुद्धिमान् व्यक्ति कभी मानसिक रोगों से पीड़ित नहीं होता। प्रतिदिन प्रातः सायं प्रभु के ध्यान में मन लगाने वाला, आत्मस्थ होकर आत्मा में ही रमण करने वाला उपासक शारीरिक और मानसिक रोगों से छुटकारा पाता है। आज की भागदौड़ की जीवन शैली में ध्यान करने का, उन्मुक्त रूप से हास-परिहास का अवसर ही प्राप्त नहीं हो पाता। परदोष दर्शन बहुतों का स्वभाव बन जाता है। ऐसे व्यक्तियों की दृष्टि गुणों की ओर आकृष्ट न होकर सदैव दोष दर्शन में लगी रहती है। इससे जो हानि होती है उसकी क्षतिपूर्ति कभी हो नहीं सकती।

संस्कृत के मनीषियों ने कहा है कि हमें प्रतिदिन अपने दोष देखने चाहियें न कि औरों के संस्कृत का कवि कहता है-

प्रत्यहं प्रत्यवेक्षेत नश्चरितमात्मनः।
किन्नु मे पशुभिस्तुत्यं किन्तु मे सत्पुरुषैरिति।।

आत्मावलोकन अथवा आत्मचिन्तन करने वाला श्रेष्ठ मानव अपने दोषों को देखता है, और एक-एक दोष को दूर करता चला जाता है। हम बाहर से कितने ही सुन्दर और अच्छी वेश-भूषा से आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी दिखाई देते हों, किन्तु जाने, अनजाने में बहुत से पशु हमारे आचरण में आ जाते हैं। इनको हटाते चले जाना, उत्तम मार्ग है। वेद का एक प्रसिद्ध मन्त्र है-

उलूकयातुं शुशुलुकयातुं जहि श्वयातुमुत कोकयातुम्।
सुपर्णयातुमुतगृध्रयातुं दृशदेव प्रमृण रक्ष इन्द्र।।

वेद में प्रार्थना की गई है-

यां मेधं देवगणाः पितरश्चोपासते।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु।।

मेध बुद्धि सकारात्मक चिन्तन की प्रेरणा देती है। **'सत्यं वद, धर्मं चर, मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्य देवो भव'** इस आचार्य-उपदेश में भी Positive aproach को ही उत्तम माना गया है। यह त्रिकाल सत्य है कि जैसे-जैसे हमारे मनोभाव होते हैं, उनका वैसा-वैसा प्रभाव हमारे आस-पास के वातावरण में होता है। सकारात्मकता से Positive energy का साम्राज्य स्थापित होता है। जबकि नकारात्मकता से Negative energy उत्पन्न होती है। जैसे किसी मन्दिर, विद्यामन्दिर, यज्ञशाला अथवा आश्रम के समीप का सात्त्विक वातावरण वहाँ आने-जाने वाले व्यक्ति को प्रसन्नता देता है, और सिनेमाघर, मदिरालय, वेश्यालय के निकट का वातावरण नकारात्मकता का अमंगल सन्देश ही देता है, इसलिये आवश्यक है कि हम अपने विषय में तथा अन्यों के सम्बन्ध में भी शुभ ही सोचें। **'पुमान् पुमांसं**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिपातु विश्वतः' **'मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन् मा स्वसारमुत स्वसा'** का यही सन्देश है। सन्ध्या के मन्त्रों में परमात्मा से एक प्रार्थना छः बार की जाती है- **'योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः'**। जो हमसे द्वेष करता है। अथवा हम जिससे द्वेष करते हैं, उसे आपकी न्यायरूपी दाढ़ में स्थापित करते हैं। अर्थात् हमें किसी से द्वेष अथवा शत्रुता नहीं रखनी चाहिये। **'अयं निजः परो वेत्ति गणना लघुचेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्'** यह मेरा, यह पराया इस प्रकार भाव तो छोटे हृदयवालों का होता है, उदार चरित्र वालों के लिये तो संपूर्ण वसुधा ही परिवार है। नकारात्मक चिन्तन करने वाले व्यक्ति सदैव आंशकित रहते हैं, वे प्रत्येक व्यक्ति को सन्देह की दृष्टि से देखते हैं। प्रिय से प्रिय जनपर भी वे विश्वास नहीं कर पाते। परिणाम-दु:ख और विनाश। इससे विपरीत सकारात्मक चिन्तन शत्रु को भी मित्र बना देता है। महर्षि पतंजलि का प्रसिद्ध सूत्र-**'अंहिसाप्रतिष्ठायां सर्व-प्राणि वैरत्यागः'** इसका प्रमाण है।

महापुरुषों के जीवन में ऐसे अनेक उदाहरण प्राप्त होते हैं कि जब उन्होंने अपने दया और प्रेम भाव का विस्तार किया तो बड़े-बड़े हिंसक प्राणी हिंसावृत्ति को त्यागकर उनके चरणों में बैठ गये।

वर्तमान समय में प्रतिदिन की जाने वाली सैकड़ों आत्महत्याएं नकारात्मक चिन्तन का परिणाम हैं।

अतः यदि हम चाहते हैं कि सभी हमसे मित्रवद् व्यवहार करें तो हम भी सबके प्रति मित्रदृष्टि अथवा भ्रातृदृष्टि धारण करें यही कल्याण और सुख का मार्ग है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१८-२१) ISSN 0974 – 8830

वैदिक साहित्य में सकारात्मक चिन्तन का स्वरूप

डॉ० जयदेव वेदालंकार[1]

सकारात्मक शब्द आंग्लभाषा के शब्द Positivity का हिन्दी अनुवाद है। इस युग में मनोविज्ञान का विकास बड़ी तेजी से हुआ है। मनोरोग से पीड़ित व्यक्ति पर औषधियों का प्रभाव धीरे-धीरे समाप्त सा हो जाता है। उन मानसिक रोगियों में शनै शनै हताशा, निराशा और जीवित रहने की अभिलाषा भी समाप्त होनी प्रारम्भ हो जाती है। मनोचिकित्सक उन मानसिक रोगियों की चिकित्सा में सकारात्मक चिन्तन के द्वारा उस निराशा, हताशा और आत्मा हत्यादि के विचार, तथा नकारात्मक सोच को समाप्त कर मानसिक रोग को दूर करने का प्रयास करता है। वह रोगी को Be positive होने के विचार को उसकी चेतना में आशा, कर्मण्यता एवं जीवित रहने के विचार को सर्वोपरि करने का सफल प्रयास करता है, धीरे-धीरे मानसिक रोगी को स्वस्थ करता है।

इस युग में 'विश्व में' तनाव अत्यधिक शीघ्रता से बढ़ता हुआ संसार में अनेक रोगों को जन्म देने का कारण बनता जा रहा है। इसलिये दर्शन के क्षेत्र में सकारात्मक शब्द का प्रयोग होने लगा है।

१. वैदिक साहित्य में सकारात्मक

चिन्तन के सूत्र एवं मन्त्र बहुत संख्या में उपलब्ध हैं। यहाँ पर सकारात्मक एवं नकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप की विवेचना वैदिक साहित्य के अनुसार स्पष्ट करने का प्रयास इस लेख में किया जा रहा है।

बच्चा उत्पन्न होते ही वेद में पूछा गया है कि **कोऽसि** तू कौन है? सकारात्मक सोच का मूल स्रोत भारतीय संस्कृति में संस्कार को माना जाता है। सम्भवत: इसलिये ही कहा गया है जन्म से बच्चा शूद्र उत्पन्न होता है,[2] संस्कार से द्विज बनता है। यहाँ पर शूद्र का अर्थ है 'अज्ञानी' जब भी बच्चा जन्म लेता है तो उसे प्रत्येक प्रकार का ज्ञान कराया जाता है। वह ज्ञानी बन जाता है। संस्कार शब्द ही सिद्ध करता है कि बच्चा जब उत्पन्न होता है तो Remotial अर्थात् उस को संस्कारों से उत्तम मनुष्य बनाने का प्रयास किया जाता है। इसलिये भारतीय संस्कृति में १६ संस्कारों का विधान किया गया है।

वैदिक संस्कृति में सकारात्मक चिन्तन का द्वितीय सूत्र है धर्म का पालन करना आईन्स्टीन से पूछा- क्या मनुष्य का कोई धर्म हो सकता है। आईन्स्टीन ने उत्तर दिया कि संसार में जितनी भी वस्तुएँ हैं उन सबका धर्म होता है इसलिए मनुष्य का धर्म भी होता है। धर्म का अर्थ पूजा पाठ नहीं हैं। इसीलिए ही वैशेषिक दर्शन में धर्म का अर्थ किया है कि जिन कर्मों के करने से अलौकिक उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति

---

१. पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (अ०प्रा०) दर्शन विभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
२. जन्मनाशूदोऽजायत! संस्काराद्द्विज उच्यते।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होती है, वे ही धर्म हैं।[३] इसी प्रकार मीमांसादर्शन में कहा हैं कि जिन कर्त्तव्य कर्मों से प्रेरणा प्राप्त होती है कि हम उच्चता को प्राप्त करें वह धर्म है।[४] मनुस्मृति में भी कहा है कि धैर्य धारण करना, क्षमा करना, इन्द्रियों का दमन करना, चोरी न करना। शुचिता रखना, इन्द्रियों का निग्र करना, बुद्धिपूर्वक कार्य करना, विद्यायुक्त होकर ज्ञानी बनना, सत्य का पालन करना, क्रोध न करना, इन उपर्युक्त गुणों को धर्म का लक्षण माना है। यहाँ यज्ञ ज्ञातव्य है कि धर्म के लक्षणों में ईश्वर को नहीं गिनाया है, इसका अभिप्राय यहाँ है कि धर्म आत्मा के उन गुणों का नाम है जो सकारात्मक विचार के द्वारा मनुष्य को वैयक्तिक रूप में सामाजिक रूप में और आध्यात्मिक रूप में विकसित करते हुए मनुष्य को उच्चतम अवस्था को प्राप्त कराते हैं, उसके साथ साथ ही समाज में सौमनस्य के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

सकारात्मक चिन्तन का तीसरा सूत्र है अधिक से अधिक लम्बी आयु को प्राप्त करना। वर्तमान युग में तनाव का साम्राज्य प्रत्येक क्षेत्र में फैलता जा रहा है इसलिए आत्महत्या का विचार जीवन में बार-बार आता रहता है। वैदिक साहित्य की दृष्टि में आत्महत्या का विचार आना नकारात्मक चिन्तन है।[५] वेदों में अधिक से अधिक लम्बी आयु को प्राप्त करने की प्रार्थना की गई हैं। वेदों में कहा गया है कि दिव्य गुणों को प्राप्त करते हुए सौ वर्ष तक देखते हुए, सौ वर्ष तक श्रवण करते हुए, सौ वर्ष तक बोलते हुए, सौ वर्ष तक दीनता रहित जीवित रहते हुए, इतना ही नहीं अपितु सौ वर्ष से अधिक आयु को प्राप्त होवें, वेद में आत्महत्या का विचार तथा आत्महत्या करना सबसे बड़ा पाप माना गया है, वेद में कहा है कि जो मनुष्य हत्या करते हैं वे ऐसे लोकों में पैदा होते हैं जहाँ पर सूर्य का प्रकाश भी नहीं पहुँचता है, घोर अन्धकार एवं अज्ञान से आच्छादित वे लोक होते हैं। ऐसे लोकों को आत्महत्या करने वाले व्यक्ति मरने के पश्चात् इन लोकों को प्राप्त होते हैं। इसलिए ही वेदों में कहा है कि शुभ कर्म करने वाले व्यक्ति दीर्घ आयु को प्राप्त करते हैं, वे व्यक्ति अपने आत्मा का विकास करते-करते अविद्या से मुक्त होकर अमृत अथवा शाश्वत सुख को प्राप्त करते हैं।

सकारात्मक चिन्तन का चतुर्थ सूत्र है शिक्षा। वैदिक साहित्य में शिक्षा को प्रदान करने वाले आचार्य के गुणों का वर्णन करते हुए कहा है कि आचार्य को मृत्यु अर्थात् उसके शिष्य में जो नकारात्मक चिन्तन है अर्थात् शिष्य में जो दुर्गुण हैं उनको मारता है इसलिए आचार्य को मृत्यु कहा है। आचार्य का दूसरा विशेषण वरुण है जिसका अभिप्राय है कि आचार्य अपने शिष्य की प्रत्येक चेष्टा का सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन करता रहता है। उसके शिष्य में कोई नकारात्मक सोच तो नहीं है।

आचार्य का तीसरा विशेषण है सोम, जो भी सद्गुण हैं, आह्लादित करने वाले गुणों को सोम कहा जाता है। आचार्य शिष्य के अन्दर समस्त मानवीय गुणों को प्रदान करता है। आचार्य का चतुर्थ विशेषण औषध है, आचार्य अपने शिष्य के अन्दर सकारात्मक विचार इस प्रकार से प्रदान करता है कि जीवन में उसके विकास के लिए वे गुण कार्य करते रहते हैं, उसका समन्वित विकास होता है। इसी प्रकार आचार्य

३. यतोऽभ्युदयनिःश्रेयस्सिद्धिः स धर्मः (वैशेषिक दर्शन)
४. चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः (मीमांसा दर्शन)
५. असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृता ताँस्ते प्रेत्यापि गच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः। (यजुर्वेद अध्याय ४०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का पाँचवा विशेषण पय: है। आचार्य अपने शिष्य में स्निग्धता के समस्त गुणों को भर देता है, ताकि उसमें कोई नकारात्मक विचारों का लेशमात्र भी न रहे, इसलिए भी आचार्य अपने शिष्य के माता पिता अन्य सम्बन्धियों को सम्बोधित करते हुए कहता है कि मैं इस बच्चे की वाणी, श्रोत्र, प्राण, समस्त कर्मेन्द्रियों को शोधन करते हुए, इसके चरित्र को पूर्णरूपेण शुद्ध करता हुआ एक उत्तम नागरिक बना कर राष्ट्र को समर्पित करूँगा। सकारात्मक चिन्तन का पांचवा सूत्र देवासुर संग्राम है प्राचीन काल में देवासुर संग्राम का वर्णन उपलब्ध है। जिसका अभिप्राय यह है कि देव का अर्थ है वे अच्छे व्यक्ति जो समाज में अपनी शक्ति के अनुसार दिव्यता प्रदान करते हैं असुर का अर्थ है वह व्यक्ति नकारात्मक सोच के द्वारा सौमनस्य का हरण करते हैं, समाज में अशान्ति फैलाते हैं, धन का हरण करते हैं प्राणों का हरण करते हैं और समाज को भयभीत करते हुए आतंकवाद फैलाते हैं, ऐसे नकारात्मक सोच वाले व्यक्तियों को असुर कहा जाता है। देव और असुर मनुष्य ही थे, सकारात्मक साच वाले व्यक्तियों को देव कहा है, जो अपना जीवन देते हैं, समाज के लिए अपना सर्वस्व प्रदान कर देते हैं, वे देव कहलाते हैं।

सकारात्मक चिन्तन का षष्ठ सूत्र है- समाज में व्याप्त दोषों को दूर करके समान विचार वाले समाज का निर्माण करना। आजकल विश्व भर में समाज में जहाँ नाना प्रकार के दोष फैलते जा रहे हैं, परस्पर वैमनस्य, एक दूसरे को नष्ट करने की भावना उत्पन्न होती जा रही है। एक जाति दूसरी जाति की दुश्मन बनती जा रही है। परिवार में भी धर्म एवं राजनीति के नाम पर एक भाई दूसरे भाई से झगड़ता है, एक दूसरे का दुश्मन हो जाता है। साम्प्रदायिक दंगे होते रहते हैं। चारों ओर अशान्ति का वातावरण बन कर, प्रत्येक समाज में हिंसा का साम्राज्य सा बन गया है।

ऋग्वेद के अन्तिम सूक्त में समाज का स्वरूप कैसा हो? इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि 'हम साथ मिलकर चलें, संगठित रहें, समाजरूप में संभाषण करें और एक मन वाले होकर दिव्यता युक्त देवगुणों के मार्ग को अपनायें, उन दिव्यगुणों से युक्त होकर एक दिव्यता से युक्त समाज को निर्मित करें। उपर्युक्त प्रकार का समाज बनाने का वेद आदेश देता है कि हमारे विचार समान हों, हमारी समितियों का संगठन सौमनस्य पूर्ण हो, एक जैसा मन हो, समान सोचने वाला मन हो। हमारे संकल्प समान हों। हमारा समाज इतना सुन्दर हो कि हम घर को स्वर्ग बना सकें।[६] सकारात्मक चिन्तन का सातवां सूत्र है, मन का शुभ संकल्प वाला होना। निरन्तर सकारात्मक सोच का विकास हो सके उसके लिये यजुर्वेद में मन की दिव्यता का वर्णन करते हुये कहा है कि **'तन्मे मन: शिव संकल्पमस्तु'**। वह मेरा मन सबका कल्याण करने का संकल्प करे। इसलिये वैदिक संन्ध्या में कहा कि जिससे हम द्वेष करते हैं, जो हमसे द्वेष करता है, उस द्वेष की भावना की समूलनाश कर देवें।

कुछ विद्वानों का कहना है कि नकारात्मक चिन्तन भी आवश्यक है। इससे मैं सहमत नहीं हूँ। नकारात्मक सोच तो अपने आप ही है उसको करने की आवश्यकता नहीं। इसलिये योगदर्शन के भाष्य में

---

६. सं गच्छध्वम् सं वदध्वम्। सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथापूर्वे संजानाना उपासते। समानोमन्त्रा समिति समानी समानं मन: सहचित्तमेषाम्। समान मन्त्रामिममन्त्रये व: समानेन हविषा जुहोमि (ऋग्वेद म.१० अन्तिम सूक्त)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहा है कि **'अनादिक्लेशवासना: विचित्रविषयजाला:।'** हमारे चित्त में अनादि काल से अविद्या के संस्कार भरे पड़े हैं। उन को नष्ट करने का उपाय योगदर्शन एवं वैदिक साहित्य में सकारात्मक चिन्तन के द्वारा बतलाया गया है। इसलिये ही वेद कहता है **मनुर्भव** अर्थात् मनुष्य बन, असुरमत बन।

वैदिक साहित्य में यह भी बतलाया है कि हमारा चिन्तन सकारात्मक चिन्तन है यह कैसे जाना जाये। इसलिये ही सामवेद में उपासना का विधान किया है। यजुर्वेद में यज्ञ करने का आदेश दिया है। मनुष्य को पञ्चमहायज्ञ के अनुशासन में बँधने को कहा। ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ और बलिवैश्वदेव यज्ञ जो पांच महायज्ञ कहे हैं, इसका अभिप्राय है कि निष्ठापूर्वक ब्रह्म की उपासना करने से पाप करने की वृत्ति नष्ट होती हैं। देवयज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है। माता-पिता के ऋण से उर्ऋण होने के लिये पितृयज्ञ करने को कहा है। अच्छे समाज के निर्माण के लिये अतिथियज्ञ का विधान है। पशु एवं पक्षियों का पालन करना बलिवैश्वदेव यज्ञ है। योगदर्शन ने स्पष्ट किया है जब हमारे चित्त में सुखी व्यक्ति को देखकर मैत्री की भावना उत्पन्न हो, दु:खी व्यक्ति को देख कर करुणा उत्पन्न हो, पुण्य करने वालों को देखकर आनन्द उत्पन्न हो और पाप करने वालों को देखकर उपेक्षा की वृत्ति उत्पन्न हो तो समझना चाहिये कि हमारा चित्त सकारात्मक चिन्तन वाला हो गया है।[७] ऐसा व्यक्ति आनन्दित चित्त वाला हो जाता है। इस प्रकार समस्त वैदिक साहित्य में सकारात्मक चिन्तन का ही वर्णन उपलब्ध है।

---

७. मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदु:खपुण्यापुण्यविषयाणां भावनाश्चित्तप्रसादनम्।(योग दर्शन) १/३३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १७ (पृ० ३३-३९) ISSN 0974 – 8830 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समकालीन भारतीय दार्शनिकों का सकारात्मक चिन्तन

कृष्णमूर्ति एवं ओशो रजनीश के विशेष संदर्भ में

डॉ. आर. के. देसवाल[१]

क्या चिन्तन भी सकारात्मक व नकारात्मक होता है? एक निष्पक्ष दृष्टिकोण इस सम्बन्ध में यह हो सकता है कि चिन्तन तो सदैव निष्पक्ष होता है, उसका सकारात्मक या नकारात्मक होना प्रत्येक व्यक्ति के स्वार्थ, दृष्टिकोण, परिस्थिति तथा मन:स्थिति पर निर्भर होता है। चिन्तन तो चिन्तन ही होता है, उसका सकारात्मक या नकारात्मक होना क्या? चिन्तन की जो प्रक्रिया व्यक्ति के चित्त में चलती है वह निष्पक्ष होती है। चित्त का तो निर्माण ही इसीलिए हुआ है कि वह चिन्तन कर सके। चित्त से बने मन, अहंकार, बुद्धि, मेधा आदि चिन्तन प्रक्रिया के भिन्न-भिन्न अंगों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। चित्त प्रकृति का प्रथम विकार है तथा यह पुरुष या आत्मा की सेवा हेतु ही है। सांख्यसूत्र में इसका विस्तार से वर्णन उपलब्ध है। इसमें चित्त को मन भी कहा गया है **–महदाख्यमाद्यं कार्यं तन्मन:।।**[२] अर्थात् प्रकृति से सर्वप्रथम महत् बना। इस कारण यह उसका प्रथम कार्य माना जाता है, यही मन है।

यहाँ पर चिन्तन कीर प्रक्रिया को समझने हेतु सर्वप्रथम प्रकृति से उत्पन्न विभिन्न तत्त्वों या प्रकृति के विकासक्रम को समझना आवश्यक है –



१. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, दर्शन-विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र-१३९११९

२. (भाष्य) गुरुदत्त, सांख्यसूत्र, ७१, पृ० ९९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पच्चीसवां तत्त्व पुरुष है जो सृष्टि-व्यापार में भाग नहीं लेता। इस तरह से कुल पच्चीस तत्त्व तथा यदि ईश्वर को भी लें कुल छब्बीस तत्त्व हो जाते हैं। महत् या बुद्धि या चित्त प्रकृति का प्रथम विकार है। सांख्य ने इसे मन भी कहा है। इस सम्बन्ध में भाष्यकारों में विवाद है। बौद्ध या महत् प्रकृतिज होने से अचेतन है, यह प्रकृति का सूक्ष्मतम तत्त्व है जो पुरुष के चैतन्य को स्वच्छ दर्पण के समान स्वयं में प्रतिबिंबित कर लेता है। इससे अचेतन बुद्धि चेतनवत् प्रतीत होती है और निर्गुण पुरुष सीमित, साकार और भोक्ता जीव के रूप में प्रतीत होता है। बुद्धि का कार्य अध्यवसाय या कार्याकार्य के विषय में विवेचन है।[3] इससे मन का कार्य संकल्प करना है। बुद्धि, अहंकार व मन ये तीनों अन्तःकरण कहे जाते हैं। चित्त या बुद्धि, मन, अहंकार, स्मृति व मेधा आदि सब मिलकर चिन्तन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हैं। दैनिक बोलचाल की भाषा में चिन्तन का अर्थ सोचना, विचारना कल्पना करना, समझना व विमर्श करना आदि समझते जाते हैं। पागलों व पशुओं को छोड़कर सभी इस प्रक्रिया में संलिप्त रहते ही हैं। जागरित अवस्था में तो यह सब चलता ही है इसके साथ स्वप्न में भी यह सब चलायमान रहता है। सामान्य रूप से चिन्तन को सोचने, समझने या विमर्श करने के रूप में लिया जा सकता है परन्तु दार्शनिक व मनोवैज्ञानिक रूप से यह पर्याप्त नहीं है। दर्शन व मनोविज्ञान काफी अधिक की मांग इस सम्बन्ध में करता है। चिन्तन करना वास्तव में एक जटिल प्रक्रिया है। इसको परिभाषित करना इतना सरल नहीं है, जितना कि ऊपर से यह दिखलाई पड़ता है। चिन्तन को सीखने, समझने, स्मरण करने व कल्पना करने से अलग करना एक कठिन कसरत के समान है। **चिन्तन की प्रक्रिया किसी न किसी समस्या से ही शुरू होती है। उसे किसी समस्या के प्रति किसी व्यक्ति की प्रतिक्रिया भी कहा जा सकता है।** एक और महत्त्वपूर्ण बात है कि **चिन्तन में बाह्य क्रियाओं द्वारा हल ज्ञात नहीं होता** अपितु आन्तरिक क्रियाओं द्वारा ही यह संभव होता है। एक पाश्चात्य अज्ञात दार्शनिक के शब्दों में, चिन्तन प्रतीकात्मक प्रकृति वाली, व्यक्ति के सम्मुख उपस्थित किसी समस्या या काम से शुरू होने वाली, **कुछ प्रयत्न और भूल शामिल** करने वाली, परन्तु व्यक्ति की समस्या तत्परता से प्रभावित और **आखिरकार समस्या के एक निष्कर्ष या सुलझाव पर** पहुंचने वाली एक प्रत्यायात्मक प्रक्रिया है। चिन्तन किसी न किसी समस्या से शुरू होता है तथा अन्त होता है किसी हल या सुलझाव पर। जब तक कोई हल या समाधान न निकल जाए व्यक्ति सतत लगा ही रहता है। समस्याएं कैसे जन्म लेती हैं - इस सम्बन्ध में कोई सर्वसामान्य नियम नहीं होता है और यह शुभ भी है। अलग-अलग परिस्थितियों में एक ही व्यक्ति भिन्न-भिन्न प्रतिक्रियाएं व्यक्त करता है, एक समान नहीं। एक शास्त्रार्थ महारथी या तर्कशास्त्री की समस्याएं एक किसान या मजदूर से भिन्न होंगी ही। इसी तरह से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, दार्शनिक, धार्मिक या नैतिक परिस्थितियों में व्यक्तियों की समस्याएं भिन्न-भिन्न होने से उनका चिन्तन भी भिन्न-भिन्न ही होगा। कुछ चिन्तन व्यावहारिक जीवन हेतु ही होता है तो अन्य कुछ कौरा सैद्धांतिक भी हो सकता है। **भारत में चिन्तन सदैव व्यावहारिक जीवन को लेकर आगे बढ़ता है,** वह हवाई नहीं होता है; जबकि पाश्चात्य दार्शनिकों के चिन्तन में हवाई कल्पनाओं का बाहुल्य होता है और व्यावहारिक जीवन से उनको कोई विशेष लेना-देना नहीं रहता।

---

३. डॉ. चंद्रधर शर्मा, भारतीय दर्शन : आलोचन और अनुशीलन, पृ० १४८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिन्तन के स्वरूप के सम्बन्ध में यदि विचार किया जाए तो कहा जा सकता है कि **यह समस्या का मानसिक समाधान है।** इसके अन्तर्गत व्यक्ति वस्तुओं को नहीं अपितु उसके प्रतीकों को महत्त्व देता है। प्रयत्न व भूल की सनातन विधि का सहारा लेकर व्यक्ति एक वस्तु के सम्बन्ध में सोचता है तथा फिर उसे दूसरी वस्तु की याद आती है और उसके विषय में सोचने लगता है। इस तरह एक-एक करके अनेक बातें चिन्तन में होती रहती हैं। चिन्तन जब तक वाणी के माध्यम से शब्दों के रूप में अभिव्यक्ति नहीं हो पाता तब तक वह आन्तरिक रूप से ही चलायमान रहता है। **चिन्तन के उपकरण कल्पना, प्रतिमाएं, सोचना, संकेत आदि भीतरी ही होते हैं।**[४] **चिन्तन को सप्रयोजन व अप्रयोजन भी कहा जा सकता है।** सप्रयोजन चिन्तन अनुसंधान व आविष्कार में से कुछ भी हो सकता है। समस्या उपस्थित होने पर चिन्तन के माध्यम से या तो किसी उपाय की खोज की जाती है या कोई नया विचार ही तलाश कर लिया जाता है। आविष्कार में विश्लेषण के साथ-साथ संश्लेषण से भी काम लिया जाता है। चिन्तन में अतीत अनुभव व भविष्य की संभावनाओं का अध्ययन करने के कारण पश्चात् दृष्टि व पूर्वदृष्टि का विशेष महत्त्व है। **चिन्तन मूर्त वस्तुओं का अमूर्त चिह्नों के माध्यम से चिन्तन करता है। चिन्तन का रूप 'तर्क' है।** यह प्रयत्न भूल की विधि से कार्य करता है। चिन्तन में गतिशील अनुसंधान के स्थान पर मानसिक अनुसंधान होने से समय की बचत रहती है। चिन्तन प्रतीकात्मक व्यवहार है। वह प्रतीकों के प्रति प्रतिक्रिया है। वह वस्तुओं में नहीं अपितु उनके प्रतीकों से संबंधित है। यदि वस्तुएं न हों तो भी चिन्तन संभव है।

कहते हैं कि समस्त प्राणियों में मनुष्य ही चिन्तन करने में समर्थ है। शायद इसका कारण उसके पास भाषा की संपत्ति का होना भी है। जो व्यवहार को ही महत्त्व देते हैं उनके अनुसार चिन्तन आन्तरिक वाणी ही है। निरीक्षणवादी दार्शनिक व मनोवैज्ञानिक यह मानते हैं कि चिन्तन में प्रतिमा का होना जरूरी है। इसके बिना चिन्तन असमर्थ है। लेकिन कभी-कभी चिन्तन प्रतिमाहीन भी होता है। इस तरह चिन्तन को मूर्त्त व अमूर्त्त दानों ही कहा जा सकता है। चिन्तन के उपकरणों के अन्तर्गत प्रत्यक्ष, प्रतिमाओं, प्रत्ययों, चिह्नों व सूत्रों की महती जरूरत होती है। **प्रत्यक्ष से चिन्तन को सामग्री मिलती है तथा वह व्यक्ति के चिन्तन को उत्तेजित करता है।** प्रतिमा भी एक प्रकार का प्रतीक है। प्रत्यक्ष की धूमिल पुनरावृत्ति होती है इसमें मनुष्य के पूर्व अनुभव प्रतिमाओं के रूप में सदैव व्यक्ति के मस्तिष्क में घूमते रहते हैं। पांचों ज्ञानेन्द्रियों के विषयों की प्रतिमाएं हो सकती हैं। उनको बाद में भी महसूस किया जा सकता है। वैसे चिन्तन की प्रक्रिया इतनी जटिल व उलझी हुई होती है कि इसके सम्बन्ध में कोई सर्वसम्मत सिद्धान्त निर्मित नहीं किया जा सकता। आज विज्ञान, मनोविज्ञान व इससे संबंधित विषयों में अनगिनत खोजें हो चुकी हैं तथा हो भी रही हैं लेकिन फिर भी आज भी यह निश्चित ज्ञान नहीं हो सकता है कि वास्तव में चिन्तन होता कैसे है? मानव का ज्ञान आज भी इस सम्बन्ध में अधूरा है। कोई भी वाद इसकी संतोषजनक व्याख्या करने में समर्थ नहीं है।

जैसा कि पूर्व में बतलाया जा चुका है चिन्तन सप्रयोजन व निष्प्रयोजन हो सकता है। इसी से इसे सकारात्मक व नकारात्मक की संज्ञा भी दी जा सकती है। लेकिन जब थोड़ा गहराई से चिन्तन करते हैं तो

४. डॉ. वात्स्यायन, प्रयोगात्मक मनोविज्ञान, पृ० २६७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मालूम होता है कि चिन्तन किसी संदर्भ में ही सप्रयोजन-निष्प्रयोजन या सकारात्मक-नकारात्मक हो सकता है। परिपूर्ण रूप से यदि हम इस समस्या को लें तो **चिन्तन मात्र चिन्तन होता है, उसका सप्रयोजन-निष्प्रयोजन या सकारात्मक** - नकारात्मक होना कोई अर्थ नहीं रखता। चिन्तन को इन दायरों या कारागारों में तभी रख सकते हैं जब हमारी कोई पूर्वधारणा, हमारा कोई पूर्वाग्रह, हमारा कोई विश्वास हमारा कोई बना-बनाया पथ हो या हम किसी बंद ढांचे में रहकर ही चिन्तन करने के आदी हो चुके हों। मूलत: चिन्तन मात्र चिन्तन होता है। अतीत या भविष्य हमें अपनी तरह आकर्षित करता है तथा हम वर्तमान में नहीं रह पाते हैं तो चिन्तन विशेषणों से युक्त हो जाता है। कृष्णमूर्ति के अनुसार यदि आपके पास स्मृति न होती तो आपके पास विचारणा होती आपकी स्मृति की ही अनुक्रिया, जो किसी विशेष अनुभव के प्रति होती है, विचारणा की प्रक्रिया को कर्म में बदल देती है। मान लीजिए, उदाहरणार्थ मैं अपने को हिन्दू कहता हूँ और मेरे पास राष्ट्रवाद की संचित स्मृतियां हैं। विगत अनुक्रियाओं, कर्मों, निष्कर्षों, परंपराओं, रीति-रिवाजों की स्मृतियों का यह स्त्रोत किसी मुसलमान, बौद्ध अथवा ईसाई की चुनौती के प्रति अनुक्रिया करता है, इस चुनौती के प्रति स्मृति की यह अनुक्रिया अनिवार्यत: विचारणा की प्रक्रिया को उत्पन्न करती है। अपने अंदर कार्यरत इस विचारधारा की प्रक्रिया को सावधानी से देखिए और आप इसकी सत्यता का साक्षात् परीक्षण कर लेंगे। स्मृति सदा अतीत की ही वस्तु होती है और वर्तमान द्वारा प्रस्तुत कोई भी चुनौती अतीत की इस स्मृति को ही जीवन प्रदान करती है। स्मृति में अपना कोई जीवन नहीं होता। जब उसका वर्तमान में किसी चुनौती से सामना होता है तो वह जीवंत हो उठती है। तो समस्त स्मृति, वह निष्क्रिय ही अथवा सक्रिय, प्रतिबद्ध होती है क्या नहीं होती?[५] इस तरह यदि हम निष्पक्ष चिन्तन करते हैं तो वह सारा का सारा ही सप्रयोजन व सकारात्मक ही होता है। लेकिन व्यवहार में सामान्य व्यक्ति तो क्या विशिष्ट महापुरुष, योगी, गुरु व बुद्ध पुरुष भी व्यावहारिक रूप से ऐसा नहीं कर सामान्यत: चिन्तन सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रकार का ही होता है।

अपरोक्षानुभूति, समाधि, परमानंद आदि में रहते हुए भी किसी सिद्ध या ऋषि को साधारण जनों के साथ सम्बन्ध बनाए रखना पड़ता है। अपरोक्षानुभूति की बातों को सामान्य जन समझेंगे भी कैसे? पूर्व के बुद्धों व सिद्धों ने भी इसीलिए सत्ता के तीन स्तर व्यवहार, प्रतिभास व परमार्थ या इसी तरह के अन्य शब्दों के माध्यम से उनको प्रकट करने का प्रयास किया है। हमें यहाँ केवल अपरोक्षानुभूति की बात नहीं करनी है, अपितु हमें व्यवहार, सामान्यजन या धरती से जुड़ी हुई बातें भी करनी हैं। इन व्यावहारिक बातों का फिर अपरोक्षानुभूति से सामंजस्य भी करना है ताकि चिन्तन के स्वरूप को भलीभाँति समझा जा सके तथा कृष्णमूर्ति व ओशो के संदर्भ में उसका अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सके।

हम चिन्तन की कितनी ही उपयोगिता बताते चलें लेकिन कृष्णमूर्ति व ओशो रजनीश दोनों ही इसकी सीमा जानते हैं तथा व्यावहारिक रूप से इसका महत्त्व कितना भी होते हुए भी समाधि दशा में, अविचार की दशा में, अपरोक्षानुभूति में, शब्दातीत दशा में या तुरीयावस्था में यह चिन्तन समाप्त हो जाता है। इन दोनों की विचारधारा भी इस सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न है। जहाँ पर कृष्णमूर्ति एकदम से चिन्तन के

---

५. कृष्णमूर्ति, प्रथम और अंतिम मुक्ति, पृ० ३५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रति सजग होकर उसको साक्षीभाव से देखने को कहते हैं वहीं पर ओशो रजनीश बहुत दशाओं में चिन्तन व विचार के व्यवहारिक पक्ष की उपयोगिता को स्वीकार करते हैं। ओशो रजनीश की पुस्तकों में जगह-जगह तर्क, विचार, चिन्तन एवं वाद-विवाद की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। इस सबको वे समकालीन भारत हेतु अत्यावश्यक मानते हैं क्योंकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दूसरों का अनुकरण या नकल करने की परिपाटी बन चुकी है। लोगों ने सोचना ही बंद कर दिया है। अनेक कृत्य वे बुद्धिहीनता एवं मूढ़ता के कर रहे हैं।[६] कृष्णमूर्ति क्योंकि हमारी सारी समस्याओं का कारण हमारी जीवनशैली को मानते हैं इसलिए वे कहते हैं कि पल-प्रतिपल होश से जीवन जीओ। विचार, चिन्तन या तर्क हमें कई नहीं ले जाएगा। इनमें हमारी समस्याएं और भी विकृत रूप धारण कर लेंगी। अत: यह जरूरी है कि विचार, चिन्तन व तर्क की प्रत्येक गतिविधि को ध्यान से देखा जाए। कभी मूर्च्छा में न हों। पूरी सजगता, पूरा होश तथा पूरा जागरण। चिन्तन की सकारात्मकता यही है कि जो भी विचार, चिन्तन व तर्क हमें स्वयं से दूर ले जाए वह सकारात्मक कैसे हो सकता है। वह जीवन का स्वीकार न होकर उसका नकार है। सकारात्मक चिन्तन जिनका भी होगा वे अवश्यमेव जीवन के प्रति विधायक दृष्टिकोण रखेंगे तथा इसी ढंग से जीवन को जीएंगे भी। एक के बाद दूसरा विचार सदैव चलायमान रहते हैं। ये कभी समाप्त न होंगे। हमारे जीवन में विचारने इतना महत्त्व प्राप्त कर लिया है कि इसकी सुरक्षा हेतु अनेक व्यक्तियों की गर्दनें काटी जा सकती हैं तथा बड़े-बड़े युद्ध हो जाते हैं। सत्ताएं छिन जाती हैं तथा राजा बदल जाते हैं। इन विचारों व पुस्तकों ने हमें इस बुरी तरह प्रभावित किया है और संस्कारबद्ध कर डाला है कि मनोवैज्ञानिक रूप से हम स्वयं ये विचार और पुस्तक हो गए हैं।[७] हर तरफ विचारों की सजावट, उनकी सुरक्षा तथा उनकी पूजा चल रही है। विचार व विचार की क्रिया में भिन्नता है। विचार सदैव अतीत का होता है जबकि क्रिया सदैव हम वर्तमान में करते हैं। हमारा जीना भी सदैव वर्तमान में ही होता है। क्योंकि हम जीने से भय खाते हैं इसलिए विचार के रूप में अतीत की पूजा करते रहते हैं। अतीत के रूप में विचार इसीलिए हमारे लिए महत्त्वपूर्ण हो गया है।[८] सकारात्मक या विधायक चिन्तन केवल यही हो सकता है कि हम उसके प्रति होश में रहें। उसे साक्षीभाव से देखें, बस देखें, अन्य कुछ न करें। व्याख्या करने की जरूरते नहीं है। ये सारी व्याख्याएँ पुस्तकीय ज्ञान की वृद्धि हेतु जरूरी हो सकती हैं, स्वयं के ज्ञान हेतु नहीं। स्वयं के ज्ञान हेतु तो ये सब बाधाएं ही हैं। कृष्णमूर्ति की दृष्टि से जो विचार, चिन्तन, तर्क आदि हमे भटकाएं या भ्रम में रखे-वह सकारात्मक कैसे हो सकता है। विचार ने ही तो हमारे परस्पर के सम्बन्धों में जहर घोल रखा है। हमारे परस्पर सभी सम्बन्धों में विचार के कारण ही द्वैत पैदा होता है। हम सबों के भीतर हिंसा मौजूद हैं, जो एक तरह का हमें सुख देती हैं, लेकिन हमारे भीतर शान्ति की भी इच्छा है, भद्र और दयालु होने की भी चाह है। यह द्वैत हमारे जीवन में हर समय चलता रहता है। इस द्वैत और विंसगति का जन्मदाता

६. इस हेतु ओशो रजनीश की पुस्तकों 'देख कबीरा रोया, 'भारत के जलते प्रश्न' एवं 'संभोग से समाधि' का अध्ययन करना आवश्यक है।

७. कृष्णमूर्ति, ज्ञात से मुक्ति, पृ० १२६

८. वही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचार है।[९]

चिन्तन में चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक विचार तो सदैव रहता ही है। विचार कभी भी तत्काल नए को नहीं देख पाता है। वह बाद में समझ पाता है, शाब्दिक रूप से अगर कोई तथ्य कतई नया हो तो वह विचार के लिए वास्तविकता नहीं है इसलिए वह विचार की समझ से कतई परे है। विचार किसी मनोवैज्ञानिक समस्या को कभी भी हल नहीं कर सकता। --- विचार स्वयं पुराना का पुराना ही रहता है, इसीलिए यह किसी भी जबरदस्त और प्रचंड प्रश्न के सामने निरुत्तर हो जाता है। पुराना मस्तिष्क भला जीने की असीम समस्या को कैसे हल कर सकता है।[१०] कृष्णमूर्ति का मानना है कि बजाय सकारात्मक या नकारात्मक चिन्तन के हमें बस ऐसे होना है कि हम बस हो। जब हम पूरे ध्यान की अवस्था में होते हैं तो वहाँ द्वैत, विचारकर्त्ता, द्रष्टा, भीतर का केन्द्र तथा 'मैं' का अन्त हो जाता है। सांसारिक जन शायद इस रूप में जीने के लिए शिक्षित ही नहीं हुए हैं। क्योंकि कृष्णमूर्ति सदैव परम सत्य, चरम निष्पत्ति की बात करते हैं तथा मंजिल व रास्ते में वे कोई अन्तर नहीं करते, अतः उनके विचार थोड़े विचित्र लग सकते हैं। ओशो रजनीश व्यावहारिक व पारंमार्थिक दोनों पक्षों की ही बात करते हैं अतः उनका चिन्तन साधारण जन हेतु शीघ्र ही स्वीकार्य व समझ में आने योग्य लगता है। इसीलिए जो कृष्णमूर्ति के शिष्यों की संख्या काफी कम है जबकि ओशो रजनीश के शिष्यों की संख्या संसार में करोड़ के आसपास है। इनका तो मानना ही यह है कि पहले सांसारिक जीवन से, विचार से, चिन्तन से व तर्क से ऊब तो लो - फिर अध्यात्म में आना। कृष्णमूर्ति प्रारंभ से ही सजगता, होश, जागरण, विवेक आदि की बातें करने लगते हैं जबकि ओशो रजनीश शुरू में विचार, चिन्तन, तर्क, वाद-विवाद व शास्त्रार्थ तथा बुद्धि को खूब महत्त्व देते हैं तथा जब इससे ऊब हो जाती है तो साधना, ध्यान, होश, जागरण, विवेक आदि की वे बातें करते हैं। पूर्वपक्ष को महत्त्व न देने के कारण ही कृष्णमूर्ति अधिक लोगों तक नहीं पहुँच सके, जबकि ओशो रजनीश पूर्वपक्ष व उत्तरपक्ष को समान महत्त्व देने के कारण संसार के बहुत से लोगों तक पहुंच सके हैं। शुरू-शुरू में तो गतिमान चंचल चित्त ही लाभकारी होती है। चित्त कहीं अधिक समय तक नहीं टिकता है, यह हमारे लिए अतीव भला व लाभकारी है। ओशो एक स्थान पर कहते हैं कि चाहिए एक ऐसा चित्त जो गतिमान हो, लेकिन विक्षिप्त न हो, पागल न हो। -- मन की चंचलता के प्रति अत्यंत विरोध का जो भाव है वह योग्य नहीं तथा न ही अनुग्रहपूर्ण है और न कृतज्ञतापूर्ण। अगर मन गतिमान न हो और चंचल न हो तो न मालूम हम मन को किस कूड़े-कर्कट पर उलझा दें और वही जीवन समाप्त हो जाए। लेकिन मन बड़ा साथी है, वह हर जगह से ऊबा देता है और आगे के लिए गतिमान कर देता है।[११] ओशो रजनीश की विचारधारा किसी बंधन को नहीं मानती। वे किसी विचार से बंधे हुए नहीं है। वे तो विचार की महत्ता इसी से मानते हैं कि इस विचार से विचार की निरर्थकता का पता लग जाए। संसार हेतु या इसकी प्रगति हेतु विचार का महत्त्व अत्यावश्यक है। परन्तु भीतरी संतुष्टि हेतु तो विचार का

---

९. वही, पृ० १२८
१०. वही, पृ० १२९
११. ओशो रजनीश, साक्षी की साधना, पृ० ७३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शान्त होना ही जरूरी है। इस विचार से निर्विचार तथा चिन्तन से मौन में छलांग लगना जरूरी है, केवल व केवल तभी ही वास्तविक शान्ति व संतुष्टि अनुभूत हो सकती है। दर्शन व फिलासॉफी में भी यही अन्तर है। ये दोनों पर्यायवाची नहीं हैं। इनके अर्थ में दिन-रात का अन्तर है। पाश्चात्य दार्शनिकों में ऐसे कम लोग हैं जो प्रस्थान बिन्दु और पहुंचने की मंजिल में भेद करते हों और उस भेद को जीते भी हों। उनका भेद तो मात्र बौद्धिक व्यायाम हैं क्योंकि ज्ञान के प्रति प्रेम का तात्पर्य है – बुद्धि के प्रति आस्था या समझदारी। परन्तु बौद्धिक समझ तो कोई समझ ही नहीं होती है। हृदय की गहराई और अनुभव की तीव्रता से ही वह ज्ञान आता है जो दर्शन के लिए अपेक्षित होता है। यही व्यक्ति को बदलता है तथा उसमें शुभ संस्कार लाता है, जिसका कि उसमें अभाव होता है।[१२]

ओशो रजनीश अपने चिन्तन में नकारात्मक लगते हुए भी उच्च कोटि के सकारात्मक है। हालांकि उनके समय के अधिकांश चिन्तको, विचारकों, दार्शनिकों, सुधारकों, लेखकों व शिक्षकों ने उनको नकारात्मक ही नहीं अपितु नास्तिक तक की उपाधि दे डाली तथा लोकतांत्रिक कहे जाने वाले विश्व के तमाम देशों ने इन्हीं नकारात्मक विचारों के कारण उनको अपने देश में प्रवेश तक की भी अनुभूति नहीं दी लेकिन यह सब तो उन देशों की नासमझी व मूढ़ता ही कही जाएगी। वे देश तथा वहाँ के राजनेता एवं वहाँ के विचारक नए का सामना करने से डरते थे। ओशो रजनीश तो गली-सड़ी, मान्यताओं, स्थापित अंध-श्रद्धाओं एवं जड़ हो चुके मस्तिष्कों को झकझोरना चाहते थे। वे ज़ड़-चेतन ब्रह्माण्ड को गतिमान, विकसित, प्रेम व करुणापूर्ण व आनंदित देखना चाहते थे। उन्होंने स्थान-स्थान पर अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अभयता, अप्रमाद, करुणा, प्रेम व आनंद का समर्थन ही नहीं किया अपितु इस हेतु अनेक विधियाँ भी सुझाई हैं। उनसे अधिक सकारात्मक चिन्तन और किसका हो सकता है? क्रोध से प्रेम व करुणा के जन्म हेतु वे बतलाते हैं कि जब कभी तुम्हें यह पता चले कि तुम्हें क्रोध आ रहा है तो इसे सतत् अभ्यास बना लो कि क्रोध में प्रवेश करने से पहले तुम पांच गहरी श्वास लो ---- और छोड़ो। क्या होगा इससे? इससे बहुतर सारी चीजें हो जाएंगी। क्रोध केवल तभी हो सकता है अगर तुम होश नहीं रखते। तो यह श्वसन एक सचेत प्रयास है। -- यह तुम्हारे मन को जागरूक कर देगा और जागरूकता के साथ क्रोध प्रवेश नहीं कर सकता।[१३] एक अन्य स्थान पर वे कहते हैं कि किसी प्रकार की बातचीत, किसी विचार-विमर्श या तर्क का महत्त्व तभी तक है कि जब वह हमारी दिशा में परिवर्तन कर दे। वे कहते हैं कि इसलिए अगर वह सारी बातचीत तुम्हें अन्तस दिशा में गति देने वाली बन जाती है तो मैं मान लूंगा कि काफी प्रमाण हो गया और अगर नहीं बनती है और सब तरफ से प्रमाणित हो जाता है कि मैंने जो कहा वह ठीक था तो भी मैं मानूंगा कि बात अप्रमाणिक हो गई।[१४]

सकारात्मक चिन्तन में 'स्व' व 'पर' का भी अपना महत्त्व है। 'स्व' से भागना नहीं है अपितु इसकी अनुभूति करनी है। 'स्व' की अनुभूति हेतु यह जरूरी है कि हम नकल करना छोड़ें, अनुकरण न

---

१२. जगदीश चंद्र मिश्र, भारतीय दर्शन, पृ० १०

१३. ओशो रजनीश, योग दर्शन (भाग १), पृ० १३९

१४. ओशो रजनीश, महावीर वाणी (भाग २), पृ० ३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करें। अपने रास्ते हमें स्वयं ही खोजने होंगे। पराए रास्तों से मात्र नकल ही हो सकती है। दूसरों का चिन्तन पराधीनता लाता है अतः वह नकारात्मक है। हम पश्चिम की नकल कर रहे हैं। करेंगे हम, क्योंकि उनके साथ खड़े होने का इसके अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। हमारी तो अपनी कोई खोज नहीं है। हमारा तो अपना कोई उद्घाटन नहीं है, अन्वेषण नहीं, हमारी तो अपनी कोई शोध नहीं, हमारे तो अपने कोई रास्ते नहीं हैं --- और ध्यान रहे एक बार बाहर के जगत् में हम नकल करना शुरू कर देते हैं तो भीतर हमारी आत्मा मरनी शुरू हो जाती है। ---- क्योंकि आत्मा कभी भी नकल नहीं बन सकती।[१५] इस तरह से ओशो रजनीश का सारा चिन्तन ऊपर से नकारात्मक लगता हुआ भी भीतर से तथा परिणाम में अति-स्वीकारात्मक या सकारात्मक है। अन्य विचारक व गुरु शील एवं नैतिकता के नियमों का जिस तरह से अर्थ लेते हैं उससे हमारा जीवन नकार व निषेध तथा विरोध से भर गया है। ओशो के चिन्तन में प्रेम करुणा, कामुकता, दया, अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अचौर्य, मैत्री, अप्रमाद, संतोष, तप, स्वाध्याय आदि का इस तरह अर्थ किया गया है कि सीधे इनके साथ कुछ नहीं हो सकता। कुछ जीवन के प्रयोग या साधनाएं करने से इनका जन्म होता है। अन्य नैतिक व्यक्ति सीधे इनका पालन करने की सीख देते हैं जो कि ओशो रजनीश के मत से सही नहीं है। जीवन में जबरदस्ती के वे विरोधी हैं। विधायकता, स्वीकारभाव व सकारात्मकता जबरदस्ती से संभव नहीं है।

कृष्णमूर्ति की दृष्टि से जीवन में - सामान्य जीवन में संघर्ष, निषेध, विरोध व नकारात्मकता अवश्य रहेगी ही। विचार व चिन्तन या तर्क में तो इनका रहना जरूरी ही है। हां, चेतना में यह सब नहीं होता। वे कहते हैं, There is no conflict in consciousness. There is only conflict when consciousness operates as thoughts in the filed where it has no legitimate place. Why should there be conflict in cosciousnness when thoughts are no operating?[१६] और हो और कृष्णमूर्ति ने तो विचारक को भी विचारों से ही उत्पन्न बतलाया है। स्वतन्त्र रूप से इस विचार या चिन्तक की कोई सत्ता नहीं है। यह विचारक या चिन्तक वास्तविक नहीं है। हमारा सोचना सकारात्मक या नकारात्मक कैसा भी हो - यह विचारक यानि चिन्तक तो बना ही रहता है, जोकि सब समस्याओं का मूल है। इसी को विदा करना है। वे कहते हैं, Thinking is an activity of the human mind arising from the retrieval or revival of what is stored in the brain in the form of traces of past experiences. We are accustomed to believe that there must be an entity called the thinker who undergoes this activity of thinking.[१७]

इस तरह जहाँ पर कृष्णमूर्ति मानसिक रूप से चिन्तन व विचार की प्रक्रिया के संबधं में सकारात्मक चिन्तन याकारात्मक चिन्तन को केवल बाधा ही मानते हैं, वहीं पर ओशो रजनीश प्रथम स्तर

---

१५. ओशो रजनीश, शिक्षा में क्रान्ति, पृ० १०२
१६. Jiddu Krishnamurti, Traditioin and Revolution, p. 212.
१७. Kalidas Joshi, Understanding J. Krishnanmurti, p. 191.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर चिन्तन व विचार की प्रक्रिया में सकारात्मक चिन्तन की भूमिका को स्वीकार करते हैं तथा अन्त में वे हर प्रकार के चिन्तन व विचार को छोड़ने की बात करते हैं। अंतिम स्तर पर दोनों में कोई भेद नहीं है। ओशो रजनीश एक-एक दम आगे बढ़ते हैं जबकि कृष्णमूर्ति पथ व मंजिल को एक ही मानकर कदम-दर-कदम आगे बढ़ने को व्यर्थ की कवायद मानते हैं। समकालीन भारतीय दर्शन के अन्तर्गत इन दोनों दार्शनिकों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इन्हें क्रांतिकारी दार्शनिक भी कहा जाता है। जड़ तक जा चुकी मान्यताओं, जिनका की कोई वैज्ञानिक आधार नहीं रह गया था, इन दोनों ने जबरदस्त खंडन किया। इस तरह की स्थापित तथा व्यर्थ हो चुकी मान्यताओं का विरोध करने में तथा दर्शन, धर्म, योग, अध्यात्म, साधना, चिन्तन आदि को वैज्ञानिक आधार प्रदान करने में जो निर्भयता इन दोनों दार्शनिकों ने दिखलाई - इसका उदाहरण आधुनिक व समकालीन दर्शन में स्वामी दयानन्द के सिवाय कहीं नहीं मिलता। इन्होंने लोगों की मूढ़ धारणाताओं का कभी भी समर्थन नहीं किया तथा न ही ये शिष्यों के पीछे चले। इन दोनों ने अपने पथ का निर्माण स्वयं ही किया - किन्हीं बने-बनाए तथों पर ये चले ही नहीं। क्या यह इनका सकारात्मक चिन्तन नहीं है? सकारात्मक चिन्तन वहीं तो होता है जो व्यर्थ हो चुके चिन्तन को छोड़कर अभिनव का स्वागत करें।

सकारात्मक व विधायक चिन्तन जैसा कि पूर्व में वर्णित हो चुका है किसी समस्या को उठाकर उसको उसके समाधान तक ले जाता है। वह वितंडावाद नहीं है अपितु वह सोद्देश्य होता है। एक समस्या को लेकर उस सम्बन्ध में विभिन्न दृष्टिकोण से विचार करके एक हल या सुलझाव तक चले जाना - शायद इसको कोई भी नकारात्मक चिन्तन नहीं कहेगा। यह सबका सब सकारात्मक चिन्तन ही है। इस प्रकार का सकारात्मक चिन्तन वितंडा, कुतर्क एवं व्यर्थ की बक-बक से सदैव दूर रहता है। कृष्णमूर्ति एवं ओशो रजनीश इस सकारात्मक चिन्तन की कसौटी पर खरे उतरते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०३१-३६) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक चिन्तन के परिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन की उपादेयता

डॉ० मनुदेव बन्धु[१]

सकारात्मक चिन्तन क्या है? सकारात्मक का विलोम नकारात्मक होता है। इसे ही Positive और Negative भी कहा जाता है। सकारात्मक का अर्थ है कल्याणकारी, मंगलकारी और समन्वयात्मक। जिस कर्म के करने से राष्ट्र का, समाज का, परिवार का और मेरा हित हो, वही सकारात्मक चिन्तन है। व्यक्ति और परिवार में परिवार के लिए कर्म करना है। परिवार और समाज में समाज के लिए कार्य करना है। समाज और राष्ट्र में राष्ट्र के लिए कर्म करना है। इसी को गीता में लोकसंग्रह तथा लोकमंगल कहा गया है। लोकमंगल चिन्तन सकारात्मक चिन्तन है। इस प्रकार सकारात्मक चिन्तन में बौद्धदर्शन की आज नितान्त आवश्यकता है। बौद्धदर्शन अहिंसा के माध्यम से संसार का कल्याण करता है।

महात्मा बुद्ध का जीवन परिचय

बौद्धदर्शन के प्रतिष्ठापक आचार्य महात्मा बुद्ध का जन्म ५०५ विक्रम पूर्व की वैशाखी पूर्णिमा को शाक्य गणाधिप शुद्धोदन की पत्नी मायादेवी के गर्भ से हुआ था। १९ वर्ष की अवस्था में उन्होंने पत्नी के प्रेममय आलिङ्गन, नवजात शिशु की मन्द मुस्कान तथा राजपाट के विशाल वैभव को लात मार कर महाभिनिष्क्रमण किया। सांख्यविद्या के उपदेशक आराडकालाम के उपदेशों को उन्होनें सुना। परन्तु उन्हें सन्तोष नहीं हुआ। अन्ततोगत्वा पचीस वर्ष की अवस्था में अपनी प्रज्ञा के प्रकर्ष से गौतम ने उरवेल में चार आर्यसत्यों की प्रत्यक्ष अनुभूति कर ४७१ विक्रमी पूर्व की वैशाखी पूर्णिमा को 'बुद्धत्व' प्राप्त किया। मृगदाव (सारनाथ) में कौण्डिन्य आदि पञ्च वर्गीय पञ्चभिक्षुओं के सामने अपना प्रथम उपदेश देकर इन्होंने धर्मचक्र का प्रवर्त्तन किया। गणराज्य के आदर्श पर बुद्ध ने भिक्षुओं के संघ की स्थापना की और मानव क्लेशों से उद्धार पाने के लिए 'विनय' तथा 'धर्म की शिक्षा जनसाधारण को 'मागधी भाषा' में दी। ४२६ विक्रमी पूर्व वैशाखी पूर्णिमा को ८० वर्ष की आयु में मल्ल गणतन्त्र की राजधानी कुशीनगर (कसमा, जिला गोरखपुर) में निर्वाण प्राप्त किया। जन्म, बोधिप्राप्ति तथा निर्वाणप्राप्ति की घटनाएँ एक ही तिथि वैशाखी पूर्णिमा के दिन घटित हुई थी। अतः बौद्ध धर्म में यह तिथि परम पवित्र मानी जाती है।

त्रिपिटक:- बुद्ध के उपदेश मागधी भाषा में मौखिक ही होते थे। अतः इन्हें विस्मृति के गर्भ से बचाने के लिए बुद्ध के निर्वाणकाल में महाकश्यप के सभापतित्व में बौद्धभिक्षुओं की प्रथम संगीति (सम्मेलन) राजगृह में सम्पन्न हुई; जिसमें बुद्ध के पट्टशिष्य आनन्द के सहयोग से सुत्तपिटक तथा नापित कुलोत्पन्न उपालि के सहयोग से विनयपिटक का संकलन किया गया। सुत्तपिटक के अन्तर्गत दार्शनिक अंश के पल्लवन से अवान्तर काल में अभिधम्म पिटक का निर्माण किया गया। बौद्धधर्म के ये ही तीन पिटक (पिटारी) सर्वस्व हैं। सुत्तपिटक में बुद्ध के उपदेश हैं। विनयपिटक में आचार सम्बन्धी ग्रन्थ हैं।

---

१. प्रोफेसर वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिधम्मपिटक में बुद्ध के दार्शनिक विचारों का संकलन किया गया है। इन पिटकों (पिटारियों) में अनेक छोटे-मोटे ग्रन्थ हैं।

आर्यसत्यः- कर्त्तव्य शास्त्र के विषय में बुद्ध ने चार आर्य सत्यों का अपनी सूक्ष्म विवेक बुद्धि से रहस्यों का उद्घाटन किया है-

१. इस संसार में जीवन दुःखों से परिपूर्ण है (दुःखम्)।

२. इन दुःखों का कारण विद्यमान है (दुःख समुदय)।

३. इन दुःखों से वास्तविक मुक्ति मिल सकती है (दुःख निरोध)।

४. इस दुःख निरोध-प्राप्ति के लिए उचित उपाय या मार्ग (दुःख निरोध गामिनी प्रतिपत्)।

सत्यों की संख्या अनन्त हैं, परन्तु अत्यधिक महत्त्व रखने से ही सत्य चतुष्टय सर्वश्रेष्ठ हैं। चन्द्रकीर्ति के कथनानुसार इन सत्यों को आर्य कहने का अभिप्राय यह है कि आर्य (विद्वज्ञन) लोग ही इन सत्यों के तह तक पहुँचते हैं, पामरजन जीते हैं, और मरते हैं तथा दुःख-जगत् का अनुभव प्रतिक्षण करने पर भी इन सत्यों तक नहीं पहुँच पाते हैं। चिकित्सा शास्त्र के आधार पर मोक्षशास्त्र को चतुर्व्यूह मानना भारत में एक मान्य सिद्धान्त है। वैद्यक शास्त्र की इस समता के कारण बुद्ध की महाभिषक् संज्ञा हैं। दुःखों के उदय के लिए केवल एक कारण नहीं है, अपितु कारणों की एक लम्बी शृंखला है। इन्हीं कारणों को द्वादश निदान कहते हैं। जरामरण, जाति, भव, उपादान, तृष्णा, वेदना, स्पर्श, षडायतन, नामरूप, विज्ञान, संस्कार और अविद्या। पूर्व के प्रति पर निर्दिष्ट कारण है। इस प्रकार समस्त दुःख पुञ्जों का आदि कारण अविद्या है। इन द्वादश निकायों के चक्र को भवचक्र कहते हैं।

प्रतीत्यसमुत्पाद

इस भवचक्र का सम्बन्ध भूत, वर्तमान और भविष्य इन तीन जन्मों से हैं। इन्हीं द्वादश निदानों का दूसरा नाम 'प्रतीत्यसमुत्पाद' है। जो बौद्ध दर्शन का मौलिक सिद्धान्त माना जाता है। इसका अर्थ है- प्रतीत्य (प्रति+इण् गतौ+ल्यप्)। किसी वस्तु की प्राप्ति होने पर समुत्पाद-अन्य वस्तु की उत्पत्ति अर्थात् सापेक्ष कारणतावाद।

'प्रतीत्यसमुत्पाद' बुद्धसम्मत कारणवाद है। इसका उपयोग मानव की स्थिति समझाने के लिए किया गया है। मनुष्य की उत्पत्ति शृंखलाबद्ध होती है। इस शृंखला के बारह अंग हैं। अविद्या, संस्कार, विज्ञान, नामरूप, षडायतन, स्पर्श, वेदना, तृष्णा, उपादान, भव, जाति, और जरामरण। ये सभी दुःख के कारण हैं।

आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग

महात्मा बुद्ध ने दुःख निरोधगामिनी प्रतिपत् अर्थात् निर्वाण मार्ग को खोज निकाला। इस प्रतिपत् को आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग भी कहते हैं। इनका संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है। (१) सम्यक् ज्ञान (आर्य सत्यों का तत्त्व ज्ञान) (२) सम्यक् संकल्प (दृढ़ निश्चय) (३) सम्यक् वचन (सत्यवचन) (४) सम्यक् कर्मान्त (हिंसा, द्रोह, दुराचरण, रहित कर्म) (५) सम्यक् आजीव (न्यायपूर्ण जीविका) (६) सम्यक् व्यायाम (बुराइयों को न होने देना तथा भलाई के वास्ते सतत उद्योग करना) (७) सम्यक् स्मृति (चित्त,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर वेदना आदि के अशुचि अनित्य रूप की उपलब्धि और लोभादि चित्त सन्ताप से अलग हटना (८) सम्यक् समाधि (रागद्वेषादि द्वन्द्व के विनाश से उत्पन्नचित्त की शुद्ध नैसर्गिक एकाग्रता)। इस अष्टाङ्गिक मार्ग के यथार्थ सेवन से प्रज्ञा का उदय होता है और निर्वाण (मुक्ति) की शीघ्र प्राप्ति हो जाती है।

त्रिरत्न

आर्य सत्यों की समीक्षा करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि बुद्ध का मार्ग उपनिषद् प्रतिपादित मार्ग से नितान्त भिन्न नहीं है। उपनिषदों का 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' सिद्धान्त बुद्ध को सर्वथा मान्य था। परन्तु शुद्ध ज्ञान की उत्पत्ति तब तक नहीं हो सकती जब तक उसके धारण करने का सामर्थ्य शरीर में नहीं होता। ज्ञानोत्पत्ति के लिए शरीर शुद्धि नितान्त आवश्यक है। महात्मा बुद्ध ने शील के द्वारा शारीरिक शोधन पर विशेष बल दिया है। बुद्धदर्शन में तीन साधन हैं- शील, समाधि और प्रज्ञा। इन्हें त्रिरत्न कहा जाता हैं।

पञ्चशील

संस्कृत के आचार्यों ने **'शीलं परमभूषणम्'** कहकर शील को मानव का आभूषण माना है। उत्तम गुण, कर्म, स्वभाव को शील कहा जाता हैं। शील से समग्र सात्त्विक कर्मों का तात्पर्य है। भिक्षु तथा गृहस्थ दोनों के कतिपय साधारणशील हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक बौद्ध का परम कर्त्तव्य है।[२] अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा नशा का सेवन न करना ये पंचशील कहे जाते हैं। इनकी व्यवस्था दोनों के लिए समान है। योग दर्शन में यम पाँच बताये गये हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इन यमों का पालन करना योगाभ्यासी के लिए नितान्त अनिवार्य हैं।[३] भिक्षुओं के लिए अपराह्ण भोजन, मालाधारण, संगीत, सुवर्णरजत तथा महार्घशय्या का त्याग।[४]

समाधि

समाधि से तीन प्रकार की विद्यायें उत्पन्न होती है:- पूर्व जन्म की स्मृति, जीव की उत्पत्ति और विनाश का ज्ञान तथा चित्त[५] के बाधक विषयों की जानकारी। सामञ्जफलसुत्त में चार प्रकार की समाधि का दृष्टान्त सहित सुन्दर वर्णन किया गया है।

प्रज्ञा

प्रज्ञा तीन प्रकार की है- श्रुतमयी (आप्त प्रमाणजन्य निश्चय), चिन्तामयी (युक्ति से उत्पन्न निश्चय) तथा भावनामयी (समाधिजन्य निश्चय)।[६] शीलसम्पन्न, श्रुतिचिन्ताप्रज्ञा से युक्त पुरुष भावना का अधिकारी होता है। प्रज्ञा के अनुष्ठान से ज्ञान दर्शन मनोमय शरीर का निर्माण, ऋद्धियाँ, दिव्य श्रोत्र, परचित ज्ञान, पूर्व जन्म स्मरण, दिव्य चक्षु की उपलब्धि होने के पश्चात् दुःख व क्षय का ज्ञान हो जाता है। चित्त

---

२. दीर्घ निकाय- पृष्ठ २४-२८
३. अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः- योगदर्शन २/३०
४. दीर्घ निकाय ३१ वां सुत्त
५. दीर्घ निकाय पृष्ठ २९
६. अभिधर्मकोश ६/५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कामास्रव (भोगने की इच्छा), भवास्रव (अज्ञानमल) से सदा के लिए मुक्त हो जाता है और साधक निर्वाण प्राप्त कर लेता है।[७] अत: बुद्ध की शिक्षाओं का सारांश शील, समाधि तथा प्रज्ञा इन तीन शब्दों के द्वारा किया जा सकता है।

बुद्ध शासन:- धम्मपद में बुद्धशासन के रहस्य को पापाकरण, पुण्यसंचय तथा चित्त परिशुद्धि इन शब्दों में अभिव्यक्त किया गया है।

सब्बपापस्य अकरणं कुसलस्य उपसम्पदा।
सचित्तपरिमोदपनं एतं बुद्धान सासनम्।।[८]

त्रिलक्षण

बौद्धमत में एक महत्त्वपूर्ण दार्शनिक सिद्धान्त है- त्रिलक्षण। इसके तीन लक्षण इस प्रकार हैं:-

क्षणिकवाद- बौद्धमत की दृष्टि में सभी वस्तुएँ स्वनिर्मित हैं और वे सभी अनित्य हैं और जो भी यहाँ नित्य या स्थायी प्रतीत होता है वह भी विपरिणामी धर्मी और विनाशशील है। अत: कोई भी वस्तु नित्य नहीं। प्रत्येक वस्तु क्षण-क्षण परिवर्त्तनशील है। महाकवि माघ ने अपने अमर ग्रन्थ 'शिशुपाल वध' में इस क्षणिकवाद से सौन्दर्यबोध कराया है- **'क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदेवरूपं रमणीयताया:'** अर्थात् जो वस्तु क्षण-क्षण में नवीनता को प्राप्त होती है वही उसकी रमणीयता (सौन्दर्य) का नवीनतम रूप है।[९]

दु:खवाद:- बौद्धदर्शन में चार आर्य सत्यों का वर्णन किया गया है। दु:ख, दु:ख समुदय, दु:ख निरोध और दु:ख निरोधगामिनी प्रतिपद्। यही दु:खवाद है। परन्तु यहाँ ध्यातव्य यह है कि बिना सुख के दु:ख का अनुभव कैसे होगा। दु:ख से सुख की और सुख से दु:ख की सत्ता है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यदि संसार में केवल दु:ख ही होता तो कोई जीने की इच्छा नहीं करता। परन्तु चींटी से हाथी तक और गरीब से अमीर तक सभी जीना चाहते हैं। इससे सिद्ध होता है कि संसार में सुख की मात्रा दु:ख की मात्रा से अधिक है।

अनात्मवाद:- महात्मा बुद्ध ने शरीर से भिन्न आत्मा और परमात्मा को स्वीकार नहीं किया है। वे इस मत को नहीं मानते कि आत्मा, नित्य, ध्रुव, अजर, अमर तथा सदा रहने वाला है। परन्तु यहाँ चिन्तनीय बिन्दु यह है कि कर्म कौन करता है और कर्म का फल कौन भोगता है। शरीर को तो हम मरने पर चिता के हवाले कर देते हैं। बुद्ध पुनर्जन्म को मानते हैं। बिना आत्मा के पुनर्जन्म कैसे सम्भव है? कर्मानुसार पुनर्जन्म में शरीर बदल जाता हैं।

निर्वाण:- निर् उपसर्ग पूर्वक वन या वान शब्द से निर्वाण शब्द सिद्ध होता है। बौद्ध धर्म में वन शब्द अत्यधिक महत्त्व का है। वन का अर्थ तृष्णा किया गया है और निर्वाण का अर्थ तृष्णा से निवृत्त होना अथवा तृष्णा का क्षय होना। निर्वाण जीवन रूपी ज्वाला का बुझना है। यह ज्वाला देहान्त के साथ बुझ

---

७. सामञ्ञफल सुत्त, दीर्घनिकाय, पृष्ठ ३०

८. धम्मपद १४/५

९. शिशुपालवधम्- महाकवि माघ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं जाती, अपितु मृत्यु के बाद फिर जन्म होता है और यह क्रम जारी रहता है। इसकी समाप्ति ज्ञान से होती है। ज्ञान चार आर्य सत्यें का साक्षात् करना है और इसके लिए अष्टाङ्गिक आर्य मार्ग पर चलना आवश्यक है। भिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए बुद्ध ने कहा था कि 'वहाँ पृथ्वी, जल, वायु, तेज, आकाश नहीं हैं, न वहाँ अनन्त चेतना है, न शून्य है, न प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लोक है। उस निर्वाण अवस्था में आवागमन, स्थिरता, चपलता नहीं है। निर्वाण में दु:खों का अन्त हो जाता है। उपनिषदों के मोक्ष से निर्वाण की तुलना की जा सकती है।

भिक्षु संघ- गौतम बुद्ध की तपस्या के दिनों में पाँच साधु उनसे अलग हो गये थे। सारनाथ में बुद्ध के प्रथम उपदेश को सुनकर पुन: वे उनके शिष्य हो गये थे। उसके बाद बुद्ध ने अन्य साधुओं को अपने संघ में शामिल करने का प्रयत्न जारी रखा। जब कोई पुरुष उनके भिक्षुमण्डल में लिया जाता था, तो उसे तीन प्रतिज्ञाएँ लेनी होती थीं- **बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि।** उनके जीवन में संघ भिक्षुओं की स्थिति एक सी थी। सबके लिए बुद्ध वचन अन्तिम प्रमाण था। बुद्ध ने संघ का नेतृत्व अपने शरीरान्त तक किया। वे तीनों प्रतिज्ञाएँ आज भी बौद्ध भिक्षुओं के लिए अनिवार्य हैं।

हीनयान-महायान- गौतम बुद्ध ने अपने जीवन में कुछ भी नहीं लिखा था। वे केवल उपदेश देते हुए भ्रमण करते रहे। उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके उपदेश तीन भागों में किये गये। पीछे इनमें परिवर्त्तन भी समय-समय पर होता रहा तथा उनके संघ में मतभेद भी उभर कर आने लगे। यह मतभेद स्वाभाविक है। पुरानी पीढ़ी और नयी पीढ़ी की विचारधारा में अन्तर स्वाभाविक है। परिणामत: बुद्ध की मृत्यु के कुछ समय बाद ही बौद्धमत की दो शाखाएँ हो गयीं। नयी शाखा ने अपने को 'महायान' नाम दिया। पुराने विचारों के लोग अपने मत को स्थिरवाद (थेरवाद-पूर्वजों का मत) कहते हैं और महायान मार्ग के लोग प्रगतिशीलता में विश्वास करते हैं। हीनयान बौद्ध धर्म का मूलरूप है और महायान बौद्ध धर्म का विकसित और परिवर्तित स्वरूप है। समय के साथ-साथ चलने में ही भलाई है।

शून्यवाद- माध्यमिक लोग न तो बाह्यार्थ को मानते हैं और न विज्ञान को ही। उनकी दृष्टि में शून्य ही परमार्थ सत्य है। यह शून्य कोई अभाववादी शब्द नहीं है। यह एक अनिर्वचनीय तत्त्व का द्योतक है। जो न सत् है, न असत् है, न सदसत् है और न इन दोनों से भिन्न है। इन चार कोटियों से भिन्न तथा विलक्षण होने के कारण यह परमार्थ 'शून्य' नाम से अभिहित किया जाता है। इस प्रकार बौद्ध दर्शन में नि:स्वभाव, अनिर्वचनीय, अलक्षण आदि शब्दों के द्वारा निरूपित शून्य ही परम तत्त्व है। इस स्थान पर पहुँचना ही बौद्ध साधना का अन्तिम फल है।

क्षणिकवाद का खण्डन- क्षणिकवाद के अङ्गीकार से विषम अवस्था की झलक जयन्त भट्ट ने 'न्यायमञ्जरी' में बड़े ही सुन्दर शब्दों में अभिव्यक्त की है। बौद्ध लोगों का चरित्र दम्भों की खान है। उनकी कथनी और करनी में कितना अन्तर दीखता है। कहते हैं कि आत्मा नहीं है, परन्तु स्वर्ग पाने के लिए चैत्य की पूजा करते हैं। संस्कार क्षणिक होते हैं, तब युग-युग में रहने वाले विहार क्यों बनाये जाते हैं? जब सब शून्य ही है तब गुरु को धन देने का आदेश क्यों दिया जाता है? इस प्रकार उपदेश में और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवहारों में महान् अन्तर उनके दम्भ को प्रदर्शित कर रहा है।[१०] आचार्य शंकर ने अपने प्रबल तर्कों से शून्यवाद का खण्डन किया है।[११] आर्यसमाज के संस्थापक ऋषि दयानन्द ने शून्यवाद का खण्डन निम्न शब्दों में किया है- **'जो सब शून्य हो तो शून्य को जानने वाला शून्य नहीं हो सकता और जो सब शून्य होवे तो शून्य को शून्य नहीं जान सके। इसलिए शून्य का ज्ञाता और ज्ञेय दो पदार्थ सिद्ध होते हैं।[१२] योगाचार बाह्य शून्यत्व मानता है तो पर्वत इसके भीतर होना चाहिए। जो कहे कि पर्वत भीतर है तो उसके हृदय में पर्वत के समान अवकाश कहाँ है? इसलिए बाहर पर्वत है और पर्वत ज्ञान आत्मा में रहता है।[१३]**

बौद्धों के सर्वं दुःखम् का खण्डन करते हुए ऋषि दयानन्द लिखते हैं- **'जो सब संसार दुःखरूप होता तो किसी जीव की प्रवृत्ति न होनी चाहिए। संसार में जीवों की प्रवृत्ति प्रत्यक्ष दिखती है। इसीलिए सब संसार दुःख रूप नहीं हो सकता किन्तु इसमें सुख-दुःख दोनों हैं।[१४] संसार में धर्म क्रिया, विद्या, सत्संगादि श्रेष्ठ व्यवहार सुखकारक हैं। इनकों कोई भी विद्वान् दुःख का लिङ्ग नहीं मान सकता; बिना बौद्धों के।[१५] मृगादि का चमड़ा, कमण्डलु, मुंड मुंडाये, वल्कल वस्त्र, पूर्वाह्ण अर्थात् नौ बजे से पूर्व भोजन, अकेला न रहे, रक्त वस्त्र का धारण; यह बौद्धों के साधुओं का वेश है।[१६]**

उपसंहार- आज समाज में सर्वत्र अशान्ति और हिंसा का साम्राज्य है। आतंकवाद अपनी चरम सीमा पर है। इस परिस्थिति में बौद्ध दर्शन के चार आर्यसत्य, पंचशील, समाधि, प्रज्ञा और **अहिंसा परमो धर्मः** आदि सिद्धान्त याद आते हैं। **सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभाग् भवेत्।** आदि सकारात्मक सिद्धान्तों से बौद्धदर्शन परिपूर्ण है। आज इसकी आवश्यकता है।

---

१०. न्यायमञ्जरी जयन्त भट्ट, भाग २, पृष्ठ १६
११. ब्रह्मसूत्र २/२/१८ शांकरभाष्य श्लोकवार्तिक- कुमारिलभट्ट
१२. सत्यार्थ प्रकाश- द्वादश समुल्लास
१३. सत्यार्थ प्रकाश- द्वादश समुल्लास
१४. सत्यार्थप्रकाश- द्वादश समुल्लास
१५. सत्यार्थप्रकाश- द्वादश समुल्लास
१६. सत्यार्थप्रकाश- द्वादश समुल्लास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०३७-४२) ISSN 0974 – 8830

वैदिक साहित्य में सकारात्मक सोच

प्रो. विक्रम कुमार विवेकी[१]

मुक्ति-प्राप्ति मानव जीवन का प्रथम व अन्तिम ध्येय है। और मानव जीवन ही मुक्ति-भवन का प्रथम सोपान है। हमारे अपने सत्कर्मों से यह सोपान हमें उपायन स्वरूप मिला है।

मानव का यह कर्त्तव्य है कि वह इस का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करे। सदुपयोग एवं दुरुपयोग दोनों सकारात्मक व नकारात्मक सोच की नींव पर टिके होते हैं। अत: वेदों व संस्कृत साहित्य में सकारात्मक सोच के विषय में नाना प्रकार के सन्देश प्राप्त होते हैं। यदि यह कहा जाये कि वेदों व शास्त्रों के समस्त दिव्य सन्देश सकारात्मक सोच के ही सन्देश हैं तो यह वास्तविकता ही है। स्वामी दयानन्द सरस्वती के द्वारा सुगुम्फित ईश्वर-स्तुति- प्रार्थनोपसना, स्वस्तिवाचन व शान्तिकरण के मन्त्रों में सकारात्मक सोचों की भरमार है। सम्पूर्ण दुर्गुण, दुर्व्यसन और दु:खो को दूर कर कल्याणकारक गुण, कर्म स्वभाव व पदार्थों की प्राप्ति की शुभेच्छा कितनी सकारात्मक सोच है:- **दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आसुव।।**[२] अच्छे धर्मयुक्त आप्त लोगों के मार्ग पर चलकर हम सम्पूर्ण प्रज्ञान प्राप्त कर उत्तम कर्म ही करें, कुटिलतायुक्त पापरूप कर्म हमसे दूर हों। ऐसी सकारात्मक सोच एक प्रभुभक्त साधक ही अपने मन में रखता है :- **अग्ने नय सुपथा रायेऽस्मान् ....युयोध्यस्मज्जुहुराणमेन......।**[३] जैसे पिता अपने पुत्र के प्रति द्रवित होकर सुज्ञान व उत्तम पदार्थों का दाता होता है। वैसे ही परमपिता परमात्मा से शोभन ज्ञानों व सर्वसुखों की प्राप्ति हमें होती रहे' ऐसे सकारात्मक विचार वेदों में ही प्राप्त होते हैं। जैसे **'स न: पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव। सचस्वा न: स्वस्तये।।'**[४] हम सूर्य और चन्द्रमा की भांति कल्याण मार्ग के पथिक बनें :- **स्वस्ति पन्थामनुचरेम सूर्याचन्द्रमसाविव।**[५]

कुछ अन्य वैदिक मन्त्रों में भी सकारात्मक उत्तम भावों की अभिव्यक्ति स्पष्टतया परिलक्षित होती है:- जैसे **'आ नो भद्रा: कृतवो यन्तु विश्वत:'**[६] चारों ओर से कल्याणकारक विचार हमारी ओर आयें। बहुधा मानव निरन्तर विविध चिन्तन, मनन व चिन्ताओं में व्यस्त रहता है। मन में यदा-कदा विचित्र खलबली, विचारों की उठापटक, हताशा, निराशा, किंकर्त्तव्यविमूढ़ता आदि की स्थितियाँ बनती रहती हैं। व्यक्ति को कर्त्तव्य अकर्त्तव्य सूझ नहीं पाता। ऐसी विचित्र स्थिति में भी वैदिक ऋचायें उसका मार्ग प्रदर्शन करती हैं। इस प्रसङ्ग में 'शान्ति-करणम् में २८ मन्त्रों का अध्ययन करके, विविध चमत्कारी व सकारात्मक

---

१. प्रोफेसर संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

२. यजु० ३०,३

३. यजु४०.१६

४. ऋग्०१-१-९

५. ऋग्०५-५१-१५

६. यजु०२५.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचारों की छाया में शान्ति-प्राप्ति की जा सकती है। जैसे **'शं नः सुकृतां सुकृतानि सन्तु'**[७] सुन्दर कर्म एवं धर्माचरण करनेवाले विद्वानों के सुकृत हमारे लिए कल्याणकारी व सुखप्रद हों उनके कर्म हमारे मार्गदर्शक बने। धनुर्धारी अर्जुन ने श्रीकृष्ण से जब कहा-यह मन नियन्त्रित नहीं हो पाता है, बहुत चञ्चल है, विचारों को मथ देता है, बलवान् है तो मैं क्या करूँ? श्रीकृष्ण ने कहा-अभ्यास और वैराग्य की रस्सी से ही मनरूपी अश्व को बांधा जा सकता है:- **'अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते'**। क्योंकि मन की अनवस्थिति में नकारात्मक विचारों की आँधी उठने लगती है। निराशा के बादल उमड़ते घुमड़ते हैं। ऐसे अनियन्त्रित मन को सकारात्मक शिवसंकल्पों में ही निमग्न रखने का आदेश वेदों में उल्लिखित है- **'सुषारथिश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव। हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।।'**[८]

मनुस्मृति में सकारात्मक सोच से सम्बन्धित अद्भुत कथन प्राप्त होते हैं। व्यक्ति अनेकधा अपने को वरिष्ठ मानकर कनिष्ठ से ईर्ष्या करता है, उसे उपेक्षणीय समझता है। परन्तु यह सोच नकारात्मक है। मनु कहते हैं-उत्तम विद्या की श्रद्धा करता हुआ पुरुष अपने से कोई व्यक्ति न्यून भी हो, उससे भी विद्या को ग्रहण करे- **'श्रद्दधानः शुभां 'विद्यामाददीतावरादपि।।'**[९] और तो और, विष से भी अमृत का ग्रहण करना चाहिये, बालक से भी उत्तम वचन को स्वीकार करना चाहिये।' **विषादप्यमृतं ग्राह्यं बालादपि सुभाषितम्।।'**[१०]

तैत्तिरीय उपनिषद् में पठित शिष्य के प्रति आचार्य के उपदेश सकारात्मक विचारों से सम्बन्धित अपूर्व सन्देश हैं-**'यान्यनवद्यानि कर्माणि। तानि त्वया सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माकं सुचरितानि। तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि। ये के चास्मच्छ्रेयांसो ब्राह्मणाः। तेषां त्वयासनेन प्रश्वसितव्यम्।'**[११]

हे शिष्य! जो अनिन्दित, पापरहित अर्थात् अन्याय अधर्माचिरण रहित तथा न्यायधर्माचरण सहित कर्म हैं, उन्हीं का ही सेवन तू किया करना, इनसे विरुद्ध अधर्माचरण कभी मत करना। तू जो यथार्थ है उस सत्य को मानना, उसे ही बोलना व आचरण करना।

आचार्य उपनयन व वेदारम्भ संस्कार के समय शिष्य को ढेर सारी शुभकामनायें व जो सन्देश व उपदेश देता है, वे सब नितान्त सकारात्मक ही हैं। वेदों, गृह्यसूत्रों व स्मृतियों के मन्त्रों एवं श्लोकों के माध्यम से शिष्य के स्वास्थ्य को संवारने, उसकी सोच को तराश कर सही दिशा की ओर मोड़ने का जो प्रयास गुरु करता है वह सब संस्कारविधि में वर्णित उन-उन विधियों में स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। कुछ सकारात्मक मन्त्र व श्लोक इस प्रकार हैं :-

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।

---

७. ऋ ७.३५.४
८. यजु० ३४.६
९. मनु०२.२३८
१०. मनु०२.२३९
११. तै०-७.११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।[१२]

बुजुर्गों एवं माता-पिताओं की सेवा करने से व्यक्ति की आयु, विद्या, यश व बल की वृद्धि होती है। समावर्तन संस्कार के ये गृह्य-मन्त्र एक नौजवान छात्र को उत्प्रेरित कर सकारात्मक सोच के साथ उसे यशोमार्ग पर कदम बढ़ाने के लिए दिव्य सन्देश देते हैं-

ओं यशसा मा द्यावापृथिवी यशसेन्द्राबृहस्पती।। यशो भगश्च मा विन्दद्यशो मा प्रतिपद्यताम्।। ओं या आहरज्ञमदग्निः श्रद्धायै मेधायै कामायेद्रियाय। ता अहं प्रतिगृह्णामि यशसा भगेन च।। ओं यद्यशोऽप्सरसामिन्द्रश्चकार विपुलं पृथु। तेन संग्रथिताः सुमनस आबध्नामि यशो मयि।[१३]

अर्थात्-द्युलोक, पृथिवी लोक तक मेरा यश फैल जाये, ऐश्वर्य से मैं परिपूर्ण हो जाऊँ, श्रद्धा और मेधा के साथ मैं आगे बढ़ता जाऊँ, ऐसी शक्ति मुझे इन्द्र, बृहस्पति, जमदग्नि आदि देवता व ऋषि लोग देवें। वैदिक ऋचा का यह सन्देश '**विश्वदानीं सुमनसः स्याम पश्येम नः सूर्यमुच्चरन्तम्।** हम हमेशा सुमनवाले बने रहें। अपने व्यक्तित्वरूप सूर्य को ऊपर उठते हुए ही देखें।' कितना सकारात्मक है। नकारात्मक का यहाँ लेश भी नहीं है। '**वयं स्याम सवितेव चारु**' सविता=परमेश्वर एवं सविता=सूर्य अथवा सविता=हमें उत्पन्न करने वाले माता-पिता व हमें तराशने व प्रेरित करने वाले आचार्य की तरह हम सुन्दर बने रहें। वेदों के अतिरिक्त ऐसी दिव्य, अनुपम सोच अन्यत्र दुर्लभ ही है।

एक गृहस्थ व्यक्ति को सकारात्मक सोच से सराबोर कर उसे देवता स्वरूप बनाये रखने के लिए भी वैदिक ऋचायें व मनुस्मृति आदि के सन्दर्भ कितने महत्त्वपूर्ण हैं? इसका दर्शन संस्कारविधि के विवाह प्रकरण एवं गृहस्थप्रकरण में कर सकते हैं। जैसे:- **ओं भूर्भुवः स्वः अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधि शिवा पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चा वीरसूर्देवृकामा स्योना भव द्विपदे शं चतुष्पदे।।**[१४] पत्नी अपतिघ्नि, अघोरचक्षु, शिवा, सुमना, सुवर्चा=सुन्दर शुभ गुण कर्म, स्वभाव वाली, वीरसूः=उत्तम वीर पुरुषों को उत्पन्न करने वाली, स्योना=सुख देने वाली ही हो, इससे उलट नकारात्मक सोच वाली न बने। '**अपैतु मृत्युरमृतं म आगात्**'[१५] मृत्यु मुझ से दूर भाग जाये, अमृतत्व मुझे मिले। ऐसी मनःकांमना गृहस्थ की होती है। गोभिल गृह्यसूत्र में गृहस्थ पति-पत्नी किस प्रकार नकारात्मक सोच को सकारात्मक सोच में परिणत कर देते हैं, इस तथ्य का वर्णन इस प्रकार है- **ओं काम वेदते नाम मदो नामासि समानयामुं सुरा ते अभवत्। परमत्र जन्मागे तपसो निर्मितोऽसि स्वाहा।।**[१६] विवाह के पश्चात् गृहस्थधर्म को निभाने के लिए गर्भाधान हेतु जब पति-पत्नी अग्रसर होते हैं तो वे दोनों इस मन्त्र के माध्यम से काम देवता को सम्बोधित करते हुए कहते हैं- हे कामदेव! हम तुझे, तेरे नाम को जानते हैं। तू मद नाम वाला है, नशीला है, मन को मथ देता है। तू सुरा

---

१२. मनु० २.२१
१३. पार० गृ० २-६-२१,२३-२४
१४. ऋ० १०.८५.४४
१५. पार० गृ० १.५.११
१६. गोभिल गृ० २-१-१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के रूप में नशीला बन जाता है, किंकर्त्तव्यविमूढ़ हमको बना डालता है। परन्तु तू **अमुं सम्-आनय**=इस मस्ती को हम में अच्छी तरह ला, सन्तानोत्पत्ति मात्र के लिए ही तू हम में आ। तू जान ले, समझ ले कि तेरे जन्म के बाद, अथवा गर्भाधान संस्कार के बाद तू तप है, तू तपस्या से निर्मित है। फिर तू पुन:-पुन: मद मत बनना, तू कामदेव ही बने रहना, कामकीट मत बनना। आज के सैक्स के वातावरण में 'कामदेव' जैसे देवता, जिसने महर्षि विश्वामित्र के मन में भी हलचल मचा दिया था, उसे चुनौती देकर नियन्त्रित कर देने की यह सकारात्मक सोच कितनी प्रासंगिक है।

जीवन में कामुक बनकर, मांसल प्रेम में आसक्त होकर विषय वासना के पंक में धंस कर, रुग्ण होने के बजाय सौ साल तक स्वस्थ बने रहने की सकारात्मक सोच वेदों में ही उपलब्ध होती है – **'पश्येम शरद: शतं जीवेम शरद: शतं शृणुयाम शरद: शतं प्रब्रवाम शरद: शतमदीना: स्याम शरद: शतं भूयश्च शरद: शतात्।।'**[१७] एक पत्नी अपने पति के आयुष्मान् होने की सकारात्मक सोच अपने मन में रखती है- **'आयुष्मानस्तु मे पति:'**[१८] पति भी इसी प्रकार की सकारात्मक सोच पत्नी के प्रति रखता है। वह कहता है-तू तो ध्रुव के समान सुस्थिर है, बृहस्पति ने तुझको मुझे दिया है, तू भी सौ वर्षों तक जी-

ओं ध्रुवमसि ध्रुवन्त्वा पश्यामि ध्रुवैधि पोष्ये मयि। महयं त्वादाद् बृहस्पतिमया पत्या प्रजावती संजीव शरद: शतम्।।[१९] **'मम चित्तमनु चित्तं ते अस्तु।'**[२०]

जैसे अनुपम कथन संस्कृत वाङ्मय से पृथक् अन्यत्र दुर्लभ ही हैं। यहाँ पति-पत्नी दोनों का ही कथन है- मेरा चित्त तेरे चित्त के अनुकूल और तेरा चित्त मेरे चित्त के अनुकूल बना रहे। हम वैमत्य भाव वाले न बनें। यह कितनी अपूर्व सकारात्मक वैदिक सोच है।

इक्कीसवीं शताब्दी के आज के भौतिक चकाचौंध व कृत्रिम आकर्षणों के वातावरण में युवक-युवतियाँ बिना सोचे-समझे मदान्ध होकर झटपट शादी कर लेते हैं और दो दिनों के पश्चात् तलाक की अर्जी हाथों में लिये कोर्ट में पहुँच जाते हैं। पारस्परिक शारीरिक छोटी-मोटी कमी को लेकर लड़ाई-झगड़े करते रहते हैं, एक-दूसरे के प्रति नकारात्मक सोच का अंकुर उनके मन में प्रस्फुटित होने लगता है। ऐसी विषम परिस्थिति में वेद मन्त्र सकारात्मक सोच का उपदेश देकर उन्हे कहते हैं-

ओं लेखासन्धिषु पक्ष्मस्वावर्त्तेषु च यानि ते।। तानि पूर्णाहुत्या सर्वाणि शमयाम्यहं स्वाहा।। ओं केशेषु यच्च पापकमीक्षिते रुदिते च यत्। ओं शीलेषु यच्च पापकं भाषिते हसिते च यत्। ओम् आरोकेषु च दन्तेषु हस्तयो: पादयोश्च यत्। ओम् ऊर्वोरुपस्थे जङ्घयो: सन्धानेषु च यानि ते। ओं यानि कानि च

---

१७. यजु०३६.२४
१८. पार०गृ०१.६.२
१९. पार०गृ० १-८.१९
२०. पार०गृ० १.८.८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घोराणि सर्वांगेषु तद्धावन्। पूर्णाहुतिभिराज्यस्य सर्वाणि तान्यशीशमं स्वाहा।।[२१]

अर्थात् पति-पत्नी पारस्परिक शारीरिक कमियों को लेकर विवाह के पश्चात् विवाद न करें। एक-दूसरे के प्रति नकारात्मक सोच को मन में प्रस्फुरित न होने देवें। अपितु परस्पर यह कह कर कि तुम्हारे शरीर के जोड़ों में, भौंहों में, नाभि के आवर्त्त में, बालों में, देखने में, रोने में, स्वभाव में, बोलने में, हंसने में, दान्तों में, हाथों में, पांवो में, उरूओं में, उपस्थेन्द्रिय में, जङ्घाओं में अन्य सभी अंगों में जो कोई भी कमी है। उन्हें मैं पूर्णाहुति की भावना से अपने मन से शान्त करता हूँ। उन कमियों को सोचकर मैं अशान्त होने की बजाय उन्हें दूर करके अब सकारात्मक सोच के साथ शान्त रहूंगा। मैं तुम्हारी और अपनी कमियों की आज पूर्णाहुति देता हूँ।

वस्तुत: ऐसी सकारात्मक साथ से ही दाम्पत्य जीवन सुखमय होता हैं और वेदों की यह भावना प्रफुल्लित रहती है- **इहैव स्तं या वियौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम्। क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे।।** (ऋग्०) **ओं यदेतद् हृदयं मम तदस्तु हृदयं तव।।**[२२]

यजुर्वेद में कहा गया है- प्रजापति परमात्मा ने नकारात्मकता के प्रति, अनृत के प्रति अश्रद्धा का तथा सत्य यानि सकारात्मकता के प्रति श्रद्धा का निर्माण किया है-

दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत् सत्यानृते प्रजापतिः।
अश्रद्धामनृतेऽदधाच्छ्रद्धां सत्ये प्रजापतिः।।[२३]

व्यक्ति हानि होने पर नेगेटिव विचारों को पालने लगता है। अत: उसे सचेत करते हुए मनु कहते हैं- गृहस्थ लोग पहले धनी होकर दरिद्र होने लगें तो अपने आत्मा का अवमान न करें कि हाय हम निर्धन हो गये, नकारात्मकता न आने देवें। अपितु मत्युपर्यन्त आजीवन सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्मी की उन्नति में पुरुषार्थ करते रहें-

नात्मानवमन्येत पूर्वाभिरसमृद्धिभिः।
आमृत्योः श्रियमन्विच्छेन्नैनां मन्येत दुर्लभाम्।।[२४]

जहाँ तक नेगेटिव थॉट्स को भगाने की बात है, इस विषय में वेद मन्त्र में कथन है- ऐ मेरे मन के पाप! अप्रशंसनीय को प्रशंसा करने वाला तू मुझ से दूर हट जा, मैं तुझे नहीं चाहता, तू दूर भाग जा, वन-जंगलों में पेड़ों की डालियों पर जाकर संचरण कर वहाँ तू मस्ती मना। अब तो मेरा मन सकारात्मक वाणी के साथ अपने घर, समाज व राष्ट्र में रमने लगा है:- **'परोऽपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शंससै**

---

२१. मन्त्र ब्राह्मण १.३.१-६
२२. मन्त्र ब्राह्मण-१-३.९
२३. यजु० १९.७७
२४. मनु०४.१३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परेऽपेहि न त्वा कामये वृक्षान् वनानि संचर। गृहेषु गोषु मे मनः।'

अशिव भावनाओं को जीवन रूपी नदी के इसी किनारे पर छोड़ते हुए शिव भावनाओं की नौकापर बैठकर जीवन-नदी के उस पार पहुँचने का अपूर्व सन्देश वैदिक ऋचाओं में ही प्राप्त होता है-

अश्मन्वती रीयते संरभध्वमुत्तिष्ठत प्रतरता सखायः।

अत्रा जहाम ये असन्नशेवाः शिवान् वयमुत्तरेमाभिवाजान्।।[२५]

अशिव अर्थात् नकारात्मक सोच को छोड़ कर शिव अर्थात् व कल्याणकारक सकारात्मक सोच के साथ हम आगे बढ़ें। यही एकमात्र वैदिक सन्देश व मानव कर्त्तव्य है।

२५. ऋग् १०.५३.८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०४३-४६) ISSN 0974 – 8830

वेदोक्त सकारात्मक चिन्तन का प्रभाव एवं प्रासंगिकता

प्रो० सोमदेव शतांशु[1]

समग्र सृष्टि परब्रह्म के सकारात्मक विचार का परिणाम है। परमात्मा के शुभ संकल्प से ही समस्त संसार का क्रम चल रहा है। मनुष्य का जीवन भी संकल्पमय है, उसका समग्र व्यक्तित्व उसके शुभाशुभ विचारों का ही परिणाम है। उपनिषद् के ऋषि का भी यही मन्तव्य है-

संकल्पमयोऽयं पुरुषः स यन्मनुते तदभिविचारयति, यदभिविचारयति तत्संकल्पयति यत्संकल्पयति तत्करोति यत्करोति तदभिसंपद्यते।

इसका भाव यही है कि मनुष्य जैसा विचारता है वैसा करता है और जैसा करता है वैसा बन जाता है। यह निर्विवाद सत्य है कि कि मनुष्य का प्रत्येक कर्म उसके विचारों से ही प्रेरित तथा प्रभावित है।

मनुष्य के मन में शुभाशुभ विचार जन्म लेते हैं। किसी शुभ उद्देश्य से उत्पन्न विचार को हम सकारात्मक चिन्तन कह सकते हैं। यह सकारात्मक चिन्तन ही व्यक्ति को असुरत्व से देवत्व की ओर प्रेरित करता है। एक सामान्य व्यक्ति को मानवता के उच्च शिखर पर समारूढ़ करा देता है, दुर्बल को सबल बनाता है तथा मनुष्य जाति का समवेत सकारात्मक चिन्तन द्वारा भूलोक को सुख शान्तिमय बना देता है। अतः वैदिक वाङ्मय तथा परवर्त्ती साहित्य में सकारात्मक चिन्तन की शतशः प्रार्थना एवं प्रशंसा की गयी है।[2] इसका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है-

समस्त विचारों के जनक मन को बन्ध और मोक्ष का कारण माना गया है-**मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।** अथर्ववेद में मनोविचारों से प्रेरित ज्ञानेन्द्रियों से जीवन को घोर अथवा शान्त तथा उदात्त बनाने का वर्णन है-**इमानि पञ्चेन्द्रियाणि मनः षष्ठानि मे हृदि ब्रह्मणा संशितानि। यैरेव ससृजे घोरं तैरेव शक्तिरस्तु नः।।** (अथर्व. १९।१८।५)

संसार में जो कुछ भी श्रेष्ठता है वह सद्ग्रन्थों एवं सत्पुरुषों के सच्चिन्तन का ही प्रभाव एवं परिणाम है। अतः निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि सकारात्मक चिन्तन की प्रासंगिकता सार्वभौम एवं शाश्वत है।

वैदिक जीवन पद्धति में मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिये जन्म से मृत्यु पर्यन्त सकारात्मक चिन्तन को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्त्व दिया गया है। वेदों में गायत्री मन्त्र को श्रेष्ठ मन्त्र माना गया है, क्योंकि गायत्री मन्त्र में बुद्धि को सन्मार्ग में, सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने की प्रार्थना की गयी है,

---

१. संस्कृत विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय हरिद्वार (उत्तराखण्ड)।

२. (क) आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः ऋवे. १०.८८.१। (ख) यजुर्वेद के शिवसंकल्प मन्त्रों में ३८.१-६ मन को शिव संकल्प युक्त करने की कामना है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारा चिन्तन सन्मार्गगामी होगा तो जीवन में श्रेष्ठता स्वतः आयेगी। अतः वेद मन्त्र स्वयं इसका स्तवन करने का निर्देश देता है।[३]

महाराज मनु दिन का प्रारम्भ ही सकारात्मक चिन्तन से करने का निर्देश देते हैं। ब्रह्ममुहूर्त में जागकर धर्म, अर्थ तथा वेदतत्त्वार्थ का चिन्तन करे, जिससे हमारा जीवन तदनुरूप निर्मित हो सके।[४]

प्रातःकाल जिन वेदमन्त्रों[५] से हम अग्नि इन्द्र, सोम, पूषा, ब्रह्मणस्पति आदि देवों की स्तुति करते हैं, उन मन्त्रों में भी यही प्रार्थना की गयी है कि हम-प्रातः मध्याह्न एवं रात्रि में-त्रिकाल में सर्वविध ऐश्वर्य सम्पन्न हों, सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त सर्वप्रकाशक देवताओं की सुमति में सद्विचारों में अपना जीवन व्यतीत करें-

उतेदानीं भगवन्तः स्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्।
उतोदिता मघवन्त सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्याम।।[६]

जीवन में भगत्व प्राप्ति का यही मार्ग है।

सन्ध्या के मन्त्रों में भी सम्यक् ध्यान-चिन्तन को महत्त्व दिया गया है। आचमन[७] मन्त्र से दिव्य सुख-शान्ति की प्रार्थना करते हैं, इन्द्रियस्पर्श मन्त्रों से इन्द्रियों की नीरोगता एवं बलयुक्तता का तथा मार्जन मन्त्रों से अपने शिरः आदि अङ्गों में पवित्रीकरण की भावना करते हैं।[८] उपस्थान मन्त्र में अज्ञान तमस् से ऊपर उठकर सुखस्वरूप उत्तमज्योति परमात्मा को प्राप्त करने का ध्यान करते हैं।[९] इसी सन्ध्योपसना में शत एवं शताधिक वर्ष तक स्वस्थ, सबल एवं अदीन होकर जीने की प्रार्थना करते हैं।[१०] यही सुविचार व्यक्ति को शतायु बनाने में सहायक होते हैं।

नित्यानुष्ठेय देवयज्ञ, संगतिकरण, देवपूजा एवं दानभावों का जनक है। यज्ञ प्रकृति की समस्त दिव्य शक्तिओं को प्रदान कर त्यागपूर्वक भोग की शिक्षा देता है। जो सर्वविध सुख-शान्ति का कारण है।

पितृयज्ञ **मातृदेवो भव पितृदेवो भव आचार्यदेवो भव** के विचारों को प्रसारित कर सामाजिक सामंजस्य को संस्थापित करता है। अतिथि यज्ञ **वसुधैव कुटुम्बकम्** की भावना को सुदृढ कर सम्पूर्ण मानव जाति को एक सूत्र में पिरोता है। भूतयज्ञ प्राणिमात्र में आत्मदर्शन करा कर मनुष्य को एक लघुपरिधि से

---

३. स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानामायुः प्राणं प्रजां .....। अथर्ववेद १९.७१.१
४. ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत्। कायक्लेशांश्च तन्मूलान् वेदतत्त्वार्थमेव च॥९२॥ मनुस्मृति ४.९२
५. ऋग्वेद- १.४१.१-५.
६. ऋग्वेद ८.४१.४
७. शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोरभि स्रवन्तु नः॥१२॥ यजु० ३६.१२
८. ओ३म् वाक् वाक.... ओ३म् भूः पुनातु शिरसि इत्यादि सन्ध्यामन्त्र पंचमहायज्ञविधिः-
९. ओ३म् उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्। यजु० ३५.१४
१०. ओ३म् तच्चक्षुर्देवहितं.... पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतम् ....भूयश्च शरदः-शतात्। यजु० ३६.३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठाकर विश्वव्यापी विराट् विष्णु के सान्निध्य में पहुँचाता है। सर्वत्र आत्मदर्शी याज्ञिक[११] पुरुष के मोह एवं शोक नष्ट हो जाते हैं।

इस प्रकार पंचमहायज्ञ के सद्‌विचार जीवन को सभी क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं तथा व्यक्ति को निष्पाप[१२] कर अमृतत्व की प्राप्ति कराते हैं।[१३]

वैदिक जीवन पद्धति में स्नान,[१४] वस्त्रधारण, भोजन, शयनादि कर्म[१५] करते समय भी मन्त्रोच्चारण का विनियोग किया जाता है, सभी मन्त्रों में सद्भावनाओं एवं शुभकामनाओं का ही समावेश है। इन सकारात्मक चिन्तनों के साथ किया गया कार्य शुभपरिणाम वाला हो जाता है। यह सद्विचारपूर्वक कर्मानुष्ठान **यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी** इस सिद्धान्त को पुष्ट करता है।

मनुष्य जीवन में उत्कृष्ट गुणों के आधान के लिये किये जाने वाले वेदोक्त सोलह संस्कारो में जहाँ अनेक सत्कर्मों का विधान है, साथ ही सद्‌विचारों एवं प्रार्थनाओं का समावेश है, जो जीवन को श्रेष्ठ बनाने में सहायक हैं। उदाहरणतः- जातकर्म संस्कार में नवजात शिशु के कान में **ओ३म् वेदोऽसि. ओ३म् अमृतो३सि** (हे शिशु-तुम वेदस्वरूप-ज्ञानस्वरूप हो, तुम अमृत हो) यह कहा जाता है। यह विचार उसके समग्र जीवन को प्रभावित करता है।[१६] आज यह वैज्ञानिक प्रयोगों से सिद्ध हो चुका है कि-गर्भावस्था में माँ जो कुछ भी सोचती है, विचार करती है, उसका शिशु के मन, मस्तिष्क एवं शरीर पर भी प्रभाव पड़ता है। सद्‌विचारों का सकारात्मक प्रभाव एवं क्रोध, हिंसा, चिन्ता आदि नकारात्मक भावनाओं का शरीर पर प्रभाव का वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन हो चुका है, और यह सिद्ध हो चुका है कि सद्विचार हमारे जीवन को विभिन्न रूप से प्रभावित करते हैं। सकारात्मक चिन्तन वाञ्छित हार्मोन्स, ग्रन्थिस्राव आदि स्रवित कर शरीर को स्वस्थ रखते हैं।[१७] अपरतः दुश्चिन्ता, तनाव आदि शरीर में घातक रोगों को जन्म देते हैं।[१८]

पारिवारिक एवं सामाजिक सौहार्द के लिये अग्रलिखित मन्त्रों के भाव अमृत तुल्य नवजीवन संचार करने वाले हैं:-

अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः।

---

११. यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोकऽएकत्वमनुपश्यतः॥७॥ यजु. ४०.७
१२. (क) यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्व किल्विषैः। गीता३.१३ (ख) नौ र्हवा स्वर्ग्या एषा यदग्निहोत्रम्. (शतपथ ब्राह्मण २.३.३.१५)
१३. ओ३म् यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः। यजु०११.५१ इत्यादि।
१४. अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्रप्र दातारं तारिषऽऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे॥८३॥ यजु०११.८३
१५. यज्जाग्रतो दूरम्..........तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु इत्यादि- यजुः ३४.१-६
१६. विस्तृत ज्ञान के लिये- संस्कार चन्द्रिका आदि पुस्तक द्रष्टव्य है।
१७. द्रष्टव्य विज्ञान की कसौटी में योग (स्वामी रामदेव।)
१८. द्रष्टव्य- तदेव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शान्ति वाम्।।[१९]

समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि।।[२०]

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।

समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।।[२१]

उक्त साम्मनस्य के भाव सर्वत्र सामाजिक सौहार्द स्थापित कर सकते हैं। वेदों को यह कथन-समस्त राजनैतिक क्लेशों को दूर करने वाला है- 'मेरा आत्मा दुःखियों के कष्ट को दूर करने वाला है, मेरा वक्ष समस्त कष्टों को सहन करने वाला हो राष्ट्र मेरी पसलियाँ हैं, प्रजाएँ मेरे उदर कन्धे हैं।'[२२] इन भावनाओं युक्त राजा राष्ट्र या प्रजा का किसी प्रकार अहित नहीं कर सकता, सर्वदा अपने शरीररूपी राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहेगा।

इस प्रकार वेदप्रतिपादित सकारात्मक चिन्तन मानव जीवन को समग्र रूप से प्रमाणित कर उसे सम्पूर्णता प्रदान करने में समर्थ हैं।

---

१९. ाथर्व. ३.३०.२

२०. अथर्व. ३.३०.६

२१. ऋग्वेद १०.१९१.४

२२ (क) आत्मा क्षत्रमुरो मम. यजु. २०.७ (ख). पृष्टिर्मे राष्ट्रमुदरमसौ ग्रीवाश्वः- वही.२०.२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तन के वैदिक आयाम

डॉ० दिनेशचन्द्र शास्त्री[१]

मानव का जीवन सकारात्मक और नकारात्मक इन दो प्रकार के दृष्टिकोणों से प्रभावित है। नकारात्मक चिन्तन जहाँ पतन की ओर लेकर जाता है, वहीं सकारात्मक चिन्तन मनुष्य को उन्नति के उच्चतम सोपानों की ओर लेकर जाता है। ये सोपान आध्यात्मिकता के साथ सम्बन्ध रखते हैं। अन्ततोगत्वा जिनकी परिणति **त्यक्तेन भुञ्जीथाः**[२] में होती है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा प्रोक्त यम और नियम सकारात्मक चिन्तन को विकसित करते हैं।

मानव की सुख प्राप्त करने की जो प्रवृत्ति है, वह नैसर्गिक है, जो कि दो प्रकार की देखी गयी है- १. क्रूर और अक्रूर। इन दोनों में उचित-अनुचित को देखा जाता है। उचित (क्रूरता रहित) मार्ग मानवता की ओर लेकर जाता है, उसकी प्राप्ति कराने वाला मार्ग सकारात्मक है। चाहे वह राष्ट्रिय जीवन, सामाजिक जीवन, वैयक्तिक जीवन, विद्यार्थी जीवन, व्यापारी जीवन, सेवक जीवन, राजनेता जीवन, शिक्षक जीवन आदि किसी भी प्रकार का जीवन हो, चाहे वह व्यक्तिगत हो या समष्टिगत=जीवन सकारात्मक जीवन से सराबोर रहता है। हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि यह मार्ग सात्त्विक प्रवृत्त्यधीन है, जिसका वैराग्य (विलगाव) में पर्यवसान होता है।

केवलाघो भवति केवलादी[३], **शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर**[४], **मधुमन्मे निक्रमणं मधुमन्मे परायणम्**[५], अपनी रोटी मिल बांटकर खाओ ताकि कोई भूखा न रहे[६]-आदि वेदवचन सकारात्मक प्रवृत्ति को बढ़ाने वाले हैं। औपनिषद् वचन **असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय**[७] यह सुन्दर प्रार्थना उक्त चिन्तन के लिये है। सकारात्मक चिन्तन के लिये वैदिकदृष्टि में शारीरिक, आत्मिक और मानसिक शक्तियों का सम-विकास होना अत्यावश्यक है। वेद के अनुसार समविकास के सिद्धान्त को निम्न वेद मन्त्रों से भली-भांति समझा जा सकता है-

संवर्चसा पयसा सं तनूभिरगन्महि मनसा संशिवेन।
त्वष्टा सुदत्रो विदधातु रायोऽनुमार्ष्टु तन्वो यद् विलिष्टम्॥ यजु०२.२४

---

१. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, वेदविभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२ ईशोपनिषद् मन्त्र १, यजुर्वेद ४०.१
३ ऋग्०१०.११७.६
४ अथर्व०३.२४.५
५ अथर्व०१.३४.३; मधुमन्मे परायणं मधुमत् पुनरायनम्-ऋग्०१०.२४.६
६ आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा प्रोक्त
७ बृहदारण्यकोपनिषद् १.३.२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनसे चेतसे धिय आकूतय उत चित्तये।

मत्यै श्रुताय चक्षसे विधेम हविषा वयम्।। अथर्व०६.४१.१

इन मन्त्रों में **तनूभिः, मनसा, मनसे** आदि पदों के द्वारा शारीरिक, मानसिक और मन के साथ बुद्धि चित्तादि की शक्तियों के विकास के विषय में वर्णन मिलता है कि मनुष्यों को अपनी सम्पूर्ण शक्तियों को समान रूप से विकसित करने का प्रयत्न करना चाहिये जिससे सकारात्मक चिन्तन की तरफ मनुष्य बढ़ सके। सकारात्मक चिन्तन के वैदिक आयामों में मुख्य हैं-१. आशावाद, २ स्वावलम्बन की भावना, ३. कर्मण्यता, ४. यशस्वी होने की भावना, ५. आन्तरिक और बाह्य पवित्रता, ६. आत्म-संयम, ७. परोपकार (यज्ञ) की भावना, ८. आत्मिक ज्योति प्राप्त कर आन्तरिक अन्धकार को दूर करना।

ऋग्वेद १०.६३.४ मन्त्र[८] में **नृचक्षसः, अनिमिषन्तः, ज्योतीरथाः, अनागसः**-आदि पदों द्वारा देवों की प्रकृतिवाला मनुष्य को होना चाहिये। तभी सकारात्मक चिन्तन उद्‌बुध होता है। उक्त मन्त्र द्वारा मनुष्यों के व्यवहार का अच्छी प्रकार निरीक्षण करने वाला, लोकहित में कभी प्रमाद न करने वाला, आत्मिक-प्रकाश (आन्तरिक ज्योति) को प्राप्त करने वाला (ज्योतीरथाः), पापरहित सदा धर्ममार्ग में चलने वाला, मनुष्य को होना चाहिये-ये बातें सकारात्मक चिन्तन में महत्त्वपूर्ण कारक तत्त्व हैं।

श्रीमद्‌भगवद्‌गीता के १६वें अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण ने निर्भयता, चित्तशुद्धि, दान, दम, यज्ञ, अहिंसा, सत्य, अक्रोध आदि को देवों की प्रकृति (दैवी-सम्पद्) का आवश्यक अंग माना है। दैवी प्रकृतिवाला मनुष्य ही सकारात्मकभाव रखता है। योगदर्शन में भगवान् पतञ्जलि द्वारा वर्णित यम और नियम सकारात्मक भाव की आधारभूमि कहे जा सकते हैं। उक्त भगवद्‌गीतोक्त दैवी प्रकृति वाले गुण इनमें समाहित हैं। यमों का परिगणन करते हुए भगवान् पतञ्जलि लिखते हैं- **तत्राहिंसासत्याऽस्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः**[९] अर्थात् अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्यपालन और आवश्यकता से अधिक का संग्रह न करना[१०]-ये यम कहलाते हैं। नियमों में शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान का ग्रहण होता है। यह बताते हुए पतञ्जलि ने लिखा है- **शौचसन्तोषतपस्वाध्यायेश्वप्रणिधानानि नियमाः**[११]। सकारात्मकभाव के लिये आवश्यक है कि सभी एक-दूसरे के साथ अत्यन्त प्रेम से व्यवहार करें-**प्रियं सर्वस्य पश्यतः** (अथर्व०१९.६२.१)। सकारात्मक चिन्तन के लिये यह भी आवश्यक है कि मनुष्य समानता के सिद्धान्त को स्वीकार करे-**ते अज्येष्ठा अकनिष्ठास उद्‌भिदोऽमध्यमासो महसा वि वावृधुः** (ऋग्०५.५९.६)।

---

८ ऋ०१०.६३.४ ओं नृचक्षसो अनिमिषन्तो अर्हणा बृहद् देवासो अमृतत्त्वमानशुः। ज्योतीरथाः अहिमाया अनागसो दिवो वर्ष्माणं वसते स्वस्तये।।

९ योगदर्शन २.३०

१० यावद् भ्रियेत जठरं तावत् स्वत्वं हि देहिनाम्-भा०पु०

११ योगदर्शन २.३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तन बढ़ाने वाली वेदोक्त अन्य बातें इस प्रकार हैं-१. परमेश्वर के आगे और किसी को देवता न मानना, २. हिंसा न करना, ३. व्यभिचार न करना, ४. चोरी न करना, ५. माता-पिता का सत्कार करना, ६. अपने पड़ोसी का घर, स्त्री, नौकर-चाकर, पशु अथवा अन्य कोई भी चीज लेने की इच्छा न करना, ७. प्रत्येक को अपनी उन्नति में सन्तुष्ट न रहना किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझना।

भगवान् बुद्ध ने भी अपनी शिष्यों को जो दस बुरी बातें छोड़ने का उपदेश किया था, वे भी सकारात्मक चिन्तन को बढ़ाने वाली हैं, जो कि इस प्रकार है[१२]-१. किसी को न मारो पर-जीवन के लिये आदर रखो, २. चोरी न करो, न लूटो, किन्तु प्रत्येक को अपने परिश्रम के फल का स्वामी बनने में सहायता दो, ३. अपवित्रता से दूर रहकर पवित्र जीवन व्यतीत करो, ४. असत्य न बोलो, किन्तु सत्यवादी बनो। निर्भयता और प्रेमपूर्ण हृदय से विवेकपूर्वक सत्य बोलो, ५. दूसरों के दोष न देखते फिरो और न अपने साथियों के विषय में झूठी बातें घड़ते रहो, ६. शपथ न खाओ किन्तु प्रभाव जनक रूप से उत्तम बात बोलो, ७. व्यर्थ बातचीत में समय न गंवाओ किन्तु उपयोगी बात बोलो अन्यथा चुप रहो, ८. लोभ और ईर्ष्या न करो किन्तु दूसरों के उत्तम भाग्य पर खुशी मनाओ, ९. अपने हृदय को दुष्टभावों से और घृणा से सर्वथा दूर रखो। शत्रुओं से भी घृणा न करो किन्तु सब प्राणियों पर दया करो, १०. अपने मन को अज्ञान से मुक्त करो और आवश्यक विषयों में सत्य जानने को उत्सुक रहो ताकि तुम सन्देह या अशुद्धि का शिकार न बनो।

भगवान् बुद्ध ने सकारात्मक सोच के लिये आन्तरिक शुद्धि के भाव को प्रधानता दी है। उन्होंने कहा है कि नग्नचर्या, उपवास, जटा इत्यादि उस पुरुष को शुद्ध नहीं कर सकते जिसने तृष्णा का परित्याग नहीं किया, इसके विपरीत जो पुरुष ब्रह्मचर्य का पालन करता हुआ शान्त, दान्त सब भूतों पर दया दृष्टि रखता हुआ, वस्त्रादि से सुशोभित होकर भी विचरण करता है, वही ब्राह्मण, श्रमण और भिक्षु है। वेद के अन्दर-**भद्रं नो अपि वातय मनो दक्षमुत क्रतुम्**[१३], **तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु**[१४], **अगन्महि मनसा सं शिवेन मागन्महि मनसा दैव्येन**[१५]' इत्यादि मन्त्रों द्वारा साफ शब्दों में मन की पवित्रता पर ही अधिक जो दिया गया है।

मानवीय जीवन के उद्देश्य और लक्ष्य पर विचार करते हुए, एक व्यक्ति के अपने, अपने समान, अपने से हीन और उच्चस्थिति के लोगों के प्रति क्या कर्त्तव्य हैं-उन सब पर विचार करते हुए जब अपने को ढाला जाता है, तो व्यक्ति सकारात्मक सोच की प्रतिमूर्त्ति बनता है। विश्व के प्राचीनतम वैदिक साहित्य

---

१२ वैदिक कर्त्तव्यशास्त्र, पं०धर्मदेव विद्यावाचस्पति, प्रकाशन मन्दिर, गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी, संवत् २००९, पृ०१६८-१६९

१३ ऋग्०१०.२५.१

१४ यजु०३४.१-६

१५ अथर्व०६.५३.३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में सकारात्मक चिन्तन के आधारभूत मूल सिद्धान्तों का निर्देश प्राप्त होता है, जो कि मेरी दृष्टि में इस प्रकार हो सकते हैं-१. परमेश्वर सब प्राणियों का एक ही पिता है, कोई दूसरा नहीं-इस सिद्धान्त के प्रतिपादक वेद में अनेक प्रमाण मिलते हैं। यथा-**स नो बन्धुर्जनिता स विधाता** (यजु०३२.१०), **यो न: पिता जनिता यो विधाता** (ऋग्०१०.८२.३), **स न: पितेव सूनवे** (ऋग्०१.१.९)। अत: हम सबको परस्पर भ्रातृभाव और मित्रता की दृष्टि धारण करनी चाहिये। अपने स्वार्थ की सिद्धि करने के लिये प्राणियों की हिंसा करना अनुचित है। द्वेषभाव को दूर करके प्रेम भाव की वृद्धि करनी चाहिये। २. सकारात्मक चिन्तन के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि परमेश्वर की सर्वव्यापकता और सर्वज्ञता को स्वीकार किया जाये। वेदों के अनेक मन्त्रों में इस बात का कई प्रकार से वर्णन किया गया है। परमेश्वर की अध्यक्षता में सार्वभौम अटल नियम कार्य कर रहे हैं। इनके पालन करने से ही मनुष्य मात्र का कल्याण हो सकता है। मनुष्यमात्र ही नहीं अपितु प्राणिमात्र के प्रति भी हित दृष्टि रखना सकारात्मक चिन्तन का महत्त्वपूर्ण पहलू है। ३. सकारात्मक चिन्तन के लिये आवश्यक है कि वह सब प्राणियों में आत्मौपम्य दृष्टि को धारण करते हुए व्यवहार करे। आत्मा के अन्दर काम-क्रोधादि शत्रुओं को वश में करने की पूर्ण शक्ति विद्यमान है; उसको ईश्वरभक्ति, आत्मविश्वास आदि द्वारा विकसित करते हुए ही पवित्र जीवन बनाना चाहिये। यह पवित्रता ही उक्त सकारात्मकता के लिये अनिवार्य है। ४. कर्म का नियम संसार में कार्य कर रहा है। कर्म करते हुए ही वेद के अनुसार व्यक्ति को अपनी पूर्ण आयु भोगनी चाहिये-**कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:** (यजु०४०.२)। किये हुए कर्म के फल से कोई अपने को बचा नहीं सकता। परमेश्वर कर्मफलदाता है। प्रार्थना आदि का उद्देश्य भावी पाप से अपने को मुक्त करना है। भावी पाप से अपने को मुक्त रखने का भाव ही सकारात्मकता की सीढ़ी पर चढ़ने के समान है। ५. **असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय**-व्यक्ति को सदा अन्धकार से प्रकाश, मृत्यु से अमृत और पाप से पुण्य मार्ग की ओर आने का यत्न करना चाहिये। यह यत्न ही इन्सान को सकारात्मकता के सोपान पर आरूढ़ करता है। ६. सकारात्मक-चिन्तक को यह विचारना चाहिये कि व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में लगभग एक ही अटल व्यापक नियम कार्य कर रहे हैं। व्यक्ति और समाज का अटूट सम्बन्ध समझते हुए व्यक्ति को अपनी शक्तियाँ समाज की सेवा में लगा देनी चाहियें। अत एव स्वामी दयानन्द ने कहा है कि **प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट न रहना चाहिये किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।**[१६] शिक्षा की सबसे महत्त्वपूर्ण और अन्तिम समस्या मानवों को सामाजिकता से आगे अपने व्यक्तिगत धरातल को समझ लेने की है, जिसमें वे सामाजिक जीवन के अतिरिक्त व्यक्तिगत जीवन का साक्षात् करते हुए स्वाधीनता पूर्वक जीवन व्यतीत करना सीख सकें। सकारात्मक चिन्तन व्यक्ति के इस उदात्त स्वरूप को तो हृदयंगम करा ही देता है, वह इससे एक पग और आगे रखता है। वह व्यक्ति को समाज से पृथक् करके नहीं देखता। उसके अनुसार व्यक्ति का जो स्वरूप बाहर समाज के अन्तर्गत दिखायी देता है, वह अन्तरात्मा निरपेक्ष नहीं है। उसका उद्भव आन्तरिक स्वाधीनता में हुआ है। वेद **यदन्तरं तद् बाह्यं, यद् बाह्यं तदन्तरम्**-(अथर्व०२.३०.४)

१६ आर्यसमाज का दसवां नियम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिद्धान्त का समर्थक है। इसलिये सकारात्मक चिन्तन में विचार, उच्चार और आचार अर्थात् आन्तरिक और बाह्यरूप, व्यक्तिगत और सामाजिक रूप एक है। ७. बाह्य और आन्तरिक स्वाधीनता अथवा स्वराज्य को प्राप्त करने से ही सुख प्राप्त हो सकता है। सकारात्मक-चिन्तन प्राप्त करने के इच्छुक लोगों को यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिये। स्वतन्त्रता में ही आनन्द है तथा परतन्त्रता में दु:ख है। अत: स्वतन्त्रता का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का तथा समाज का मुख्य धर्म है। मनुष्य दो संसारों के बीच सन्तुलित है-एक है उच्चतर संसार (Higher world) और दूसरा है निम्नतर संसार (Lower world)। यदि वह अपने से निम्नतर संसार, पार्थिवता की ओर झुकता है, तो उसकी स्वाधीनता पराधीनता में परिणत होती है। यह पराधीनता ऐसी है, जिसका अन्त विनाश में होता है। इस पराधीनताजन्य विनाश से बचने का एक ही उपाय है कि जीव अपने से उच्चतर संसार आध्यात्मिकता में अपने को समर्पित कर दे। एक ओर उसका विनाश है, दूसरी और त्राण। जीवन की वास्तविक स्वाधीनता इस प्रकार के सकारात्मक भाव रखने से ही प्राप्त हो सकती है। ८. सकारात्मकभाव में कर्त्तव्यपालन की अनिवार्यता है। यह कर्त्तव्यपालन पवित्र अन्त:करण की साक्षी से हो सकता है। सदाचार आदि भी उसमें सहायक है। ९. सत्य, यश और श्री-इन तीनों को उत्कृष्ट समझते हुए, सत्यरक्षा के लिये सर्वस्व तक अर्पण करने को उद्यत रहना सकारात्मकता के लिये अत्यन्तावश्यक है। यदि व्यक्ति सकारात्मक सोच को अपनाना चाहता है तो उसके लिये आवश्यक है कि वह परमात्मा को सदा अपना रक्षक समझे। १०. दुर्गुण, मद्यपान, ईर्ष्या, क्रोध, निद्रा और आलस्य, अनावश्यक बोलना, कुटिलता, विषय-भोगों के प्रति लगाव-आदि का परित्याग सकारात्मक चिन्तन रखने वालों के लिये आवश्यक और महनीय है।

सकारात्मक चिन्तन से अनेक लाभ हैं। सकारात्मकता से सांमनस्यता, सहृदयता और एकत्व या तादात्म्यता का विकास मानवीय जीवन में होता है। ऋग्वेद के अन्तिम सूक्त[१७] में सांमनस्य या संगठन का महत्त्वपूर्ण उपदेश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि हम साथ मिलकर चले, संगठित रूप से कोई बात कहें, हमारे मन सांमनस्य से युक्त हों। हमारी मन्त्रणाएं, स्वभाव, समितियां एक विचारवाली हों। हमारे मन और चित्त समान हों। हम समान विचार से समष्टिगत निर्णय लें। हमारे हृदय, मन और हमारे विचार सह-अस्तित्व की भावना से ओतप्रोत हों। अथर्ववेद में भी इस विषय पर बहुत विचार किया गया है। अथर्ववेद का कथन है कि हम परस्पर इसी प्रकार का प्रेम व्यवहार करें, जैसे गाय बछड़े से। अथर्ववेद में अन्यत्र कहा गया है कि हम संगठन के द्वारा सब को एक नेतृत्व वाला बनाते हैं। हम अपने और पराये सबको मिलाकर एकत्व की भावना पैदा करें। हम शारीरिक रूप से ही एकता न करें अपितु मन और कर्म भी परस्पर मिले हुए हों। सभी जानते हैं कि यह सब बिना सकारात्मक सोच के नहीं हो सकता। अत: सकारात्मक चिन्तन या दृष्टिकोण मानव जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

विश्व कल्याण व विश्व शान्ति सकारात्मक सोच पर ही टिकी हुई है। इससे ही माधुर्य या मधुरता जन्म लेती है। यजुर्वेद का कथन है कि जनजीवन में यदि मधुरता है, स्नेह है, प्रेम है और पारस्परिक

---

१७ ऋग्वेदसंहिता १०.१९१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संवेदना और सहानुभूति है तो प्रत्येक अवस्था में सुख और शान्ति है। प्रकृति सर्वत्र मधुरता फैलाती हैं। नदियाँ, वृक्ष-वनस्पति, रात्रि और दिन, वायु और पृथ्वी तथा द्युलोक, सूर्य, चन्द्र आदि सदा संसार को मधुरता प्रदान कर रहे हैं। उनसे शिक्षा लेते हुए हमें भी जीवन में मधुरता का प्रसार करना चाहि ो और सकारात्मक चिन्तन को बढ़ावा देना चाहिये।

यजुर्वेद के ३४वें अध्याय के प्रारम्भिक छह मन्त्रों को शिवसंकल्पसूक्त कहते हैं। ये छह मन्त्र सर्वथा मनोवैज्ञानिक हैं। इनमें मन के गुणों पर विचार किया गया है और कहा गया है कि **तन्मे मन: शिवसंकल्पमस्तु** हमारा मन सदा शुभ विचारोंवाला हो। इसका अभिप्राय यह है कि हम शुभ विचारों को सदा अपने अन्दर आने दें और दुर्विचारों को सदा बाहर निकालें। संकल्प क्या है? कल्प का अर्थ है-विचार, संकल्प का अर्थ है-अच्छे विचार, अच्छी भावनायें। कुविचार या अनिश्चित विचारों को विकल्प कहते हैं। यह कल्प ही कल्पवृक्ष बनता है। कल्पवृक्ष का अभिप्राय है-जो अपनी इच्छाओं को तुरन्त पूरा करे। इसी आधार पर कामधेनु की कल्पना की गयी है। कामधेनु का अर्थ है कि जिससे जब चाहें अपनी इच्छानुसार दूध प्राप्त करें। ये कल्पवृक्ष और कामधेनु कोई दिव्य वस्तु नहीं हैं, अपितु मन के ही विविध रूप हैं। मन ही जब दृढ़ विचार के साथ किसी कार्य को करता है, तब उसका संकल्प सिद्ध होता है और वह अपनी अभीष्ट वस्तु को प्राप्त कर लेता है। यही है मन का संकल्प या कल्पवृक्ष का होना। मन ही कामधेनु है। वह मनुष्य की कामनाओं को पूर्ण करता है। अत एव इन मन्त्रों में मन के शिवसंकल्प होने की प्रार्थना की गयी है। सकारात्मक सोच वाला बनने के लिये मन का शिवसंकल्प होना नितान्त आवश्यक है।

जहाँ सकारात्मकता के लिये मन का शिवसंकल्प होना जरुरी है, शुभ विचारों का होना भी आवश्यक है। ऋग्वेद और यजुर्वेद में एक बहुत सुन्दर मन्त्र आया है-**आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत:** (ऋग्०१.८९.१; यजु०२५.१४) कि हमें शुभ विचार सब ओर से प्राप्त हों। विचार मनुष्य के निर्माता हैं। मनुष्य के जैसे विचार होंगे, वह वैसा ही बनता जायेगा। सद्विचारों से सज्जन और दुर्विचारों से दुर्जन। अत एव मन्त्र में प्रार्थना की गयी है कि सद्विचार सब ओर से आवें। सद्विचार, सुभाषित, सूक्ति आदि का संकलन करना, निरन्तर उनका पाठ करना मनुष्य के जीवन में आश्चर्यजनक परिष्कार लाता है। निरन्तर सुभाषित या सूक्ति के पढ़ने से सद्विचारों का हृदय में प्रवेश होता है और वह दुर्गुणों को छोड़कर सद्गुणों की ओर प्रवृत्त होता है। इससे उसका जीवन निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर होता है। सकारात्मक चिन्तन के लिये इन सद्विचारों का जीवन में होना परमावश्यक है। जैसे विचार होते हैं, वाणी भी वैसा ही बोलती है। इसीलिये शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है-**यन्मनसा मनुते तद्वाचा वदति, यद्वाचा वदति तत्कर्मणा करोति-**(शत०ब्रा०)। अथर्व०१२.१.५८ में कहा है कि हम जो कुछ बोलें, मधुर बोलें, प्रिय बोलें और दूसरों को प्रेम की दृष्टि से देखें। इसका अभिप्राय यह है कि कटु या अप्रिय भाषण से विवाद उत्पन्न होते हैं, जिनसे सकारात्मक सोच को क्षति पहुंचती है। अत: सकारात्मक चिन्तन की रक्षा के लिये मधुरभाषी होना अपेक्षित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परमात्मा ने मनुष्य को जो सुख-सुविधायें प्रदान की हैं, वह उनसे प्रसन्न रहे। सुख मिले या दुःख, मनुष्य सदा प्रसन्नचित्त रहे। वह सुख में अधिक प्रसन्न न हो और न दुःख में दुःखित। सुख और दुःख को समान रूप से लेना प्रसन्नचित्तता और सकारात्मकता का आधार है। इसीलिये कहा गया है वि **ईश्वरेच्छा बलीयसी** अर्थात् परमात्मा की इच्छा सबसे अधिक बलवान् है। ईश्वर मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार सुख और दुःख देता है, यह कर्मफल का सिद्धान्त है। ईश्वर न किसी को सुख पहुंचाता है, न दुःख। यह मनुष्य के अपने कर्मों का फल है कि वह सुखी और दुःखी होता है। कर्मफल का सिद्धान्त सारे संसार पर लागू होता है। अच्छे कर्मों का फल अच्छा और बुरे कर्मों का फल बुरा होता है। मनुष्य ज्ञान या अज्ञान से जो भी कर्म करता है, उसका फल मिलना अनिवार्य है। मनुष्य का कोई भी कर्म ईश्वरीय दृष्टि से ओझल नहीं है। अथर्ववेद (१८.३.२९, ४.१६.४) में विस्तृत रूप से वर्णन है कि संसार में ईश्वर या वरुण के दूत सब जगह फैले हुए हैं, वह प्रत्येक मनुष्य के प्रत्येक कार्य को देखते रहते हैं। एक मन्त्र में विचित्र बात लिखी गयी है कि वरुण के सुपर कम्प्यूटर (Super-computer)में मनुष्य के निमेष (पलक झपकना) तक का हिसाब अंकित है। इसका अभिप्राय यह है कि मनुष्य जो भी अच्छा या बुरा करता है, उसकी प्रत्येक घटना का पूरा हिसाब परमात्मा के यहाँ नोट है और उसी के हिसाब से मनुष्य के कर्मफल का निर्धारण होता है। कुछ कर्मों का फल तुरन्त मिलता है और कुछ का विलम्ब से। अतः प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है कि वह बहुत सावधानी से कर्मों को करे, क्योंकि कर्मफल को कोई बदल नहीं सकता। सकारात्मक चिन्तन के लिये उक्त सिद्धान्त महत्त्वपूर्ण है।

जिनको अन्दर की ज्योति प्राप्त हो जाती है अर्थात् जिस मनुष्य के हृदय में श्रद्धा, प्रेम और सहानुभूति है उसको यह संसार सुख और शान्ति से युक्त होता है और वे ही जीवन में सुखी रहते हैं। श्रद्धा, प्रेम और सहानुभूति-ये सकारात्मक चिन्तन को बढ़ाते हैं (अथर्व०१८.३.६६, १२.३.७)।

स्टीफन आर० कॉवि की सन् १९८९ में अमेरिका से "The Seven Habits of Highly Effective People" पुस्तक प्रकाशित हुई। उसमें सकारात्मक सुखपूर्वक जीने की सात अच्छी आदतों का वर्णन किया गया है। जिनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं। मेरी दृष्टि में ये कुछ बातें मनुष्य की नकारात्मक सोच को बदलती हैं और जीवन को सकारात्मक पहलू की ओर लेकर जाती हैं। ये इस प्रकार हैं-

(क) Think win-win=अकेले का नहीं किन्तु एक-दूसरे के लाभ की सोचो। किसी एक की सफलता, किसी दूसरे की हानि से नहीं होनी चाहिये।

(ख) Seek first to understand=दूसरे को समझने का प्रयत्न करो।

(ग) Synergy=सबको साथ लेकर विचारों का आदान-प्रदान करना, उसके परिणामस्वरूप जो कुछ उत्तम उपलब्ध हो उसे निष्पक्ष रूप से, तटस्थ होकर पूर्वाग्रह रहित होकर स्वीकार करना चाहिये।

(घ) Sharpen the saw=जीवन के निम्न चार अंगों को नित्य पोषण दो-१. शारीरिक-युक्ताहार, व्यायाम, पूरा विश्राम। २. मानसिक-पढ़ना, लिखना, विचार करना। ३.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
सामाजिक (संवेदनशील)-दूसरों के लिये खटना, सामने वाले व्यक्ति के अनुकूल होना, परदोष को न देखना, स्नेह करना। ४. आध्यात्मिकता-शास्त्र पठन, ध्यान, प्रार्थना।

उक्त अच्छी आदतों से सकारात्मक सुखपूर्वक जीवन जीने से व्यक्ति और समाज का शारीरिक और आध्यात्मिक आरोग्य ठीक रहता है और वैयक्तिक और आन्तर-वैयक्तिक सम्बन्धों के प्रश्नों का सहज ही समाधान हो जाता है और उसके फलस्वरूप शान्ति प्राप्त होती है।

सकारात्मक सोच रखने का यह लाभ होता है कि यदि कोई किसी मनुष्य के प्रति सद्भाव रखता है, जो कि सकारात्मकता का प्रभाव है, तो उस मनुष्य की कभी कोई हानि नहीं कर सकता। प्रेम और शुभेच्छा अन्दर के शत्रुओं का नाश करते हैं और बाहर भी शत्रु नहीं रहते। क्योंकि ऐसे मनुष्य जैसे अन्दर होते हैं, वैसे ही बाहर होते हैं (यदन्तरं तद् बाह्यं, यद् बाह्यं तदन्तरम्-अथर्व०)।

जब हम सकारात्मक सोचते हैं तो हमारे मस्तिष्क से सकारात्मक रसायन निकलते हैं। वे सकारात्मक रसायन शरीर के हर अवयव तक जाते हैं, जिससे हर अवयव अच्छे प्रकार से कार्य करता है। मान लीजिये, दुर्घटना में मेरे एक हाथ की दो अंगुलियाँ कट गयी हैं तो मैं कहूंगा कि मेरे हाथ की दो अंगुलियाँ कट गयी हैं; लेकिन मैं यह सोचूंगा कि दो अंगुलियां कट गयी तो क्या हुआ? शेष तीन अंगुलियाँ तो बच गयी। एक हाथ कट गया, दूसरा तो शेष है। दोनों हाथ कट गये, दोनों पैर तो बच गये। दोनों हाथ एक पैर कट गया, तो दूसरा पैर तो बचा। यदि दोनों हाथ एवं दोनों पैर कट गये तो मैं तो बच गया। इस प्रकार, हर परिस्थिति में सकारात्मक सोचना चाहिये। हमारे मन का कार्य है-सोचना। हर समय वह सोचता रहता है। भिन्न-भिन्न प्रकार की सोच चलती रहती है। एक मिनट में अलग-अलग प्रकार के विचार आते हैं। यदि आपके विचार एक मिनट में १९ से ३० तक की गति के हैं तो ये हैं उदासी, निराशा (Sad) के। यदि आपके विचार ३१ से लेकर ७५ तक की गति के हैं, तो ये विचार हैं विकारी (Bad) अर्थात् ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, नुकसान करने वाले लोभ, मोह, अहंकार वाले। यदि आपके विचार एक मिनट में ७५ से ज्यादा हैं तो ऐसे विचार करने वाले को अलग जगह रखते हैं, ये विचार पागल (Mad) के हैं। इसलिये कहते हैं, Sad, Bad, Mad lead to CAD अर्थात् कोरोनरी आर्टरी डिसीज यानि हृदयरोग। ऐसा विचार करने वाले को हृदयघात होने की सम्भावना बहुत है। इसलिये हमें विचार एक मिनट में १ से १८ तक की गति के ही रखने हैं। और ये विचार भी सकारात्मक होने चाहियें। इसके विपरीत जब हम नकारात्मक सोचते हैं तब दिमाग से नकारात्मक रसायन निकलते हैं, जो शरीर के सारे अवयवों तक जाते हैं, जिस कारण वे अवयव अच्छा कार्य नहीं करते। जब ये रसायन फेफड़ों में और श्वसन संस्थान में जाते हैं तो सांस की बीमारी होती है। हमें गैस, एसिडिटी, सिरदर्द की तकलीफ होती है। जब ये रसायन पैनक्रियाज पर जाते हैं, तो डाईबिटिज होती है। इस प्रकार शरीर के बीमार होने का प्रमुख कारण नकारात्मक सोच ही है। अतः हम कह सकते हैं कि नकारात्मक सोच का शरीर पर बहुत दुष्प्रभाव होता है। ऐसा डॉ० बाबू लाल अग्रवाल अपने एक निबन्ध में स्पष्ट किया है।

अथर्ववेद के अनुसार नकारात्मक सोच रखने से अनेक शारीरिक रोगों का जन्म होता है। जहाँ व्यक्ति को ज्वर रहने लगता है वहीं मानसिक रोगों में प्रधान रोग **उन्माद** और **निद्राक्षय** ये रोग भी हो जाते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। अथर्ववेद १.२५.३-**यदि शोको यदि वाभिशोको यदि वा राज्ञो वरुणस्यासि पुत्रः। हूडुर्नामासि हरितस्य देवः स नः संविद्वान् परिवृङ्ग्धि तक्मन्॥** मन्त्रानुसार शोक, मोह, ईर्ष्या, क्रोध आदि नकारात्मक पाप रूप मानसिक दोष ज्वर के कारण हैं। निरन्तर शोक, मोह, ईर्ष्या आदि के पुनः आवर्तन से यक्ष्मा आदि रोग होते हैं। ये सभी रोग सकारात्मक चिन्तन के न होने का परिणाम हैं। अथर्ववेद ६.११.३-**देवैनसादुन्मदितुमुन्मत्तं रक्षस्परि। कृणोमि विद्वान् भेषजं यथानुन्मदितो सति॥**-मन्त्र में उन्माद रोग के कारण सकारात्मक चिन्तन के न होने को बतलाया गया है। सकारात्मक चिन्तन के न होने के कारणों में मुख्य हैं-१. सुयोग्य विद्वानों, साधुसज्जनों का असंग, २. सत्संग त्याग, ३. अपमान, अपकार, निन्दा करना, ४. सात्त्विक वृत्तियों का दुरुपयोग, भोग विलासों में अतिवर्तन करना, ५. दुर्गुणों और पापियों का संग, ६. प्रशंसा और अधीनता में पड़ जाना, ७. विषय-वासनाओं में अत्यन्त फंसे रहना, ८. मिथ्या शोक, चिन्ता, लोभ, मोह, क्रोध, ईर्ष्या, भय आदि को मन में पुनः पुनः स्थान देना।[१८]

---

१८ -काम एषः क्रोध एषः रजोगुणसमुद्भवः-गीता ३.७७ -ईर्ष्या और मान मिलकर असूया; असूया और लोभ से मत्सर और ईर्ष्या और काम से मिलकर क्रोध-तीनों की माँ एक है, लेकिन पिता अलग है।

-मत्सरोऽन्यशुभद्वेषोऽस्त्यस्येति-हलायुधकोश

-मत्समीपं सरतु इदं वस्तु-मत्सरः

-कामात् क्रोधोऽभिजायते-गीता २.६२

-अज्ञानप्रभवो मन्युरहम्मानोपबृंहितः-भाग०पुरा०८.१९.१३

-क्षमा हि परमं बलम्-महा०उद्यो०पर्व ३३.४७-४८

- लोभो धनव्ययभीरुत्वम्, सत्यप्युत्तरोत्तरलाभे पिपासाख्या अतृप्तिः तृष्णा-महा०५.४३.१६

-सन्तोषाद् अनुत्तमः सुखलाभः-पातं०यो०सूत्र ४२

-सन्तोषमूलं हि सुखं, दुखमूलं विपर्ययः-मनु०४.१२

-नात्यक्त्वा सुखमाप्नोति-महा०शा०पर्व १७६.२२

-नास्ति मानसमो व्याधिर्नास्ति मोहसमो रिपुः।
नास्ति क्रोधसमो वह्निः नास्ति ज्ञानात् परं सुखम्॥ चाणक्यनीति

-स्त्रीषु जातो मनुष्याणां स्त्रीणां च पुरुषेषु वा।
परस्परकृतः स्नेहः काम इत्यभिधीयते॥ शार्ङ्गधरस्मृतिः १.६

-आत्मछिद्रं न पश्यति परछिद्रमेव पश्यति बालिशः-चाणक्यनीति ३.३३

-अयोगे केशधारणम् असंकल्पव्रतक्रिया।
अब्रह्मचर्ये चर्या च त्रयं स्यात् दम्भसंज्ञकम्॥ मत्स्यपुराण-१७५.४२

-परगुण असहिष्णुत्वं मत्सरः (अज्ञात)

-दूसरों को सुखी देखकर जो दुखी होता है, उसे ईर्ष्यावान् कहते हैं (अध्यात्म आरोग्य भाग-१, पृ०१५६, अक्षरधाम प्रकाशन, दिल्ली)

-ईर्ष्या मूक है, निन्दा वाचाल है। इसीलिये ईर्ष्या की तुलना में निन्दा शीघ्र पहचानी जाती है। निन्दक मनुष्य में ईर्ष्या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन में जब सात्त्विकता अर्थात् सकारात्मक चिन्तन न रहा, राजसिक और तामसिक भावों की प्रबलता हुई तो वह निकृष्ट स्थिति में हो जाता है, उसे विश्राम और शान्ति का अवसर नहीं मिलता। इन दुष्प्रवृत्तियों में वह अपने मन की शक्तियों का व्यय करता रहता है। पुन: मन के स्रोतों तथा सूक्ष्म तन्तुओं के निरन्तर विपरीत कम्पित होते रहने से मस्तिष्क में क्षोभ, तन्तु-विच्छेद, शैथिल्य और जड़ता आ जाने से मनुष्य उन्मादी बन जाता है। उक्त मन्त्रानुसार यह उन्माद दो प्रकार का होता है, जिसे देवोन्माद और राक्षसोन्माद के नाम से कह सकते हैं। देवोन्मादी प्राय: शान्त रहता है और राक्षसोन्मादी बकवाद और बड़-बड़ करता है।

सकारात्मक चिन्तन के अभाव में निद्राक्षय भी हो जाता है। नकारात्मक चिन्तक का मन अपवित्र तथा निर्बल हो जाता है, जिससे मन में स्वप्न आते हैं। कभी-कभी चोरों, सांपों, सिंह आदि जंगली जन्तुओं से भय होना और उनका सामना पड़ना, उनसे सताया जाना, मारा जाना एवं कभी अग्नि में जलने, जल में डूबने और वृक्ष, मकान, पर्वत आदि से गिर कर चोट आ जाने तथा अपने को रोगी हो जाने, मर जाने आदि के प्रतिकूल अनभीष्ट स्वप्न आते हैं।

उपर्युक्त रोग नकारात्मक सोच के परिणाम हैं, जिनका समाधान कतिपय विद्वानों ने[१९] वेदमन्त्रों के आधार पर Suggetion=आदेश के अन्तर्गत किया है। मेरी दृष्टि में यह Suggetion=आदेश सकारात्मक दृष्टिकोण ही है। जो कि पोजीटिव एनर्जी के रूप में कहा जा सकता है। अथर्ववेद ६.१११.२ में वर्णित अग्नि से यह पाजीटिव एनर्जी उत्पन्न होती है, जो कि नकारात्मक चिन्तन को खत्म करती है। यह अग्नि अग्निहोत्र के नाम से विख्यात है। यह अग्निहोत्र देवयज्ञ के नाम से पञ्चमहायज्ञों में परिगणित है, जिसका मनु महाराज ने मनुस्मृति में जरामर्यसत्र के रूप में उल्लेख किया है। अथर्ववेद में स्पष्ट वर्णन है कि यदि रोगी उन्मादी हो गया है तो अग्नि उन्माद रोग को शान्त कर दे-

अग्निष्टे निशमयतु यदि ते मन उद्युतम्।
कृणोमि विद्वान् भेषजं यथानुन्मदितोससि।।६.१११.२।।

अनुवर्तन करती है। दोनों का बल एक होते ही हृदय की आग और भड़कती है, जो विद्वेष में परिवर्तित होती है। (वही पृ०१५८)

-परोत्कर्ष-असहिष्णुता ईर्ष्या।

परगुणेषु दोषारोप: असूया। वही पृ०१६६

-मोहं विधत्ते विषयाभिलाष:। भारवि, किरातार्जुनीयम्,

-सत्य में असत्य की भ्रान्ति और असत्य में सत्य की भ्रान्ति यह मोह है (व्यास)।

१९ अथर्ववेदीय चिकित्साशास्त्र, स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक, जन-ज्ञान प्रकाशन, नई दिल्ली-५, संवत् २०३१, पृ०१२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता

डॉ० सोहन पाल सिंह आर्य[१]

सामान्यतः मनुष्य एक विचारशील प्राणी है। यह मनुष्य की ऐसी विशिष्टता है जो उसे अन्य प्राणियों से न केवल अलग करती है, अपितु दूसरे प्राणियों की तुलना में मनुष्य को अग्रगामी और निर्णायक भूमिका भी प्रदान करती है।[२] मनुष्य का समग्र चिन्तन, मौतिकता, एवं विकास मूलक उपलब्ध्याँ इसी विचारशीलता का स्वाभाविक परिणाम है, किन्तु मनुष्य की विचारशीलता मुख्यतः दो दिशाओं में अभिव्यक्त होती है- सकारात्मक एवं नकारात्मक। जो परस्पर विरोधी भी है। क्योंकि 'सकारात्मक' शब्द मुख्यतः निम्न इन अर्थों का वाचक है:- स्वीकारात्मक,[३] निश्चयात्मक, निर्माण मूलक, रचनात्मक[४] एवं आशाप्रद[५] आदि।

सकारात्मक भाव को व्यक्त करने वाले अनेक कथन आधुनिक जीवन में प्रायः सुनाई पड़ते हैं। यथा- Be positive, All is well, Good ideads for good life. किन्तु इसका यह अभिप्राय कदापि नहीं कि सकारात्मकता केवल आंग्ल परम्परा की उपज है, किन्तु भारतीय परम्परा में सकारात्मक विचार प्राचीन काल से ही अनुकरणीय रहे हैं। इन विचारों के मूल में दृष्टि-सृष्टिवाद का सिद्धान्त निहित है।[६] जिसका अर्थ है- **'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि'**। महाकवि तुलसीदास ने सकारात्मक भाव को आध्यात्मिक जीवन तक विस्तारित किया है। उनके शब्दों में **'जॉकी रही भावना जैसी, प्रभुमूरत देखी तनि तैसी'**। कबीर का दृष्टिकोण तो सकारात्मक भावों से ओत-प्रोत है। उनका कहना है कि

'जो ताको कॉटे बाऐ बाको बोए तू फूल।'
'ताको फूल के फूल है, वाको है तिरसूल।'[७]

किन्तु इनके विपरीत नकारात्मक मूलक अनेक भाव भी दैनिक जीवन में प्रायः दृष्टिगोचर होते हैं यथा- हर कोई स्वार्थी है, दुनिया चोर है सब बेईमान है, जगत् मिथ्या है। आदि। नकारात्मक मानसिकता

---

१. प्रोफेसर-दर्शन विभाग, गु० कां० वि०, हरिद्वार, **E-mail: sohanpalarya@yahoo.com mob.No: 09897273663**
२. ज्ञान हिं तेषामधिको विशेषो..........। हितोपदेश १/२३
३. 'बिहारी', डॉ० हरदेवः संस्कृत हिन्दी विद्यार्थी शब्दकोश, पृ० ७९५
४. रावत, हरीशः दैनिक हिन्दु० २९ अप्रैल २०१२, पृ०६
५. आचार्य बालकृष्णः दैनिक हिन्दु० २९ अप्रैल २०१२, पृ०२
६. सिंह एवं शास्त्रीः भारतीय दर्शन का इतिहास, III - १९७७, साहित्य भण्डार मेरठ, पृ० ३९० (II) बृहदा, ४-४-५
७. कबीर वाणी से उद्धृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रायः अस्वीकार, खण्डन, निषेध,[८] विध्वंस, विनाश एवं निराशा जैसे भावों पर आधारित हैं। ऐसी मानसिकता' से पीड़ित व्यक्ति हर वस्तु, व्यक्ति, और या उपलब्धि को शंका , की दृष्टि से देखते हैं प्रायः हर अच्छाई में बुराई खोजना, बात-बात में दोष निकलना, व्यर्थ की निंन्दा करना, निराधार आलोचना करना आदि ये सभी लक्षण नकारात्मक मानसिकता स्वाभाविक परिणाम होते हैं। निःसन्देह ऐसी दृष्टि मानसिकता से व्यक्ति एवं समाज को बचाना नितान्त आवश्यक है। इसके लिए सकारात्मक चिन्तन कारगर समाधान सिद्ध हो सकता है। महात्मा गाँधी ने ऐसे लोगों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने के लिए 'तीन बन्दरों'[९] का उदाहरण उपयोगी पाया। जिसका वे यदा-कदा प्रयोग भी करते रहे।

परन्तु इसका स्थाई एवं कारगर समाधान वैचारिक दृष्टि में परिवर्तन द्वारा सम्भव है, किन्तु वैचारिक दृष्टि में मौलिक परिवर्तन दार्शनिक दृष्टिकोण के निर्माण द्वारा हो सकता है। इसके लिए विभिन्न दार्शनिक दृष्टाकेणों एवं उनके निहितार्थों के ऊपर गहराई से चिन्तन-मनन किया जाना आवश्यक है। विशेषकर, सकारात्मक चिन्तन के सन्दर्भ में विभिन्न दार्शनिक दृष्टियों की पहुँच, सीमा और सन्देश क्या-क्या हैं? इस विषय पर यहाँ क्रमशः विचार किया जाना आवश्यक है। तदनुसार यहाँ उल्लेखनीय है कि दार्शनिक चिन्तन मुख्यतः इन अवधारणाओं पर केन्द्रित रहा है यथा-प्रकृति, जीवात्मा और परमात्मा की सत्ता तथा जगत् का स्वरूप एवं मानव जीवन का उददेश्य आदि।[१०]

यदि उपर्युक्त दार्शनिक अवधारणाओं पर सकारात्मक दृष्टि से विचार करें तों प्रकृति, जीवात्मा एवं परमात्मा के सन्दर्भ में हम सामान्यतः निम्नलिखित निष्कर्षो पर पहुँचेंगे। प्रथम-प्रकृति की अवधारणा के ऊपर सकारात्मक दृष्टि से विचार करने पर उसका सुस्पष्ट निहितार्थ-सन्देश होगा- (क) प्रकृति की सत्ता की स्वीकृति (ख) प्रकृति से निर्मित संसार की स्वीकृति (ग) संसार सम्बन्धी समस्याओं की स्वीकृति। (घ) उनके वस्तुगत समाधान के प्रति आशापरक एवं रचनात्मक दृष्टि का निर्माण।

द्वितीय- इसी क्रम में जीवात्मा की अवधारणा पर सकारात्मक दृष्टि से विचार करने से हम निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुँच सकते हैं-(क) विभिन्न प्राणियों में जीवात्माओं की उपस्थिति (ख) मनुष्यों के रूप में जीवात्माओं की संसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका। (ग) संसार सम्बन्धी समस्याओं के समाधान में उल्लेखनीय भूमिका। (घ) अपने चिन्तन एवं कर्म के प्रति आशामूलक दृष्टिकोण।

तृतीय- प्रस्तुत सन्दर्भ में ईश्वर की सत्ता के ऊपर सकारात्मक दृष्टि से विचार करने पर पता चलता है कि परमात्मा जगत् सृष्टि नियन्ता एवं व्यवस्थापक है, वह प्रकृति रूपी सामग्री से जगत् का निर्माण करता है और विभिन्न जीवात्माओं के कर्मफल भोग और मुक्ति हेतु व्यवस्थापक की भूमिका अदा करता है। इसके अतिरिक्त सत्य ज्ञान के निर्देशक, अन्तर्यामी प्रेरक एवं शरणागत के योगक्षेम के संवाहक आदि अनेक ईश्वर की भूमिकायें प्रस्तुत सन्दर्भ में विचारणीय हैं।

---

८. बुल्के, फादर कामिलः अंग्रेजी-हिन्दी कोश, || -२००४, एस० चाँद क० नई दिल्ली, पृ०३२९

९. उल्लेखनीय है कि उनमें एक बन्दर के हाथ मुख पर है दूसरे के दोनों आंखों पर और तीसरे के दोनों हाथ अपने कानों पर है। क्रमशः तीनों बन्दरों का सन्देश है- बुरा मत बोलो, बुरा मत देखो, और बुरा मत सुनो।

१०. तिवारी, प्रो० केदारनाथ तत्त्वमीमांसा एवं ज्ञान मीमांसा सं० १९९६, मोतीलाल, बनारसीदासः अध्याय-१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किन्तु यहाँ उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सत्ताओं के प्रति विभिन्न दार्शनिकों ने अलग-अलग विचार प्रस्तुत किये हैं। जिन्हें विचार विश्लेषण में सुविधा की दृष्टि से निम्न मतवादों के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है-भौतिकवाद, अध्यात्मवाद, द्वैतवाद एवं त्रैतवाद आदि।'[११] यह मत विभिन्नता स्वाभाविक भी है, क्योंकि मनुष्य मुख्य रूप से बहुर्मुखी प्रतिभा सम्पन्न प्राणी है। उसकी प्रतिभा जीवन के किसी विशेष पहलू पर केन्द्रित हो सकती है। इसके अलावा युगीन परिस्थिति का दबाव भी चिन्तक को कमोवेश प्रभावित करता है। परन्तु हर मतवाद का अपना मूल उद्देश्य एवं सन्देश होता है। उसकी सकारात्मक एवं नकारात्मक उपलब्धियाँ होती हैं। उन्हीं के कारण उसकी विशिष्ट पहचान एवं प्रासंगिकता होती है। जैसा कि निम्न विवेचन पर दृष्टिपात करने से विदित होता है।

१. भौतिकवाद:-

यह विचार धारा प्राय: संसार के विभिन्न देशों में कमोवेश दृष्टिगोचर है। इसके समर्थक सांसारिक पदार्थों-सुख वैभव की ओर आकर्षित होते हैं। इसलिए अभ्युदय, लोक संग्रह या सांसारिक उन्नति को अपना मूल जीवन लक्ष्य समझते हैं। भारतीय दर्शन के सन्दर्भ में 'चार्वाक'। लोकायत इस विचारधारा का उल्लेखनीय प्रतिनिधि माना जाता है।

चार्वाक का प्रमुख सिद्धान्त है- संसार की वास्तविक सत्ता है। उसके निर्माण में पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु-चार तत्त्वों की भूमिका है। जिनके संयोग से सभी संसारगत जड़-चेतन की स्वत: उत्पत्ति होती है। न परमात्मा की सत्ता है और न जीवात्मा की। अपना शरीर ही आत्मा है। शारीरिक सुख ही जीवन का परम लक्ष्य है। सुख भोग ही स्वर्ग है और दु:ख भोग नरक। अत एव सदैव सुख प्राप्ति हेतु पुरुषार्थ करना आवश्यक है और जो सुख दु:ख मिश्रित है उसके लिये दु:खों से अलग करके सुखों का भोग करना उचित है। यथा-भूसी युक्त चावल से भूसी को हटाकर शुद्ध चावल का भोग करना।[१२]

इस प्रकार-पृथ्वी, जल आदि प्राकृतिक तत्त्वों के प्रति, उनसे निर्मित पदार्थों के प्रति और संसार की वस्तुगत सत्ता के प्रति चार्वाक सहित सभी भौतिकवादियों का दृष्टिकोण सकारात्मक पाया जाता है। इसी तरह सांसारिक सुख एवं भोगसाधनों के प्रति भी भौतिकवादी दृष्टि पूर्णत: सकारात्मक दृष्टिगोचर होती है, किन्तु भौतिकवाद केवल 'अभ्युदय-केन्द्रित' दर्शन है। 'नि:श्रेयस्-बोध' का इसके अन्तर्गत पूर्णत: अभाव है। इसलिये नि:श्रेयस् की दृष्टि से भौतिकवादी चिन्तन की दिशा पूर्णत: बाह्य, भौतिकता, स्थूलता एवं ऐन्द्रिक भोगों में इतनी रची-बसी होती है किं यह दृष्टि नानात्व मूलक जगत् में अन्तर्निहित आध्यात्मिक सत्ता को तत्त्वत:/तर्कत: देख-समझ पाने में पूर्णत: विफल सिद्ध होती है।

२.अध्यात्मवाद

भौतिकवाद के विपरीत दूसरी विचारणीय विचारधारा 'अध्यात्मवाद' है। जो भौतिकवाद की तुलना में अधिक सूक्ष्म तत्त्वान्वेषणी भी है। अध्यात्मवाद के अनुसार जगत् की आधारभूत सत्ता आध्यात्मिक है। जो अनुभवमूलक और विविधता युक्त जगत् के मूल में अन्तर्निहित है, और चेतनसत्ता के

---

११. उपर्युक्त, पृ० २३.

१२. डॉ० राधाकृष्णन, भारतीय दर्शन- (प्र०खण्ड) २००४, राजपाल एण्ड संस, पृ० २१९-३१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप में वह सर्वव्यापक, धारक एवं संचालक शक्ति' परमात्मा' है। वह परम सत्ता निरपेक्ष, सनातन, स्वयंभू, सबका आधार एवं कारण है।[१३] संसार के सभी पदार्थो, प्रपंच एवं आकर्षण उसकी लीला है। परमात्मज्ञान से विमुख मनुष्य इन सांसारिक भोगों एवं आकर्षणों में प्राय: उलझ कर रह जाते हैं। और बाल-क्रीड़ावत् उनमें रम जाते हैं।

किन्तु अध्यात्मवाद के अनुसार मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है-परमात्मसत्ता का साक्षात्कार करना। संसार के सूक्ष्म अणु-परमाणु से विशालकाय ब्रह्माण्ड तक में उसी अन्तर्यामी प्रभु की झलक देखना, पग-पग पर उसकी दिव्य छवि का रसास्वादन करना और अन्तिम परिणति के रूप में अपने अन्त:करण एवं बाह्यकरण में भी उसी भव्य, विभूति का दर्शन करना। क्षण मात्र के लिए भी उसकी जीवन्त उपस्थिति एवं प्रतीति से स्वयं को अलग न होने देना। ताकि स्वयं में नि:श्रेयस्/मुक्ति अथवा निर्वाण पद धारण करने की योग्यता विकसित हो सके।

अत एव अध्यात्मवाद से प्रेरित व्यक्ति स्वभावत: सांसारिक भोगैश्वर्य की उपेक्षा की दृष्टि से देखेगा, उसे सांसारिक बन्धन का साधन समझेगा। इस हेतु भोगैश्वर्य से ध्यान हटाकर वह अपनी समग्र विचार शक्ति को अध्यात्मवाद की ओर मिथ्या-कल्पना और मायाजन्य आवरण का परिणाम समझेगा। इसीलिये, आध्यात्मिक रुचि-रुझान के व्यक्ति सांसारिक सम्बन्धों की प्राय: उपेक्षा करते हैं, लौकिक प्रश्नों और समस्याओं के प्रति अरुचि प्रदर्शित करते हैं और अन्तत: समस्याओं के निवारण हेतु संघर्ष पथ अपनाने की अपेक्षा एकान्तवास, वनगमन एवं वैराग्य-मार्ग का अनुसरण करना श्रेयस्कर समझते हैं।

भारतीय दर्शन के सन्दर्भ में आचार्य शंकर[१४] का 'अद्वैतवाद' इस श्रेणी का महत्त्वपूर्ण आध्यात्मिक दर्शन माना जा सकता है। परन्तु यदि उपर्युक्त अध्यात्मवाद का समग्र दृष्टि से मूल्यांकन किया जाये तो यह विदित होगा कि अध्यात्मवाद भी आंशिक रूप में सकारात्मक दर्शन है और इस सकारात्मकता का आधार है-इस दर्शन के अन्तर्गत आध्यात्मिक सत्ता की स्वीकृति, उसके प्रति पूर्णत: समर्पण पर आधारित जीवन शैली एवं नि:श्रेयस् को जीवन-लक्ष्य घोषित करना आदि। अध्यात्मवाद की ये ऐसी महत्त्वपूर्ण विशेषता है जिनके आधार पर इस दर्शन को सकारात्मक कहा जाता है। परन्तु यह सकारात्मकता आंशिक है,- पूर्ण नहीं, क्योंकि प्रकृति के अस्तित्व को नकारना, प्रकृति से निर्मित संसार की वास्तविकता को अनदेखा करना, उसे मिथ्या/-मायावी सृष्टि समझना, फलत: सांसारिक समस्याओं की उपेक्षा करना, अभ्युदय को सांसारिक बन्धन का कारण समझना आदि ये कुछ ऐसी उल्लेखनीय नकारात्मकतायें हैं जिनके फलस्वरूप यह विचारधारा भी अंशत: नकारात्मक चिन्तन की श्रेणी में आती है। और अंशत सकारात्मक चिन्तन की श्रेणी में आता है।

३. द्वैतवाद

किन्तु उपर्युक्त दोनों एकांगी विचारधाराओं के अलावा द्वैतवाद का भी दार्शनिक अध्ययनों में प्रमुखता से उल्लेख होता है। इस विचारधारा के अन्तर्गत जड़ एवं चेतन दोनों सत्ताओं को जगत् का

---

१३. तिवारी, डॉ० केदारनाथ, उप०पृ० ३४

१४. सिंह एवं शास्त्री, उप०, पृ० ३७९-४६६.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूलाधार समझा जाता है। जैनों का जीव एवं पुद्गल का सिद्धान्त सांख्यकारिकाकार का 'पुरुष एवं प्रकृति' का सिद्धान्त और डेकार्टे का शरीर एवं मनस्/आत्मा' का द्वैतवाद आदि प्रस्तुत सन्दर्भ में उल्लेनीय है।[१५] द्वैतवाद उपर्युक्त दोनों विचारधाराओं की अपेक्षा व्यापक है एवं तुलनात्मक दुष्टि से मानवीय चेतना एवं सरोकार की दृष्टि से अधिक संतोषजनक है, किन्तु द्वैतवाद के अन्तर्गत चेतन सत्ता के दो रूपों में ईश्वर के प्रमुख अस्तित्व की अलग से महत्त्वपूर्ण अवधारणा प्रस्तुत की है।[१६] भगवद्गीताकार ने भी पुरुष विशेष के स्थान पर 'पुरुषोत्तम' नामक पद का परमात्मा के लिये प्रयोग किया है।[१७] डैकार्टे ने 'आदि-कारणता' के स्रोत के रूप में ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार किया है।

इस दृष्टि से द्वैतवाद की अपेक्षा त्रैतवाद अधिक व्यापक एवं युक्तिसंगत सिद्धान्त है। इसके अलावा, इस विचारधारा का मूल प्रतिपादन वेदों में हुआ है।[१८] तदन्तर, उपनिषदों में इसका विकास दृष्टिगोचर होता है। अत एव सकारात्मक मूल्यांकन की दृष्टि से यहाँ त्रैतवाद पर, उसके महत्त्वपूर्ण पहलूओं साथ विचार करना अधिक संगत एवं व्यावहारिक होगा।

४. त्रैतवाद

इस विचारधारा के अनुसार सृष्टि के तीन मूल तत्त्व हैं। जिनसे सृष्टि का निर्माण एवं संचालन होता है। ये तीनों नित्य एवं स्वयं सिद्ध सतायें हैं, यथा-ईश्वर, जीव और प्रकृति। महर्षि दयानन्द के अनुसार ईश्वर की भूमिका जगत् निर्माता एवं व्यवस्थापक की है। जबकि जीव जो संख्या में अनेक हैं, उनकी भूमिका साधारण निमित्त की है। वे कर्मों के स्वतन्त्र कर्ता एवं तदानुसार फल भोक्ता हैं। ईश्वर ने जगत् का निर्माण जीवों के भोग एवं मोक्ष की व्यवस्था करने के लिये किया है। जबकि प्रकृति जगत् निर्माण की मूल सामग्री है।[१९] अत: एवं इन तीनों तत्त्वों के संयोग से सृष्टि और वियोग से प्रलय व्यवस्था होती है। वेदों में ईश्वर, और प्रकृति के लिये अनेक नामों का प्रयोग मिलता है यथा-परमात्मा के लिये वेदों में अग्नि, इन्द्र, मित्र ब्रह्म, हिरण्यगर्भ, विश्वकर्मा, प्रजापति, स्वयंभू आदि अनेक विशेषण प्रयुक्त हुये हैं।[२०] जबकि प्रकृति के लिये, संभूति, असंभूति, अश्वत्थ, वृक्ष आदि अनेक सन्दर्भ वेदों में प्राप्त होते हैं।[२१]

किन्तु उपर्युक्त ईश्वर, जीव और प्रकृति से निर्मित संसार की अनेक महत्त्वपूर्ण विशेषतायें भी हैं। जो प्रस्तुत सन्दर्भ में क्रमश: उल्लेखनीय हैं-

१. नित्य और परिवर्तन धर्मा प्रकृति से निर्मित यह संसार वास्तविक है। अत: सांसारिक

---

१५. तिवारी, डॉ० केदारनाथ, उप०पृ० ४७
१६. पतंजलि, महर्षि: योगसूत्र, १/२४
१७. श्रीमद्भगवद् गीता, १०/१५, ११/३
१८. सरस्वती, महर्षि दयानन्द: सत्यार्थप्रकाश, अष्टम-समुल्लास- द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया.....ऋग्वेद १/१६४/२० मन्त्र की व्याख्या।
१९. उप०, सत्यार्थ प्रकाश, स्वमन्तव्य प्रकाश, क्र०स० १,४,६,९
२०. ऋग्वेद १/१६४/४६
२१. यजु० ४०/८,१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
समस्यायें भी वास्तविक हैं और इसीलिये सांसारिक समस्यायें न केवल समाधेय हैं, अपितु उनका समाधान भी वास्तविक धरातल पर खोजा जाना अपेक्षित है। इस दृष्टि से यह वैदिक विचारधारा निःसन्देह सकारात्मक है। क्योंकि यह न केवल व्यक्ति को, सांसारिक समस्याओं को वस्तुगत आधार पर समझने की दिशा प्रदान करता है, अपितु उनका समाधान भी वस्तुगत आधार को दृष्टिगत रखते हुए खोजने का आह्वान करता है और वस्तुगत/ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए संसार को श्रेष्ठतर दिशा में अग्रसर करने की तात्विक सम्भावना प्रस्तुत करता है। इसीलिये वेदों में संसार के प्रति सकारात्मक एवं यथार्थवादी दृष्टिकोण दिखलाई पड़ता है। जैसा कि निम्न मन्त्रों पर विचार करने से पता चलता है-

लोकं पृण, छिद्रं पृण अर्थात् संसार को पुष्ट करो, न्यूनताओं को पूर्ण करो।[२२]

सुत्रामाणं पृथिवीम् अर्थात् पृथ्वी विघ्न बाधाओं से रक्षा करने वाली है।[२३]

ओजोऽसि, सहोऽसि, अमृतमसि। अर्थात् जल ओज देता है, शक्ति देता है और अमृत तुल्य है।[२४]

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः पृथ्वी मेरी माता है मै. उसका पुत्र है।[२५]

उपर्युक्त वैदिक विचारधारा की दूसरी उल्लेखनीय विशेषता यह है कि संसार के सन्दर्भ में प्रकृति के अलावा परमात्मा की निर्णायक भूमिका भी है। वह संसार का निर्माता एवं सर्वव्यापक व्यवस्थापक है। इसीलिये संसार केवल जड़ निष्क्रिय एवं उद्देश्य विहीन प्रकृति की रचना मात्रा नहीं है, अपितु वह जगत्सृष्टा सच्चिदानन्द परमेश्वर की महान् योजना, व्यवस्था एवं जीवन्त अभिव्यक्ति भी है। उसके अणु-परमाणु से लेकर समूचा ब्रह्माणु उसके सार्वभौम नियमों/ ऋत विधान से संचालित है।[२६]

अत एव इस वैदिक विचारधारा का दूसरा उल्लेखनीय सकारात्मक पहलू यह है कि हम ऐसे विश्व में सक्रिय, कर्मशील एवं भागीदार हैं, जो परम आध्यात्मिक सत्ता की सजीव संरचना है। उसकी दिव्य चेतना से लगातार स्पन्दित है।[२७] इसलिये विश्व के प्रति हमारा अतिरिक्त सम्मान, अपनत्व, एवं सौहार्द्रभाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इसके अलावा संसार सम्बन्धी हमारे कार्यों में-चिन्तन, संकल्प और निर्णय में ईश्वरीय उपस्थिति की छाप होना ही आवश्यक है। पग-पग पर उसकी सचेतन अभिव्यक्ति को विशेषकर दृष्टिगत रखते हुए संसार विषयक हमारी भूमिका निर्धारित होनी आवश्यक है, तभी मनुष्य की संसार सम्बन्धी लक्ष्मण रेखा अनुल्लंघनीय बनी रहेगी। अन्यथा उसके अभाव में महान् प्रभु की इस अनोखी जीवन्त रचना के प्रति, उसके अस्तित्व की संसारगत अभिव्यक्ति के प्रति अवहेलना हो जायेगी, जो वैदिक दृष्टि से कदापि स्वीकार्य नहीं है।

---

२२. यजु० १२/५४
२३. ऋ० १०/६३/१०
२४. यजु० १०/१५
२५. अर्थव० १२/१/१२
२६. ऋग्वेद १०/१९०/१-३
२७. यजु० ३२/६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी हेतु संसार के प्रति वेदों में अनेक दिव्य एवं श्रेयस्कर भाव अभिव्यक्त हुये हैं। जैसे भद्र भावना, मैत्रीभावना, शान्ति और स्वस्ति की कामना एवं शिवत्व भावना आदि। उल्लेखनीय है ये सभी उच्चतम भाव वेदों की विशषता हैं और सकारात्मक दृष्टि के परिचायक भी हैं। इसलिये मानवमात्र के लिये अनुकरणीय भी हैं, यथा- **'मित्रास्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतान समीक्षे'** अर्थात् मैं संसार को मित्रता की दृष्टि से देखूँ।[२८] **'शिवां स्यानोमनुचरेम विश्वहा'** अर्थात् हम मंगलमयी सुखकारी मातृभूमि के सदा सेवक बने।[२९]

'ओ३म् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षः शान्तिः पृथ्वी शान्तिः......., सर्वं शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।' अर्थात हे परमेश्वर ....द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथ्वी, जल, औषधियाँ वनस्पतियाँ........आदि सभी शान्ति कारक हों।[३०]

'तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु' अर्थात् मेरा मन शुभ् संकलपो वाला हो।[३१]

'स्वस्ति पन्थामनु चरेम सूर्याचन्द्रमसाविव' अर्थात् सूर्य, चन्द्र के समान हम कल्याणकारी मार्ग के अनुयायी हों।[३२]

किन्तु जगत्सृष्टा के अलावा वेदों में ईश्वर की दूसरी महत्त्वपूर्ण भूमिका वर्णित है- आदर्श जीवन मूल्यों के आधार, प्रकाशक एवं प्रेरक भी है।[३३] जो वर्तमान युग की सम्भवतः सबसे बड़ी आवश्यकता भी है। क्योंकि वर्तमान भोग-भौतिकता प्रधान युग में आदर्श जीवन मूल्यों के लिये सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मनुष्य क्यों अच्छा बने ? यह आज का एक प्रांसगिक प्रश्न है।[३४] क्योंकि भौतिकवाद के अन्तर्गत जब मनुष्य के लिये स्थान नहीं, आत्मा का अस्तित्व नहीं, कर्मफल सिद्धान्त की मान्यता नहीं, तब वह सत्यनिष्ठ, परोपकारी, न्यायप्रिय और दयालु क्यों बने ?

इसी प्रसंग में जय प्रकाश नारायण ने भौतिकवाद से आगे बढ़कर इन आदर्शो के लिये उत्कृष्ट दार्शनिक आधार खोजने की आवश्यकता पर बल दिया था।[३५] उल्लेखनीय है वह दार्शनिक आधार वेदों में प्रतिपादित 'त्रैतवद' है, जिसकी केन्द्रीय सत्ता ईश्वर है। प्रस्तुत सन्दर्भ में ईश्वर की उल्लेखनीय भूमिका

---

२८. यजु० ३६/१८
२९. अथर्व० १२/१/१७
३०. यजु० ३६/१७
३१. यजु० ३४/१-६
३२. ऋग् ५/५१/१५
३३. यजु ३१/७, ऋ १०-४६-१ की महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा व्याख्या-स० प्र० सप्तम समुल्लास
३४. जय प्रकाश नारायणः समाजवाद सर्वोदय और लोकतन्त्र-१९७३, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, पृ०११०
३५. जय प्रकाश नारायणः उप० पृ०११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निम्न रूपों में वेदों में दृष्टिगोचर होती है[३६]–

(१) वेदोक्त सनातन ज्ञान के प्रकाशक के रूप में।

(२) परम शुभ के अधिष्ठान के रूप में।

(३) अन्तर्यामी रूप में आदर्श जीवन मूल्यों के प्रेरक के रूप में।

(४) कर्मफल व्यवस्थापक के रूप में।

ईश्वर सम्बन्धी इन भूमिकाओं के ऊपर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करने पर विदित होता है कि वेदों में प्रतिपादित जीवन-मूल्यों को सदाचरण की कसौटी के रूप में स्वीकार किया जा सकता है और उनके आलोक में श्रेष्ठ, प्रगतिशील एवं सुसंस्कृत मानव का निर्माण किया जा सकता है तथा समन्वयमूलक सामंजस्य युक्त समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इसी के साथ-साथ ईश्वर के गुण, कर्म और स्वभाव का अनुसरण करते हुए विश्व व्यवस्था को सनातन ज्ञान, सत्य, न्याय एवं विवेक के आधार पर पुनर्गठित किया जा सकता है।

इसके अलावा, प्रत्येक कर्म को प्रारम्भ करते समय, उसके अनुमोदन हेतु अन्तर्यामी परमात्मा के सन्देश का अनुसरण किया जा सकता है। ईश्वरीय संदेश का सकारात्मक पक्ष यह है कि जब काई मनुष्य किसी भी शुभ-अशुभ कर्म में प्रवृत्त होता है। तब शुभ कर्म के कारण कर्ता के अन्त:करण में प्रेरणा, प्रसन्नता, एवं उत्साहवर्धन सम्बन्धी भाव प्रादुर्भूत होते हैं, किन्तु इसके विपरीत, अशुभ कर्म में प्रवृत्त होने के कारण कर्ता के अन्त:करण में भय, लज्ञा और शंका जैसे नकारात्मक भाव उदित होते हैं। महर्षि दयानन्द की दृष्टि में विषय में-शुभ-अशुभ के निर्धारण में 'प्रेरक' की भूमिका अदा करता है।[३७] जिसके अनुकूल आचरण करने से व्यक्ति उत्तरोत्तर उन्नति की ओर अग्रसर रहता है। प्रगति के नये-नये प्रतिमान स्थापित करता है। चित्त ईश्वरीय प्रेरणा, निर्देशन को अनुसुना करने से वह पाप और पतन की ओर उन्मुख हो जाता है।

इसी तरह, समाज में नैतिकता की स्थापना में ईश्वर की सकारात्मक भूमिका भी प्रस्तुत सन्दर्भ में उल्लेखनीय है। वेदों के अनुसार ईश्वर की उपर्युक्त भूमिका कर्मफल व्यवस्थापक की भी है।[३८] इस रूप में ईश्वर नैतिक जीवन की आधार शिला और 'नियामक शक्ति माना जाता है? सर्वोच्च सत्ता-कर्म फल व्यवस्थापक के अभाव में समाज में नैतिकता की कदापि कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि जब कोई शुभ-अशुभ कर्मों का नियामक नहीं होगा-, शुभ कर्मों के लिए पुरस्कार और अशुभ कर्मो, के लिए दण्ड की कोई सार्वभौम व्यवस्था नहीं करेगा, तब कोई क्यों शुभ कर्मों के लिए प्रेरित एवं अग्रसर होगा और क्यों कोई अशुभ कर्मो से विमुख होगा। इ० काण्ड ने इसी आधार पर ईश्वर की कर्मफल व्यवस्थापक

---

३६. (१) सरस्वती, महर्षि दयानन्दः सत्यार्थ प्रकाश-स्वमन्तव्य० प्रकाश, क्र०स० १,२,३ (ख) गौतम, महर्षिः न्याय सूत्र-४-१-१९

३७. आर्य, डॉ० सोहनपाल सिंहः कार्लमार्क और महर्षि दयानन्द- समाजदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन - २००२-०३, अम्बिका प्रसाद सदन (प्रकाशन) ज्वालापुर- पृ० १२२

३८. आर्य, डॉ० सोहनपाल सिंह, उप० पृ०११२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्बन्धी भूमिका को नीतिशास्त्र की आधारभूत मान्यताओं के अन्तर्गत सम्मलित किया है।[३९]

ईश्वर की उपर्युक्त भूमिका का सकारात्मक महत्त्व यह है कि नैतिकता समाज की सबसे बड़ी संघटक शक्ति एवं प्रेरक आधार बन जाती है। इसलिये कठिन से कठिन परिस्थिति में भी विवेकशील, नैतिक व्यक्ति नैतिकता का सम्बल पकड़े रहता है। जो सभी प्रकार के विकास, संगठन एवं व्यवस्था का मूल भी है। नैतिकता के अभाव में इनकी तो क्या किसी दस्यु गिरोह के अस्तित्व की भी कल्पना नहीं की जा सकती? क्योंकि दस्यु गिरोह के सदस्य भी परस्पर ईमानदारी, सत्यनिष्ठ, न्यायभावना और परहित का ध्यान अवश्य रखते हैं। अन्यथा इनके अभाव में, आपसी विश्वास विखण्डित होने में कितनी देर लगेगी? परिणामतः गिरोह के रूप में उनका बिखरना स्वाभाविक हो जायेगा। अत एव ऐसे सार्वभौम नैतिक मूल्य हर समाज, संगठन एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं विकास के मूलाधार होते हैं।

अत एव वेदों में वर्णित ईश्वर की सत्ता उपर्युक्त नैतिक मूल्यों का स्रोत, प्रेरक एवं नियामक शक्ति है और उपर्युक्त नैतिक मूल्यों की व्यक्ति, समाज और या राष्ट्र को संगठन व्यवस्था और विकास की दिशा में आधारभूत भूमिका है। इसलिये सकारात्मक दृष्टि से त्रैतवाद में प्रतिपादित ईश्वरसत्ता की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

त्रैतवाद के अन्तर्गत ईश्वर एवं प्रकृति के अलावा जीवात्मा की सत्ता की भी उल्लेखनीय भूमिका है। वेदों में जीवात्मा को कर्मों का कर्ता एवं कर्मफल का भोक्ता बतलाया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वतन्त्र कर्ता के रूप में मनुष्य के सम्मुख तीन विकल्प उपस्थित रहते हैं:- कोई कर्म करे, न करे या विपरीत करे।[४०] मनुष्य का कर्म स्वातन्त्र्य इससे भी सिद्ध होता है, किन्तु यदि वह कर्म विषयक स्वतन्त्रता का सदुपयोग करें, उसे समग्र विकास की दिशा में प्रयुक्त करें तो वह जीवन में नये-नये कीर्तिमान गढ़ सकता है और स्वयं के साथ-साथ समाज के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकता है। यह मनुष्य के कर्म स्वातन्त्र्य का सकारात्मक दिशा में उल्लेखनीय प्रयोग होगा। जिसकी वर्तमान युग में नितान्त आवश्यकता भी है।

उल्लेखनीय है कि वेदों में मनुष्य को प्रगति, रचना एवं आशा-उत्साह की दिशा में अग्रसर करने हेतु अनेक सकारात्मक एवं मार्ग दर्शनकारी विचार प्राप्त होते हैं, जैसा कि निम्न वेद मन्त्रों पर विचार करने पर पता चलता हैं-

'उत्तिष्ठ महते सौभाग्य' अर्थात् महान् सौभाग्य के लिये उठ खड़े हो।[४१]

'त्वमेकवृषो भव' अर्थात् तू सर्वश्रेष्ठ बन।[४२]

'रोहितेन तन्वं संस्पृशस्व' अर्थात् इतना उन्नत हो कि सूर्य को छू ले।[४३]

---

३९. शर्मा, डॉ० भार० एन०: नितिशास्त्र की रूपरेखा-१९८०, केदारनाथ, रामनाथ पृ० १६५
४०. ब्रह्मसूत्र- शांकर भाष्य- १/१/४
४१. यजु० २७/२, ३७/२०, यजु ६/३१, ७-४७
४२. अथर्व ६/८६/१
४३. अथर्व १३/१/३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'विश्वाहा वयं सुमनस्यमाना:' अर्थात् हम सदा सौमनस्य से रहें।[४४]

'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:' अर्थात् इस संसार में कर्म करते हुए ही सौ वर्ष जीना चाहो।[४५]

अस्तु, उपर्युक्त मार्गदर्शनकारी विचारों को उन्नति/प्रगति के प्रेरक मन्त्रों के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है और कर्म स्वातन्त्र्य की स्वाभाविक क्षमता का पूर्ण रूपेण उपयोग करते हुये निरन्तर प्रगति के नये-नये सोपानों को पार किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि संकल्प कर्म स्वातन्त्र्य मनुष्य की संकल्प सम्बन्धी स्वतन्त्रता के रूप अभिव्यक्त होती है और संकल्प की स्वतन्त्रता नीतिशास्त्र की उल्लेखनीय आधारभूत मान्यताओं में से एक है। इसीलिये त्रैतवाद की यह विशेषता नीतिशास्त्र की स्थापना में मूल आधार के रूप में प्रयुक्त होती है।[४६] इस मान्यता का महत्त्वपूर्ण सकारात्मक पहलू है। इसके अलावा आत्मा की अमरता को भी नीतिशास्त्रियों ने नीतिशास्त्र की पूर्ण मान्यता के रूप में स्वीकार किया है। प्राथमिक नीतिशास्त्र की इस प्राथमिक आवश्यकता को भी त्रैतवाद के अन्तर्गत प्रतिपादित आत्मा के स्वरूप द्वारा पूर्ण किया गया है। यह भी त्रैतवाद का ऐसी महत्त्वपूर्ण सकारात्मक उपलब्धि है, जो नीतिशास्त्र की मूल प्रस्थापना के रूप में स्वीकृत है।

५. भोग एवं त्यागमूलक प्रवृत्तियाँ

उल्लेखनीय है कि मनुष्य के रूप में जीवात्मा की कर्म सम्बन्धी स्वतन्त्रता दो दिशाओं में अभिव्यक्त होती है-भोगमूलक और त्यागमूलक। त्रैतवाद के अनुसार इसका यह कारण है कि जब जीव मनुष्य प्रकृति के सम्पर्क और प्रभाव में होता है तब उसकी कर्म-प्रवृत्ति सांसारिक सुख-भोग साधनों की ओर होती है। यह उसकी भोगमूलक दिशा की सूचक है, किन्तु सांसारिक सुखों-आकर्षणों की निस्सारता का अनुभव होने पर या फिर संसारव्यापी परमसत्ता का हर वस्तु, घटना में अनुभव होने पर वह प्राकृतिक भोगों का अतिक्रमण करते हुए ईश्वर सत्ता की ओर अग्रसर होने लगता है। यह अवस्था त्यागमूलक प्रकृति के नाम से जानी जाती है।

इस प्रकार त्रैतवाद के अन्तर्गत त्याग एवं भोग दोनों प्रवृत्तियों की तत्त्वत: सम्भावना निहित है।[४७] इसलिये सांसारिक भोग की दृष्टि से भी यह विचारधारा सकारात्मक है। वेदों में भोग एवं त्याग दोनों के प्रति समन्वयात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया है। मानवमात्र के लिये वेद का सन्देश है-**'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा:'** अर्थात् त्यागपूर्ण भोग करो।[४८]

६. अभ्युदय एवं नि:श्रेयस् जीवन का लक्ष्य

उपर्युक्त दोनों प्रवृत्तियों दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्यों पर आधारित हैं, जिन्हें वैदिक दर्शन के अन्तर्गत

---

४४. यजु २९/४५
४५. यजु ४०-२
४६. शर्मा, डॉ० आर० एन० शर्मा, उप० १६५
४७. यजु० १८-११,
४८. यजु० ४०/१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के नाम से जाना जाता है। मनुष्य की भोगमूलक प्रवृत्ति की अन्तिम परिणति अभ्युदय की संसिद्धि में होती है। लोक, धन एवं सन्तान सम्बन्धी तीनों एषणायें अभ्युदय की प्रेरक हैं, किन्तु मनुष्य की त्यागमूलक प्रवृत्ति का अन्तिम लक्ष्य निःश्रेयस् को पाना भी है, जिसे प्रायः मोक्ष, मुक्ति या निर्वाण आदि शब्दों के रूप में भी प्रस्तुत किया जाता है।

प्रायः मनुष्य की स्वाभाविक अभिलाषा होती है कि वह इन दोनों जीवन लक्ष्यों की संसिद्धि कर ले, किन्तु तात्विक चिन्तन के सम्मुख यह एक बड़ी विकासात्मक चुनौती है। भौतिकवाद से अभ्युदय की संसिद्धि सम्भव है और अध्यात्मवाद से निःश्रेयस् की सिद्धि। परन्तु इस वेदोक्त विचारधारा की यह दोहरी विशेषता है कि इसके माध्यम ये इन दोनों जीवन लक्ष्यों की प्राप्ति सम्भव है[४९] और इसका दार्शनिक आधार यह है कि प्रकृति और परमात्मा दोनों सत्तायें मनुष्य के सम्मुख हैं, वह चाहे तो अभ्युदय के लिए अपने जीवन को संसार केन्द्रित बना सकता है और अभ्युदय की दिशा में ऊचाईयों को छू सकता है। जैसा कि निम्न वेद मन्त्रों पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है-

'सहस्रपोषं पुषेयम्' अर्थात् सहस्रों आय के साधनों से पुष्ठ होऊँ।[५०]

'क्रीडा च मे मोदश्च मे' अर्थात् मुझे क्रीड़ा और आमोद प्रमोद प्राप्त हो।[५१]

किन्तु यदि वह ईश्वर सत्ता की ओर अभिमुख हो जाये उसके बोध में जग जाये तो वह अपनी समग्र जीवन ऊर्जा को, जीवन के प्रत्येक क्षण को परमेश्वर के साक्षात्कार मार्ग में लगा ले उसके प्रति समर्पित भाव में जीवन-यापन प्रारम्भ कर ले। वेद कहता है-**'यश्च छायाऽमृतम्।'**[५२] अर्थात् परमात्मा का आश्रय/शरणागत, अमरता का हेतु है। इस प्रकार त्रैतवादी विचारधारा अभ्युदय एवं निःश्रेयस् -दोनों जीवन लक्ष्यों की दिशा में मनुष्य को तत्त्वतः अग्रसर कर सकती है। अत एव यह इस विचारधारा की उल्लेखनीय विशेषता है कि यह उपर्युक्त दोनों जीवन लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में पूर्णरूपेण सकारात्मक है। यह धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष-इन चारों पुरुषार्थों की सिद्धि की संवाहक है।

वस्तुतः ये चारों पुरुषार्थ समग्र जीवन लक्ष्य के चार प्रमुख सोपान हैं। इनमें अर्थ एवं काम लौकिक पुरुषार्थ हैं। धर्म इन पुरुषार्थों की सिद्धि का साधन है। इसलिये धर्मानुकूल अर्थ और काम-ये दोनों अभ्युदय के अन्तर्गत विचारणीय हैं, जबकि मोक्ष पारलौकिक पुरुषार्थ है और मोक्ष की संसिद्धि का साधन भी धर्म ही है। यथा-**'यतो अभ्युदयनिःश्रेयस्सिद्धिः स धर्मः'**[५३] इसलिये वेदोक्त दृष्टि के अनुसार धर्म विरुद्ध अर्थ एवं काम वस्तुतः अनर्थ और दुष्काम के वाचक हैं और धर्मरहित मुक्ति मार्ग भी औचित्यहीन एवं सर्वनाशकारी है, अतः धर्म की आर लौटो, सनातन नैतिक मूल्यों को धारण करो।

उपर्युक्त दार्शनिक विवेचन का मानवमात्र के लिये सकारात्मक सन्देश है कि व्यक्ति अपनी,

---

४९. वैशेषिक सूत्र १/१०/२
५०.. अथर्व० १६-३-१
५१. यजु० ५-४२
५२. यजु० २५/१३
५३. उप० टिप्पणी ४८ हण्टक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मिक शक्तियों को पहचाने और अपनी अन्तर्निहित क्षमताओं को जागृत एवं विकसित करे। आत्मपूर्णता की दिशा में संकल्पपूर्वक आगे बढ़े। स्वयं को परिस्थिति का दास न समझे, अपितु उस पर विजय पाने के लिये निर्णायक पहल करे। स्वयं को अपना भाग्यविधाता समझे। अपनी नकारात्मकताओं पर नियन्त्रण करने के लिये हर समय तैयार रहे। उनसे जूझने टकराने और हराने का हौसला रखे। स्वयं को हीनभावों से मुक्त करे। खुद को असमर्थ और असहाय न समझे अपने सामर्थ्य और दूसरों के अस्तित्व को पहचाने, उन्हें सम्मान सरोकारों को स्वयं की कैद से मुक्त करे। उन्हें मौहल्ला, पड़ौस, मित्र सम्बन्धियों तक विस्तारित करे और समाज एवं राष्ट्र के बृहत्तर हितों और आकांक्षाओं के सच्चे सांवाहक-समर्थक बने। सम्पर्कशील साथियों के प्रति सदैव सहानुभूति एवं आदर का भाव रखे। उनकी मानवीय भावनाओं का सकारात्मक उत्तर देने का प्रयास करे। सद्भावना, सहयोग एवं प्रतिमूलक व्यवहार करे।[५४] औरों की अच्छाइयों को उभारनें में योगदान करे। अपने विचार-चिन्तन, ऊर्जा एवं समय का अधिकतम रचनात्मक उद्देश्यों के लिये उपयोग करे। दु:ख आपद एवं संकट की घड़ी में सेवा और सहायता हेतु स्वयं को प्रस्तुत करे। अनावश्यक अप्रिय प्रसंगों की उपेक्षा करना सीखे। स्वयं के साथ-साथ ईश्वर की परम नैतिक एवं आध्यात्मिक सत्ता के प्रति सदैव आस्था बनाये रखे। सदैव अपने आस-पास ईश्वर-सत्ता को अनुभव करे। उसके महान् नैतिक विधान के प्रति सदैव नतमस्तक रहे। उसकी रक्षा, सहायता एवं करुणा के प्रति आशावान् बने। हर परिस्थिति में आशा-उत्साह का सम्बल थामे रहे। औरों के लिये उदाहरण बनकर जीये। अपने जीवन को परम सौभाग्य के अवसर के तौर पर देखें। सदैव ईश-कृपा के आकांक्षी बने।

वस्तुत: वर्तमान सन्दर्भ में सकारात्मक चिन्तन की महती आवश्यकता है। इसकी उपयोगिता विभिन्न रूपों में समय-समय सामने आती रही है।

१. विकासात्मक उपयोगिता:- यहाँ उल्लेखनीय है कि इस चिन्तन की विकास मूलक उपयोगिता विभिन्न अध्ययनों से सामने आ चुकी है। उदाहरणत: शारीरिक फिटनैस में सकारात्मक विचारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। जर्मन वैज्ञानिकों के अध्ययन के अनुसार जो लोग जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं, वे बुढ़ापे को मात दे पाते हैं।[५५] हैमबर्ग यूनीवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार जो लोग सकारात्मक सोच रखते हैं और भविष्य की चिन्ता न करते हुये वर्तमान में जीते हैं, वे अच्छी सेहत के स्वामी होते हैं। डॉ० स्टीफन कहते हैं कि इससे उनका मस्तिष्क भी चुस्त रहता है।[५६] इसके अलावा, सकारात्मक सोच से व्यक्ति की कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती, क्योंकि यह सोच अच्छी अनुभूति का अहसास कराती है। इस अवस्था में हमारे शरीर में सैरौटॉनिन एवं डोपामाईन नामक हॉर्मोन का प्रवाह बढ़ता है, जो मस्तिष्क को बेहतर, तीव्र पर एवं गम्भीरता पूर्वक कार्य करने में समर्थ बनाता हैं।[५७]

२.उपचार मूलक उपयोगिता:- उल्लेखनीय है बीमारी की अवस्था में उससे स्वयं को उबारने के

---

५४. ऋग्वेद १०-१९१-२-४

५५. हिन्दुस्ताना (दैनिक) १८/०७/२०११ में प्रकाशित 'सकारात्मक सोच बनाये रखे जवाँ' से उद्धृत

५६. हिन्दुस्तान (दैनिक) उप० रिपोर्ट

५७. हिन्दुस्तान (दैनिक) ०६/०४/२०१२ में प्रकाशित 'पॉजीटिव सोच-तरक्की का व्यापक नजरिया' पृ० १३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये सकारात्मक चिन्तन की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। शोध अध्ययनों से पता चला है कि जो लोग हर परिस्थिति में प्रसन्न रहने का प्रयास करते हैं उनमें हृदय सम्बन्धी बीमारियों का खतरा अपेक्षाकृत कम रहता है। तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में भी सकारात्मक विचार महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुये हैं। एक अन्य अध्ययन से यह भी पता चला है कि हँसने से शरीर मे एँण्डोर्फिन नामक 'फील गुड' रसायन का उत्पादन बढ़ता है, परिणामत: दर्द का अहसास कम होता है। इसीलिये गम्भीर रूप से बीमार एवं डिप्रेशन पीड़ितों के लिये लाफ्टर थेरेपी वरदान स्वरूप है।[५८]

इसके विपरीत, जो लोग अकेलेपन का शिकार हैं, उनके शरीर में स्ट्रेस हारमोन-'कार्टीसॉल' का स्तर बढ़ जाता है, परिणामस्वरूप उनकी प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है। इसीलिये डिप्रेशन पीड़ितों की चिकित्सा के लिये पॉजीटिव एक्टिविटी इन्टरवेन्शन पद्धति (PAI) भी अपनायी जाने लगी है जो एंटीडिप्रेसेन्ट दवाओं की तुलना में अधिक स्थाई और प्रभावकारी सिद्ध हो रही है।[५९]

उपर्युक्त के अलावा सकारात्मक विचार नैसर्गिक सौन्दर्य के स्थायित्व की दृष्टि से भी उपयोगी सिद्ध हुये हैं। इनसे मस्तिष्क की ग्रहणशीलता बढ़ती है एवं जटिल विषयों का विश्लेषण करने और कारगर समाधान खोजने की सामर्थ्य का भी विकास होता है। वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में इन विचारों की उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

---

५८. हिन्दुस्तान (दैनिक) ०६/०६ २०१२ में प्रकाशित' बीमारियों से उतरने को सकारात्मक सोच जरूरी से उद्धृत
५९. हिन्दुस्तान (दैनिक) ०१/०८/२०११ में प्रकाशित 'तनाव घटाने के लिये बी पॉजीटिव' नामक रिपोर्ट से उद्धृत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०७०-७४) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तन एवं योगदर्शन

डॉ. ईश्वर भारद्वाज[1]

सकारात्मक चिन्तन- सकारात्मक चिन्तन वह चिन्तन है जिसमें व्यक्ति सबके हित का चिन्तन करता है। किसी के प्रति भी द्वेष भाववश अहित चिन्तन नहीं होता। सबके कल्याण की कामना तथा सबकी भलाई में अपनी भलाई समझना इसका मुख्य सिद्धान्त है। सकारात्मक चिन्तन से व्यक्ति में सरलता, मैत्री, परोपकार, अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, त्याग, क्षमा, अक्रोध आदि भावों का विकास होता है। स्वार्थ के कारण व्यक्ति का चित्त संकुचित होता है तथा उपर्युक्त गुणों के द्वारा व्यक्ति का चित्त उदार बनता है। उदारचरित व्यक्ति के लिए कोई अपना-पराया नहीं होता। वह तो सारे संसार को परिवार की तरह मानता है-

अयं निजः परो वेत्ति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

जिसका चित्त उदार न हो उसके द्वारा सकारात्मक चिन्तन के विषय में सोचना भी संभव नहीं है। अतः कहा जा सकता है कि मानवता के गुणों के विकास हेतु सकारात्मक चिन्तन आवश्यक है। नकारात्मक चिन्तन व्यक्ति को कुटिल, तनावयुक्त, स्वार्थी तथा कुमार्गगामी बनाता है। जो मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

वैदिक साहित्य में सकारात्मकता के विकास हेतु अनेक गुणों के धारण करने का संकेत मिलता है। सब प्राणियों से मित्रवत् व्यवहार करें। मित्र की दृष्टि से देखें[2]। किसी भी प्राणी की हिंसा न करें[3]। निर्भयता, आत्मशुद्धि, ज्ञान, दान, दम, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, सरलता, अंहिसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शान्ति, चुगली न करना, प्राणियों पर दया, अलोलुपता, मृदुता, लज्ञा, अचंचलता, तेज, क्षमा, धृति, शौच, अद्रोह, निरहंकारिता आदि दिव्य गुणों को धारण करने से मनुष्य उन्नति के शिखर की ओर बढ़ जाता है। इन्हें गीता दैवीसम्पदा कहती है।[4] जब तक **रक्ष** तथा **अरातयः** व्यक्ति के साथ है, तब तक उसकी उन्नति कैसे सम्भव है? इसलिए वेद कहता है कि हे मनुष्य! तू राक्षसी वृत्तियों को दग्ध करदे, स्वार्थ-वृत्तियों को दग्ध कर दे।[5] उल्लू के समान आचरण (मोह), भेड़िए का आचरण (क्रोध), कुत्ते का व्यवहार

---

१. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। यजुर्वेद-३६/१८

३ मा हिंसीः पुरुषं जगत्।। यजुर्वेद-१६/३

४ अभयं सत्व संशुद्धिः ज्ञानयोगव्यवस्थितः। दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्।। अहिंसा सत्यमक्रोधः त्यागः शान्तिरपैशुनम। दया भूतेष्वलोलुपत्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।। तेजः क्षमा धृतिः शौच मद्रोहो नातिमानिता। भवन्ति सम्पदं देवीमभिजातस्य भारत।। गीता-१६/१-३

५ प्रत्युष्टं रक्षः प्रत्युष्टा अरातयो निष्टप्तं रक्षो निष्टप्ता अरातयः। यजुर्वेद १/७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(मत्सर), चकवे का आचरण (काम), गरुड का आचरण (मद) तथा गिद्ध का आचरण (लोभ) नष्ट कर दें[६]। जो आचरण से गिर गया है, उसे ऊपर उठाओ। जो अपराध के कारण दुष्फल भाग रहा है, उसे भी उन्नत करके पुनर्जीवन दो[७]। अत: प्रभु से प्रार्थना करता है कि मेरे चक्षु, हृदय, मन के समस्त दोषों को दूर करके उनमें गुणों का आधान कर दें[८] जिससे हम सब मिलकर चलें, परस्पर प्रेमपूर्वक वार्तालाप करें, हमारे मन एक जैसे विचार वाले हों। जैसे देव (सूर्य, चन्द्र, वायु, पर्जन्य, पृथिवी आदि) परस्पर एक-दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य कर रहे हैं, वैसे ही हम भी परस्पर सहयोग करते हुए कार्य करें। हमारे संकल्प, हमारे हृदय तथा मन सभी समान हों जिससे अविरोधपूर्वक (सहयोगपूर्वक) हम जीवनयापन कर सकें।[९] ऐसी पवित्र भावनाएं हमारे चित्त को उदार बना देंगी जिससे स्वार्थ त्यागकर हम त्यागपूर्वक भोग करते हुए जीवन यापन कर सकें।[१०] वेद में दान की महिमा अनेक स्थलों में बताई गई है। कात्यायन ने ऋक्सर्वानुक्रमणी में ऋग्वेद में २२ दान स्तुतियों का वर्णन किया है।[११] तैत्तिरीय उपनिषद् में श्रद्धा, अश्रद्धा, लज्जा, भयादि के कारण भी दान देने का विधान किया गया है।[१२] दान से सर्वात्मभाव आता है तथा दूसरे की सहायता करके आनन्द की अनुभूति होती है जिससे चित्त में प्रसन्नता आती है। सबकी समृद्धि में ही आनन्द है। वेद का संदेश है कि सब फलें, फूलें तथा समृद्ध हों। पांचों प्रदिशाओं (चार दिशाएं व मध्य) के वासी इस प्रकार समृद्धि प्राप्त करें जैसे वर्षा में नदियां जल की बाढ़ को प्राप्त कर लेती हैं।[१३] इस प्रकार हम देखते हैं कि सकारात्मक विचारधारा के पोषक वेद हमारे जीवन को उत्तमोत्तम स्थिति प्रदान करना चाहते हैं।

योगदर्शन भी इसी विचारधारा का संदेशवाहक है। वहाँ भी आचरणीय गुणों में अंहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह (यम)[१४] तथा शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधान (नियम)[१५] का वर्णन मिलता है।

अहिंसा- किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाना अहिंसा है। यदि हम किसी भी प्राणी को कष्ट नहीं

---

६ उलूकयातुं शुशुलूकयातुं जहि श्वयातुमुत कोकयातुम्। सुपर्णयातुमुत गृध्रयातुं दृषदेव प्र मृण रक्ष इन्द्र।। अथर्ववेद ८/४/२२

७ उत देवा अवहितं देवा उन्नयथा पुन:। उतागश्चक्रुषं देवा देवा जीव यथा पुन:।। अथर्ववेद ४/१३/१

८ यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य मनसो वातितृण्णं बृहस्पितिर्मे तद दधातु। शं नो भवतु भुवनस्य यस्पति:।। यजुर्वेद ३६/२

९ संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।। समानी व: आकूति: समाना हृदयानि व:। समानमस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति।। ऋग्वेद १०/१९१/२, ४

१० तेन त्यक्तेन भुंजीथा:। यजुर्वेद ४०/१

११ वैदिक मधुवृष्टि- डॉ. रामनाथ वेदालंकार,, पृ.२२०

१२ श्रद्धया देयम्। अश्रद्धया देयम्। श्रिया देयम्। ह्रिया देयम्। भिया देयम्। तैत्तिरीयोपनिषद्- शिक्षा. १०/३

१३ इमाया: पंचप्रदिशो मानवी पंचकृष्टय:। वृष्टे: शापं नदीरिव इह स्फातिं समावहान्।। अथर्ववेद ३/२४/३

१४ अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमा:। योगसूत्र २/३०

१५ शौचसन्तोषतप:स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमा:। योगसूत्र २/३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देते तो कोई हमें भी कष्ट नहीं देगा। इस प्रकार परस्पर प्रेमपूर्वक व्यवहार बना रहेगा। किसी के प्रति द्वेष भाव नहीं उत्पन्न होगा। कोई भी व्यक्ति किसी का अकल्याण नहीं चाहेगा। क्योंकि अहिंसा पालक के सानिध्य में रहने वाला प्रत्येक प्राणी वैरभाव का त्याग कर देता है।[१६]

सत्य- सत्याचरण से सरलता आती है। सत्याचरण करने वाले को कुछ भी छुपाना नहीं पड़ता। जैसा है, वैसा ही कहना तथा करना सत्य कहलाता है। सत्याचरणशील व्यक्ति सबका प्रिय होता है। वह किसी को भी धोखा देने वाला नहीं होता। असत्य भाषण करने वाले पर कोई विश्वास नहीं करता। लोग असत्य का आचरण इसलिए करते हैं कि काम न बिगड़े, किन्तु सत्याचरण करने पर सब कार्य स्वत: ही वन जाते हैं, कोई भी कार्य विफल नहीं होता।[१७]

अस्तेय- चोरी न करना अस्तेय है। किसी के धन, सम्पत्ति, वस्तु का बिना अनुमति ग्रहण करना चोरी है। सदाचारी व्यक्ति कभी ऐसा काम नहीं करेगा। जो अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को कष्ट पहुंचाए। अस्तेय प्रतिष्ठित होने पर व्यक्ति को धनाभाव ही नहीं होता[१८] और चोरी की आवश्यकता ही नहीं रहती।

ब्रह्मचर्य- उपस्थेन्द्रिय का संयम ब्रह्मचर्य है। कामेन्द्रिय पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। संयमी व्यक्ति ही समाज में मान पाता है। जितेन्द्रिय व्यक्ति अपने आचरण से कभी दूसरे के विषय में बुरा नहीं सोचता। उसका आचरण तो लोक में आदर्श स्थापित करता है। ब्रह्मचर्य से शरीर में असीम बल की प्राप्ति होती है।[१९]

अपरिग्रह- संचय का अभाव। आवश्यकतानुसार द्रव्य का उपयोग करना तथा शेष को लोकोपकारार्थ दे देना संत का लक्षण है। अत: अपरिग्रही व्यक्ति सबके हित चिन्तन को ध्यान में रखकर कार्य करता है जिससे सबको समान रूप से भोग सामग्री प्राप्त हो जाएगी। समाज में सामरस्य और सौमनस्य का साम्राज्य होगा।

शौच- पवित्रता को शौच कहा गया है। शरीर की पवित्रता के साथ मन, बुद्धि की पवित्रता चाहिए। मन को सत्य से तथा बुद्धि को ज्ञान से पवित्र किया जाता है।[२०] मन व बुद्धि पवित्र होने पर व्यक्ति ईश्वर की तरह पूजित होता है क्योंकि उसके अन्त:करण में केवल समाज की भलाई के अतिरिक्त कुछ नहीं होता। अपने शरीर के प्रति आसक्ति समाप्त होने से उसका जीवन तो केवल लोककल्याणार्थ ही रह जाता है।[२१]

संतोष- जो प्राप्त हुआ उसी में संतुष्ट हो जाना। दूसरों के द्रव्यों को गृध्रदृष्टि से न देखना तथा अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखने वाला दूसरों के प्रति सद्भावना रखने वाला होगा। दूसरों के लिए

---

१६ अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्याग:। योगसूत्र २/३५

१७ सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्। योगसूत्र २/३६

१८ अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम्। योगसूत्र २/३७

१९ ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठायां वीर्यलाभ:। योगसूत्र २/३८

२० अद्भिर्गात्राणि शुद्धयन्ति मन: सत्येन शुद्धयति। विद्यातपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्धयति।। मनुस्मृति

२१ शौचात्स्वांगजुगुप्सा परैरसंसर्ग:। योगसूत्र २/४०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनिष्टकारी विचार उत्पन्न नहीं होंगे। वह तो सदा संतुष्ट रहकर अन्य की भलाई में तत्पर रहेगा।

तप- तप के द्वारा सुख-दु:खादि में साम्यावस्था आती है। सहनशीलता बढ़ जाती है। ऐसा व्यक्ति विपरीत स्थिति में भी विचलित नहीं होता तथा धैर्य नहीं खोता। किसी के प्रति भी उसे शिकायत नहीं रहती अत: सदा प्रसन्न रहता है। शरीर, इन्द्रियां आदि उसके वश में हो जाते हैं[२२] जिससे वह समाजकल्याण में रत रहता है।

स्वाध्याय- स्वाध्यायशील व्यक्ति तत्त्ववेत्ता हो जाता है। जो संसार की असारता को जानकर केवल परमेश्वर में ही स्थित रहता है। ऐसा व्यक्ति किसी के प्रति नकारात्मक हो ही नहीं सकता।

ईश्वर प्रणिधान- ईश्वर के प्रति समर्पण करने वाला सदा प्रसन्न रहता है। उसने सर्वशक्तिमान् का आश्रय लिया है तो उसे किसी वस्तु की कमी नहीं रहती। ऐसा व्यक्ति सदा जगत् के उपकार के विषय में ही सोचता है। परमेश्वर की शरण में रहकर उसके किसी भी जीव के प्रति दुर्भाव कैसे सम्भव है? वह तो सदा परोपकार में जीवन विताना चाहता है।

उपर्युक्त यम-नियमों के पालन करने में यदि असुविधा हो और वितर्क (हिंसा, असत्य आदि) सताने लगे तो इनके प्रतिपक्ष का चिन्तन करना चाहिए।[२३] ऐसा करने से इनसे छुटकारा मिल सकता है तथा व्यक्ति सद्गुणों के धारण करने के योग्य हो जाता है।

इन यम-नियमों के अतिरिक्त महर्षि पतञ्जलि ने चार प्रकार की भावनाओं का वर्णन किया है- मैत्री, करुणा, मुदिता तथा उपेक्षा।[२४] इन भावनाओं से चित्त में विकार नहीं होता तथा वह प्रसन्न बना रहता है। **मैत्री-** सुखीजनों से मैत्रीभाव रखना। प्राय: किसी को सुखी देखकर हमारा मन तिलमिला उठता है कि यह सुखी क्यों है? मैं तो इतना सुखी नहीं। यह भी मेरी तरह कष्ट क्यों नहीं पा रहा? यह भाव आते ही हम उसे कष्ट पहुंचाने का विचार करने लगते हैं। यही नकारात्मक भाव हमें कष्ट देने वाला बन जाता है। हम योजनाएं बनाते हैं अन्य को कष्ट पहुंचाने की, किन्तु वह कष्ट पहले हम अनुभव करते हैं। यही नकारात्मकता हमारे जीवन में छा जाती है तथा सदा के लिए हम दु:खी जीवन जीने के लिए विवश होते हैं। यदि हम चाहते हैं कि दूसरे के सुख को देखकर हमें पीड़ा न हो तो हमे उसे मित्र बना लेना चाहिए। मित्रभाव से उसकी उन्नति, उसका वैभव देखेंगे तो अच्छा लगेगा। क्योंकि मित्र का सुख अपना सुख तथा उसका दु:ख अपना दु:ख प्रतीत होता है। मित्र का बुरा कोई नहीं चाहता। यदि कोई मित्र का बुरा चाहता है तो वह मित्र नहीं है। मित्र तो मित्र के सुख के लिए अपना सुख त्याग देता है। इस प्रकार का भाव आने पर सुखी व्यक्ति का सुख हमें भी सुख देगा। तथा नकारात्मक भाव नष्ट हो जाएगा।

करुणा-दु:खी व्यक्ति के प्रति करुणा का भाव हृदय में हो तो दूसरे के कष्ट को दूर करने का विचार आयेगा लेकिन प्राय: हम दूसरे के दु:ख को अपना दु:ख नहीं समझते। अत: हमें दूसरे के कष्ट में कष्ट की अनुभूति नहीं होती। उसके प्रति अपनत्व होगा तो कष्ट होगा। सर्वात्मभाव की साधना करने वाले

---

२२ कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धि क्षयात्तपस:। योगसूत्र २/४३

२३ वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम्। योगसूत्र २/३३

२४ मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदु:ख पुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम्। योगसूत्र १/३३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति को उसके कष्ट में कष्ट की अनुभूति होगी तथा वह उसे दूर करने का प्रयास करेगा। ऐसा व्यक्ति नकारात्मक विचारधारा से सर्वथा बचा रहेगा। भिखारी विकलांग, अनाथ, असहाय को देखकर उनकी सहायता के लिए वह सदा तत्पर रहेगा। परमात्मा को करुणा सागर इसलिए कहा गया है क्योंकि वह सभी दु:खियों का आश्रय है। कष्ट की अवस्था में सभी उसको पुकारते हैं। मनुष्य का हृदय भी करुणापूरित हो जाए तो वह भी आत्मकल्याण के अवरुद्ध मार्ग को खोलकर चरम लक्ष्य मोक्ष तक सहज ही पहुंच सकता है। उसके लिए यह सारी सृष्टि प्रेम रस में सराबोर हो जाती है तथा वह उसमें डूबकर आनन्द लेता रहता है। उसके सान्निध्य में सबको सुख की ही प्राप्ति होगी।

मुदिता- पुण्यशाली को देखकर प्रसन्न होना। प्राय: किसी पुण्यात्मा द्वारा किए गए कार्य को देखकर हम उसमें कमी निकालते हैं। यह भाव नकारात्मक विचारधारा के कारण आया है। यदि हम विचार करें कि उक्त व्यक्ति ने स्कूल, कालेज, धर्मशाला, अस्पताल, प्याऊ, सड़क आदि जनता के भले के लिए बनवाये हैं। इसमें उसका अपना स्वार्थ नहीं है। हम तो इतना भी नहीं कर रहे हैं। उसने जो भी किया है, जनता के लिए किया है। अत: उसकी प्रशंसा करनी चाहिए। उसके कार्य को देखकर प्रसन्न होना चाहिए। तब हमारी नकारात्मकता दूर होगी।

उपेक्षा- पापी को देखकर उसकी उपेक्षा करना। पापी को देखकर हम उसकी बुराईयों को गिनाने लगते हैं। यही नहीं, उसे दण्ड देने को भी उद्यत हो जाते हैं। दण्ड देने की व्यवस्था शासन की है। हमें उसके ऊपर विचार नहीं करना चाहिए। यह सोचकर उसे छोड़ देना चाहिए कि शासन इसे दण्डित करेगा। यदि समझाने से उसमें कुछ परिवर्तन दिखाई पड़ता है तो प्रयास करने में बुराई नहीं है।

योगसूत्र में बताए यम-नियमों तथा इन भावनाओं के माध्यम से हम जीवन में सकारात्मक चिन्तन को बढ़ा सकते हैं तथा नकारात्मक चिन्तन को दूर किया जा सकता है। योगसूत्र के इन सिद्धान्तों के द्वारा वेद के संदेश को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। तभी वास्तव में मनुष्य कहलाने के अधिकारी होंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०७५-८०) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता

प्रो० सत्यदेव निगमालंकार[1]

स शब्द अव्यय है, जिसके अर्थ हैं-सह, सम्, तुल्य या सदृश और एक अथवा समान शब्दों के स्थान पर आदेश होने वाला उपसर्ग, जो विशेषण अथवा क्रियाविशेषण बनाने के लिये संज्ञा शब्दों के साथ समास में प्रयुक्त होकर, निम्नांकित अर्थ प्रकट करता है-

१. के साथ, मिलाकर, के साथ-साथ, संयुक्त होकर, युक्त, यथा-सहित, सपुत्र, सभार्य, सतृष्ण, सघन, सरोषम्, सकोपम्, सहरि आदि।

२. समान, सदृश, सधर्मन्, समान प्रकृति का, इसी प्रकार सजाति, सवर्ण।

३. वही, सोदर, सपक्ष, सपिण्ड, सनाभि आदि।

कोषकारों ने स अव्यय का अर्थ सांप, वायु, हवा, पक्षी, षड्ज नामक संगीत स्वर का संक्षिप्त, शिव का नाम, विष्णु का नाम भी बताया है।[2] यद्यपि स अक्षर देवनागरी वर्णमाला का ३२वां और ऊष्मवर्ग का तीसरा व्यञ्जन वर्ण है, जिसका उच्चारण स्थान दन्त है, इसलिये इसे दन्त स कहते हैं।[3] यह वर्ण जब किसी पद के आदि में प्रयुक्त होवे, तब वहाँ विभिन्न अर्थों को प्रदान करता है। इसी प्रकार कार शब्द काम, कार्य, करने वाला, क्रिया, प्रयत्न, व्रतानुष्ठान, पति, स्वामी, संकल्प, शक्ति, कर, बर्फ का ढेर, हिमालय, वध, ओले से उत्पन्न जल, गाड़ी, मोटरगाड़ी अर्थों में तो प्रयुक्त होता ही है किन्तु वर्ण के अन्त में उसके उच्चारण के साथ भी प्रयुक्त होता है।[4] स्वानुकारी शब्द के अन्त में उसकी ध्वनि के अर्थ में भी इसका प्रयोग होता है। कार पद विशेषण है, जो कृ धातु से अण् अथवा घञ् प्रत्यय करके सिद्ध होता है, जिसके बनाने वाला, करने वाला, सम्पादन करने वाला, कार्य करने वाला, निर्माता, कर्ता, रचयिता आदि अर्थ निकल जाते हैं।[5] कृत्य कार्य जैसा कि पुरुषकारः में, किसी ऐसी ध्वनि या शब्द को प्रकट करने वाला पद, जो विभक्तिचिह्न से युक्त न हो, जैसे कि अकार[6], ककार, फुत्कार आदि। प्रयास, चेष्टा अर्थों में भी इसका प्रयोग होता है।[7] धार्मिक तप, पति, स्वामी, मालिक, संकल्प, शक्ति, सामर्थ्य, कर या चुंगी, हिम का ढेर,

---

१. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष-श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ संस्कृत हिन्दीकोश, वामनशिवराम आप्टे, भारतीय विद्या प्रकाशन, सं०१९९९, पृ०१०४५

३ लृतुलसानां दन्तः,

४ जैसे ककार, टकार, चकार, तकार, पकार

५ जैसे ग्रन्थकारः=रचयिता, कुम्भकारः=घड़े को बनाने वाला, स्वर्णकार=सुनार आदि

६ मनु०२.७६, १२६

७ शिशुपालवधम्-१९.२७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिमालय पर्वत अर्थों में भी कोषकारों ने इसे माना है।[८]

इस प्रकार स एवं कार पद के प्रयोग से सकार शब्द सिद्ध हुआ। इसी से सकारात्मक शब्द बनता है, जो वर्तमान में आशावादिता युक्त अर्थ को विशेष रूप से देता है। आशावादिता से अभिप्राय सही दिशा एवं सही चिन्तन से है, जिसका अर्थ उन्नति एवं नैराश्यरहितता कहा जायेगा। मनुष्य का जीवन कम से कम १०० वर्ष तक का माना गया है।[९] इस जीवन के काल में प्रत्येक प्राणी के अन्दर आशा और निराशा के सागर लहरें मारते हैं। अनेकों बार मनुष्य आपत्तियों से हतोत्साहित होकर सौ वर्ष की जीने की कल्पना को चकनाचूर करते हुए स्वयं को समाप्त कर देना चाहता है। उस समय उसे वेद एवं उपनिषद् का मूल चिन्तन जो सकारात्मक रूप से हुआ है, आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। ये साहित्य ही नहीं अपितु वह ज्ञान है जिनका प्रकाश जीवनयात्रा की घटा को अन्धकारपूर्ण रात्रि में हजारों सालों से पथिक के मार्ग को प्रकाशित करता रहा है। मैं किधर जाऊँ, मेरा सही रास्ता कौनसा है? सहस्रों पगड़ण्डियों में से किस मार्ग पर चलने से मैं अपने गन्तव्य तक पहुंच सकता हूं? इस प्रकार के प्रश्न जैसे प्राचीनकाल में नचिकेता के हृदय में उठे थे और मेत्रैयी ने जिन प्रश्नों को अपने हृदय में चिन्तन किया था, वैसे ही आज भी प्रत्येक मानव के समक्ष ये प्रश्न विशाल हिमालय बनकर मार्ग रोके खड़े रहते हैं। परन्तु आज के उत्तर से नचिकेता और मेत्रैयी को इन प्रश्नों का भिन्न उत्तर अवश्य मिला था और वे हमसे भिन्न मार्ग पर चले भी थे। यह नहीं है कि वे उस मार्ग पर चल नहीं सकते थे, जिस मार्ग पर आज का मानव चलते हुए स्वयं को बहुत बड़ा अनुभव कर रहा है। भौतिकवादी मार्ग पर चलने की भी उन्हें छूट दी हुई थी, परन्तु उन्होंने इस मार्ग को यह कहकर छोड़ दिया कि मनुष्य की धन-धान्य से अन्तिम तृप्ति नहीं हो सकती।[१०] यह रुपया-पैसा किसी भी व्यक्ति के हृदय की पीड़ा को दूर नहीं कर सकता। यह युवावस्था आनन्द नहीं दे सकती।[११] इस प्रकार कुछ सकारात्मक चिन्तन के प्रति ऋषियों का दृष्टिकोण है, जो सकारात्मक नित्य नई-नई ऊर्जा को देता है। ये वेद प्रत्यक्ष रूप से आंख का काम करते हैं। जिस प्रकार आंख हमें किसी भी वस्तु का प्रत्यक्ष करा देती है, उसी प्रकार ये वेद हैं, जिनसे ज्ञान और विज्ञान का प्रत्यक्षीकरण होकर व्यक्ति सही दिशा में सोचता है।[१२] वस्तुतः लौकिक वस्तुओं के साक्षात्कार के लिये नेत्र की उपयोगिता सर्वोपरि है। इसी प्रकार अलौकिक तत्त्वों के रहस्य को जानने के लिये वेद हैं। निराशा से भरे हुए क्षणों में मानव को इष्ट की प्राप्ति कराने वाला अर्थात् सकारात्मक दृष्टिकोण देने वाला तथा नकारात्मक दृष्टिकोण का विनाश करने वाला वेद है।[१३] इन वेदों का वेदत्व इसी से परिलक्षित होता है कि वह प्रत्यक्ष अथवा

---

८ संस्कृत हिन्दीकोश, वामनशिवराम आप्टे, भारतीय विद्या प्रकाशन, सं०१९९९, पृ०२६८।

९ जीवेमः शरदः शतम्-शुक्लयजुर्वेद

१० न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्वा। जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं वर्षतु मे वरणीयः स एव॥ कठ०उप०१.२७।

११ अजीर्यताममृततानामुपेत्य जीर्यन्मर्त्यः क्वधःस्थः प्रजानन्। अभिध्यायन्वर्णरतिप्रमोदानतिदीर्घे जीविते को रमेत॥ कठ०उप०१.२८

१२ पितृदेवमनुष्याणां वेदश्चक्षु सनातनम्। अशक्यं चाप्रमेयं च वेदशास्त्रमिति स्थितिः॥ मनु०१२.९४॥

१३ इष्टप्राप्तयनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो वेदयति स वेदः। ऋग्०भा०भूमिका, सायणाचार्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुमान के माध्यम से दुर्बोध तथा अज्ञेय उपायों का भी ज्ञान स्वयं कराता है।[१४] यतोहि ये वेद मनुष्य को निराशाओं के समुद्र से निकाल कर आशाओं का मार्गप्रशस्त करते हैं। आशावादी मानव आगे बढ़ता है, नकारात्मक चिन्तन वाला मनुष्य अधोगति को प्राप्त होता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के द्वारा वेदों का अध्ययन और इसी में परिश्रम करने का निर्देश इसीलिये दिया गया है जिससे कि वह शूद्रभाव को अर्थात् नैराश्य को प्राप्त न होवे। इन लोगों का जीवन तभी सफल माना गया है जब वे इनका अध्ययन करते हुए आगे बढ़े, अन्यथा व्यक्ति कष्टों में पड़कर दु:ख का उपभोग करता है। अत: सभी को अध्ययन करने का प्रयास करने की प्रेरणा दी गयी है।[१५] वेदों का अध्ययन मानव को प्रकाश देता है। यह निराशा के हिलोरों से निकालकर उसे आशावादी बनाता है। मानव ब्रह्मचारी, गृहस्थी, वानप्रस्थी अथवा संन्यासी हो अथवा वह किसी भी आश्रम में निवास कर रहा हो, यदि वह वेदों का स्वाध्याय करता है, वह प्रकाशवान् बनता चला जाता है। आशावादी हो जाता है।[१६] इसलिये स्मृतिकार ने ऐसे सकारात्मक मार्ग का ज्ञान देनें वाले मनुष्यों में गतिशीलता बनाये रखने वाले और कर्म करते हुए आगे बढ़ने वाले ज्ञान का उपदेश देने वाले ऋग्यजुसाम-अथर्ववेदों की निन्दा करने वाले को नास्तिक कहा है।[१७] यदि वेदों का ज्ञान मानव के हृदय में न हो तब वह निराशा के मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। इसलिये महर्षि याज्ञवल्क्य ने वेद की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा कि धन से परिपूर्ण पृथिवी के दान करने से जितना फल होता है, वेदों के अध्ययन से उससे बढ़कर अविनाशी, अक्षयलोक को मनुष्य प्राप्त करता है।[१८]

जिस प्रकार वेद संहितायें मानव को सकारात्मक चिन्तन की दिशा में प्रेरित करती हैं और उसे आशावादी बनाती है, इसी प्रकार उपनिषद् भी दार्शनिक चिन्तन के माध्यम से मानव में उन सकारात्मक किरणों को प्रकट करती हैं, जिनसे वह आनन्दपूर्वक जीवन व्यतीत करता है। ये उपनिषदें काल से अनवच्छिन्न हैं। काल की पुराणता इन्हें जीर्ण नहीं कर सकती, संसार के सभी तत्त्वों को काल परिवर्तित कर सकता है। किन्तु उपनिषदों में जिन सिद्धान्तों को ऋषियों ने प्रतिपादित किया है वे भूत, भविष्य तथा वर्तमान काल में भी अपरिवर्तनीय हैं। वे सिद्धान्त सार्वभौमिक हैं, सार्वकालिक हैं और सर्वजन हितकारी हैं। अध्यात्मविद्या केवल साधारण ज्ञान ही नहीं है, किन्तु एक महाविज्ञान हैं। मानव मस्तिष्क की सर्वोत्तम उपलब्धि ये उपनिषदें हैं।[१९] यह उपनिषद् साहित्य वह अध्यात्मिक मानसरोवर है, जिससे ज्ञान की भिन्न भिन्न सरितायें निकल कर इस पुण्यभूमि में मानव मात्र के ऐहिक कल्याण तथा आमुष्मिक मंगल के लिये प्रवाहित होती हैं। वैदिक धर्म की मूलतत्त्व प्रतिपादिका प्रस्थानत्रयी में मुख्य उपनिषद् ही हैं। अन्य प्रस्थान

---

१४ प्रत्येक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न विद्यते। एतं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता॥ ऋग्०भा०भू०, सायणाचार्य

१५ योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्। स जीवन्नैव शूद्रमाशु गच्छति सान्वय:। मनु०२.१६८॥

१६ वेदशास्त्रार्थतत्त्वज्ञो यत्र कुत्राश्रमे वसन्। इहैव लोके तिष्ठन् स ब्रह्मभूयाय कल्पते॥ मनु०१२.१०२॥

१७ नास्तिको वेदनिन्दक:। मनु०॥

१८ यावन्तं ह वै इमाम पृथिवीं वित्तेन पूर्णां ददत् लोके जयति, त्रिभिस्तावन्तं जयति, भूयांसम् चाक्षय्यं च य एवं विद्वान् अहरह: स्वाध्यायमधीते, तस्माद् स्वाध्यायो अध्येतव्य:। शत०ब्रां०११.५.६.१॥

१९ छान्दोग्योपनिषद् : एक अध्ययन, प्रो० सत्यदेव बत्रा, प्रथम अध्याय, विषय-प्रवेश।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गीता तथा ब्रह्मसूत्र उसी के ऊपर आश्रित हैं। भारतवर्ष में उदय लेने वाले समस्त दर्शनों का सांख्य तथा वेदान्त आदि का भी यह मूल ग्रन्थ नहीं है अपितु जैन तथा बौद्ध दर्शनों के भी मौलिक तथ्यों की भी आधारशिला यही हैं। उपनिषद् का इसलिये भारतीय संस्कृति से अविच्छेद्य सम्बन्ध है। इनके अध्ययन से इस संस्कृति के आध्यात्मिक रूप का सच्चा परिचय हमें उपलब्ध होता है। इसीलिये जब से किसी विदेशी विद्वान् को इसके पढ़ने तथा मनन करने का अवसर मिला है, तब से वह इनकी समुन्नत विचारधारा, उदात्त चिन्तन, धार्मिक अनुभूति तथा आध्यात्मिक जगत् की रहस्यमयी अभिव्यक्तियों को शतमुख से प्रशंसा करता आया है।[२०]

उक्त पंक्तियों से यह ज्ञात होता है कि ये उपनिषदें मनुष्य को सकारात्मक चिन्तन की दिशा दार्शनिक सूत्रों के माध्यम से जितनी औपनिषदिक काल में दिया करती थी, आज भी संसार जब भौतिकता के पीछे आँख बन्द करके भागा जा रहा है, इनकी उपयोगिता पूर्व से भी अधिक बन पड़ती है। इन विचारों को न केवल हम भारतीय ही कह रहे हैं, अपितु मैक्समूलर ने अपनी पुस्तक[२१] में लिखा है-

'अगर मैं विश्वभर में से उस देश को ढूंढने के लिये चारों दिशाओं में आँखें उठाकर देखूँ जिस पर प्रकृतिदेवी ने अपना सम्पूर्ण वैभव, पराक्रम तथा सौन्दर्य खुले हाथों से लुटाकर उसे पृथिवी का स्वर्ग बना दिया है, तो मेरी अंगुली भारत की ओर उठेगी। अगर मुझसे पूछा जाये कि अन्तरिक्ष के नीचे कौनसा वह स्थल है जहाँ मानव के मानस ने अपने अन्तराल में निहित ईश्वरप्रदत्त अन्यतम सद्भावों को पूर्णरूप से विकसित किया है, गहराई से उतरकर जीवन की कठिनतम समस्याओं पर विचार किया है, उनमें से अनेकों को इस प्रकार सुलझाया है जिसको जानकर प्लेटो तथा कॉण्ट का अध्ययन करने वाले मनीषी भी आश्चर्यचकित रह जाएँ तो मेरी अंगुली भारत की तरफ उठेगी और अगर मैं अपने से पूछूँ कि हम यूरोपवासी जो अब तक केवल ग्रीक, रोमन तथा यहूदी विचारों में पलते रहें हैं, किस साहित्य से प्रेरणा ले सकते हैं, जो हमारे भीतरी जीवन का परिशोध करे, उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करे, व्यापक बनाये, विश्वजनीय बनाये, सही अर्थों में मानवीय बनाये, जिससे हमारे इस पार्थिव-जीवन को ही नहीं, अपितु हमारी सनातन आत्मा को भी प्रेरणा मिले, तो फिर मेरी अंगुली भारत की ओर उठेगी।[२२]

---

२० वैदिक साहित्य और संस्कृति, आचार्य बलदेव उपाध्याय, नवम परिच्छेद, उपनिषद् खण्ड।

२१ इण्डिया ह्वाट् केन इट टीच अस

२२ If I were to look over the whole world to find out the country most richly endowed with all the wealth, power and beauty that nature can bestow-in some part a very paradise on earth- I should point to India. If I were asked under what sky the human mind has most fully developed some of its choicest gifts, has most deeply pondered on the greatest problems of life and has pound solutions of some of them which well deserve the attention even those who have studied Plato and Kant-should point to India. And if I were to ask myself from what literature we, here in Europe, we who have been nurtured almost exclusively on the thoughts of greeks and Romans, and of one Semitic race, the Jewish, may draw that corrective which is most wanted in order

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक शोपनहॉवर का कथन था कि 'विश्व के सम्पूर्ण साहित्य भण्डार में किसी ग्रन्थ का अध्ययन मानव के विकास के लिये इतना हितकर तथा ऊँचा उठाने वाला नहीं है, जितना उपनिषदों का अध्ययन। इसके अध्ययन से मुझे जीवन में शान्ति मिली है, इनके ही अध्ययन से मुझे मृत्यु के समय भी शान्ति प्राप्त होगी।'[२३]

शोपन हॉवर के इन शब्दों का उल्लेख करते हुए मैक्समूलर ने लिखा है-'अगर शोपनहॉवर की इस भावना का समर्थन करने की आवश्यकता हो, तो दर्शन तथा धर्म के अध्ययन में व्यस्त अपने दीर्घजीवन के अनुभव के आधार पर मैं इन शब्दों का सहर्ष अनुमोदन करता हूँ।'[२४]

शाहजहाँ का ज्येष्ठ पुत्र और औरंगजेब का ज्येष्ठ भ्राता दाराशिकोह उपनिषदों पर इतना लट्टू था कि काशी के कुछ पण्डितों को बुलाकर लगातार छः मास तक उनकी व्याख्या सुनता रहा। सन् १६५६ ई० में उसने इनका फारसी भाषा में अनुवाद किया। दारा के इसी भाषान्तर को फ्रेंच विद्वान् एन्क्विटिल ड्यू पैरो ने पढ़ा और पढ़कर उसे प्राच्यशास्त्रों को पढ़ने की रुचि हुई। उपनिषदों के फारसी अनुवाद के आधार पर ही एन्क्विटिल ड्यू पैरो ने १८०१ ईसवीं में इनका लैटिन में अनुवाद किया। इस प्रकार दारा मुस्लिम एवं एन्क्विटिल द्वारा ईसाई जगत् में उपनिषदों की विचारधारा का इतना जबर्दस्त सिक्का जमा कि पूर्व तथा पश्चिम में इन ग्रन्थों को अत्यन्त श्रद्धा से पढ़ा जाने लगा।

अरस्तु, दाराशिकोह, मैक्समूलर तथा शोपनहॉवर ने जिस भारतीय विचारधारा से प्रेरणा ग्रहण की थी उसका स्रोत वेद, उपनिषद् और दर्शन हैं। इन्हीं की वाणी को हमने वैदिक विचारधारा कहा है। वैदिक विचारधारा का सार यह है कि भौतिक दृष्टि से कितना भी उन्नत हो जाये, चाँद पर उतरे, कितना ही समृद्ध हो जाये, धन-कुबेर हो जाये, यह विश्व भौतिक दृष्टि से कितनी भी उन्नति प्राप्त कर ले, संसार में सम्पत्ति का इतना ढेर लग जाये कि बाँटे न बँटे, परन्तु अगर व्यक्ति आध्यात्मिक दृष्टि से दरिद्र रहा, विश्व आध्यात्मिकता से शून्य रहा तो इस पृथिवी पर मानव और सम्पूर्ण विश्व कहने को उन्नत तथा समृद्ध होता हुआ भी द्ररिद्र का द्ररिद्र ही रहेगा। आध्यात्मिक दृष्टि का यह अर्थ नहीं है कि संसार को हम मिथ्या कहें, धन-सम्पत्ति को बेकार कहें। इसका इतना ही अर्थ है कि मानव में शरीर यथार्थ है, परन्तु शरीर के साथ शरीरेतर आत्मा भी यथार्थ है। चराचर जगत् में यह भौतिक-जगत् यथार्थ है, परन्तु इस पञ्चभौतिक जगत् के साथ इसमें जीव का संचार करने वाला जगदितर परमात्मा भी यथार्थ है, इसी का नाम सकारात्मक है।

---

to make inner life more perfect, more comprehensive, more universal in fact more truly human, a life, not for this life only, but a transfigured and eternal life-again I should point it to India. Maxmuller-India, What can it teach us.

२३ In the whole world there is no study so beneficial and so elevating as that of the upanishads. It has been the solace of my life, it will be the solace of my death. - Schopenhaur

२४ If these words of schopenhaur required any endorsement I shall willingly give it as the result of my own experience during a long life devoted to the study of many philosophies and many religions.. Max Muller.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर से चलकर शरीर तक ही रुक जाना, इससे प्रारम्भ कर इस सृष्टि में ही अटक जाना-यह दृष्टि अयथार्थ है। इसी का नाम नकारात्मक है। जब तक सब इसमें अटक जाते हैं; तब यह कहने की जरूरत पड़ जाती है कि जो दीख रहा है, जिसमें प्राणी उलझ जाता है, वह यथार्थ होता हुआ भी अयथार्थ है, सत्य होता हुआ भी मिथ्या है, क्योंकि हम इसमें प्राणों का संचार करने वाली सत्ता को भूलकर इसी को यथार्थ मान बैठते हैं।[२५]

इस प्रकार वेदसंहिताओं और उपनिषदों में मनुष्य के सकारात्मक चिन्तन को दार्शनिक तत्त्वों के माध्यम से दिखाया गया है, जिनसे मानव को आगे बढ़ने की और जीने की कला प्राप्त होती है। इनके आश्रय से मानव सुख-समृद्धि और आनन्द का रस प्राप्त करते हुए निरन्तर उन्नति करता है। वर्तमान में जहाँ मानव भौतिकता के समुद्र में गोते खा रहा है वहीं वह वेद तथा उपनिषद्वाङ्मय का परित्याग कर कष्टों को झेल रहा है। अतः सुख और शान्ति के लिये वर्तमान काल में भी वेद तथा उपनिषदों की प्रासंगिकता पूर्व से भी अधिक जान पड़ती है।

---

२५ वैदिक विचारधारा का वैज्ञानिक आधार-सत्यव्रत सिद्धान्तालङ्कार, भूमिका।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०८१-८४) ISSN 0974 – 8830

वेद एवं उपनिषद् साहित्य में सकारात्मक चिन्तन

श्रीमती अनिता स्नातिका[१]

डॉ. श्रीमती अमृता[२]

वेद भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान के मूल स्रोत हैं। इन वेदों का बहुत विस्तृत साहित्य है, जिन्हें इनके व्याख्या-ग्रन्थ अथवा ज्ञानग्रन्थ माना गया है। उस समस्त साहित्य का नाम वैदिक साहित्य है। जिसके अन्तर्गत ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् और वेदाङ्ग आते हैं। ब्राह्मण वेदों के कर्मकाण्डभाग का तथा उपनिषद् ज्ञानकाण्ड का प्रतिपादन करते हैं। प्रस्तुत शोध-लेख में वेद तथा उपनिषद् के माध्यम से मानवीय जीवन में सकारात्मक अर्थात् आशावादिता के जीवन को प्रदर्शित किया जा रहा है।

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद वेदसंहिताओं में तथा ईश-केन-कठ-प्रश्न-मुण्डक-माण्डूक्य-ऐतरेय-तैत्तिरीय-छान्दोग्य-बृहदारण्यक और श्वेताश्वतर उपनिषद् साहित्य में माने जाते हैं। वेद तथा उपनिषदों के ज्ञान से यह सुनिश्चित हो जाता है कि ये मानव को सकारात्मक चिन्तन की दिशा में दिशा-निर्देश देते हैं। प्राचीनकाल से भारतीय समाज का वैयक्तिक, सामाजिक व्यवस्था तथा राष्ट्रिय-संगठन इस साहित्य की दृढ़ आधारशिला पर अवलम्बित रहा है। अत: भारतीय सभ्यता और संस्कृति के सम्पूर्ण पक्षों के परिज्ञान के लिये इस साहित्य का अध्ययन, अध्यापन, चिन्तन और मनन जहाँ आवश्यक है, वहीं जीने की कला को सिखाने वाला यह साहित्य सर्वतोमान्य है। यह साहित्य आर्यों का सर्वस्व है। जिस प्रकार सूर्य स्वयं प्रकाशित होता हुआ, जगत् के अन्य पदार्थों को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार यह साहित्य भी समाज को नूतन दिशा देता है। यह सभी विद्याओं का कोश है। इसी के आधार पर अन्य विद्याओं का विकास हुआ है।[३]

संसार के सभी विद्वानों ने एकमत होकर वेद एवं उपनिषदों की प्रशंसा इसीलिये की है क्योंकि इनसे मानव का सकारात्मक चिन्तन उपलब्ध होता है। महर्षि मनु तो वेदों को पितरों, देवताओं तथा मनुष्यों का सनातन-चक्षु इसीलिये घोषित करते हैं क्योंकि अज्ञान अर्थात् निराशा के समय भी यह आशा की किरणों को प्रदान करता है।[४] लौकिक वस्तुओं के साक्षात्कार के लिये जिस प्रकार इन आँखों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार अलौकिक तत्त्वों अर्थात् अदृश्यमान् पदार्थों के रहस्य को जानने के लिये वेदों की उपयोगिता है। जो हम चाहते हैं, उसकी उपलब्धि में तथा जो नहीं चाहते हैं उसके परिहार के लिये अलौकिक मार्ग को सुझाने वाला यह साहित्य ही है।[५] वेद का वेदत्व इसी में है कि वह प्रत्यक्ष या

---

१. शोधच्छात्रा-संस्कृतविभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२. के.जी.एम. परिसर, देहरादून (उत्तराखण्ड)
३. न वेदशास्त्रदन्यत्तु किञ्चिच्छास्त्रं हि विद्यते। निस्सृतं सर्वशास्त्रं तु वेदशास्त्रात् सनातनात्॥ याज्ञ०स्मृ०
४ पितृदेवमनुष्याणां वेदश्चक्षु सनातनम्। अशक्यं चाप्रमेयं च वेदशास्त्रमिति स्थिति:॥ मनु०१२.९४॥
५ इष्टप्राप्तयनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो वेदयति स वेद:। ऋग्०भा०भूमिका, सायणाचार्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुमान के द्वारा दुर्बोध तथा अज्ञेय उपाय का ज्ञान स्वयं कराता है।[६]

मानवजीवन में सुख एवं दुःख निरन्तर बने रहते हैं, इन दुःखों से उभारने का उपाय उपनिषदें निरन्तर बताती रहती हैं। इसलिये जर्मन के विद्वान् दार्शनिक शोपनहावर ने कहा था-

'विश्व के सम्पूर्ण साहित्य भण्डार में किसी ग्रन्थ का अध्ययन मानव के विकास के लिये इतना हितकर तथा ऊँचा उठाने वाला नहीं है, जितना उपनिषदों का अध्ययन। इसके अध्ययन से मुझे जीवन में शान्ति मिली है, इनके ही अध्ययन से मुझे मृत्यु के समय भी शान्ति प्राप्त होगी।'[७]

मानवीय जीवन में दुःख, हानि, मृत्यु, अपयश आदि हीन भावनाओं से अथवा अज्ञान से या अविद्या से उभारने का उपाय वेद एवं उपनिषद् ही हैं। इन्हें हम वैदिक विचारधारा के नाम से भी जानते हैं। वैदिक विचारधारा में वेद, उपनिषद् और दर्शन साहित्य का समागम हो जाता है। वैदिक विचारधारा का सार क्या है? इस प्रश्न का उत्तर है कि व्यक्ति भौतिक दृष्टि से कितना ही उन्नत हो जाये, चांद पर उतरे, कितना भी समृद्ध हो जाये, धन-कुबेर हो जाये, यह विश्व भी भौतिकदृष्टि से कितनी भी उन्नति कर ले, संसार में सम्पत्ति का इतना ढेर लग जाये, कि बांटे न बंटे, किन्तु अगर व्यक्ति सकारात्मक दृष्टि से दरिद्र रहा तो विश्व निराशा के कारण से शून्य हो जायेगा। इस पृथिवी का मानव और सम्पूर्ण विश्व कहने को उन्नत तथा समृद्ध होता हुआ भी दरिद्र बना रहेगा। यह साहित्य हमें सकारात्मक सोच अपने अध्यात्मज्ञान के द्वारा प्रदान करता है। आध्यात्मिक दृष्टि का यह अर्थ नहीं है कि संसार को हम मिथ्या कहें, धन-सम्पत्ति को बेकार कहें, इसका इतना ही अर्थ है कि मानव में शरीर यथार्थ है। परन्तु शरीर के साथ शरीरेतर आत्मा भी यथार्थ है। चराचर जगत् में यह भौतिक जगत् यथार्थ है, परन्तु इस पञ्चभौतिक जगत् के साथ इसमें जीव का संचार करने वाला जगदितर परमात्मा भी यथार्थ है। शरीर से चलकर शरीर तक ही रुक जाना इससे प्रारम्भ कर इस सृष्टि में ही अटक जाना यह दृष्टि अयथार्थ है और ज़ब हम सब इसमें अटक जाते हैं तब यह कहने की जरूरत पड़ती है, कि जो दीख रहा है, जिसमें प्राणी उलझ जाता है, वह यथार्थ होता हुआ भी अयथार्थ है; सत्य होता हुआ भी मिथ्या है; क्योंकि हम इसमें प्राण डालने वाली सत्ता को भूलकर इसी को यथार्थ मान बैठे हैं।[८] यह यथार्थ ही सकारात्मक है, अयथार्थ नकारात्मक है। जब हम आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं और बढ़ते चले जाते हैं, पीछे मुड़कर नहीं देखते, वह आगे बढ़ने की अर्थात् शोध की अर्थात् आशा की दृष्टि ही यथार्थ अर्थात् सकारात्मक है। इस सकारात्मक दृष्टि से मानव प्रेरित होकर उन्नति करता है, जागरूक रहता है, उच्च-शिखर को प्राप्त करता है, रुकता नहीं है, निरन्तर चलता जाता है, चलते-चलते वह मधु को प्राप्त करता है। मधु ही उद्देश्य है, मधु ही लक्ष्य है और

---

६ प्रत्येक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न विद्यते। एतं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।। ऋग्०भा०भू०, सायणाचार्य

७ In the whole world there is no study so beneficial and so elevating as that of the upanishads. It has been the solace of my life, it will be the solace of my death. - Schopenhaur

८ वैदिक विचारधारा का वैज्ञानिक आधार, सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, भूमिका में।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मधु ही अन्तिम सोपान है।[९]

वेद स्वयं में ज्ञान, लाभ, सत्ता और गति आदि अर्थों को इसीलिये प्रदान कर रहा है कि उसमें वह सकारात्मक चिन्तन मन्त्रों के माध्यम से मानव को दिया गया है, जिससे ज्ञान की प्राप्ति होती है, जिससे संसार में लाभ होता है, जो स्वयं की सत्ता को पहचानता है और इनके माध्यम से वह अपनी गति को निरन्तर बनाये रखता है।[१०] उपनिषद् साहित्य भी उप और नि उपसर्ग पूर्वक सद् धातु से क्विप् प्रत्यय लगाकर निष्पन्न हुआ है। सद् धातु विशरण, गति और अवसान इन तीन अर्थों में प्रयुक्त होती है।[११] इन तीन अर्थों में उपनिषद् शब्द का अर्थ निर्वचन के रूप में आचार्य शंकर ने कठोपनिषद् भाष्य में किया है। विशरण का अर्थ विनाश करना ये उपनिषद् अविद्या आदि संसार बीज का विनाश करती हैं अर्थात् मानव के जीवन में जो निराशायें छा जाती हैं, उन निराशाओं का विनाश कर आशाओं को प्रदान करती हैं, तब जाकर परब्रह्म की प्राप्ति कराती हैं तथा जन्म-मरण के बन्धन का अवसादन अर्थात् समाप्ति करती है। इसीलिये उपनिषद् कहलाती हैं।[१२] उपनिषद् शब्द का अर्थ मुख्य वृत्ति के ग्रहण करने पर ब्रह्मविद्या इसीलिये प्रदान किया गया क्योंकि ब्रह्मविद्या तक पहुंचने के लिये व्यक्ति को सकारात्मक चिन्तन करना पड़ता है, वह दुःखों का अन्त देखता है, अपयश की हानि करना सोचता है और स्वयं में गति लाता है।

जब मनुष्य काम, क्रोध आदि मनोवृत्तियों के वशीभूत होकर किसी प्राणी को शारीरिक, वाचिक अथवा किसी भी प्रकार से पीड़ा पहुंचाने का प्रयास करता है, वह हिंसा कहलाती है। उस हिंसा से वह अन्य को उत्पीड़ित करने से पहले स्वयं दुःख का अनुभव करता है। इसलिये कहा गया है कि अहिंसा ही परम-धर्म है।[१३] प्रत्येक व्यक्ति कष्टों से घबराता है और उनसे बचना चाहता है। अतः प्रत्येक प्राणी को अपने सदृश समझना चाहिये। यदि कोई व्यक्ति प्राणिमात्र में निजस्वरूप को देखता है तो वह किसी से द्वेष नहीं करता।[१४] उस व्यक्ति को न मोह होता और न शोक होता।[१५] यहाँ पर व्यक्ति को स्वयं के समान सुख-दुःख, हानि-लाभ आदि की स्थिति अन्य प्राणियों में भी देखने की दृष्टि को बताया गया है। इस कार्य से व्यक्ति निरन्तर सकारात्मक ही सोचता है।

---

९ चरन् वै मधु विन्दति, चरन् वित्तम्, चरन् श्रुतम्। ऐतरेय उपनिषद्।

१० विद् ज्ञाने, विद्-विचारणे, विद् सत्तायाम, विद्लृ-लाभे।

११ षद्लृ-विशरणगत्यवसादनेषु, धातुपाठ।

१२ विद्यादेः संसारबीजस्य विशरणाद् विनाशाद् परं ब्रह्म वा गमयतीति ब्रह्म गमयितृत्वेन योगात् गर्भवासजन्मजराद्युपद्रववृन्दस्य लोकान्तरे पौनः पुन्येन प्रवृत्तस्य अवसादयितृत्वेन वा ब्रह्मविद्या उपनिषद्- कठ०उप०शां०भा०

१३ अहिंसा परमो धर्मः-पद्मपुराण ३१.२७॥

१४ यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मैवा भूद्विजानतः। सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥ ईश०उप०६, यजु०४०.६॥

१५ यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवा भूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥ ई०उप०७, यजु४०.७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार वेद एवं उपनिषदों में स्थान-स्थान पर मनुष्य को आगे बढ़ाने के लिये दुःखों से उभारने के लिये, अपयश का विनाश करने के लिये, हानि का नाश करने के लिये और स्वात्मवत् अन्यों में सुख-दुःख, हानि-लाभ, यश-अपयश को देखने के लिये सन्देश प्राप्त होते हैं। ये सन्देश प्रत्येक मनुष्य के लिये सकारात्मक हैं। इनके अपनाने से जीवन में हर्ष, सुख तथा आनन्द की उपलब्धि होती चली जाती है। अतः वेद एवं उपनिषद् साहित्य सकारात्मक चिन्तन का वह कोश है जिसका आश्रय लेकर इस दुःखमय संसार सागर को पार किया जा सकता है, यह कहना कुछ अतिशयोक्ति पूर्ण न होगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०८५-९०) ISSN 0974 – 8830

अष्टांग योग के अन्तर्गत यम-नियम की सकारात्मकता

डॉ. बबीता शर्मा[1]

योग भारत की अमूल्य निधि है। योगदर्शन के प्रणेता महर्षि पतञ्जलि ने तो योग के विषय में स्पष्ट रूप से कह दिया है कि **योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः**।[2] अर्थात् चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। आज हम संसार की ओर दृष्टि करते हैं तो हम पाते हैं कि पाश्चात्त्य मनीषी बाहरी जगत् की सम्पदाओं को खोजने लगे हैं, जैसे कभी तो वे समुद्र की तह को खोजते हैं तो कभी जंगल, पर्वत तथा अन्तरिक्ष की गहराइयों को खोजते हुए पाये जाते हैं। लेकिन मन की गहराइयों को जानने का प्रयास नहीं करते। अर्थात् मन की गहराइयों के विषय में वे शून्य हो जाते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि उनके पास कोई ऐसा मन्त्र या साधन नहीं है जिससे वे ये पता लगा सके कि आज का मानव सब कुछ होते हुए भी इतना दुःखी क्यों है? क्या उसका प्रयोजन है और क्या उसका लक्ष्य है? पर, इस विषय में तो भारतीय मनीषी का जवाब नहीं है। उनका लक्ष्य एकदम स्पष्ट है, तभी तो याज्ञवल्क्य ऋषि कहते हैं-

इस संसार में आकर मनुष्य को आत्मा के दर्शन, आत्म श्रवण तथा आत्म का साक्षात्कार करना चाहिये। यदि मनुष्य इस जन्म में आत्म दर्शन, आत्म श्रवण तथा आत्म साक्षात्कार नहीं करता तो वह महाविनाश की ओर जाता है।

आज का मानव अनेकों समस्याओं से घिरा हुआ है और वह इन समस्याओं से छुटकारा पाना चाहता है। बिना योग वह सम्भव नहीं है। योग के आठ अंग हैं जो इस प्रकार हैं-

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाध्योऽष्टावंगानि।[3]

वर्तमान समय में तो योग का बहुत ही प्रचार-प्रसार हो रहा है। योग के द्वारा मनुष्य का मानसिक, बौद्धिक तथा आत्मिक विकास होता है। योग के द्वारा केवल व्यक्ति का ही विकास नहीं होता बल्कि समग्र राष्ट्र का विकास भी होता है। योग के आठ अंगों में से यम-नियम का तो बहुत ही महत्त्व है। कहते हैं कि यम-नियम के पालन से व्यक्ति आधा योगी तो बन ही जाता है। स्वामी विवेकानन्द ने अपनी पुस्तक में यम-नियम के विषय में स्पष्ट रूप से कह दिया है कि यम और नियम चरित्र निर्माण के साधन हैं। इनको आधार बनाए बिना किसी तरह की योग साधना सिद्ध न होगी।[4]

हमारे चित्त में अनेकों प्रकार के मल भरे पड़े हैं। इन मलों को यम-नियम के द्वारा ही दूर किया जा सकता है। अशुद्धियों के समाप्त होने पर ज्ञान का उजाला होता है। जिसके फलस्वरूप हमें

---

१. प्रवाचिका – दर्शनशास्त्र विभाग, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

२. योगसूत्र १/२

३. योग०१.२९

४. विवेकानन्द साहित्य, प्रथम खण्ड, पृष्ठ-४८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है।

यम पाँच हैं तथा नियम भी पाँच हैं, यथा- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। यम का अर्थ नियन्त्रक होता है। अहिंसा से लेकर अपरिग्रह तक पाँच यम होते हैं। यमों का सारे समाज से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। इसलिए इनका पालन करना सभी मनुष्यों का परम कर्त्तव्य है। यम पाँच हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह।

अहिंसा सत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः।[५]

१. अहिंसा-

अहिंसा का अर्थ होता है 'न मारना', अर्थात् वध न करना। सामान्यतः हिंसा का अर्थ मारना होता है। शरीर-वाणी या मन से, काम-क्रोध, मोह-भय आदि की मनोवृत्तियों के साथ किसी प्राणी को शारीरिक-मानसिक पीड़ा या हानि पहुँचाना इत्यादि सब हिंसा है तथा इससे बचकर चलना अहिंसा है। व्यास ने अहिंसा को समझाते हुए कहा है कि सर्वकाल में सर्वप्रकार से सब प्राणियों को चित्त में भी द्रोह न करना अहिंसा है। अहिंसा ही सब यम-नियमों का मूल है, उसी के साधन तथा सिद्धि के लिये अन्य यम और नियम हैं और उसी अहिंसा को निर्मल रूप बनाने के लिए ग्रहण किये जाते हैं। महर्षि पतञ्जलि कहते हैं कि जब साधक को अहिंसा की सिद्धि प्राप्त हो जाती है तब साधक के समीप सभी जीव-जन्तु अपना वैर छोड़ देते हैं।

२. सत्य-

सत्य का अर्थ मिथ्या वचन का परित्याग करना, व्यक्ति को ऐसे वचनों का प्रयोग करना चाहिये जिससे सभी प्राणियों का हित हो। वस्तु का यथार्थ ज्ञान सत्य है। उसको शरीर से काम में लाना शरीर का सत्य है, वाणी से कहना वाणी का सत्य है और विचार में लाना मन का सत्य है। जो जिस समय जिसके लिए जैसा यथार्थ रूप से करना चाहिये वही सत्य है अर्थात् कर्त्तव्य ही सत्य है। व्यास स्वयं सत्य की परिभाषा देते हुए कहते हैं कि- जैसा देखा है, जैसा अनुमान किया है तथा जैसा सुना है उसी के अनुरूप वाणी तथा मन का रहना सत्य कहलाता है।

यथा दृष्टं यथानुमितं यथाश्रुतं तथा वाङ्मनसे।[६]

दूसरे पुरुष में अपने बोध के अनुसार ज्ञान कराने में कही हुई वाणी यदि धोखा देने वाली, भ्रान्ति कराने वाली या ज्ञान कराने में असमर्थ न हो और सब प्राणियों के उपकार के लिये प्रवृत्त हुई हो, और जिससे किसी प्राणी का नाश, पीड़ा या हानि न हो, वह सत्य है। यदि इस प्रकार भी कही हुई वाणी प्राणियों का नाश करने वाली हो तो वह सत्य नहीं है। इसलिए तो कहते हैं कि हर प्रकार से परीक्षा करके सब प्राणियों के हित के लिये ही सत्य बोले, तभी तो मनु महाराज कहते हैं कि-

---

५. योग०१.३०

६. योगसूत्र २/३० व्या.भा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।

अर्थात् सत्य बोले, प्रिय बोले, वह सत्य न बोले जो अप्रिय हो अर्थात् सत्य को मीठा करके बोले, कटु करके न बोले।

सत्य के विषय में तो 'आर्यसमाज' ने चौथे नियम में बहुत अच्छी बात कही है कि- सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सदा उद्यत रहना चाहिये। सत्य की सिद्धि जब मनुष्य को प्राप्त हो जाती है तब मनुष्य को कोई डर नहीं रहता। तभी तो स्वामी दयानन्द सरस्वती अपनी पुस्तक- 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' में लिखते हैं कि- सत्याचरण का फल यह है कि जब मनुष्य निश्चय करके केवल सत्य ही मानता, बोलता और करता है तब वह जो-जो योग्य काम करता और करना चाहता है वह सब सफल हो जाता है। सत्य बोलने वाला व्यक्ति सदैव दूसरे के सुख की ही कामना करता है।

३. अस्तेय-

यह तीसरा यम है। दूसरे के धन का अपहरण, दूसरे की सम्पत्ति पर अनुचित रूप से अधिकार जमाना स्तेय कहलाता है। इसलिए इस मनोवृत्ति का परित्याग ही अस्तेय का दूसरा नाम है। अधिकारियों का रिश्वत लेना, वस्तुओं में मिलावट करना, दुकानदारों का जो उचित मूल्य है उससे अधिक मूल्य लेना इत्यादि सब अस्तेय कहलाता है। व्यास तो योगसूत्र २/३० यो.भा. में कहते हैं कि **पुनरस्पृहारूपमस्तेयमिति**[७] अर्थात् यदि मन में तृष्णा विद्यमान है तो भी चोरी के अन्तर्गत ही है, क्योंकि यह तृष्णा ही व्यक्ति को अनुचित कार्य करवाती है। इसलिये व्यक्ति को तृष्णा का भी त्याग करना चाहिये। कहते हैं कि जब मन में अस्तेय की भावना आ जाती है तो मन शान्त हो जाता है तथा संसार में उसकी पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो जाती है तो धनलक्ष्मी तो स्वयं ही उसके पास चली आती है।

४. ब्रह्मचर्य-

ब्रह्मचर्य का अर्थ है ब्रह्म अथवा परमात्मा में ध्यान रखना। अपनी इन्द्रियों को वश में रखना। मैथुन तथा अन्य प्रकार से भी वीर्य का नाश न करते हुए जितेन्द्रिय रहना, अन्य इन्द्रियों के निरोधपूर्वक 'उपस्थेन्द्रिय' के संयम का नाम ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचारी के विषय में (अथर्ववेद अध्याय-३, सूक्त ५ मन्त्र १९) कहा हे कि-

ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत।
इन्द्रो ह ब्रह्मचर्येण देवेभ्यः स्व१राभरत्॥[८]

अर्थात् ब्रह्मचर्य रूप तप से देवताओं ने काल को भी जीत लिया है। इन्द्र निश्चय से ब्रह्मचर्य द्वारा देवताओं में श्रेष्ठ बना है। ब्रह्मचर्य की तो महिमा ही महान है। इस संसार के प्राणियों में जो जीवन की कला दिखाई देती है वह सब ब्रह्मचर्य का ही तो प्रताप है। कहते हैं कि ब्रह्मचर्य का पालन बहुत ही

---

७. योगसूत्र २/३० यो.भा.
८. अथर्व०११.५.१९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कठिन तपस्या है, परन्तु जिस-जिस ने इसका पालन किया वह इस संसार में सुविख्यात हो गया। महर्षि दयानन्द ने ब्रह्मचर्य के बल पर ही अद्भुत शारीरिक मानसिक एवं आत्मिक शक्ति प्राप्त की थी। कहते हैं कि जब ब्रह्मचर्य की प्राप्ति मनुष्यों को हो जाती है तो उसकी ज्ञानशक्ति बढ़ जाती है, शरीर, मन, तथा बुद्धि का विकास हो जाता है।

५. अपरिग्रह-

यह पाँचवा यम है। लोभवश अनावश्यक वस्तु के ग्रहण का त्याग ही अपरिग्रह कहा जाता है। व्यास ने हिंसा, रक्षण आदि दोष होने के कारण विषयों को स्वीकार न करना ही अपरिग्रह कहा है। यथा-

विषयाणामर्जनरक्षणक्षयसंगहिंसादोषदर्शनादस्वीकरणमपरिग्रहः।[९]

यदि व्यक्ति रात-दिन आवश्यकता से अधिक साधनों को जुटाने में लग जायेगा तो उसे साधना का समय कहाँ लगेगा। इसलिए व्यक्ति को चाहिये कि वह इनके संग्रह करने में समय न लगाये। कहते हैं कि जब व्यक्ति को अपरिग्रह की सिद्धि प्राप्त हो जाती है तो उसे दूसरे नियमों का आभास 'अगले जन्म में क्या होंगे' इत्यादि का पता चल जाता है। इस प्रकार से यह यमों की व्याख्या है।

जिस तरह से यमों की संख्या पाँच है ठीक उसी प्रकार से नियमों की भी पाँच संख्या है। नियम का अर्थ है सदाचार को प्रश्रय देना।

शौच-संतोष-तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।[१०]

शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वरप्रणिधान ये पाँच नियम हैं।

(१) **शौच :** शौच का आशय पवित्रता से लिया जाता है। यह पवित्रता बाह्य तथा आभ्यन्तर दोनों प्रकार की होती है।

बाह्य शौच : मृत्तिका, जल आदि से पात्र, वस्त्र, स्थान आदि को पवित्र रखना तथा मृत्तिका, जल आदि से शरीर के अंगों को शुद्ध सात्त्विक नियमित आहार से शरीर को सात्त्विक, निरोग और स्वस्थ रखना, वस्ति, धौति, नेती आदि क्रियाओं तथा ओषधि के द्वारा शरीर शोधन करना ये बाह्य शौच है।

आभ्यन्तर शौच : आभ्यन्तर शौच के अन्तर्गत ईर्ष्या, अभिमान, घृणा, असूया, आदि मलों का मैत्रीभाव आदि के द्वारा दूर करना, जितने भी हमारे मन के अन्दर बुरे विचार हैं उन्हें अच्छे विचारों के द्वारा बाहर फेंकना, दुर्व्यवहार को शुद्ध व्यवहार से हटाना मानसिक शौच है। अविद्या आदि क्लेशों के मलों को विवेकज्ञान द्वारा दूर करना चित्त का शौच है।

(२) **संतोष :** सामर्थ्य के अनुसार उचित प्रयास से जो भी मिले तथा जिस अवस्था में मिले उसमें ही प्रसन्नचित्त बने रहना तथा सब प्रकार की तृष्णा को छोड़ देना संतोष है। आज हम समाज की ओर दृष्टि करते हैं तो हम देखते हैं कि आज समाज में असंतोष फैला हुआ है। अपनी इच्छापूर्ति के लिए मानव भ्रष्ट कार्यों को करने के लिये तत्पर है। इस असंतोष से आज सभी ग्रस्त हैं। यदि मनुष्य को संतोष

९. योगसूत्र, २/३०, व्या.भा.
१०. पातंजल योगप्रदीप, साधनापाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहिये तो उसे मन के अंदर से तृष्णा को निकालना होगा तभी तो मनु महाराज कहते हैं कि-

संतोषमूलं हि सुखं दुःखमूलं विपर्ययः।[११]

अर्थात् सुख का अर्थी परम संतोष का सहारा लेकर अपने आपको संयम में रखे, क्योंकि संतोष सुख की जड़ है और इसका उलटा दुःख की जड़ है। कहते हैं कि जब संतोष की प्राप्ति हो जाती है तो मानव सच्चे अर्थों में सुखी हो जाता है। इसके विपरीत असंतोषी व्यक्ति धन की तृष्णा में इधर-उधर भटकता रहता है।

(३) **तप :** सर्दी-गर्मी सहने की शक्ति, लगातार बैठे रहना तथा लगातार खड़े रहना, शारीरिक कठिनाइयों को झेलना, तप अर्थात् तपस कहा जाता है। जिन उत्तम कार्यों को करने से स्वयं का और अन्य का दुःख दूर होता है और सुख की प्राप्ति होती है, उनको करते रहना और न छोड़ना धर्माचरण है। तप तीन प्रकार का है- शारीरिक, वाचनिक और मानसिक।

जब योगी शरीर, वाणी और मन से उचित रूप से तप को करता है तब शरीर स्वस्थ और बलवान बनता है। जिस प्रकार अग्नि में सोना तपाने से शुद्ध और बहुमूल्य हो जाता है उसी प्रकार यदि योगी भी अपने आपको तप की अग्नि में झोंक दे तो वह भी पवित्र और बहुमूल्य हो जायेगा।

(४) **स्वाध्याय :** ***'स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः।'*** [१२]स्वाध्याय का अर्थ शास्त्रों का अध्ययन करना, तथा ज्ञानी पुरुषों के कथनों का अनुशीलन करना, वेदादि मोक्षशास्त्रों के पठन-पाठन प्रणव तथा गायत्री आदि मन्त्रों के अर्थ सहित जप से ईश्वर, वैदिक, विद्वान योगी आदि धार्मिक महापुरुषों के साथ सम्बन्ध हो जाता है तथा उनसे विविध उत्तम कार्यों में सहायता प्राप्त होती है। स्वाध्याय से इष्ट देवता की प्राप्ति होती है। इष्ट देवता ईश्वर को कहा जाता है। ईश्वर प्राप्ति से समस्त कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

(५) **ईश्वरप्रणिधान :** ईश्वर का ध्यान करना, अपने सभी कर्मों को ईश्वर को अर्पण कर देना, ईश्वर की ही छाया से रहना, वही अमृत है।

समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्[१३]

ईश्वर की भक्ति विशेष तथा समस्त कर्मों को ईश्वर को समर्पित कर

उनका कोई लौकिक फल न चाहने से समाधि की प्राप्ति होती है। ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखना अति आवश्यक है। योग दर्शन में ईश्वर के ध्यान को योग का सर्वश्रेष्ठ विषय माना गया है। वेदव्यास ने ईश्वर प्रणिधान के फल के विषय में कहा है कि-

शय्यासनस्थाऽथ पथि व्रजन् वा स्वस्थः परिक्षीणवितर्कजालः।
संसारबीजक्षयमीक्षमाणः स्यान्नित्ययुक्तोऽमृतभोगभागी।।[१४]

---

११. मनुस्मृति अध्याय ४/१२
१२. योग०२.४४
१३. २.४५
१४. पातंजल योगप्रदीप, पृ.३८६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् जो योगी शय्या तथा आसन पर बैठा हुआ या मार्ग में चलता हुआ या एकान्त में स्थित हुआ हिंसादि वितर्क रूप जाल को नष्ट किये हुए ईश्वरप्रणिधान करता है वह संसार के बीज अविद्या आदि क्लेशों के क्षय का अनुभव करता हुआ नित्य परमात्मा में युक्त हुआ अमृत के भोग का भागी होता है। अर्थात् जीवन्मुक्त के सुख को प्राप्त होता है। सब नियमों में ईश्वर प्रणिधान मुख्य रूप से महत्त्वपूर्ण है। तथा सब नियमों को ईश्वर रूप से करना श्रेयस्कर होता है।

इस प्रकार से यम-नियम का तो बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। कहते हैं कि मन चंचल है। इसकी लहरों को रोकना हवा को रोकने के समान है। बाहर के विषयों से चित्तवृत्तियों को रोके रखना तथा आत्मचिन्तन में लगाना यह सारी प्रक्रिया योग ही तो है तथा योग के अंगों के अन्तर्गत यम-नियम की तो एक अलग ही महत्ता है। यम-नियम के पालन से केवल एक मनुष्य का ही भला नहीं है बल्कि सारी मनुष्य जाति का भला है।

यम-नियम के बिना कोई भी व्यक्ति योग का अधिकारी नहीं हो सकता। यह सभी के लिये अति आवश्यक है। योग से शरीर स्वस्थ बनता है। पहले योग के प्रति आम लोगों के मन में यह धारणा थी कि योग केवल संन्यासियों के लिये है। परन्तु यह धारणा गलत है। आज योग सभी के लिए लाभदायक है। योग के द्वारा शारीरिक, मानसिक रोगों से छुटकारा प्राप्त होता है। योग के ही द्वारा मन में एकाग्रता की शक्ति आती है जिससे हम अपने मन को कहीं भी टिका सकते हैं तथा इस एकाग्रता से आत्मसाक्षात्कार तथा परमात्मा का साक्षात्कार होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०९१-९५) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक सोच और भगवद् गीता

डॉ० साधना सहाय[1]

भारतीय चिन्तकों की यह स्पष्ट अवधारणा रही है कि मनुष्य जिस प्रकार की भावना (सोच) से कर्म करता है उसी प्रकार का उत्तम या अधम शरीर पा कर कर्मों के फल भोगता है।[2] मानव जीवन को बिगाड़ने या बनाने वाली उसकी सोच ही होती है। जिसकी सोच जैसी होती है वह वैसा ही बन जाता है।[3] महाकवि कालिदास ने भी इस बात को इस प्रकार कहा है- **'कामी स्वतां पश्यति'**[4] अर्थात् व्यक्ति के मन में जैसी भावना होती है उसे चहुँ ओर वैसा ही वातावरण दिखाई देता है। महाकवि तुलसीदास ने भी 'जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरति देखी तिन तैसी' कह कर इसी बात का समर्थन किया है। व्यक्ति वही बनता है जो वह करता है।[5] सृष्टि के प्रारम्भ से ही ऋषि मुनियों का यह मानना रहा है कि मनुष्य की सोच सकारात्मक होनी चाहिये नकारात्मक नहीं, क्योंकि नकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाला व्यक्ति कभी सफल नहीं हो सकता।[6] प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक विलियम जेम्स के मतानुसार **'अगर आप अपने मन में उस बात की छवि बना लेते हैं जो आप बनना चाहते हैं फिर उस छवि को काफी देर तक वहाँ कायम रखते हैं तो जल्दी ही वैसे बन जायेंगे जैसा आपने सोचा था।'**

विभिन्न अध्ययनों से यह प्रमाणित हो चुका है कि सकारात्मक विचार रखने वाले साधारण भी व्यक्ति जीवन की प्रतिस्पर्धा में उनसे आगे निकल जाते हैं जो अधिक योग्य होने पर भी नकारात्मक सोच रखते हैं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक Remez Sasson के शब्दों में The difference between CAN and CANNOT lies in only three letters. The three letters that determine your life's direction. Positive thinking is a mental attitude that admits into the mind thoughts, words and images that are eonducive to growth expansion and success. It is a mental attitude that expects good and favourable results. A positive mind anticipates happiness, joy, health and a successful outcome of every situation and action, whatever the mind expects, its finds.

सकारात्मक सोच से अभिप्राय ऐसे चिन्तन से है जिसमें मनुष्य यह जानता है कि अच्छे और बुरे

---

१. एसो० प्रो० एवं विभागाध्यक्षा, संस्कृत-विभाग, आई०एन० (पी०जी०) कॉलेज, मेरठ।

२. यादृशेन तु भावेन यद्यत्कर्म निषेवते। तादृशेन शरीरेण तत्तत्फलमुपाश्नुते।। मनुस्मृति १२.८

३. A man is but a product of his thoughtsë what he thinks, that he becomes – Mahatma Gandhi.

४. अभिज्ञान शाकुन्तलम् – २.२

५. A man what he does – Andre Amelranx

६. A bad workman never gets a good tool – Thomas Suller

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनो पक्ष होते हैं किन्तु उसे श्रेष्ठता पर बल देना है और निषेधात्मक पक्ष को स्वयं पर प्रभावी नहीं होने देना है। कहा भी गया है कि एक नकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर अवसर में कठिनाईयाँ और परेशानियाँ ढूंढ लेता है, इसके विपरीत एक आशावादी व्यक्ति कठिनाई में भी अवसर खोज लेता है।[७] आम जीवन में भी सकारात्क सोच को प्रश्रय देने वाली अनेक उक्तियाँ मिल जाती हैं – 'जैसे भगवान भी उसी की सहायता करता है जो अपनी सहायता आप करता है', या 'जो डरा सो मरा' आदि।

वर्तमान में भौतिकवादी जीवन में समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक आदि सभी प्रबुद्ध वर्ग सकारात्मक सोच को ही जीवन का मूल मन्त्र मानते हैं। वास्तव में यह दृष्टिकोण प्राचीन समय से ही हमारी संस्कृति का मूलभूत सिद्धान्त रहा है। वेदों के ऋषि[८] जब यह उद्घोषणा कर रहे होते हैं कि सब मुझे मित्र की दृष्टि से देखें मैं सभी को मित्र की दृष्टि से देखूँ, हम सब परस्पर एक-दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें उस समय इस कथन के द्वारा वे सकारात्मक ऊर्जा को ही प्रश्रय दे रहे होते हैं क्योंकि यदि मैं किसी का शत्रु नहीं और मेरा कोई शत्रु नहीं तो नकारात्मक परिस्थिति जैसे हिंसा, शत्रुता, कलह, क्लेश आदि स्वत: ही नष्ट हो जायेंगे। इसी प्रकार गायत्री मन्त्र में ऋषि जब सूर्य देव से श्रेष्ठ बुद्धि देने की कामना करता है तब वहाँ उसका अभिप्राय आध्यात्मपरक श्रेष्ठ बुद्धि से है। ऐसी बुद्धि जो सकारात्मक हो, भगवान् के चरणों में अर्पित हो। इसी प्रकार **'तमसो मा ज्योतिर्गमय मृत्योर्माऽमृतं गमय'** अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। यह अंधकार क्या है? और प्रकाश क्या है? अंधकार से अभिप्राय उस अज्ञान से है जिसमें डूबा हुआ प्राणी मिथ्या को सत्य समझ लेता है और सांसारिक विषयों की ओर दौड़ता चला जाता है तथा भटक जाता है। सत्य तो वह परमात्मा है जो हर काल, देश, अवस्था में एक जैसा है अर्थात् सत् है, चित् है, आनन्द स्वरूप है जो नित्य है और शुद्ध बुद्ध और मुक्त है। उसी परमात्मा से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

सकारात्मकता, आशावादिता - सुख - प्रसनन्ता, आत्मविश्वास - और आध्यात्मिक प्रेरणा से उत्पन्न होती है। सभी दार्शनिकों का मानना है कि यह जगत् दु:खों से घिरा है।[९] दु:खों से छुटकारा ही मोक्ष है। मोक्ष यानि परमात्मा में मिल जाना, जहाँ दु:ख का लेश भी नहीं है मात्र आनन्द है। दार्शनिकों ने यह बताया कि वहाँ दु:खों का लेश क्यों नहीं है क्योंकि वह परमात्मा अज्ञान से, मोहमाया से सर्वथा अछूता है। यह मोहमाया ही नकारात्मक सोच की जन्मदात्री होती है। 'यह मेरा है, यह मैं हूँ' आदि भाव आते ही अनेक पाप जीवन में प्रवेश कर जाते हैं। इसीलिये दार्शनिकों ने समझाते हुए कहा है कि संसार में किसी भी बात के लिये दु:ख कैसा? क्योंकि यह संसार तो मिथ्या है **–ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या**। सत्य तो वह ब्रह्म है परमात्मा है। अत: **अहं ब्रह्मास्मि** की अनुभूति करते हुए परमात्मा में मिल जाओ।

नास्तिक दर्शन जो ईश्वर की सत्ता को नहीं मानते उनके अनुसार भी जब तक जीओ आनन्द से

---

७. A pessinist sees the difficulty in every opportunityë an optimist sees the opportunity in every difficulty – Sir Winston Churchill (former British Prime Minister).

८. मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम् – यजुर्वेद ३६.१८

९. सांख्यकारिका – प्रथम कारिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिओ ऋण करके भी घी पीओ - **यावत् जीवेत् सुखम् जीवेत्। ऋणं कृत्वा घृतम् पिबेत्।** सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य सकारात्मक सोच का प्रणेता है। श्रीमद् भगवत् गीता भी इसी दर्शन को प्रस्तुत करती है। युद्ध भूमि में अपने ही बन्धु बांधवों को देख कर अर्जुन के मन में नकारात्मक सोच उत्पन्न होने लगती है और वह युद्ध छोड़ कर रथ में जा बैठता है। अर्जुन की नकारात्मक सोच को समझने से पहले रूसी दार्शनिक पीटर ओस्पेनस्की के द्वारा बताये गये सिद्धान्त को समझना होगा। उनके अनुसार नाकारात्मक सोच के चार स्रोत होते हैं -

१- स्पष्टीकरण - छोटी-छोटी बातों पर अपना स्पष्टीकरण देना नकारात्मक सोच को पैदा करता है क्योंकि ऐसा करते हुए मनुष्य अपनी ही बात को सही सिद्ध करने में अपनी पूरी ताकत लगा देता है और उसका मस्तिष्क एक ही बात सोचने लगता है। बात सिद्ध न होने पर हताशा, क्रोध, आक्रामकता जैसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है। भगवत् गीता में अर्जुन युद्ध न करने के कारण गिनाते हुए अपना स्पष्टीकरण देने लगता है कि अपने जनों को मारने में कोई कल्याण नहीं है।[१०] जो बन्धुजन आततायी हैं पाँचों पाण्डवों को धोखे से मारना चाहते हैं उनको मारने में अर्जुन को पाप दिखाई देने लगता है[११] और वह तर्क देना प्रारम्भ कर देता है कि कुल के नाश से धर्म की हानि, धर्म की हानि से पाप वृद्धि,[१२] पाप वृद्धि से वर्ण संकर,[१३] वर्ण संकरता से पितरों को नरक की प्राप्ति, और उससे जाति धर्म, कुल धर्म का नाश हो जाता है, आदि अनेकानेक स्पष्टीकरण देता चलता है। परिणामस्वरूप वह धर्मयुद्ध से ही विमुख हो जाता है।

२- पहचान या लगाव - किसी व्यक्ति से बहुत अधिक लगाव का परिणाम यह होता है कि हम उसके जीवन की हर घटना को अपने दृष्टिकोण से देखना प्रारम्भ कर देते हैं। परिणामस्वरूप टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो बाधाएँ उत्पन्न कर देती है जैसे भगवत् गीता में आचार्य द्रोण, ताऊ, चाचा (धृतराष्ट्र), कौरव, भीष्मपितामह, शकुनि आदि के प्रति अर्जुन का लगाव ही उसमें कायरता उत्पन्न करता है और वह कृष्ण से कहता है -

आचार्याः पितरः पुत्राः तथैव च पितामहाः।
मातुलः श्वसुराः पौत्राः श्यालाः संबन्धिनस्तथा।।[१४]

३- एकांगी सोच - नकारात्मक भावनाओं का तीसरा बड़ा कारण संकुचित सोच है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि मानव जो कुछ भी करता है वह या तो अपनी स्वयं की पहचान और आत्मसम्मान के कारण करता है अथवा दूसरों के हाथों नष्ट होने से बचने के लिये। ऐसी स्थिति में मनुष्य की सोच भी एकांगी और स्वार्थी हो जाती है। अर्जुन की भी सोच एकांगी हो चली है वह अपनी कायरता

---

१०. In search of the miraculous – P. Ospaniski
११. भगवत् गीता - १.३१
१२. वही - १.३६
१३. वही - १.४०
१४. वही - १.४१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को ही सही समझ बैठता है।

४- दोषारोपण - क्रोध, पश्चात्ताप, ईर्ष्या, द्वेष, वैमनस्य और हताशा का चौथा सबसे बड़ा कारण है किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दोषारोपण किया जाना। यह भी व्यक्ति के मन में नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करती है। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन प्रारम्भ से ही अपनी कुचालों को सही सिद्ध करते हुए सारा दोष पाँचों पाण्डवों और कृष्ण पर डालता रहता है। यही कारण है कि युद्ध के मैदान में अर्जुन के मन में नकारात्मकता उत्पन्न हो जाती है।

अर्जुन इसलिये निराश हो चला था क्योंकि वह कर्म करने से पहले ही परिणाम की चिन्ता करने लगा था। उसका मन भयातुर हो उठा था कि मानों मैं अपने रिश्तेदारों को मार भी दूँ और फिर भी युद्ध में हार गया या मृत्यु को प्राप्त हो गया तो इसका क्या लाभ होगा। इसलिये जैसा है वैसा ही रहे। वह कह उठता है कि इस पृथ्वी की तो बात ही क्या मुझे तो तीनों लोकों का शासन भी नहीं चाहिये। भले ही ये बन्धु मुझे मार दें। वह यहाँ तक कह उठता है कि इन्हें मारने से अच्छा तो भीख मांग कर खाना भी श्रेयस्कर है।[१५]

अर्जुन की इस निराशा को समाप्त करते हुए कृष्ण उसे समझाते हैं कि क्षत्रिय के लिये धर्मयुद्ध से बढ़ कर कोई कल्याण नहीं होता और फिर यह युद्ध तो स्वयं प्राप्त हुआ है। आगे समझाते हुए कृष्ण कहते हैं अर्जुन तू फल की इच्छा मत कर, निष्काम कर्म कर क्योंकि यदि कामनाएं होंगी तो उनसे क्रोध उत्पन्न होगा, क्योंकि जब कामनाएं पूरी नहीं होतीं तो व्यक्ति हताशा में क्रोधित हो उठता है।[१६] क्रोध से अविवेक, अविवेक से स्मरण शक्ति का नाश, स्मरण शक्ति के नष्ट होने से बुद्धि का नाश और बुद्धि के नाश से मनुष्य का नाश हो जाता है।[१७] निष्काम कर्म की परिभाषा करते हुए कृष्ण कहते हैं कि निष्काम का अर्थ कर्महीनता या कर्म न करना नहीं है। कर्म तो अनिवार्य है क्योंकि प्राणी एक क्षण के लिये भी कर्म के बिना नहीं रह सकता, निःसन्देह सभी प्राणी प्रकृति से उत्पन्न हुए गुणों द्वारा परवश होकर कर्म करते हैं।[१८] निष्काम कर्म से अभिप्राय सम्पूर्ण कामनाओं को त्याग देना और स्वयं में सन्तुष्ट होता हुआ स्थिर बुद्धि होना है।[१९] जो दुःखों में भी अनुद्विग्न,[२०] विगतस्पृह भयक्रोध के प्रति वीतरागी हो जाता है वही निष्काम कर्म से युक्त कहलाता है।[२१]

कृष्ण विस्तार से अर्जुन को समझाते हुए कहते हैं कि जो भी कर्म किये जायें उसके पूरा होने या ना होने में सम्भाव रखना चाहिये, यही समत्व बुद्धि है और समत्व बुद्धि से युक्त पुरुष पाप और पुण्य

---

१५. वही - १.३६-४७
१६. वही - २.६२
१७. वही - २.६३
१८. वही - ३.५
१९. वही - ३.५५
२०. वही - ३.५६
२१. वही - ३.१-८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनों को इसी लोक में त्याग देता है। इसीलिये इसे **योगः कर्मसु कौशलम्** कहा गया है। जो व्यक्ति हठ पूर्वक भोगों को त्याग करता है उसकी आसक्ति नहीं जाती है। उसमें राग, मोह बना रहता है और कर्म के बन्धनों से भी नहीं छूट पाता[२२] इसीलिये परमात्मा को भी प्राप्त नहीं कर पाता। संसार में रहते हुए उपभोग दोनों करते हैं अन्तर इतना है कि आसक्ति नकारात्मक स्थितियों को उत्पन्न कर मनुष्य को नष्ट कर देती है और इसके विपरीत अनासक्त पुरुष समत्व भाव से युक्त स्थिर धी वाला होकर परमपद को पाता है।

इसीलिये हे अर्जुन यह मानते हए कि ये अपने कर्मों से स्वयं मरे पड़े हैं तू तो निमित्त मात्र है, युद्ध कर, भटके हुए मन को पुनः मार्ग पर लाने का साधन बताते हुए कृष्ण अर्जुन से आसन पर बैठक कर योग साधना करने[२३] और ध्यानयोग की विधि[२४] बताते हुए समझाते हैं कि ऐसे व्यक्ति मेरे में स्थित रूप वाला होकर परमानन्द, पराकाष्ठा वाली शान्ति को प्राप्त होता है।[२५] अन्त में श्रीकृष्ण कहते हैं–

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।।[२६]

अन्त में हम कह सकते हैं कि मनोवैज्ञानिक नियमों के अनुसार भगवत् गीता सकारात्मक सोच को उत्पन्न करने वाली सर्वश्रेष्ठ कृति है। प्रतिस्थापन का नियम हो (मस्तिष्क में या तो सकारात्मक विचार रखे जा सकते हैं या नकारात्मक), आदत का नियम हो, अनुरूपता (लक्ष्यों और सोच में एक रूपता होनी चाहिये इन्हें जितना सम्भव हो सके आत्म विश्वास के साथ विस्तार देना चाहिये) का नियम हो, द्वन्द्वों (हानि-लाभ, जय-पराजय हर परिस्थिति) में समभाव होना, किसी वस्तु के प्रति आसक्ति न रखना, समभावना (निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिये इस विश्वास के साथ कि सफलता प्राप्त होगी) के नियम, प्रतिवर्तन (अपनी भीतर ऐसे गुण पैदा करना कि हम जो चाहते हैं वैसा हम पा सकते हैं) के नियम, आशावादिता के नियम, अवचेतन गतिविधि के नियम हों ये सभी भगवत् गीता में प्राप्त होते हैं।

महात्मा गांधी ने भगवत् गीता से प्रभावित होकर अपनी यंग इण्डिया नामक पत्रिका में लिखा – 'मुझे भगवत् गीता से एक ऐसी सान्त्वना मिलती है, जो बाईबिल के सर्मन ऑन दि माउंट तक में नहीं मिलती, जब निराशा मेरे सामने आ खड़ी होती है, जब मैं अपने को बिल्कुल एकाकी अनुभव करता हूँ, तब मैं गीता की शरण लेता हूँ और मुझे गीता में कोई न कोई ऐसा श्लोक दीख जाता है जिसे पढ़ कर मैं विषम विपत्तियों में भी मुस्कुराने लगता हूँ।'

---

२२. वही – २.५९-६०
२३. वही – ६.१२
२४. वही – ६.१३
२५. वही – ६.१४
२६. वही – १८.६६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०९६-१००) ISSN 0974 – 8830

प्रार्थना : सकरात्मक सोच का एक सशक्त माध्यम

डॉ० मृदुल जोशी[1]

निखिल ब्रह्माण्ड ईश्वर की संकल्पशक्ति से उद्भत है। **'एकोऽहं बहु स्याम'** अर्थात् परमात्मा के एक से अनेक होने के विचार मात्र से सृष्टि उत्पन्न हुई है। हम सभी परमात्मा के अंश हैं अत: विचार-शक्ति के रूप में अनूठी देन हमें परमात्मा से स्वत: प्राप्त है।

हमारे विचार ही हमारे आस-पास के जगत् का निर्माण करते हैं। सकारात्मक विचार स्वर्णिम प्रभात की सुन्दर रश्मियाँ हैं, जो सर्वत्र हास, उल्लास और माधुर्य विकीर्ण करती हैं जबकि निषेधात्मक विचार विध्वंसक होते हैं जो जीवन को अपने सुन्दरतम स्वरूप में प्रकट नहीं होने देते हैं।

ईश्वर स्वभावत: सुन्दर, मधुर और सच्चिदानन्द स्वरूप है। इस जगत् में जो कुछ भी उत्कृष्टतम हो सकता है, ईश्वर उन सभी गुणों का समुच्चय है। **तुलसीदास** के अनुसार **'ईश्वर अंस जीव अविनासी'**[2] अर्थात् जीव ईश्वर का ही अंश है। अत: उसमें भी अपने जनक के अनुरूप ही सर्वोत्कृष्ट गुण स्वभावत: ही आने चाहिए। जीवन में आया अस्वास्थ्य, अमंगल, असन्तोष, अपूर्णता केवल इसलिये है कि हम अपने वास्तविक स्वरूप को भुला बैठे हैं।

निरन्तर चिन्मय शक्ति से तादात्म्य स्थापित कर हम वह सब कुछ पा सकते हैं जो हमारे जनक के पास है। हमारे जीवन में आया अभाव हमारे निषेधात्मक विचारों का परिणाम है। सकारात्मक सोच का एक सशक्त उपाय **'प्रार्थना'** भी है। **'प्रार्थना'** चाहे किसी धर्म या सम्प्रदाय में की जाती रही हो उसका केवल और केवल एक उद्देश्य है, वह है हमारे विचारों को सकारात्मकता की ओर मोड़ना। वैदिक सूक्त हों, सनातन धर्म में प्रचलित प्रार्थनाएँ हों, या बाइबिल के 'हिम्न्स' (Hymns) हों, सबसे सकारात्मकता का पुंजीभूत प्रकाश ही प्रसारित होता है।

पाश्चात्य प्रसिद्ध विचारक, चिन्तक और लेखक **जोजफ मर्फी** अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'The Power of your subconsciousness Mind' में मुक्त कंठ से स्वीकारते हैं, **'आप हर समय अपना मानसिक घर बना रहे हैं और आपके विचार तथा मानसिक तस्वीरें आपके ब्लू प्रिन्ट को दर्शाती हैं। हर घण्टे, हर पल आप बेहतरीन सेहत, सफलता और खुशी का निर्माण कर सकते हैं, उन विचारों से जो आप सोचते या रखते हैं, उन विश्वासों से जिन्हें आप स्वीकारते हैं और उन दृश्यों से, जिनकी आप अपने मस्तिष्क में छिपे स्टूडियों में रिहर्सल करते हैं। जिस राजसी महल के निर्माण में आप लगातार जुटे रहते हैं, वह आपका व्यक्तित्व है, इस धरती पर आपकी पहचान है, इस दुनिया में**

---

१. असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, गुरुकुल कॉगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

२. श्रीरामचरितमानस, (सचित्र, सटिक, मोटा टाइप) तुलसी, उत्तराकाण्ड, दोहा सं० ११६/२, पृ० १००९, सम्वत् २०५८, १५९ संस्करण, गीताप्रेस गोरखपुर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपके जीवन की पूरी कहानी है।'[३]

अनेक विश्वविख्यात पुस्तकों के लेखक व महान् संत **स्वामी शिवानंन्द** अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'Mind its Mysteries and control' में विचारों की अद्भुत शक्ति के बारे में लिखते हैं- **'विचार सूक्ष्म पदार्थ है। विचार भी उतना ही ठोस होता है जितना ठोस कि पत्थर होता है। जितने दृढ़ विचार होंगे उतनी ही जल्दी उनका फल होगा। विचार को केन्द्र में एकत्र किया जाता है और उसकी दिशा निर्देशित की जाती है और जिस मानस में विचार केन्द्रित किया जाता है तथा दिशा निर्देशित की जाती है उतने ही प्रभाव से वह उस कार्य को सम्पन्न करता है'।**[४]

विचार चरित्र-निर्माण की कुंजी है। 'मनुष्य जैसा विचार करता है वैसा ही स्वयं बन जाता है। यह एक गोपन रहस्य है कि विद्युत् की गति १ सेकेण्ड में १,८६,००० मील होती है, परन्तु विचारों की गति में कुछ समय नहीं लगता। विद्युत् के माध्यम आकाश से मन अधिक सूक्ष्म है, इसलिये विचारों की गति विद्युत् से अधिक होती है। सकारात्मक चिन्तन मनुष्य अपने व समाज दोनों के लिये ही समान रूप से फलदायी होता है।

किसी भी धर्म की कोई भी प्रार्थना क्यों न हो सकारात्मक घोषणा को अवचेतन तक ले जाने का प्रयास है। जो भी परिस्थिति या वस्तु सुन्दर या अच्छी है, अच्छी प्रतिष्ठा की है और गुणों से युक्त है, प्रार्थना के माध्यम से हम उन्हें अपनी ओर आकर्षित करते हैं। हमारे दैनिक जीवन की वैदिक प्रार्थनाएँ श्रीसूक्तम्, संगठन सूक्त इत्यादि दैनिक जीवन की प्रार्थनाएँ- सब की सब सकारात्मक सोच को दृढीभूत करने का ही प्रयास मात्र है। ये बार-बार हमें सुखद परिस्थितियों में रहने का विश्वास दिलाती हैं। हमारे ऋषि-मुनि इस बात को भली भाँति जानते थे कि व्यक्ति का जीवन उसके विचारों से ही बनता है और जैसा वह दिन भर सोचता है वही हो जाता है। दैनिक प्रार्थनाएँ प्रत्येक दिन का प्रारम्भ व्यक्ति के अवचेतन में इस विचार को दृढीभूत करने का काम करती हैं कि उनका दिन समृद्धिमय, सुखी और प्रसन्नता से आपूरित रहेगा।

प्रार्थना केवल हमारी सोच को सकारात्मकता की ओर ले जाती है। **श्रद्धा** और **विश्वास** प्रार्थना के आवश्यक उपादान हैं। प्रत्येक धर्म ने इसकी अनिवार्यता को स्वीकारा है। अपने प्रसिद्ध ग्रंथ रामचरितमानस के प्रारम्भ में ही तुलसी **'भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वास रुपिणौ'**[५] कहते हुए भवानी-

---

३. **डॉ० जोजफ मर्फी** कृत- The Power of your subconsciousness Mind' का हिन्दी अनुवाद **'आपके अवचेतन मन की शक्ति'** (अनुवादक- **डॉ० सुधीर दीक्षित, रजनी दीक्षित**, पृ० १०२, मंजुल पब्लिशिंग हाउस, संस्करण-२०१०, ४२ मालवीय नगर भोपाल।

४. स्वामी शिवानन्द सरस्वती कृत, 'Mind its Mysteries and control' का अनुवाद 'मन; रहस्य और निग्रह, अनुवादक, पृ० ९९, प्रकाशक डिवाइन लाइफ सोसाइटी, पो० शिवानन्द नगर, जिला टिहरी गढ़वाल, चतुर्थ हिन्दी संस्करण २००५ ई० ISBN 81-7052-063-0

५. तुलसीदास कृत **'श्रीरामचरितमानस'**, प्रथम सोपान, बालकाण्ड, श्लोक सं० २, संवत् २०५८, १६९वां संस्करण, गीताप्रेस गोरखपुर, पृ० २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शंकर की वन्दना श्रद्धा और विश्वास के रूप में करते हैं। प्रार्थना करते समय व्यक्ति यदि श्रद्धा और विश्वास से सम्पृक्त होता है तो मनचाहा उत्तर प्राप्त कर लेता है। बाइबिल में भी ठीक यही बात कही गयी है '**जो आप प्रार्थना में माँगेंगे, विश्वास करने पर वह आपको मिल जायेगा**'[६]

विश्व का कोई भी धर्म ग्रंथ क्यों न हो आपकी सोच को सकारात्मक दायरे में ले आता है। भारतीय सनातन ईश-वन्दनाएँ और पाश्चात्य धर्म ग्रंथ बाइबिल अनेक स्थलों पर इसी श्रद्धा और विश्वास को बनाये रखने की बात करती हैं। कतिपय उद्धरण प्रस्तुत हैं-

१. 'यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।'[७]

२. 'जिन भी चीजों की आप इच्छा करते हैं, प्रार्थना करते समय विश्वास करें की वे आपको मिल रही हैं और वह आपको मिल जायेंगी।'[८]

३. 'मांगों और तुम्हें मिल जायेगा, खोजो और तुम पा लोगे, खटखटाओगे और तुम्हारे लिए दरवाजा खुल जायेगा।'[९]

वास्तव में विश्वास मस्तिष्क का एक विचार है जिसके कारण अवचेतन की शक्ति सोच के अनुसार जीवन के हर क्षेत्र में फलित होती है। इस बात को जोजफ मर्फी कुछ इस रूप में प्रस्तुत करते हैं- **'सकारात्मक घोषणा का मतलब यह कहना है कि ऐसा ही है। जब आप सारे विपरित प्रभावों के बावजूद इस मानसिक नजरिये को सच मानते हैं, तो आपको अपनी प्रार्थना का जवाब जरूर मिलेगा। ध्यान दें आपका विचार नकारात्मक नहीं, सिर्फ सकारात्मक घोषणा करता है, क्योंकि आप किसी चीज से इन्कार करते हैं, तब भी आप दरअसल उस चीज की उपस्थिति को स्वीकार तो कर ही रहे हैं। सकारात्मक घोषणा को दोहराना, यह जानना की आप क्या कर रहे हैं, मस्तिष्क को चेतना की उस अवस्था की ओर ले जाता है जहाँ यह आपकी कही बात को सच मान लेती है।'**[१०] हमारे ऋषि-मुनि इस तथ्य से पूर्णतः अवगत थे। यही कारण है कि उनके द्वारा प्रणीत विभिन्न प्रार्थनाओं में बारम्बार इन्हीं सकारात्मक विचारों की आवृत्ति होती है। वैश्विक ऊर्जा से अपने अंग-प्रत्यंगों को भावित किया जाता है और मन के गुह्यतम केन्द्र में यह विचार प्रस्थापित करने की चेष्टा की जाती है कि वह स्वस्थ, सुरक्षित और प्राण ऊर्जा से भरा हुआ है। उदाहरण स्वरूप विभिन्न प्रार्थनाओं के कतिपय अंश प्रस्तुत हैं-

श्रीनारायणकवचम्-

---

६. बाइबिल, मैथ्यू, २१:२२

७. दुर्गा सप्तशती, (हिन्दी अनुवाद तथा पाठ-विधि-सहित, अनुवादक-पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्त जी शास्त्री राम, देव्याः कवचम्), श्लोक सं० ४४, पृ० २७, संवत् २०५४, ९० वां संस्करण, गीताप्रेस गोरखपुर-२७३००५

८. बाइबिल, मार्क ११:२४

९. बाइबिल, मैथ्यू ७:७

१०. जोजफ मर्फी कृत- The Power of your subconsciousness Mind' का हिन्दी अनुवाद 'आपके अवचेतन मन की शक्ति' (अनुवादक- डॉ० सुधीर दीक्षित, रजनी दीक्षित, पृ० १०४, मंजुल पब्लिशिंग हाउस, संस्करण-२०१०, ४२ मालवीय नगर भोपाल)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वापद्भ्यो हरेर्नाम रूपयानायुधानि नः।
बुद्धीन्द्रियमनः प्राणान् पान्तुर्पाषदभूषणाः।।[११]
तनैव सत्यामानेन सर्वज्ञो भगवान् हरिः।
पातु सर्वैः स्वरूपैर्नः सदा सर्वत्र सर्वगः।।[१२]

श्रीमद्भागवत में संकलित सम्पूर्ण नारायण कवच में मनुष्य के संपूर्ण अंग प्रत्यंगों को ईश्वर द्वारा रक्षित किये जाने की भावना के साथ-साथ इस विचार को परिपुष्ट किया जाता है कि सर्वत्र भगवान् की कृपा दृष्टि उस पर बनी हुई है और उसका सदा सर्वदा मंगल ही होगा। इसी प्रकार महाभारत के श्रीविष्णुसहस्रनाम् स्तोत्रम् में भी यही भावना परिपुष्ट की गई है। उदाहरण स्वरूप कतिपय श्लोक प्रस्तुत किये जा सकते हैं-

धर्मार्थी प्राप्नुयाद्धर्ममर्थार्थी चार्थमाप्नुयात्। कामानवाप्नुयात्कामी प्रजार्थी प्राप्नुयात्प्रजाम्।।
यशः प्राप्नोति विपुलं ज्ञातिप्राधान्यमेव च। अचलां श्रियमाप्नोति श्रेयः प्राप्तनोत्यमुत्तमम्।।
न भयं क्वचिदाप्नोति वीर्यं तेजश्च विन्दति। भवत्यरोगो द्युतिमानबलरूपगुणान्वितः।।
रोगार्तो मुच्यते रोगाद् बद्धो मुच्यते बन्धनात्। भयानमुच्यते भीतस्तु मुच्येतापन्न आपदः।।

xxxxxxxxx

न वासुदेव भक्तानामशुभं विद्यते क्वचित् जन्ममृत्युजराव्याधिर्भयं नैवोपजायते।।
इमं स्तवनधीमानः श्रद्धाभक्तिसमन्वितः। युज्येतात्मसुखक्षान्तिश्रीधृतिस्मृतिकीर्तिभिः।।[१३]

समूचे विष्णुसहस्रनाम में भगवान् के हजार नामों के साथ अन्त में यह विश्वास दिलाने की चेष्टा है कि भगवन्नाम के द्वारा व्यक्ति का अशुभ नहीं हो सकता, उसे सुख, शान्ति, धैर्य, कीर्ति, यश तो मिलता ही है, समस्त अमंगलों का परिहार हो जाता है। ऐसी प्रार्थना केवल सकारात्मक भावों के परिपोषण की ही तो एक व्यवस्था है क्योंकि हमारे महर्षि जानते थे कि सकारात्मक सोच से मनुष्य का समूचा व्यक्तित्व बदल सकता है। प्रार्थना में मंगल की बारम्बार आवृत्ति यही करती रही हैं। श्रीसूक्त[१४] में भी

अश्वदायी गोदायी धनदायी महाधने। धनं जुषतां देवि सर्वकामांश्च देहि मे।
पुत्रपौत्रधनंधान्यं हस्त्यश्वाश्वतरी रथम्। प्रजानां भवति माता आयुष्मन्तं करोतु मे।।

इन पंक्तियों में स्पष्ट है कि व्यक्ति जो-जो कामना कर रहा है, उसकी बार-बार सकारात्मक आवृत्ति इन मन्त्रों के द्वारा करता है। ये आवृत्तियाँ उसके विचार को दृढीभूत करती हैं और दृढ़ विचार

---

११. श्रीमद्भागवत, छठा स्कन्ध, अध्याय ८, श्रीनारायणकवचम् श्लोक सं० २०, श्रीधरीटीका, टीकाकार, पं० राजतेजपाण्डेय, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली, पृ० ६०१
१२. वही, श्रीनारायणकवचम् श्लोक सं० २३
१३. महाभारत अनुशासन पर्व, दान धर्म उपपर्व, अध्याय १४५
१४. पुणे से वैदिक संशोधन मंडल द्वारा प्रकाशित ऋ'ग्वेद संहिता का पंचम भाग (पदादि सूच्यात्मक संग्रह) श्रीशाके १८७३ खिलमंत्र सूची, पृ० १००४-१०१४ तक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदार्थ में परिवर्तित होकर उसे निश्चय ही प्राप्त हो जाते हैं।

ये सकारात्मक विचार केवल अपने लिए ही नहीं पोषित किये जाते, पूरे समाज, पूरे विश्व, पूरे ब्रह्माण्ड की मंगल कामना के लिए प्रार्थनाएँ की जाती है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मां कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।' इस विश्व कल्याणकारी प्रार्थना के पीछे क्या रहस्य है? इसके प्रत्युत्तर में संत शिवानन्द का मत पठनीय है-

'यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रेम और सहायता का भाव भेजते हैं तो वह आपके मस्तक से निकलकर सीधा उस व्यक्ति के पास जाता है, जिसके मन में इसी प्रकार का प्रेम-भाव उत्पन्न करता है और दोगुनी शक्ति के साथ आपके पास वापस आता है। ऐसे ही यदि आप किसी मनुष्य के प्रति घृणा का भाव भेजें तो वह उस मनुष्य पर आघात करता है और जब दोगुनी शक्ति के साथ वापस आता है तो आपको भी आहत कर देता है। इसलिये विचार के नियम को समझ लें। केवल दया, प्रेम और कृपा के ही विचार अपने मन में उत्पन्न करें और सदा सुखी रहें'।[१५] निष्कर्षतः इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रार्थनाएँ सकारात्मक सोच का एक सशक्त माध्यम है।

उपर्युक्त प्रार्थना के सकारात्मक पक्ष में यह कह देना उचित प्रतीत होता है कि सम्भव है कि हम में से कुछ लोग एक प्रकार की प्रार्थना करते हों और दूसरे कुछ उससे भिन्न प्रकार की। परन्तु यह प्रयोगों से प्रमाणित हो चुका है कि जिस प्रकार औषधि के नाम पर दी गयी मीठी गोलियाँ भी औषधि का ही काम करती हैं, उसी प्रकार प्रार्थना का स्वरूप चाहे जिस प्रकार का हो, उसके प्रति आस्था और विश्वास व्यक्ति के विचारों को सशक्त बनाता है, यही सशक्तता उसका सकारात्मक पक्ष है।

---

१५. स्वामी शिवानन्द सरस्वती कृत, 'Mind its Mysteries and control' का अनुवाद 'मन; रहस्य और निग्रह, अनुवादक, पृ० १०५, प्रकाशक डिवाइन लाइफ सोसाइटी, पो० शिवानन्द नगर, जिला टिहरी गढ़वाल, चतुर्थ हिन्दी संस्करण २००५ ई० ISBN 81-7052-063-0

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१०१-१०७) ISSN 0974 – 8830

जीवन और वैदिक सोम

डॉ० (श्रीमती) विजयलक्ष्मी[१]

हन्ताहं पृथिवीमिमां नि दधानीह वेह वा। कुवित्सोमस्यापामिति।[२] ऋग्वेद की इस ऋचा के अनुसार सोमपान के पश्चात् व्यक्ति को अपरिमित ऊर्जा की प्राप्ति होती है, वह समस्त पृथिवी को उठा लेने का सामर्थ्य रखता है, यदि इसे काव्यमय आलंकारिक[३] वर्णन भी मान लें तब भी इतना तो स्वीकार किया ही जा सकता है कि सोमपान व्यक्ति के शरीर में स्फूर्ति, मन में उत्साह का सञ्चार करने की क्षमता रखता है। उदासी, नकारात्मकता, अनुत्साह, शैथिल्य को दूरकर तेजस्विता को उत्पन्न करता है। ऋग्वेद के इस ११९ वें सूक्त में १३ मन्त्र हैं तथा प्रत्येक ऋचा का अर्धांश **कुवित्सोमस्यापामिति** है अर्थात् मैंने पर्याप्त सोमरस का पान कर लिया है। सम्पूर्ण सूक्त के अध्ययन के अनन्तर यह कहा जा सकता है कि जीवन के किसी भी पक्ष, आश्रम, अवस्था, परिस्थिति में सोम सम्बन्धी इन ऋचाओं का पठन, पाठन, मनन सहायक सिद्ध होगा, इसमें सन्देह नहीं। प्रस्तुत प्रकरण में सर्वप्रथम विचारणीय है **सोम** पद, सोम है क्या? जिसका वर्णन वेद के कई सूक्तों में है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार- **सत्यं (वै) श्रीः ज्योतिः सोमः**[४], **चन्द्रमा वै सोमः**,[५] **सोमो वै पवमानः**,[६] **सोमः सर्वा देवताः**,[७] **सोम ओषधीनामधिराजः**।[८] ब्राह्मणग्रन्थों में सोम को राजा, राज्य, वृत्र, इन्द्र, पितृलोक, संवत्सर, प्रजापति, पवमान, रात्रि, पर्णपलाश, अरुणदूर्वा, न्यग्रोध, प्राण, दधि, यजमान, यश, अन्न, रेत, उत्तमहवि, वाजपेय इत्यादि अनेकार्थों का वाचक माना गया है।[९] ऋषि दयानन्द ने वेदभाष्य में प्रसङ्गानुसार **सोम** पद के अनेक अर्थ किए हैं यथा- **सुवति चराचरजगत् तत्सम्बुद्धौ जगदीश्वर**, अथवा **सूयन्ते रसा यस्मात् स सोमौषधिराजः**[१०]। **सोमविद्यासम्पादक विद्वन्**[११]। एवमेव चन्द्र, सेनाध्यक्ष, संन्यासी, सोमरसान्वित पाक, ओषधिजन्य दुग्ध, घृत, रस आदि।[१२]

---

१. प्रवक्त्री, संस्कृत विभाग, एस०डी० कॉलेज, मुजफ्फरनगर

२ ऋग्वेद १०.११९.९

३ पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति

४ शतपथ ५.१.२.१०

५ शतपथ १२.१.१.२

६ शतपथ २.२.३.२२

७ ऐतरेय ब्राह्मण २.३

८ गोपथ उत्तरभाग १.१७

९ द्रष्टव्य-वैदिक-कोश पृ० ६०७-६१४ पर्यन्त, पं० भगवद्दत्त एवं हंसराज, विश्वभारती अनुसन्धान परिषद्, ज्ञानपुर, वाराणसी।

१० यजुर्वेद ३.५६

११ यजुर्वेद ४.३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्वानों का विचार है- सोम एक प्रसिद्ध लता थी, जिसके रस की हवि वैदिक यज्ञों में दी जाती थी। ऋग्वेद में इसे लताओं का पति कहा गया है।[१३] यह सम्भव है कि सोम कोई लता भी हो, जिसे पीसने और रस निकालने आदि का उल्लेख वेद में हुआ है। याज्ञिक विधानानुसार सोमरस का तीन बार सेवन किया जाता था- **सायं सवन, माध्यन्दिन सवन और प्रातः सवन**। परन्तु सोम का यह सांसारिक एवं स्थूल रूप मानना होगा। वास्तविक सोम तो प्रभु भक्ति है, जिसके रस में मग्न होकर प्रभु-भक्त शाश्वत आनन्द प्राप्त करता है। प्रभु ही एक मात्र रस अथवा आनन्द के स्वरूप हैं। इसलिए रसरूप प्रभु को पाकर भक्त आनन्दमय हो उठता है।[१४] तैत्तिरीयोपनिषद् का वचन है- **रसो वै सः, रसं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।**[१५]। डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल लिखते हैं- कोई सोम को एक बाह्य वनस्पति लता या वल्ली समझते हैं और उससे अनेक प्रकार भी कल्पनाएँ करते हैं। किसी एक वल्ली को सोम मानकर बैठ जाना, सोम के विराट अर्थ को पंगु कर देना है। सोम भौतिक रूप से एक लता भी हो पर कहना यह है कि विशुद्ध वैदिक परिभाषा में सोम का अर्थ बहुत व्यापक है।[१६] श्री अरविन्द **सोम - आनन्द व अमरता का अधिपति** नामक अध्याय में लिखते हैं- आनन्द का अधिपति सोम वह सच्चा रचयिता है जो आत्मा को धारण करता है और उस आत्मा में से एक दिव्य रचना को उत्पन्न कर देता है। उसके लिए मन और हृदय प्रकाशित हो कर छाननी बना दिए गए हैं, इनमें विद्यमान चेतना सर्वविध संकीर्णता और द्वैध से मुक्त होकर व्यापक रूप से विस्तृत कर दी गई है ताकि वह इन्द्रिय जीवन और मनोमय जीवन का पूर्ण प्रवाह प्राप्त कर सके और इसे वास्तविक सत्ता के विशुद्ध आनन्द में, दिव्य आनन्द में, अमर आनन्द में परिणत कर सके।[१७]

इस प्रकार वैदिक साहित्य में सोम पद को आचार्य, औषधि, वीर्यरक्षण, ईश्वर, प्राण, चन्द्रमा, अन्न आदि अनेकार्थों में ग्रहण किया गया है, सोम के इस विराट स्वरूप का हमारे दैनन्दिन जीवन से क्या सम्बन्ध है? जीवन में सोम का क्या उपयोग है? यही प्रस्तुत पत्र का विचारणीय विषय है।

आचार्य के विषय में छान्दोग्योपनिषद् कहती है- **आचार्यवान् पुरुषो वेद।**[१८] यह व्यक्ति का सौभाग्य है कि उसे अच्छे आचार्य मिल जाएँ। वास्तव में यदि विचारा जाए तो आज भी यह वचन उतना ही सत्य है जितना प्राचीन काल में था। चाहे, शिक्षा, शिक्षणविधि समयानुसार बदल गई है फिर भी मातापिता की यह हार्दिक अभिलाषा रहती ही है कि उसके बच्चे को उत्तम शिक्षक-शिक्षिकाएँ मिलें।

---

१२ द्रष्टव्य- दयानन्द वैदिक कोष, सम्पादक-राजवीर शास्त्री प्रकाश, वेदार्ष महाविद्यालय न्यास, ११९ गौतमनगर, नई दिल्ली

१३ ऋग्वेद ९.११४.२, यो जज्ञे वीरूधां पतिः। अथर्ववेद ५.२४.७, सोमो वीरुधामधिपतिः स मावतु।

१४ ऋषि दयानन्द कृत यजुर्वेद भाष्य में अग्नि का स्वरूप : एक परिशीलन, पृ० ७७, डॉ० कपिलदेव शास्त्री, प्रकाशक- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, १९८८

१५ तैत्तिरीयोपनिषद्।

१६ उरु-ज्योतिः - वैदिक अध्यात्म सुधा, पृ० १४२।

१७ वेदरहस्य (पूर्वार्द्ध)- पृ० ४४६

१८ छान्दोग्योपनिषद् ६.१४.२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भगवती श्रुति कहती है- **आचार्यो मृत्युर्वरुणः सोम ओषधयः पयः।**[१९] प्रस्तुत मन्त्र पर विचार करते हुए सुबोध भाष्यकार लिखते हैं- आचार्य सोम अर्थात् चन्द्र है, चन्द्र के समान शान्ति और आह्लाद देने का कार्य आचार्य करता है। आचार्य से जो विद्या प्राप्ति होती है वह शिष्य के अन्तःकरण में शान्ति और आनन्द स्थिर करने के लिये कारणीभूत होती है। **'सोम'** शब्द का दूसरा अर्थ (स+उमा) ज्ञानी ऐसा भी है। उमा शब्द संरक्षक विद्या अथवा ज्ञान, किंवा मूलशक्ति का वाचक केनोपनिषद् (३.१२.) में आया है। वहाँ उमा शब्द का ब्रह्मविद्या अथवा मूलशक्ति ऐसा अर्थ होता है। (अवति इति उमा) जो रक्षक विद्या किंवा शक्ति होती है उसका नाम 'उमा' है, उस प्रकार की संरक्षक विद्या जिसके पास होती है उसको (उमया सहितः सोमः) कहते हैं।[२०] आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार-१.१.१५-१७

स हि विद्यातस्तं जनयति। तच्छ्रेष्ठं जन्म।
शरीरमेव मातापितरौ जनयतः।[२१]

ऋग्वेद भी एक ऋचा में बहुत सुन्दर कहा गया है-

आ नः पवस्व धारया पवमान रयिं पृथुम्। यया ज्योतिर्विदासि नः।[२२]

हे पवित्र करने वाले सोम, हमें आनन्द की धारा से पवित्र कीजिये, जिस आनन्द की धारा से आप ज्ञानप्रद हैं उसी से हमें विशाल ऐश्वर्य दीजिए। प्रस्तुत ऋचा में तीन बातें कही गईं- **पहली-** आनन्द की धारा से हमें पवित्र कीजिए, हमारा आनन्द पवित्र हो अर्थात् साधन तथा साध्य दोनों की शुचिता बनी रहे, हमारा आनन्द वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, दैशिक तथा वैश्विक मर्यादाओं को क्षति पहुँचाने वाला न हो, **दूसरा** सन्देश जो **आचार्य** के सम्बन्ध में अतीव प्रासङ्गिक है वह यह कि ज्ञान- प्रदान की प्रक्रिया आनन्दप्रद हो। बच्चों को, शिष्यों को सिखाने, पढाने की विधि ऐसी होनी चाहिए कि सीखने वाला, अध्येता, प्रशिक्षु उसमें आनन्द ले सके। आचार्यपद को परिभाषित करते हुए ऋषि दयानन्द व्यवहारभानु में लिखते हैं- **जो विद्यार्थियों को अत्यन्त प्रेम से धर्मयुक्त व्यवहार की शिक्षा व विद्यावान् बनाने के लिये तन-मन-धन से प्रयत्न करे, उसको आचार्य कहते हैं।**

शिक्षा आदान प्रदान का कार्य है, अतः सोमस्वरूप आचार्य से विद्याग्रहण करने के लिये शिष्य को भी संयमी, परिश्रमी होना आवश्यक है, इस सन्दर्भ में पारस्कर गृह्यसूत्र (२.४.३.) का वचन अवधेय है जहाँ शिष्य कहता है- **ओम् अग्नये समिधमाहार्षं बृहते जातवेदसे। यथा त्वमग्ने समिधा समिध्यसऽएवमहमायुषा मेधया वर्चसा प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन समिन्धे जीवपुत्रो ममाचार्यो मेधाव्यहमसान्यनिराकरिष्णुर्यशस्वी तेजस्वी ब्रह्मवर्चस्यन्नादो भूयासं स्वाहा।** प्रस्तुत मन्त्र में आयु, मेधा, वर्चस्, प्रजा, पशु, ब्रह्मतेज की कामना करता हुआ शिष्य कहता है कि मेरा आचार्य दीर्घजीवी होवे, मैं आचार्य की आज्ञा का उल्लंघन करने वाला न होऊँ। यहाँ वेदारम्भ संस्कार का प्रकरण है, इस मन्त्र से

१९ अथर्ववेद ११.५.१४
२० डॉ० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, पृ० ८६
२१ वहीं, सुबोधभाष्य, पृ० ७९
२२ ऋग्वेद ९.३५.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समिधा वेदी में छोड़ने के पश्चात् दोनों हाथों को तपाके जो जल लगाते हैं वह इस बात का प्रतीक है कि अग्नि और सोम (सोमो वै पयः=जल) दोनों के काञ्चन मणि संयोग से ही स्वस्थशरीर, आयु, वर्चस् आदि की प्राप्ति होती है।[२३]

औषधि- वैदिक साहित्य में अनेक स्थानों पर सोम का औषधिरूप में वर्णन प्राप्त होता है- सोमो वै राजौषधीनाम् (कौषीतकिब्राह्मण ४.१२.), औषधो हि सोमो राजा (ऐतरेयब्राह्मण-३.४०), ओषधयः सम्वदन्ते सोमेन सह राज्ञा (यजुर्वेद १२.९६) डॉ० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर अथर्ववेद के एक मन्त्र की व्याख्या में लिखते हैं- सर्वसाधारणतया सोमपान का अर्थ है औषधिरस का सेवन करना यह सब गृहस्थी करें। गृहस्थियों का यह अन्न है। वनस्पति, धान्य, फल, शाक आदि का सेवन गृहस्थियों के परिवारों में होता रहे, माँस, रक्त, अण्डे आदि का सेवन निषिद्ध है। पृथ्वी माता जिस सोमरस से सबकी पुष्टि कर रही है, वह यही वानस्पत्य सोम है। यही गृहस्थ धर्म में रहने वाले का सर्व साधारण वानस्पत्यान्न होना चाहिए।[२४] इसी सूक्त में सोमलता सम्बन्धी एक सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है-

यत्त्वा सोम प्रपिबन्ति तत आप्यायसे पुनः।
वायुः सोमस्य रक्षिता समानां मास आकृतिः।।[२५]

महीने की आकृति के समान (वृद्धि के समान) सोम की आकृति होती है। (महीने की आकृति से अभिप्राय- शुक्लपक्ष तथा कृष्णपक्ष से है।) (नए पत्ते आने से सोमवल्ली पूर्ववत् हरी भरी हो जाती है।) हे सोम तू पुनः वृद्धि को प्राप्त होता है, वायु सोम का रक्षक है। चरकसंहिता (चिकित्सा १-७) में सोम का वर्णन करते हुए कहा गया है- **सोमो नामौषधीराजः पञ्चदश पर्वा स सोम इव हीयते वर्धते च** -यहाँ प्रथम पठित सोम औषधिवाचक है तथा द्वितीय चन्द्रमा का। इसके पत्ते भी शुक्लपक्ष में चन्द्रमा की एक-एक कला के साथ बढ़ते हैं तथा कृष्ण पक्ष में इसी भांति एक-एक पत्ता क्रमशः गिरता है। सोम की जातियों के सम्बन्ध में डॉ० स्वामी देवव्रत सरस्वती अपनी पुस्तक वेदस्वाध्याय (पृ० १६०) में लिखते हैं- चरक और सुश्रुत (चिकित्सा अध्याय २९) में सोम की चौबीस जातियाँ कही हैं- **अंशुमान्** सोम की गन्ध घी के समान होती है, **रजतप्रभ** में कन्द होता है। **मुञ्जवान्** में केले के आकार का कन्द और पत्ते लशुन जैसे होते हैं। **चन्द्रमा** सोम सुवर्ण के समान चमकीला और जल में उत्पन्न होता है। **गरुडाहत** और **श्वेताक्ष** पाण्डुवर्ण के होते हैं तथा सर्प की केंचुली के समान वृक्ष के अग्रभाग पर लटकते रहते हैं। इसी प्रकार **दूर्वा** सोम, **कनीयान्, प्रतानवान्, तालवृन्त, करवीर, अशुंमान् स्वयंप्रभ, महासोम गायत्र्य, त्रैष्टुभ, पाङ्क्त, जागत, शाङ्कर, अग्निष्टोम, रैवत उडुपति** सोम की जातियाँ है। इनसे यह तो सिद्ध हो गया कि सोम कोई ओषधी विशेष न होकर विभिन्न औषधियों का समूह है।

यजुर्वेद में अभिलाषा प्रकट की गयी है कि मुझे औषधियों के रसों को निकालने वाला बनाइए-

---

२३ संस्कारभास्कर, भाष्यकार- स्वामी विद्यानन्द सरस्वती, पृ० १७४

२४ अथर्ववेद-१४.१.२

२५ अथर्व० १४.१.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोमानं स्वरणं कृणुहि ब्राह्मणस्पते। कक्षीवन्तं यऽऔशिजः।[२६] सोम का प्रयोग वृद्धावस्था को दूर करने के लिये किया जाता था। अत एव अथर्ववेद कहता है- हे चमकनेवाले सोम, तू शुद्ध होता हुआ, एकत्रित किया हुआ हमें पुष्टि प्रदान कर, क्षीणता उत्पन्न मत कर। तू अन्नरूप मधुरता तथा उत्तमवीर्य बढ़ाने वाला हो। सोमरस बुद्धि को बढ़ांता है, विशेष निरीक्षण की शक्ति को बढ़ाता है।[२७]

वीर्यरक्षण (संयम)- सोमो रेतोऽदधात् (तैत्तिरीय ब्राह्मण १.६.२.२) रेतो वै सोमः (कौषीतकि १३.७.) शतपथ ३.३.२.१)। अथर्ववेद ९.६१.२८ स्नातक को उद्‌बोधित करते हुए कहता है- **सोम व्रतेषु जागृहि**- अयि सोम (स्नातक) व्रतपालन में सावधान रहो। अहिंसाव्रत, ब्रह्मचर्यव्रत, सत्यव्रत, मौनव्रत आदि विविधरूप संयम के ही तो हैं। **आचार्यः ब्रह्मचारी** (अथर्ववेद ११.५.१६) भी व्याख्या करते हुए सातवलेकर कहते हैं- राष्ट्र में जो अध्यापक होते हैं, वे सब ब्रह्मचारी होने चाहिए, ब्रह्मचारी का अर्थ यहाँ विवाह न किए हुए सज्जन, ऐसा नहीं समझना चाहिए। विवाह होने के पश्चात् भी ऋतुगामी होने से तथा अन्य नियमों का परिपालन करने से ब्रह्मचारी रहना सम्भव है। छोटे मोटे सब ही अध्यापक तथा अन्य सज्जन जो कि नागरिक कार्य में लगे होते हैं वे सब ब्रह्मचारी होने चाहिए। कामी, भोगी, लोभी तथा स्वार्थी नहीं होने चाहिए। जब ब्रह्मचर्य का महत्त्व सब अध्यापकों को ज्ञात होगा, तभी वे अपने शिष्यों को उनकी दीक्षा दे सकते हैं। विचार किया जाए तो वेद के ये दो पद- आचार्य और ब्रह्मचारी ही अनेकों समस्याओं का समाधान करने का सामर्थ्य रखते हैं इसमें कोई सन्देह नहीं। संयम के अभाव में लोग कई प्रकार की जानलेवा आधि-व्याधियों से पीड़ित हैं। सरकार करोड़ों रूपया इन रोगों के निराकरण के लिए औषधियों तथा अन्य उपायों पर अनुदान-स्वरूप व्यय कर देती है, लेकिन ये रोग दिन प्रतिदिन सुरसामुख की तरह बढ़ते ही जा रहे हैं। इन सब सरकारी उपायों के साथ यदि थोड़ा सा महत्त्व संयम का भी बताया जाए, साथ ही पाठ्यक्रम भी इस तरह से बनाया जाए, जिससे संयम, सदाचार की भावना बलवती हो, इससे कम खर्च में ज्यादा लाभ हो सकेगा, जो आधुनिक आर्थिक युग का एकसूत्री लक्ष्य भी है।

ब्राह्मणग्रन्थों तथा पुराणों में पठित अश्विनी कुमारों तथा च्यवन ऋषि सम्बन्धी उपाख्यान पर विचार करते हुए डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल लिखते हैं-'शक्ति संवर्धन के लिए सोम या रेत का शरीर में ही पाचन अनिवार्य है, इसी कारण अश्विनी कुमारों ने च्यवन से यह प्रतिज्ञा कराई कि हम तुम्हें यज्ञ के सोमपान का भाग अवश्य दिलायेंगे। च्यवन के तप ते यह सम्भव हुआ। उसी की महिमा से च्यवन की जीर्णता दूर हुई। इसी विषय को को स्पष्ट करते हुए उनका कहना है- यह सोम रस, रेत या वीर्यरूप से शरीर में सञ्चित होता है। असंयम के कारण इसका शरीर से बाहर क्षय हो जाता है, जब तक प्राणापानरूप अश्विनीकुमार इस सोम को पी सकते हैं तब तक शरीर में जरा का आक्रमण नहीं होता।[२८]

प्रस्तुत प्रसङ्ग में सोम सम्बन्धी यह ऋचा अवधेय है-

---

२६ यजुर्वेद २.२८, सोमानम्-सुनोति निष्पादयत्योषधिसारान्। (महर्षि दयानन्द वेदभाष्य)
२७ द्र० सुबोध भाष्य-अथर्ववेद ९.८६.१८-१९
२८ उरु ज्योति, वैदिक अध्यात्म-सुधा, श्री वासुदेव शरण अग्रवाल पृ० ६९, प्रकाशक-रामलाल कपूर ट्रस्ट रेवली, सोनीपत (हरियाणा)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तवेमाः प्रजा दिव्यस्य रेतसस्त्वं विश्वस्य भुवनस्य राजसि।

अथेदं विश्वं पवमान ते वशे त्वमिन्दो प्रथमो धामधा असि। ऋग्.९.८६.२८

अर्थात् तेरे दिव्य वीर्य से ये सब प्रजाएँ उत्पन्न हुई हैं, तू सब भुवनों का स्वामी है, हे सोम यह सब विश्व तेरे अधीन हुआ है। हे सोम तू पहिला विश्व को धारण करने वाला है, सबका आश्रयदाता है।

श्री अरविन्द सोम के सम्बन्ध में लिखते हैं- क्योंकि वह (सोम) इन आक्रामक शत्रुओं को आन्तरिक चेतना के जाल में पकड़ लेता है, वह उस विश्वसत्य तथा विश्वानुभूति के विन्यास का अधिपति है, इसी आन्तरिक विधान के द्वारा वह मिथ्यात्व, अन्धकार तथा विभाजन की शक्तियों को पकड़ता है और उन्हें सत्य, प्रकाश तथा एकता के नियम के अधीन कर देता है। इसीलिए जो मनुष्य इस आन्तरिक प्रकृति पर शासन करने वाले आनन्द के अधिपति से रक्षित होते हैं वे अपने विचारों और क्रियाओं को आन्तरिक सत्य तथा प्रकाश के अनुकूल कर लेने में समर्थ हो जाते हैं।[२९]

ईश्वर (प्रजापति)- ऋग्वेद के ऋषि का कथन है कि ईश्वर सम्बन्धी सोम रस का पान करके साधक की आत्मा अद्भुत ओज से युक्त हो जाती है और वह सम्पूर्ण भुवन को अभिभूत कर देती है।

अस्य पीत्वा मदानां देवो देवस्यौजसा। विश्वाभि भुवना भुवत्।।[३०]

वहीं सोमरूप प्रभु से प्रार्थना की गई है कि वो हमें पवित्र करे तथा हमारे हृदय में प्रवेश करे, हमारी रक्षा करे।

पवस्व देववीरति पवित्रं सोम रंह्या। इन्द्रमिन्दो वृषा विश।।[३१]

ऋग्वेद की एक अन्य ऋचा कहती है- ज्ञान के स्वामिन् प्रभु तेरा पवित्र कार्य सर्वत्र विस्तार को प्राप्त हो रहा है, जिस व्यक्ति ने तप नहीं किया है वह इस आनन्द (सोमपान के आनन्द) को नहीं पा सकता, केवल जो पक चुके हैं (तपरूप अग्नि में) वे ही इसे धारण करने में, वहन करने में, समर्थ हो सकते हैं-

पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणि पर्येषि विश्वतः।

अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते शृतास इद् वहन्तस्तत् समाशत।।[३२]

इस मन्त्र में आगत **ब्रह्मणस्पते** पद को स्पष्ट करते हुए श्री अरविन्द लिखते हैं- सोम को यहाँ 'ब्रह्मणस्पति' नाम से सम्बोधित किया गया है, जो नाम कहीं-कहीं अन्य देवों के लिए भी व्यवहृत हुआ है पर प्रायः बृहस्पति, रचनाकारक शब्द के अधिपति के लिए नियत है। (द्र० वेद रहस्य, पूर्वार्द्ध, पृ० ४४६) ऋग्वेद ईश्वर भक्तिरूप सोमपान का वर्णन बहुत सुन्दर शब्दों में करता है-

अपाम सोमममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान्।

---

२९ वेद रहस्य, पूर्वार्द्ध पृ० ४५०, श्री अरविन्द आश्रम, पाण्डिचेरी

३० ऋग्वेद ८.९२.६

३१ ऋग्वेद ९.२.१

३२ ऋग्वेद ९.८३.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किं नूनमस्मान् कृणवदरातिः किमु धूर्तिरमृत मर्त्यस्य।। ऋग् ८.४८.३

एक अन्य मन्त्र के द्वारा सोमरूप परमेश्वर से कामना की गई है कि वह हमें मृत्यु को न सौंपे, हम हमेशा उदित होते हुए सूर्य को देखें, हमारी वृद्धावस्था दीप्तियों से युक्त हो, दुरवस्था हम से दूर रहे। (ऋग्वेद १०.५९.४)। इसी प्रकार ऋग्वेद (१०.८५.३), अथर्ववेद (१८.१.१८) जैसे कितने ही स्थलों के आलोक में यह स्पष्ट हो जाता है कि वेदों में अनेकत्र पठित सोम अन्यार्थों के साथ-साथ ईश्वरवाची भी है।

वैदिक साहित्य में **प्राणो वै सोमः** (शतपथ ७.३.१.४५), **प्राणः (यज्ञस्य) सोमः** (कौषीतकि ९.६), **चन्द्रमा उ वै सोमः** (शतपथ ६.५.१.१), **चन्द्रमा वाऽस्य (सोमस्य) दिवि श्रव उत्तमम्** (शतपथ ७.३.१.४६), **अन्नं सोमः** (ताण्ड्यब्राह्मण ६.६.१.), **अन्नं वै सोमः** (शतपथ ३.९.१.८), **एतत् वै देवानां परममन्नं यत्सोमः** (तैत्तिरीयब्राह्मण १.३.३.२.) रूपों में वर्णित सोम अपने विराट् अर्थ का परिचायक है। सोम को इस स्वरूप को यदि जीवन की दृष्टि से विचारें तो पाते हैं कि जैसे सोम अनेकार्थक है तथा उन-उन अर्थों में पूर्ण तथा सार्थक है, उसी प्रकार जीवन के भी कई आवश्यक पक्ष हैं जिनके बिना जीवन एकांगी या अपूर्ण कहलाता है। सामान्यरूप से जीवन को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है- **व्यक्तिगत, सामाजिक तथा आध्यात्मिक**। पुनः एक-एक के कई विभाजन हो सकते हैं। व्यक्ति समाज की प्रथम तथा प्रधानभूत इकाई है। व्यक्ति की उन्नति अवनति पर ही परिवार, समाज, देश तथा विश्व की विकास प्रक्रिया निर्भर करती है। **मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद** अर्थात् मानव निर्माण में माता पिता के साथ आचार्य की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। विद्याग्रहण, बुद्धि का परिष्कार, पढ़े हुई विद्या और ज्ञान का सही दिशा में उपयोग ऐसे विषय हैं जहाँ आचार्य का प्रभाव कहीं न कहीं मानवमन पर अवश्य पड़ता है। यदि आचार्य सोमरूप हो तो यह व्यक्ति तथा समाज दोनों ही दृष्टियों से हितकर होगा। सोम को संयम अर्थ में भी विद्वानों ने अङ्गीकार किया है, संयम और तप जो कि आज हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन से दूर होते जा रहे हैं। भगवती श्रुति सोम के माध्यम से हमें सावधान करती है कि **अतप्ततनूः** सोमपान नहीं कर सकता, जीवन का पक्ष चाहे व्यक्तिगत हो, सामाजिक हो अथवा आध्यात्मिक हो, सर्वत्र संयम सफलता की अचूक औषध है। सोम को औषध तथा अन्न भी माना गया है तो दैनिक जीवन में यदि अन्न को औषध मानकर अर्थात् खाद्य अखाद्य का विवेक कर ग्रहण किया जाए तो यह सोम तन, मन, धन की रक्षा करेगा, यह सर्व स्वीकृत सत्य है। भोजन के सम्बन्ध में मनीषियों द्वारा प्रदत्त हितभुक्, मितभुक्, ऋतभुक् की सूत्रत्रयी त्रिकालाबाधित है।

शीतलता, उदारता, सौम्यता, प्रसन्नता, समानदृष्टि, समयपालन सोम (चन्द्रमा) के ये गुण जनजीवन को कञ्चनवत् खरा बनाने का सहज सामर्थ्य रखते हैं। जाति, देश, काल, वर्ण, वर्गादि किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना अपनी चांदनी से जग को आप्लावित करता हुआ सोम हमें जीवन में स्वार्थी न बनने तथा हर परिस्थिति में उद्वेगरहित रहकर समस्याओं के समाधान की प्रेरणा देता है।

सोम के इस सामान्य अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि सोम ही जीवन है, जीवन को जीवन बनाने के लिये वैदिक सोम का स्वाध्याय, चिन्तन, मनन नितान्त उपयोगी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ० १०८-१११) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक चिन्तन का दार्शनिक स्वरूप एवं उसकी वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता

डॉ० नरेश कुमार[1]

सकारात्मक शब्द का अर्थ आशावादिता है अर्थात् कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जब व्यक्ति आशावान् बनता है, यह आशावान् सकारात्मक अर्थ को प्रदान करता है। संसार के विभिन्न झंझावातों में व्यक्ति सुख और दुःख, हानि और लाभ, यश और अपयश, जन्म तथा मृत्यु का अनुभव निरन्तर करता है। सुख, लाभ, यश तथा जन्म के समय वह स्वयं तथा उसके सम्बन्धीगण आनन्द का अनुभव करते हैं और विभिन्न आशाओं को लेकर आगे बढ़ते हैं। किन्तु दुःख, हानि, अपयश और मृत्यु के समय उसी के सम्बन्धीगण तथा वह स्वयं भी निराशा के समुद्र में डूबता चल जाता है। इस नैराश्यभाव को समाप्त कर आशावादिता के भावों को यदि कोई जन्म देता है तो वह वेद और उपनिषद् हैं। वेद का अर्थ ही ज्ञान, लाभ, सत्ता, विचार, गति इत्यादि हैं।[2] इन वेदों से वैयक्तिक, सामाजिक तथा राष्ट्रियजीवन में उन्नति का मार्गप्रशस्त होता है। वेदों का शान्त ज्ञान मानवमात्र की उच्चतम पगडण्डी पर आरोहण करने का सुगम सोपान है। बृहदारण्यकोपनिषद् के ऋषि ने इनके प्रादुर्भाव का वर्णन करते हुए कहा है **कि जिस प्रकार चारों ओर से रखी हुई गीली लकड़ी से धुआँ निकलता है, ठीक उसी प्रकार इस महान् सत्ता परमेश्वर से श्वास के रूप में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद आदि प्रादुर्भूत हुए हैं।**[3]

यदि देखा जाये तो ये वेद सभी प्राणियों के लिये हितकारी हैं; स्वतः प्रमाण हैं। जिस प्रकार सूर्य स्वयं प्रकाशित होता हुआ, सभी को प्रकाश प्रदान करता है, उसी प्रकार ये वेद भी ज्ञान से प्रकाशित होकर मानवीय अन्तश्चेतना का अज्ञान नष्ट करते हैं। इन वेदों से सभी विद्याओं का प्रकाश हुआ है। इस प्रकार ये वेद सभी विद्याओं के खजाने हैं।[4] महर्षि मनु तो इन वेदों को पितृगण, देवता तथा सभी मानवों का सनातन चक्षु घोषित करते हैं।[5] जिस प्रकार इस संसार की वस्तुओं को देखने के लिये ये नेत्र मुख्य हैं। इन नेत्रों के बिना इस जगत् का प्रत्यक्ष आभास कथमपि सम्भव नहीं हो सकता। उसी प्रकार अलौकिक तत्त्वों के रहस्यों को उद्भासित करने के लिये वेदों की उपयोगिता है। जिसे हम चाहते हैं, उसकी प्राप्ति करने के

---

१. असिस्टेंट प्रोफेसर वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ विद् ज्ञाने, विद्-विचारणे, विद् सत्तायाम, विद्-लाभे।

३ स यथाऽऽद्रैधाग्नेरभ्याहितात् पृथग्धूमा विनिश्चरन्त्येवं वा अरे अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरसः इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानान्यस्यैवैतानि सर्वाणि निःश्वसितानि॥ बृहद्०उप०४.२.१०

४ न वेदशास्त्रदन्यत्तु किञ्चिच्छास्त्रं हि विद्यते। निस्सृतं सर्वशास्त्रं तु वेदशास्त्रात् सनातनात्॥ याज्ञ०स्मृ०

५ पितृदेवमनुष्याणां वेदश्चक्षु सनातनम्। अशक्यं चाप्रमेयं च वेदशास्त्रमिति स्थितिः॥ मनु०१२.९४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये तथा जिसे हम नहीं चाहते उसको दूर हटाने के लिये वेद सर्वोपरि हैं।[६] इससे ज्ञात हुआ कि जो तथ्य हमारे लिये सकारात्मक हैं उनकी प्राप्ति कराने का सर्वप्रथम यदि कोई साधन है तो वह वेद है। वेद हमारे लिये उन तथ्यों को तो प्राप्त कराता ी है, जिन्हें हम सकारात्मक सोचते हैं, किन्तु यह उन तथ्यों को भी प्राप्त कराता है, जो हमारे लिये सकारात्मक होते हैं। इसलिये आचार्य सायण इस विषय को रखते हुए कहते हैं कि वेद का वेदत्व इसी में है कि वह प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा दुर्बोध तथा अज्ञेय उपाय का ज्ञान स्वयं कराता है।[७]

संसार में सुख और दु:ख का अनुभव करते हुए मानव कभी सुखी हो जाता है और कभी दु:खी हो जाता है। किन्तु अनेक बार उसके ऊपर आपत्तियाँ निरन्तर अपना प्रहार करती रहती हैं। एक दु:ख के बाद दूसरा दु:ख और दूसरे के बाद पुन: दु:ख। तब व्यक्ति हतोत्साहित हो जाता है। इस उत्साहहीनता में वह नैराश्यभाव को प्राप्त करके कष्टों में जीवन व्यतीत करता है। इन कष्टों से उभारने के लिये प्राचीन ऋषियों ने वेदों का ही एक आश्रय बताया है। इसके लिये वेदों का स्वाध्याय निरन्तर करते रहना चाहिये। जो इनका स्वाध्याय नहीं करेगा, वह निम्नकोटि को स्वत: प्राप्त कर लेगा। महर्षि मनु ने इसीलिये कहा था कि जो वेद का अध्ययन किये बिना अन्यत्र परिश्रम करता है, वह अकेले ही नहीं अपितु सम्पूर्ण वंश के साथ शूद्रत्व को प्राप्त कर लेता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य का यही बड़प्पन है कि वह गुरु के द्वारा उपनीत होकर वेदों का स्वाध्याय करे।[८]

इस संसार में स्वर्ग भी है और नरक भी है। स्वर्ग से अभिप्राय सुखविशेष से है और नरक से अभिप्राय दु:खविशेष से है। इन नरक के मार्ग से उभरने के लिये वेदों का स्वाध्याय आवश्यक है। महर्षि ने इसीलिये लिखा कि वेदशास्त्र के तत्त्व को जाननेवाला व्यक्ति जिस किसी आश्रम में निवास करता हुआ कार्य का सम्पादन करता है, वह इसी लोक में रहते हुए भी ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेता है।[९] ब्रह्म के साक्षात्कार से यहाँ आचार्य का अभिप्राय सुखविशेष से है। सुखविशेष उसी अवस्था में उपलब्ध होता है जब व्यक्ति सकारात्मक चिन्तन के माध्यम से स्वयं की तथा समाज की दिशा का निर्धारण कर उन्नति करता है। इन संहिताओं को इतना महत्त्व दिया गया कि इनके विषय में विपरीत बोलने वाले मनुष्य को नास्तिक तक कहा गया है।[१०] क्योंकि जीवन की जीने की कला इन वेदों में है, जिनसे परिवार, समाज और राष्ट्र उन्नत होता है। जब समाज के समक्ष वेद होंगे, तब वह निश्चित रूप से सकारात्मक चिन्तन करता हुआ, उन्नतिशील बनेगा, इसलिये समाज के उत्थान के लिये वेदों का स्वाध्याय अपरिहार्य है।

बृहदारण्य उपनिषद् में महर्षि याज्ञवल्क्य ने इन वेदों को वाणी, मन और प्राण का रूपक

---

६ इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो वेदयति स वेद:। ऋग्०भा०भूमिका, सायणाचार्य।
७ प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न विद्यते। एतं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।। ऋग्०भा०भू०, सायणाचार्य
८ योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्। स जीवन्नैव शूद्रमाशु गच्छति सान्वय:। मनु०२.१६८।।
९ वेदशास्त्रार्थतत्त्वज्ञो यत्र कुत्राश्रमे वसन्। इहैव लोके तिष्ठन् स ब्रह्मभूयाय कल्पते।। मनु०१२.१०२।।
१० नास्तिको वेदनिन्दक:। मनु०।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपस्थापित किया है।[११] ऋषि का ऋग्वेद को वाणी, यजुर्वेद को मन और सामवेद को प्राण बताने का अभिप्राय व्यक्ति को सही दिशा देने का है। अर्थात् सारा राष्ट्र तब उन्नत होता है, यदि उसे उत्तम वाणी उपलब्ध हो जाये। उसकी चिन्तनशीलता अर्थात् मननशीलता दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़े। उसका प्राण संगीतमय हो जाये।

ब्राह्मणकार ने तो इन वेदों का इतना महत्त्व बताया कि वह पृथिवी के दान करने से भी अधिक फलवान् माना गया। इनका अध्ययन अविनाशी और अक्षय है। सकारात्मक चिन्तन का मूल घोषित किया गया।[१२]

जिस प्रकार वेदसंहितायें मनुष्य को सुख और शान्ति प्रदान कर आगे बढ़ाने की प्रेरणायें प्रदान करती हैं और उसका जीवन सकारात्मक बनाते हुए आनन्द का अनुभव कराती हैं, उसी प्रकार उपनिषदें भी व्यक्ति को सर्वोच्च दिशा पर ले जाती हैं। इनका महत्त्व देखते हुए विदेशियों ने भी इनकी प्रशंसा निरन्तर की है। इनका अध्ययन करने के उपरान्त मैक्समूलर ने अपनी पुस्तक[१३] में लिखा-

If I were to look over the whole world to find out the country most richly endowed with all the wealth, power and beauty that nature can bestow-in some part a very paradise on earth- I should point to India. If I were asked under what sky the human mind has most fully developed some of its choicest gifts, has most deeply pondered on the greatest problems of life and has pound solutions of some of them which well deserve the attention even those who have studied Plato and Kant-should point to India. And if I were to ask myself from what literature we, here in Europe, we who have been nurtured almost exclusively on the thoughts of greeks and Romans, and of one Semitic race, the Jewish, may draw that corrective which is most wanted in order to make inner life more perfect, more comprehensive, more universal in fact more truly human, a life, not for this life only, but a transfigured and eternal life-again I should point it to India. Maxmuller-India, What can it teach us.[14]

---

११ त्रयो वेदा एत एव वागेवर्ग्वेदो मनो यजुर्वेदः प्राणः सामवेदः। बृहद०उप०१.५.५॥

१२ यावन्तं ह वै इमाम पृथिवीं वित्तेन पूर्णां ददत् लोके जयति, त्रिभिस्तावन्तं जयति, भूयांसम् चाक्षय्यं च य एवं विद्वान् अहरहः स्वाध्यायमधीते, तस्माद् स्वाध्यायो अध्येतव्यः। शत०ब्रां०११.५.६.१॥

१३ Maxmuller-India, What can it teach us.

१४ "अगर मैं विश्वभर में से उस देश को ढूंढने के लिये चारों दिशाओं में आँखें उठाकर देखूँ जिस पर प्रकृतिदेवी ने अपना सम्पूर्ण वैभव, पराक्रम तथा सौन्दर्य खुले हाथों से लुटाकर उसे पृथिवी का स्वर्ग बना दिया है, तो मेरी अंगुली भारत की ओर उठेगी। अगर मुझसे पूछा जाये कि अन्तरिक्ष के नीचे कौनसा वह स्थल है जहाँ मानव के मानस ने अपने अन्तराल में निहित ईश्वरप्रदत्त अन्यतम सद्भावों को पूर्णरूप से विकसित किया है,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन को सुखपूर्वक जीने की कला ये उपनिषद् प्रदान करती हैं। जब व्यक्ति हतोत्साहित हो जाता है। उसके अन्दर आगे बढ़ने की प्रेरणायें ये उपनिषदें देती हैं। जर्मन के प्रसिद्ध विद्वान् शोपनहावर इन उपनिषदों को मानव के विकास के लिये इतना हितकर और ऊँचा मानता है कि वह कह उठता है-

In the whole world there is no study so beneficial and so elevating as that of the upanishads. It has been the solace of my life, it will be the solace of my death. -Schopenhaur[15]

मैक्समूलर ने शोपनहावर के उक्त शब्दों का उल्लेख करते हुए लिखा था-

'अगर शोपनहॉवर की इस भावना का समर्थन करने की आवश्यकता हो, तो दर्शन तथा धर्म के अध्ययन में व्यस्त अपने दीर्घजीवन के अनुभव के आधार पर मैं इन शब्दों का सहर्ष अनुमोदन करता हूँ।[१६]

सन् १६५६ ई० में इन उपनिषदों का फारसी भाषा में दाराशिकोह ने अनुवाद करवाया था। उसने काशी से कुछ पण्डितों को बुलवाकर छह मास तक इनकी व्याख्या सुनता रहा था।

मनुष्य के जीवन की अमूल्य सम्पदा ये वेद और उपनिषद् हैं, जो मनुष्य को कष्टों के सागर से निकालकर उन्हें अपने दार्शनिक चिन्तन के माध्यम से सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। ये विपुल साहित्य जितना हितकर और सकारात्मक मनुष्यों के लिये प्राचीन समय में था, उतना ही वर्तमान में भी है। क्योंकि आज मानव पूर्व की अपेक्षा अत्यधिक भौतिकवादी बनता चला जा रहा है और यह निश्चित है कि जितना-जितना भौतिकवाद पनपता जायेगा। उतनी-उतनी अशान्ति, पीड़ा, व्यथा और परेशानियां व्याप्त होते हुए निराशा की आँधी चलती जायेगी। इस निराशा से उभरने के लिये आशावादी बनते हुए यदि कोई सुख का सहारा इस संसार में है, वह सकारात्मक चिन्तन को दार्शनिक रूप में प्रस्तुत करने वाला वर्तमान में भी वेद और उपनिषदों का विशाल ज्ञान-भण्डार है।

गहराई से उतरकर जीवन की कठिनतम समस्याओं पर विचार किया है, उनमें से अनेकों को इस प्रकार सुलझाया है जिसको जानकर प्लेटो तथा कॉण्ट का अध्ययन करने वाले मनीषी भी आश्चर्यचकित रह जाएँ तो मेरी अंगुली भारत की तरफ उठेगी और अगर मैं अपने से पूछूँ कि हम यूरोपवासी जो अब तक केवल ग्रीक, रोमन तथा यहूदी विचारों में पलते रहें हैं, किस साहित्य से प्रेरणा ले सकते हैं, जो हमारे भीतरी जीवन का परिशोध करे, उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करे, व्यापक बनाये, विश्वजनीय बनाये, सही अर्थों में मानवीय बनाये, जिससे हमारे इस पार्थिव-जीवन को ही नहीं, अपितु हमारी सनातन आत्मा को भी प्रेरणा मिले, तो फिर मेरी अंगुली भारत की ओर उठेगी।

१५ ''विश्व के सम्पूर्ण साहित्य भण्डार में किसी ग्रन्थ का अध्ययन मानव के विकास के लिये इतना हितकर तथा ऊँचा उठाने वाला नहीं है, जितना उपनिषदों का अध्ययन। इसके अध्ययन से मुझे जीवन में शान्ति मिली है, इनके ही अध्ययन से मुझे मृत्यु के समय भी शान्ति प्राप्त होगी।''

१६ If these words of schopenhaur required any endorsement I shall willingly give it as the result of my own experience during a long life devoted to the study of many philosophies and many religions. Max Muller.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ० ११२-१२१) ISSN 0974 – 8830
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तक नाटककार कालिदास

डॉ. राकेश शास्त्री[1]

सकारात्मक चिन्तन मनुष्य के जीवन में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहण करता है, उसे लोकप्रिय बनाते हुए, उसके व्यक्तित्व में निखार लाता है। यदि हम विश्व के महापुरुषों के जीवन का गहन अध्ययन करें तो देखते हैं कि उनकी उन्नति एवं प्रसिद्धि में, महत्त्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने में सकारात्मक चिन्तन ही महत्त्वपूर्ण रहा है, जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों एवं कठिनाइयों में भी अपने धैर्य को न खोना, अपितु कार्य में अपनी ही किसी कमी के कारण सफलता प्राप्त न होने विषयक विचारधारा को ही सकारात्मक चिन्तन की श्रेणी में रखा जाता है।[2]

इसके अतिरिक्त समाज की उन्नति एवं विकास में सहायक प्राचीन शास्त्रकारों की मान्यताओं को ससम्मान स्वीकार करना, उनका तन-मन से अनुकरण करना ही व्यक्ति के सकारात्मक दृष्टिकोण का परिचायक है। इसी प्रकार जिस देश एवं समाज में हम जन्म लेते हैं, जिसका अन्न जल खा-पीकर बड़े होते हैं, अपने जीवन में उन्नति तथा सम्मान प्राप्त करते हैं, उसके प्रत्येक प्राकृतिक उपादान की, सांस्कृतिक धरोहर एवं परम्पराओं की तन्मय भाव से प्रशंसा करना तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूक रहते हुए, उनके प्रति समर्पित भाव की अभिव्यक्ति के साथ कृतज्ञता ज्ञापित करना और किसी भी प्राणी का अहित चिन्तन न करना ही सकारात्मकता का द्योतक है।

इस दृष्टि से यदि हम ई.पू. प्रथम शती में स्थित नाटककार कालिदास के साहित्य का अवलोकन करें तो हमें उनमें न केवल पद-पद पर सकारात्मक चिन्तन की प्रतीति होती है, अपितु उनके अपने जीवन में भी सकारात्मकता के दर्शन का ही आभास होता है। प्रस्तुत आलेख में हम नाटककार के सकारात्मक चिन्तन के विषय में ही प्रस्तुति कर रहे हैं-

सर्वप्रथम नाटककार के स्वयं के जीवन की बात ही ले लें। यह सुनिश्चित है कि नाटककार से पूर्व समृद्ध साहित्यिक परम्परा विद्यमान थी। उनसे पूर्व के नाटककारों में भास की प्रतिष्ठा चतुर्दिक् फैली हुई थी। सौमिल्ल और कविपुत्र आदि साहित्यकार भी अपनी कृतियों के माध्यम से सहृदय समाज में पर्याप्त

---

१. अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, श्री गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय, बांसवाडा (राज.)

२. यत्नेकृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः ? (नीतिशतकम्) अर्थात् प्रयत्न करने पर भी यदि कार्य सिद्ध नहीं होता है तो व्यक्ति को किसी दूसरे के सिर उसकी असफलता का दोष मढ़ने की अपेक्षा, यही सोचना चाहिए कि मेरी कार्य शैली में, प्रयत्नों में क्या दोष रह गया है ? (कोऽत्र दोषः ?-अस्मिन् कार्ये मम कार्यप्रणाल्यां प्रयत्नेषु वा कः दोषः आसीदिति।)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसिद्ध हो चुके थे।[3] इतना सब होते हुए भी वे हतोत्साहित नहीं हुए, अपितु अपनी कृतियों के माध्यम से तात्कालिक समाज को उच्च नैतिक संदेश प्रदान करने, अपनी काव्यकला से परिचित कराने के लिए तथा अपने सकारात्मक चिन्तन को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने अपनी नाट्य कृतियों की संरचना का मानस बनाया। महत्त्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि अपनी प्रथम नाट्यकृति मालविकाग्निमित्रम् की प्रस्तुति के समय उन्हें तत्कालीन काव्य-मर्मज्ञों का पर्याप्त विरोध सहन करना पड़ा, जिसकी अभिव्यक्ति उनके प्रथम नाटक में कुछ इस प्रकार देखने को मिलती है -

'भास, सौमिल्लक और कविपुत्र जैसे श्रेष्ठ नाटककारों की कृतियों के रहते इस नौसिखिए कवि कालिदास के नाटक को आप इतना सम्मान क्यों दे रहे हैं ?'[4]

ऐसा प्रतीत होता है कि साहित्यिकों द्वारा किए जाने वाला यह विरोध सम्भवतया उनके द्वारा अपने आश्रयदाता राजप्रासाद के अन्दर होने वाली राजा अग्निमित्र द्वारा की जाने वाली काम-कला विषयक गतिविधियों को 'मालविकाग्निमित्रम्' में अभिव्यक्त करना था, क्योंकि सहृदय सामाजिकों के एक वर्ग को उनके द्वारा समादरणीय राजा का गोपनीय एवं व्यक्तिगत जीवन, नाट्यकृति में चित्रित करना अथवा उनके श्रद्धेय राजा के निजी जीवन की घटना को लेकर कृति संरचना करके उसे सार्वजनिक करना लेशमात्र भी अभिप्रेत नहीं था।

किन्तु अपने प्रति किए जाने वाले विद्वानों के इस विरोध को भी नाटककार ने सकारात्मक रूप में ही लेते हुए अत्यन्त विनम्र भाव से समझाने का प्रयास किया कि- 'प्रत्येक पुरानी वस्तु अच्छी हो यह आवश्यक नहीं है और न ही नया होने से कोई बुरा हो जाता है, अपितु समझदारी तो इसी बात में है कि हमें अपनी बुद्धि द्वारा भली प्रकार देख-परखकर ही अच्छे बुरे का निर्णय करना चाहिए, अज्ञानी लोग ही दूसरों की बुद्धि से प्रेरित होकर कार्य करते हैं, प्रस्तुत कथन को उनके सकारात्मक चिन्तन के सुन्दर उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है-

पुराणमित्येव न साधु सर्वं न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते मूढः पर-प्रत्ययनेयबुद्धिः।।[5]

इसके अतिरिक्त अपनी प्रथम नाट्यकृति मालविकाग्निमित्रम् के मंगलाचरण में भी उनकी सकारात्मकता ही देखने को मिलती है, क्योंकि यहाँ उन्होंने अपने आराध्य भगवान् शिव से पाप की ओर जाने वाली वृत्ति को दूर करके सन्मार्ग पर चलने वाली बुद्धि की कामना की है -

सन्मार्गालोकनाय व्यपनयतु स वस्तामसीं वृत्तिमीशः।[6]

---

३. प्रथितयशसां भाससौमिल्लककविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानकवेः कालिदासस्य क्रियायां कथं बहुमानः। (माल.- १/१ के बाद) विशेष-प्रस्तुत आलेख में उद्धरणों के लिए कालिदास ग्रन्थावली, सम्पादक- पं. सीताराम चतुर्वेदी, तृतीय संस्करण का प्रयोग किया गया है।
४. माल.- १/१ के बाद।
५. माल.- १/२।
६. माल.-१/१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी प्रकार इसी नाटक के अन्तिम अंक में प्रस्तुत भरत वाक्य[७] इस बात का द्योतक प्रतीत होता है कि नाटककार कालिदास अग्निमित्र के कार्यकाल में विद्यमान थे और उनके परम विश्वासपात्रों में उनकी गणना होती थी, साथ ही उनकी पहुँच अन्त:पुर तक भी थी। यही कारण है कि इस नाटक में उन्होंने राजमहल में होने वाली प्रत्येक सूक्ष्मातिसूक्ष्म गतिविधि का अत्यन्त बारीकी के साथ चित्रण किया है। इससे इस बात का सहज की अनुमान किया जा सकता है कि राजा के साथ यह अन्तरंगता वास्तव में उनकी सकारात्मक सोच एवं दृष्टि का ही परिणाम रही होगी।

इसी प्रसंग में दूसरी उल्लेखनीय बात यह भी है कि अपनी प्रथम नाट्यकृति के पर्याप्त विरोध एवं आलोचना के पश्चात् नाटककार ने अपने द्वितीय नाटक विक्रमोर्वशीयम् में प्रसिद्ध पौराणिक कथावस्तु को ग्रहण करके सहृदय सामाजिकों के समक्ष अपना सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त विनम्र भाव से निवेदन किया कि-

हे सज्ञनो! हम नम्र सेवकों पर कृपा करके अथवा इस नाटक के नाटक चन्द्रवंशी पुरूरवा के प्रति आदर करके ही सही, कृपया इस रचना को आप ध्यानपूर्वक सुनिए-

प्रणयिषु वा दाक्षिण्यादथवा सद्वस्तुपुरुषबहुमानात्।
शृणुत जना अवधानात् क्रियामिमां कालिदासस्य।।[८]

कहने का अभिप्राय यही है कि यहाँ नाटककार सहृदय सामाजिकों की कृपाकांक्षा को नाट्यकलाकारों अर्थात् अभिनेताओं की विनीत भावना अथवा कथावस्तु के नायक पुरुवंशी पुरूरवा के प्रति उनकी आदर भावना के आधार पर प्राप्त करते प्रतीत होते हैं, जो विरोधियों को अनुकूल करने की दृष्टि से उनके सकारात्मक दृष्टिकोण का ही परिचायक कहा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त उनकी द्वितीय नाट्यकृति विक्रमोर्वशीयम् के भरतवाक्य से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम नाट्यकृति की संरचना के पश्चात् विद्वानों के किसी षडयन्त्र के तहत इन्हें राजाश्रय से च्युत कर दिया गया और उन्होंने अपना जीवन अत्यन्त विपन्नता में व्यतीत किया, तभी तो उन्होंने लक्ष्मी और सरस्वती के सदैव एक दूसरे से पीठ फेरे रहने की बात का उल्लेख करते हुए सज्ञनों के कल्याण के लिए इन दोनों के एक साथ मिलकर रहने की कामना की है, जिसे इनकी सकारात्मक जीवन-दृष्टि के ही एक महत्त्वपूर्ण पहलू के रूप में देखा जा सकता है-

परस्परविरोधन्योरेकसंश्रयदुर्लभम्।
संगतं श्रीसरस्वत्योर्भूतयेऽस्तु सदा सताम्।।[९]

वस्तुस्थिति यह है कि द्वितीय नाट्यकृति की संरचना के अन्त तक आते-आते नाटककार की विपन्नता की किंचिद् अभिव्यंजना उर्वशी वियोग के प्रसंग में पुरूरवा विलाप के चित्रण में भी देखने को मिलती है, किन्तु उल्लेखनीय यह भी है कि उन्होंने अपनी विकट परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण

---

७. आशास्यमीतिविगमप्रभृति प्रजानां सम्पत्स्यते न खलु गोप्तरि नाग्निमित्रे।। माल.- ५/२०।

८. विक्रमो.- १/२।

९. विक्रमो.- ५/२४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को ही अपने जीवन के सिद्धान्त पक्ष के रूप में स्वीकार किया। उर्वशी वियोग की अवस्था में अत्यन्त दयनीय स्थिति में होते हुए भी गन्धमादन पर्वत पर पुरूरवा का पशु-पक्षियों एवं अन्य प्राकृतिक उपादानों से साथ सम्पूर्ण वार्तालाप नाटककार कालिदास के करुण रस से परिपूर्ण सकारात्मक चिन्तन के अत्यन्त सुन्दर उदाहरण रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त उनके सकारात्मक दृष्टिकोण एवं जीवन दर्शन का ही परिणाम था कि उन्होंने राजा अग्निमित्र के कामुकतातिरेक को, (जो सम्भवतः मन ही मन उन्हें जरा भी प्रिय नहीं था) अप्रत्यक्ष रूप से अत्यन्त कुशलतापूर्वक समाज के समक्ष अभिव्यक्त करके, अपने 'सकारात्मक साहित्यिक दायित्व बोध' का परिचय प्रस्तुत किया, महारानी धारिणी के कथन में इस कथ्य की अभिव्यंजना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है, क्योंकि किसी भी देश की प्रजा की अपने समादरणीय एवं श्रद्धेय राजा से हमेशा यही अपेक्षा रहती है कि उनके राजा अपना बहुमूल्य समय इधर-उधर के व्यर्थ कार्यों में व्यतीत न करके, राज्य के कार्यों में सदुपयोग करते हुए सदैव प्रजाहित का ही चिन्तन करें-

यदि राजकार्येष्वीदृश्युपायनिपुणतार्यपुत्रस्य ततः शोभनं भवेत्। [१०]

सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर यहाँ भी हमें अपने देश व समाज के प्रति कर्तव्य बोध की झलक के साथ नाटककार के सकारात्मक दृष्टिकोण की ही प्रतीति हो रही है, क्योंकि इस कृति के माध्यम से महाकवि ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि राजा का स्थान समाज में अत्यधिक ऊँचा होता है, उसे कभी भी अपने दायित्वों का विस्मरण नहीं करना चाहिए, इतनी कामुकता सार्वजनिक जीवन से जुड़े राजा के लिए किंचित् भी औचित्यपूर्ण नहीं कही जा सकती है, क्योंकि ईश्वर के रूप में माने जाने वाले राजा[११] द्वारा प्रजा के कार्यों की उपेक्षा करके काम-क्रीड़ाओं में आकण्ठ निमग्न रहना, किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत अथवा न्यायोचित नहीं माना जा सकता है।

राजा के तेज की प्रशंसा भी नाटककार अत्यन्त सुन्दर रूप में करते हैं, जिससे तात्कालिक समय में समाज में राजा विषयक मान्यताओं की प्रतीति होती है-

द्वारे नियुक्तपुरुषाभिमतप्रवेशः सिंहासनान्तिकचरेण सहोपसर्पन्। तेजोभिरस्य विनिवर्तितदृष्टिपातैर्वाक्यादृते पुनरिव प्रतिवारितोऽस्मि।। [१२]

यहाँ नाटककार राजा के राजसी गुणों की उपमा के लिए सूर्य का उपमान के रूप में प्रयोग करते हैं।[१३] अतः नाटककार का दृष्टिकोण यहाँ भी यही प्रतीत होता है कि इस प्रकार की उत्कृष्ट सामाजिक मान्यता वाले राजा को उच्च गुण सम्पन्न एवं सद् चारित्रिक होना चाहिए, जिसे समाज एवं देश के प्रति महाकवि का सकारात्मक चिन्तन ही कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त उनके सभी नाटकों के मध्यम, अधम एवं उत्तम प्रत्येक श्रेणी के पात्र अपने कार्य के प्रति सकारात्मक चिन्तन से युक्त ही रहे हैं, क्योंकि

---

१०. माल.- पृ.- २७९।
११. माल.- १/१२।
१२. वही।
१३. माल.-२/१२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ये सभी अपने-अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक तथा अपने स्वामी एवं बड़ों के प्रति श्रद्धावान्, आज्ञाकारी एवं पर हित चिन्तक रहे हैं,[१४] जिसे नाटककार के सकारात्मक चिन्तन का ही सूचक कहा जा सकता है।

इसी प्रकार हम यह भी देखते हैं कि नाटककार कालिदास ने अपनी प्रथम नाट्यकृति में गुरु, शिष्य एवं शिक्षा इन समाज की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण इन सभी विषयों को लेकर सकारात्मक चिन्तन के प्रति अत्यधिक सचेष्टता प्रदर्शित की है। यही कारण है कि यहाँ उन्होंने शिक्षा-विषयक अनेक सकारात्मक एवं प्रशंसनीय मान्यताओं की स्पष्ट रूप से प्रस्थापना की है। इस नाटक के प्रथम अंक में वे तीक्ष्ण बुद्धि उत्कृष्ट शिष्य की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हैं, जो आचार्य एवं शिष्य दोनों के ही मनोबल को बढ़ाने में सहायक कहा जा सकता है। उनके मत में-

'किसी भी शिक्षक के लिए यह स्थिति अत्यन्त सुखावह होती है कि वह अपने शिष्य को जो शिक्षा प्रदान करे, पूछे जाने पर वह उसे अपेक्षाकृत उत्कृष्ट रूप से प्रस्तुत कर दे।'[१५]

आचार्य गणदास ने अपनी शिष्या मालविका की प्रशंसा करते हुए इन्हीं भावों को अभिव्यक्ति प्रदान की है,[१६] जिसमें महाकवि का सकारात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उनका मानना है कि इस संसार में परिश्रमी, योग्य एवं विनम्र शिष्यों की उपलब्धता अत्यन्त न्यून होती है।[१७] वे स्पष्ट रूप से ऐसे शिष्य को धन्य मानते हैं, जिसकी प्रशंसा गुरु अपने मुखारविन्द से करे।[१८] इसके अतिरिक्त नाटककार ने अपने समय में एक समान विद्या वाले विद्वानों की परस्पर ईर्ष्या-भावना को भी स्पष्ट रूप से संकेतित करते हुए तात्कालिक विद्वत्समाज की शाश्वत प्रवृत्ति को इंगित किया है,[१९] क्योंकि यह पूर्णतया सत्य है कि समान विद्या वाले समाज के लोग एक-दूसरे की उन्नति एवं योग्यता के प्रति अत्यधिक ईर्ष्यालु होते हैं।

इस तथ्य को आज भी हम अपने समाज में देख सकते हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि नाटककार ईर्ष्या की इस प्रवृत्ति को प्रशंसनीय नहीं मानते हैं, जो उनके सकारात्मक चिन्तन का ही परिचायक है। उनकी इस पंक्ति से नाटककार के समय में उनकी उन्नति एवं प्रभाव से ईर्ष्याग्रस्त अन्य विद्वानों की भावनाओं की अभिव्यंजना भी हो रही है, क्योंकि इसी नाटक की प्रस्तावना में नाटककार के उद्गारों से उनके प्रति विद्वानों के इन्हीं भावों को अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है।[२०]

नाटककार का मानना है कि इस संसार में तीन प्रकार के लोग होते हैं। प्रथम, जो स्वयं में गुणी

---

१४. सेवादक्षः परिजनोऽयम् (माल.-१/३।

१५. यद्यत्प्रयोगविषये भाविकमुपदिश्यते मया तस्यै। तत्तद्विशेषकरणात् प्रत्युपदिशतीव मे बाला।। माल.- १/५।

१६. गणदास- भद्रे !तद्विधामसुलभत्वात् पृच्छामि। कुतो देव्या तत्पात्रमानीतम्। माल.-१/५ के बाद

१७. वही।

१८. बकुलावलिका-कृतार्थेदानीं वः शिष्या यस्या गुरुजन एवं तुष्यति। माल.- वही।

१९. प्रायः समानविद्याः परस्परयशः पुरोभागाः। माल.- १/२०।

२०. पुराणमित्येव न साधु सर्वं न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्। सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते मूढ़ः परप्रत्ययनेयबुद्धिः। माल.- १/२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होते हैं तथा अपने गुणों के सम्बन्ध में भलीभाँति जानते हैं। द्वितीय, वे लोग हैं, जो अपनी योग्यता से दूसरों को सिखाने की क्षमता रखते हैं, किन्तु नाटककार तीसरी श्रेणी के लोगों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ मानते हैं, जो न केवल स्वयं गुणी होते हैं, अपितु अपनी योग्यता एवं क्षमता से अपने गुणों को दूसरों को सिखाने में समर्थ भी होते हैं। नाटककार का यह कथन शिक्षा के सम्बन्ध में उनके उदारवादी एवं सकारात्मक आदर्श को प्रस्तुत करता प्रतीत होता है।[२१]

उल्लेखनीय है कि नाटककार का समय शास्त्र एवं विद्या में अग्रणी विद्वानों के शास्त्रार्थ का समय रहा है, तभी तो उन्होंने स्पष्ट रूप से शिष्य को परिपक्व करके ही शास्त्रार्थ के मैदान में उतारने की बात का कथन किया है और इससे पूर्व उसे शास्त्रार्थ के लिए प्रस्तुत करना उसके प्रति अन्याय ही माना है,[२२] जिसे नाटककार की सकारात्मक सोच का ही परिणाम कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महत्त्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि नाटककार शास्त्रार्थ की पद्धति में निष्पक्ष निर्णय के भी पक्षपाती रहे हैं, तभी तो उन्होंने किसी एक व्यक्ति पर निर्णय करने के अधिकार का विरोध करते हुए अपनी सकारात्मक जागरूकता का परिचय दिया है।[२३]

इसके अतिरिक्त नाटककार का यह भी मानना है कि- गुरु किस प्रकार के शिष्य का चयन करता है, यह उसकी योग्यता को ही प्रदर्शित करता है।[२४] इसी प्रकार उन्होंने ऐसे अध्यापक की भी निन्दा करते हुए उसे 'वणिक्' संज्ञा प्रदान की है, जो किसी प्रकार एक वार जीवन वृत्ति प्राप्त करने के वाद निष्क्रिय हो जाता है और अपने ज्ञान को 'अपडेट' नहीं करता है, साथ ही शास्त्रार्थ के लिए प्रतिक्षण सन्नद्ध नहीं रहता है, क्योंकि ज्ञान की दृष्टि से अपडेट व्यक्ति ही शास्त्रार्थ में समर्थ होता है। ऐसा 'वणिक्' अपनी योग्यता एवं क्षमता पर अँगुली उठाए जाने पर भी चुपचाप बैठा रहता है और केवल पेट पालने के लिए शिक्षक-वृत्ति को स्वीकार करता है,[२५] इस सम्बन्ध में नाटककार का आक्रोश हमें स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

इतना ही नहीं उन्होंने तो विदूषक के माध्यम से स्पष्टतया स्वीकार किया है कि किसी भी व्यक्ति का वैदुष्य एवं नैपुण्य उसके शिष्यों के वैदुष्य एवं नैपुण्य से ही आँका जा सकता है।[२६] गुरु, शिष्य एवं शिक्षा विषयक इन सभी विचारों एवं मान्यताओं में हमें नाटककार की सकारात्मकता के स्पष्ट रूप से दर्शन होते हैं। इसी प्रकार हम यह भी देखते हैं कि नाटककार के समय में नाट्यशास्त्रकार आचार्य भरत के

---

२१. श्लिष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता। यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव।। माल.- १/१६।

२२. देवी- अचिरोपनीता ते शिष्या। अपरिनिष्ठितस्योपदेशस्य पुनरन्याय्यं प्रकाशनम्। माल.- १/१७ के बाद।

२३ पद्ध राजा-तिष्ठ यावत्। पक्षपातमत्र देवी मन्यते। तदस्याः पण्डित-कौशिकीसहितायाः समक्षमेव न्याय्यो व्यवहारः। माल.- १/१२ के बाद। पपद्ध परिव्राजिका- देवि! नैतन्न्याय्यम्। सर्वज्ञस्याप्येकाकिनो निर्णयाभ्युपगतो दोषाय। माल.-१/१७ के बाद।

२४. राजा- देवि ! एवमापठ्यते। विनेतुरद्रव्यपरिग्रहोऽपि बुद्धिलाघवं प्रकाशयतीति। माल.-१/१६ के बाद।

२५. लब्धास्पदोऽस्मीति विवादभीरोस्तितिक्षमाणस्य परेण निन्दाम्। यस्यागमः केवलजीविकायै तं ज्ञानपण्यं वणिजं वदन्ति।। माल. - १/१७।

२६. विदूषक-सुशिक्षितोऽपि सर्वं उपदेशदर्शनेन निष्णातो भवति। माल.-१/१८ के बाद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रभाव के कारण अभिनय एवं संगीत-विद्या का अत्यधिक प्रचलन था। स्त्रियों को संगीत की शिक्षा प्रदान करने के लिए महलों में एकाधिक संगीताचार्यों की नियुक्तियाँ की जाती थीं। संगीत की शिक्षा प्रारम्भ करने से पूर्व प्रतिदिन सरस्वती की पूजा होती थी तथा इस समय देवी को जो भी सामग्री भोग लगायी जाती थी, उसे संगीताचार्य ही ग्रहण करते थे, सम्भवत: यही उनकी वृत्ति एवं राज सम्मान था, किन्तु अपने कर्तव्यों का भली प्रकार पालन करने के अभाव में केवल वृत्ति ग्रहण करने की नाटककार ने निन्दा की है, जिसे मालविकाग्निमित्रम् के प्रथम अंक में विदूषक द्वारा गणदास को सम्बोधन प्रसंग में देखा जा सकता है, जिसे समाज हित की दृष्टि से नाटककार कालिदास के सकारात्मक चिन्तन के अन्तर्गत हम सहज ही स्वीकार कर सकते हैं, क्योंकि वर्तमान समय में भी 'नो वर्क नो पे' के सिद्धान्त को समाज में मान्यता प्रदान की गयी है-

विदूषक- भो गणदास! संगीतपदं लब्ध्वा सरस्वत्युपायनमोदकान् खादतः किं ते मुखनिग्रहेण विवादेन?[२७]

इसी प्रसंग में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि किसी भी शास्त्रार्थ प्रतियोगिता में अवस्था में बड़े आचार्य को पहले अवसर प्रदान किया जाता था[२८] एवं शास्त्रार्थ अथवा प्रतियोगिता में बैठे हुए सभी श्रोतागण अत्यन्त ध्यानपूर्वक उनकी बातों को सुनते थे।[२९] संगीत के अभिनय में पात्रों को सजाने का निषेध था, जिससे सूक्ष्मातिसूक्ष्म अंगाभिनय का प्रदर्शन एवं दर्शन प्रतियोगिता की दृष्टि से किया जा सके,[३०] शिक्षा एवं शास्त्रार्थ विषयक ये सभी स्थल नाटककार के सकारात्मक चिन्तन को ही पुष्ट करते प्रतीत होते हैं।

इसके अतिरिक्त शैक्षिक जगत् की मान्यता के अनुसार- 'सिखाने वाले की कला योग्य शिष्य में पहुँचकर समुद्र में सीपी के जल द्वारा बने मोती के समान खिल उठती है।[३१] संगीत की शिक्षा प्रदान करते समय पाँचों अंगों के अभिनय की शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।[३२] आचार्य की शिक्षा के उपरान्त भी यदि कोई मोटी बुद्धि वाला शिष्य सिखाए हुए को बिगाड़ दे तो इसमें आचार्य का कोई दोष नहीं है।[३३] यद्यपि इस सम्बन्ध में भिन्न मान्यता भी विद्यमान थी, क्योंकि राजा अग्निमित्र ने इसे भी आचार्य के बुद्धि-लाघव की संज्ञा प्रदान की है, किन्तु ये सभी प्रसंग नाटककार के सकारात्मक दृष्टि को ही परिपुष्ट करते हैं।

---

२७. माल.-१/१६ के बाद।

२८. परिव्राजिका-ननु समानेऽपि ज्ञानवृद्धभावे वयोवृद्धत्वाद् गणदासः पुरस्कारमर्हति। माल.- २/१ से पूर्व।

२९. राजा- आचार्य, बहुमानादवहितोऽस्मि। वही - २/१ से पूर्व।

३०. परिव्राजिका- निर्णयाधिकारे ब्रवीमि। सर्वांगसौष्ठवाभिव्यक्तये विगतनेपथ्ययोः पात्रयोः प्रवेशोऽस्तु। आचार्यौ- नेदमावयोरुपदेश्यम्।। वही - १/२० से पूर्व।

३१. पात्रविशेषेन्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाधातुः। जलमिव समुद्रशुक्तौ मुक्ताफलतां पयोदस्य।। माल.- १/६।

३२. गणदास - इदानीमेव पंचांगादकमभिनयमुपदिश्य मया विश्रम्यतामित्यभिहिता। माल. १/६ के बाद।

३३. देवी- यदा पुनर्मन्दमेधा शिष्या उपदेशं मलिनयन्ति तदाऽऽचार्यस्य न दोषः। माल.- १/१६ के बाद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्लेखनीय है कि नाटककार की मान्यता के अनुसार महलों में भी अध्यापन का समय निश्चित होना चाहिए, जिसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। अध्यापन के समय आचार्य की अनुपस्थिति पर 'कारण बताओ' नोटिस दिए जाने के पक्षधर नाटककार ने शिक्षा के विषय में अपने सकारात्मक पहलू को ही अभिव्यक्ति प्रदान की है, जिसकी अभिव्यक्ति राजा के कथन में स्पष्ट रूप से हुई है।[३४] इसके अलावा आचार्य को प्रतिक्षण अपने शिष्य की परीक्षा के लिए उद्यत रहना चाहिए। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में राजा का निर्णय अन्तिम होना चाहिए, शिष्यों पर आचार्य का ही पूर्ण रूप से प्रभुत्व होना चाहिए।[३५] नाटककार की सकारात्मक मान्यता के अनुसार- विद्वानों की संगति में बैठकर मूर्ख भी विद्वान् बन जाता है।[३६]

इतना ही नहीं नाटककार तो शिक्षा के सम्बन्ध में सकारात्मकता की अभिव्यक्ति करते हुए देवलोक में भी कठोर नियमों का पालन के पक्षधर प्रतीत होते हैं, तभी तो उनके द्वितीय नाटक विक्रमोर्वशीयम् के तृतीय अंक में देवताओं के समक्ष लक्ष्मी-स्वयंवर नाटक के मंचन के अवसर पर समुचित शिक्षा प्राप्त करने पर भी उसके समुचित प्रदर्शन न करने पर उर्वशी को नाट्याचार्य भरत के शाप रूप दण्ड के कारण मृत्यु लोक में निवास करना पड़ा।[३७]

नाटककार की सकारात्मक सोच का ही परिणाम था कि वे तपोवनों में भी बालकों को जातकर्म संस्कारों के उपरान्त पढ़ना-लिखना एवं धनुर्विद्या आदि का ज्ञान प्रदान करने के पक्षधर रहे हैं।[३८] इसी प्रकार विक्रमोर्वशीयम् के द्वितीय अंक में देवगुरु बृहस्पति द्वारा 'अपराजिता' नामक विद्या को उर्वशी एवं चित्रलेखा दोनों को ही सिखाने का उल्लेख किया है, इस विद्या के बल से देवों के शत्रु दानव भी अप्सराओं का अहित नहीं कर सकते थे।[३९] इस प्रकार यहाँ उन्हें विद्या के सकारात्मक प्रयोग का भी पक्षधर कहा जा सकता है।

इस प्रकार नाटककार के प्रथम नाटक मालविकाग्निमित्रम् से उनके शिक्षा सम्बन्धी सकारात्मक विचारों के साथ-साथ उनके परिवेश में प्रचलित शैक्षिक मान्यताओं का चित्र भी स्पष्ट रूप से हमारे समक्ष प्रस्तुत हो जाता है। उल्लेखनीय एवं महत्त्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि नाटककार कालिदास स्त्री-शिक्षा प्रदान करने के प्रबल पक्षपाती रहे हैं, जिसे उनके सकारात्मक पहलू के रूप में ही देखा जा सकता है। उनकी यह प्रवृत्ति केवल मानुषी स्त्रियों के लिए ही नहीं थी, अपितु दैवी स्त्रियों में भी परिलक्षित होती है। द्वितीय

---

३४. किमिदं शिष्योपदेशकाले युगपदाचार्याभ्यामत्रोपस्थापना। माल.-१/१२ के बाद।
३५. देवी- का गतिः ? प्रभवत्याचार्यः शिष्यजनस्य। माल. -१/१९ के बाद।
३६. मन्दोऽप्यमन्दतामेति संसर्गेण विपश्चितः। माल. - २ /७।
३७. येन ममोपदेशस्त्वया लंघितस्तेन न ते दिव्यं स्थानं भविष्यति इति उपाध्यायस्य शापः। विक्रमो.- ३/१ से पूर्व।
३८. यक्षत्रियकुमारस्य जातकर्मादिकविधानं तदस्य भगवता च्यवनेनाशेषमनुष्ठितम्। गृहीत विद्यो धनुर्वेदेऽभिविनीतः। विक्रमो.- ५/११ से पूर्व।
३९. चित्रलेखा-सखि, विश्रब्धा भव। ननु भगवता देवगुरुणा अपराजितां नाम शिखाबन्धन विद्यामुपदिशता त्रिदशप्रतिपक्षस्यालंघनीये कृते स्वः। विक्रमो. - २/९ के बाद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाटक की नायिका उर्वशी एवं अन्तिम नाटक की नायिका शकुन्तला द्वारा पत्र का लिखा जाना, उनके प्रौढ़-चिन्तन एवं लेखन-कला के वैशिष्ट्य को प्रदर्शित करते हैं।

तत्पश्चात् तृतीय और अन्तिम नाट्यकृति शाकुन्तलम् की प्रस्तावना से यह भी स्पष्ट है कि इस समय तक नाटककार के जीवन में सकारात्मक चिन्तन के परिणाम स्वरूप ही इस नाटक की प्रस्तुति, रस और भावों का चमत्कार प्रदर्शित करने वाले कलाकारों के आश्रयदाता महाराज विक्रमादित्य की राजसभा में की गई, यहाँ उन्होंने बड़े-बड़े विद्वानों एवं समालोचकों के समक्ष किसी प्रकार की कोई प्रार्थना नहीं की है, अपितु केवल कलाकारों को अपने नाट्य कौशल के प्रति सावधान रहने के लिए कहा है अर्थात् इस समय तक नाटककार सहृदय सामाजिकों में पूर्णतया स्थापित हो चुके थे तथा इन्हें विक्रमादित्य की राजसभा में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो गया था।

अतः यह कथन पूर्व की दोनों नाट्य कृतियों मालविकाग्निमित्रम् एवं विक्रमोर्वशीयम् के समय किए जाने वाले विद्वानों के विरोध के कारण उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों के बाद विक्रमादित्य जैसे उच्च कोटि के गुणज्ञ एवं काव्यप्रेमी राजा का अनुग्रह प्राप्त करने के कारण अपनी कृति की सफलता एवं लोकप्रियता के प्रति आश्वस्त होने से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ-साथ उनके आत्म विश्वास के रूप में ही देखा जा सकता है।

उल्लेखनीय यह भी है कि अपनी अन्तिम कृति में भी नाटककार ने विशेषरूप से जिस सकारात्मक चिन्तन का प्रतिपादन किया है, सम्भवतः यही कारण है कि सहृदय समाज एवं विद्वानों द्वारा यह नाटक सार्वकालिक रूप से प्रशंसनीय रहा है, क्योंकि शाकुन्तलम् में दुष्यन्त द्वारा प्रत्याख्यान किए जाने के बाद भी शकुन्तला का दुष्यन्त के प्रति अपने क्षणिक आक्रोश को विस्मृत करके अपने पति के साथ पुनर्मिलन की आशा में 'विरह-व्रत' धारण करना महाकवि की सकारात्मक सोच का ही परिणाम कहा जा सकता है -

वसने परिधूसरे वसाना नियमक्षाममुखी धृतैकवेणिः।
अतिनिष्करुणस्य शुद्धशीला मम दीर्घव्रतं बिभर्ति।।[४०]

नाटककार कालिदास की इसी सकारात्मक सोच एवं चिन्तन दृष्टि का ही परिणाम है कि आज भी जन-जन में उतना ही लोकप्रिय है, जितना कभी आज से लगभग २००० वर्ष पूर्व उनके समय में रहा होगा अथवा जिन महत्त्वपूर्ण एवं लोकप्रिय तत्त्वों के कारण विद्वानों ने उसकी प्रशंसा **'काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला'** या **'कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्तलम्'** कहकर की होगी। दूसरे शब्दों में इसका श्रेय वस्तुतः उनकी सकारात्मक दृष्टि को ही जाता है।

इसी प्रकार नाटककार कालिदास के समाज में नायकों की मधुकरी प्रवृत्ति के कारण स्त्रियों की स्थिति शोचनीय प्रतीत होती है, क्योंकि शकुन्तला के प्रत्याख्यान के अवसर पर स्त्री के ऊपर पुरुष की सर्वतोमुखी प्रभुता को ही प्रतिपादित किया गया है, जो समाज की मान्यताओं के प्रति अप्रत्यक्ष रूप से आलोचनात्मक दृष्टि की प्रस्तुति के कारण उनके सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतिरूप कहा जा सकता है-

---

४०. शाकु.-७/२१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपपन्ना ही दारेषु प्रभुता सर्वतो मुखी।[४१]

इसी प्रकार पंचम अंक में शारद्वत का अनुगमन करती हुई शकुन्तला के प्रति **'पतिकुले तव दास्यामि क्षममक्'**[४२] कथन शास्त्रकारों द्वारा स्त्री की दशा को हीन से हीनतर बनाने का प्रबल प्रमाण होने के साथ-साथ नाटककार का दृष्टिकोण यहाँ भी आलोचनात्मक होने से सकारात्मक ही कहा जा सकता है, क्योंकि सम्भवत: उन्हें नारी की यह दुर्दशा स्वीकार्य ही नहीं थी, तभी तो उन्होंने 'साहित्य ही समाज का दर्पण' होता है, इस सिद्धान्त को दृष्टिगत रखते हुए शकुन्तला के माध्यम से समाज की इस कुरीति को उसके समक्ष प्रस्तुत करने का सुन्दर, सफल एवं प्रभावी प्रयास किया है।

इसके अतिरिक्त विक्रमोर्वशीय[४३] के उल्लेख के आधार पर नि:संदेहरूप से यह भी कहा जा सकता है कि अष्ट रसों के प्रतिपादक तथा रस सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक आचार्य के रूप में 'आचार्य भरत' पूर्णतया स्थापित हो चुके थे। मालविकाग्निमित्रम् में- **'नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्'** कथन करके नाटककार आचार्य भरत की नाट्यशास्त्रीय मान्यताओं का ही उल्लेख करते हैं, जो पुरातन महाकवियों एवं विद्वानों के प्रति श्रद्धाभाव के कारण उनके सकारात्मक चिन्तन का ही संसूचक रहा है।

इसके अतिरिक्त नाटककार कालिदास के समय में राजा को ईश्वरीय गुणों से युक्त समझा जाता था। मालविकाग्निमित्रम् के प्रथम अंक[४४] तथा शाकुन्तलम् के पंचम अंक में राजा के स्वरूप दिनचर्या, प्रभाव, व्यस्त जीवन और कार्य की गुरुता का उल्लेख किया गया है,[४५] जो राजा के प्रति उनकी सकारात्मक दृष्टि का द्योतक रहा है, क्योंकि प्रजा के षष्ठ अंश से अपनी जीवनचर्या सम्पादित करने वाला, नाटककार का राजा लोक कल्याणकारी दृष्टि रखते हुए सूर्य, वायु और पृथ्वी के समान अविश्रान्तरूप से शासन के उत्तर दायित्वों को वहन करता है-

भानु: सकृद्युक्ततुरंग एव रात्रिं दिवं गन्धवह: प्रयाति।
शेष: सदैवाहित-भूमिभार: षष्ठांशवृत्तेरपि धर्म एष:।।[४६]

उल्लेखनीय है कि नाटककार कालिदास से कुछ शताब्दियों पहले बौद्ध-जैन धर्मों की स्थिति रही थी, किन्तु इनके समय में ब्राह्मण-धर्म की प्रतिष्ठा पुन: स्थापित हुई। जिसके कारण यज्ञ-यागादि को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ। वैदिक-धर्म के पुन: उत्थान हेतु इनके समय में स्मृतिकारों द्वारा अनेक कठोर सामाजिक नियमों की निर्मिति की गई। चारों वर्णों के कर्तव्य निश्चित किए गए तथा आश्रम व्यवस्था को सुदृढ करने का प्रयास किया गया, किन्तु यह निश्चयरूप से कहा जा सकता है कि प्राजापत्य विवाह की पूर्ण स्थापना इनके समय तक नहीं हो सकी थी। यहाँ तो प्रेम विवाह अर्थात् गान्धर्व विवाह, ही प्रमुखता

---

४१. शाकु. -५/२६।
४२. शाकु. - -५/२७।
४३. विक्रमो. -२ /१८।
४४. माल.- १/११-१२।
४५. माल.- ५/५ ८।
४६. माल.- ५/४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिए हुए था, किन्तु इस विवाह के दुर्गुणों से परिचित नाटककार ने इसकी आलोचना भी महर्षि कण्व के शिष्यों के माध्यम से कराने का सफल प्रयास करके अपने सकारात्मक दृष्टिकोण को सुन्दर अभिव्यक्ति प्रदान की है-

अत: परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात्संगतं रह:।
अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरीभवति सौहृदम्।।[४७]

उपर्युक्त अत्यन्त संक्षिप्त विवेचन से स्पष्ट है कि ई. पू. प्रथम शती में स्थित नाटककार का स्वयं का जीवन सकारात्मक दर्शन का प्रत्यक्ष दस्तावेज कहा जा सकता है, यही कारण है कि उनकी कृतियों में पद- पद पर उनकी सकारात्मकता के दर्शन होते हैं। उन्होंने अपनी प्रथम नाट्यकृति में स्पष्ट रूप से गुरु शिष्य सम्बन्धों एवं शिक्षा के विषय में तात्कालिक समय में प्रचलित मान्यताओं को प्रदर्शित करने में सकारात्मक दृष्टिकोण को ही प्रस्तुत किया है, क्योंकि शिक्षा के सम्बन्ध ये सिद्धान्त ही आज भी हमारे समाज पूर्णतया समादरणीय हैं।

---

४७. शाकु.- ५/२४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१२३-१२७) ISSN 0974 – 8830

भारतीय सकारात्मक चिन्तन के विभिन्न आयाम

डॉ० नीलम त्रिवेदी[१]

भारतीय सकारात्मक चिन्तन में प्रारम्भ से ही विश्व जन चेतना परिव्याप्त रही है। हमारे दिव्य दृष्टा ऋषियों ने 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात् यह पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं, मानते रहे हैं। उनके इसी चिन्तन ने 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' और वसुधैव कुटुम्बकम् की उद्घोषणा की थी। भारतीय चिन्तन आध्यात्मिक एवं नैतिक मान्यताओं की सुदृढ़ नीव पर अवस्थित है। हमारा चिन्तन किसी विशेष जाति या देश के लिये सीमित न होकर समग्र संसार एवं मानव मात्र के लिये है। सकारात्मक चिन्तन की अभिव्यक्ति, इससे बढ़कर और सुन्दर शब्दों में नहीं की जा सकती है। इस श्लोक के अर्थ में एक गहन अनुभूति है।

अयं निजः परो वेत्ति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।[२]

यह मेरा यह पराया है ऐसी गणना क्षुद्रचित्त वाले प्राणियों की है। उदार चरित वाले जनों की दृष्टि मे तो यह समस्त वसुधा एक कुटुम्ब है। वसुधैव कुटुम्बकम् यह जीवनोपयोगी नीति ग्रन्थ हितोपदेश का उदात्त उपदेश है। भारतीय चिन्तन सब मानव में समान आत्मा का दिग्दर्शन करना है। वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय संस्कृति का चरम मूल तत्त्व है। उसने मानव हित चिन्तन में देश-काल की परिधि को स्वीकार नहीं किया है।

वसुधैव कुटुम्बकम् की उदार उक्ति इस तथ्य का प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति जिन गुणों से युक्त है उनमें सर्वश्रेष्ठ गुण उसका विश्वमुखी होना है। मनुष्य चाहे वह किसी भी देश, जाति रंग धर्म का हो एक ही परमपिता की संतान है।

जनं बिभ्रति बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्।[३]

इस मन्त्र में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस भूमण्डल पर अनेक भाषाओं के बोलने वाले, विभिन्न धर्मों एवं सम्प्रदायों को मानने वाले लोग निवास करते। माता पृथ्वी सभी प्राणियों पर समान दृष्टि रखती है। यदि हमें इस भूमि पर शान्ति से रहना है तो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की उदात्त भावना को जागृत करना होगा। पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणी परस्पर बन्धु हैं इसलिए सबके अस्तित्व को समान महत्त्व दिया जाना चाहिये।[४]

---

१. संस्कृत विभागाध्यक्ष, डी०जी० कॉलेज, कानपुर।
२ हितोपदेश १-६९
३ अथर्ववेद १२-१-४५
४ वसुधैव कुटुम्बकम्, प्रो० ओंकार प्रसाद द्विवेदी, अनुसंधान एवं विशद अध्ययन संस्थान जयपुर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद के दशम मंडल में संगठन सूत्र के रूप में कहे गये मन्त्र के भाव से इस मन्त्र के आशय को जोड़ते हुये देखा जाय तो इस मन्त्र में समस्त धर्मावलम्बियों के बीच सहिष्णुता, विभिन्न भाषा भाषियों के बीच सद्‌भाव और विभिन्न सम्प्रदायों के बीच एकता पर बल दिया गया है। विश्व बन्धुत्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से भी धर्म जाति-भाषा आदि की विभिन्नता होते हुये भी वैचारिक सामञ्जस्य ही हमें विकास ओर समृद्धि की ओर ले जा सकता है।

भारतीय संस्कृति जिसका मूलाधार वैदिक संस्कृति है, उसकी अनेक विशिष्टताओं में से एक महत्त्वपूर्ण विशिष्टता 'समष्टि' है। वैदिक प्रार्थना में सर्वत्र समष्टि की भावना है। वैदिक ऋषि व्यक्ति के कल्याण के लिये ईश्वर से प्रार्थना नहीं करता प्रत्युत वह समष्टि के मंगल के लिये आशीर्वाद चाहता है।[५] वह व्यक्ति तथा समाज से ऊपर उठ कर सम्पूर्ण विश्व के सुख समृद्धि तथा मंगल के निमित्त ही प्रार्थना करता है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव।।[६]

वैदिक ऋषि प्रार्थना करता है कि वह सभी मानवों के लिये सद्भावना धारण करें उन प्राणियों के प्रति ही नहीं जिन्हें वह देखता है, अपितु उनके लिये भी जो उसकी दृष्टि से ओझल है। ऋषि की कितनी उदात्त भावना है।

यांश्च पश्यामि यांश्च न।[७]

सामान्यत: हम उन्हीं के कल्याण की कामना करते हैं जिन्हें हम देखते हैं परन्तु वैदिक ऋषि निखिल विश्व के अदृष्ट प्राणियों के प्रति यही भावना रखने का नम्र निवेदन करता है। शृण्वन्तु विश्वेऽअमृतस्य पुत्राऽआ ये धामानि दिव्यानि तस्थु: ।[८] इस मन्त्र में सकारात्मक चिन्तन अपनी पराकाष्ठा पर है। समग्र मानव जाति को एक इकाई के रूप में सम्बोधित किया गया है। ईश्वर ने सूर्य, चन्द्र, गगन एवं जल सबके लिये समान बनाया है। सनातन से विद्यमान यह दिव्य शक्तियाँ परस्पर अविरोध भाव से, प्रेम से अपने कार्यों को करती हैं। ऐसे ही तुम भी समष्टि भावना से प्रेरित होकर एक साथ कार्यों में प्रवृत हो। ऐकमत्य होकर परस्पर सद्‌भाव से रहो।[९]

मानव से मानव में मैत्री, सहायता की भावना, सभी प्राणियों की ओर मित्र दृष्टि, परस्पर मित्र भाव, साम्यभाव, प्रेम एवं मित्रता का उपदेश यजुर्वेद के इस मन्त्र में दिया गया है।

मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।

---

५ वैदिक साहित्य और संस्कृति- आचार्य बलदेव उपाध्याय - शारदा मन्दिर काशी,

६ यजुर्वेद ३०-३

७ अथर्ववेद १७-१-७

८ यजुर्वेद ११-५

९ भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व - सोती वीरेन्द्रचन्द्र, राजपाल एण्ड सन्स, नई दिल्ली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।[१०]

भारतीय चिन्तन की यह विशेषता है कि केवल अपने स्वार्थ में ही निरत नहीं रहना चाहिये, वरन् एक दूसरे की सहायता व रक्षा करें।

पुमान् पुमांसं परिपातु विश्वत:।[११]

'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'[१२] **के ध्येय से तादात्म्य रखने वाला मूल मन्त्र 'मनुर्भव'।**

यह भारतीय चिन्तन का परमोत्कृष्ट तत्त्व है।

तन्तुं तन्वन्नजसो भानुमन्विहि ज्योतिष्मत: पथो रक्ष धिया कृतान्।[१३]

अनुल्वण वयत जोगुवामपो मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्।।

मत्वा कर्माणि सीव्यन्ति मनुष्य:।[१४]

सर्वेषामेव भूतानां पुरुष: श्रेष्ठ उच्यते।[१५]

इस मन्त्र में मनुष्य को मनुष्यत्व का बोध कराने के उददेश्य से मनुर्भव की सूक्ति द्वारा मनुष्य को यथार्थ में मनुष्य बनने का आह्वान किया गया है। वही मनुष्य है जो मनन पूर्वक, विवेक पूर्ण बुद्धि से कार्य करता है। सच्चे अर्थों में मनु है। मनुष्य को समस्त प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ समझा गया है। इसलिए ईश्वर ने उसे ऐसी बुद्धि प्रदान की है जिससे वह सत्कर्म एवं दुष्कर्म में अन्तर समझ सके।

ईशोपनिषद् जो भारतीय संस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है, उसके दूसरे श्लोक में निष्काम कर्म करते हुये जीवित रहने का उपदेश निहित है-

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:।

एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।।[१६]

इस श्लोक में महत्त्वपूर्ण शब्द लिप्यते है जिसका आशय यह है कि मनुष्य फल में लिप्त होकर कर्म ना करे, निर्लिप्त रहे। अनासक्ति योग से कर्म करना ही मनुष्य का ध्येय होना चाहिये।

भारतीय संस्कृति सर्वत: सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत है। इनमें कहीं और कभी देश, जाति, समुदाय, धार्मिक पन्थ या सम्प्रदाय के अनुसार भेद नहीं रहा है। कतिपय सकारात्मक भाव निम्न है।

-धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।'

-धृति: क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रह:।

---

१० यजुर्वेद ३६-१८
११ ऋग्वेद ६-७५-१४
१२ ऋग्वेद १-६३-५
१३ ऋग्वेद १०-५३-६
१४ निरुक्त ३-७
१५ महाभारत शान्तिपर्व
१६ ईशावास्य उपनिषद् २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

-आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।

-सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।

- मातृवत् परदारेषु।

-परद्रव्येषु लोष्ठवत्।

-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।

-प्रजापरिपालनं वर्णाश्रमाणां स्वे स्वे धर्मे व्यवस्थापनम्।

-धर्मं चरतमाधर्मं सत्यं वदत नानृतम्।

-मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव, अतिथिदेवो भव।

-सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदः

-न हिंस्यात् सर्वभूतानि

आदि आदि

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः।[१७]

अपने पास भद्र विचार सब ओर आने दो। यह भारतीय चिन्तन की उदारतम धारणा का परिचायक है। इसमें स्वयं को दूसरों के धर्म में जो सद्‌गुण प्रतीत हों, उन्हें ग्रहण करने की प्रवृत्ति उपजती है। इस प्रकार की प्रवृत्ति एवं प्रकृति उदार हृदयता पर आधारित होने के कारण सहिष्णुता एवं सहनशीलता को जन्म देती है। इसके फलस्वरूप संकीर्णता एवं संकुचिता से हटकर एक समन्वय दृष्टि का उदय होता है। जो सद्भावना का प्रतीक बनती है।[१८]

अब प्रश्न उठता है कि इतनी विभूति समृद्धियों, समृद्ध चिन्तन के बाद भी मानव चित्त अशान्त क्यों है? क्यों असंतुष्टि व्याप्त है? कारण स्पष्ट है हम भारतीय संस्कृति के प्राणतत्त्व 'सहिष्णुता' एवं 'समन्वय' से हम पराङ्मुख रहे। हमने इन आदर्शों को पिछली संस्कृति मान इनका अनादर किया, इनको अपनाने में संकोच ही वर्तमान पतन एवं पराभव का कारण है। संस्कृति का संकट तभी उत्पन्न होता है, जब नई पीढ़ी उसे स्वीकारने में संकोच करे और पुरानी के लिए वह अविश्वसनीय हो जाये। जब हम अपनी संस्कृति से कटते हैं तो दुःशासन जैसा बौना भी हम पर हावी हो जाता है। अस्तु संस्कृति से जुड़ना ही हमारी पहिचान है। हमें प्राचीन भारतीय चिन्तन एवं संस्कृति के प्रति गर्व की अनुभूति होनी चाहिये। यह प्राण तत्त्व आज भी हमारी पेरणा के सतत स्त्रोत हैं।

श्री नरेन्द्र मोहन सम्पादक दैनिक जागरण ने भारतीय संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए (२८.०७.१९९२) कहा था।[१९] जो यह सोचते हैं कि भारतीय संस्कृति का रूप परिवर्तित हो चुका है, वे भ्रम में हैं। हाँ, यह ठीक है कि हजारों वर्षो के काल चक्र में विश्व की जो अनेक संस्कृतियाँ भारत आयीं

---

१७ ऋग्वेद १-८९-१

१८ भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व - सोती वीरेन्द्रचन्द्र, राजपाल एण्ड सन्स, नई दिल्ली

१९ श्री नरेन्द्र मोहन २८ जुलाई,१९९२ दैनिक जागरण अंक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उनके सम्पर्क से भारतीय संस्कृति लाभान्वित हुयी और स्वयं उन्हें भी लाभान्वित किया। पर यदि कोई यह कहे कि इससे भारतीय संस्कृति का स्वरूप, उसकी दिशा और उसकी अवधारणा बदल गयी है तो यह एक भ्रम है। जो यह सोच रहे हैं कि पाश्चात्य दर्शन की चकाचौंध ने भारतीय दर्शन के मूल स्वरूप को छिन्न-भिन्न कर दिया है वे भी भ्रम में हैं। इसी तरह जो यह सोच रहे हैं कि एक विशेष प्रकार की उपासना पद्धति ही भारतीय संस्कृति का वास्तविक स्वरूप है, वे भी पूर्णत: भ्रम में हैं। उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं कि भारतीय संस्कृति का प्राण तत्त्व क्या है? भारतीय संस्कृति ने अपनी जीवन्तता का, अपने प्राण तत्त्वों का, परित्याग नहीं किया और फिर वह परित्याग क्यों करे। क्यों करें अपने शाश्वत मूल्यों का परित्याग, क्यों वे अपनी जीवन्तता को छोड़ें जो कि आज से हजारों वर्ष पहले से मानव को मार्ग दिखाते आ रहे हैं और आज भी मानव को मार्ग दिखा रहें है। तथा उनकी समस्त उद्विग्नताओं का उत्तर खोजने में समर्थ है।'

वर्तमान संकट की समस्याओं के प्रति यह प्राञ्जल अभिव्यक्तियाँ समाधान करने का काम करेंगी।

सं गच्छध्वं संवदध्वम्, सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सं जानाना उपासते।।[२०]

---

२० ऋग्वेद १०-१९१-२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१२८-१३०) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक विचारपुंज : वैदिक सूक्त

सत्येन्द्र दत्त अमोली[१]

भारतीय ज्ञान परम्परा का आदि श्रोत वेद सभी उच्च एवं आदर्शवान् विचारों का एकमेव पुंज बन भारतीय ही नहीं अपितु समस्त विश्व को नैतिकता एवं श्रेष्ठता का मार्ग निरन्तर प्रशस्त करता आ रहा है।

यदि हम सकारात्मक विचार के विषय पर वैदिक साहित्य में अनुसंधान करें तो हमें एक नहीं अपितु अनेकों वैदिक सूक्त सकारात्मक विचार शक्ति से ओत-प्रोत मिलेगें। जिनमें मुख्यतः धनान्नदान सूक्त, रोग निवारण सूक्त, औषधि सूक्त, दीर्घायुष्य सूक्त, ब्रह्मचर्य सूक्त, मन्यु सूक्त, अभ्युदय सूक्त, सौमनस्य सूक्तादि प्रमुख हैं किन्तु इस सबसे पहले यह जान लेना आवश्यक है कि यह सकारात्मक विचार क्या हैं? सकारात्मक विचार से तात्पर्य है कि जीवन को श्रेष्ठ एवम् उच्च आदर्शवान् बनाने वाले विचार जो व्यक्तिगत न होकर सार्वभौमिक हों अर्थात् जो विचार मानव समाज ही नहीं, वरन् समस्त् प्राणी जगत् को सुख और सम्पन्नता से पूरित करें। ऐसे ही विचारों के उपदेश वैदिक साहित्य में यत्र तत्र सर्वत्र बिखरे पड़े हैं किन्तु यहाँ कुछ प्रमुख सूक्तों को केन्द्रित करके सकारात्मक विचारों का दिग्दर्शन करने का प्रयास किया जायेगा।

सर्वप्रथम हम विश्राम के सकारात्मक भाव से प्रारम्भ कर रात्रि सूक्त[२] पर विचार करते हैं। इस सूक्त में करुणामयी रात्रिदेवी के अंक में सुषुप्तावस्था में समस्त जीवनिकाय सुख पूर्वक विश्राम करें ऐसा विचार प्रस्तुत किया गया हैं। वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में यदि देखा जाये तो अनिद्रा रोग का सबसे मुख्य कारण नकारात्मक विचार है।[३] जो मानव मनस् पर कुठाराघात करके उसे ही नहीं, अपितु उसके निकटवर्ती समाज को भी कलुषित करते हैं। मनस् से नकारात्मक विचारों को निकालने हेतु सर्वप्रथम आवश्यकता होती है- बुद्धि की, अतः ऐसी ही प्रखर बुद्धि की प्राप्ति हेतु मेधा सूक्त[४] का विधान किया गया है। ऐसी मेधा शक्ति से सम्पन्न व्यक्ति को ही समाज मेधावी कहता है। चूँकि वह अपनी मेधा शक्ति से उत्पन्न सकारात्मक चिन्तन से विश्व मंगल के कार्यों को सम्पादित करता है। विश्व मंगल के कार्यों में वह अपने तन व मन को ही नहीं, वरन् अपने धन को भी लगाये। इस हेतु वेदों में धनान्नदान सूक्त[५] का विधान किया गया है। प्रार्थना स्वरुप यहाँ मानव को दान जैसे सकारात्मक विचार के प्रति जाग्रत करते हुए उपदेश दिया गया है कि 'जो याचक को अन्नादि दान करता है, वही धनी है। उसके कल्याण का शुभ मार्ग सदैव प्रशस्त

---

१. प्रवक्ता (योग विभाग), गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर, हरिद्वार

२ ऋग्वेद १०/१२७

३ नि ग्रामासो अविक्षत नि पद्वन्तो नि पक्षिणाः। नि श्येनासश्चिदर्थिनः।। ऋग्वेद १०/१२७/५

४ शुक्ल यजुर्वेद ३२/१३-१६

५ ऋग्वेद १०/११७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहता है।'[६]

कोई व्यक्ति तभी विश्व मंगल के कार्यों को सम्पादित कर सकता है। जब वह निरोगी हो और वर्तमान में रोग का मुख्य कारण नकारात्मक जीवन शैली है। अत: वेद इस हेतु रोग निवारण सूक्त[७] का विधान करते हुए प्रार्थना करते हैं – 'हे देवो! इस रोगी की रक्षा करो। हे मरुतों के समूहो! रक्षा करो। सब प्राणी रक्षा करें। जिससे यह रोगी रोग दोष रहित हो जाये।'[८] यहाँ पर आरोग्यता के सकारात्मक विचार का उपदेश प्राणी मात्र के लिये जीवनदायी औषधि के समान है। वेद रोग निवारण हेतुक औषधि के लिए भी औषधि सूक्त[९] का उपदेश करते हुए कहता है – 'सभी प्रतिबन्धकों को तुच्छ मानकर जिस प्रकार एक चोर गायों के गोष्ठ में प्रवेश करके गायों को भगा देता है, उसी प्रकार हमारी इन औषधियों ने रोगी के शरीर में प्रवेश किया और उसके शरीर में जो कुछ पीड़ा थी उसे बाहर निकाल दिया।'[१०] यह एक सकारात्मक मानसिक भाव है। जो आयुर्वेदानुसार प्रत्येक रोगी को औषधि ग्रहण करते समय सदैव अपने मनस् में स्थापित करना चाहिए।

मनुष्य आदि काल से ही दीर्घायुष्य की कामना करता रहा है, किन्तु सांसारिक भोगेश्वर्य हेतु दीर्घायु की कामना नकारात्मक विचार है। परन्तु वेद सकारात्मक पक्ष अर्थात् पुरुषार्थ हेतु दीर्घायु की कामना दीर्घायुष्यसूक्त[११] से माध्यम से कर रहा है। दीर्घायु और मृत्युजय के लिए वेदज्ञान ब्रह्मचर्य को नितान्त आवश्यक मानता है। अत: वह ब्रह्मचर्य सूक्त[१२] का निर्माण कर घोषणा करता है – 'ब्रह्मचर्य रूप तप से सब देवों ने मृत्यु को दूर किया।'[१३] ब्रह्मचर्य सूक्त का चिन्तन इतना सार्वभौमिक है कि वह मानव को ही नहीं अपितु पशु, पक्षी, वनस्पति, औषधियों और ऋतुओं आदि को भी ब्रह्मचारी होने का उपदेश देता है।[१४] जिससे ये सभी अमरत्व को प्राप्त हों और चिरकाल तक इस पृथ्वी को सुशोभित करें। ब्रह्मचर्य की शक्ति जिस अन्य सकारात्मक भाव का उदय प्राणी मात्र में करती है, वह है उत्साह शक्ति। ऋग्वेद में मन्युसूक्त[१५] इसी उत्साह शक्ति का उपदेश करता है। इस सूक्त के देवता मन्युदेव हैं, जिनका अर्थ उत्साह शक्ति सम्पन्न देव के रुप में किया जाता है। इस सकारात्मक शक्ति को धारण करने हेतु ऋषि मन्युदेव से प्रार्थना करता है – 'हे मन्युदेव! हम आपकी उपासना से सब प्रकार की सामर्थ्य प्राप्त करें और अपने काम

---

६ पृणीयादिन्नाधमानाय तव्यान् द्राघीयांसमनु पश्येत पन्थाम्। ऋग्वेद १०/११७/५
७ अथर्ववेद ४/१३
८ त्रायन्तामिमं देवास्त्रायन्तां मरुतां गणा:। त्रायन्तां विश्वा भूतानि यथायमरपा असत्।। अथर्ववेद ४/१३/४
९ ऋग्वेद १०/९७
१० अति विश्वा: परिष्ठा: स्तेन इव व्रजमक्रमु:। ओषधी: प्राचुच्यवुर्यत् किं च तन्वो३ रप:।। ऋग्वेद १०/९७/१०
११ अथर्ववेद पैप्पलाद शाखा
१२ अथर्ववेद ११/५
१३ ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत। अथर्ववेद ११/५/१९
१४ अथर्ववेद ११/५/२०-२१
१५ ऋग्वेद १०/८३-८४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रोधादि शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकें।'[१६]

यही उत्साह शक्ति मनुष्य के अभ्युदय का कारण बनती है। और इस सकारात्मक चिन्तन का आह्वान वेद अभ्युदय सूक्त[१७] के रूप में करता है। इस सूक्त में स्तोता अपने अभ्युदय हेतु ईश्वर से दीर्घायु, सर्वप्रियता, सुमति, सुख, तेज, ज्ञान, बल, पवित्र वाणी, बलवान् प्राणशक्ति, सर्वत्र अनुकूलता आदि वरों की प्रार्थना कर रहा है। अभ्युदय में निहित सुख सम्पूर्ण मानव समाज के लिए एक समान तथा एक-दूसरे मानव के प्रति आपेक्षित है। अत: सभी सकारात्मक शारीरिक सुखों के लिए शरीर तथा शरीर के लिए अन्न अपेक्षित है और देश में अन्न उत्तम कृषक तथा उत्तम कृषि व्यवस्था से ही सम्भव है। अत: मानव को अकाल और अभाव जैसी नकारात्मक शक्तियों के सम्मुख विवश न होना पड़े इस हेतु वेद कृषिसूक्त[१८] का विधान प्रस्तुत करते हुए प्रार्थना करते हैं - 'हल से जोती गयी भूमि को वृष्टि के देव इन्द्र उत्तम वर्षा से सींचे तथा सूर्य अपनी उत्तम किरणों से उसकी रक्षा करे।'[१९] जिस राष्ट्र में अन्न का उत्पादन जितना अधिक होता है, वहाँ सुख और समृद्धि जैसी सकारात्मक शक्तियाँ सदैव निवास करती हैं। ऐसा व्यावहारिक जगत् में दृष्टिगोचर है।

इसके साथ ही साथ राष्ट्र में यदि जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्णादि में विभक्त मनुष्यों तथा प्रकृति व मनुष्य के मध्य सौमनस्य हो तो अभ्युदय की प्राप्ति और अधिक प्रबलता से की जा सकती है।

वर्तमान में मानव समाज में जो वैमनस्य की नकारात्मक शक्ति व्याप्त है, वह मानव को पतन की ओर अग्रसर कर रही है। इस कारण से मानव अभ्युदय से वंचित रहे, ऐसा वेदों को स्वीकार्य नहीं। अत: वे सौमनस्य सूक्त (संज्ञान सूक्त)[२०] का विधान करते हैं। इस सूक्त के स्तोता द्वारा प्रार्थना आपसी मतभेदों को भुला कर सुसंगठित होने के लिए की गयी है। संज्ञान का तात्पर्य समानता तथा मानसिक और बौद्धिक एकता है। समभाव की प्रेरणा देने वाले इस सूक्त में सबकी गति, विचार और मन बुद्धि में सामंजस्य हो ऐसे सकारात्मक भाव को प्रबल किया गया है।

इस प्रकार वैदिक सूक्तों की प्रार्थनाओं द्वारा मानव को सकारात्मक चिन्तन से ओत-प्रोत करने का प्रयास वैदिक ऋषियों ने किया है। जो आदि काल से ही मानव समाज ही नहीं अपितु समस्त सृष्टि में सकारात्मक वातावरण उत्पन्न करने में सहायक हैं।

---

१६ ऋग्वेद १०/८३/५

१७ अथर्ववेद उत्तरार्द्ध भाग १७वाँ काण्ड

१८ अथर्ववेद ३/१७

१९ इन्द्रः सीतां नि गृह्णातु तां पूषाभि रक्षतु। अथर्ववेद ३/१७/४

२० ऋग्वेद १०/१९१ अथर्ववेद ३/३०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१३१-१३४) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक चिन्तन का भारत के सामाजिक जीवन में दार्शनिक-स्वरूप

डॉ० सीमा राय[1]

भारत के सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही दर्शन का एक विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। हर युग की सामाजिक व्यवस्था और समसामायिक दर्शन एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।[2] भारतीय दार्शनिकों ने सिद्धान्त और व्यवहार के सामंजस्य को उत्कृष्ट जीवन का मौलिक आधार माना है। यही कारण है कि भारत के सामाजिक जीवन में दार्शनिक विचारों को मानव-जीवन का प्रधान अंग मानकर उनके अनुसार जीवन-यापन करने की चेष्टा की जाती है।[3] चाहे जैन-बौद्ध जैसे नास्तिक दर्शनों के समर्थक हों या न्याय-वेदान्त जैसे आस्तिक दर्शनों के समर्थक हों, सभी ने अपने दर्शन को जीवन-यात्रा के प्रकाश के रूप में अपनाया है।

भारतीय दर्शन का इतिहास इस बात का साक्षी है कि यहाँ का प्रत्येक दर्शन सामाजिक विचारों की विशिष्टता का द्योतक है। भारत के सामाजिक विचारों एवं जीवन शैली का स्पष्ट चित्र यहाँ के दर्शनों में अंकित है। भारतीय दर्शनों के विश्लेषण से इस बात की पुष्टि होती है कि यहाँ के दार्शनिकों ने जो भी सिद्धान्त दिया है, वे सभी सामाजिक जीवन के कल्याण साधन तथा वैयक्तिक जीवन के उत्कर्ष के लिए थे। भारतीय दर्शन का दृष्टिकोण सदा से व्यावहारिक रहा है। इस व्यावहारिकता के कारण कुछ पाश्चात्य विचारकों ने भारतीय दर्शन को मात्र नीतिशास्त्र के रूप में समझने की भूल की है।[4] भारतीय दर्शन-व्यावहारिक तथा आचार-प्रधान अवश्य रहा है, किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि इसे हम आचार-शास्त्र की श्रेणी में ला खड़ा कर दें। भारतीय दार्शनिक आचार-शास्त्र के मूलभूत सिद्धान्तों को प्रश्रय देते हैं तथा उन्हें दार्शनिक लक्ष्यों की सिद्धि में उपयोगी मानते हैं। भारत का सामाजिक जीवन में उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता तथा उस व्यवहार को भी अहितकर समझता है, जो किसी सिद्धान्त पर आधारित न हो।[5] यही कारण है कि दार्शनिक सिद्धान्तों के व्यवहार में आचार-शास्त्रीय तत्त्वों को प्रश्रय देकर भारतीय दार्शनिकों ने अपनी सामाजिक दूरदर्शिता का परिचय दिया है। वे इस बात को समझते थे कि सामाजिक आचार के नियमन द्वारा ही स्वस्थ व्यक्तित्व का विकास हो सकता है तथा दार्शनिक लक्ष्यों की सिद्धि हो सकती है।

भारतीय दर्शन का मानव जीवन से गहरा सम्पर्क है। मानव जीवन की समस्या के समाधान के रूप में ही विभिन्न दर्शनों का विकास हुआ है। भारतीय दर्शन की इस विशिष्टता पर भी आक्षेप करते हुए

---

१. प्रवक्ता, एस० एस० डी० पी० जी० गर्ल्स महाविद्यालय, रूड़की

२ भारतीय दर्शन प० आ० ग्र० पृ०-१५६, १६१

३ इ०इ०फि०, पृ०- ५-६१

४ हि०फि०- पृ०- ३१

५ ए०प्रि०, पृ०- ८-९

CC-0; In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ विचारकों ने ऐसी धारणा बना ली है कि भारतीय दर्शन नैराश्यवाद का सूत्रधार है। यह धारणा दुःख, हानि, अपयश और मृत्यु के समय उसी के सम्बन्धीगण तथा वह स्वयं भी निराशा के समुद्र में डूबता चला जाता है। इस नैराश्यवाद को समाप्त करने की आशावादिता के भावों को यदि कोई जन्म देता है तो वह वेद और उपनिषद् है। वेद का अर्थ ही ज्ञान, लाभ, सत्ता, विचार, गति इत्यादि है। इन वेदों से वैयक्तिक, सामाजिक, तथा राष्ट्रीय जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। वेदों का शान्त ज्ञान मानवमात्र ही उच्चतम पगडण्डी पर आरोहण करने का सुगम सोपान् है। बृहदारण्यकोपनिषद् के ऋषि ने इनके प्रादुर्भाव का वर्णन करते हुए कहा है कि जिस प्रकार चारों ओर से रखी हुई गीली लकड़ी से धुआँ निकलता है, ठीक उसी प्रकार इस महान् सत्यस्वरूप परमेश्वर से श्वास के रूप में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद आदि प्रादुर्भूत हुए हैं।

भारतीय दर्शन जीवन की कठिनाइयों को मानव निर्मित मानते हैं। कारण-कार्य नियम के जैसा ही उन्हें इस विश्व की नैतिक व्यवस्था में आस्था है। प्रकृति में मानव का जैसा आचरण होता है, तदनुरूप उसे उसका वैसा फल मिलता है। धार्मिक जीवन का तात्पर्य है सुख जीवन, मुक्ति का जीवन, एकता का जीवन और निर्भयता का जीवन। धार्मिक जीवन विनाश से सृजन की ओर, बन्धन से मुक्ति की ओर, नैराश्य से आशा की ओर एवं विषमता से समानता की ओर अग्रसर करता है।

धर्माचाराः प्रहीयन्ते सिद्ध्यन्ति च न मानवाः।[६]

वैदिक आर्यों के सामाजिक जीवन का आदर्श था सम्पूर्ण प्राणियों की सौख्य, आरोग्य एवं उनका कल्याणमय जीवन। वे एक ऐसी समाज की रचना करना चाहते थे जो सर्वांगीण एवं अभिवर्द्धनशील हो, यह तभी संभव होता जब वे सामाजिक जीवन के हर पक्ष को नैतिक अनुशासन की डोरी से बाँधते, क्योंकि किसी भी संगठन का मूल उद्देश्य उच्चतर नियमों का निरूपण, धारण एवं उनका अनुपालन ही होता है।

इसी दृष्टि से हमारे प्राचीन ऋषियों ने सामाजिक अभ्युत्थान के लिए एक नैतिक और आध्यात्मिक योजना का निर्माण किया, जिसमें समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए धर्म का विधान था जिसका अवलम्बन कर वह सामाजिक उत्थान और उसके उपभोग का सहभागी बन सकता।[७] जिस प्रकार इस संसार की वस्तुओं को देखने के लिए ये नेत्र मुख्य हैं। इन नेत्रों के बिना इस जगत् का प्रत्यक्ष आभास कथमपि सम्भव नहीं हो सकता। उसी प्रकार अलौकिक तत्त्वों के रहस्यों को उद्भासित करने के लिए वेदों की उपयोगिता है जिसे हम चाहते हैं, उसकी प्राप्ति करने के लिए तथा जिसे हम नहीं चाहते उसको दूर हटाने के लिए वेद सर्वोपरि है।[८] इससे ज्ञात हुआ कि जो तथ्य हमारे लिए सकारात्मक हैं उनकी प्राप्ति करने का सर्वप्रथम यदि कोई साधन है तो वह वेद है। वेद हमारे लिए उन तथ्यों को तो प्राप्त कराता ही है, जिन्हें हम सकारात्मक सोचते हैं, किन्तु यह उन तथ्यों को भी प्राप्त कराता है, जो हमारे लिए सकारात्मक होते

---

६ ऋग्वेद- १.१२३.१३- अभि वर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम्।

७ इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहाराय यो लौकिकमुपायं यो वेदयति स वेदः। -ऋग्वेद भा० भूमिका, सायणचार्य।

८ नास्तिको वेदनिन्दकः। मनु०।।२/।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। इसलिए आचार्य सायण इस विषय को रखते हुए कहते हैं कि वेद का वेदत्व इसी में है कि वह प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा दुर्बोध तथा अज्ञेय उपाय का ज्ञान स्वयं कराता है।

भारतीय समाजशास्त्रियों की दृष्टि में मानव-जीवन के दो प्रधान पक्ष हैं-भौतिक और आध्यात्मिक। भौतिक पक्ष के अन्तर्गत ही उसके उन सामाजिक और वैयक्तिक आचरणों का समावेश हो जाता है, जिनसे लौकिक उत्कर्ष की प्राप्ति होती है। जब व्यक्ति सकारात्मक चिन्तन के माध्यम से स्वयं की तथा समाज की दिशा का निर्धारण कर उन्नति करता है। इन संहिताओं को इतना महत्त्व दिया गया कि इनके विषय में विपरीत बोलने वाले मनुष्य को नास्तिक तक कहा गया है।[९] क्योंकि जीवन की जीने की कला इन वेदों में है, जिनसे परिवार, समाज और राष्ट्र उन्नत होता है जब समाज के समक्ष वेद होंगे, तब वह निश्चित रूप से सकारात्मक चिन्तन करता हुआ, उन्नतिशील बनेगा, इसलिए समाज के उत्थान के लिए वेदों का स्वाध्याय अपरिहार्य है।

मनुष्य जीवन एवं जगत् को वैसे ही स्वीकार नहीं कर लेता जैसा प्रकृति ने इन्हें बनाया है। वह इनमें अपनी इच्छा, रुचि और आवश्यकता के अनुरूप परिष्कार करता है। जिस प्रकार कारण का कार्य अनिवार्य है, उसी प्रकार मानव कर्म का कर्मफल भी अनिवार्य है। आधुनिक काल में अंग्रेजों की सामाजिक विशिष्टताओं एवं वैज्ञानिक बौद्धिकता के समक्ष हिन्दू धर्म को खड़ा करने के लिए अनेक सुधारकों ने विभिन्न संगठनों का निर्माण किया, जिनके माध्यम से हिन्दू धर्म को अधिक उन्नत, उदार और सर्वग्राह्य बनाने की चेष्टा की गई। एक शाश्वत सत्य का प्रतिपादन कर उसे जीवन में अनुभव करने एवं उतारने का परामर्श देता था। मानव जाति का सामाजिक जीवन उसके दार्शनिक विचारों एवं नैतिक आधारों पर निर्भर करता है। मानव समाज की प्राय: प्रत्येक व्यवस्था के पीछे कुछ मूलभूत सिद्धान्त या पृष्ठपोषक विचार होते हैं, जिनकी सिद्धि ही समाज व्यवस्थापकों का लक्ष्य होता है। यही वह सांस्कृतिक पक्ष है जिससे दूर हटते ही कोई सामाजिक व्यवस्था टूट जाती है। मानव स्वभावत: सामाजिक प्राणी है, मुक्ति का आंकाक्षी है, एकता का पोषक है और यही उसका धर्म है।

मानव जीवन संगठित समाज-निर्माण का एक समर्थ साधन है। पवित्र साधन से ही पवित्र लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। मानव जीवन के प्रत्येक पहलू को व्यवस्थित ही नहीं किया बल्कि उनके आदर्श रूप को निर्धारित कर उनके आचरण की नैतिक बाध्यता भी समाज के ऊपर रख दी।

भारतीय दर्शन के अध्ययन से ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक कल्याण के लिए वैसे तो समानान्तर और समरूप मार्गों का प्रतिष्ठापन किया है जो भारतीय जीवन शैली का सैद्धान्तिक पक्ष उसका दर्शन है तो उसका व्यावहारिक पक्ष उसकी वर्णाश्रम-व्यवस्था। एक ओर वर्णाश्रम में भारत दार्शनिक विचारों के व्यावहारिक प्रयोग की व्यवस्था की गयी है तो दूसरी ओर भारतीय दर्शनों में वर्णाश्रम के सैद्धान्तिक आदर्शों का स्वरूप स्थिर किया गया है।[१०] भारतीय आचारशास्त्र में सामाजिकता, मनोवैज्ञानिकता एवं दार्शनिकता इन तीनों के तत्त्व पाए जाते हैं। मानव को समाज के योग्य तथा मन से

---

९ क० ग्रं० पृ० १०४, तोजो भरम न भूलहु भाई

१० बा० सू० २५, प्रत्यक्षमेव प्रमाणम्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वस्थ बनकर आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करा देने की नैतिक पृष्ठभूमि तैयार कर देना ही भारतीय समाजशास्त्रियों का लक्ष्य रहा है।[११] धर्म को आत्मा का एक विशेष गुण बताया है। मानव के मानस को अपने अन्तराल में निहित ईश्वरप्रदत्त अन्यतम सम्भावों को पूर्ण रूप से विकसित किया है, गहराई से उतरकर जीवन की कठिनतम समस्याओं का विचार किया।

दार्शनिक चिन्तन को धर्म से पोषण प्राप्त होता है। आलोक प्राप्त होता है जिससे वह अपने आपको पहिचानने की शक्ति और क्षमता ग्रहण करता है। इस तरह दोनों एक दूसरे के लिए अपरिहार्य हो जाते हैं। 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है' शीर्षक अपने निबन्ध में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है-मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो वाग्जाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोद्दीप न बना सके, जो उसके हृदय को परदु:खाकातर और संवेदनशीलन न बना सके, उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है। इस प्रकार द्विवेदीजी का मनुष्य व्यष्टि का नहीं, समष्टि का वाचक है और वही समष्टि समाज कहलाती है।[१२] सामाजिक मानवतावाद ही उत्तम समाधान है। मनुष्य को, व्यक्ति को नहीं बल्कि समष्टि को आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक शोषण से मुक्त करना होगा। इन सभी के लिए मनुष्य को विश्व-बन्धुत्व से काम करना होगा।[१३] पूरा विश्व ही मनुष्य के बन्धुत्व में सम्मिलित होकर सामाजिक निर्माण में योगदान देना होगा।[१४] भारतीय समाज में अतिथि देवता तुल्य माना जाता है, सकारात्मक सोच से मनुष्य अपने अन्दर की विषमताओं को दूर कर एक नये विचारधारा युक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकता है।[१५]

दर्शन का काम जीवन जगत् के उन प्रश्नों, शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान ढूँढना है जिसे सामान्य मनुष्य न कर सकता है और न समझ ही सकता है। मनुष्य अपने कर्म के द्वारा अपनी क्षमता को प्रदर्शित कर समाज में एकरूपता ला सकता है। ये सम्भावनाएँ तभी जागृत हो सकती हैं, जब मनुष्य की विचारधारा सकारात्मक हो। हम अपने साथ जो जैसा बरतता है उसके साथ वैसा ही बर्ताव करना धर्म-नीति है, मायावी पुरुष के साथ मायावीपन और साधु-पुरुष के साथ साधुता का व्यवहार करना चाहिये।[१६] इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वही समाज सदा सुखी रह सकता है जिसने नैतिक गुणों को अपने जीवन में आत्मसात् कर लिया है।

---

११ पदार्थ संग्रह, धर्मः पुरुषगुणः।

१२ हजारी प्रसाद द्विवेदी ग्रन्थावली भाग-५ पृ०- ३६७-३६८

१३ विश्वबन्धुत्व - ऋ १०, १९१, १-४

१४ अतिथिपूजा-अथर्ववेद ९,६,३

१५ विचार और वितर्क-पृ०-७१

१६ वेदव्यास-महा० शान्तिपर्व

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१३५-१३८) ISSN 0974 – 8830

रमाकान्त पाण्डेय - सार्थक जीवन की सकारात्मक अभिव्यक्ति

डॉ० मञ्जुलता शर्मा[१]

जीवन सफल होना सरल है, परन्तु सार्थक होना बहुत कठिन। व्यक्ति साम, दाम, दण्ड, भेद एवं अन्य अनेकों दाँव पेंचों से जीवन में सफलता एवं सम्मान को तो हासिल कर लेता है, चाटुकारिता की सीढ़ी लगाकर पदप्रतिष्ठा का आस्वादमयसन्तोष प्राप्त करने की सार्थक पहल भी कर लेता है, परन्तु उसका जीवन समाज के लिए उपयोगी हो यह आवश्यक नहीं। अत: हमारे कार्य ही हमारी पहचान बन जायें, यही है वास्तविक मानसमंथन।

आधुनिक संस्कृत साहित्य की चर्चा के प्रसंग में जब रमाकान्त पाण्डेय की बात की जाती है तो सतही पाठक बगल झांकने लगता है परन्तु सुधी श्रोता मुस्करा उठता है, क्योंकि वह जानता है कि रमाकान्त पाण्डेय एक ऐसी पुस्तक हैं जिसे 'कवरपेज' की भी जरूरत नहीं है। आपके व्यक्तित्व में कवि निराला का सौन्दर्य और स्वभाव में कबीर की फक्कड़ता है। श्रीमद्भगवतगीता के निर्लिप्त योगी जैसे पाण्डेय जी से जयपुर की एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रथम बार मिलने का अवसर मिला। इस गोष्ठी के संयोजक वह स्वयं थे। गौरवर्ण, ऊँचाकद, पान से सजे होंठ और क्षितिज पर उभरती हर नई रेखा को देखते खोजी नयन। दूर से ब्रजभूमि के किसी गौरवर्णीय पण्डे की आकृति का अनुमान होता था, परन्तु परिचय से विदित हुआ कि यह विभूति आधुनिक संस्कृत जगत् की कौस्तुभमणि है।

कठोर श्रम करते हुये भी माथे पर स्वेदकणों को टिकने न देना, कुछ भी खा लेना, कहीं भी घण्टे दो घण्टे विश्राम करके फिर अध्ययन में जुट जाना और परहित में आनन्दित होना ऐसे ही साधकों का स्वभाव होता है। ये केवल कहने में नहीं करने में विश्वास करते हैं-

रग में दौड़ने फिरने के हम नहीं कायल।
जब आँख ही से न टपका तो फिर लहू क्या है। (गालिब)

दोबारा जब पाण्डेय जी से राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली में मिली तो डॉ० जगन्नाथ पाठक कवि समवाय में उनकी लेखनी से रूबरू होने का अवसर मिला। संस्कृत जगत् में न तो लेखकों का अभाव है और न समालोचकों की कमी है, परन्तु कुछ की वाणी और व्यवहार अपनी अमिट छाप छोड़ते हैं। उनकी प्रस्तुति एवं लेखन का नया अंदाज मन को छू गया।

इसके बाद सागर विश्वविद्यालय में इस प्रतिभा की पंखुरियों को विकसित होते मैंने देखा। विद्वानों की प्राय: एक ही समस्या होती है कि लोग उन्हें विद्वान् स्वीकार करें। यदि कहीं भी अहम् पर चोट होती है, मंच नहीं मिलता, यशोगान नहीं होता, उत्तरीय नहीं ओढ़ाया जाता, उनकी कृतियों को दर्पण दिखा दिया जाता है अथवा स्वागत सत्कार में कमी रह जाती है तो उनका लेखक और कवि दब जाता है और उसके

---

१. अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, सेण्ट जोन्स कॉलेज, आगरा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थान पर उनका 'सुपरमैन' हुंकार करने लगता है। ऐसी स्थिति में उन्हें प्रकृतिस्थ करना बहुत ही गुरुतर दायित्व है। दिल्ली के विश्व संस्कृत सम्मेलन में मैंने पाण्डेय जी को प्रतिदिन इस स्थिति से जूझते देखा। उनकी सरलता सहजता और बालपन की सी निर्मलता में कहीं भी मुझे उनके श्रेष्ठ समालोचक, अनुवादक और सिद्धहस्त आयोजक का अभिमान दिखाई नहीं दिया। उनको केवल भाई कहने का मन होता है, क्योंकि उनकी विशालता में, अखण्डता में और स्नेह प्रेम के अभेद्यदुर्ग में मिलता है-स्वयं की सुरक्षा का आश्वासन।

आधुनिक संस्कृत साहित्य में जहाँ आज छोटे-छोटे कवियों की जमात कुकुरमुत्तों की तरह उग रही है, फसली आमों की तरह कहीं-कहीं बौर भी लग रहे हैं, ऐसे नवांकुरों को भी श्रेष्ठ व्यवस्था और सम्मान की आशा रहती है, परन्तु पाण्डेय जी जैसे व्यक्ति विरले ही होते हैं जो अपने से वरिष्ठ के लिए सम्मान में और कनिष्ठ के लिए स्नेह में अपनी सुविधाओं को भी छोड़ देते हैं। मैंने उस पल को सागर विश्वविद्यालय की शोध संगोष्ठी में देखा जहाँ दो विदुषी महिलाओं के आ जाने पर पाण्डेय जी ने स्थानाभाव के कारण अपना कमरा उन्हें दे दिया और बिना मान अपमान का भाव लिए स्वयं कबीर की भाँति झीनी बीनी चदरिया समेट कर दूसरे स्थान पर चले गये।

रमाकान्त पाण्डेय जी के लिए दिन और रात में कोई भेद नहीं है। उनकी कुण्डलिनी जब जाग जाये तब ही समाधि। न खाने की जरूरत न पानी का पता। हाँ स्वंय को जड़ीभूत होने से बचाने के लिए पान चलता रहे, यह काफी है। ऐसे अलौकिक व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति से जो एक बार मिल ले वो कभी न भूल पायेगा ऐसा मेरा विश्वास है। आज भी मेरी ऊर्जा जब शिथिल होने लगती है, लेखन से मन उचटता है, अपने कार्य की निष्फलता पर क्षोभ होता है तो एक प्रकाश वलय उनके आकार में सामने दिखाई देता है। उनकी दृष्टि का विस्तार, हृदय की विशालता और चिंतित प्रतिभा का ओजस्वी रूप देखकर ऐसा लगता है जैसे व्याकुल मन ने सान्त्वना का नवीन साधन पा लिया हो। एक ऐसी चेतना प्रस्फुटित होती है जो इस बात का विश्वास दिलाती है कि समस्याएँ भले कितनी ही क्यों न हों, हम निराश नहीं होंगे। उनकी बात में दृढ़ता है, कार्यशैली में तीव्रता है और लेखनी में तेजाब है। निर्भय होकर अरण्य में विचरण करने वाले कभी अरण्यरोदन नहीं करते। इसी प्रकार पाण्डेय जी स्पष्टवादी और मुखर हैं। तुम्हें बात अच्छी लगे अथवा बुरी, चाटुकारिता उनके स्वभाव में नहीं है। सम्भवत: यह प्रवृत्ति उन्हें गुरुदीक्षा में मिली है। इतना सब होने के बाद भी एक अबोध बालक उनके अन्तस्तल में छिपा है जो समय-समय पर अपने निश्छल हठ से अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहता है। यदि संक्षेप में उनके व्यक्तित्व की परिभाषा गढ़नी हो तो कहा जा सकता है कि वे ऐसे कठोर श्रमी शिल्पी हैं जो प्रस्तर प्रतिमाओं में भी प्राण स्पंदित कर सकते हैं, जीवन से निराश और थके हुये पथिकों को भी पाथेय दे सकते हैं। उनके व्यक्तित्व और चरित्र की न जाने कितनी बेताल कथाएँ हैं, परन्तु यह कथाएँ अपने अन्त में एक प्रश्न विक्रमादित्य के लिए अवश्य छोड़ती हैं। इन प्रश्नों के उत्तर भविष्य के गर्भ में हैं। जिन्हें लेखन में ही नहीं, अपितु आचरण में भी उतारने की महती आवश्यकता अनुभव की जा रही है।

कविता करना कठिन है और गद्य लिखना और भी दुरूह। परन्तु लिखे हुये पर फिर लिखना सर्वाधिक श्रमसाध्य कार्य है। क्योंकि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। अनुवादक और आलोचक को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वप्रथम परकाया प्रवेश के द्वारा कवि और लेखक की भावभूमि में स्थान बनाना होता है फिर उसके चिन्तन में स्वयं को डुबोकर भावनाओं और कल्पनाओं को आत्मसात् करके उस तत्त्व को खोजना होता है जहाँ पर कवि का सृजन प्रारम्भ हुआ। तब कहीं समीक्षक की समीक्षा, आलोचक की आलोचना अंकुरित होती है। किसी अज्ञानी की भी आलोचना करना जोखिम उठाने जैसा कार्य है। तो फिर श्रेष्ठ पुरोधाओं की तो बात ही क्या है। बिना कवच के समर में उतरने की अनुभूति लिए आलोचक सदैव बाणों से ही खेलता है। उसे न तो पुरस्कार का लब्ध सुख है और न ही सम्मान का उत्तरीय। शरशय्या पर लेटे हुए, अवसाद में घिरे हुये होने पर भी उसे अपने भीष्मत्व पर अभिमान होता है। यही स्थिति अनुवादक की होती है। भाषा मूलत: भाव की अनुगामिनी होती है। अत: कुछ भाव अपनी मूल भाषा में इतना घुलमिल जाते हैं कि दूसरी भाषा के शब्द उसके रूप को उतार ही नहीं पाते। ऐसी स्थिति में अनुवादक को अनुवाद के साथ-साथ उन सहोदर शब्दों की तलाश का भी उपक्रम करना होता है। पाण्डेय जी इसी गुरुतर दायित्व का निर्वहन करते हुये अनूदित साहित्य की परम्परा को संजीवनी प्रदान कर रहे हैं। उनके अनुवादित ग्रन्थों, कविताओं, कहानियों और शास्त्रीय विमर्श की एक दीर्घ परम्परा पल्लवित पुष्पित है। आपने ऐसे-ऐसे ग्रन्थों का अनुवाद किया है जो यदि इनकी दृष्टि से अस्पृश्य रहते तो सम्भवत: कालकवलित हो चुके होते। देवी पराम्बा के अखण्ड आर्शीवाद से उनकी प्रज्ञा इस क्षेत्र में निरन्तर विकसित हो रही है। ईश्वरविलास महाकाव्य में उनके चमत्कार पूर्ण छन्दों की अद्भुत छटा है। राधावल्लभ त्रिपाठी जी की अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् का अनुवाद करके डॉ० पाण्डेय ने जाने कितने अनुसंधित्सुओं का कल्याण किया है। 'अलिविलास संलाप' भी शास्त्र काव्य है, जिसमें भ्रमर के प्रत्येक गुंजन पर आपने उत्तर दिया है। शिवशतक का दर्शन, नलोदययमक काव्य और वक्रोक्तिजीवितम् के आलंकारिक बोध में अपने यथासम्भव न्याय किया है।

कहानी की आत्मा उसके कहने के ढंग में होती है अत: जब इसका अनुवाद किया जाता है तो वहाँ अभिव्यक्ति का भी अदृश्य अनुवाद होता है। इसके बिना कहानी का प्राणतत्त्वशिथिल हो जाता है। पाण्डेय जी ने हिन्दी की अनेक कहानियों का संस्कृत में अनुवाद किया है। इसमें अभी सद्य: प्रकाशित (अर्वाचीन संस्कृत) ममता की प्रभावमयी प्रस्तुति मन को बांधती है। कहानी के प्रत्येक कोण में जयशंकर प्रसाद की ममता श्वांस लेती है। उसमें न तो कहीं संस्कृत भाषा की क्लिष्टता का दर्प है और न कहीं भावों की अपूर्णता। सम्पूर्ण कथा अपनी निर्बाध गति से पाठकों को बांधती है। लगता है जैसे अनुवादक की समर्पित निष्ठा 'ममता' के आंचल से बंधी हुई है। डॉ० पाण्डेय मितभाषी तो नहीं हैं, परन्तु प्रमत्तप्रलापी भी नहीं हैं अत: उनके कार्य का मूल्यांकन करना बहुत कठिन है, क्योंकि बहुत पूछने पर ही वह अपने लेखन की ऊँचाइयों तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं। उन्होंने जो साहित्यिक सेवा एवं सृजन किया है और अनवरत जिस साहित्य साधना में वे लीन हैं, वह निस्संदेह सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

किसी को प्रभावित करना उतना कठिन नहीं है जितना किसी से प्रभावित होना। क्योंकि व्यक्ति का दम्भ उसे अपने से ऊपर सोचने ही नहीं देता। परन्तु पाण्डेय जी इस विषय में बहुत ही स्पष्टवादी हैं, यदि किसी का ज्ञान उन्हें प्रभावित करता है तो वह मंच से भी उसे स्वीकार कर लेते हैं परन्तु किसी की बात से यदि वे सहमत नहीं होते तो तर्क सहित उसे सिद्ध करते हैं। लीक से हटकर कार्य करना ही उन्हें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुचता हैं, क्योंकि महाजनों के मार्ग को श्रेष्ठ मार्ग मानने वालों के वे पक्षधर नहीं है। अपना रास्ता स्वयं बनाना, उसके अवरोधों को दूर करना और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संकल्पित होना उनका स्वभाव है। छोटे और भटकाव भरे रास्तों को छोड़कर लम्बा परन्तु ध्येयपूर्ण मार्ग पर चलना आपकी प्रवृत्ति है। शायद स्वत: स्फूर्त चिन्तन से जुड़े आपके सृजन ने यह सिद्ध कर दिया है – कि

खुदी को कर बुलंद इतना
खुदा बन्दे से ये पूछे, बता तेरी रजा क्या है।

वास्तव में ऐसे सहृदयी समालोचक और अनुवादकों की ही आज संस्कृत साहित्य को आवश्यकता है जिससे एक ओर तो लिखे गये साहित्य का यथातथ्य मूल्यांकन होता रहे, वहीं दूसरी ओर उसके पाठकों का विस्तार हो। दरअसल आज प्रत्येक भाषा और साहित्य के समक्ष एक चुनौती यह है कि उसके पाठकों की संख्या निरन्तर कम हो रही है। थोड़ी सी जोड़तोड़, कुछ तुकबन्दी से अपने कवि होने का अलंकरण अधिक आकर्षित करता है, परन्तु एक सहृदयी पाठक होने की तृष्णा आज की पीढ़ी को नहीं है। जो लिखा जा चुका है उसमें नयांपन ढूंढना, जो कमी रह गई है उसे इंगित करना, अथवा जो विशिष्ट वर्ग तक सीमित है उसे जनचेतना से जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्कृत साहित्य इस पीड़ा का दंश सर्वाधिक भोग रहा है। अत: ऐसे में अनुवादकों, समीक्षकों, समालोचकों का दायित्व और भी बढ़ जाता है। डॉ० रमाकान्त पाण्डेय जी की यायावरी वृत्ति और सकारात्मक अनुसन्धानात्मक दृष्टि उनके श्रेष्ठ अनुवादक और सफल समालोचक होने में पाथेय का कार्य कर रही है।

अन्तत: यदि संक्षेप में कहा जाये तो पाण्डेय जी में दर्प है परन्तु अभिमान नहीं, विनम्रता है परन्तु चाटुकारिता नहीं, ज्ञान का बोध है परन्तु ज्ञानी होने का प्रदर्शन नहीं। परन्तु हम कामना यह करते हैं कि वह अद्वितीय न हों क्योंकि आज संस्कृत के बृहत्तर कलेवर को जन-मन तक पहुँचाने के लिए उन जैसे कर्मठ कई रमाकान्त चाहिए तब ही देववाणी अपनी अस्मिता के लिए 'वीतचिन्त' हो सकेगी, हम तब ही संस्कृत के अभयारण्य में विश्व को आमन्त्रित कर सकेंगे। अत: कारवाँ बनाने के लिए इस तथ्य को स्वीकार करना पड़ेगा-

ठोकर खाकर गुनगुनाना जिन्दगी है,
गम पाकर मुस्कराना जिन्दगी है
अपनों के लिए जिए तो क्या जिए
गैरों को अपना बनाना जिन्दगी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१३९-१४४) ISSN 0974 – 8830

समकालीन समस्याओं के संदर्भ में सकारात्मक चिन्तन: समस्या एवं समाधान

डॉ० दिपाली शर्मा[1]

डॉ० राजीव कुमार शर्मा[2]

हमारे यहाँ एक कहावत है, 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' अर्थात् जब तक आपका मन अर्थात् आपकी सोच, आपके विचार पराजित नहीं होते तब तक आपको कोई अन्य व्यक्ति पराजित नहीं कर सकता किन्तु जब आप स्वयं को पराजित मान लेते हैं अर्थात् आप की अपनी विचार-धारा स्वयं को पराजित घोषित कर देते हैं, तब आप वास्तव में हार जाते हैं। कुछ ऐसा ही मत विदेशी विद्वान् **स्वेट मॉडर्न** का भी है, वे लिखते हैं, 'हमें जिस बात की आशा या विश्वास होता है, उसे ही हम प्राप्त करते हैं, क्योंकि उसने पहले ही हमारा दिशा निर्देश कर दिया होता है।'[3]

ऐसा ही हम किसी समस्या के संदर्भ में भी कह सकते हैं कि व्यक्तिगत दृष्टिकोण ही किसी समस्या के निवारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। हम सब जानते हैं कि वर्तमान दौर अति व्यस्त, प्रतिस्पर्धापूर्ण एवं अनेक व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं का दौर है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति इन सब में से किसी न किसी प्रकार की समस्या से ग्रस्त है और वह अपने जीवन का अधिकांश समय अपनी समस्याओं के समाधान खोजने में व्यतीत करता है। ऐसे में यदि वह इन समस्याओं के निवारण के लिए अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रखकर चिन्तन करे तो वह अपनी समस्याओं का निवारण अच्छे ढंग से कर सकता है और यह भी निश्चित है कि वह समाधान उस समाधान से कहीं अधिक श्रेष्ठ होगा जो नकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाकर निकाला जायेगा। इस विषय में ऐसा ही विचार **डॉ० जोसेफ मर्फी** का भी है वे लिखते हैं, 'अगर आपके विचार सकारात्मक, सृजनात्मक और प्रेमपूर्ण हैं, तो सही जवाब जरूर मिलेगा,'[4]

कहने का अर्थ यह है कि नकारात्मक चिन्तन से समस्या का सकारात्मक हल निकाल पाना संभव नहीं है, क्योंकि जब कोई व्यक्ति नकारात्मक दृष्टि से देखता व सोचता है तब उसे सही बात भी गलत ही लगती है और ऐसी स्थिति में वह किसी समस्या का जो कोई भी समाधान निकालेगा वही भी अच्छे परिणाम प्रदान करने वाला नहीं होगा। मेरे इस कथन की पुष्टि स्वेट मार्डन के इन शब्दों से भी होती है- 'नकारात्मकता या निषेधात्मक रीति से सोचते हुए जो एक ध्वंसक नियम का पालन कर रहा है, वह

---

१. हिन्दी विभाग, कन्या गुरुकुल परिसर, ज्वालापुर, हरिद्वार
२. मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३. स्वेट मार्डन, चिन्ता मुक्त कैसे हों, पृ० ५८
४. डॉ० जोसेफ मर्फी, अनुवादक डॉ० सुधीर दीक्षित-डॉ० रजनी दीक्षित, आपके अवचेतन मन की शक्ति, पृ० ११९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रज्ञा के अदृश्य सागर में जो कुछ डाल रहा है, उसी का विकास होगा और वही उसे फल मिलेगा।[५] कहने का तात्पर्य यह है कि किसी व्यक्ति की सोच उसके संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित करती है और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह उसी प्रकार के निर्णय लेता है फिर चाहे वह उसका कार्य क्षेत्र हो, व्यक्तिगत अथवा सामाजिक संबंध हो। व्यक्ति की जैसी भावना होती है वह वैसा ही सोचता, देखता एवं करता है। इसका एक अच्छा उदाहरण हमें रामचरित मानस में उस समय देखने के लिए मिलता है, जब भगवान् श्रीराम सीता स्वयंवर के समय धनुष तोड़ने हेतु जाते हैं तब वहाँ उपस्थित जन समूह में से प्रत्येक व्यक्ति उन्हे अपनी भावना के अनुरूप देखता है। जिसका वर्णन गोस्वामी तुलसीदास ने इस प्रकार किया है -

'जिन्ह के रही भावना जैसे प्रभु मेरति तिन्ह देखी वैसी'[६]

अर्थात् जिनकी जैसी भावना थी, प्रभु की मूर्ति उन्होंने वैसी ही देखी।

ऐसा ही हम किसी समस्या के संदर्भ में भी कह सकते हैं कि व्यक्तिगत दृष्टिकोण ही किसी समस्या के समाधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। जैसा की **डॉ० मर्फी** ने भी लिखा है- 'व्यक्ति जैसा सोचता, महसूस करता और विश्वास करता है, वैसी ही उसके मन, शरीर और परिस्थितियों की स्थिति होती है।'[७]

किन्तु अब प्रश्न यह उठता है कि सकारात्मक चिन्तन की प्रवृति को विकसित कैसे किया जाए? क्योंकि वास्तव में यह कहना सरल है कि हमें अपनी विचारधारा को सकारात्मक रखना चाहिए और नकारात्मकता को अपने विचारों से दूर रखना चाहिए किन्तु जब कोई समस्या विकराल रूप धारण करके हमारे समक्ष आ जाती है तब ऐसी स्थिति में आप सकारात्मक चिन्तन को कैसे अपनाएं? डॉ० मर्फी का मत भी कुछ ऐसा ही है- 'हर व्यक्ति सेहत, खुशी, सुरक्षा, मानसिक शान्ति और सच्ची अभिव्यक्ति की इच्छा रखता है। लेकिन हममें से कितने लोग इन्हें पा लेते हैं?'[८]

वैसे साधारण मनुष्य की यह वृत्ति होती है कि वह नकारात्मक पक्ष की ओर पहले आकर्षित होता है। उदाहरण के लिए हमारे परिवार के किसी सदस्य को घर पहुँचने में यदि प्रतिदिन की अपेक्षा अधिक समय लग जाए तो अधिकांश व्यक्ति यही सोचते हैं कि रास्ते में कोई दुर्घटना तो घटित नहीं हो गयी? बहुत कम लोगों का चिन्तन ऐसा होता है कि रास्ते में कोई अन्य कार्य भी हो सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हममें से अधिकांश व्यक्ति एक प्रकार के नकारात्मक वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

वास्तविकता यह है कि सकारात्मक चिन्तन के लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं और जीवन के

---

५. स्वेट मार्डन, चिन्ता मुक्त कैसे हों, पृ० ६८

६. गोस्वामी तुलसीदास, रामचरित मानस (बालकांड) दोहा २४० के बाद चौपाई

७. डॉ० जोसेफ मर्फी, अनुवादक-डॉ० सुधीर दीक्षित -डॉ० रजनी दीक्षित, आपके अवचेतन मन की शक्ति, पृ० १९

८. डॉ० जोसेफ मर्फी, अनुवादक-डॉ० सुधीर दीक्षित -डॉ० रजनी दीक्षित, आपके अवचेतन मन की शक्ति, पृ० २०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह पारिवारिक, सामाजिक अथवा व्यावसायिक कोई भी पक्ष हो आपको सकारात्मकता को ही अपनाना होगा। इसके लिए अंग्रेजी में कहावत है-

Think positive, be positive, live positive

अर्थात् सकारात्मक सोचो, सकारात्मक बनो और सकारात्मक जियो।

कहने का तात्पर्य यह है कि सकारात्मक चिन्तन को विकसित करने के लिए अपनी विचारधारा को परिवर्तित करना पड़ता है, यद्यपि कुछ लोग स्वाभविक रूप से भी सकारात्मक होते हैं, किन्तु जो लोग स्वाभाविक रूप से सकारात्मक नहीं होते, वे प्रयत्न करके सकारात्मकता को अपने स्वभाव का अंग बना सकते हैं। ऐसा करने हेतु कुछ सुझाव प्रस्तुत हैं जिनके द्वारा हम स्वयं में सकारात्मक चिन्तन की प्रवृति को विकसित कर सकते हैं और अपने समक्ष उपस्थित न सिर्फ कठिन से कठिन समस्या का निराकरण कर सकते हैं, अपितु सफल जीवन भी व्यतीत कर सकते हैं।

इसके लिए हम योग का आश्रय ले सकते हैं, योग के द्वारा हम चित्त की शुद्धि करके अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। क्योंकि जब व्यक्ति का चित्त शुद्ध एवं निर्मल होता है तो उसमें स्वत: सकारात्मक भावों का उत्कर्ष होने लगता है। चित्त की अशुद्ध वृत्तियों के कारण ही मन में विकार उत्पन्न होते हैं और योग के माध्यम से चित्त की वृत्तियों का निरोध किया जा सकता है जैसा कि स्वयं महर्षि पतञ्जलि ने बताया है -**'योगश्चित्तवृत्तिर्निरोध:'**[९] अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

यहाँ प्रश्न यह उठता है कि वृत्तियों का निरोध योग के माध्यम से कैसे हो सकता है? इसके लिए महर्षि पतञ्जलि ने अष्टांग योग का विधान बतलाया है,-

'यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाध्योऽष्टावंगानि।।'[१०]

अर्थात् यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान और समाधि-योग के ये आठ अंग है।

उपर्युक्त वर्णित आठ अंगों में से यदि हम मात्र प्रथम दो अंगों यम तथा नियम का ही पालन करें तो हम अपने चित्त को शुद्ध कर सकते हैं। **महर्षि पतञ्जलि** ने इन प्रथम दो अंगों को इस प्रकार बतलाया है-**'अहिंसा सत्यास्तेय ब्रहचर्यापरिग्रहा यमा:।'**[११] अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह - यें पांच यम हैं तथा **'शौचसंतोषतप: स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमा:।।'**[१२] अर्थात् शौच संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान यें पांच नियम हैं। अत: इनको अपने जीवन में आत्मसात् करके हम अपने व्यक्तिव एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और अपनी विभिन्न समस्याओं को अपनी सकारात्मक मानसिकता द्वारा हल कर सकते हैं।

---

९. महर्षि पतंजलि, योगसूत्र, सूत्र २
१०. महर्षि पतंजलि, योगसूत्र, सूत्र २९
११. महर्षि पतंजलि, योगसूत्र, सूत्र ३०
१२. महर्षि पतंजलि, योगसूत्र, सूत्र ३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसके अतिरिक्त हमें ऐसे व्यक्तियों के साथ संपर्क रखने का प्रयास करना चाहिए जो सकारात्मक दृष्टिकोण वाले हों क्योंकि मनुष्य जैसी संगति में रहता है उसका उसके ऊपर अवश्य प्रभाव पड़ता है। हमारे नीति शास्त्रों में अनेक स्थानों पर ऐसा लिखा गया है। नीतिशतक में **भर्तृहरि** लिखते हैं,

'जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेत: प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं
सत्संगति: कथय किं न करोति पुंसाम्'।[१३]

अर्थात् (सत्संगति) बुद्धि जड़ता को हरती है, वाणी में सत्य को सींचती है, सम्मान को बढ़ाती है, पाप को दूर करती है, चित्त को प्रसन्न करती है। दिशाओं में कीर्ति फैलाती है, कहो सत्संगति मनुष्य के लिए क्या नहीं करती।

अत: स्पष्ट है कि सत्संगति से मनुष्य न केवल अपने विचारों को सकारात्मक बना सकता है, अपितु अपने जीवन में अनेक सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

एक अन्य उपाय जीवन दर्शन को सकारात्मक बनाने का यह है कि आप नियमित रूप से किसी न किसी आध्यात्मिक, धार्मिक अथवा अन्य किसी श्रेष्ठ विचारों वाली पुस्तक को अवश्य पढ़ें और उसमें से किसी सशक्त सकारात्मक विचार को अपने मस्तिष्क में उतार लें और प्रत्येक कठिन समय में आप उसे अवश्य याद करें। यह विचार आपको निश्चित रूप से मानसिक बल प्रदान करेगा। उदाहरणार्थ तुलसीदासकृत रामचरितमानस का यह वाक्य आपका प्रेरक वाक्य हो सकता है।

'तुम्ह कृपाल जा पर अनुकूला, ताहि न ब्याप त्रिबिध भव सूला।'[१४]

अर्थात् हे कृपालु! आप जिस पर अनुकूल होते हैं, उसे तीनों प्रकार के भवशूल (आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ताप) नहीं व्यापते।

एक अन्य उपाय यह है कि जब आपके साथ सब कुछ गलत हो रहा हो और आप स्वयं को अत्यन्त निराश एवं हताश अनुभव कर रहे हों तब भी आप प्रयास करना न छोड़ें, निरन्तर प्रयास करते रहें और स्वयं पर विश्वास बनाये रखें। आत्मविश्वास न छोड़ें और स्वयं को यह विश्वास दिलाते रहें कि आप इस समस्या का समाधान अवश्य खोज लेंगें और आप देखेंगे कि वास्तव में आप ऐसा कर पायेंगें।

इस विषय में हम धरती के सबसे छोटे जीवों में से एक, चींटी के जीवन से प्रेरणा अवश्य ले सकते हैं, चींटी कभी प्रयास करना नहीं छोड़ती। यदि चींटी दीवार पर चढ़ने का प्रयत्न करते हुए गिर जाये तो वह हार नहीं मानती बल्कि वह बार-बार प्रयास करती रहती है और तब तक प्रयास करती है जब तक कि वही दीवार पर चढ़ने में सफल न हो जाए।

इसके अतिरिक्त जिस समस्या से आप परेशान हैं उससे दूर भागने का प्रयास न करें बल्कि

---

१३. नीतिशतक, भर्तृहरि, श्लोक २३

१४. गोस्वामी तुलसीदास, रामचरित मानस (सुंदर काण्ड) दोहा ४६ के बाद चौपाई ३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसका विश्लेषण करने का प्रयास करें। शान्त होकर उस समस्या पर गहरा चिन्तन करें और उसकी वास्तविक जड़ को खोजने का प्रयत्न करें और उसमें जितने आपके नकारात्मक पक्ष हैं उनको सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ देखने का प्रयत्न करें और उस सकारात्मक पक्ष पर बार-बार चिन्तन करें और उस पर कायम रहने का प्रयास करें और आप को अपनी समस्या का समाधान अवश्य ही मिल जायेगा।

विरोधी सद्गुणों के द्वारा भी मन को शान्त व स्थिर करके मन को सकारात्मक चिन्तन की ओर प्रवृत्त किया जा सकता है तथा परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाया जा सकता है जैसा की **महर्षि पतञ्जलि** ने योगसूत्र मे उल्लेख किया है-

'मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदु:खपुण्यापुण्यविषयणां भावनातश्चित्तप्रसादनम्।'[१५]

अर्थात सुखी, दु:खी, पुण्यात्मा तथा पापात्मा (जीवों) के विषय में क्रमशः मैत्री, करुणा, मुदिता (प्रसन्नता) और उपेक्षा की भावना करने से चित्त प्रसन्न (निर्मल) होता है।

इस प्रकार महर्षि पतञ्जलि ने उक्त सूत्र के माध्यम से यह बताने का प्रयत्न किया है कि किस व्यक्ति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए जिससे हमारा चित्त शुद्ध होकर सकारात्मक विचारों में प्रवृत्त हो सके।

उनके अनुसार सुखी व्यक्ति के साथ हमें मित्रता रखनी चाहिए तथा दु:खी व्यक्ति के साथ में करुणा अर्थात् दया का भाव रखना चाहिए, पुण्यशील व्यक्तियों के साथ हमें प्रसन्नता का भाव रखना चाहिए तथा पापी एवं दुराचारी व्यक्तियों के प्रति उदासीन रहना चाहिए। ऐसा करने से आपका मन शान्त एवं सकारात्मक रहेगा। इस सिद्धान्त का यदि गहनता से अध्ययन किया जाए तो इसके विरोधी सद्गुणों के सिद्धान्त को सरलता से समझा जा सकता है क्योंकि सुख, दु:ख, पाप एवं पुण्य से क्रमशः ईर्ष्या, घृणा, प्रशंसा एवं प्रतिस्पर्धा भावों का जन्म होता है जिससे व्यक्ति का मन सदा अशान्त होकर उसे नकारात्मकता की ओर प्रेरित करता है, जबकि इसके विपरीत यदि हम सुखी व्यक्ति से मित्रता करते हैं तो मन में उसके प्रति ईर्ष्या का भाव जाग्रत नहीं होगा तथा दु:खी व्यक्ति के दु:ख को देखकर हम घृणा के स्थान पर करुणा का भाव रखें तो मन घृणित नहीं होगा तथा पापी अथवा दुराचारी के भय से यदि हम उसके कुकर्मों की प्रशंसा न करके उपेक्षा का भाव रखें तो मन में शान्ति बनी रहेगी। इस प्रकार पुण्यशील व्यक्तियों से प्रतिस्पर्धा का भाव न रखकर प्रसन्नता का भाव रखने पर मन में आनन्द उत्पन्न होता है। इस प्रकार उक्त विधि को अपनाने पर चित्त शुद्ध हो जाता है तथा उसमें सकारात्मक विचार उत्पन्न होने लगते हैं।

इस संदर्भ में **स्वामी सत्यानन्द सरस्वती** का मत दर्शनीय है जिसे उन्होंने, 'विरोधी सद्गुणों द्वारा बाधाओं का निर्मूलन'[१६] नाम दिया है। उन्होने लिखा है- 'महर्षि ने इन व्यवधानों पर विजय पाने का मार्ग दर्शाया है। उन्होंने जिन चार विपरीत सद्गुणों को विकसित करने की बात की है उससे साधक को आन्तरिक शान्ति मिलती है तथा एकाग्रता की बाधाएं दूर होती हैं। उसका चेतन तथा अवचेतन मन शुद्ध बाधारहित

---

१५. महर्षि पतंजलि, पातंजल योग सूत्र, सूत्र ३३

१६. स्वामी सत्यानंद सरस्वती, मुक्ति के चार सोपान, पृ० ६१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और स्थिर रहता है।'[१७]

इस प्रकार ऐसे अनेक उपाय हैं जिनके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक चिन्तन के प्रभाव से अपनी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सकता है, किन्तु आवश्यकता इन उपायों पर अमल करने की है और इसके लिए निरन्तर लम्बे प्रयास की आवश्यकता होती है।

अन्ततः, हमें यह मानना होगा कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिसके जीवन में कोई समस्या नहीं है जो भी व्यक्ति इस धरती पर जन्म लेता है उसे किसी न किसी प्रकार की समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है चाहे वह आर्थिक, शारीरिक अथवा मानसिक रूप से कितना भी सम्पन्न क्यों न हो। हम किसी भी महान् व्यक्ति का जीवन परिचय पढ़कर देख सकते हैं सभी का जीवन अनेकानेक समस्याओं से ग्रस्त रहा, किन्तु उन्होंने समस्याओं के सामने अपने घुटने नहीं टेके और डटकर उनका सामना किया।

यहाँ तक कि ईश्वर ने भी जब धरती पर अवतार लिया तो उनको भी कैसी-कैसी जटिल समस्याओं से जूझना पड़ा, वह हम सबको विदित है वास्तव में उन्होंने तो सदैव नकारात्मक परिस्थितियों में ही धरती पर अवतार लिया है तथा इन परिस्थितियों को सकारात्मक बनाया है। गीता में उन्होने स्वयं यह घोषणा की है कि जब-जब पृथ्वी पर नकारात्मक परिस्थितियाँ उत्पन्न होंगी तब-तब वे पृथ्वी पर उन परिस्थितियों को सकारात्मक बनाने हेतु अवतार लेते रहेंगे-

'यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।[१८]
'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे-युगे।।'[१९]

अर्थात् हे भारत जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है तब-तब मैं अपने रूप को रचता हूं अर्थात् साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। तथा साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए पापकर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए मैं युग-युग में प्रकट हुआ करता हूँ।

कहने का अर्थ यह है कि उन्होंने हमारे सामने यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि हम प्रत्येक समस्या का समाधान कर सकते हैं। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका कोई निवारण न हो बस हमें स्वयं जिंदादिली से और अपनी पूरी क्षमता के साथ उस समस्या का सामना करना है व उसके निराकरण का प्रयास करना है न कि उससे बचने का प्रयास करना है।

---

१७. स्वामी सत्यानंद सरस्वती, मुक्ति के चार सोपान, पृ० ६१

१८. श्रीमद्भगवदगीता, अध्याय ४, श्लोक ७

१९. श्रीमद्भगवदगीता, अध्याय ४, श्लोक ८

CC-0, In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१४५-१४८) ISSN 0974 – 8830

श्रीमद्भगवद्गीता में सकारात्मक चिन्तन

डॉ. अंजना शर्मा[१]

श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय वाङ्मय का सर्वोपरि सर्वमान्य ग्रन्थ है। इसमें अध्यात्म, धर्म और आचार के गूढ प्रश्नों का सूक्ष्म और हृदयगाही विवेचन है, जो कि सार्वभौमिक और सार्वकालिक है। यह सकारात्मक चिन्तन का अजस्र स्रोत है और सामान्य स्तर पर नहीं, अपितु स्थितप्रज्ञ अथवा ब्राह्मी स्थिति पर चेतना का विकास करती है। इसका स्पष्ट उदाहरण है – अर्जुन। वह वीर था, योद्धा था। कुरुक्षेत्र युद्ध से पहले कई अवसरों पर अपनी योग्यता प्रमाणित कर चुका था। घर से वह युद्ध के लिए तैयार होकर आया था, किन्तु युद्धस्थल पर अपने सम्बन्धियों को मरने-मारने पर उतारु देखकर उसका मन काँप उठा। उसका मन वैचारिक अन्तर्द्वन्द्व से ग्रस्त हो गया। यह द्वन्द्व अच्छाई और बुराई के मध्य नहीं उठा था। यह संघर्ष दो आदर्शों के बीच था। पहला – युद्ध में क्षत्रिय धर्म निभाने का आदर्श और दूसरा – परिवार के आदरणीय, पूजनीय सदस्यों पर शस्त्र न उठाने का आदर्श। इनमें दूसरा आदर्श अधिक प्रबल था। अतः वह क्षत्रिय वीर अर्जुन युद्ध से नहीं, अपितु पारिवारिक युद्ध की विभीषिका से अधिक स्तब्ध हुआ। किंकर्त्तव्यविमूढ़ होकर उसने अपनी दुर्बलता के पक्ष में तर्क पर तर्क प्रस्तुत किये। उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति बदल गई –

सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते।।
गाण्डीवं स्रंसते हस्तात् त्वक्चैव परिदह्यते।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः।।[२]

वह कहता है कि मेरे अंग-अंग ढीले पड़ रहे हैं, मुँह सूखा जा रहा है, शरीर काँप रहा है, रोंगटे खड़े हो रहे हैं। मेरे हाथ से गाण्डीव धनुष गिरा जा रहा है, त्वचा में दाह हो रहा है, मुझसे खड़ा तक नहीं रहा जाता। मेरा मन चकरा रहा है। उसने यहाँ तक कह दिया कि मुझे मारने पर भी अथवा तीनों लोकों के राज्य के लिये भी मैं इन सबको मारना नहीं चाहता; फिर पृथ्वी के लिये तो कहना ही क्या है-

एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि मधुसूदन।
अपि त्रैलोक्यराज्यस्य हेतोः किं न महीकृते।[३]

इस प्रकार अर्जुन का मन युद्ध-विरोधी विचारों से भर गया। उसकी निवृत्तिवादी विचारधाराओं ने

---

१ एसोशिएट प्रोफेसर, संस्कृत, दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग, १, गार्गी निवास, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान

२ श्रीमद्भगवद्गीता, १/२९, ३०

३ श्रीमद्भगवद्गीता, १/३५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन-संघर्ष से पलायन के अनेक बहाने ढूंढ लिये थे। गीताकार ने अर्जुन की मनःस्थिति के माध्यम से इसी ओर संकेत किया है। ऐसी नकारात्मक मानसिक स्थिति को भगवान् श्रीकृष्ण ने युद्ध के विषम वातावरण में सकारात्मक चिन्तन में परिवर्तित करने का अपूर्व मार्ग दिया। उन्होंने नकारात्मक चिन्तन की मूल अविद्या का नाश कर अर्जुन की चेतना को उस परा स्तर तक उठाया, जहाँ जगत् और मानवीय व्यवहार एवं कर्म के मूल्यांकनपूर्वक निर्वाह की सकारात्मक चिन्तन-शक्ति और नवीन अमोघ दृष्टि विकसित हुई। इसके लिए श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से मानव मन की तीनों प्रवृत्तियों - क्रिया, भाव और ज्ञान को ध्यान में रखकर सम्पूर्ण मानवता को प्रेरित किया है।

मानव मन की सर्वप्रथम प्रवृत्ति है - क्रिया। क्योंकि कोई भी मनुष्य कर्म किए बिना नहीं रह सकता है।[४] क्रियात्मक पक्ष जिन व्यक्तियों में प्रबल होता है, वे संकल्पप्रधान होते हैं। प्रवृत्तिप्रधान होते हैं। नये-नये लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। किन्तु कर्मों का अपेक्षित परिणाम प्रकट नहीं होने पर दुःखी होते हैं। हतोत्साहित होकर नकारात्मक विचारों से इतने अधिक ग्रस्त हो जाते हैं कि पागलपन अथवा आत्महत्या की स्थिति तक पहुँचने लगते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए भगवान् श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्मयोग का अद्भुत मार्ग बतलाया है -

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि।।[५]

व्यक्ति केवल कर्म करे, फल की इच्छा न करे। क्योंकि फलासक्ति से कर्मबन्धन दृढ़ होता है और फल की इच्छा रखने वाले कृपण होते हैं।[६] अंहता, ममता और आसक्ति फलार्थी होने पर होती है। यदि व्यक्ति को फल के प्रति आसक्ति नहीं होगी तो अपेक्षित फल प्राप्त न होने पर वह निराश भी नहीं होगा, अनैतिक साधनों से फल प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा। कर्म को स्वतः नैतिक मूल्य के लिए किया जाय। यहाँ यह शंका होती है कि गीता में एक ओर तो कर्म करने का आदेश दिया गया है, दूसरी ओर फलेच्छा से रहित होकर कर्म करने को कहा गया है। किन्तु फल की कामना के बिना कर्मों में प्रवृत्ति कैसे होगी ? इसका समाधान है कि अज्ञानी व्यक्ति कामना की पूर्ति के लिए कर्मों में प्रवृत्त होते हैं[७] और ज्ञानी व्यक्ति आसक्ति का त्याग कर आत्मशुद्धि के लिए कर्म करते हैं -

कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिन्द्रियैरपि।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति संगं त्यक्त्वात्मशुद्धये।।[८]

अतः स्पष्ट है कि फल में आसक्ति से रहित होने पर ही व्यक्ति दुःख, अशान्ति और नकारात्मक विचारों से मुक्त हो सकता है। किन्तु इस स्थिति की सिद्धि के लिए स्थितप्रज्ञता आवश्यक है। स्थितप्रज्ञ की

---

४ न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः। श्रीमद्भगवद्गीता, ३/५

५ श्रीमद्भगवद्गीता, २/४७

६ वही, २/४९

७ वही, ५/१२

८ वही, ५/११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धि स्थिर रहती है। सामान्य मनुष्य की बुद्धि विभिन्न कामनाओं के प्रति आकृष्ट होती है। इसके विपरीत स्थितप्रज्ञ अपनी सम्पूर्ण कामनाओं को त्यागकर आत्मसन्तुष्ट रहता है।[९] दुःखों की प्राप्ति होने पर उसके मन में उद्वेग नहीं होता और सुखों की प्राप्ति में सर्वथा निःस्पृह रहता है। वह राग, भय और क्रोध से परे होता है।[१०] जिस प्रकार कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार स्थितप्रज्ञ अपनी इन्द्रियों को विषयों से समेट कर अपने वश में कर लेता है और समाहित चित्त को ईश्वर में लगाता है।[११] इसके विपरीत विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है, आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना सिद्धि में विघ्न पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से मोह अथवा अविवेक उत्पन्न होता है और अविवेक से स्मृति भ्रमित होने से ज्ञान शक्ति का नाश हो जाता है और ज्ञान शक्ति के नष्ट होने से व्यक्ति अपने श्रेय साधन से च्युत हो जाता है।[१२] राग-द्वेष और आसक्ति के कारण नकारात्मक विचारों से युक्त होकर पाशविक प्रवृत्तियों की ओर प्रवृत्त होता है। अतः निष्काम कर्मयोग, स्थितप्रज्ञता की स्थिति सकारात्मक चिन्तन का चरम विकास है।

मानव मन की दूसरी प्रवृत्ति है - भाव। भावप्रधान व्यक्ति अनपेक्षित अथवा विपरीत परिस्थिति में नकारात्मक विचारों से विचलित हो जाते हैं। अतः भावनाप्रधान व्यक्ति के लिए भगवान् ने भक्तियोग का सुन्दर मार्ग बताया है। भक्तियोग में भक्त सांसारिक व्यक्ति अथवा पदार्थ की अपेक्षा ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखता है। यह अनन्य भाव ही भक्ति है।[१३] यह भक्ति श्रवण, कीर्त्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन रूप से नौ प्रकार की भक्त के भावानुसार हो सकती है -

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यं आत्मनिवेदनम्।।[१४]

जब भक्त ईश्वर को पूर्ण समर्पित हो जाता है तो उसका योग और क्षेम ईश्वर वहन करते हैं।[१५] और भक्त इस दृढ़ विश्वास से कि मेरी सभी प्रकार की चिन्ता ईश्वर करते हैं, वह प्रत्येक परिस्थिति में प्रसन्न रहता है। दुःख अथवा प्रतिकूल परिस्थितियाँ उसे विचलित नहीं होने देती हैं -

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्।।[१६]

मानव मन की तृतीय प्रवृत्ति है - ज्ञान। ज्ञानप्रधान व्यक्ति बुद्धि से काम करता है। किन्तु बुद्धि से

---

९ श्रीमद्भगवद्गीता, २/५५
१० वही, २/५६
११ वही, २/५८
१२ वही, २/६२, ६३
१३ अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः। तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः। श्रीमद्भगवद्गीता, ८/१४
१४ श्रीमद्भागवत, गीताप्रेस गोरखपुर, ७/५/२३
१५ अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।। श्रीमद्भगवद्गीता, ९/२२
१६ श्रीमद्भगवद्गीता, १८/५४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्य करने पर भी जब अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होता, तो वह सर्वाधिक उद्विग्न और विचलित होता है। अतः ऐसे ज्ञानप्रधान लोगों के लिए श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञानयोग का प्रतिपादन करती है। मन, बुद्धि, अंहकार, कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ सभी को प्रकृति का विकार बताकर तज्ज्ञन्य कर्म भी प्रकृति का विकार हैं।[१७] पुरुष तो केवल दृष्टामात्र है। भगवान् का ही साक्षात् स्वरूप है।[१८] इस प्रकार का ज्ञान ज्ञानी की सम्पूर्ण नकारात्मक दृष्टिकोण का उन्मूलन कर देता है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि श्रीमद्भगवद्गीता सकारात्मक चिन्तन की अपूर्व निधि है। निष्काम कर्मयोग और स्थितप्रज्ञ आदि के द्वारा वह कर्मप्रधान, ज्ञानप्रधान और भक्तिप्रधान तीनों ही प्रकार के व्यक्तियों के नकारात्मक चिन्तन को सकारात्मक कर उनकी चेतना का ऐसा रूपान्तरण करती है, जहाँ नकारात्मक चिन्तन का स्पर्श तक नहीं हो पाता है।

---

१७ वही, ७/४, ५, ६

१८ वही, ७/१८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१४९-१५३) ISSN 0974 – 8830

संस्कृत वाङ्मय में योग एवं उसका सकारात्मक स्वरूप

डॉ० शालिनी त्रिपाठी[1]

दर्शन की परिभाषा–दर्शन शब्द की व्युत्पत्ति 'दृश् धातु' से करण अर्थ में 'ल्युट्' प्रत्यय लगाने से हुई है–**'दृश्यते अनेन इति दर्शनम्'** अर्थात् जिसके द्वारा देखा जाए वही दर्शन है। दर्शन वह है, जिसके द्वारा जगत् के समस्त सूक्ष्म और स्थूल पदार्थों का तात्विक ज्ञान होता है। योगसूत्र की व्यवस्था करते हुए ब्रह्मलीनमुनि ने कहा है:–**'दृश्यते-बोध्यतेऽपूर्वोऽर्थेऽनेनेति दर्शनम्'**[2] अर्थात जिससे अपूर्व अर्थ का ज्ञान होता है, वह दर्शन कहलाता है। गीता रहस्य में लिखा है:–**'दर्शन को दृष्टि का ही तद्भव रूप कहा गया है।'**[3]

भारतीय दर्शन की सर्वप्राचीनता

भारतीय दर्शन का प्राचीन एवं आरम्भिक काल **'वैदिक काल'** कहा गया है। इस काल में वेद और उपनिषद् जैसे महत्त्वपूर्ण दर्शनों का विकास हुआ। वेद प्राचीनतम मानव के दार्शनिक विचारों का मानव भाषा में सर्वप्राचीनतम वर्णन प्रस्तुत करते हैं। वेद ईश्वर की वाणी कहे जाते हैं और दर्शन को वेद में अन्तर्भूतज्ञान का साक्षात्कार कहा जा सकता है। भारत का सम्पूर्ण दर्शन वेद और उपनिषद् की विचारधाराओं से ही प्रभावित है।

भारतीय दर्शन का दूसरा काल **'महाकाव्य काल'** कहलाता है। इस काल में रामायण और महाभारत जैसे धार्मिक एवं दार्शनिक ग्रन्थों की रचना हुई। बौद्ध और जैनदर्शन भी इसी काल की देन हैं।

भारतीय दर्शन का तीसरा काल **'सूत्रकाल'** कहलाता है। इस काल में 'सूत्र-साहित्य' का निर्माण हुआ। इसी काल में न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा और वेदान्त आदि महत्त्वपूर्ण दर्शनों का भी निर्माण हुआ। षड्दर्शनों का काल होने के कारण इस काल का भारतीय दर्शन में सर्वाधिक महत्त्व रहा है।

भारतीय दर्शन का चौथा काल **'वर्तमान तथा समसामयिक काल'** राजा राममोहनराय के समय से आरम्भ होता है। इस काल में 'महात्मा गांधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर, डॉ० राधाकृष्णन्, के०सी० भट्टाचार्य, स्वामी विवेकानन्द, श्री अरविन्द और इकबाल आदि प्रमुख दार्शनिकों का प्रमुख योगदान रहा है।'[4]

भारतीय दार्शनिक सम्प्रदाय आस्तिक एवं नास्तिक दो वर्गों में विभाजित किया गया है। वेद की प्रामाणिकता में विश्वास रखने वाले दर्शन आस्तिक दर्शन कहलाये तथा वेदों की प्रामाणिकता को न मानने वाले दर्शन नास्तिक दर्शन कहलाये।[5] इस प्रकार आस्तिक दर्शन – वेदानुयायी (न्याय, वैशेषिक, सांख्य,

---

१. पोस्ट डॉक्टोरल फेलो (यू०जी०सी०) संस्कृत विभाग बी.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज रुड़की।

२ पातंजलयोग दर्शनम्–डॉ० ब्रह्मलीनमुनि–पृ० १२

३ गीतारहस्य, तिलक–पृ० १५२

४ भारतीयदर्शन की रूपरेखा–प्रो० हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा–पृ०४-६

५ भारतीयदर्शन की रूपरेखा–प्रो० हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा–पृ० ७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

योग, मीमांसा एवं वेदान्त) नास्तिक दर्शन - वेदविरोधी (चार्वाक, बौद्ध और जैन) कहलाये।

इस प्रकार अनादिकाल से सत्यानुसन्धान के लिए विभिन्न विद्वानों द्वारा किये गए प्रयोगों का इतिहास ही 'दर्शनशास्त्र' का इतिहास है।[६]

संस्कृत वाङ्मय में योग-

इन्हीं दर्शनों में परमात्मा की अनुभूति से युक्त ज्ञानी को ही परमात्मा स्वरूप के यथार्थ ज्ञान का साधक कहा गया है। जिस साधना द्वारा आध्यात्मिक सत्ता का यथार्थ रूप से अनुभव और साक्षात्कार होता है, उसे ही 'योग' कहा गया है।

गीता में लिखा है-

तपस्विभ्यो अधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिक:।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन॥[७]

अर्थात् योगी तपस्वियों से श्रेष्ठ है और शास्त्रज्ञानियों से भी श्रेष्ठ है। अत: हे अर्जुन! तू योगी बन। अध्यात्मसत्ता का साक्षात्कार कराने के कारण अध्यात्म जगत् में योग का स्थान उस केन्द्र के समान है, जहाँ सम्पूर्ण दार्शनिक एवं धार्मिक सम्प्रदाय समान रूप से आकर मिलते हैं। प्रत्येक धर्म एवं सम्प्रदाय के जिज्ञासु साधकों ने योग की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की और उसका अवलम्बन लेकर अन्य जिज्ञासुओं एवं साधकों को भी साधना रूप में उसके अनुसरण की प्रेरणा दी।

योग शब्द की व्युत्पत्ति 'युज्' धातु से हुई है। 'युज्' धातु के धातुपाठ में तीन अर्थ होते हैं- समाधि, संयोग और संयमन।[८]

अमरकोश के अनुसार-'**योग: सन्नहनोपायध्यानसंगतियुक्तिषु**'[९]

मेदिनीकोश के अनुसार-'योग शब्द अपूर्व अर्थ संप्राप्ति, संगति, ध्यान, युक्ति, वपुस्थैर्यप्रयोग, विष्कम्भकादि, भेषज् विश्रब्धघातक, द्रव्य, उपाय, सन्नहन तथा कार्पण्य अर्थों में प्रयोग होता है अर्थात् जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का नाम 'योग' है।

महर्षि पतञ्जलि ने '**योगश्चित्तवृत्तिनिरोध:**'[१०] योग शब्द का अर्थ समाधि अथवा मन:स्थिरता से किया है।

संस्कृत वाङ्मय में योग का सकारात्मक स्वरूप-

भारतीय वाङ्मय में योग की सर्वप्राचीनता विद्यमान रही हैं, योग शब्द का प्रयोग वैदिक साहित्य

---

६ भारतीय योग परम्परा के विविध आयाम-डॉ० राजकुमारी पाण्डेय-पृ०२

७ गीता-६-४६

८ क- दिवादिगण-युज् समाधौ- धातुपाठ-पृ० ३२ ख- रूधादिगण-युजिर् योगे- धातुपाठ-पृ० ४१ ग- चुरादिगण- युज दृच संयमने- धातुपाठ- पृ० ४२

९ अमरकोश- पृ० १६१.३२

१० पातंजल योगसूत्र - पृ० १-२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के समय से लेकर ही वर्तमानकालिक प्रासंगिकता को धारण किये हुए है।

संहिताओं में योग- समस्त वैदिक साहित्य में योग शब्द का अर्थ विभिन्न अर्थों में प्राप्त होता है। ऋग्वेद में योग शब्द 'युजिर् योगे' धातु से घञ्' प्रत्यय लगाने पर कर्ता और करण अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। रथ और वाजि को जोड़ने के समान ही मन और बुद्धि को जोड़ने का उल्लेख भी ऋग्वेद में ही मिलता है।[११]

अथर्ववेद में योग शब्द 'अष्टांगयोग' और 'षडङ्गयोग' शब्द को धारण किये हैं।

सामवेद में गान प्रधान होने के कारण बाद में जो लययोग का उद्भव हुआ वह साम के आधार पर ही माना जाता हैं।

यजुर्वेद में दो स्थानों पर योग शब्द का प्रयोग होता है जिनमें एक मन्त्र ऋग्वेद से तथा दूसरा स्वतन्त्र हैं।[१२]

ब्राह्मण एवं उपनिषद् साहित्य में योग

शतपथ ब्राह्मण एवं तैत्तिरीयाण्यक तैत्तिरीय ब्राह्मण में योग शब्द मन और वाणी को संयुक्त करने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[१३]

कठोपनिषद् में-

यदा पंचावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम्।।
तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ।।[१४]

अर्थात् जब मन सहित पांचों ज्ञानेन्द्रियां स्थिर हो जाती हैं तो वह योग की अवस्था है।

स्मृतिसाहित्य में योग-

श्रीमद्भगवद्गीता में योगः, युक्तः, योगी, युञ्जीत, योगिसेवया, सांख्ययोगी इत्यादि 'युज्' धातु से निष्पन्न शब्द और निर्मित पद ११८ बार आए हैं। इसमें प्रत्येक अध्याय की समाप्ति पर योग शब्द का उल्लेख मिलता है। योग वासिष्ठ के अनुसार- 'योग वह युक्ति है, जिसके द्वारा संसार सागर से पार जाया जा सकता है।'[१५] कौटिल्य अर्थशास्त्र में दार्शनिक अध्ययन की परम्पराओं की चर्चा करते हुए सांख्य, योग एवं लोकायत दर्शनों का उल्लेख है।[१६]

---

११ ऋग्वेद-५.८१.१

१२ Yoga A Historical Background, Kenghe-P-38

१३ क- शतपथ ब्रह्मण-३.५.३.११ ख- तैत्तिरीय ब्राह्मण-१.२.१.१५ ग- तैत्तीय आरण्यक-२.२, २.७, २,९

१४ कठोपनिषद् -४.१०-११

१५ योगवासिष्ठ -६-१३-३

१६ कौटिल्य अर्थशास्त्र-१-२-१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुराणों में योग-

विष्णुपुराण में विषयों से चित्त को निवृत्त करके उसे परमेश्वर के चिन्तन में लीन कर परब्रह्म की प्राप्ति ही योग है।[१७] अग्निपुराण में क्रियायोग को मोक्ष का साधन स्वीकार किया गया है।[१८] श्रीमद्भागवद्पुराण में योग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग तीन प्रकार का माना गया है।[१९] कुर्मपुराण में योग को अभावयोग और महायोग दो प्रकार का बताया है। इसी में यम और नियमों का भी वर्णन आता है।[२०] शिवपुराण में हठयोग का वर्णन मिलता है।[२१]

दर्शनसाहित्य में योग-

वेदान्त दर्शन में प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द प्रमाण द्वारा ज्ञात होता है कि प्रपञ्चशून्य आत्मा का दर्शन योगीजन संराधन समय करते हैं।

न्यायदर्शन में अभ्यास द्वारा समाधि का होना पाया जाता है। अरण्य, गुहा तथा नदी के तीरादि स्थानों पर योगाभ्यास का उपदेश दिया गया हैं

'तदर्थयमानियमाभ्यात्मसंस्कारो योगाश्चाध्यात्मविध्युपाये।'[२२]

अर्थात् उस मोक्ष के लिए यम और नियमों से तथा अध्यात्म विधि के उपायों द्वारा योग से आत्मा का संस्कार करना चाहिए।

वैशेषिक दर्शन में-**'आत्मन्यात्ममनसो संयोगविशेषात् आत्मप्रत्यक्षम्।'**[२३] अर्थात् योगियों को अपनी आत्मा में परमात्मा एवं जीवात्मा के संयोग से आत्मविषयक प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। आत्म समवेत होने से आत्मिक गुणों का प्रत्यक्ष होता है।

सांख्यदर्शन में विभिन्न सूत्रों में ध्याम निर्दिष्ट है। वृत्तियों के निरोध से ध्यान की सिद्धि होती है तथा धारणा, आसन तथा अन्य स्वकीय कर्मों से वृत्ति निरोध की सिद्धि होती है। इसलिए प्राणायाम की उपयोगिता बताते हुए सुखकारक आसन का विवेचन किया गया है।[२४]

जैनदर्शन में मुख्य रूप से योग साधना का विवेचन किया गया है, जिसमें प्रचलित समिति, गुप्ति, तप, ध्यानादि, जीवात्मा की शुद्धि, आत्मप्रत्यक्षीकरण के साधन बताये गये हैं।

बौद्ध दर्शन में आर्याष्टांगिक मार्ग योग के अष्टांग से साम्य रखता है एवं पंचशील योग के यम के समान है।

---

१७ विष्णुपुराण-६.७.२९-३१

१८ अग्निपुराण अध्याय-१४

१९ श्रीमद्भागवद्पुराण-पृ० ११-२०-६

२० कर्मपुराण अध्याय-११

२१ शिवपुराण-वायवीय संहिता।

२२ न्यायसूत्र-महर्षि गौतम ४/२/३८

२३ वैशेषिक सूत्र-महर्षि कणाद-९/१/११

२४ सांख्यसूत्र-महर्षि कपिल-३/३०-३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि समस्त वाङ्मय में योग अपनी सर्वप्राचीनता को बनाए हुए वर्तमान में भी अपनी प्रासंगिकता को धारण किये हुए है। योग अत्यन्त प्राचीनकाल से ही विभिन्न एवं विशिष्ट अर्थों में संस्कृत वाङ्मय में सर्वप्रसिद्ध होता रहा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकारात्मक चिन्तन के दार्शनिक स्वरूप की वर्तमान में प्रासंगिकता

डॉ. प्रतिभा शुक्ला[1]

'चिन्तन' शब्द चिन्त+ल्युट् से निष्पन्न है जिसका अर्थ है सोचना विचारना।[2] मनौवैज्ञानिक रॉस के अनुसार 'चिन्तन मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पहलू है अथवा मन की बातों से सम्बन्धित क्रिया है।[3] भारतभूमि अनेक धर्मों एवं दार्शनिक चिन्तनधाराओं की जन्मभूमि है। भारतीय संस्कृति की प्राचीन परम्परा की विश्वव्यापकता और सार्वकालिकता सर्वविदित है। भारतीयता एक ऐसी विचार परम्परा है जो पुरातनकाल से प्रवहमान है। सच्चा भारतीय **सत्य धर्म के अन्वेषण** में उदारता के साथ सदैव तत्पर रहा है। सृष्टि के आरम्भ से ही चली आ रही भारतीयों की यह उदारता **'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति'** इस वेदोक्ति में अभिव्यक्त हुई, है। **सर्वे भवन्तु सुखिनः, लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु'** इत्यादि सूक्तियों में सभी के कल्याण की कामना की गई है।

यह दृश्यमान जगत् **पूर्णत्व की प्राप्ति** हेतु साधनक्षेत्र है। संसार की वास्तविकता का थोड़ा-सा अंश ही मनुष्य के अनुभव का विषय होता है। 'वास्तविकता के इस धुंधले प्रकाश में हमें अपना मार्ग प्रशस्त करके पूर्ण प्रकाश के साम्राज्य में पहुँचना है जहाँ हम अपने वास्तविक स्वरूप का साक्षात्कार कर सकें। हमारी व्यक्तिगत चेतनाओं के आंशिक सत्य परम सत्य तक पहुँचने में अपनी आंशिकता से ऊपर उठ जाते हैं तथा उनकी अनेकता परम एकत्व में समाहित हो जाती है।[4] वर्तमान युग में जहाँ प्रतिपग पर ज्वलन्त समस्यायें अपना विकराल रूप धारण किये हैं हमें सोचना होगा कि भारतीय दर्शन द्वारा प्रदत्त सकारात्मक चिन्तन के माध्यम से हम किस प्रकार उनका निराकरण करें! **'कृण्वन्तो-विश्वमार्यम्'** और **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** जैसे उद्घोष हमारी चेतना का विस्तार कर सकारात्मक चिन्तन को समृद्ध करने की शक्ति प्रदान करते हैं।

सकारात्मक चिन्तन का एक बिन्दु **आशावादिता** भी है। वैदिक धर्म दर्शन हमें इस दिशा में प्रवृत्त करता है। ऋग्वेद में कहा गया है-हे मनुष्यो! आगे बढ़ो विजय प्राप्त करो, इन्द्र तुम्हें सुख दे, तुम्हारी भुजाओं में बल हो, जिससे तुम अपराजित बनो:-

प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु।
उग्रा वः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासथ।।[5]

ऋग्वेद के प्रथम व दशम मण्डल में विश्पला नामक स्त्री रणक्षेत्र में उतरकर अपनी एक जंघा खो

---

१. संस्कृतविभागाध्यक्षा, एस.एस.डी.पी.सी.पी.जी.गर्ल्ज कॉलेज, रूड़की (हरिद्वार)
२. वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत हिन्दीकोश पृ.३८३, नागप्रकाशक, ११ए। यू. ए. जवाहर नगर, दिल्ली-७.
३. सामान्य मनोविज्ञान पृ. ३८९, लेखिका. डॉ., सीमाशर्मा, यूनिवर्सिटी–पब्लिकेशन, नई दिल्ली ११०००२
४. भारतीय दर्शन में जगत् पृ.३१६ डॉ. सच्चिदानन्द पाठक, सुलभप्रकाशन, १७, अशोकमार्ग लखनऊ.
५. ऋ.१०,१०३,१३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बैठती है। घूमने में शक्तिहीना होने पर भी वह धन के प्रति चिन्तित होती हुई अश्विनीकुमारों से लोहमयी जंघा प्राप्त करती है।[६] इसी प्रकार मुद्गलानी अपने पति मुद्गल के लिए एक सारथि के रूप में कार्य करते हुए उसे विजय प्राप्त कराती है।[७]

वेदाविहित **ईश्वरविश्वास** सकारात्मक चिन्तन का एक दार्शनिक पक्ष है। **'ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्'** इस पंक्ति में **ईश्वर की व्यापकता** के दर्शन होते हैं। द्यावापृथिवीपर्यन्त जो कुछ है, सबको वरणीय प्रभु देख रहा है। मनुष्यों के निमिष उसके द्वारा गिने हुए हैं, उसने सबको नाप रखा है।[८] वह सहस्रों, शिरों, आंखों और पैरों वाला है।[९] जीव उसकी समता नहीं कर सकता। सृष्टि के प्रारम्भ में वही जीव को ज्ञान देता है। ज्ञान कर्म और भक्ति का सामन्वय इस मन्त्र में द्रष्टव्य है-

तस्मात यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत।।

ईश्वर की सत्ता की स्वीकृति और उसके निर्देशन में कर्म करने की प्रेरणा हमें वेद में मिलती है-

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुचरत्। पश्येम शरदः शतम्।
जीवेम शरदः शतम, शृणुयाम शरदः शतम्। प्रब्रवाम शरदः शतम्।
अदीनाः स्याम शरदः शतम्। भूयश्च शरदः शतात्।।'

सृष्टिरचना के क्रम में ईश्वर ने सर्वप्रथम उग्र ज्ञानमय तप से ऋत व सत्य को उत्पन्न किया।[१०] अथर्ववेद का पृथिवीसूक्त इस तथ्य को और अधिक व्याख्यायित करता है-

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।[११]

वैदिक धर्मरूपी वृक्ष से अनेक शाखा प्रशाखायें समय-समय पर उद्भूत हुईं। इन सबमें कुछ बातें सदैव रही हैं यथा-सहिष्णुता, कर्मविपाक तथा पुनर्जन्म। वेदविरोधी मत-मतान्तरों ने भी मूलभूत सिद्धान्तों को स्वीकृत किया है। 'उपनिषदों तथा भगवद्गीता में कर्मवाद अथवा कर्मविपाक का विस्तृत वर्णन है। इसका आध्यात्मिक विकास में एक उपादान कारण के रूप में विवेचन किया गया है। जैसे भौतिक जगत् में कार्य कारण सम्बन्ध है वैसे ही नैतिक एवं आध्यात्मिक जगत् में भी एक विधि अथवा एक नियम काम करता है, जिसे कर्मविपाक या कर्मवाद कहते हैं।'[१२] बृहदारण्यकोपनिषद् में कर्मवाद का यह रहस्य

---

६. याभिर्विश्पला धनसामथर्व्यं। सहस्रमीळ्ह आजामजिन्वतम्।।(ऋ १,११२,१०)
७. उत स्म वातो वहति वासो अस्या अधिरथं यदजयत् सहस्रम्। रथीरभून्मुद्गलानी गविष्टौ भरे कृतं व्यचेदिन्द्रसेना।। (ऋ. १०,१०२,२)
८. सर्वं तद्राजा वरुणो विचष्टे यदन्तरा रोदसी यत्परस्तात्। संख्याता अस्य निमिषो जनानाम् अक्षानिव श्वघ्नी निभिनोति तानि।। (अथर्व. ४,१६,५)
९. सहस्रशीर्षः पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् (ऋ. १०,९०,१)।
१०. ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत ततो राज्यऽजायत, ततः समुद्रोऽर्णवः।।
११. अथर्व.१२.१.
१२. विश्वज्योति, (होशियारपुर) अप्रैल, मई १९७२ अंक, पृ. १३८,लेखक प्रिं रलाराम।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्तमान समय में भी प्रासंगिक प्रतीत होता है- **'यथाकारी यथाचारी तथा भवति, साधुकारी साधुर्भवति पापकारी पापो भवति, पुण्यः पुण्येन कर्मणा भवति, पापः पापेन। अथो खल्वाहुः काममय एवायं पुरुष इति स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति, यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते, यत्कर्म कुरुते तदभिसंपद्यते।'**[१३]

कठोपनिषद् में यम द्वारा नचिकेता को ज्ञान दिया गया है कि ब्रह्मज्ञानी से भिन्न मनुष्य जैसा और जितने ज्ञान वाला है, तदनुसार उसे मनुष्यादि का शरीर मिलता है, उनसे भिन्न अन्य निकृष्ट जन वृक्षादि की योनियों में चले जाते हैं।[१४] गीता में भी कहा गया है कि इस लोक में अथवा परलोक में कर्म कभी विनष्ट नहीं होता।[१५]

वास्तव में कर्मसिद्धान्त वेदप्रतिपादित है। हम अपने कर्म को सुन्दर बनाकर जीवन को सकारात्मक स्वरूप प्रदान कर सकते हैं यह नानारूपात्मक सृष्टि पर ब्रह्म की रचना व उसका कर्म ही है। वेद में सृष्टि-रचना पुरुष का यज्ञ है।[१६] शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है- **यज्ञो वै महिमा**[१७] **यज्ञो वै कर्म**।[१८] यजुर्वेद में यज्ञमय जीवन के साफल्य की कामना की गई है।[१९]

वैदिक दर्शन दैवी प्रवृत्तियों के प्रति विधि एवं आसुरी वृत्तियों के प्रति निषेध करता है। वास्तव में सकारात्मक चिन्तन का यही दार्शनिक स्वरूप है, वेद इस सत्यता को स्वीकार करता है कि अन्त में भलों का भला होता है। तथा पाप स्वयं अपने विनाश का हेतु बनता है।[२०] ऋग्वेद में प्रतिपादित किया गया है कि मानव की गति स्वतन्त्र कर्ता के रूप में उसके कर्मानुसार होती है। कहा गया है कि 'पाप तथा बुराई को तिलाञ्जलि देते हुए अपने नये निवास स्थान को खोजो और नये तेजयुक्त शरीर को धारण करो।[२१]

वेद मानव के वैयक्तिक व सामूहिक दोनों पक्षों को स्वीकार करता है। एक ओर **'अग्ने पुनीहि माम्'** की याचना है तो दूसरी ओर **'अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्'**[२२] की प्रार्थना। वैदिक कर्म के सामाजिक रूप का निर्वाह महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन में दृष्टिगोचर होता है। वैयक्तिक मोक्ष को छोड़कर उन्होंने समाज सुधार हेतु अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।

सकारात्मक चिन्तन हेतु. वैदिक ऋषियों ने हमें विश्वबन्धुत्व[२३] की परिकल्पना प्रदान की है।

---

१३. बृ.उ. ४,४,५
१४. योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः। स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथा कर्म तथा श्रुतम्।। (कठोपनिषत् ५,७)
१५. गीता ६,४०,४१,४३
१६. यत् पुरुषेन हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।(ऋ. १०,९०,६)
१७. श.ब्रा. ६,२,३,१८
१८. श.ब्रा. १,१,२,१
१९. कर्म च में शक्ति मे. .... यज्ञेन कल्पन्ताम्।। (यजु. १८,१५)
२०. ऋ. १८,८,१३,:१५
२१. संगच्छस्व पितृभिः संयमेनेष्टापूर्तेन परमे व्योमन्। हित्वायावद्यं पुनरस्तमेहि संगच्छस्व तन्बा सुवर्चाः।। (ऋ. १०,१४,८)
२२. अथर्व. १९,६७,३:४:५:
२३. ऋ. १०,१९१,१-४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदमन्त्रों में परस्पर सौहार्द[२४] मित्रता[२५] दानशीलता[२६] पवित्रता[२७] अतिथिसत्कार की भावना[२८] ऋत व सत्य की भावना[२९] एवं शान्ति[३०] के दर्शन होते हैं। स्वामी दयानन्द ने वैदिक धर्म को पुन: प्रतिष्ठित किया है। उनके अनुसार वेद स्वत: प्रमाण हैं। महर्षि की दृष्टि में सत्य को प्रथम प्राथमिकता प्रदान की गई है। अत एव उनके ग्रन्थ का नाम सत्यार्थ प्रकाश है।

वर्तमान समय में मनुष्य की स्वार्थपरता के कारण समाज अनेक ज्वलन्त समस्याओं से जूझ रहा है। अलगाववाद आतंकवाद और साम्प्रदायिकता के परिणामों को कितने और किन रूपों में भोगना शेष है, यह सोचकर हृदय काम्पित हो उठता है। वेदविहित ज्ञान से उत्पन्न सकारात्मक चिन्तन का उक्त दार्शनिक स्वरूप ही वर्तमान समस्याओं का समाधान कर सकता है। इस ज्ञान को यदि हम अपने आचरण में उतारें तो व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और विश्व का कल्याण अवश्यंभावी है। यदि हम यह कहें कि महर्षि दयानन्द द्वारा स्थापित आर्यसमाज का भी यही लक्ष्य है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

---

२४. वही
२५. मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।। (यजु. ३६,१८)
२६. ऋ. १,१५,८, १,१२५,५,६
२७. ऋ. १,९७,१-८, यजु. १९,३९,१९,४३.
२८. अथर्व. ९,६, ३,८,९,१०,७३.
२९. ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। (ऋ. १०,१९०,१)
३०. अथर्व. १९,११,६ [illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१५८-१६२) ISSN 0974 – 8830

वर्तमान समस्याओं के संदर्भ में-सकारात्मक चिन्तन की भूमिका

डॉ. सुरेन्द्र कुमार[१]

भारतीय दर्शन एवं संस्कृति सुखमय जीवन जीने के लिए सकारात्मक चिन्तन का ही निर्देश देते हैं। क्योंकि सकारात्मक चिन्तन ही वह आधार भूमि है, जिससे संकट एवं मुसीबतों के समय में भी मस्ती व प्रसन्नता के फूल खिलते हैं। इसके विपरीत नकारात्मक चिन्तन वाले व्यक्ति के लिए यह समय महान् दु:ख का हो जाता है। गीता कहती है कि प्रसन्नचित्त रहने से सब दु:ख दूर हो जाते हैं और बुद्धि स्थिर हो जाती है।[२] वस्तुत: चित्त की यह प्रसन्नता सकारात्मक दृष्टिकोण एवं विधेयात्मक जीवनशैली के दीर्घकालीन अभ्यास की परिणति होती है। सकारात्मक भावों के अंतर्गत विश्वास, दृढ़ता, आशावादिता, उदारता, दयालुता, सहनशीलता जैसे गुण समाविष्ट रहते हैं। इन सब भावों के कारण ही व्यक्ति का चिन्तन सकारात्मक होता है। सकारात्मक चिन्तन वाला व्यक्ति कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी महिमान्वित अविचल हिमालय की भाँति अडिग बना रहता है। जिस पर सांसारिक प्रहारों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। महामानवों का जीवन इनके सकारात्मक चिन्तन की ही जीवंत अभिव्यक्ति होता है। इसी चिन्तन के कारण वे कभी भी निराशा के भावों को अपने पास नहीं आने देते। अष्टावक्र का शरीर आठ जगह से वक्र लिए हुआ था, चाणक्य और सुकरात कुरूप थे। किन्तु सकारात्मक चिन्तन की संजीवनी के बल पर वे समाज के सभी आघातों को सहर्ष एवं धैर्यपूर्वक सहन करते रहे। उनका अदम्य उत्साह, साहस और सकारात्मक चिन्तन ही उनके साथी सहचरों में नवप्राण का संचार करता था।[३]

आज के आधुनिक काल में सकारात्मक चिन्तन में न्यूनता आई है और नकारात्मक चिन्तन में वृद्धि हो रही है। इसी के कारण आज का मानवसमाज विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहा है। जिनमें से कुछ जटिल समस्यायें हैं- आतंकवाद, धोखा, चोरी, व्यभिचार, संग्रह की प्रवृत्ति, जातिवाद, वर्गवाद, भाषावाद, प्रान्तवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद, पर्यावरण प्रदूषण आदि हैं। इन सब समस्याओं के मूल में नकारात्मक चिन्तन ही मुख्य कारण के रूप में कार्य करता है। नकारात्मक चिन्तन व्यक्तित्व को खण्डित कर देता है। जिसके कारण व्यक्ति दुर्गुण, दुर्व्यसन, कुविचारों और कुसंस्कारों की रस्सियों में बन्ध जाता है। और यही समस्याओं का कारण होता है।

भारतीय संस्कृति की सकारात्मक चिन्तनधारा ही इन समस्याओं का निवारण करने में समर्थ है। योगदर्शन में वर्णित यम-नियम व्यक्तित्व के विखण्डन एवं बिखराव की नकारात्मक वृत्तियों को अनुशासित कर सकारात्मक चिन्तनधारा को प्रवाहित करते हैं। योगदर्शन में अहिंसा, सत्य, अस्तेय,

---

१. असिस्टेन्ट प्रोपफेसर मानव चेतना एवं योग विज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार,

२. गीता २/६५

३. अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमा:। योगसूत्र २/३०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मचार्य और अपरिग्रह पाँच यम[२] तथा शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान पाँच नियम[४] बताये गये हैं। ये सकारात्मक चिन्तन की आधार भूमि हैं। इसीलिए योग में भी इन दो अंगों को सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है। यम का अभिप्राय उस सदाचार से है जिससे व्यक्ति समाज में एक सभ्य-सुसंस्कारित व्यक्ति के रूप में तनाव रहित जीवन यापन कर सके।

यम के प्रथम अंग अहिंसा का अर्थ है-सभी काल में सभी प्राणियों के प्रति किसी भी प्रकार का द्रोह न करना। इसके विपरीत आचरण को हिंसा कहा जाता है। हिंसा तम का द्योतक है।[५] आयुर्वेद में इसे पापकर्म बताकर त्यागने का निर्देश दिया गया है।[६] सकारात्मक चिन्तन के द्वारा वैरभाव का त्याग कर, प्रेम की भावना रखना ही वास्तव में अहिंसा है। आतंकवाद की समस्या का मूल कारण हिंसा ही है। हिंसा का भाव व्यक्ति की बुद्धि को नष्ट कर देता है। अच्छे-बुरे का ज्ञान उस व्यक्ति को नहीं रहता। हिंसा एक नकारात्मक भाव है। और अहिंसा एक सकारात्मक भाव। अहिंसा में स्नात व्यक्ति के हृदय से, वचन और कर्म से जब प्राणिमात्र के लिए स्नेह, कोमलता, मधुरता, दया, अभय, के सकारात्मक भावों का प्रवाह बहता है तो समाज में कल्याण की धारा बहती है। यजुर्वेद में भी कहा कि जिसके हृदय में अहिंसा का भाव दृढ़ हो जाता है तो उससे कोई ऐसा कर्म नहीं होता जिससे उसे शोक, मोह या सन्देह उत्पन्न हो। ऐसी उच्च अवस्था प्राप्त करना मानवमात्र का लक्ष्य होना चाहिए।[७]

योगसूत्र का भाष्य करते हुए व्यास कहते हैं कि मन, वचन और कर्म में समान रहना अर्थात् अर्थानुकूल वाणी और मन का व्यवहार होना, जैसा देखा और अनुमान किया तथा बुद्धि से निर्णय किया अथवा सुना हो वैसा ही वाणी से कथन करना और बुद्धि में धारण करना। अपने ज्ञान के अनुसार दूसरे व्यक्ति को ज्ञान कराने में कहा हुआ वचन, यदि धोखा देने वाला अथवा भ्रम में डालने वाला न होकर निर्भ्रान्त ज्ञान कराने वाला हो तभी वह सत्य होता है।[८] ऐसा सत्याचरण सकारात्मक चिन्तन के द्वारा ही सम्भव है। मनु महाराज कहते हैं कि यह सत्य भी प्रिय हो कभी भी अप्रिय सत्य का व्यवहार न करें और न प्रिय असत्य ही बोंले।[९] इसका तात्पर्य यह हैं कि सत्य का आचरण भी किसी के कष्ट का कारण न बने इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए। इस सकारात्मक व्यवहार से समाज से धोखे की प्रवृत्ति दूर हो सकती है।

आधुनिक समय में अधिकतर व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की चोरी में संलग्न हैं। अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन न करना भी चोरी है। इसके कारण आज समाज में कोई भी कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाता और अनेकानेक समस्यायें दिनोदिन उत्पन्न हो रही हैं। इन सबके निराकरण हेतु अस्तेय का पालन

---

४. शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधनानि नियमाः योगसूत्र २/३२
५. योग एवं यौगिक चिकित्सा, प्रो० रामहर्षसिंह, पृ० ८२
६. वा. सू।/२१-२२
७. यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूतविजानतः। तत्रा को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः।। यजुर्वेद ४०/७
८. व्यास भाष्य २/३०
९. सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्नब्रूयात्सत्यमप्रियम्। प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः।। मनुस्मृति ४/१३८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना श्रेयस्कर है। बुद्धि, वचन और कर्म से पर-द्रव्य की इच्छा भी न करना ही अस्तेय कहलाता है। सामान्य संसारी पुरुष हानि-लाभ का चिन्तन करके ही कर्म क्रिया करते हैं, किन्तु सकारात्मक चिन्तन वाला पुरुष इनसे उफपर उठकर कल्याण की भावना से कर्म करता है। वह सदैव सत्कर्मों को करने में ही रत रहता है। वेद भी कहता है कि सत्कर्मो को करते हुए ही सौ वर्ष जीने की इच्छा करो। कर्तव्य कर्म की साधना करने वाले पुरुष में कर्म लिप्त नहीं होते। निर्लेपता के लिए इससे भिन्न अन्य कोई मार्ग नहीं है।[१०] ऐसा सकारात्मक चिन्तन समाज को चोरी की समस्या से सदा के लिए मुक्त कर सकता है।

आधुनिक मानव समाज में व्यभिचार भी एक विकट समस्या का रूप लेता जा रहा है। इस समस्या के मूल में भोगवादी संस्कृति कार्य कर रही है। आज का मनुष्य विषयों को अधिकाधिक भोगना चाह रहा है। जब कि श्रीकृष्ण ने गीता में इस प्रकार की सोच से उत्पन्न होने वाले विकारों को बड़े ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में समझाया है। वहाँ कहा गया है कि विषयों का ध्यान करने से उनके संग की कामना उत्पन्न होती है, संग से उनके भोगने की इच्छा होती है, इसमें बाध होने पर क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से सम्मोह की स्थिति उत्पन्न होती है। सम्मोह से स्मृति भ्रंश होता है, स्मृतिभ्रंश से बुद्धि नष्ट होती है तथा बुद्धि के नष्ट होने से सब कुछ नष्ट हो जाता है।[११] इससे बचने में ब्रह्मचर्य का महत्त्वपूर्ण योगदान है। भाष्यकार व्यास गुप्तेन्द्रिय के संयम को ब्रह्मचर्य कहते हैं।[१२] किन्तु यह ब्रह्मचर्य का रूढ़ अर्थ है, गुप्तेन्द्रिय सबसे प्रबल इन्द्रिय है इसी हेतु ऐसा कहा गया है। वास्तव में पूर्ण रूप से जितेन्द्रिय होना ही वास्तविक ब्रह्मचर्य है। इन्द्रियों के दुरुपयोग को अनेक रोगों का कारण बताया गया है।[१३] सकारात्मक चिन्तन के द्वारा ही इन्द्रियों के दुरुपयोग से बचा जा सकता है। मनु भी कह रहे हैं कि भोगों से मनुष्य की तृप्ति नहीं होती ज्यों ज्यों भोग भोगे जाते हैं तृष्णा और बढ़ती है, जैसे अग्नि में घृत डालने से अग्नि और बढ़ती है।[१४] इसलिए सकारात्मक चिन्तन करने वाला व्यक्ति इन विषयों के पीछे अँधा होकर नहीं भागता।

आधुनिक सभ्य मानव समाज में गरीब और अमीर के बीच की खाई निरन्तर बढ़ रही है। इसके मूल में संग्रह की प्रवृत्ति कार्य कर रही है। कुछ व्यक्तियों के पास जीवन जीने के अधिकाधिक साधनों का संग्रह होता जा रहा है, और कुछ के पास इनका अभाव बढ़ रहा है। यह विषमता हत्या, लूटपाट, आतंकवाद जैसी समस्याओं के मूल में कार्य कर रही है। इन सबसे बचने के लिए योग के अंग अपरिग्रह का पालन सहायक है। अपरिग्रह की परिभाषा में भाष्यकार व्यास कहते हैं कि ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियों के विषयरूप भोगों के उपभोग में अर्थात् विषयों के उपार्जन या संग्रह करने में, उनकी रक्षा करने में, उनको स्थिर रखने में हिंसा तथा उनकी क्षीणता में होने वाले बौद्धिक कष्टों को देखकर, उन पर विचार करके इन्हें

---

१०. कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः। एवं त्वयिनान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।। यजुर्वेद ४०/२

११. भगवद्गीता। २/६२-६३

१२. योगसूत्र। व्यासभाष्य

१३. योगभवमहारोग-योग वा. २/२६/१०

१४. न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति। हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते।। मनुस्मृति २/९४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धि, वचन, कर्म से स्वीकार न करना अपरिग्रह कहलाता है।[१५] अर्थात् आवश्यकता से अधिक धन, सम्पत्ति आदि विषय या भोग वस्तुओं का संग्रह न करना ही अपरिग्रह है। इस सकारात्मक चिन्तन के द्वारा समाज में बढ़ती खाई को पाटा जा सकता है। उपनिषद् भी इसी सकारात्मक चिन्तन की बात करते हुए कहती है कि इन भोग्य विषयों को त्याग भाव से बाँट कर भोगना चाहिए।[१६] इस प्रकार सकारात्मक अपरिग्रह रूप वृत्ति समाज की अनेकों समस्याओं को समाप्त करने में समर्थ है।

आधुनिक समाज में व्याप्त जातिवाद, वर्गवाद, भाषावाद, प्रान्तवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद आदि कुत्सित भावनायें नकारात्मक विचारधारा के कारण ही विद्यमान हैं। योग के अंग शौच के अभ्यास से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। शौच का अर्थ शरीर और मन के मल शोधन से है। दोनों की पवित्रता से ही इसका अर्थ पूर्ण होता है। शरीर की ही भाँति मन, राग, द्वेष, ईर्ष्या, असूया आदि मलों से कलुषित होता रहता है।[१७] इन सबको वैचारिक पवित्रता से ही दूर किया जा सकता है। महर्षि पतंजलि ने व्यक्ति की प्रकृति के अनुरूप उससे मित्रता, करुणा, हर्ष तथा उदासीनता रखने की बात कही है,[१८] यह सब सकारात्मक चिन्तन ही है। सन्तोषी स्वभाव का व्यक्ति ही उपर्युक्त दुर्गुणों से बचा रहता है। क्योंकि संतोष का फल बताते हुए पतंजलि कहते हैं कि सन्तोष से उत्तम सुख की प्राप्ति होती है[१९] अत: जो व्यक्ति आत्मसंतोषी होता है। वह प्रत्येक परिस्थिति में सकारात्मक चिन्तन ही रखता है।

शौच, सन्तोष की भाँति ही तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान भी सकारात्मक चिन्तन का ही परिणाम है। तप के बिना अनादिकाल से रजस् तथा तमस् प्रेरित कार्यों, क्लेशों तथा वासनाओं से मलिन चित्त की शुद्धि नहीं हो सकती[२०] स्वाध्याय का अर्थ हे स्व का अध्ययन करना। अर्थात् अपनी ओर दृष्टिपात कर अपनी अच्छाईयों व बुराईयों को देखते हुए बुराईयों का त्याग करना ही स्वाध्याय का सही अर्थ है। शास्त्रों में इस विषय में प्रमाद न करना बताया है।[२१] इससे सकारात्मक चिन्तन की ओर व्यक्ति अग्रसर होता है। ऐसे व्यक्ति को परमात्मा का साक्षात्कार होता है।[२२] उस परमात्मा के नाम का जप और उसके अर्थ की भावना करना ही ईश्वरप्रणिधान है।[२३] अर्थात् ईश्वर को सर्वस्व अर्पित कर देना, और जो व्यक्ति ईश्वर के प्रति समर्पित होता है, वह अपनी आत्मा को सभी भूतों में व भौतिक प्राणियों में देखता है। फिर किसी से वैर, ईर्ष्या, द्वेष आदि की बात ही कहाँ होती है? अर्थात् इस सकारात्मक चिन्तन के कारण जाति, वर्ग, भाषा, प्रान्त, या क्षेत्रवाद आदि सभी समस्यायें समाप्त हो सकती हैं।

---

१५. विषयाणामर्जनरक्षणक्षयसंगहिंसादोषदर्शनादस्वीकरणमपरिग्रहः। योगसूत्र व्यासभाष्य २/३०
१६. तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा:। ईशा वास्योपनिषद: १
१७. योग मनोविज्ञान, डा. शान्तिप्रकाश आत्रेय, पृ० १८२
१८. मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदु:ख पुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम्। योगसूत्र १/३३
१९. सन्तोषादनुत्तमसुखलाभ:। योगसूत्र १/४२
२०. यम-नियम, श्रीराम शर्मा आचार्य, पृ-३०
२१. स्वाध्यायान्मा प्रमदः। तैत्तिरीयोपनिषद्
२२. स्वाध्याययोगसम्पत्या परमात्मा प्रकाशते। योगसूत्रा व्यासमाष्य १/२८
२३. तज्जपस्तदर्थभावनम्। योगसूत्र १/२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पूर्ण विश्व के सम्मुख आज पर्यावरण प्रदूषण की भयावह समस्या है। यदि चिन्तन किया जाये तो विदित होगा कि इसके मूल में भी मनुष्य की नकारात्मक प्रवृत्ति ही कार्य कर रही है। भारतीय संस्कृति सकारात्मक चिन्तन की रही है। इसीलिए वैदिक ऋषियों नें पंचतत्त्वों का मनुष्यों के साथ अत्यन्त सघन सम्बन्ध बताया है। ऋग्वेद में आकाश को पिता और धरती को माता माना है।[२४] वैदिक ऋषि पंचतत्त्वों को देवतत्त्वों के रूप में स्वीकार करता हुआ उनसे समस्त दिशाओं में संरक्षण की याचना करता है।[२५] वैदिक ऋषि जानते थे कि ये तत्त्व ही हमारे जीवन व पर्यावरण के अधिपति तत्त्व हैं।[२६] इसी कारण वैदिक ऋषि पृथिवी से लेकर अन्तरिक्ष तक सभी पदार्थों में शान्ति की कामना करता है।[२७] सकारात्मक चिन्तन का यह उदात्त रूप है। इसी के द्वारा पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त किया जा सकता है।

उपर्युक्त वर्णन से सिद्ध होता है कि सकारात्मक चिन्तन ही सभी समस्याओं से मुक्ति दिला सकता है। किन्तु समस्या यह भी है कि सामान्यतया मनुष्य सकारात्मक चिन्तन की ओर अग्रसर नहीं हो पाते। इसके उत्तर में यही कहा जा सकता है कि जब तक बुद्धि शान्त और स्थिर नहीं होगी तब तक सकारात्मक चिन्तन संभव नहीं हो पाता। कठोपनिषद् में भी कहा गया है कि जब ज्ञानेन्द्रियाँ मन के साथ स्थिर हो जाती हैं तो बुद्धि भी स्थिर व शान्त हो जाती है, यही परम गति है क्योंकि इस स्थिति में ही व्यक्ति के मन से अशुभ संकल्प नष्ट होकर शुभ संकल्पों का उदय होता है।[२८] अर्थात् व्यक्ति सकारात्मक चिन्तन की ओर बढ़ता है। और इसी से समस्याओं का समाधान हो सकता है।

---

२४. ऋग्वेद १/१६/५

२५. प्रागपागुदगधराक्सर्वतस्त्वा दिशडधवन्तु अम्बनिष्पर समरीर्विदाम। यजुर्वेद ६/३६

२६. मेधामहं प्रथमां ब्रह्मण्वतीं ब्रह्मजूतृमृषिष्टुताम्। प्रपीतां ब्रह्मचारिभिर्देवानामवसे हुवे।। अर्थवेद ६/१०८/२

२७. द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथ्वी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि। यजुर्वेद ३६/१७

२८. कठोपनिषद्। अ.२, वल्ली ३/१०-११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ० १६३-१६६) ISSN 0974 – 8830

मन:प्रबन्धन एवं समस्यामुक्ति एक सकारात्मक दृष्टिकोण

(जैनदर्शन एवं पातंजल योग के आलोक में)

डॉ. अनीता जैन[1]

वर्तमान वैश्वीकरण के युग में जहाँ एक ओर मानव विकास के अभिनव आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शारीरिक एवं मानसिक सामञ्जस्य के अभाव में विविध मनोविकारों से ग्रसित दिखाई दे रहा है। इसका मूल कारण मानव मन की विषय भोगों के प्रति आकांक्षा, कामना अर्थात् लालसा एवं सकारात्मक सोच का अभाव है। विचारों का उत्पत्तिस्रोत, संकल्प विकल्प का हेतु अन्त:करण की वृत्ति मन ही है। जैन मत में हेयोपादेय की विचारशक्ति भावमन में होती है, क्योंकि भाव-मन 'ज्ञानरूप' है। अत: सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से 'भाव' मन को जीता जा सकता है और विभिन्न विकारों एवं समस्याओं से निर्मुक्ति को प्राप्त किया जा सकता है।

हावार्ड विश्वविद्यालय के विलीयम जेम्स का कहना है - ''हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी खोज यह है कि इंसान अपना नजरिया बदल कर अपनी जिन्दगी को बेहतर बना सकता है।''

'थिंक एंड ग्रो रिच' - पुस्तक के लेखक नेपोलियन हिल का कहना है कि - ''हर समस्या अपने साथ-अपने बराबर का या अपने से भी बड़ा अवसर साथ लाती है।'' अत: अवसर का लाभ उठाते हुए सकारात्मक सोच के माध्यम से समस्यामुक्ति हेतु प्रयास करना चाहिये इसके लिये आवश्यक है कि हमारी बुनियाद सही हो। जो लोग अच्छे चरित्र वाले, ईमानदार एवं नैतिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण वाले होते हैं वे बहुत जल्दी सफलता की सीढ़ी चढ़ते हैं।

उक्त आलेख को तैयार करने में विविध दार्शनिक ग्रन्थों के अतिरिक्त शिवखेड़ा विरचित 'जीत आपकी, राष्ट्रीय मेमारी अवार्ड विजेता बिस्वरूप रॉय चौधरी (संस्करण २००९) विरचित 'असम्भव-सम्भव, एवं जूलिया सेटन द्वारा रचित 'द अल्टीमेट गाईड ऑफ सक्सेस' आदि पुस्तकों का विशेष योगदान रहा है जिनके माध्यम से मैंने जाना कि यूं तो हर व्यक्ति किसी न किसी नजरिये के साथ ही जन्म लेता है, लेकिन शनै: शनै: हमारे आस-पास के वातावरण, घर, परिवार, समाज, शिक्षा एवं अनुभवों से विकसित होता चला जाता है। सकारात्मक सोच रखने वाले मनुष्य आत्मविश्वास, धैर्य, विनम्रता आदि गुणों से युक्त एवं परहित साधन में सदैव तत्पर रहने वाले होते हैं। ऐसे व्यक्ति न केवल समाज अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र के लिये संपदा के समान होते हैं।

पारिवारिक वातावरण का भी हमारे जीवन के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। पारिवारिक समस्याओं की वजह से व्यक्ति तनाव का शिकार होता है, परिणामस्वरूप हमारी उत्पादकता घट जाती है। इस तरह का वातावरण न केवल हमारे परिवार बल्कि जीवन के हर पहलु पर प्रभाव डालता है।

---

१. ऐसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत विभाग (वनस्थली विद्यापीठ) टोंक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'मा भ्राता भ्रात्रा ----------------'(अथर्ववेद-३.३०.०३)

जैसे वैदिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पारिवारिक वातावरण में सकारात्मकता का रस घोलते हुए अपने आपको इतना मजबूत बनाना होगा कि कोई भी हमारे मन की शांति को भंग न कर सके।

श्री चन्द्रप्रभसागर जी ने 'सकारात्मक सोच की चमत्कारी शक्ति विषय पर अपने विचार-व्यक्त करते हुए कहा है कि व्यक्ति के विचारों के अनुरूप वाणी, वाणी के अनुरूप व्यवहार ही उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। इस हेतु नीति श्लोकों में भी वर्णित है कि

यथाचित्तं तथा वाच: यथावाच: तथा क्रिया।
चित्ते वाचि क्रियायाञ्च, साधूनामेकरूपता।।

पातञ्जलयोग एवं जैनयोग दोनों परम्पराओं में आचार को प्रमुखता दी गई है। चूँकि आचार और विचार एक दूसरे के पूरक हैं अत: दोनों ही दर्शनों में दार्शनिक विषयों का आचार के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास किया है। जैन दर्शन के अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह आदि व्रत पातञ्जल योगदर्शन में पाँच यमों के रूप में वर्णित हैं। जैन परम्परा में वर्णित दश धर्मों में संयम और तपधर्म पातञ्जल योग में स्वीकृत प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि से साम्य रखते है। मूलत: शरीर को स्थिर रखने एवं मानसिक स्थिरता हेतु दोनों ही दर्शन अष्टांग-योग को स्वीकार करते हैं।

जिस प्रकार किसी वस्तु को रखने से पूर्व बर्तन को साफ करना पड़ता है, उसी प्रकार यम नियम के पालन से अन्त:करण के जन्म-जन्मान्तरों से दूषित संस्कारों को दूर कर उसे निर्मल बनाना होता है। यम से समाधि तक की प्रक्रिया निरन्तर विकास की प्रक्रिया है। ये यमादि जीवन लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुये मानव को कर्म करने के लिये प्रेरित करते हैं।[२] एतरेय ब्राह्मण में कहा है - ''चरन् वै मधु विन्दति।'' योगसूत्र का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को सुख दु:ख रूप कर्मबन्धन और उसके परिणामस्वरूप जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाकर आत्मकल्याण का सीधा, सरल व क्रियात्मक मार्ग दिखाना है।

जैन दर्शन में आत्मा के निज गुणों को विकसित करने के लिये (ज्ञान, दर्शन, चरित्र तप एवं वीर्यरूप) पंचाचारों का पालन आवश्यक माना है यौगिग अर्थानुसार इसे अध्यात्म भी कहते हैं।[३] बाह्य व्यवहार से प्राप्त हुए मैत्री, प्रमोद, माध्यस्थ्य और कारुण्य भावनाओं से सुवासित मन को 'अध्यात्म' कहते है।[४] 'आध्यात्मयोग' का पालन करने वाला जीव दूसरों के सुखों से ईर्ष्या, दु:खियों की उपेक्षा, शुभकर्मों से अद्वेष एवं अधर्मियों के प्रति रागद्वेषादि सभी अशुभ भावनाओं एवं प्रवृत्तियों का त्याग करता है।[५] यद्यपि अनैतिकताप्रधान युग में मानवीय मूल्यों का अनुपालन कठिन हो सकता है, किन्तु असम्भव नहीं। नैतिक योगियों के मध्य रहकर जो अनीति के प्रभाव को निस्तेज कर दे वही उस व्यक्ति के योगानुशीलन एवं

---

२ पातञ्जलयोग एवं जैनयोग का तुलनात्मक अध्ययन - अरुणा आनन्द
३ आध्यात्मोपनिषद्/ - १.२
४ आत्ममनोरुत्तत्त्वसमतायोगलक्षणो ह्यध्यात्मयोग: । यशस्तिलकचम्पू-६.१
५ सुखीर्ष्यां दु:खितोपेक्षां पुण्यद्वेषधर्मिषु। रागद्वेषौ व्यजन्नेता लब्ध्वाध्यात्मं समाश्रयेत्।। द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका - १८.७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिन्तन की सार्थकता है जो व्यक्ति के जीवन्त व्यक्तित्व से जुड़ा हुआ है वह कभी टूटता नहीं, अपितु उसके व्यक्तित्व भंग के निमित्त बनने वाली परिस्थितियाँ स्वयं शिथिल हो जाती है।[६]

नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। यही योग प्रतिपादित चिकित्सकीय शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वस्थता है।[७] आ. हरिभद्र के अनुसार अध्यात्म का पुन: पुन: विकास करना भावना है। भावना के अभ्यास से रागद्वेषादि क्षीण हो जाते है।[८]

जैन परम्परा के अनुसार ज्ञान का महत्त्व उसके अनुरूप आचरण में है[९] और उसकी सार्थकता मनोनिग्रह, संयम व वीतरागता में। ज्ञान और क्रिया की संयुक्त साधना से ही साध्य की सिद्धि होती है।[१०] भारतीय जीवन दृष्टि जीवन व्यवस्था में प्रतियोगिता एवं विरोध की जगह सहयोग एवं परस्परपूरकता के सिद्धान्त को स्वीकार करती है।

जैनधर्म विश्वजनीन और सार्वभौमिक धर्म है। आचार विचार में पूर्णत: अहिंसक, अनेकान्वाद का पोषक जैन धर्म वस्तुत: एक सुगठित समाज है जिसका मूल उद्देश्य साम्प्रदायिकता से उन्मुक्त होकर जनकल्याण करना है। अहिंसा, अनेकान्त और अपरिग्रह के सिद्धान्त ''परस्परोपग्रहो जीवानाम्''[११] के भाव पर आधारित ऐसे सिद्धान्त हैं, जिन्होंने परस्पर समन्वयवादी दृष्टिकोण को पुष्ट करने एवं सामुदायिक चेतना को जाग्रत करने का प्रयास किया है। सकारात्मक सोच पर आधृत भगवान महावीर द्वारा प्रदत्त उक्त सूत्रानुसार दूसरे के दु:ख में सहानुभूति होना, उसके दु:ख को अपना समझना आत्मिक विकास की स्थिति है। उक्त सूत्र के सम्यक् परिपालन से एक दूसरे के अधिकारों की रक्षा की जा सकती है।

जैन दर्शनानुसार आत्मा चाहे सूक्ष्म हो या स्थूल, स्थावर हो या त्रस, तात्विक दृष्टि से समान हैं -

सत्वेषु मैत्रीः गुणिषु प्रमोदः,
क्लिष्टेषु जीवेषु कृपा परत्वम्।
माध्यस्थ भावं विपरीत वृत्तौ
सदाममात्म विदधातु देव॥

आ. अमितगति द्वारा सामयिक पाठ में उद्धृत अहिंसा की उक्त भावनाएँ एवं -

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि
सत्वगुणधिकक्लिश्यमानाऽविनयेषु।[१२]

---

६ तदा-दष्टुः स्वरूपेद्मवस्थानम् - योगसूत्र १/३
७ योगविद्याविमर्श - प्रो. विमलाकर्नाटक, प२. ३४४
८ धर्मबिन्दुप्रकरण - ७५
९ ज्ञानसार - ६.२.३
१० मूलाचार - २६७, २६८
११ त.सू. - ५.२१
१२ वही - ७.६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् प्राणिमात्र के प्रति मैत्री, गुणीजनों में प्रमोद, दु:खी जीवों के प्रति करूणा तथा विरूद्ध चित्त वाले दुर्जन के प्रति माध्यस्थ भाव रखना आचार्य उमास्वामी द्वारा निरूपित उक्त भावनाओं को समझने वाला व्यक्ति कभी भी अन्यों का शोषण नहीं करेगा।

अनेकान्त मूलत: सापेक्षता, समन्वय एवं सह-अस्तित्व पर आधृत है। सापेक्षता के आधार पर विरोधी हितों में समन्वय स्थापित किया जा सकता है। समन्वय सूत्र के माध्यम से भिन्न प्रतीत होने वाली दो वस्तुओं में एकता स्थापित की जा सकती है। समन्वय ही सह अस्तित्व की आधारभूमि बनता है। व्यक्ति व समाज दोनों में समन्वय साध कर यदि व्यवस्था व कानून बनाया जाए तो उसका अनुपालन सहज और व्यापक होगा। सह अस्तित्व का सिद्धान्त सहिष्णुता और वैचारिक स्वतन्त्रता का मूल्य स्वीकार करता है।

जैन दर्शन का अपरिग्रहव्रत भौतिकवाद एवं आध्यात्मवाद का अपूर्व समन्वय है। यदि भोगोपभोग का एक परिमाण निश्चित कर लिया जाए तो अनाचार अत्याचार एवं विभिन्न सामाजिक समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है -

धनधान्यादिग्रन्थं परिमाय ततोऽधिकेषु नि:स्पृहता
परिमितपरिग्रहः स्यादिच्छापरिमाणनामपि।।'' आ. समन्तभद्र

इच्छा परिमाण के विषय में स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने कहा था - ''यदि तुम वास्तविक शान्ति पाना चाहते हो तो इच्छाओं की दासता से अपने मन को अलग कर लो। जिस क्षण तुम इच्छाओं से ऊपर उठ जाओगे, स्वत: ही इच्छित वस्तु तुम्हारी तलाश करने लगेगी।''

अत: इच्छाओं की दासता से स्वयं के मन को मुक्त करने पर ही 'परस्परोपग्रहो-जीवानाम्' एवं 'सुखी रहे सब जीव जगत के कोई कभी ना घबरावे' जैसी उदात्त भावनाओं को बल मिल सकता है एवं समाज से अनाचार, आर्थिक शोषण एवं पूंजीवार जैसी विषम समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१६७-१७०) ISSN 0974 – 8830

छान्दोग्य उपनिषदि मधुविद्या

डॉ. वीना विश्नोई शर्मा[1]

वैदिकसाहित्यं सर्वविधज्ञानविज्ञानमयं विद्यते। वैदिकसाहित्ये उपनिषदां स्थानं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। उपनिषद आध्यात्मिक विद्याया अक्षयनिधय: सन्ति। भारतीयदर्शनस्य बीजं यद्यपि ऋग्वेदादिसंहितासूपलब्ध्वां परं भारतीयदर्शनस्य स्वरूपं पूर्णरूपेण उपनिषत्स्वेव प्राप्यते। ऋग्वेदेऽपि 'ब्रह्म' 'आत्मन्' च शब्दौ आगतौ परम् अनयो: यथाक्रमं परमात्मन्यर्थे च प्रयोग: उपनिष्स्वेव प्राप्यते। उपनिषदि तु उभौ एकतत्त्वरूपे कल्पितौ। उपनिषद्वर्णितानां दार्शनिकानां सम्पूर्णं चिन्तनं मननं वा ब्रह्म आत्मा सम्बन्धिविचारेषु च केन्द्रितमस्ति। औपनिषदिक्याध्यात्मविद्याया: प्रमुखतमम् आद्यतत्त्वं ब्रह्म एवास्ति। अयं ब्रह्म अन्येषां समस्तानां तत्त्वानां मूलकारणं प्रेरकं वा मन्यते।

उपनिषत्सु, वेदेषु, वैदिकवाङ्मयान्तर्गतेषु ब्रह्मण एव वर्णनं कृतमस्ति। वेदेषु मधुविद्याया: उपदेशं कुर्वन् कथितं यत् सम्पूर्णे सृष्टौ मधु प्रवहति तद् वायुभ्य: नदीभ्यश्च प्रवह्य समस्तानि औषधीन् खाद्यपदार्थानि पोषयति। सम्पूर्णसृष्टौ मधुवर्षा स्यात् सूर्योऽपि अस्मभ्यं मधुयुक्त: स्यात् अस्माकं गावोऽपि अस्मभ्यं मधु प्रदायिन्य: स्यु:।[2] यथा वेदेषु मधुविद्याया: प्रवाहो दर्शितं तथैव समस्तोपनिषत्सु समस्ता सृष्टि: मधु प्रवाहयति।[3] महानारायणोपनिषत्सु उक्तं यत्- पृथ्वीलोके, अन्तरिक्षलोके, महालोके, जनलोके, तपलोके, सत्यलोके च मधु प्रवहति। तन्मधु ब्रह्मास्ति तज्जलानां कारणं ज्योतिषां ज्योति:, रसानां रस: अमृतानाममृतञ्चास्ति।[4] अस्माकं लक्ष्यम् अत्र बृहदारण्यकोपनिषदि वर्णिता मधुविद्या स्वरूपवर्णमेव तत्र याज्ञवल्क्य: मैत्रेयीमात्मतत्त्वमुपदिशन् ब्रह्माण्डपिण्डयो: उभयोरेवात्मतत्त्वमस्ति इति। अस्य रहस्योद्घाटयन् कथयति।[5] तत्र पृथिवी जल-अग्नि-वायु-आदित्य-दिक्-चन्द्र-विद्युत् गर्जनशील मेघ: आकाश-धर्म-सत्य-मनुष्य जातिभ्य: आत्मभ्यश्च सर्वेभ्य: भूतेभ्य: पृथिव्यादिभ्य: मधु कार्याणि मधुवत् प्रियाणि सन्ति। पृथिवी-जल अग्न्यादीनि पञ्च सूक्ष्मभूतानि पृथिवी कारणानि सन्ति एवमेव जल-वायु-आदित्यादयेऽपि ज्ञातव्या: द्वितीयोऽर्थेयं पृथ्वी समस्तभूतप्राणिभ्य: मधुवत् प्रिया भूतप्राणिन: अपि पृथिव्यादीनां कार्षाणि सन्ति। यत: पृथिव्या अंशादेव समस्तभूतानामुत्पत्तिरभवत् 'यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे, यद्ब्रह्माण्डे तद्पिण्डे' यत् पिण्डेऽस्ति तद् ब्रह्मोण्डे यच्च ब्रह्माण्डे तदैव शरीररूपे पिण्डेऽस्ति। अनेन प्रकारेण पृथिव्यादीनि सर्वाणि तत्त्वानि आकाशादय: सर्वे प्राणिन: स एव सर्वेषां परं कारणं मधुरताञ्चास्ति। स एव शरीरान्तर्व्यापी पुरुषोऽस्ति। इमे आधिदैवत अध्यात्मपुरुषश्च एक एवास्ति।

---

१. सी० असि० प्रो०-गु०का०वि०विद्यालय, हरिद्वार उत्तराखण्ड

२. मधुवाता ऋतायते. ....यजुर्वेद सातवलेकर भाष्य १३/३६-३९

३. महानारायणोपनिषद् खण्ड ९/८-१०

४. महानारायणोपनिषद् खण्ड १५/३

५. बृहदारण्यकोपनिषद् २/५/१-१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तन्मधुतमः अतिशयप्रियश्चास्ति। अयं मधुमयः पुरुषः सर्वव्यापी अविनश्वर सद् एक रस आत्मास्ति। स एव ब्रह्म स एव सर्वरूपः अयमेव सम्पूर्णब्रह्माण्डाधिपतिरस्ति। यथा-रथ-चक्रस्य धुर्या सर्वाणि अराणि अर्पितानि सन्ति। एवमेव अस्मिन् ब्रह्ममधुनि समस्त पृथिव्यादीनि भूतानि सर्वे सूर्यादयो देवाः सर्वे चक्षुरादयः प्राणाः भूरादिलोकाः समाहिताः।[६] अस्याः मधुविद्यायाः वर्णनं न केवलं बृहदारण्यकोपनिषदि प्रत्युत वेदेषु महानारायणोपनिषदि, छान्दोग्योपनिषदि च प्राप्यते। छान्दोग्ये केवलमादिरेव मधु उक्तः। यदेकेनालंकारिकरूपेण मधुकोषेणोपमीय सूर्यस्य तुलनाकृता। यथा साधारणतो दृश्यते यत् मधुकोषेणोपमीय सूर्यस्य तुलना कृता। यथा साधारणतो दृश्यते यत् मधुकोषनिर्माणे मधुमक्षिकाः कोशं निर्मापयन्ति वाश्च कस्यापि वृक्षस्य शाखादीनाधारं कुर्वन्ति येन मधु भवति। तस्मिन्न् कोशे स्वशिशुरपि जनयन्ति।

एवमेवान्तरिक्षलोकरेकः कोषोऽस्ति यो मधुमक्षिकाश्च अस्ति।[७] अयमन्तरिक्षरूपः कोषः पञ्च भागेषु विभक्तः। विभागोऽयं दिशामाधारेऽस्ति कोषस्य यो भागः पूर्वदिगस्थः तान् पूर्वदिशावर्तीन् रश्मीन् पूर्वमधुनाद्यः (मधुप्रवाहिका कोशिका) कथिताः। एवमेव दक्षिणदिशावर्ती रश्मीन् दक्षिणीयः उत्तरदिशावर्ती रश्मय उर्ध्वमधु नाड्यः कथिताः। अस्मात् पञ्च भागयुतात् कोषात् सम्बिन्धिता मधुभक्षिका अपि पञ्चविधा एव। याः मधुकल्पयन्ति ताः दिशाक्रमेण ऋचाः अर्थात् ऋग्वेद मन्त्राः यजुश्श्रुतयः सामश्श्रुतयः अथर्वाङ्गिरसः गुह्यमादेशमेव मधुमक्षिकाः सन्ति। इमां मधुविद्यां ज्ञात्वेव देवगणावस्था प्राप्यते। मधुविद्याप्रकरणसमासौ विस्पष्टी कृतं यत् यन्मधु स सर्वेषामधिष्ठानं ज्योतिर्मय-अमृतमयः पुरुषः एव मायया अनेक रूपेषु प्रतीयते। अयमेवाद्वितीयः, कार्यकारणरहितः विजातीयद्रव्यरहितः सर्वत्र व्यापकः आत्माऽस्ति। येन सर्वानुभूयते अयं ब्रह्म मधु अस्ति।[८] उपनिषत् वर्णनेन समस्त सृष्टिभूरादिलोकंः पृथिव्यादिभूतेषु संचरति, तच्च मधु ब्रह्म अस्ति। सृष्टि पदार्थेषु तन्मधु कथं व्याप्तम् एतत् रहस्यं पश्यन् उपनिषत्काराः कथयन्ति यत् सृष्टिं रचयन् भगवता द्विपदांकृते पुरा रचिता, सोऽयं पुरुषः स्वरचितेषु नीडेषु पक्षीरूपेण प्राविशत्। स एव पुरुषः यः अस्माभिः समष्टिरूपे ब्रह्माण्डे व्यष्टिरूपे च पिण्डे दृष्टः। यः अस्माभिरात्मा प्रोक्तः स सर्वासु पुरीषु प्रविश्य स्थितः। एतासु आनन्देन स्वपिति, तेन एव सर्वे बाह्यतः आवृताः तेनैव सर्वेऽनन्ताः संवृत्ता।[९] अयमात्मा ब्रह्म इदं तथ्यं सर्वानुभूतमस्ति प्रत्येको जीवः एतत् तत्त्वं स्वान्ते अनुभवति। इयं सैव विद्यया या याज्ञवल्क्येन स्वपत्नीं मैत्रेयीं प्रति बोधिता।

ब्रह्मलोकः-कौषीतकी ब्राह्मणोपनिषदानुसारेण अस्य प्रवेशद्वारे आर नामकः जलाशयोऽस्ति। आर नामकः जलाशयो विघ्नरूपेण कल्पितः। यः ब्रह्मप्राप्तौ विघ्नबाधां उपस्थापयति अयमारः काम क्रोधादिभिः अरिभिः युक्तत्वात् आरः कथ्यते। मुहूर्ताभिमनिना देवा अपि तत्र ब्रह्मलोके उपस्थिताः भवन्ति। ये येष्टिहः कथ्यन्ते एतेऽपि विघ्नबाधामुपस्थापयन्ति यतोहि 'यः इष्टिं हन्ति' य इष्टवस्तुप्राप्तौ बाधको भवेत् स येष्टिहो

---

६. बृहदारण्यकोपनिषद् २/५/१-१५ शिवशंकर शर्मा

७. छान्दोग्योपनिषद् ३/१-५ खण्ड तक

८. इदं वैतन्मधु....................बृहदारण्यकोपनिषद् २/५/१९ शां०भा०

९. बृहदारण्यकोपनिषद् २/५/१८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भवति। एते देवगणाः पुण्यानि नाशयन्ति। इमे देवगणाः ब्रह्मलोकस्य प्रत्येके गवाक्षे तिष्ठन्ति। इन्द्रियाणि एव द्वाराणि सन्ति। अस्मिन् ब्रह्मलोके एक इला नामकः वृक्षः अस्ति। इला पृथिवीं कथयन्ति। तत्स्वरूपात् इला कथ्यते। तत्रैकम् अद्भुतं नगरं अस्ति यत् सूक्ष्मशरीरमस्ति तत् मानसिकसागरं जगदेव महानगरम् अस्ति। एवं सूक्ष्मशरीरपिण्डयोः तादात्म्यसंबन्धं ज्ञापयन् संक्षेपेण उक्तं यत् ईदृशाः ब्रह्मलोकोऽस्ति।[१०] ब्रह्मज्ञानेन एव तं प्राप्तुं शक्यते।

देवलोकः- तं स्वर्गं लोकमपि कथयन्ति। अयं प्रकाशमयो लोकोऽस्ति। अयं लोको विद्यया प्राप्यते तथा च सर्वेषु लोकेषु अयं श्रेष्ठोऽस्ति।[११] अत्र तत्त्ववेताः महापुरुषा एव वसन्ति। याभिराहुतिभिरग्निर्प्रज्वलितो भवति ताभिरयं लोको जेतुं शक्यते।[१२]

पितृलोकः- इमं लोकं प्राप्तुं साधनानि इष्टापूतानि कर्माणि च सन्ति। अर्थात् यागादीनि श्रौतकर्माणि इष्टानि सन्ति। वापी कूपातडागादयो स्मार्तकर्माणि पूताः सन्ति तथा दानादीनि दत्तकर्माणि सन्ति।[१३] एतानि त्रिविधानि सन्ति, उपन्वती, पीलुमती, प्रद्यौ च। एतेषु अधस्तात् उपन्वती अर्थात् जलप्रायमस्ति। मध्ये द्युलोकः पीलुमतिः (पीलुनामक इति वृक्षविशेषः) अयं वृक्ष-जलादिसूक्ष्मप्राणमयोऽस्ति। तृतीयः पितृलोकः प्रद्यौ अस्ति। तावत्तु बृहदारण्यकोपनिषदि त्रयो लोकाः मुख्या उक्ताः। मनुष्यलोकः, पितृलोकः देवलोकश्च। एतेषां व्याख्या संक्षेपेण एवं कृता। साधारणमनुष्याः ये आहारे सन्तानोत्पत्तौ च रताः सन्ति ते मनुष्याः कथ्यन्ते। निजविचारं विहाय संसाररक्षणे रताः जनाः पितराः कथ्यन्ते। संसारज्ञानं दत्वा अग्रे एधयितारो जना देवाः कथ्यन्ते।[१४] एषां लोकानाम् आनन्दं ब्रह्मलोकानन्दनाम्ना कथ्यते। एतेभ्यः लोकेभ्योऽतिरिक्तं अन्यानां गौणलोकानामपि वर्णनं प्राप्यते गन्धर्वलोकसूर्यलोक इत्यादीनां तथा तत्रत्यम् आनन्दं परिभाषान् उक्तम्- मनुष्येषु यः सन्तुष्टः समृद्धः अपरेषाम् अधिपतिः असदपि सर्वैः मानुषभोगैः सम्पन्नो भवति। तस्मै अयं आनन्दो मनुष्याणां परमानन्दोऽस्ति। शतमनुष्याणां यः आनन्दः भवति सः एक पितृणामानन्दः भवति। इतोऽग्रे-

शतपितृणामानन्दः - एको गन्धर्वलोकानन्दः।

शतगन्धर्वलोकानामानन्दः - एकः कर्मदेवा-आनन्दः।

शतकर्मदेवानाम् आनन्दः - एकः आजानदेवो आनन्दः।

शताजानदेवानाम् आनन्दः - एकप्रजापतिलोकस्य आनन्दः।

शतप्रजापतिः लोकस्य आनन्दः - एकं ब्रह्मलोकस्य आनन्दः।

उपसंहारयन् याज्ञवल्क्यः कथयति - अयं ब्रह्मानन्दः एव ब्रह्मलोकोऽस्ति। सर्वे देवगणा ऋषिमुनयः एतान् लोकान् एव कामयन्ते। यश्च सर्वलोकानां कारणमस्ति। ऋषि दयानन्दो ब्रह्मस्तुतिं कुर्वन्

---

१०. कोषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् १/३
११. विद्ययादेवलोको वैलोकानां श्रेष्ठः........वृहदारण्य० १/५/६
१२. बृहदारण्यकोपनिषद् ३/१/४८
१३. कर्मणा पितृलोकः...............वृहदारण्य० १/५/१६
१४. बृहदारण्यकोपनिषद् १/५/६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कथयति यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधितिष्ठति स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः। अर्थात् यः परमेश्वरः एकः भूतकालः यत् व्यतीतः यश्च वर्तमानः तृतीयश्च भविष्यत्कालः एषु त्रिषु कालेषु यत्किंचिदपि भवति स एव एतेषां व्यवहाराणां यथावत् ज्ञाता भवति तथा च यः सर्वं जगत् सर्वविज्ञानेन रचयति, पालयति। संसारस्य सर्वपदार्थानाम् अधिष्ठाता अर्थात् स्वामी अस्ति। यस्य स्वरूपं केवलं सुखमयोऽस्ति यश्च मोक्षं व्यवहारसुखानां दाता अस्ति। तस्मै अत्यन्तश्रद्धया भक्त्या नमः।[१५] एवमेव बृहदारण्यकोपनिषदि साररूपेण कथयति यत् किञ्चिदपि ज्ञातम् अभिहितं चास्ति तस्य सर्वस्य एकता ब्रह्मणि एव अस्ति। सः सर्वज्ञः सर्वव्यापकरूपेण जगतः प्रत्येकं वस्तूनि रमते।

---

१५. ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका- महर्षि दयानन्दभाष्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१७१-१७९) ISSN 0974 – 8830

जैनदर्शन में सकारात्मक चिन्तन का स्वरूप, आधार एवं प्रासंगिकता

डॉ० इन्दु (पाण्डेय) खण्डूड़ी[१]

किसी भी दार्शनिक चिन्तन की मूल प्रकृति एवं उद्देश्य दर्शनविशेष के दृष्टिकोण से सकारात्मक रहा है, ऐसा दावा किया गया है, परन्तु अधिकांश दर्शनों में विश्लेषण व विवेचन की प्रक्रिया में तत्त्वमीमांसीय विमर्श एवं ज्ञानमीमांसीय स्पष्टीकरण के साथ दर्शन-विशेष का मुख्य केन्द्र उनका अपना आध्यात्मिक लक्ष्य बन गया। आध्यात्मिक लक्ष्यों की व्यापकता ने दर्शन के उद्देश्यों की व्यावहारिकता एवं सामान्य मानव जीवन की समस्याओं के समाधान के दृष्टिकोण से प्रासंगिकता सम्बन्धी प्रश्न भी खड़े किये।

दूसरे शब्दों में व्यावहारिक, अनुप्रयुक्त दर्शन के क्षेत्र में सैद्धान्तिक विमर्शों के अतिरिक्त व्यावहारिक मानव के दृष्टिकोण से कैवल्य, मोक्ष, अपवर्ग, मुक्ति, निर्वाण एवं जिनत्व जैसे गम्भीर आध्यात्मिक लक्ष्यों के व्यावहारिक निहितार्थ समझने की आवश्यकता बढ़ती गयी। यह भी सोच है कि व्यावहारिक झंझावातों से जूझते हुए मानव का त्वरित लक्ष्य तो दिन-प्रतिदिन की समस्याओं का समाधान ही होगा एवं गम्भीर आध्यात्मिक लक्ष्य उसे काल्पनिक लक्ष्य की भाँति प्रतीत होते हैं। ऐसे परिदृश्य में भारतीय दर्शन में निर्दिष्ट लक्ष्यों की प्रासंगिकता को इन आध्यात्मिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निर्दिष्ट मार्गों की व्यावहारिक दृष्टि से उपयोगिता एवं प्राप्त प्रतिफलों के माध्यम से समझने का मार्ग उपर्युक्त हो सकता है, क्योंकि भारतीय दर्शन में निर्दिष्ट लक्ष्यों की प्रासंगिकता की समझ निर्दिष्ट मार्गों के अनुपालन से प्राप्त दृष्टि से ही विकसित हो जाती है। इस दृष्टि से दार्शनिक विमर्शों पर चिन्तन दर्शन विशेष में प्रदत्त चिन्तन प्रक्रिया की सकारात्मक, उसके आधार एवं प्रासंगिकता को समझने में सहायक होगा।

उपर्युक्त उद्देश्यों को दृष्टिगत कर प्रस्तुत शोध पत्र जैन-दर्शन में सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप आधार एवं प्रासंगिकता को विवेचित करने का एक विनम्र प्रयास होगा। परन्तु किसी भी दर्शन में सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप को समझने से पूर्व सामान्य सकारात्मक चिन्तन की अवधारणा क्या हो सकती है? यह स्पष्ट करना भी आवश्यक होगा। उपर्युक्त सभी उद्देश्यों को समेटते हुए स्पष्टता के दृष्टिकोण से संपूर्ण विषय-वस्तु को तीन भागों में विभाजित किया गया है। प्रथमभाग में सामान्य रूप से दार्शनिक चिन्तन के स्वरूप को समझने का विनम्र प्रयास होगा। द्वितीय भाग जैन-दर्शन में सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप- सापेक्ष-सापेक्षतावाद, आधार-अनेकान्तवाद, स्यादवाद तथा पंचमहाव्रत को संक्षेप में प्रस्तुत करने का प्रयास होगा। तृतीय भाग में जैन-दर्शन में विभर्शित सकारात्मक चिन्तन का वर्तमान युग में प्रासंगिकता के विविध आयामों पर प्रकाश डालने का प्रयास होगा। शोधपत्र के विषय वस्तु के संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करने के पश्चात् अब हम प्रथम भाग की ओर बढ़ते हैं।

---

१. एसोशिएट प्रोफेसर दर्शनशास्त्र विभाग, हे०न०ग०वि०वि०, श्रीनगर (गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४६१७४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) सकारात्मक चिन्तन का स्वरूप एवं लक्षण

मानव स्वभावत: एक चिन्तनशील प्राणी है। यही स्वाभाविक चिन्तन जब किसी विशिष्ट उद्देश्य के प्रति केन्द्रित होकर बौद्धिक विवेचन के साथ एक निश्चित दृष्टिकोण को तार्किक दुष्टि से प्रस्तुत किया जाता है तो दार्शनिक चिन्तन का रूप ले लेता है। भारतीय दर्शन-चिन्तन परम्परा व्यावहरिक कल्याण के साथ उच्च आध्यात्मिक लक्ष्यों को केन्द्र में रखकर तत्त्वमीमांसीय विमर्श, ज्ञान के स्वरूप एवं घटकों प्रमाण-प्रमेय प्रमाता के स्वरूप के आध्यात्मिक लक्ष्य यथा-मोक्ष, मुक्ति, कैवल्य, निर्वाण, अपवर्ग एवं जिनत्व दर्शन विशेष के सन्दर्भ में लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्दिष्ट साधनों के तार्किक प्रस्तुति का समुच्चय हैं।

मानवीय व्यक्तित्व की संरचना में स्वार्थ एवं परार्थ की प्रवृत्ति की स्वाभाविकता को स्वीकार करते हुए क्रमश: प्रेय एवं श्रेय कर्मों का विवेचन भारतीय दर्शन के मूल में है। लगभग सभी दर्शन (चार्वक को छोड़कर) विवेकपूर्ण प्रेय के अनुसरण के माध्यम से श्रेय की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अत: भारतीय दर्शन की दृष्टि क्षणिक प्रेय के दलदल व दु:ख के भंवर में फंसकर निराशा के बहुआयामी दुष्परिणामों की नकारात्मकता से बचाकर विवेकपूर्ण प्रेय एवं श्रेय के अनुसरण में आशावादी, विकासशील, कल्याणकारी, व्यावहारिक व तटस्थ सकारात्मक चिन्तन का मार्ग प्रस्तुत करती है। उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सामान्यत: भारतीय दर्शन सकारात्मक चिन्तन का मार्ग प्रस्तुत करता है। दार्शनिक चिन्तन की सकारात्मकता को निम्न दृष्टिकोणों या लक्षणों के माध्यम से समझ सकते हैं:-

१. <u>आशावादी:-</u> भारतीय दर्शन के पाश्चात्य समीक्षक दु:ख एवं असन्तोष के व्यापक विवेचन के कारण इसके चिन्तन को निराशावादी एवं नकारात्मक मानते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पाश्चात्य समीक्षक भारतीय दर्शन के आधे-अधूरे लक्ष्य को संपूर्ण मानकर इस प्रकार का आरोप सरलता से लगा बैठे। परन्तु सत्य यह है कि 'भारतीय विचारक निराशावादी इन अर्थों में हैं कि वे इस जगत् की व्यवस्था व बुराई को मिथ्यारूप में देखते हैं, किन्तु आशावादी वे इन अर्थें में है कि वे अनुभव करते हें कि वे इस जगत् से छुटकारा पाकर सत्य के राज्य में जिसका दूसरा नाम साधुता है, पहुँच सकते हैं।[2] कुछ इसी प्रकार के विचार, प्रस्तुत करते हुए (एन०के०देवराज) भी लिखते हैं-' दु:ख की भावना से द्रवित होकर भारतीय सदा इस दु:खमय संसार और जन्म परम्परा से मुक्ति के उपाय खोजते हैं।[3] चूँकि भारतीय दार्शनिक चिन्तन दु:ख विवेचन के निराशात्मक उद्देश्य में सीमित न रहकर दु:खनिवृत्ति के सकारात्मक प्रयास करता है, अत: यह एक आशावादी दृष्टिकोण से अभिप्रेरित है।

२. <u>विकासशील:-</u> भारतीय दार्शनिक चिन्तन आध्यात्मिक लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर उन्मुख होकर एक और तो आध्यात्मिक विकास का लक्ष्य सामने रखकर चलता है, दूसरी ओर आध्यात्मिक लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्दिष्ट मार्गों के अनुसरण से वह न केवल अपनी शारीरिक दृढ़ता, मानसिक शुचिता मानसिक

---

२. डा० राधाकृष्णन्- भारतीय दर्शन', अनुवादक नन्दकिशोर गोभिल, राजपाल एण्ड सन्ज नई दिल्ली, १९८९, पृष्ठ ४१.

३. एन० के देवराज-भारतीय दर्शन का इतिहास' हिन्दुस्तानी एकेडेमी, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद, पृष्ठ-२३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभ्यासों से विवेकपूर्ण बौद्धिकता का विकास करता है, अपितु इनके परिणामस्वरूप वह सहयोग, सामञ्जस्य एवं समन्वयात्मक दृष्टि भी विकसित करता है एवं ये सभी उसे निरन्तर एवं व्यापक चिन्तन के विकास को व्यापकता प्रदान करते हैं। भारतीय दर्शन की विकासात्मक सकारात्मक चिन्तन प्रक्रिया व्यक्ति एवं समाज तक सीमित न होकर सम्पूर्ण सृष्टि तक विकसित हो जाती है जैसा कि लिखा गया है, 'समाजनिष्ठ नैतिकता भले ही हमारे दृष्टिकोण को व्यक्तिनिष्ठ दृष्टिकोण से अधिक व्यापक बना दे, पर वास्तव में वह हमें शेष सृष्टि से पृथक् ही रखती है। व्यक्ति की स्वार्थपरायणता के अतिरिक्त एक ऐसी भी चीज है जिसे जाति की स्वार्थ परायणता कहा जा सकता है, और जो अनिवार्यत: इस विश्वास को जन्म देती है, कि अमानवीय सृष्टि का मनुष्य के हित के लिए दोहन किया जा सकता है। यदि मनुष्य को सचमुच मुक्त होना है तो इसका भी त्याग करना होगा और वह ऐसा केवल तभी कर सकेगा जब वह आत्मकेन्द्रित दृष्टिकोण से ऊपर उठ जाएगा।'[४] व्यक्तिगत दृष्टिकोण से सामाजिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से समन्वयात्मक सृष्टिपरक दृष्टिकोण का विकास भारतीय दार्शनिक चिन्तन की सकारात्मक अभिवृत्ति का ही प्रमाण है।

३. <u>सर्वकल्याणकारी:-</u> विकार निवृत्ति के मार्गों से आध्यात्मिक लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश व्यक्तिपरक न होकर सर्वकल्याणकारी है। सैद्धान्तिक रूप से **'सर्वे भवन्तु सुखिन:'** का उद्घोष भारतीय दर्शन की सकारात्मक प्रवृत्ति का द्योतक है। बुद्ध का मध्यम मार्ग, जैन का अहिंसा का लक्ष्य, योग का अष्टांग मार्ग, व्यक्ति, समाज व विश्व कल्याण के उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ते हैं। यह व्यापक कल्याण की भावना भारतीय दर्शन के सकारात्मक चिन्तन का तीसरा लक्षण है।

४. <u>व्यावहारिकता:-</u> कोरे आदर्श एवं असंभव लक्ष्य सामान्यत: अपूर्णता के बोध से निराशाजन्य नकारात्मकता की ओर ले जाते हैं। भारतीय दर्शन के आध्यात्मिक लक्ष्य व्यावहारिक मनुष्य को काल्पनिक या साधकों संन्यासियों के जीवन का लक्ष्य प्रतीत होता है। परन्तु दर्शन विशेष के आध्यात्मिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निर्दिष्ट मार्ग एक व्यावहारिक मानव के नैतिक चेतना को विकसित करना व्यावहारिक मार्ग है? सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, ईश्वरप्रणिधान, सम्यक्, चरित्र, सम्यक्, संकल्प एवं सम्यक वाक् इत्यादि गुण व्यावहारिक नैतिकता के गुण हैं एवं संभाव्यता नहीं निश्चितता के दृष्टिकोण से सकारात्मक चिन्तन के प्रबल लक्षण बनते हैं साथ ही इनके अनुपालन की प्रक्रिया में आध्यात्मिक लक्ष्यों की व्यावहारिकता पर विश्वास हो जाता है। इस प्रकार भारतीय दर्शन सैद्धान्तिक व क्रियात्मक व्यावहारिकता के माध्यम से सकारात्मक चिन्तन का विकास करता है, सकारात्मक चिन्तन को यांत्रिकता में बाँधकर नहीं रखता है, अपितु प्रयोग व अनुप्रयोग की व्यापक संभावाना को विस्तरित करते हुए आगे बढ़ता है।

५. <u>तटस्थता</u> :- तटस्थ दृष्टिकोण एवं चिन्तन का विकास भारतीय दर्शन परम्परा के सकारात्मक होने के सबसे सशक्त लक्षण है। चाहे वह गीता का निष्काम कर्म हो, सांख्य का चेतन स्वरूप की अनुभूति की प्रक्रिया हो, बौद्ध का माध्यम मार्ग हो, जैन अहिंसा का दार्शनिक आधार हो, योग की चित्तवृत्ति निरोध का प्रकरण है या न्याय का ज्ञानमीमांसीय व वैशेषिक का तत्त्वमीमांसीय विवेचन प्रक्रिया हो या वेदान्त के

४. एम० हिरियन्णा-भारतीय दर्शन की रूपरेखा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली-१९८३ पृष्ठ-२०-२१ण्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यावहारिक व परमार्थिक जगत् का विवेचन, सभी बौद्धिक मानव में स्वार्थ परार्थ से परे एक सकारात्मक चिन्तन की ओर प्रवृत्त करते हैं। इस प्रकार 'तटस्थता' विकसित कर स्वार्थपरक नकारात्मक चिन्तन से मानव मुक्त हो जाता है और सकारात्मक सृजनात्मक में प्रवृत्त हो पाता है। भारतीय दर्शन चिन्तन में आशावादिता, विकासशीलता, व्यावहारिकता, कल्याणकारिता एवं तटस्थता के दृष्टिकोण से सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप को हमने संक्षेप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। इन्हीं मापदण्डों के आधार पर हम जैनदर्शन में विवेचित सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप को समझने का प्रयास करेंगे। यही हमारे शोध-पत्र के द्वितीय भाग की विषय-वस्तु है, अतः अब हम उसकी ओर बढ़ते हैं।

(ख) जैन-दर्शन में सकारात्मक चिन्तन के आधार एवं स्वरूप

किसी भी दर्शन में चिन्तन के स्वरूप को सम्यक् रूप से समझने के लिए तद्विशेष दर्शन के सिद्धान्तों को आधार बनाना सबसे सुगम मार्ग होता है। जैनदर्शन के चिन्तन के स्वरूप को हम अनेकान्तवाद, स्याद्वाद एवं पंचमहाव्रत के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे।

जैनदर्शन के अनेकान्तवाद को द्रव्य एवं पदार्थ विवेचन सम्बन्धी उनके मत विवेचन से समझने का प्रयास करते हैं। जैन के द्रव्य सिद्धान्त को सूत्रकृतांग को आधार बनाकर राधाकृष्णन् संक्षेप में इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं-'द्रव्य वह है जो अपने गुणों और परिवर्तनों में और उनके रहते हुए भी अपनी स्थिरता को नहीं खोता। द्रव्य और गुण दोनों को पृथक् नहीं किया जा सकता।'[५] पदार्थ की परिभाषा देते हुए वह पुनः कहते हैं- 'वह जिसमें अनेक गुण हो। यह एक गतिशील यथार्थता है, एक ऐसी जो परिवर्तित होती है'[६] द्रव्य और पदार्थ की संयुक्त परिभाषा हरिभद्र के षड्दर्शन समुच्चय को आधार बनाकर देते हैं, ' द्रव्य वह है जो सब वस्तुओं के अन्दर रहने वाला सारतत्त्व है, जो अपने को विविध आकृतियों में प्रकट करता है और जिसकी तीन विशेषताएं है, अर्थात् उत्पत्ति, नाश एवं स्थिति (उत्पत्ति व्यय व ध्रौव्य) और जिसका वर्णन विरोधी पदार्थों के द्वारा हो सकता है।'[७]

वस्तु के अनन्त धर्मात्मक एवं उनके सापेक्ष सत्य को सामान्य भाषा में एस०एन०दास गुप्ता[८] व्याख्यायित करते हुए कहते हैं कि समस्त कथन किसी सीमित अर्थ में ही सत्य है, समस्त वस्तुएँ अनन्त संख्या में धर्म रखती हैं अनन्त धर्मात्मक है, प्रत्येक धर्म को एक विशेष अर्थ में सत्य कहा जा सकता है। घड़े जैसा एक सामान्य पदार्थ भी अनन्त प्रकार के कथनों में रखा जा सकता है, उसमें अनन्त धर्म रहते हैं, अनन्त दृष्टिकोणों से उन्हें देखा जा सकता है। अपने उस रूप में वे सब सही और इस प्रत्येक पदार्थ का कथन उस सीमा तक सत्य है, निरपेक्ष या चरम रूप से कुछ भी नहीं।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यहाँ कहाँ जा सकता है कि जैन के अनेकान्तवाद का तात्पर्य यह

---

५. संदर्भ संख्या-१, पृष्ठ-२५३

६. उपरोक्त

७. उपरोक्त

८. एस०एन० दासगुप्ता- भारतीय दर्शन का इतिहास भाग-१, अनुवादक- कालानाथ शास्त्री, सुधीर कुमार, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, १९७८, पृष्ठ संख्या, १७०-१७१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है कि आसक्तित्ववान् वस्तुएँ अपने द्रव्यत्व के सन्दर्भ में स्थायी हैं, परन्तु उसके परिवर्तन व गुण उत्पन्न और विनष्ट होते हैं।[९] इस प्रकार के दार्शनिक समझौतेवादी प्रवृत्ति के समर्थन हेतु जैन दार्शनिक एक विशिष्ट द्वन्द्वात्मक वैचारिक पद्धति को विकसित करते हैं जिसे स्याद्वाद कहा गया है। स्याद् का अर्थ संभवत: या कथंचित् बताया गया है। वस्तुत: यथार्थ स्थिति अभिव्यक्ति जिन प्रकारों से यथार्थत: हो सकती है, ऐसे सात प्रकार माने गये हैं। उन्हें सप्तभंगीनय या नय के सात प्रकार कहा जाता है, जिन्हें संक्षेप में निम्नवत् प्रस्तुत किया जा सकता है-

१. स्यादस्ति- स्यात् है या किसी रूप में यह है अथवा सापेक्ष (अंशत:) सत्ता है।

२. स्यान्नास्ति- स्यात् नहीं है या इसमें आपेक्षिक सत्ता है।

३. स्यादस्ति नास्ति च- स्यात् है, स्यात् नहीं अथवा अंशत: है, अंशत: नहीं है।

४. स्यात् अवक्तव्यम्- स्यात् अनिर्वचनीय है अर्थात् यह किसी अंश में अवर्णनीय है।

५. स्यादस्ति चावक्तव्यं च - स्यात् है एक अवर्णनीय है अर्थात् अंशत: है और अंशत: अवर्णनीय है।

६. स्यान्नास्ति चावक्तव्यं च - स्यात् नहीं है और अवर्णनीय है अर्थात् अंशत: नहीं हैं और अंशत: अवर्णनीय है।

७. स्यादस्ति च नास्ति च अवक्तव्यं च- स्यात् है, स्यात् नहीं और स्यात् अवर्णनीय है।[१०]

जैनदर्शन में स्यात् के प्रयोग के निहितार्थों पर प्रकाश डालते हुए श्री वाचस्पति गैरोला लिखते हैं, इस स्यात् शब्द का प्रयोग इसलिए किया गया है कि कोई वाक्य किसी निश्चयात्मक अर्थ का बोधक नहीं हैं, बल्कि उसमें दूसरें अर्थ भी समन्वित हैं और उनको भी समझना आवश्यक है।'[११]

नय की इन सात विधाओं को देखकर कहा जा सकता है कि किसी एक वस्तु का निर्णय करने के लिए उसको अनेक दृष्टि से देखना पड़ता है, क्योंकि जब तक अनेक धर्मों का परिचय न प्राप्त कर लेंगे तब तक उस वस्तु के प्रति हमारा ज्ञान अधूरा और हमारी अवस्था अपूर्ण कही जायेगी।

सप्तभंगीनय में 'स्यात्' शब्द के प्रयोग के कारण इसे संशयवाद भी समझा जा सकता है, परन्तु इसके मूल विवेचन एवं निहितार्थों के स्पष्टीकरण से सिद्ध होता है कि स्याद् 'संदेह' का द्योतक न होकर' सापेक्षता का द्योतक है जैसा कि दत्त व चटर्जी ने लिखा है,' स्यात् शब्द के प्रयोग से किसी वाक्य से उसकी असत्यता या संदिग्धता का बोध नहीं कराया जाता है, बल्कि उसकी सापेक्षता का संकेत किया जाता है। परिस्थिति तथा विचार-प्रसंग के अनुसार परामर्श अवश्य ही सत्य होता है- इसे दार्शनिक स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं। अत: स्याद्वाद को संशयवाद समझना ठीक नहीं हैं।'[१२]

---

९. देवी प्रसाद चटट्पाध्याय-इंडियन फिलॉसफी-ए पापुलर इन्ट्रोडेक्शन, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली-१९६४, p. १३३.

१०. उपरोक्त पाण्डेय

११. वाचस्पति गैरोला-भारतीय दर्शन, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, १९८३, पृष्ठ-१०१ण्

१२. दत्त एण्ड चटर्जी-भारतीय दर्शन, पुस्तक भण्डार पब्लिशिंग हाउस, पटना, १९९४, पृष्ठ-१११ण्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनेकान्तवाद और स्याद्वाद का संक्षिप्त विवेचन करने के पश्चात् जैनदर्शन में सकारात्मक चिन्तन के तीसरे स्तम्भ अर्थात् पंचमहाव्रत का संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत करते हैं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि पंचमहाव्रत्त जैनदर्शन में जिनत्व प्राप्ति के उद्देश्य से निर्दिष्ट हैं, इसीलिए इसके साथ आचार संहिता के अन्य चरण चार गुप्तियों के विवेचन भी दिये जाते हैं, परन्तु यहाँ हम चरित्र निर्माण हेतु पंच महाव्रत-अहिंसा, सूनृत अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह का विवेचन करेंगे

श्रद्धा, यथार्थज्ञान एवं बाह्य जगत् के पदार्थों के प्रति राग एवं द्वेष के भाव से रहित तटस्थता का भाव सहित आचरण ही जैनदर्शन में निर्दिष्ट है। आचरण के निम्न पाँच धर्म बताये गये हैं-

१. अहिंसा अर्थात् त्रुटिवश भी किसी जीव का समाप्त नहीं होने देना। इसका तात्पर्य केवल हिंसा के त्याग का भावमात्र ही नहीं अपितु समस्त सृष्टि के प्रति सच्ची दयालुता का भाव रखना है।

२. उदारता एवं सत्यभाषण अर्थात् सत्य, शुभ व प्रिय भाषण करना।

३. अस्तेय- बिना दिये कोई चीज नहीं लेना।

४. ब्रह्मचर्य-वाणी, विचार व कर्म की पवित्रता।

५. अपरिग्रह-समस्त सांसारिक स्वार्थों का त्याग।

पंचमहाव्रत के विश्लेषणात्मक विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि इनके मूल में 'अहिंसा है और सूनृत, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह उस पर निर्भर सम्बद्ध एवं अहिंसा के ही अनुपूरक हैं, जैसा कि डॉ० दासगुप्ता लिखते हैं, 'अहिंसा, सुनृत, अस्तेय, ब्रह्मचर्य के पालन पर काफी जोर दिया गया है, किन्तु इन सबका आधारभूत गुण अहिंसा ही बताया गया है। इस दृष्टि से अहिंसा को जैन धर्म का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, आधरभूत नैतिक गुण कहा जा सकता है, समस्त धर्मों पर व्यवस्था उसी मापदण्ड को सामने रखते हुए दी जा सकती हैं सूनृत, अस्तेय और ब्रह्मचर्य भी उसी पर आधारित हैं, क्योंकि उनके पालन न करने से अहिंसा व्रत विक्षत होता है।'[१३]

जैन धर्म यद्यपि साधकों के लिए कठोर व्रत का निर्देश है, परन्तु गृहस्थों के लिए इन्हीं व्रतों को सरल करके निर्देश दिया गया है, 'सामान्य गृहस्थों के लिए अहिंसा का अणुव्रत होगा किसी जीव की हत्या न करना, परन्तु महाव्रत यह होगा कि किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई कारण या प्रसंग न बन जाए इसका पूर्ण ध्यान रखना और अनुपालन करना।'[१४]

जैनदर्शन में उपर्युक्त तीनों आधार किस प्रकार एक सकारात्मक चिन्तन की नींव तैयार करते रहे ? इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करते हैं। नकारात्मक चिन्तन वृत्ति के मूलतः तीन आधार होते हैं, प्रथम-आंशिक ज्ञान पूर्ण रूप में स्वीकार कर अन्य मत की उपेक्षा करना एवं संघर्ष को निमन्त्रण है। इस संघर्ष में सकारात्मक शक्ति का क्षय होता है, और असुरक्षा, भय तथा भ्रम जैसे नकारात्मक चिन्तन का उदय होता है। द्वितीय आंशिक ज्ञान की अभिव्यक्ति निरपेक्ष के रूप में एवं अभिव्यक्ति के कारण अन्य मत के 'सत्य व यथार्थ सम्बन्धी मत अभिव्यक्ति का अवसर न होना। यह परिणामतः स्वमत भिन्न लोगों के

---

१३. सन्दर्भ संख्या-.७ पृष्ठ-१९२

१४. उपरोक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन में असंताष व विद्रोह का भाव उत्पन्न करता है, जिसे दोनों मत एक-दूसरे को सुनने व समझने के लिए तैयार नहीं। ऐसी अवस्था में 'पर का भाव प्रबल हो जाता हैं यहीं पर का भाव स्व व पर में अलगाव का भाव भी विकसित करता है एवं स्व की सुरक्षा अनेक आचरण की समस्याएं उत्पन्न होती है। तुतीय आचरणाधारित समस्याएँ जैसे हिंसा, मिथ्या, अनृत, विषमचर्या, तथा परिग्रह के भाव जागते हैं, एवं नकारात्मक चिन्तन को आधार प्रदान करते हैं।

नकारात्मक चिन्तन के मूल आधारों को प्रस्तुत करने के पश्चात् अब हम यह समझने का प्रयास करते हैं कि किस प्रकार जैनदर्शन इस तीनों पक्षों के दृष्टिकाण से सकारात्मक चिन्तन की आधारभूमि को तैयार करता है। अनेकान्तवाद के माध्यम से जैनदर्शन **'अनन्तधर्मकं वस्तु'** मानकर यथार्थ के बहुआयामी स्वरूप को व्यावहारिक धरातल पर स्वीकार करता है, बहुआयमिता की स्वीकृति से ही व्यक्ति व्यापकता का अनुभव करता है, व्यापकता से संघर्ष की संभावना तक समाप्त हो जाती है, सकारात्मक शक्ति का स्वभावत: सृजनात्मक प्रयोग होता है तथा असुरक्षा, भय एवं भय से स्थान सुरक्षा की भावना, प्रेम एवं स्पष्ट तथा सहज दृष्टिकोण होना विकसित होता है। जितनी भी आधुनिक अलगाववादी समस्याएं हैं, कहीं न कहीं से अनन्त धर्मात्मक दृष्टिकोण उसे संम्बोधित कर सकारात्मक चिन्तन की अभिवृत्ति को प्रेरित करता है।

कोई भी स्वीकृति यथोचित अभिव्यक्ति के अभाव में अन्य व्यक्तियों तक संप्रेषित नहीं। अभिव्यक्ति की विधि के रूप में स्याद्वाद अपने पक्ष की सापेक्षता स्वीकार कर अन्यों के मत प्रस्तुति के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। परिणामत: यह संवाद के माध्यम से मतभेद दूर करने के मार्ग प्रशस्त करता है। ऐसी दशा में स्व का विस्तार पर तक हो जाता है एवं वैचारिक सामञ्जस्य का मार्ग प्रशस्त करता है, जो एकमतवाद के दोषों को दूर करता है। इस सन्दर्भ में दत्ता एवं चटर्जी का कथन है, 'स्याद्वाद सिद्धान्त से यह स्पष्ट है कि जैनों की दृष्टि कितनी उदार है। जैन अन्यान्य दार्शनिकों के विचारों को नगण्य नहीं समझते बल्कि अन्य दृष्टि से उन्हें सत्य भी मानते हैं। किसी दर्शन के इस हठोक्ति को नहीं मानतें है कि केवल उसी के विचार सत्य हैं। ऐसी हठोक्तियों में 'एकान्तवाद' का दोष रहता है, किन्तु इस दोषमुक्त होने की जैसी युक्ति जैनों ने निकाली है, वैसी किसी भी अन्य प्राच्य एवं पाश्चात्य दार्शनिकों ने नहीं।'[१५]

स्वीकृति एवं अभिव्यक्ति यथोचित आचरण के अभाव में निरर्थक है। पंचमहाव्रत के व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति अपनी सकारात्मकता को व्यापकता प्रदान करता है। अहिंसा को माध्यम से 'अन्यों' की सुरक्षा, सम्मान व संरक्षण का दायित्व निर्वहन करता है, सुनृत सम्भाषण से यथोचित मानसिकता का विकास करता है, उदारता व अस्तेय से लोभ नियंत्रण तथा ब्रह्मचर्य से पवित्रता को बढ़ाता है तथा अपरिग्रह से अन्यों की सम्पदा, उपलब्धि से तटस्थ रहता है। इस प्रकार से एवं ऐसे सकारात्मक चिन्तन व दृष्टि को विकसित करता है जो केवल व्यक्ति के स्वकल्याण एवं अभ्युत्थान के मार्ग ही प्रस्तुत नहीं करता है, अपितु उसके परिवेश व विश्व मे समाहित अन्य जीव-अजीव के सम्मान-सुरक्षा व कन्याण का प्रावधान भी करता है। सकारात्मक चिन्तन का इतना सुन्दर उदाहरण सम्भवत: ही कहीं और उपलब्ध

१५. सन्दर्भ संख्या-११, पृष्ठ-१०७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो। जैनदर्शन में सकारात्मक चिन्तन के स्वरूप विवेचन के पश्चात् अब हम इसकी प्रासंगिकता पर विमर्श करने का प्रयास करते हैं।

(ग) जैनदर्शन के सकारात्मक चिन्तन की वर्तमान युग में प्रासंगिकता

कोई भी दर्शन दृष्टि एवं चिन्तन अपने चिन्तन-काल के लम्बे अन्तराल के पश्चात् या तो इतने ऊँचे आदर्श के रूप में स्थापित हो जाती है, जिसे प्राप्त करना व्यावहारिक मनुष्य को असंभव सा प्रतीत होता है या वह समकालीन समस्याओं के सन्दर्भ में अपनी प्रासंगिकता खो देती है। जैनदर्शन इन दोनों दोषों से मुक्त है। अनन्तधर्मता, सापेक्षता एवं सामञ्जस्य हेतु पंचमहाव्रत आज भी उतने ही व्यावहारिक एवं प्रासंगिक हैं। जैनदर्शन का व्यक्तिशुचिता एवं व्यापक अन्य की चिन्ता आज के युग में अपेक्षित नैतिक कर्त्ता की उन सभी शर्तों को पूरा करता है, जिसे पार्त्स टेलर[१६] त्रिपक्षीय ढ़ंग से प्रस्तुत करते हैं, प्रथम- अन्य के प्रति कर्त्तव्य द्वितीय अपने लिए सार्थक लक्ष्य एवं तृतीय अन्य के प्रति उचित सम्मान। समकालीन सकारात्मक नैतिक चिन्तन के मापदण्डों पर जैनदर्शन पूरी तरह प्रासंगिक है। स्याद् के माध्यम से अनेक धर्मों की स्वीकृति व अहिंसा-स्वीकृति, अभिव्यक्ति एवं आचरण के माध्यम से 'अन्य' के लिए चिन्ता के साथ सम्मान अभिव्यक्त करते हुए अपने लिए सार्थक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ता है। संभवत: इसीलिए हिरियन्ना लिखते हैं-' जैनदर्शन का मूलमन्त्र है-जीवन ज्ञान के लिए नहीं है, अपितु जीवन के लिए ज्ञान है।'

नैतिक श्रेष्ठता के अतिरिक्त जैनदर्शन का सकारात्मक चिन्तन आज के विशेष युग में बहुसंस्कृति बाद के मूल अपेक्षाओं पर भी खरा उतरता है। व्यापक अन्य के विचारों, भावों, संस्कृतियों को उनकी विशिष्टता के स्वीकृति, सम्मान एवं संरक्षण का मार्ग जैन का सापेक्षवाद यथार्थवादी दृष्टिकोण से निर्दिष्ट करता है, जिसके मूल में उदारता निहित है। यही उदारता का भाव यदि व्यवहार व आचरण में प्रवृत्यात्मक रूप से विकसित हो जाये तो विभिन्नता के प्रति सहिष्णुता विकसित करता है। इस प्रकार जैनदर्शन बहुसंस्कृतिवाद के अपेक्षित नैतिक मूल्यों का पोषण करता है एवं एक व्यावहारिक व्यक्ति व्यापक अन्यता एवं भिन्नता को स्वीकार के लिए तैयार करता है। अत: जैनदर्शन के सकारात्मक चिन्तन की प्रासंगिकता आज के युग में और अधिक हो जाती है।

आतंकवाद एवं हिंसात्मक प्रवृत्ति आज के युग में एक गंभीर समस्या है। हिंसात्मक प्रवृत्ति को कम करने के लिए अहिंसा की प्रवृत्ति का विकास आवश्यक है। परन्तु अहिंसात्मक प्रवृत्ति के विकास के लिए खोखले उपदेश कारगर नहीं हो सकते हैं। जैनदर्शन में सकारात्मक चिन्तन में अहिंसा को सुनृत, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की यांत्रिकता से सिंचित कर विकसित करने की विशिष्ट पद्धति दी है, जिसे व्यावहारिक मनुष्य धीरे-धीरे प्रयोग कर सकता है और सन्तुलन बना सकता है। इस प्रकार 'अहिंसा' को जैन विचार की प्रासंगिकता व्यापक अर्थों जीव-अजीव की रक्षा, सम्मान के अतिरिक्त व्यक्ति के हिंसात्मक प्रवृत्तियों पर सार्थक रोक लगाने के लिए भी सार्थक है।

---

१६. टेलर चार्ल्स सोर्सेज ऑफ सेल्फ The matching of the modern identity केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, कैम्ब्रिज-१९८९ पृष्ट-१६.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि आज के युग में जैनदर्शन में वर्णित सकारात्मक चिन्तन प्रासंगिकता आशावदिता-क्योंकि यह मानव जिनत्व एवं निर्वाण की संभावनाओं में आशा रखता है, विकासशीलता-क्योंकि यह सकारात्मक चिन्तन वैचारिक पवित्रता से आचरण के पवित्रता की विकास की ओर जाता है, कल्याणकारी-क्योंकि यह सृष्टि के सभी तत्त्वों के कल्याण का भाव रखकर आगे बढ़ता, व्यावहारिकता क्योंकि अणुव्रत के साथ महाव्रत की अवधारणा को स्वीकार करता है तथा अपने व परे के भेद से भिन्न तटस्थता बनाये रखने के लिए प्रासंगिक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१८०-१८६) ISSN 0974 – 8830

उपनिषद् : सकारात्मक आर्थिक चिन्तन

ओमपाल सिंह (शोध छात्र)[१]

प्राय: उपनिषद् वेदों के अन्तिम भाग माने गये हैं, तथा इनसे वैदिक शिक्षाओं का सार उपलब्ध होता है, अत: इनकी संज्ञा वेदान्त है। अन्य शब्दों में रहस्यात्मक ज्ञान वेदान्त है, जिसका अर्थ वेदों की सारभूत विद्या, सूक्ष्म और गुप्त अर्थों की व्याख्या का स्पष्टीकरण है।[२]

उपनिषद् शब्द 'उप' तथा 'नि' उपसर्ग पूर्वक **सद्** धातु से **क्विप्** प्रत्यय के योग से निष्पन्न है। सद् धातु का प्रयोग विशरण (विनाश)[३] गति, ज्ञान, गमन और प्राप्ति है।[४] अवसादन (पतन, समाप्ति, दु:ख और शैथिल्य),[५] इन अर्थों में माना गया है। सद् धातु की इस विवेचनानुसार उपनिषदों द्वारा कर्म-बन्धन और अविद्या- विनाश के फलस्वरूप ज्ञानोपलब्धि अभिप्रेत है,[६] तथा '**नि**' उपसर्ग के योग से **सद्** धातु बैठने के लिए भी प्रयुक्त है।[७] उपनिषद् शब्द उप+नि+सद् से निष्पन्न है, जिसका अर्थ है- सूक्ष्म ज्ञान अथवा गोपनीय रहस्यों के ज्ञान हेतु आचार्य के समीप बैठना। यास्काचार्य के अनुसार- नि एवं उप उपसर्ग विनिग्रह के अर्थ में भी प्रयुक्त होते हैं।[८] विनिग्रह का अर्थ है-नियन्त्रण अथवा गमन। अर्थात् पूर्ण आधिपत्य जिससे नियन्त्रण हो जाये।

अर्थ शब्द लौकिक सुख और पारलौकिक आनन्द को अपने में समाहित किये हुए है। धनेश्वर्यों सम्बन्धी जिन भी पदार्थों की कामना की जा सकती है या आदान-प्रदान द्वारा जिस प्रतिफल की आशा या याचना की जा सकती है, वह सब अर्थ में ही समाविष्ट है।[९]

उपनिषदों में अर्थ के लिए धन, रे, रयि, वित्त, वसु, भूति और द्रविणम् आदि अनेक पर्याय मिलते हैं। जिनमें महाशाल, हर्म्य और श्रेष्ठी आदि धनवानों के वाचक शब्द भी उपलब्ध होते हैं।

१. **धन-** धन शब्द भी व्यापक शब्द का वाचक है। अत: इसके अन्तर्गत स्वर्ण आदि धातुएं, भू-सम्पत्ति, पशु, अन्न आदि परिगणित हैं।

२. **रे (रयि:)** - यह स्वर्णादि धनों का वाचक है।

---

१. दर्शन विभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
२. कठोपनिषद् (शांकर-भाष्य) एवं अष्टाध्यायी -१/३/२, ३/२/६१, ६/१/६२
३. सकलमवशं सीदति जगत्- हितोपदेश २/७७
४. सीदन्ति गच्छन्ति अवश्यं इति साक्षी :- प्रमुख उपनिषदों मे आचारतत्त्व मीमांसा पृ० १
५. सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति - गीता १/२९
६. षदलृ विशरणगत्यवसादनेषु- धातुवृत्ति पृ० ५८३
७. अष्टाध्यायी- ७/३/७८, १/४/७९, शतपथ ब्राह्मण- ९/४/३/३, अथर्व० (दयानन्द भाष्य)-१९/४१
८. भारतीय दर्शन (पाद टिप्पणी) - पृ० १११
९. अर्थ्यते प्रर्थ्यते इति अर्थ: (वैदिक सम्पदा पं० वीरसैन वेदश्रमी)- पृ० २१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३. **वित्त** - ब्रह्मराशि अर्थात् समस्त राशि में से जो भाग ऋण चुकाने के लिए नियत हो, उसकी संज्ञा वित्त है।[१०]

४. **भूति (भोग)**- यह वह राशि है, जिससे हम अपनी सुख-सुविधाओं को प्राप्त करते हैं। वस्तुत: अर्थ के प्रति मानव की सहज प्रवृत्ति है, उसका अस्तित्व रक्षण एवं संवर्धन सभी अर्थाश्रित हैं। इसलिए पुरुषार्थ-चतुष्टय में अर्थ को धर्म के तत्काल बाद इंगित किया गया है।

महर्षि मनु के शब्दों में कोई धर्म व अर्थ को कल्याणकारी मानते हैं, कोई काम व अर्थ को तो कोई केवल धर्म को और कोई केवल अर्थ को ही श्रेय मानते हैं, किन्तु धर्म, अर्थ एवं काम इन तीनों का वर्ग अर्थात् त्रिवर्ग ही श्रेयस्कर है।[११] परवर्ती कुछ चिन्तक अर्थ को प्रथम स्थान देते हैं। अर्थशास्त्र प्रणेता आचार्य चाणक्य के अनुसार- सुख का मूल यदि धर्म है, तो धर्म का मूल अर्थ ही है।[१२] उनके मत में अर्थ भूमिवत् प्रधान माना गया है।[१३] अर्थवान् व्यक्ति समस्त लोकों में सम्मान के पात्र माने जाते हैं।[१४] चाणक्य अर्थ को लोक-जीवन का मुख्य प्रवर्तक मानते हैं।[१५] शुक्रनीति में भी अर्थ को धर्म, काम और मोक्ष इन तीनों का आधार माना गया है।[१६] व्यक्ति अर्थ का दास है, अर्थ किसी का दास नहीं है।[१७] पुरुषार्थ चतुष्टय में अर्थ का स्थान द्वितीय है, जिसका कारण धर्म शब्द की व्युत्पत्तियों का वैविध्य और संप्रेषणशीलता है।[१८] वेदों ने भी धर्म को प्रथम माना है।[१९] धर्म सनातन और अक्षुण्ण है। कालक्रमानुसार अर्थ का अर्थ बदलता रहता है। संहिताकाल में आमोद-प्रमोद, ब्राह्मणकाल में यज्ञ, आरण्यकों में तप एवं उपनिषदों में ज्ञान को सर्वेपरि अर्थ माना गया है, किन्तु धर्म अपरिवर्तनीय है, इसलिए मुकुटमणि धर्म को यहाँ प्रथम स्थान प्राप्त है। अर्थ साधनों में कृषि, वाणिज्य, गौ-रक्षा और विविध-शिल्पों को विशेष महत्त्व दिया गया है।[२०] कहीं विद्या, शूरता, बल और धैर्य के द्वारा अर्थ की प्राप्ति मानी गयी है।[२१] स्मृतिकार पाराशर के मत में- कृषि के अतिरिक्त न कोई अर्थ है, न लाभ और न कोई सुख। यदि कृषि धर्मपूर्वक हो और उसकी ऊपज की समुचित वितरण व्यवस्था हो तो यह सर्वश्रेष्ठ धन बन जाता है।[२२] वर्तमान अर्थशास्त्रियों के मत में- मानव

---

१०. वित्यते त्यज्यते अनेनेति अर्थ: (वैदिक सम्पदा)- पृ० २१७
११. धर्मार्थावृच्यते श्रेय: कामार्थौ धर्म स्व च। अर्थ एथेह वा श्रयेत्त्रिवर्ग इति तु स्थित:।। मनु० २/२२४
१२. सुखस्य मूलं धर्म:, धर्मस्य मूलामर्थ:। चाणक्य सूक्य १ व २
१३. अर्थशास्त्र - ५१/१
१४. अर्थशास्त्र - ५१/१
१५. अर्थशास्त्र - ५१/१
१६. शुक्रनीति ३/१७६
१७. अर्थस्य पुरुषो दास (शुक्रनीति) - ३/१७७
१८. ध्रियते अनेन लोक: हरति लोकं वा, धारणात् धर्म: इति। मनु० (डा० सुरेन्द्र कुमार)-७/२६
१९. तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ऋग्वेद - १/१६४/४, १०/१०/४
२०. महाभारत शान्ति पर्व- १६७/११
२१. कामसूत्र, अध्याय- १, शुक्रनीति-३/१७७
२२. पराशर स्मृति- ५/१८४-१८५ भागवत- ४/१५/४२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में प्राप्त करने की प्रवृत्ति का तुष्टीकरण ही अर्थ है।[२३] उनके अनुसार अर्थ के अन्तर्गत उन सभी वस्तुओं में जिस पर अधिकार किया जा सकता है, जिनका आनन्द लिया जा सकता है और जो खोई या पाई जा सकती हैं, तथा गृह-प्रबन्ध, परिवार-पोषण, धार्मिक-कर्त्तव्य पालन और जीवन के विभिन्न दायित्वों को सम्पन्न करने के लिए जिनकी सदैव आवश्यकता रहती है।[२४]

पारमार्थिक होने के कारण उपनिषदों में जहाँ अर्थ की अनिवार्यता और महत्त्व प्रतिपादित है, वहाँ अर्थ-शुद्धता, उसके शुचि-साधन और उसकी संयत भोग-विधियों पर भी बल दिया गया है। इस दृष्टि से औपनिषदिक समाज संयमी और सचेत है। वहाँ आज की भांति येन केन प्रकारेण संग्रह वृति परिलक्षित नहीं होती है। ईशोपनिषद् का प्रारम्भ ही संयत अर्थ-योजना से होता है। जहाँ समाज की अर्थ-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सचेत किया गया है, कि इस संसार में सम्पूर्ण जड़ चेतन पदार्थ ईश्वर से परिव्याप्त है। उनका उपभोग त्यागवृत्ति से करें और किसी के धन का लोभ न करें। यह धन किसका है ? अर्थात् यह किसी एक का नहीं, सभी का है। मनुष्य इसे न साथ लाया था और न साथ ले जायेगा। यह यहीं से मिला था, और यहीं रह जायेगा। अत: यह धन यहाँ केवल मात्र संयमपूर्वक भोग का साधनमात्र है। मनुष्य इसका स्वामी नहीं है, इसका स्वामी तो त्रिकालातीत परमेश्वर ही है।[२५]

इस चेतावनी से ज्ञात होता है, कि जिस प्रकार ईश्वर सभी का है, उसी प्रकार उसके द्वारा प्रदत्त यह धनादि पदार्थ भी पात्रानुकूल सभी के लिए है। अत: उन्हें परस्पर मिल-जुलकर भोगने का विधान है, यहाँ लालच और लूट-खसोट को कोई स्थान नहीं है। धनोपार्जन एवं वितरण दोनों महत्त्वपूर्ण हैं-

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्य स्विद्धनम्।।

उक्त मन्त्र में धन के सहज उपयोग का शास्त्र-सम्मत मार्ग निर्दिष्ट है। ईशोपनिषद् के अन्तिम मन्त्र में धनोपार्जन का धर्म-सम्मत मार्ग दृष्टिगत करते हुए कहा गया है, कि ईश्वर हमें धन के लिए सुपथ पर ले चलें अर्थात् परमेश्वर हमारा मार्ग-दर्शन करते हुए हमें सन्मार्ग और न्यायपूर्ण ढंग से ही धनोपार्जन की शक्ति और सामर्थ्य प्रदान करें।[२६]

उपनिषद् साहित्य में अर्थ-तत्त्व के सम्बन्ध में संकेत प्राप्त होता है, कि यदि हम अधर्म से धन कमाकर कल्याणकारी धर्माचरण करना चाहें तो, यह सम्भव नहीं है। अत: धनोपार्जन की विधि धनोपयोग से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। इसके अनुसार श्रमोपार्जित धन और उसका त्यागपूर्वक भोग ही श्रेष्ठ धर्म है।

उपनिषद् धन को जीवन का लक्ष्य न मानते हुए भी उसकी व्यावहारिक उपयोगिता को स्वीकारते हैं, और उसके उचित उत्पादन तथा भोग का मार्ग बतलाते हैं। यदि व्यक्ति धर्मोपार्जित अर्थ का सदुपयोग नहीं करते तो वे अर्थ की महत्ता अथवा अर्थवत्ता से वंचित रह जाते हैं। वे धन के स्वामी न बनकर मात्र

---

२३. प्रमुख उपनिषदों में आचार तत्त्व मीमांसा- पृ० १०४
२४. भारतीय सामाजिक संस्थाएं- पृ० ९५
२५. कस्यस्विद्धनम्। ईशो० - १
२६. अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्। ईशो०- १८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसके दास बनकर उसके (धन के) संकेतों पर ही नृत्य करते हैं।[२७] इससे स्पष्ट है कि वेदों में अर्थोपार्जन का जो आदेश है, उसी प्रकार उपनिषद् साहित्य भी धर्म एवं पुरुषार्थपूर्वक अर्थप्राप्ति पर बल देते हैं।[२८] परवर्तीकाल में भी धन के सम्बन्ध में उपनिषदों के यही विचार मान्य थे।[२९] मनु के अनुसार- यदि अर्थ और काम, धर्म के विरोधी हों तो उन्हें तत्क्षण त्याग देना चाहिए।[३०] अशुद्ध धन से प्राप्त सुख-परमार्थ विरोधी होने के कारण त्याज्य है।[३१] पुराण साहित्य भी इन्हें विचारों की समीक्षा करता है।[३२] उपनिषदों में बन्धन से छूटकर मुक्ति की ओर जाने का श्रेय मार्ग वर्णित है। औपनिषदीय भाषा में बन्धन और मुक्ति दोनों पुरुष के अर्थ हैं- प्रथम-भौतिक, द्वितीय-अतिभौतिक।

इसके अन्तर्गत जीव का अर्थ मुक्ति ही परमार्थ है, जिसकी सिद्धि पुरुषार्थ से ही सम्भव है। दूसरे शब्दों में अर्थ का अन्यतम अर्थ परमार्थ अर्थात् मोक्ष ही है। यह अर्थ का आध्यात्मिक पक्ष है। भौतिक और आध्यात्मिक उत्कर्ष का सन्तुलन ही उपनिषद् साहित्य में प्राप्त होता है, जिसके द्वारा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, मानव इन चार उद्देश्यों को अर्थ संग्रहता और श्रमोपार्जित धनोपार्जन से हृदयंगम कर लेता है। अर्थ मानव की तुष्टि और विभिन्न वस्तुओं को प्राप्त करने की उसकी उत्कंठा व्यक्त करता है, इसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध भौतिक सुखों से अभिप्रेत है। जबकि द्वितीय प्रबलतर पक्ष में अर्थ पुरुषार्थ रूपी भवन में प्रयुक्त नींव का वह पत्थर या लौह सलाखा है, जो प्रत्यक्ष न दृष्टिपात होते हुए भी उसे सुदृढ़ता और आकार प्रदान करता है, क्योंकि भौतिक सुख पूर्ण रूप से अर्थाश्रित हैं। इनकी आपूर्ति भी अर्थ से ही सम्भव है, इसलिए पुरुषार्थचतुष्टय में अर्थ मनुष्य का द्वितीय श्रमसाध्य प्रयोजन है। जीवन में अनेक कर्तव्य-कर्म, दायित्वों के संपादन हेतु अर्थ की अनिवार्यता स्वयं सिद्ध है। धर्म-कार्य में भी यह अनिवार्य है। अर्थ द्वारा ही धार्मिक आयोजन संपादित होते हैं।[३३] जिनके सम्पादन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उपनिषद्-साहित्य, वैदिक-साहित्य, ब्राह्मण और आरण्यकों के प्रतिनिधि हैं। जिनका प्रतिपाद्य आध्यात्मिकता से ओतप्रोत है। अध्यात्म स्वरूप के अन्तर्गत- ब्रह्म, आत्मा, जीवात्मा, ईश्वर, जगत् और मोक्ष हैं। लौकिक (व्यावहारिक) पक्ष- नीतिशास्त्र, जीवन-मूल्य, आचार-दृष्टि, कर्म और मुक्ति का सम्बन्ध, पुनर्जन्म एवं मोक्ष की अवधारणा के रुप में असत् से सत् की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरत्व की ओर चलने का मार्ग प्रशस्त होता है।[३४] उपनिषदों में आत्मा का निरूपण सर्वोत्तम सत्ता के रूप में प्राप्त

---

२७. रक्षेत् मृतकोचरण्ये यथा गास्तोदृगेवसः। महाभारत, वनपर्व- ३३/२४
२८. ऋग्वेद- १/६८/२, २/२८/४, १०/३३/९ (दयानन्द भाष्य)
२९. संस्कार विधि- पृ० ८४ एवं मनुस्मृति - २/६५
३०. मनुस्मृति- २/२२४
३१. संस्कार विधि - पृ० १५१, मनुस्मृति- ४/१७३
३२. भागवत पुराण- ११/२३
३३. (क) धनात् स्रवति धर्मो हि धारणाद्वेतिनिश्चयः। महा० शान्तिपर्व- ९०/१८ (ख) प्राणयात्रापि लोकस्य विना ह्यर्थं न सिध्यति, महा० शान्तिपर्व- ८/१७
३४. असतो मा सद् गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति- बृ०उ० १/३/२७-२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है।[३५] धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों में से जो मानव अपने जीवन में एक की भी प्राप्ति नहीं करते, उनका जीवन अजागल में स्थित स्तन के समान निरर्थक है।[३६] अविद्या के कारण ही जीव आत्मा से पृथक् होता है।[३७] वह यहाँ कृषि की भाँति पकता और उत्पन्न होता है।[३८] संयमी व्यक्ति ही अपनी आत्मा का कल्याण करने में समर्थ होते हैं, इसलिए इन्द्रिय प्रसाधन से इन्द्रियाकर्षण से बचने हेतु आत्म-ज्ञान के अतिरिक्त उत्तम कोई साधन नहीं है।[३९] नचिकेता समस्त भौतिक सुखों को इसलिए नकार देते हैं, कि उससे आत्म-तत्त्व सदृश अमृत की प्राप्ति सम्भव नहीं।[४०] याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी संवाद भी इस प्रसंग में प्रसिद्ध है।[४१] अत: विवेकीजन पुत्रैषणा, वित्तैष्णा और लोकैषणा सुनियन्त्रित रखते हैं। वस्तुत: भौतिक उपलब्धियों से आत्यन्तिक सुख की प्राप्ति न देखकर ही औपनिषदिक चिन्तन पारमार्थिक सुखों की प्राप्ति के लिए प्रवृत्त दिखाई देता है।

वैश्य वर्ण को विश: कहा गया है। गण रूप में कहे गये वैभवशाली आदित्य विश्वदेव और मरुतादि देव वैश्यों के प्रतिनिधि माने गये हैं।[४२] कृषि एवं वाणिज्यादि के द्वारा धनोपार्जन हेतु उपयोगिता की दृष्टि वैश्यगण वसु आदि नाम से तत्समय स्मरित किये गए हैं।[४३] यह वर्ण समाज में प्रतिष्ठित था, और इसके मुख्य व्यवसाय धनोपार्जक-कृषि, पशु-पालन, वाणिज्यादि उद्योग थे।[४४] उपनिषद् काल में कृषि-व्यवस्था विकसित हो चुकी थी, और सिंचाई-व्यवस्था का भी प्रबन्ध था।[४५] कृषि का आधार पशु-पालन भी उन्नत दशा में था।[४६] सोना उगलने उर्वर विस्तृत भू-भाग में बसकर आर्य लोग कृषि-कर्म में निमग्न हो गये थे, जो कृषि-कार्य में दक्षता और उन्नत कृषि के नये-नये ढंग खोजते रहते थे।[४७] अन्नोत्पादन के प्रति औपनिषदिक समाज सर्वोपरि सम्पदा के रूप में प्रतिष्ठित था।[४८] वस्तुत: वैश्यवर्ण तात्कालिक अर्थ-व्यवस्था का मेरुदण्ड दिखाई देता है, जो व्यवसाय द्वारा धनोपार्जन कर राष्ट्र को अभाव मुक्त रखता था।

विप्रजन स्वाध्याय, यज्ञ और दानादि में निरत रहते हुए आत्म-तत्त्व का अनुसंधान करते थे, तथा

---

३५. The Principal Upnishadas- P. 73
३६. धर्मार्थकाममोक्षाणां यस्यैकोऽपि न विद्यते। अजागलस्तनस्येव तस्य जन्म निरर्थकम् (नीतिसंग्रह)
३७. योगदर्शन - २/५
३८. सस्यमेव मर्त्य: पचते सस्यमिव जायते पुन:। कठोपनिषद्- १/१/६
३९. मुण्डकोपनिषद् - १/१/४-५
४०. कठोपनिषद् - १/२/६
४१. बृ०उप०- २/४/२
४२. बृ०उप०- १/४/१२
४३. बृ०उप०- १/४/१२ (शांकर भाष्य)
४४. छान्दोग्योपनिषद् - १/१०/७
४५. छान्दोग्योपनिषद् - ६/२/४१
४६. ऐत० आ० - ५/१/१
४७. छान्दोग्योपनिषद् - १/१/३
४८. अन्नं बहु कुर्वीत् तै०उप० - ३/९/१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजाओं के द्वारा उन्हें यथेष्ट धन मिलता था।[४९] क्षत्रियों की भौतिक सम्पदा का अनुमान ब्राह्मणों को प्रदत्त दान-दक्षिणा और बृहद् यज्ञ आयोजनों से हो जाता है, जो प्रभूत सम्पदा के स्वामी दृष्टिगत होते हैं।[५०] तत्कालीन शूद्रवर्ण का भी प्रथम तीनों वर्णों को व्यवसायों, उद्योगों एवं कृषि-कार्यों में सहयोग परिगणित होता है।

गृहस्थ-संचालन हेतु अर्थोपार्जन आवश्यक है, प्रजापति का 'द' अक्षर दया, दान और दमन का उपदेश भी उपनिषद् कालीन अर्थ-व्यवस्था का स्तम्भ है।

उपनिषद्काल में शिक्षा-व्यवस्था के अन्तर्गत गुरुकुलों का व्यापक प्रसार दिखाई देता है, जिसमें बालक-बालिकाओं की शिक्षा-व्यवस्था उन्नत दशा में दृष्टिगत होती है। ब्रह्मवादिनियों की एक समृद्ध परम्परा मिलती है, जो अति विदुषी और वेद व्याख्याता होती थीं।[५१] वे वेदाध्ययन करते समय सांसारिक आकर्षणों से दूर रहकर राज-सभाओं में अपने ज्ञान का उद्घोष करती थी।[५२] मैत्रेयी और याज्ञवल्क्य गार्गी संवाद अनुचानत्व का प्रमाण है।[५३] महाभाष्य-साक्ष्य से ज्ञात होता है, कि तत्कालीन नारियां उपाध्याया होती थीं और गुरुकुलों में व्याकरण तथा मीमांसा पढ़ाती थीं। कन्या गुरुकुलों की व्यवस्थाएँ आचार्याएँ ही संचालित करती थी। इससे ज्ञात होता है, कि उन्हें समाज या राज्य की ओर से आवश्यक वेतन-वृत्ति अवश्य प्राप्त होती होगी, जो तत्समय की अर्थोपार्जनता का प्रमाण है। उपनिषदों में नारियों की सेवा-वृत्ति के भी कतिपय प्रमाण उपलब्ध होते हैं, जो तत्कालीन अर्थ-तत्त्व का एक प्रबल पक्ष है।

सौन्दर्य-प्रसाधन और परिधान-प्रसाधन की दृष्टि से उपनिषद्काल ऋग्वैदिककाल से साम्य रखता है तथा कताई-बुनाई का वर्णन भी यहाँ प्राप्त होता है। औपनिषदिक समाज में रंगीन परिधान और वस्त्रों का प्रचलन प्राप्त होता है।[५४] कौशेय और ऊनी वस्त्रों का भी पर्याप्त वर्णन है। वस्त्राभूषणादि से सज्जित होना भी तत्कालीन परम्परा का गौरव है। इन्द्र और विरोचन दोनों आचार्य प्रजापति के पास वस्त्र और आभूषणों से अलंकृत होकर ज्ञान प्राप्ति हेतु जाते हैं।[५५] आरुणी राजा प्रवाहण से विद्या की याचना करते हुए अपने परिधान और स्वर्णालंकारों की श्रेष्ठता का आख्यान करते हैं।[५६] राजा जनाश्रुति श्रुति ज्ञान प्राप्ति हेतु ऋषि रेवक की सेवा में अमूल्य वस्त्राभूषण अर्पित करते हैं।[५७] उपनिषदों में लोहमणी नामक अलंकार का भी वर्णन है[५८] जो कण्ठाहार अथवा स्वर्ण-निष्क भी पहना जाता था।[५९] कठोपनिषद् और केनोपनिषद् में भी

---

४९. बृ०उप०- ३/१/१
५०. बृ०उप०- ४/१/२
५१. बृ०उप०- ३/६/१
५२. बृ०उप०- ३/८/२
५३. बृ०उप०- ३/८/१-१२
५४. छान्दोग्योपनिषद् - ८/८/५
५५. छान्दोग्योपनिषद् - ८/८/२, ८/२/३
५६. बृ०उप० - ६/२/७
५७. छान्दोग्योपनिषद्- ४/२/३, ४/२/४-५
५८. छान्दोग्योपनिषद्- ६/८/२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलंकारों का भव्य वर्णन है। शोभा-प्रसाधनों में माला आदि का भी प्रचलन प्राप्त होता है, जिसके द्वारा ब्रह्मविदों और तपस्वियों का आदर सत्कार किया जाता था।[६०] आमोद-प्रमोद के साधनों में गायन, वादन और नृत्य को तत्समय प्रमुख स्थान था।

वस्तुत: तत्कालीन वस्त्रोद्योग, सौन्दर्य-प्रसाधन और अलंकार निर्माण उन्नत रूप में दृष्टिगत होते हैं, जो अर्थ-तत्त्व की समृद्धता को इंगित करते हैं।

भोजन में अन्न, दूध, दही, शाक, फल, ओदन, क्षीरोदन, पुआ, तिलोधन तथा लवण का प्रयोग भी परिगणित है, जो सात्विक, शाकाहार भोजन एवं समृद्ध अर्थ तत्त्व को सुदृढ़ करता है। औपनिषदिक सामाजिक परिवेश में वर्णाश्रम-व्यवस्था, पारिवारिक संगठन शिक्षा सुदृढ़, अर्थ-व्यवस्था के आधार स्तम्भ हैं।

उपसंहार-

इस आर्थिक अन्वेषण से स्पष्ट होता है, कि अर्थ में नैतिक और भौतिक दोनों ही मूल्य मुख्यत: अभिप्रेत हैं। अत: अर्थ की महत्ता न्यायपूर्वक अर्जन और नीतिपूर्वक उपभोग में ही देखी जा सकती है। अन्यथा यह अभावात्मक मूल्य में परिणत होकर जीवनोद्देश्य के बाधक तत्त्व बन जाते हैं। **'पुरुषस्य अर्थ: पुरुषार्थ:'** अर्थात् पुरुष का प्रयोजन या लक्ष्य ही उसका अर्थ है, तथा उसका परम अर्थ मोक्ष कहलाता है।

वस्तुत: मनुष्य की आर्थिक और भौतिक वाञ्छायें सभी अर्थ-पोषित हैं, इसलिए आचार, व्यवहार एवं सदाचार को अंगीकृत करते हुए अर्थ को धर्म और काम का आधार मानकर मनुष्य को धनोपार्जन की प्रवृत्ति को जाग्रत कर मन की सहज आकांक्षाओं और वृत्तियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए पुरुषार्थपूर्वक अर्थ का उपार्जन करना चाहिए तथा त्यागपूर्वक मोक्ष-मार्ग को निर्द्वन्द्व बनाते हुए मनोवांञ्छित पदार्थों को प्राप्त कर तथा परिकल्पित क्षितिजों को छूकर अर्थ रूपी जीवन-यात्रा का रथी बनकर इन्द्रिय आदि विषयों को शमन करते हुए जीवन को नई दिशा और संज्ञा प्रदान कर मुमुक्षु बनकर अमरत्व प्राप्ति ही चरम लक्ष्य अभिप्रेत है।

---

५९. छान्दोग्योपनिषद्- ४/२/१-२

६०. कठोपनिषद् - ११/१/१५-१६ एवं केनोपनिषद् - ४/१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१८७-१९०) ISSN 0974 – 8830

वैदिक जीवन में आशावाद की अवधारणा

डॉ. हरिराम मिश्र[१]

डॉ. दिव्या मिश्रा[२]

वेद विश्व के सर्वाधिक प्राचीन ग्रंथ तथा भारतीय संस्कृति के प्राण हैं। साक्षात्कृतधर्मा ऋषियों ने ऋतंभरा प्रज्ञा द्वारा अपने अन्त:करण में जिस ज्ञान का साक्षात्कार किया था, उसी की शब्दात्मक अभिव्यक्ति वेद है। वेद ही आर्यों के धर्म एवं अध्यात्म की आधारशिला है। **'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्'** यह मनुवचन प्रसिद्ध ही है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति के अध्ययन में वेदों का स्थान सर्वप्रथम है। आर्यों के जीवन सम्बन्धी आदर्श आचार-विचार तथा धर्म-कर्म को अवगत करने के लिए वेदों का अध्ययन अति आवश्यक है। ऋषियों के वचनों से यह पूर्णत: प्रमाणित है कि आर्यों का जीवन बहुत उन्नत था। उनकी सोच नकारात्मक बिल्कुल नहीं थी। भावनाओं तथा परम्पराओं की स्थापना को अपना परम कर्त्तव्य मानते हुए आगे बढ़ते जाना ही उनका धर्म था। जीवन के संदर्भ में आर्य जाति की धारणा बहुत ही परिष्कृत और अभ्युदयात्मक कर्ममय थी – **'कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहित:'**।[३] इसका अभिप्राय है कि कर्म किए जाना है, कर्मफल के रूप में हमें विजय अवश्य प्राप्त होगी।

आर्यो ने कर्म-विमुख होकर बड़े लाभ की कल्पना करते हुए बैठे रहना पसन्द नहीं किया। वे कर्म करते हुए ही मुक्ति की ज्योति प्राप्त करने में विश्वास रखते थे न कि पलायनवृत्ति में। ऐतरेय ब्राह्मण के 'चरैवेति' सूक्त में कहा गया है कि मनुष्य को सदैव श्रम करते रहना चाहिए –

'उपास्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठत:।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भग:'।।[४]

उत्साह सम्पन्न आर्य वर्तमान पर ही अधिक बल देते थे वे किसी भी कार्य को कल पर नहीं छोड़ना चाहते थे-

'न श्व: श्वमुपासीत। को हि मनुष्यस्य श्वो वेद'।[५]

इसी प्रकार –

'अद्धा हि तद् यद् भूतम् ....अनद्धा हि तद् यद् भविष्यद्'।[६]

---

१. सहायक आचार्य, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली-११००६७

२. पोस्ट डॉक्टोरल फैलो (यूजीसी), विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-११००६७

३ अथर्ववेद ७/५२/८

४ ऐतरेय ब्राह्मण ७/१५

५ शतपथ ब्राह्मण २/१/३/९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो आज है, वह निश्चित है और जो कल होगा वह अनिश्चित है[७] ऐसा आर्य मानते थे।

त्रिविध दु:ख मानव जीवन में अनिवार्यत: आते ही हैं, यह उन्हें ज्ञात था, किन्तु उनसे कातर होकर पलायनवृत्ति की शरण में जाना उन्हें नहीं पसंद था। ऋग्वेद[८] यजुर्वेद[९] तथा अथर्ववेद[१०] में अनेक ऐसे मन्त्र आये हैं, जिनसे आर्यों के पुरुषार्थ का रूप स्पष्ट होता है।

आर्य पूर्ण आशा और उत्साहपूर्ण आनन्द से भरे हुए जीवन को अत्यन्त उन्नतिमूलक मानते थे। वे जानते थे कि समाज निर्माण के लिए तथा जीवन के विकास के लिए उत्साह एवं उल्लास की कितनी आवश्यकता होती है। ऋग्वेद के ऋषि की कामना है, हम सदैव प्रसन्न रहते हुए उदीयमान सूर्य को देखें-

'विश्वदानीं सुमनस: स्याम पश्येम नु सूर्यमुचरन्तम्'।।[११]

इसी प्रकार से सदा आनन्द, प्रमोद और प्रसन्नता की मन:स्थिति में रहना चाहते हैं-

'यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुद: प्रमुद आसते तत्र माममृतं कृधि।'[१२]

तैत्तरीयोपनिषद् में आनन्द को ब्रह्म कहा गया है -

'आनन्दो ब्रह्मोति व्यजानात्। आनन्दाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रत्यभिसंविशन्तीति'।।[१३]

अर्थात् आनन्द से ही सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, आनन्द के द्वारा ही जीवित रहते हैं और प्रयाण करते समय आनन्द में ही समा जाते हैं।

जीवन को सफल बनाने और आशापूर्ण बनाने में मन का योग महत्त्व रखता है, अत: मन की शुद्धता पर ऋषियों ने पर्याप्त ध्यान दिया है। वे जानते थे कि शिवसंकल्पयुक्त मन में बड़ी शक्ति होती है-

'तन्मे मन: शिवसंकल्पमस्तु।[१४]
भद्रं नो अपि वातय मन:।[१५]
विश्वाहा वयं सुमनस्यमाना:।[१६]
कृधी न ऊर्ध्वाञ्चरथाय जीवसे'।[१७]

---

६ शतपथ ब्राह्मण २/३/१/२६
७ शतपथ ब्राह्मण २/३/१/२८
८ ऋग्वेद १०/१५५/१, ४/५७, ५/४५/६, १०/१०८/१
९ यजुर्वेद ३४/३६
१० अथर्ववेद ३/१५/१६
११ ऋग्वेद ६/१२/५
१२ ऋग्वेद ९/११३/११
१३ तैत्तरीयोपनिषद, अनुवाक् ६ मंत्र १
१४ यजुर्वेद ३४/१
१५ ऋग्वेद १०/२०/१
१६ ऋग्वेद ३/७५/१८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् मेरा मन कल्याणपूर्ण संकल्पों वाला हो, हमारा मन भद्र मार्ग का ही अनुसरण करे। सदा अपने को प्रसन्न रखें। जीवन यात्रा में हमें समुन्नत करें। सम्पूर्ण दिशाओं से हमें कल्याण प्राप्त हों। ऋषियों की ऐसी प्रार्थनाओं से आशावादिता के प्रकट होने के साथ-साथ यह भी स्पष्ट होता है कि कामनाएँ शुभ होनी चाहिए, मन सैदव कल्याण-युक्त होना चाहिए और हमारी जो इच्छाएँ हैं, वह भी ऐसी होनी चाहिए, जिनकी पूर्ति के लिए हम उच्छ्वसित हृदय से प्रार्थना कर सकते हों।

आर्य जाति जीवन के सम्बन्ध में सदा जागरूक रही है उनके अनुसार कर्म की शक्ति अजेय होती है। 'ईश्वरीय सहारा उसे ही मिलता है जो उद्योगशील होता है'[१८] तथा 'जो श्रम नहीं करता देवता उसके मित्र नहीं हो सकते'।[१९] वैदिक ऋषि सदैव उत्तम मार्ग से जाने की कामना करते हैं -

'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय'।[२०]

मुझे असत् से सत् की ओर, तमस् से ज्योति की ओर और मृत्यु से अमृतत्व की ओर पहुँचा दो। आर्यों का उत्साह उन्हें सदा उद्यत बनाये रखता था।

आर्य प्रार्थना करते हैं - हे देव आपने हमारी आयु सौ वर्ष तक ही दी है, उसमें भी बुढ़ापा दिया है आज जो पुत्र हैं वही आगे चलकर पिता बनने वाले हैं अत: (ऐसी दया करो कि) हमारी आयु बीच में ही न समाप्त हो जाये -

शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।
पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गन्तोः॥[२१]

आर्य सौ वर्ष की आयु से भी ज्यादा जीना चाहते थे वह अपने पुत्रों को पिता बनते हुए देखना चाहते थे। ऋग्वेद में 'आ नो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वत:'[२२] से आरम्भ करके 'अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्'[२३] तक १० सूक्त ऐसे हैं जो जीवन के प्रति आशा और उत्साह से परिपूर्ण हैं।

अथर्ववेद में भी अन्य वेदों की भाँति स्वस्थ सुखी व दीर्घ जीवन की कामना यत्र-तत्र प्राप्त होती है। नीरोग जीवन एवं शतायु की प्रार्थनाओं से वेद भरे हुए हैं जिनमें यह कहा गया है कि 'हे सूर्य! हम सौ वर्षों तक देखते रहें। हम सौ वर्षों तक जीवित रहें। सौ वर्षों तक बुद्धि से सम्पन्न रहें सौ वर्ष तक निरन्तर वृद्धि को प्राप्त हों। तथा पुत्रादि से युक्त सौ वर्षों से भी अधिक जीवित रहें -

पश्येम शरदः शतम्। जीवेम शरदः शतम्। बुध्येम शरदः शतम्। रोहेम शरदः शतम्।

---

१७ ऋग्वेद १/३६/१४
१८ ऐतरेय ब्राह्मण ७/१५
१९ ऋग्वेद ४/३३/११
२० बृहदारण्यकोपनिषद् १/३/२८
२१ ऋग्वेद १/८९/९
२२ ऋग्वेद १/८९/१
२३ ऋग्वेद १/८९/१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूषेम शरदः शतम्। भवेम शरदः शतम्। भूषेम शरदः शतम्। भूयसीः शरदः शतात्।।[२४]

आशा एवं उत्साह से पूर्ण आर्यो ने अधिक से अधिक दिनों तक कर्म करने के लिए सौ साल से भी अधिक लम्बी उम्र एवं स्वस्थ शरीर की कामना बार-बार की है –

'अश्मा भवतु नस्तनूः।।[२५]

इस प्रकार आशावाद का जैसा प्रशस्त एवं उत्कृष्ट रूप हम वैदिक वाङ्मय में देखते हैं वैसा अन्यत्र सुलभ नहीं है। शोक, कष्ट, मृत्यु आदि से भरे हुए जगत् में हम रह रहे हैं मानव को जो इन विभीषिकाओं से मुक्त हो जाने का आश्वासन दे सके कि तुम शोक, कष्ट, मृत्यु के भय से मुक्त रह कर अमृतत्व का लाभ करो इससे बड़ा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण क्या होगा? वैदिक ऋषियों ने ऐसा आश्वासन दिया है और मानव के लिए अमृतत्व सुलभ कर दिया है। आशापूर्ण, विश्वासपूर्ण, जीवन ही उन्नतिशीलता का गुण धारण कर सकता है। जीवन में कहीं भी निराशा की काली छाया न पड़ने पाये इस पर वैदिक ऋषियों ने गंभीरता से विचार किया था। यही कारण है कि 'पूर्णता'[२६] को पूर्णरूपेण जीवन में प्रतिष्ठित करने का उत्साह ऋषि देते हैं और ऋषियों की यह उपलब्धियाँ आज भी हमारी निधि हैं।

आज संसार में स्वार्थपरायणता और उपभोक्तावाद फैल रहे हैं। लोग ऋण लेकर भी सुविधाएँ जुटाने में लगे रहते हैं और ऋण चुकाने के अपने सामर्थ्य को भी नजरअन्दाज कर देते हैं। फलस्वरूप विसंगतियों में फँसने पर पूरी तरह निराशा के अन्धकार में डूब जाते हैं। मानव असफल होने पर निराश होता है जो कि हृदय की क्षुद्र दुर्बलता का लक्षण है, क्योंकि उसके पास उससे उबरने का कोई सम्बल नहीं रहता वैदिक ऋषि का मानना है असफलता सफलता के विरुद्ध नहीं है। वह केवल विलम्ब की सूचना देती है। असफलता से निराश होकर बैठने की अपेक्षा मनुष्य को अधिक शक्ति से काम में लगना चाहिए। अन्य मार्गों की खोज करनी चाहिए। वैदिक ऋषियों की यह आस्थायुक्त धारणा है कि प्रयत्नशील मानव को जीवन में आने वाले असफलताएँ सीढ़ियों का रूप लेकर सफलता का सोपान बनाती है। जिसके द्वारा वह अपने प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता जाता है।

इस प्रकार भारतीय संस्कृति में अनेक ऐसे तत्त्व विद्यमान हैं जिनका अनुसरण करके हम अपने वर्तमान और भविष्य दोनों को सुन्दर बना सकते हैं।

---

२४ अथर्ववेद १९/६७/१-८

२५ यजुर्वेद २९/४९

२६ ईशोपनिषद् मं. २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१९१-१९५) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक जीवनशैली - तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु

डॉ० अमित कुमार चौहान[१]

संसार के स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, कीट-पतंग, पेड़-पौधे तथा जड़ मानी जाने वाली आत्मा विहीन प्रकृति का पारस्परिक अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। एक के प्रभावित होने पर अन्य सभी पर कम या अधिक, सीधा या परोक्ष रूप में प्रभाव पड़ना अनिवार्य है। अतः इन सबका समुचित समन्वय बना रहना आवश्यक है। यह समन्वय मानव के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है[२] क्योंकि मानव ही समस्त जीवधारियों में ऐसा प्राणी है, जो स्वबुद्धि विवेक से युक्त है। इसी कारण महर्षि व्यास इसे सम्पूर्ण सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ कहते हैं।

न हि मानुषाच्छ्रेष्ठतरं हि किंचित्।[३]

मानव की सफलता का अध्ययन करते हुए हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अपने शोध में कहा कि मानव की सफलता में उसके दृष्टिकोण का ८५ प्रतिशत योगदान होता है। उसका विषयगत ज्ञान और आकर्षण मात्र १५ प्रतिशत।[४] इस प्रकार सृष्टि में मानव की सर्वश्रेष्ठता और उसका दृष्टिकोण विश्व की शान्ति, सौहार्द्र व उन्नति में विशेष महत्त्व रखता है। मानव का यही दृष्टिकोण सृष्टि का विकास और पतन निर्धारित करता है। मानव की स्वयं की उन्नति-अवनति इसी दृष्टिकोण के कारण होती है। यह दृष्टिकोण नजरिया (चिन्तन=विचारसरणि), अच्छा-बुरा, सकारात्मक-नकारात्मक, रचनात्मक-ध्वंसात्मक, विधेयात्मक-निषेधात्मक, भद्र-अभद्र और इदेगून-]ुन के रूप में जाना जाता है। मानवीय जीवन में दृष्टिकोण की सकारात्मकता के फलस्वरूप आशा, निर्भयता, उत्साह, उमंग, समाधान, विश्वास, श्रद्धा, आस्था आदि का उदय होता है और नकारात्मकता में इसके विपरीत मनोभाव उत्पन्न होते हैं। प्रत्येक मनोभाव का जन्मस्थान 'मन' है। इस विषय में स्वेट मार्डन लिखते हैं कि शरीर का प्रत्येक अंग, विचार संकल्पों तथा अनुभूति का आज्ञाकारी है। विचार तथा संकल्पानुसार आपकी मुखाकृति बन जाएगी। संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो इस अवश्यम्भावी और कठोर व्यवहार को रोक सके। मन का प्रभाव शरीर पर होना एक अटल नियम है। जैसे निराशा के आते ही शरीर का शिथिल हो जाना और मन के विषाक्त होते ही मस्तिष्क का दूषित हो जाना।[५] इस सम्बन्ध में शतपथ ब्राह्मणकार का कहना है कि **यन्मनसा ध्यायति तद्वाचा वदति, यद्वाचा वदति तत्कर्मणा करोति, यत्कर्मणा करोति तद् अभिसम्पद्यते।**[६] अर्थात् मनुष्य जो मन में सोचता है वही वाणी से कहता है, जो वाणी से कहता है वही कर्म से करता है और जो कर्म से करता है उसी का फल

---

१. प्रवक्ता - संस्कृत विभाग, गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर, हरिद्वार
२. पावमानी, त्रैमासिक शोधपत्रिका, जनवरी-जून २००६, सम्पादक - डॉ० सोमदेव शतांशु
३. महाभारत, शांति पर्व ८०/१२
४. जीत आपकी, शिव खेड़ा, पृष्ठ १८-१९
५. चिन्तामुक्त कैसे हों, स्वेट मार्डन, पृष्ठ ९८, १०८
६. १/४/३/७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्त करता है।

इन शब्दों से एक मनोवैज्ञानिक क्रम का पता चलता है। मानसिक चिन्तन पर वाचिक कर्म आधारित है और वाचिक कर्मों पर शारीरिक कर्म और कर्मों पर फल आधारित है। यदि मनुष्य का चिन्तन भद्र है तो वचन और कर्म भी भद्र होंगे और उनका फल भी भद्र होगा। यदि उनका चिन्तन अभद्र है तो उनके वचन, कर्म और फल अभद्र ही होंगे। इस शृंखला से पता चलता है कि फल, कर्म, वचन और मनन में प्रमुख स्थान मनन का है। मनन का सम्बन्ध मन से है।[७] अत: मन का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। ग्यारह इन्द्रियों[८] में गणना करते हुए महर्षि कपिल ने मन को इन्द्रियों का स्वामी बताया है-**द्वयो: प्रधानं मनो लोकवद् भृत्यवर्गेषु।**[९] अर्थात् दोनों प्रकार की इन्द्रियों में मन प्रधान है जैसे लोक में नौकर आदि होते हैं वैसे ही कर्मेन्द्रियाँ और ज्ञानेन्द्रियाँ, मन के सहयोग के बिना कार्य में प्रवृत्त नहीं हो सकती।

यह मन इतना अधिक महत्त्वपूर्ण है कि यदि आत्मा से इसका संयोग न हो तो आत्मा जिन भोगों का भोग करके सुख प्राप्त करती है वह न हो सके।[१०] ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है- मन में सारी कामनाएँ, सारी इच्छाएँ, सारे सुख हैं, क्योंकि मन से सारी कामनाओं को, सारे सुखों को आत्मा अनुभव करता है।[११] इच्छा, संकल्प, संशय, आस्तिकता, अविश्वास, धैर्य, अस्थिरता, लज्ञा, बुद्धि, भय से सभी मन के द्वारा किए जाते हैं।[१२] इन सभी कार्यों को मन, संकल्प और विकल्प प्रक्रिया द्वारा सम्पन्न करता है। **संकल्पविकल्पात्मकं मन:** इतना महत्त्वपूर्ण और शक्तिशाली, इन्द्रियों का स्वामी 'मन' वस्तुत: जड़ है और चेतन जीवात्मा द्वारा इसका उपयोग अपने भोगों का अनुभव करने के लिए किया जाता है। इस तथ्य को यमाचार्य ने नचिकेता को उपदेश देते हुए कहा[१३]

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं मन: प्रग्रहमेव चा।।

अर्थात् आत्मा को सवार जान, शरीर को रथ, बुद्धि को सारथि और मन को लगाम जान। इसी प्रकार महर्षि चरक ने मन की चेतना का स्रोत आत्मा को ही बताया है और कहा है कि जड़ मन कार्य करने की शक्ति आत्मा से प्राप्त करता है, चेतन होने से आत्मा कर्त्ता कहा जाता है और अचेतन होने से कार्य करने पर भी 'मन' कर्त्ता नहीं कहलाता।[१४] ऐतरेय ब्राह्मण में भी यही भाव प्रकट किया गया है।[१५]

---

७. वेद सन्देश (प्रथम भाग), प्रो० रामविचार, पृष्ठ २५५, प्रश्नोपनिषद् ४/५
८. कर्मेन्द्रियबुद्धीन्द्रियैरान्तरमेकादशकम् - सांख्य - २/१९
९. सांख्य - २/४०
१०. कठोपनिषद् - ३/४
११. मनसि वै सर्वे कामा: श्रिता मनसा हि सर्वान् कामान् ध्यायति - १/३/२
१२. काम: संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृति र्ही र्धी भी रित्येतत्सर्वं मन एव वृहदारण्यकोपनिषद् - १/५/३
१३. कठोपनिषद् - ३/३, कठोपनिषद् के इस प्रकरण की अन्य कारिकाएँ भी आत्मा को मन का स्वामी बताती हैं।
१४. चरक संहिता, शरीर स्थान, १-८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकल्प, आत्मा से प्राप्त सन्देशों को क्रियान्वित कराने का निश्चय करना है। संकल्प=सम्+कल्प, सम=सम्यक्, अच्छी प्रकार, यथावत् और कल्प=निर्णय, निर्माण, प्रेरणा अर्थात् आत्मा से प्राप्त आदेश को क्रियान्वित कराने के लिए अडिग निर्णय लेकर इन्द्रियों को प्रेरणा करना - यही संकल्प है और यही मन का स्वाभाविक कार्य अथवा धर्म है।

महर्षि मनु का कहना है-

संकल्पमूलः कामो वै यज्ञाः संकल्पसम्भवाः।

व्रता नियमधर्माश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः।।[१६]

काम, यज्ञ, व्रत, नियम, धर्म सब संकल्पजन्य हैं, संकल्प से ही सबकी पूर्ति होती है।

इसी संकल्प-विकल्प की शक्ति से ओत-प्रोत यह मन ज्योतियों की ज्योति है[१७], विज्ञानों का विज्ञान और प्रकाशों का प्रकाश है। कोई विषय और कोई साधना ऐसी नहीं जिसमें मन प्रवेश न कर सकता हो। मन जितना निर्मल होगा, उतना ही वह ज्योतियों का द्योतन, दीप्तियों का दीपन, ज्ञानों का प्रकाशन और विज्ञानों का आविष्करण करता है।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः[१८]

मनुष्यों का मन ही बन्ध और मोक्ष का कारण है। निर्मल मन उन ज्योतियों का प्रकाशन करता है जो जीवन पथ के अन्धकारों में अपनी ज्योत्स्ना बिखेरती हुई साधनासोपान पर चढ़ाकर मनुष्य को मोक्ष के सानु पर जा बिठाती है। मन जितना निर्मल होता है उसके संकल्प उतने ही शिव होते हैं। सत्य, संयम, दृढ़ता, पवित्रता और अमृत के संयोग का नाम शिव है।[१९] लोक में शिव के लिए श्रद्धा शब्द का प्रयोग होता है। 'श्रत्' का अर्थ है सत्य, संयम, दृढ़ता, पवित्रता और अमृत। 'धा' का अर्थ है संकल्प। जिनका मन श्रद्धा से युक्त अथवा शिव संकल्पों से सुयुक्त होता है वे ही अपःशील (जल के समान कर्मों को निरन्तर प्रवाहमय रखने वाले) मनीषी और धीर बन पाते हैं।[२०] मन के शिवीकरण से दिव्य मन की दिव्यता प्रखरता के साथ प्रकाशित होती है। शिव संकल्प युक्त मन धृतिमय होता है। ध्रुव धैर्य का है जो विकट से विकट आपत्तियों में भी मुस्कराता है, समुस्कान युद्ध व संघर्ष करता हुआ विजयश्री प्राप्त करता है। शिवसंकल्प पति है और धृति उसकी पत्नी। शिवसंकल्प से युक्त मन तीनों कालों का ग्रहीता है, तीनों कालों का संग्राहक है। ऐसा मन भूत की भरपाई कर लेता है, वर्तमान की सुसाधना करके भविष्य का सुनिर्माण कर लेता है। अर्थात् अतीत के गौरव और वैभव को वर्तमान में प्रतिष्ठित करके भविष्य को

---

१५. १/३/२

१६. मनुस्मृति - १/२२

१७. ज्योतिषां ज्योतिरेकं - यजुर्वेद - ३४/१

१८. मैत्रायणी उपनिषद् - ४/११

१९. 'शिव' शब्द का अर्थ महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में इस प्रकार किया है- शिवु कल्याणे जो कल्याण स्वरूप और कल्याण का करने हारा है।

२०. येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विद् थेषु धीराः - यजुर्वेद - ३४/२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समुज्ज्वल कर देता है। इस प्रकार निर्मल मन के शिवसंकल्प दूरगामी, अनन्त असीम को व्यापक कर शोधने और बोध कराने वाले होते हैं।[२१]

जिनका मन अशिव संकल्पों से युक्त होता है वे क्रोधी, उत्तेजित, अविवेकी, अधीर होते हैं। वे यज्ञ (परोपकार) के स्थान में अनर्थ और विदथ (अविद्या अत्याचार से रक्षा) के स्थान पर अत्याचार करते हैं,[२२] क्योंकि अशिव संकल्प मन को विष बना देते हैं। जो स्वर्ग को नरक में परिणत कर देते हैं। ये मन के अशिव संकल्प ही हैं जो व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व में विष का आप्लावन कर देते हैं। अशिव संकल्प वाले मन की पंच ज्ञानेन्द्रियाँ अपावन व अशुद्ध रहती हैं, जिसकी दुर्गन्ध विश्व में व्यापती है और विश्व में दु:ख और क्लेश की अभिवृद्धि करती है।[२३]

प्रेरणात्मक पुस्तकों के अग्रणी लेखक स्वेट मार्डन लिखते हैं कि बुरी भावनाएँ, दूषित विचार मनुष्य की प्रसन्नता औा कार्य कुशलता के शत्रु हैं। निगेटिव अथवा निषेधात्मक विचार और दुर्भाग्यपूर्ण मनोवृत्ति से हमारा मन और चरित्र दुर्बल होता है और स्वास्थ्य नष्ट होता है। हम जिन कार्यों को करना चाहते हैं जिनमें सफल होना चाहते हैं, ऐसे विचार उन कार्यों को बिगाड़ देते हैं। वे हमारे किये-कराये पर पानी फेर देते हैं। मन में निरन्तर निराशा के विचार या अनुत्साह के आने से व्यक्ति की आकांक्षाएँ ही नहीं कुचली जाती, वरन् कार्य शक्ति भी मन्द पड़ती है, आदर्श स्पष्ट नहीं रहते, वे धुंधले पड़ने लगते हैं और मानसिक शक्ति भी प्राय: नष्ट हो जाती है।[२४] एक अन्य लेखक शिव खेड़ा ने बिक्री के कीर्तिमान स्थापित करने वाली पुस्तक **जीत आपकी** में लिखा है- इतना मजबूत बनें कि कोई भी भीड़ आपके मन की शान्ति को भंग न कर सके। जिस किसी से भी मिलें, अच्छी सेहत, खुशी और तरक्की की ही बात करें। सभी दोस्तों को यह अहसास कराएँ कि उनमें भी खूबियाँ हैं। हर चीज के अच्छे पहलू को ही देखें। केवल उत्तम के बारे में सोचें, 'उत्तम' के लिए ही काम करें और 'उत्तम' की ही आशा करें। जितने कि आप अपनी उन्नति के लिए होते हैं दूसरों की सफलता के लिए भी उतने ही उत्साहित बनें। पुरानी त्रुटियों को भूलकर आने वाली उपलब्धियों की ओर बढ़ें, सबसे मुस्कराकर मिलें। अपने को उत्तरोत्तर अच्छा बनाने के लिए इतना अधिक समय दें कि आपके पास दूसरों की निन्दा करने का समय ही न शेष रहे। इतने महान् बनें कि चिन्ता न सताए और इतने उदार कि क्रोध न आए।[२५]

आधुनिक प्रेरणात्मक साहित्य में वर्णित सकारात्मक चिन्तन और कार्यों को प्रचारित करके मनुष्य, समाज, राष्ट्र व ब्रह्माण्ड की उन्नति व शान्ति की मौलिक अवधारणा प्राचीन वैदिक साहित्य के शिवसंकल्प सिद्धान्त का अक्षरश: समर्थन करती है। इससे स्पष्ट होता है कि मानव को जीवन में उन्नति कर सुख, शान्ति, आनन्द की प्राप्ति के लिए सकारात्मक जीवन शैली को अपनाना ही पड़ेगा और यह वेद

---

२१. शिवसंकल्प - स्वामी विद्यानन्द विदेह, पृष्ठ ७, ९, १३, १५

२२. तुलना करें - जीत आपकी, शिव खेड़ा में सकारात्मक और नकारात्मक नजरिये के नतीजे, पृष्ठ २६-२७

२३. तदेव, पृष्ठ २२

२४. चिन्ता मुक्त कैसे हों ? - स्वेट मार्डन, पृष्ठ १०८, १०९

२५. पृष्ठ ३३-३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के **तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु**[२६] को आत्मसात् किए बिना असम्भव है अर्थात् मन को शिवसंकल्पों वाला बनाना ही जीवन है।[२७] इसके उपायों का सागर वेद उसका पढ़ना-पढ़ाना, सुनना-सुनाना और आचरण करना ही है।

नान्यः पन्थः विद्यतेऽयनाय[२८]

इससे भिन्न मार्ग मोक्ष (मुक्ति=सुख-शान्ति) के लिए नहीं है।

२६. यजुर्वेद – ३४/१ से ६

२७. विशेष द्रष्टव्य –तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु का वैज्ञानिक विवेचन, डॉ० सत्यदेव आर्य, वैदिक मनोविज्ञान – प्रियरत्न आर्ष

२८. यजुर्वेद – ३१/१८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०१९६-१९९) ISSN 0974 – 8830

सकारात्मक दृष्टिकोण के आलोक में भारतीय दर्शन में 'अहिंसा' की अवधारणा

डॉ. बबलू वेदालंकार[1]

सभी भारतीय दार्शनिक सम्प्रदाय 'अहिंसा' को एक साधन मूल्य के रूप में स्वीकार करते हैं। मोक्ष साध्य या परम मूल्य है जिसमें मनुष्य के सभी दुःखों का नाश हो जाता है। अहिंसा साधन मूल्य के रूप में मनुष्य के आचरण को नियन्त्रित कर व्यक्ति व समाज की भौतिक व आध्यात्मिक उन्नति में सहायता प्रदान करती है। एक हिंसारहित समाज में ही व्यक्ति का भौतिक व आध्यात्मिक विकास सम्भव है। हिंसा से मनुष्य व समाज का विनाश होता है। अहिंसा के द्वारा ही वर्तमान युग को विनाश से बचाकर विनाशकारी परमाणु ऊर्जा को विद्युतादि के निर्माण द्वारा मानव कल्याण के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।

'हिंसा' शब्द से नञ् समास करने पर अहिंसा शब्द की निष्पत्ति होती है, जिसका अर्थ हुआ हिंसा का अभाव या हिंसा से भिन्नता।[2] हिंसा शब्द 'हिसि' धातु से **'इदितो नुम् धातोः'**[3] इस सूत्र से 'नुम्' प्रत्यय करने पर तथा **'अजाद्यतष्टाप्'**[4] इस सूत्र से टाप् प्रत्यय करने पर हिंसा शब्द निष्पन्न होता है। इससे 'हिंसा' शब्द का सामान्य अर्थ हुआ किसी भी प्राणी के प्राणों को हानि पहुंचाना या शरीर से अलग कर देना अर्थात् हत्या कर देना। इस प्रकार 'अहिंसा' का शाब्दिक अर्थ हुआ किसी भी प्राणी या जीव को हानि न पहुंचाना। यहाँ पर यह भी ध्यातव्य है कि नञ् समास के दो भेद हैं- प्रसज्य प्रतिषेध[5] तथा पर्युदास प्रतिषेध।[6] अहिंसा में पर्युदास नञ् समास माना गया है, क्योंकि हिंसा के पूर्व में संयुक्त होकर नञ् का अर्थ गौण हो गया है, जिसका अभिप्राय यह है कि अहिंसा में हिंसा की सर्वथा असत्ता नहीं होती, अपितु हिंसा तो होती है, किन्तु उसे वास्तविक हिंसा नहीं माना जाता। पर्युदास समास का यही भावार्थ है कि जहाँ विधि का प्राधान्य हो तथा प्रतिषेध का अप्राधान्य हो।[7] इस प्रकार सरल शब्दों में कहें तो विधि के अनुसार हिंसा, हिंसा नहीं होती। वह हिंसा, हिंसा को समाप्त करने के लिए ही की जाती है। ऐसी हिंसा, अहिंसा ही है।

सभी भारतीय दर्शन अहिंसा को नैतिक मूल्य के रूप में स्वीकार करते हैं। चार्वाक दर्शन अन्य भारतीय दार्शनिक सिद्धान्तों से भिन्नता रखते हुए भी अहिंसा को समान रूप से स्वीकार करता है। इन्होंने

---

१. दर्शनशास्त्र विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
२. डॉ. सुरेन्द्र कुमार, भारतीय दर्शनों में अहिंसा तत्त्व, पृ० ८, प्रथम संस्करण १९९९, वी.के. तनेजा, दिल्ली।
३. अष्टाध्यायी, ७-१-५८
४. अष्टाध्यायी, ४-१-४
५. अप्रधान्य विधर्यत्र......सह यत्र नञ्। - ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य, सत्यानन्दी टीका
६. प्रधान्यं हि विधेर्यत्र पदेन नञ्। - ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य, सत्यानन्दी टीका
७. डा. सुरेन्द्र कुमार, भारतीय दर्शन में अहिंसा, पृ५, प्रथम संस्करण १९९९,संस्करण, वी.के. तनेजा, दिल्ली।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यज्ञादि कर्मकाण्ड, स्वर्ग-नरक आदि की प्राप्ति के लिए अर्थात् किसी भी प्रकार की हिंसा का खण्डन किया है।[८] बौद्ध दर्शन में भी अहिंसा को प्रथम स्थान पर रख कर इसकी महत्ता को स्वीकार किया गया है।[९] जैनदर्शन में अहिंसा के ऊपर अत्यधिक बल दिया गया है।[१०] इन्होंने भी अहिंसा को पंचमहाव्रतों में प्रथम स्थान पर रखा है। कुछ जैन विद्वानों ने अहिंसा की अत्यधिक महत्ता को स्वीकार करते हुए परम धर्म तक कहा है। जहाँ जैन अहिंसा को अतिवादी दृष्टिकोण से देखते हैं, वहीं मनुस्मृतिकार इसे लचीला बना देता है।

न्यायदर्शनकार गौतम ने तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के लिए यमनियम आदि के पालन करने को स्वीकार किया है।[११] पांच यमों में अहिंसा प्रथम यम है। प्रशस्तपाद भाष्य में व्यक्ति के सामान्य धर्मों में अहिंसा को स्वीकार किया गया है।[१२] महर्षि पतञ्जलि ने तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के लिए अष्टांग मार्ग का विधान किया है।[१३] यम में प्रथम तत्त्व अहिंसा है।[१४] जब योगी का अहिंसा भाव पूर्णत: दृढ़ हो जाता है, तब उसके निकट आने पर हिंसक जीव भी वैरभाव से रहित हो जाते हैं अर्थात् हिंसा छोड़ देते हैं।[१५]

महात्मा गांधी ने जीवन के सभी क्षेत्रों में अहिंसा का सफल प्रयोग किया है। राजनीति के क्षेत्र में अहिंसा का प्रयोग करके अनेकों आन्दोलनों को सफल बनाया। उनका यह अहिंसात्मक आन्दोलन का प्रयोग सम्पूर्ण विश्व में आदर्श के रूप में स्वीकार्य है। उन्होंने रूढ़िवादी दृष्टिकोण को त्यागकर अहिंसा की परिभाषा व्यावहारिक, तर्कसंगत, सन्तुलित और व्यापकता में करने का प्रयास किया है। वे अहिंसा को नकारात्मक तथा सकारात्मक दो रूपों में स्वीकार करते हुए कहते हैं कि अहिंसा का अर्थ है प्रेम का समुद्र, वैरभाव का सर्वथा त्याग, अहिंसा में धीरुता व भीरुता न हो, डरकर भागना भी न हो। अहिंसा में दृढ़ता, वीरता, निश्छलता होनी चाहिए।[१६] उन्होंने अहिंसा के आवरण में कायरता को अस्वीकार करते हुए कहा है कि खूनी के सामने अहिंसा का प्रयोग करना अपनी जान देना है, लेकिन इसी में अहिंसा की परीक्षा है। दूसरी विशेषता यह है कि जो लाचारी से मर जाता है, वह अहिंसा की परीक्षा में पास नहीं होता। जो मरते हुए भी खूनी पर क्रोध नहीं करता और उसके लिए मन में ईश्वर से क्षमा मांगता है वही अहिंसक

---

८. पशुश्चेन्निहत: स्वर्ग ज्योतिष्टोमे गमिष्यति। स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्न हिंस्यते ?।। माधवाचार्य, सर्वदर्शन संग्रह, चार्वाक प्रकरण, श्लोक-१२ मृतानामपि जन्तूनां श्राद्धं चेत्तृपिकारणम्। निर्वाणस्य प्रदीपस्य स्नेहः संवर्धयेच्छिखाम्।। माध्वाचार्य, सर्वदर्शन संग्रह, चार्वाक प्रकरण, श्लोक-१५

९. आचार्य बलदेव उपाध्याय, बौद्धदर्शन मीमांसा, पृ०५८, तृतीय संस्करण १९७८ चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी

१०. हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्योविरतिर्व्रतम्।। तत्त्वार्थसूत्र ७-१

११. हिंसार्थ यमनियमाभ्यामात्संस्कारो योगाच्चध्यात्मविध्युपायैः।। न्यायसूत्र ४-२-४५

१२. तत्र सामाननि धर्मे श्रद्धा, अहिंसा, भूतहित्वम्....... उपवासोऽप्रमादश्च।। डा. श्रीनिवास शास्त्री, पृ०२०३, प्रथम संस्कण

१३. यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि।। योगसूत्र २-२९

१४. अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः।। योगसूत्र २-३०

१५. अहिंसाप्रतिष्ठायाम तत्सन्निधौ वैरत्यागः।। योगसूत्र २-३५

१६. महात्मा गांधी, हिन्दी नवजीवन, २० सितम्बर, १९२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है।[१७] इस प्रकार उन्होंने अहिंसा को पूर्णता में स्वीकार किया है, अर्थात् हिंसा शारीरिक, वाचिक व मानसिक इन तीनों स्तरों पर नहीं होनी चाहिए।

यहाँ यह प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि अहिंसा का पूर्ण पालन किया जाये तो मनुष्य का जीवन यापन करना कठिन हो जायेगा? इस प्रश्न की गम्भीरता को सभी भारतीय दार्शनिकों ने समझा है। महाभारतकार ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए कहा है कि यह संसार ऐसे जन्तुओं से भरा हुआ है, जो आंखों से नहीं देखे जा सकते, बल्कि तर्क द्वारा ही अनुमान से जाने जाते हैं। जब हम अपनी पलकों को चलाते हैं तो उनके अंग टूटकर गिर पड़ते हैं।[१८] जो हिंसा, हिंसा का भाव न रखते हुए तथा अहिंसा का सावधानी पूर्वक पालन करते हुए, व्यक्ति के अपने कर्त्तव्य पालन करते हुए, हो जाती है, वह हिंसा हिंसा की श्रेणी में नहीं आती। इस स्वाभाविक हिंसा को स्वीकार करते हुए भारतीय दर्शन में अहिंसा का कठोर पालन करने वाला जैनदर्शन गृहस्थों के लिए अहिंसा को कुछ हिंसा की छूट देते हुए अणुव्रत का विधान करता है अर्थात् जीवन यापन या समाज हित में होने वाली हिंसा को हिंसा नहीं मानता।

यहाँ पुन: यह प्रश्न उपस्थित होता है कि हम किस अहिंसा को सकारात्मक कहें तथा किसे नकारात्मक? इसके विभाजन का आधार क्या हो? इस प्रश्न का उत्तर वैशेषिक दर्शन का धर्म की व्यापक उपयोगितावादी व सर्वांगीण परिभाषा में मिल जाता है। महर्षि कणाद धर्म की कसौटी देते हुए कहते हैं -

यतोऽभ्युदयनि:श्रेयससिद्धि: स धर्म:।।[१९]

अर्थात् जिससे अभ्युदय या लौकिक सुख और नि:श्रेयस या पारमार्थिक सुख की सिद्धि होती है, वह धर्म अर्थात् धारणा करने योग्य है।[२०] अहिंसा को भी वैशेषिक दर्शनकार ने सामान्य धर्म के अन्तर्गत स्वीकार किया है। इस प्रकार जिससे अभ्युदय व नि:श्रेयस् की प्राप्ति हो वह अहिंसा है। जो चिन्तन या आचरण मनुष्य व समाज के सम्पूर्ण भौतिक व आध्यात्मिक विकास में सहायता प्रदान करे वही चिन्तन या आचरण सकारात्मक है तथा जो उसमें बाधा उत्पन्न करे वह चिन्तन या आचरण नकारात्मक है। इसी प्रकार अहिंसा जब व्यक्ति व समाज के भौतिक व आध्यात्मिक सुख में सहायता प्रदान करे तो वह अहिंसा का चिन्तन व आचरण सकारात्मक है। दूसरे शब्दों में कहें तो जो हिंसा मनुष्य व समाज को कष्ट देती है वह हिंसा है तथा जो सुख प्रदान करे वह अहिंसा है। जैसे- किसी आतंकवादी द्वारा निर्दोष, सज्ञन व्यक्तियों की हत्या करना, किसी व्यक्ति जो समाज के लिए हितकारी कार्य करता है उसकी हत्या करना हिंसा है। इसके विपरीत व्यक्ति समाज की हत्या, सम्पत्ति की हानि करने वाले व्यक्ति की हत्या करना अहिंसा है। यह अहिंसा का एक सकारात्मक चिन्तन है। यदि उस व्यक्ति को कष्ट देकर या उसकी हत्या करके रोका नहीं जाता तो वह अहिंसा का नकारात्मक चिन्तन है। क्योंकि उस अहिंसा के कारण व्यक्ति व समाज दोनों को कष्ट होता है। हिंसक व्यक्ति को कष्ट देकर रोकते समय या उसकी हत्या की अनिवार्यता होने पर उसके

---

१७. महात्मा गांधी, हरिजन सेवक, २८ अप्रैल, १९४६

१८. महाभारत शान्तिपर्व १५, २६

१९. वैशेषिक सूत्र १-१-२

२०. प्रो. संगमलाल पाण्डेय -भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण, पृ१८४, संस्करण १९९९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रति करुणा व प्रेम का भाव होना आवश्यक है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि अहिंसा मनुष्य व समाज के लिए सुखदायक होने के कारण सकारात्मक दार्शनिक साधन मूल्य है। हिंसा मनुष्य व समाज का विनाश करती है। शान्ति व प्रेम युक्त सुखी समाज का निर्माण करने के लिए अहिंसा की महत्ता अक्षुण्ण है। जिससे व्यक्ति भौतिक सुख के साथ-साथ आध्यात्मिक सुख भी प्राप्त कर सकता है। अहिंसा का मानसिक, वाचिक व शारीरिक स्तर पर पालन करना सम्भव नहीं है, जब तक 'संयम' अर्थात् भारतीय दर्शनों, विशेष रूप से महर्षि पतञ्जलि प्रणीत योगदर्शन की साधना पद्धति के द्वारा स्वयं की वासनाओं को यमनियमादि अष्टांग मार्ग के पालन द्वारा नष्ट कर बच्चे की भांति निर्मल अन्त:करण नहीं हो जाता। क्योंकि अहिंसा के लिए प्रेम व करुणा का होना आवश्यक है। ऐसा मानवीय चेतना की सात्त्विक अवस्था में ही सम्भव है। इस अहिंसा के द्वारा ही वर्तमान समय की परमाणु शक्ति का प्रयोग मानव व समाज के विनाश से रोककर, कल्याण के लिए किया जा सकता है। इसलिए अहिंसा की महत्ता परमाणु शक्ति सम्पन्न युग में और अधिक बढ़ गयी है, क्योंकि अहिंसा का पालन न करने पर मनुष्य जाति ही नहीं अपितु सम्पूर्ण पृथ्वी का अस्तित्व भी खतरे में है। अत: वर्तमान परमाणु शक्ति सम्पन्न युग में मनुष्य के अस्तित्व के लिए अहिंसा का पालन करना अपरिहार्य है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०२००-२०३) ISSN 0974 – 8830

अष्टांग योग का सकारात्मक चिन्तन में महत्त्व

ज्योति वर्मा[१]

चिन्तन वह प्रक्रिया है जो सभी प्राणियों में निरन्तर निष्पन्न होती है। यह विचारों के रूप में लगातार मन एवं मस्तिष्क में चलती रहती है। यह एक अव्यक्त मन: प्रक्रिया है। चिन्तन प्रत्येक व्यक्ति को एक दिशा की ओर अग्रसर करता है! सिल्वरमैन के अनुसार 'चिन्तन एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया है जो हम लोगों को उद्दीपक तथा घटनाओं के प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व द्वारा किसी समस्या का समाधान करने में मदद करती है।'[२] कागन तथा हेवमैन के शब्दों में 'प्रतिमाओं प्रतीकों, संप्रत्ययों, नियमों एवं अन्य मध्यस्थ इकाईयों के मानसिक जोड़-तोड़ को चिन्तन कहा जाता है।'[३] चिन्तन के दो पहलू हैं पहला सकारात्मक दूसरा नकारात्मक। सकारात्मक चिन्तन मनुष्य को ऊँचाईयों की ओर ले जाता है जो उसे स्वर्णिम भविष्य प्राप्त करने में सहायता करता है। हमारे दैनन्दिन व्यवहार में हमारे सामने कई परेशानियाँ तथा परिस्थितियाँ आती हैं, जिनसे विजित होना या हार जाना ही व्यक्ति के चिन्तन पर आधारित होता है। सकारात्मक चिन्तन का मुख्य आधार आत्मविश्वास होता है। इसी के द्वारा व्यक्ति अपनी सोच को सकारात्मक सोच में बदल सकता है और प्रत्येक असम्भव कार्य सम्भव बना सकता है। जबकि नकारात्मक चिन्तन व्यक्ति को शारीरिक रूप से विभिन्न व्याधियों व मानसिक रूप से चिन्ता, विषाद की ओर धकेलता है। सकारात्मकता मनुष्य के उज्ज्वल भविष्य व नकारात्मकता मनुष्य के भविष्य को पतन की ओर लगातार जाता रहता है।

प्रकृति में प्रत्येक वस्तु के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही प्रकृति के दो गुण होते हैं। जो कि एक दूसरे के सह अस्तित्व में रहते हैं। बिना नकारात्मक चिन्तन के सकारात्मक चिन्तन महत्त्वहीन होते हैं। मनुष्य के मस्तिष्क में सकारात्मक के साथ-साथ नकारात्मक विचार हमेशा एक साथ चलते रहते हैं। जब मनुष्य में आत्मविश्वास होता है तो उसके विचार व क्रियाकलापों में सकारात्मकता आती है और जैसे ही आत्मविश्वास में तनिक मात्र भी ह्रास होता है तो विचार नकारात्मकता की ओर बढ़ जाते हैं।

दर्शन शब्द 'दृश्' धातु से बना है जिसका अर्थ है- **'दृश्यते इति अनेन दर्शनम्'** अर्थात् 'जिसके द्वारा देखा जाये'। भारत में दर्शन उस विद्या को कहा जाता है जिसके द्वारा तत्त्व का साक्षात्कार हो सके। भारत का दार्शनिक केवल तत्त्व की बौद्धिक व्याख्या से ही सन्तुष्ट नहीं होता है, अपितु वह तत्त्व की

---

१. शोधच्छात्रा- दर्शन विभाग, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२ सिंह अरुण कुमार सिंह आशीष कुमार आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान मोतीलाल बनारसीदास नई दिल्ली सं-२००१ पेज सं-५२०

३ वही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुभूति प्राप्त करना चाहता है।[४]

दर्शनों में सभी प्रकार के चिन्तन निहित हैं, इन दर्शनों का उद्देश्य मनुष्य को यथार्थ लक्ष्य तक पहुंचाना होता है। न्याय दर्शन में ५३८, वैशेषिक दर्शन में ३७०, सांख्य दर्शन में ५२७, मीमांसा दर्शन में २७३१ व वेदान्त दर्शन में ५५५ तथा योगदर्शन में १९५ सूत्र हैं। यद्यपि योगदर्शन में अन्य दर्शनों की अपेक्षा सूत्रों की संख्या कम है तथापि इसका महत्त्व अन्य से कम नहीं है।

योगदर्शनकारानुसार योग, व्यक्ति के व्यक्तित्व में समग्रता एवं पूर्णता लाकर उसे आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर करता है। योगदर्शन के प्रणेता महर्षि पतञ्जलि है। योग दर्शन का लक्ष्य कैवल्य है।

पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति।।[५]

कैवल्य प्राप्ति हेतु सर्वप्रथम महर्षि पतञ्जलि ने मनुष्य को हेय, हेयहेतु, हान व हानोपाय बताया है तथा इसी हानोपाय स्वरूप महर्षि पतञ्जलि ने साधकों की श्रेणीनुसार साधना बताई है। महर्षि पतञ्जलि ने योगदर्शन को चार अध्यायों में विभाजित किया है। सर्वप्रथम योग को अनुशासन[६] बताकर महर्षि ने सकारात्मक दृढ़ निश्चय बताया है।

योगदर्शन का लक्ष्य कैवल्य है। हेय, हेतु, हान व हानोपाय को बताने के पश्चात् महर्षि पतञ्जलि ने इनसे मुक्ति के उपाय स्वरूप अभ्यास वैराग्य,[७] क्रियायोग[८] व अष्टांग योग[९] का मार्ग क्रमशः उत्तम, मध्यम, व अधम श्रेणी के साधकों हेतु बताया है।

लगातार अभ्यास व वैराग्य के द्वारा साधक शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त करता है। जिसे सकारात्मक भावों के लगातार मन में रहने व कार्यकलापों द्वारा कैवल्य प्राप्ति शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त होता है।

क्रियायोग के माध्यम से मध्यम श्रेणी के साधक तप, स्वाध्याय व ईश्वरप्रणिधान का लगातार अभ्यास करते हैं। तप द्वारा साधक अपने शरीर को अधिक बलशाली, सहनशील तथा विचारों को परिष्कृत कर नकारात्मक चिन्तन को दूर करता है। स्वाध्याय के अन्तर्गत सकारात्मक विचारों के द्वारा अपने ज्ञान को आत्मा व परमात्मा के ज्ञान से परिपूर्ण कर लेता है। तथा एक व्यापक दृष्टिकोण को अपनाकर अपने विचारों से ऐसे चिन्तन को विकसित करता है जो मानवमात्र के हित हेतु आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता है।

---

४ सिन्हा प्रो०हरेन्द्र प्रसाद भारतीय दर्शन की रूपरेखा मोतीलाल बनारसीदास नई दिल्ली सं-२००७ पेज सं-१

५ शास्त्री आचार्य उदयवीर, योगदर्शनम् विद्योदयभाष्यम् विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द दिल्ली सं-२००४ ४/३४ पेज सं-२४७

६ वही अथ योगानुशासनम्।।१/१ पेज सं-१

७ व्याख्याकार श्रीवास्तव सुरेशचन्द्र, पातंजलयोगदर्शनम्, चौखम्बा सुभारती प्रकाशन, वाराणसी,२००८, अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः।।१/१२ ,पृ०सं०-५०

८ कर्नाटक डॉ० विमला, पातंजलयोगदर्शनम्, रत्ना पब्लिकेशन्स,वाराणसी, १९९२, तपः स्वाध्यायेष्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः।। २/१ पृ०सं०-५६३

९ कर्नाटक डॉ० विमला, पातंजलयोगदर्शनम्, रत्ना पब्लिकेशन्स, वाराणसी,१९९२, यमनियमासनप्राणायाम-प्रत्याहारधारणाध्यानसमाधियोष्टावङ्गानि।२/२९ पृ०सं०-९५७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्त में ईश्वरप्रणिधान द्वारा स्वयं को ईश्वर के चरणों में समर्पित करता है। तथा निष्काम भाव से कर्मों को कर निराकार ईश्वर को प्राप्त करता है।

अन्ततः अधम कोटि के साधकों के लिए महर्षि पतञ्जलि ने अष्ट सोपानों को वर्णन किया है। यथा-

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधियोगस्याङ्गानि।

महर्षि पतञ्जलि ने यमों की संख्या ५ बताई है।

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः।।[१०]

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह इन पांच यमों के पालन मात्र से साधक ही नहीं अपितु साधारण मानव भी लाभान्वित होता है। आधुनिक युग में व्याप्त अनेक प्रकार के दोष स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं, जैसे- लोभकारिता, वैमनस्यता, अविश्वास, ईर्ष्या आदि। इन पांचों यमों के पालन से साधक व साधारण मनुष्य दोनों ही अपने विचारों को अधिक पुष्ट बना सकते हैं। तथा अपने जीवन मे सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाकर, लुप्तप्रायः ध्येय को प्राप्त कर सकते हैं। अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय के पालन से साधक भटकाव से विपरीत, यथार्थ परिदृश्यता में अपना जीवन व्यतीत करता है तथा नकारात्मक प्रभावों को दूर कर सकारात्मकता से परिपूर्ण वातावरण बनाता है। जिनके लाभस्वरूप उस व्यक्ति के सम्पर्क में आने वाले मनुष्य भी उसी भाव से भर जाते हैं।

तत्पश्चात् अष्टांगयोग के अर्न्तगत नियमों की सख्ंया भी ५ बताई है। यथा-

शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।[११]

नियमों के पालन से साधक के शारीरिक व मानसिक पक्ष पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है जिसके लाभस्वरूप उन इच्छाओं का दमन होता है जिनसे मनुष्य सांसारिकता व वासना के पाश में बंधता जाता है। इन पांचों नियमों के पालन से साधक धीरे-धीरे सभी प्रकारों के कष्टों से दूर हो अपने चिन्तन को प्रभावशाली व दृढ बनाता है।

इसी प्रकार अष्टांग योग के अन्य अंग जैसे आसन,[१२] साधक को शारीरिक रूप से बलशाली व मानसिक रूप से दृढ बनाते हैं। आसनों में सिद्धि होने से योगाभ्यासी सुख-दुःख, गर्मी-सर्दी, भूख-प्यास आदि द्वन्द्वों से पीड़ित नहीं होता है।[१३] अतः नकारात्मक चिन्तन का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

---

१० व्याख्याकार श्रीवास्तव सुरेशचंद्र, पातंजलयोगदर्शनम्, चौखम्बा सुभारती प्रकाशन, वाराणसी, २००८.१/३० पृ०सं०-२६६

११ व्याख्याकार आरण्य श्रीमत् स्वामी हरिहरानन्द, पातंजल योगदर्शन, मोतीलाल बनारसी दास,२००७,२/३२ पृ०सं०-२५०

१२ वही २/४६ पृ०सं०-२६४

१३ स्वामी श्री ब्रह्मलीनमुनि पातंजलयोगदर्शन चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, वि०स०२०६०, ततो द्वन्द्वानभिघातः।। २/४८ पृ०सं०-३००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा प्राणायाम[१४] द्वारा श्वास-प्रश्वास को नियन्त्रण कर धीरे धीरे अभ्यास के अनुसार वे स्थितियां व कर्म क्षीण होते जाते हैं, जिन्होनें अभी तक विवेकज्ञान पर पर्दा डाला हुआ था अर्थात् नकारात्मक चिन्तन को प्रभावहीन कर सकारात्मक चिन्तन प्रभावशाली बन जाता है।

प्रत्याहार,[१५] धारणा[१६] व ध्यान[१७] मनुष्य के मन को एकाग्र कर उसे संयमित करते हैं जिससे वह अपने वास्तविक ध्येय 'कैवल्य' को प्राप्त कर लेता है। अपने इसी अभ्यास क्रम को और अधिक परिपक्व कर मन विचारशून्य बन जाता है।

प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सकारात्मकता को महत्त्व देना चाहिए तथा 'में ऐसा कर सकता हूँ' तथा 'मैं इसे प्राप्त कर सकता हूँ, इस विचार को सकंल्पित कर साधक 'समाधि' को प्राप्त कर सकता है।

अत: महर्षि पतञ्जलि का योगदर्शन सकारात्मक विचारों से परिपूर्ण है जिसके रहस्य को समग्रता में अहंकार रहित होकर समझने व जीवन में पालन करने की आवश्यकता है तभी मनुष्य समग्र रूप से आध्यात्मिकता व सकारात्मक चिन्तन द्वारा परिपुष्ट हो सकता है।

---

१४ व्याख्याकार आरण्य श्रीमत् स्वामी हरिहरानन्द, पातंजल योगदर्शन, मोतीलाल बनारसी दास,२००७, तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेद: प्राणायाम:।। २/४९ पृ०सं०-२६६

१५ कर्नाटक डॉ० विमला, पातंजलयोगदर्शनम्, रत्ना पब्लिकेशन्स, वाराणसी, १९९२, स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार:।।२/५४ पृ०सं०-१०५७

१६. व्याख्याकार श्रीवास्तव सुरेशचन्द्र, पातंजलयोगदर्शनम्, चौखम्बा सुभारती प्रकाशन, वाराणसी, २००८, देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।। ३/१ पृ०सं०-३२०

१७ स्वामी श्री ब्रह्मलीनमुनि पातंजलयोगदर्शन चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, वि०स०२०६०, तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम्।। ३/२ पृ०सं०-३१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०२०४-२०६) ISSN 0974 – 8830

वेदों में सकारात्मक चिन्तन एक दार्शनिक विश्लेषण

संदीप कुमार[१]

वेद में ज्ञान, सदाचार, व्यवहार और नीति के जितने भी तत्त्व विवेचित किये गये हैं। वे सभी सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। यह सकारात्मकता समाज, राजनीति, धर्म, दर्शनशास्त्र तथा समस्त धर्मशास्त्रों में परिलक्षित होती है, वेद में एक भी तत्त्व चाहे वह विधि हो या निषेध हो सकारात्मकता को ही धारण करता है, नकारात्मक अथवा विध्वंसात्मक कोई भी तत्त्व वेदवाक्यों में दिखाई नहीं देता। जब हम प्रत्येक वेद के प्रथम मन्त्र का अवलोकन करते हैं तो आरम्भ से ही रचनात्मक और उत्थानपरक चिन्तन प्रारम्भ हो जाता है। जैसे यजुर्वेद के प्रथम मन्त्र को ही लें–

इषे त्वोर्जे त्वा वायव स्थ देवो वः सविता।[२]

इसी प्रकार ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र का अवलोकन करते हैं तो उसमें भी

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्॥

यहाँ परमात्मा को अग्नि नाम से अभिहित किया गया है विश्व के उन्नायक अग्रणी तत्त्व को अग्नि कहा जाता है।[३] आचार्य यास्क अग्नि की यही व्युत्पत्ति दे रहे हैं। **अग्रणीर्भवति अग्रं यज्ञेषु प्रणीयते अङ्गं नयति सन्नममानः अक्नोपनो भवतीति स्थौलाष्ठीविः।**[४]

इसी प्रकार सामवेद में भी प्रथम मन्त्र को लें

अग्न आ याहि वीतये गृणानो हव्यदातये नि होता सत्सि बर्हिषि

अर्थात् इस मन्त्र में ईश्वर से सकारात्मक की प्रार्थना की गयी है कि हे ईश्वर सर्वाग्रणी, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, सर्वसुखप्रापक, सर्वप्रकाशमय, सर्वप्रकाशक परमात्मन्। आप कर्त्तव्यों का उपदेश करते हुए हमारी प्रगति के लिए हमारे विचारों और कर्मों में व्यापक होने के लिये हमारे हृदयों में सद्गुणों को उत्पन्न करने के लिए, हमसे स्नेह करने के लिए हमारे अन्दर उत्पन्न काम, क्रोध आदि को बाहर फेंकने के लिए और हव्यदातये देय पदार्थ श्रेष्ठबुद्धि, श्रेष्ठकर्म, श्रेष्ठधर्म, श्रेष्ठधन आदि के दान के लिए आइए। शक्ति आदि के दाता एवं दुर्बलता आदि के हर्ता होकर हमारे हृदय रूप अन्तरिक्ष में बैठिए।[५] मन्त्र में पूर्णरूपेण सकारात्मक चिन्तन ही द्योतित है।

---

१. संस्कृत विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२. यजु० १/१

३. ऋग्वेद – १/१/१

४. निरुक्त – सप्तमोऽध्याय (दैवतकाण्डम्)

५. सामवेद १/१, आग्नेय पर्व, भाष्यकार – रामनाथ वेदालंकार, प्रकाशक – समर्पण शोध संस्थान गाजियाबाद, प्रथम संस्करण, पृष्ठ ७९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी प्रकार यदि हम अथर्ववेद के प्रथम अध्याय के प्रथम सूक्त के प्रथम मन्त्र को लें-

ये त्रिषप्ताः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रतः।
वाचस्पतिर्बला तेषां तन्वो अद्य दधातु मे॥

अर्थात् मूल सात तत्त्व तीन अवस्थाओं से गुजर कर सब जगत् के सम्पूर्ण पदार्थों के रूप बनाते हुए सर्वत्र फैले हैं। इनके बलों को अपने अन्दर धारण करने की विद्या व्याख्याता गुरु आज ही मुझे पढ़ावे।[६] यहाँ भी शिष्य अपनी नकारात्मक अविद्या को सकारात्मक विद्या प्राप्ति के रूप में बदलने का सकारात्मक चिन्तन व्यक्त कर रहा है।

इस प्रकार जितनी भी उपनिषदें हैं उनका आरम्भ **भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवाः।**[७] इस मन्त्र से होता है। वेद का ऋषि परमात्मा से अनुनय कर रहा है कि हम सब मनुष्य कानों से भद्र सुनें और आँखों से भद्र देखें और अपने स्थिर अंगों वाले शरीर से परमात्मा की स्तुति करते हुए सांसारिक विषयों का भोग करें वेद के इस मन्त्र में भद्र शब्द सकारात्मकता को द्योतित कर रहा है। भद्र का अर्थ है मानव के चरित्र के उत्थान के लिए जो भी कल्याणकारी आचरण हैं, वे भद्र हैं।

मनुष्य काम क्रोधदि दोषों के कारण कभी-कभी अनिष्ट चिन्तन आरम्भ कर देता है, भद्र शब्द से यह तथ्य अभिव्यक्त हो रहा है कि हम किसी भी परिस्थिति में दूसरों का अनिष्ट चिन्तन न करें। आँखों से भी हम किसी में अशुभ कार्य को होते हुए न देखें। दुष्टों का संग, गुरु की निन्दा, चोरी, असत्यभाषण हिंसा, परस्त्रीगमन, जैसे दुष्कृत्यों को अपनी आँखों से होते हुए न देखें। हमारी समस्त इन्द्रियाँ भद्रकारी अनुष्ठान करें। वेद कहता है कि हम सकारात्मक चिन्तन का पाठ सूर्य और चन्द्रमा से सीखें यथा-

स्वस्ति पन्थामनुचरेम सूर्याचन्द्रमसाविव।
पुनर्ददताघ्नता जानता सं गमेमहि॥[८]

अर्थात् हम सूर्य और चन्द्रमा की भाँति कल्याणयुक्त मार्ग पर चलते रहें। फिर दानी, अहिंसक, ज्ञानी जनों तथा परमात्मा से मेलकर हम सुख प्राप्त करें।

संसार में जितने भी प्राणी हैं वे सब मन के अनुसार ही कार्य करते हैं जिनका मन श्रेष्ठ विचारों से ओत-प्रोत है वे श्रेष्ठ कार्य करते हैं और जिनका मन निकृष्ट विचारों से ओत-प्रोत है, वे निकृष्ट कार्य करते हैं। इसलिए ये मनुष्य का मन ही सुख-दुःख का कारण होता है।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः

अर्थात् मन ही मनुष्य के बन्धन एवं मोक्ष का कारण है।[९] यजुर्वेद के चौंतीसवें अध्याय में प्रथम

---

६. अथर्ववेद १/१/१, भाष्यकार-दामोदर सातवलेकर, प्रकाशक - स्वाध्यायमण्डल (वैदिक अनुसन्धान केन्द्र पारडी-बलसाड़ (गुजरात), पृष्ठ ९
७. यजुर्वेद - २५/२७
८. ऋग्वेद - ५/५१/१६
९. विष्णुपुराण - ६/७/२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन्त्र से लेकर छठे मन्त्र तक सकारात्मक विचार प्रस्तुत करते हुए मन को व्यवस्थित करने पर विश्लेषण किया गया है। इसी सूक्त को शिवसंकल्प सूक्त कहा जाता है। जैसा कि हम प्रथम मन्त्र को ही लें-

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।।[१०]

अर्थात् हे प्रभो! मेरा दिव्य शक्ति वाला जो मन जागते हुए का वा सोते हुए का दूर-दूर तक जाता है, चिन्तन करता है, जो सभी ज्ञानसाधक इन्द्रियों का प्रधान ज्योति प्रकाशक है वह मेरा मन आप की कृपा से शुभविचार वाला होवे। यहाँ जो अनवस्थित मन है उसको व्यवस्थित करने वाला सकारात्मक चिन्तन है। आगे भी हम देखें तो छठे मन्त्र में कहा है-

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान् नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिनइव।
हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।।[११]

अर्थात् जैसे उत्तम कुशल सारथि घोड़ों को लगामों की सहायता से इच्छानुसार गन्तव्य स्थानों को प्राप्त कराता है, वैसे ही मन अपनी दुर्दमनीय शक्तियों से बलवान् को भी इधर-उधर भटकाता रहता है। जो हृदय में स्थित है, चंचल और शीघ्रगामी बलवान् है वह मेरा मन आपकी कृपा से शिवसंकल्प वाला हो।

सकारात्मक चिन्तन को अन्तर्लीन करते हुए यजुर्वेद के २५वें अध्याय में ऐश्वर्य, कीर्ति, यश एवं बल की कामना की है। यथा-

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।।[१२]

अर्थात् बहुत सुनने वाला बहुत कीर्ति वाला परमैश्वर्यवान् प्रभु हमें कल्याण प्रदान करे। पुष्टिकर्ता सर्वज्ञाता ईश्वर हमारे लिये कल्याण की वर्षा करे। तेजस्वी, दुःखहर्ता, परमेश्वर हमें आनन्द देवे। बड़े-बड़े महान् पदार्थों का पति हमारे लिये कल्याणकारी हो। यहाँ सकारात्मक चिन्तन द्योतित हो रहा है।

इस प्रकार वेद के समस्त मन्त्रों का विश्लेषण करने के पश्चात् हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि वेद का प्रत्येक वाक्य रचनात्मक है उत्थान की ओर प्रेरित करने वाला है कुमार्ग से बचाता है। सत्य और धर्म का मार्ग प्रशस्त करता है। सत्यान्न प्रमदितव्यम्, धर्मान्न प्रमदितव्यम्, स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम् इत्यादि निषेध वाक्यों द्वारा प्रमाद जैसे नकारात्मक चिन्तन से विरत करता है। माता-पिता और गुरु को देवत्व पद पर प्रतिष्ठित करके वेद समस्त मनुष्यों को लोकोत्तर पद की प्राप्ति का अधिकारी बनाता है, क्योंकि माता-पिता और आचार्य को देव समझने वाला मनुष्य नकारात्मक अधोगति को प्राप्त नहीं करता।

---

१०. यजुवेद - ३४/१
११. यजुर्वेद - ३४/६
१२. यजुर्वेद - २५/१९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०२०७-२१०) ISSN 0974 – 8830

शांकरभाष्य में सकारात्मक चिन्तन विषयक तत्त्व एवं उनकी वर्तमान में प्रासंगिकता

सन्तोष पन्त (शोधच्छात्र)[१]

दर्शन के क्षेत्र में भगवान् श्री आद्य शंकराचार्य का स्थान वही है जो नक्षत्रमण्डल से समलङ्कृत विशाल गगन में भगवान् भास्कर का है। आचार्य के सन्दर्भ में निम्न श्लोक अत्यन्त प्रसिद्ध ही है,-

अष्टवर्षे चतुर्वेदी, द्वादशे सर्वशास्त्रवित्।
षोडशे कृतवान् भाष्यं, द्वात्रिंशे मुनिरभ्यगात्।।'[२]

भारतीय दार्शनिक परम्परा में प्रस्थानत्रयी का अपना एक विशिष्ट महत्त्व रहा है। जिसके श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन को आर्यों ने अपने प्रमुख धर्म के रूप में स्वीकार किया है एवं वर्तमान पर्यन्त भी सुधीजन इनके अनुगामी होकर धर्मादि पुरुषार्थों का लाभ लेते आ रहे हैं। प्रस्थानत्रयी की इन अविरल परम्परा में अनेकों आचार्यों ने इसके द्वारा अपने-अपने मतों को पुष्टि प्रदान करते हुए अनेकों सम्प्रदायों का सजृन किया है तथा यशलाभ किया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में अद्वैत वेदान्त की अपनी एक विशिष्ट कीर्ति ध्वजा है, जो अद्यपर्यन्त भी पूर्ववत् ही भारतीय दार्शनिक क्षेत्र में सहृदयों का चित्ताकर्षण कर रही है। इसी दार्शनिक परम्परा में चित्ताकर्षण करने वाली शांकरभाष्य की अविरल धारा एक ऐसे वातावरण का निर्माण करती है, जो सहृदयों एवं जिज्ञासुओं के आध्यात्मिकादि त्रितापों हेतु शैत्य एवं शोकसन्तप्त मरुभूमि के पथिक के लिये अनन्त आत्मिक आह्लादरूपी अक्षय जल स्रोत से परिपूर्ण है। इस शांकरभाष्य में जहाँ एक ओर ज्ञान-विज्ञान के दुर्लभ रहस्यों की अत्यन्त गूढ़ तथा गम्भीर विवेचना हुई है, वहीं दूसरी ओर इसमें मानव जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाले वैज्ञानिक तथ्यों का भी सुखद समन्वय हुआ है। मानव जीवन के गूढ़ आशयों के वैज्ञानिक समाधान हेतु सम्प्रति भी अनेकों सहृदयजन इस भाष्यामृत के आस्वादन पूर्वक स्वयं में परम सन्तोष को अनुभव करते हैं।

व्यावहारिक दृष्टि से विचार करने पर हम मानवीय अन्तस् में उपजने वाले नकारात्मक अवधारणाओं का कारण **विषयासक्ति एवं सम्यक् ज्ञान की अनुपलब्धि** के रूप में ढूँढ़ सकते हैं यदि हम नकारात्मकता के इन दो पहलुओं पर और अधिक गहनता से विचार करेंगे तो हम पायेंगे कि वस्तुतः ये दोनो कारण दूसरे रूप में **साधनों की अपूर्णता** एवं अज्ञान को ही संकेतित करते हैं। यदि इसी सन्दर्भ में हम और अधिक सांकेतिक विवेचना करें तो हम पायेंगे कि वास्तव में मानव के समस्त नकारात्मक सिद्धान्तों अथवा मान्यताओं का मूलभूत कारण केवल **अज्ञान में ही तिरोभूत हो जाता है।** क्योंकि लोक में भी साधनों के अभाव में अनेकों सन्तुष्ट व्यक्तित्व मिल जाते हैं तथा साधनों की बहुलता में भी अनेकों

१. गु०का०वि०वि० हरिद्वार
२. शंकराचार्य श्री बलदेव उपाध्यायकृत से उद्धृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति असन्तुष्टि, तनाव एवं अशान्ति से ग्रसित रहते हैं। अतः चिन्तन की एक विशिष्ट पद्धति ही व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता एवं नकारात्मकता के बीजों को अंकुरित करती हुई हमें देखने को मिलती है। इसी कारण आचार्य ने विचार को ही वस्तूपलब्धि अथवा वस्तुसिद्धि के लिये प्रधान कारण माना है, कर्म को नहीं।[३] चिन्तन अथवा विचार को अपनी इसी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए आचार्य ने शारीरिक भाष्य में चिन्तन को ध्यान का पर्यायवाची बताया है तथा इसके लिये मन को कारण मानते हुए आचार्य ने इस ध्यान वाचक चिन्तन को सर्वतः पुरुष अर्थात् साधक के ही अधीनस्थ स्वीकार किया है।[४] अब प्रश्न यह उठता है कि यदि चिन्तन करने की प्रविधि में व्यक्ति स्वतन्त्र है तो फिर व्यक्ति क्यों अपने ही चिन्तन के प्रभावेण दुःखानुभूति करता है तथा नकारात्मकता से परिपूर्ण जीवन को जीने के लिये बाध्य हो जाता है? इस प्रश्न का समाधान आचार्य अपने भाष्य में करते हुए कहते हैं कि भोगों की इच्छा के कारण व्यक्ति जीवन में अशान्ति अर्थात् बन्धन का अनुभव करता है। 'जिनको पाने के लिये इच्छा की जाती है उन भोगों का नाम काम है, उनको पाने की इच्छा करना जिसका स्वभाव है, वह कामकामी है, वह उस शान्ति को कभी नहीं पाता।'[५]

अब प्रश्न यह उठता है कि इन्द्रियों का जब तक अस्तित्व रहेगा वे विषयोपभोग करेंगी ही ऐसी अवस्था में व्यक्ति का क्या कर्त्तव्य है? इस शंका का भी हमें शांकरभाष्य में उचित समाधान मिल जाता है। आचार्य कहते हैं यद्यपि इन्द्रियों की राग और द्वेष को लेकर स्वाभाविक प्रवृत्ति हुआ करती है, किन्तु जो मुमुक्षु होता है, वह इन्द्रियों को वशीभूत करके अनिवार्य विषयों को ग्रहण करता हुआ प्रसाद को प्राप्त होता है। अतः साधक पुरुष को चाहिये कि इन्द्रियों द्वारा शास्त्र के अविरोधी अनिवार्य विषयों का सेवन करे।[६] अतः आचार्य ने विषयों के चिन्तन से सर्वथा सावधान रहने का कहा है, क्योंकि आचार्य ने विषयों के चिन्तन को समस्त अनर्थों का मूल कहा है।[७] सकारात्मक चिन्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव मानव के जीवन पर यही पड़ता है कि उसका जीवन प्रसन्नता एवं स्वास्थ्य से सम्पन्न हो जाता है। इसी प्रसन्नता एवं स्वास्थ्य को आचार्य ने 'प्रसाद'[८] शब्द से द्योतित किया है। इस प्रसाद (सकारात्मकता) युक्त पुरुष की बुद्धि शीघ्र ही आकाश की भाँति सब ओर से स्थिर हो जाती है और इस प्रकार स्थिरबुद्धि और प्रसन्न चिन्त पुरुष को कृतकृत्यता मिलती हैं।[९] अतः आचार्यकृत भाष्य के उक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट हो जाता है कि सकारात्मकतापूर्ण जीवन की प्राप्ति हेतु इन्द्रियग्रह आवश्यक है, जो कि चित्त के समाधान से ही सम्भव है।

---

३ ''चित्तस्य शुद्धये कर्म न तु वस्तूपलब्धये। वस्तुसिद्धिर्विचारेण न किन्चित् कर्मकोटिभि.।।''- (विवेक चूड़ामणि-११)

४ ध्यानं चिन्तनम् यद्यपि मानसं तथापि पुरुषेण कर्त्तुमकर्त्तमिन्यथा वा कर्त्तु शक्यं पुरूषतन्त्रत्वात्'' (ब्र.सू.शा.भा.१-१-४)

५ गीता शां०भा०-(२-७०)

६ गीता शां०भा०-(२-६५)

७ तत्रैव (२-६४)

८ ''प्रसादः प्रसन्नता स्वास्थ्यम्।।'' (गीता शां०भा०-२-६४)

९ गीता शां भा.- (२-६५)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचार्य ने चित्त के समाधान के लिये योग शब्द का प्रयोग किया है और जो व्यक्ति उक्त योग से सम्पन्न है वही आचार्य के अनुसार योगी है।[१०] यदि योग का सम्यक् निर्वाह हो जावे तो वह योग दु:खनाशक होता है। अत: योगी को युक्त आहार-विहार चेष्टा, स्वप्न और अवबोध से सम्पन्न होना चाहिये जिससे कि उसकी दु:खनिवृत्ति हो।[११] आचार्य ने फलेच्छा को चित्तविक्षेप का कारण माना है।[१२] अत: योगी को इसका त्याग करना चाहिये।[१३] इस प्रकार एक योगी के अथवा साधक के लिए कल्याणकारक उक्त लक्षणों का विवेचन करने के अनन्तर आचार्य ने समस्त योगियों में 'अहिंसक योगी' को सर्वश्रेष्ठ योगी माना है।[१४]

वर्तमान समय में व्यक्ति के अन्त:करण में भौतिक सुखों के प्रति तृष्णा का उत्कर्ष हुआ है एवं आत्मज्ञान के प्रति व्यक्ति की प्रवृत्ति में न्यूनता आई है। जिस कारण मानव आज चिन्ता, तनाव एवं मानसिक परेशानियों से ग्रसित है। आचार्य ने अपने भाष्य में हमें आगाह किया है कि 'विषय-सेवन सम्बन्धी तृष्णा से जो इन्द्रियों का निवृत्त होना है,, वही सच्चा सुख है। विषय सम्बन्धी तृष्णा कदापि सुख नहीं, वह तो दु:ख ही है।[१५] गीता के तेरहवें अध्याय के छठे श्लोक के भाष्य में आचार्य ने सुख तथा दु:ख के क्षेत्र के धर्म के रूप में स्वीकार किया है और अपने भाष्य में हमें आगाह किया है। कि 'विषय-सेवन सम्बन्धी तृष्णा से जो इन्द्रियों का निवृत्त होना है, वही सच्चा सुख है। विषय सम्बन्धी तृष्णा कदापि सुख नहीं, वह तो दु:ख ही हैं।[१६] गीता के तेरहवें अध्याय के छठे श्लोक के भाष्य में आचार्य ने सुख तथा दु:ख को क्षेत्र के धर्म के रूप में स्वीकार किया है, क्षेत्र के नहीं। अत: आचार्य में सदैव ही विचारों का महत्त्व स्वीकार किया है। और अपने भाष्य के माध्यम से यत्र-तत्र विचारों की समयक् धारणा का संकेत किया है। अपरोक्षानुभूति के ४०वें श्लोक के माध्यम से आचार्य ने इस बात को स्पष्ट किया है कि पुरुष जिस वस्तु का तीव्र वेग से चिन्तन करता है, वह तुरन्त वही हो जाता है- यह बात भृंगी कीड़े के दृष्टान्त से जाननी चाहिये।[१७] अत: बुद्धिमान् पुरुष सावधान होकर नित्यप्रति आत्मा का चिन्तन करे, क्योंकि यह सम्पूर्ण जगत् अदृश्य भवरूप चेतनमय है।[१८] सकारात्मक चिन्तन के लिये आचार्य ने अपने भाष्य के माध्यम से सदाचार का महत्त्व भी प्रतिपादित किया है। आचार्य के अनुसार जो व्यक्ति बुरे आचरण से विरक्त नहीं हुआ, जिसका मन सांसारिक भोगों में भटकता रहता है, जिसका मन अशान्त है तथा जिसका चित्त निरन्तर व्यापार करता रहता है, वह पुरुष आत्मज्ञान से भी आत्मा को नहीं पा सकता।[१९]

---

१० योग: चित्तसमाधान स यस्य अस्ति स योगी (अस्ति)''- (गीता शां०भा०-(६-१))
११ गीता शां०भां०- (६-३२)
१२ गीता शां०भां०- (६-२)
१३ तत्रैव।
१४ गीता शां०भा०- (६-३२)
१५ गीता शां०भा०- (२-६६)
१६ गीता शां०भा०- (१३-६)
१७ भावितं तीव्रवेगेन वस्तु यन्निश्चयात्मना। पुमांस्तद्धि भवेच्छीघ्रं ज्ञेयं भ्रमरकीटवत्''- (अपरोक्षा०-२४०)
१८ अदृश्यं भावरूपं च सर्वमेतात्चिदात्मकरा। सावधानतया नित्यं स्वात्मानं भावयेद्बुध:।।- (अपरोक्षा०-१४१)
१९ कठोपनि० शा०भा० (२-२-२४)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माण्डूक्योपनिषद् के अलातशान्तिप्रकरण की कारिका के ७२वें श्लोक में आचार्य ने सम्पूर्ण प्रपञ्च की उत्पत्ति का मूल चित्त ही माना है।[२०] छान्दोग्योपनिषद् के सातवें प्रपाठक के तीसरे, चौथे और पाँचवे खंड की व्याख्या में भी आचार्य ने मन, सय्ल्प एवं चित्त की उत्तरोत्तर श्रेष्ठता स्वीकार की है, दर्द[२१] जिससे स्पष्ट है कि मानवीय जीवन में विचारों और चिन्तन का कितना अधिक महत्त्व है। अत: जब व्यक्ति भौतिक उन्नति के मोह से दिग्भ्रमित हुआ असंतोष, अतृप्ति, अकर्मण्यता और निराशावादी भावनाओं से ग्रसित हुआ जीवन के वास्तविक उद्देश्य के प्रति किंकर्तव्याविमूढ़ हो रहा है, आवश्यकता है कि व्यक्ति प्राचीन ऋषि-मुनियों के दर्शाये राजमार्ग पर चले। तभी वह अपने जीवन को मङ्गलमय और आनन्दमय बना सकता है। आज आवश्यकता है कि व्यक्ति अपने जीवन को आचार्यों के उपदेशों के अनुगत करे, स्वयं को जानने की कोशिश करे, संसार की सारहीनता को समझते हुए नित्यानित्य विवेक का आश्रय ले, तभी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता उत्पन्न होगी, तथा व्यक्ति शोकादि से मुक्त हो सकेगा। (तरति शोकमात्मवित्)।' इति।

---

२० माण्डू० अवात० प्र०, गौ०का० -७२

२१ छा० उ० शां०भा०- (७-३,४,५)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०२११-२१३) ISSN 0974 – 8830

कम्प्यूटर साइंस और सकारात्मक चिन्तन

निशान्त कुमार[१]

विकास की यात्रा में जब-जब मानव दुर्भिक्ष, दरिद्ररता, रोग आदि दु:खों से अभिभूत हुआ और उसके उत्साह ने उसे सम्बल प्रदान किया और बुद्धि ने रास्ता दिखाया तब-तब विज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ है, यह हमें इतिहास को देखने से मालूम पड़ता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि नकारात्मक चिन्तन की कोख से अधिकांश विज्ञान और आविष्कारों ने जन्म लिया है। यह सही है कि विज्ञान के मूल में ये ही एकमात्र कारण नहीं हैं। उक्त नकारात्मक प्रवृत्तियों के अतिरिक्त जिज्ञासा की एक बहुत बड़ी भूमिका विज्ञान के उद्भव के मूल में रही है।

प्रस्तुत आलेख में हम कम्प्यूटर साइंस को केन्द्रबिन्दु बनाकर सकारात्मक चिन्तन का अन्वेषण करने का प्रयास करेंगे।

कम्प्यूटर साइंस विज्ञान की एक ऐसी विधा है, जिसने जन्म तो गणित के वंश में लिया, परन्तु आज वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दस्तक दे रही है। उससे विज्ञान ही नहीं, भाषा और साहित्य के साथ-साथ दर्शन भी अछूता नहीं रहा है। जिस प्रकार जीवन के लिये श्वास आवश्यक है, उसी प्रकार आज के भौतिक जगत् के स्थूल और सूक्ष्म दोनों रूपों के संचालन और अन्वेषण में उसके विना चल पाना लगभग असम्भव है।[२] जो विज्ञान इतना महत्त्वपूर्ण हो, सकारात्मक चिन्तन करते समय उसकी उपेक्षा करना शायद उचित न हो। इसके अतिरिक्त हम पहले ही कह चुके हैं कि इस विधा का जन्म गणित की कोख से हुआ

---

१. असिस्टेंट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस विभाग, इंजीनियरिंग कालेज, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार.

२. विकीपीडिया- **Computer science** or **computing science** (abbreviated **CS** or **CompSci**) is the scientific approach to computation and its applications. A computer scientist specialises in the theory of computation and the design of computers or computational systems.[1] Its subfields can be divided into a variety of theoretical and practical disciplines. Some fields, such as computational complexity theory (which explores the fundamental properties of computational problems), are highly abstract, whilst fields such as computer graphics emphasise real-world applications. Still other fields focus on the challenges in implementing computation. For example, programming language theory considers various approaches to the description of computation, whilst the study of computer programming itself investigates various aspects of the use of programming language and complex systems. Human-computer interaction considers the challenges in making computers and computations useful, usable, and universally accessible to humans.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है और उस गणित का मूल शून्य में निहित है। जिस प्रकार शून्य से यह संसार न केवल चल रहा है अपितु उससे प्रकट भी हो रहा है, उसी प्रकार संसारातीत सत्ता भी शून्य से भिन्न नहीं है। जब पिता का वंश इतना प्रभावशाली रहा हो, तब उसकी सन्तान कम्प्यूटर साइंस निर्बल कैसे रह सकती है।

यदि कम्प्यूटर के संचालन पद्धति को ध्यान से देखते हैं तो पाते हैं कि उसमें जो एक बार लिख गया, उसको कभी भी कितनी ही बार पाया जा सकता है। हमें इसकी सकारात्मकता के दर्शन अर्जुन के सन्दर्भ में करने पर अधिक अच्छी प्रकार हृदयंगम कर सकते हैं। अर्जुन महाभारत के युद्ध के समय अपने सगे सम्बन्धियों को सामने देखकर कह उठता है[३] कि इन स्वजनों को युद्ध करने की इच्छा से सामने खड़ा हुआ देखकर मेरे अंग शिथिल हो रहे हैं और मुख सूख रहा है, मेरे शरीर में कम्पन तथा रोमांच हो रहा है।[४] मेरे मन की स्थिति ऐसी होगयी है कि मेरे हाथ से गाण्डीव धनुष गिरा जा रहा है, त्वचा जल रही है, मेरा मन भ्रमित हो रहा है और मैं खड़े होने में असमर्थ होगया हूँ।[५] हे केशव! दोनों पक्षों को देखकर मेरे मन में जो लक्षण उभर रहे हैं, वे युद्ध के विपरीत जा रहे हैं। युद्ध में अपने सगे सम्बन्धियों को मारने में मुझे कल्याण दिखायी नहीं दे रहा है।[६] इसलिये हे कृष्ण! न मैं विजय की कामना करता हूँ और राज्यसुख की। हे गोविन्द! जिनके लिये मैं राज्य, भोग और सुखों को प्राप्त करना चाहता हूँ, जब वे ही नहीं रहेंगे तब राज्य लेकर क्या करूँगा।[७]

अर्जुन के उपर्युक्त प्रश्न का समाधान कृष्ण ने दो प्रकार से किया है, प्रथम प्रकार में वे आत्मा की अजरता और अमरता का प्रतिपादन करते हैं,[८] जबकि दूसरे उपाय को प्रस्तुत करते हुए वे कहते हैं कि यदि तुम आत्मा को नित्य उत्पन्न होने वाला और नित्य ही मरने वाला मानते हो, तब भी हे अर्जुन! उसके लिये शोक नहीं कर सकते।[९] कहने का आशय यह है कि आत्मा को नित्य जन्म लेने वाला और नित्य मरणधर्मा मानने पर भी अस्तित्व शेष रहता ही है। यही हम कम्प्यूटर साइंस में देखते हैं कि कम्प्यूटर में

---

३. गीता-१.२६.२८ 'तत्रापश्यन् स्थितान् पार्थ पितॄन् पितामहान्। आचार्यान् मातुलान् भ्रातॄन् पुत्रान् पौत्रान् सखींस्तथा॥ श्वशुरान् सुहृदश्चैव सेनयोरुभयोरपि। तान् समीक्ष्य स कौन्तेय सर्वान्बन्धूनवस्थितान्॥ कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत्॥'

४. गीता-१.२८-२९ 'दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम्॥ सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति। वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते॥'

५. गीता-१.३० 'गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते। न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः॥'

६. गीता-१.३१ 'निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव। न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे॥'

७. गीता-१.३२-३३ 'न काङ्क्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च। किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा॥ येषामर्थे कांक्षितं नो राज्यं भोगा सुखानि च। त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च॥'

८. गीता-२.१३-१६ 'देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा। तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥ मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाम्। आगमापायिनोऽनित्यास्तांतितिक्षस्व भारत॥ यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ। समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते॥ नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः। उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥'

९. गीता-२.२६ 'अथ चैनं नित्यजातं नित्यं वा मन्यसे मृतम्। तथापि त्वं महाबाहो नैवं शोचितुमर्हसि॥'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक बार जो लिख दिया गया उसे कभी भी मिटाया जा सकता है और मिटाये जाने पर भी उसको पुनः प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी वस्तु और उसका रूप न तो नित्य है और न अनित्य। न परिवर्तनशील और न स्थिर ही है। गीता के सिद्धान्तों का प्रयोगात्मक रूप हमें कम्प्यूटर में अधिक अच्छी तरह देखने को मिलता है। इसके आधार पर हम यह निष्कर्ष ग्रहण कर सकते हैं कि जीवन का कोई भी रूप न तो नित्य है और न मरणधर्मा ही। यद्यपि वह स्वरूप डिलीट किये जाने पर हमें अनित्य दिखायी देता है, परन्तु कितना भी उसे फोर्मेट किया जाए तो भी पूर्णरूप से उसे डिलीट नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार जीवन का कोई भी पक्ष हमें भले ही नाशवान् दिखायी देता हो, उसको समर्थ पुरुष पुनः उस रूप में उसे उपलब्ध कर सकता है। यह जानकर मरण से घबराने की जरूरत नहीं है। यह कम्प्यूटर विज्ञान का सकारात्मक पक्ष है।

इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर की एक विशेषता यह भी एक वस्तु के न जाने कितने प्रतिरूप तैयार किये जा सकते हैं और तैयार हो जाने पर सभी ओरिजिनल रहते हैं, उनमें से दूसरे को पहले की नकल नहीं कहा जा सकता। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार प्रकृति में एक ही बीज से अनन्त रूप तैयार किये जा सकते हैं और सभी वृक्ष मौलिक रहते हैं, इनमें से पहले को वाले को मूल और बाद वाले को उसकी नकल नहीं कह सकते। इस आधार पर हम जीवन को समझना चाहें तो समझ सकते हैं कि जीवन अनन्त है, एक दीप से दूसरा दीप जिस प्रकार जलकर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार कम्प्यूटर से तैयार किया गया स्वरूप निरन्तर प्रवहमान है। यह समझने के उपरान्त हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि कहीं पर भी पूर्णविराम नहीं है। जीवन की धारा निरन्तर बहती रहती है, जिस प्रकार कम्प्यूटर में तैयार किये गये प्रतिरूप अनन्त होते चले जाते हैं।

दर्शन का सिद्धान्त है कि एक से ही सब प्रकट होता है और अन्त में उसका उस एक ही में समाहार हो जाता है। इस सिद्धान्त को यदि हम कम्प्यूटर विज्ञान के माध्यम से समझना चाहें तो समझ सकते हैं कि प्रारम्भ में कम्प्यूटर की सामग्री को संचित करने वाली हार्ड डिस्क में स्पेस बहुत कम होता था, समय के साथ हम देख रहे हैं कि बाह्य आकार की दृष्टि से उतने ही बड़ी हार्ड डिस्क में स्पेस पहले के मुकाबले बहुत बढ़ गया है। यह निरन्तर बढ़ता जा रहा है। हम यह नहीं कह सकते कि उतने ही आकार में और अधिक सामग्री नहीं आ सकती। जैसे-जैसे नैनो टैक्टनोलोजी का विकास होता चला जा रहा है, वैसे ही वैसे बाह्य आकार छोटा और आन्तरिक आकार बढ़ा होता जा रहा है। दर्शन मानता है कि एक अणु में सब कुछ समाहित है, यह सिद्धान्त प्रयोगात्मक रूप में आज भले ही सिद्ध न किया जा सके, परन्तु विज्ञान जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, उससे उसकी दिशा स्पष्ट हो रही है कि एक अतिसूक्ष्म आकार में भी अनन्त स्थान उपलब्ध कराया जा सकता है। स्थूल से सूक्ष्म की ओर चलने वाला विज्ञान का क्रम यह सिद्ध कर रहा है कि अणु में भी असीमित स्थान है। यह कम्प्यूटर विज्ञान की सकारात्मक दर्शन का ही परिणाम है। जब विज्ञान से प्राप्त होने वाले परिणाम अनन्त को सूचित कर रहे हैं, तब जीवन को सान्त मानना कहाँ की बुद्धिमानी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-शोध-भारती सितम्बर २०१२ अङ्क १८ (पृ०२१४-२१९) ISSN 0974 – 8830

Positivity in medicine

Dr Neetu Mago[१]
Dr Vishal Mago[२]

